8. राज्य में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के प्रयास किए गए हैं। घात लगाकर 2006 में 60 मामलों में 66 लोगों को, 2007 में 108 मामलों में 126 लोगों को और 2008 में 99 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार विरोधी मामलों का दर्ज होना बढ़ा है। वर्ष 1996 से लेकर 2005 तक हर साल भ्रष्टाचार विरोधी औसतन 28.5 मामले दर्ज होते थे। वहीं, अकेले 2008 में 99 मामलों की छानबीन हुई थी। वर्ष 1996 से 2008 तक 396 राजपत्रित और 332 अराजपत्रित सरकारी सेवकों तथा 215 अन्य लोगों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल कर दिए गए थे। आय से अधिक संपत्ति के मामले में 8 करोड़ रु. की संपत्ति चिन्हित की गई है और सुनवाई प्रगति पर हैं।

9. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के दिशानिर्देशों के तहत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने आपदाओं के दौरान विभिन्न कार्रवाइयों का संचालन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनआरडीएफ) की एक बटालियन पटना जिले के बिहटा में स्थापित की गई है।

10. सूखा के दौरान निम्न आय वर्ग के जीवन-जीविका में काफी कठिनाइयां आईं। राज्य सरकार को सूखा प्रभावित जिलों में भूख से पीड़ित बीमार लोगों की जान बचानी पड़ी। इस मकसद से उसने खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 973.63 लाख रु. और पेयजल हेतु 1,839.75 लाख रु. की राशि स्वीकृत किए। इस प्रकार

सूखे से लड़ने के लिए 2010-11 के दौरान (13 जनवरी 2011 तक) 6,691.64 लाख स्वीकृत किए जा चुके थे।

11. राज्य के 28 जिले, जिनमें से अधिकांश उत्तर बिहार में हैं, तकरीबन हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। राज्य सरकार अभी बाढ़प्रवण जिलों में 200 बाढ़ शरणस्थलियों का निर्माण करा रही है। इसके अलावा, राज्य के 10 सर्वाधिक बाढ़प्रवण जिलों में आपात प्रबंधक और सहायकों के नए पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है। आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी प्रमंडल आयुक्तों और जिलाधिकारियों को बाढ़-पश्चात कार्यों के लिए पुनर्वास तथा पुननिर्माण विषयक दिशानिर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2010 में बाढ़, आंधी और आग से लड़ने के काम के लिए राज्य सरकार को गैर-योजना शीर्ष से 17,345.35 लाख रु. की राशि खर्च करनी पड़ी।

## कृषि तथा सहवर्ती क्षेत्र

1. गत दशक (2000 से 2009) में औसत वार्षिक वर्षा का अनुमान 1,091.08 मिमी किया गया था। लेकिन 2005 में वर्षापात 897.40 मिमी था और 2009 में 868.61 मिमी। इससे 2005 और 2009 में सूखे की गंभीर स्थिति का पता चलता है। इन दोनों वर्षों में दक्षिण पश्चिम मॉनसून में कमी के कारण सूखा हुआ।

2. बुआई के निवल क्षेत्रफल में मामूली बदलाव आया है। वर्ष 2007-08 में निवल बुआई क्षेत्रफल का हिस्सा 60.5 प्रतिशत था जबकि 2005-06 में 59.4 प्रतिशत। निवल बुआई क्षेत्रफल में वृद्धि 109 हजार हेक्टेयर है। वर्ष 2006-07 के आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि फसल सघनता में भी थोड़ी वृद्धि हुई है - 2005-06 के 1.33 प्रतिशत से बढ़कर 2007-08 में 1.37 प्रतिशत। इसका अर्थ हुआ 2007-08 में 2005-06 की अपेक्षा कृष्य क्षेत्र में 368 हजार हे. की वृद्धि। परती और वर्तमान परती भूमि के अंतर्गत क्षेत्रफल में 2007-08 में गिरावट आई है। यह दर्शाती है कि आबादी में वृद्धि से भूमि पर दबाव और भी बढ़ा है।

3. सिंचाई के स्तरों में अंतर के कारण जिलों के बीच फसल सघनता के मामले में काफी अंतर है - जमुई में 1.10 से लेकर सहरसा में 1.76 तक।

4. तीन मुख्य अनाजों के लिए औसत उत्पादकता है - चावल 1,454 किग्रा प्रति हेक्टेयर, गेहूं 2,126 किग्रा प्रति हे. तथा मक्का 2,746 किग्रा प्रति हे.। बिहार में खरीफ दलहनों की औसत उत्पादकता 984 किग्रा प्रति हे. और रबी दलहनों की 753 किग्रा प्रति हे. है। उत्पादकता के आंकड़े 2008-09 में समाप्त होने वाले तीन वर्षों के औसत हैं। चावल की उत्पादकता पर गौर करें, तो 2007-08 में सर्वाधिक उत्पादकता वाले तीन जिले बक्सर (2,731 किग्रा/ हे.), औरंगाबाद (2,472 किग्रा/ हे.) और लखीसराय (2,472 किग्रा/ हे.) हैं। गेहूं के मामले में 3,150 किग्रा प्रति हे. सर्वोच्च उत्पादकता के साथ पश्चिम चंपारण शीर्ष पर है तो मक्का के मामले में 6,287 किग्रा प्रति हे. के साथ समस्तीपुर।

5. कुछ सब्जियों के उत्पादन में बिहार का प्रमुख स्थान है। बिहार में 2008-09 में 50.34 लाख टन आलू, 9. 47 लाख टन प्याज, 10.37 लाख टन टमाटर, 10.44 लाख टन गोमी और 11.86 लाख टन बैगन का

उत्पादन हुआ था। फलों के मामले में चार महत्वपूर्ण फसलें आम, अमरुद, लीची और केला हैं। वर्ष 2008-09 में बिहार में 13.30 लाख टन आम, 2.29 लाख टन अमरुद, 2.17 लाख टन लीची और 13.74 लाख टन केले का उत्पादन हुआ था।

6. बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य में फूलों की बड़े पैमाने पर व्यावसायिक खेती होने लगी है। खेती के लिहाज से महत्वपूर्ण फूल हैं गुलाब, रजनीगंधा, बेला, गेंदा तथा गुलदाउदी। वर्ष 2008-09 में 67 टन गुलाब, 4,429 टन गेंदा, 270 टन बेला और 365 टन गुलदाउदी की खेती हुई थी। मुख्य फूल उत्पादक जिले पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर और गया हैं।

7. वर्ष 2000-01 से 2008-09 के बीच कुल सिंचित क्षेत्रफल 44.6 लाख हे. से बढ़कर 49.2 लाख हे. हो गया है। वर्ष 2008-09 में कुल सिंचित क्षेत्रफल के 55.3 भाग पर नलकूपों (निजी और सरकारी, दोनों) से सिंचाई होती थी। बिजली की समूचित आपूर्ति के अभाव में ये नलकूप अक्सर डीजल से चलते हैं जो काफी महंगा है। नहरों (छोटी-बड़ी दोनों) से सिंचाई आठ जिलों - रोहतास, कैमूर, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, बांका, मुंगेर और लखीसराय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये बिहार के चावल उत्पादक जिले हैं।

8. वर्तमान सरकार द्वारा निर्मित कृषि रोडमैप में प्रमाणित बीजों के उपयोग पर जोर दिया गया है। इस पहलकदमी के कारण गत पांच वर्षों में धान, गेहूं और मक्का जैसी महत्वपूर्ण फसलों के मामले में बीज प्रतिस्थापन दरें राज्य में काफी बढ़ी हैं। देखा जा सकता है कि खरीफ फसलों में धान के लिए बीज प्रतिस्थापन दर 2007-08 के 14 प्रतिशत से बढ़कर 2010-11 में 31.0 प्रतिशत हो गई है। रबी फसलों के तहत गेहूं के लिए बीज प्रतिस्थापन दर 2007-08 में 15 प्रतिशत थी जो 2009-10 में 25.3 प्रतिशत हो गई है।

9. बिहार में उर्वरकों की कुल खपत 2006-07 में 32.25 लाख टन थी। वर्ष 2007-08 में 13.1 प्रतिशत बढ़कर यह 36.49 लाख टन हो गई। वर्ष 2008-09 में इसमें 10.9 प्रतिशत की वृद्धि और हुई, फलतः इसका स्तर 40.46 लाख टन पर पहुंच गया। उर्वरकों की प्रति हे. खपत 2009-10 में 181.11 किग्रा हो गई है जो तीन साल पहले 141.7 किग्रा थी।

10. किसान पाठशालाओं के जरिए किसानों के प्रशिक्षण को हाल में प्रमुखता हासिल हुई है। कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच अंतःक्रिया का कार्यक्रम कृषि विकास शिविर प्रौद्योगिकी हस्तांरण हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण पहलकदमी पंचायत या गांव स्तर पर मिनीकिट वितरण की व्यवस्था है। इस मिनीकिट कार्यक्रम में खरीफ की सात फसलें शामिल हैं - धान, मक्का, अरहर, ऊड़द, मूंग, अंडी और तिल। रबी की खेती हेतु निदर्शनों में भी सात फसलें शामिल हैं - गेहूं, मक्का, चना, मसूर, मटर, राई/तोरी और राजमा।

11. वर्ष 2008-09 में किसानों को सब्सिडी पर 3,028 पावर टिलर उपलब्ध कराए गए थे। वर्ष 2009-10 में किसानों को दिए गए पावर टिलरों की संख्या बढ़कर 4,041 हो गई। गत दो वर्षों (2008-09 और 2009-10) में किसानों को सब्सिडी पर 7,069 पावर टिलर दिए गए। बिहार में आधुनिकीकरण प्रक्रिया के अंग के बतौर राज्य सरकार किसानों को ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि की खरीद के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत स्वीकार्य अधिकाधिक सब्सिडी उपलब्ध करा रही है।

12. वर्ष 2009-10 में बिहार के 13.40 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की गई। गौर किया जा सकता है कि वर्ष 2004-05 से 2009-10 तक वास्तविक ऋण प्रवाह वार्षिक लक्ष्य के 80 प्रतिशत के आसपास रहा है। रकम के रूप में कुल ऋण प्रवाह 2004-05 से 2009-10 के बीच 273 प्रतिशत बढ़ा है।

13. राज्य में मत्स्य उत्पादन में लगातार वृद्धि होती दिख रही है। वर्ष 2004-05 में बिहार में कुल मछली उत्पादन 2.67 लाख टन था। उसके बाद से मछली उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई और इसका स्तर 2008-09 में 3.06 लाख टन तक पहुंच गया।

**उद्यम क्षेत्र**

1. बिहार में खनन/ प्रस्तर खनन और विनिर्माण क्षेत्र के मामले में निबंधित और अनिबंधित, दोनों ही क्षेत्रों में ह्रासोन्मुख रुझान रहा था लेकिन निर्माण क्षेत्र राज्य में विकास प्रक्रिया का मुख्य वाहक साबित हुआ जिसका हिस्सा 2004-05 के 5.52 प्रतिशत से 2009-10 में लगभग दूना होकर 11.18 प्रतिशत पहुंच गया।

2. गैर-कृषि आधारित उद्योगों के उत्पादों के कुल मूल्य में राज्य का हिस्सा (0.99 प्रतिशत) कृषि आधारित उद्योगों (0.51 प्रतिशत) के मुकाबले लगभग दूना था। हालांकि कुल निवल मूल्यवर्धन में कृषि आधारित उद्योगों का हिस्सा गैर-कृषि आधारित उद्योगों के मुकाबले चारगुना अधिक था। खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू समूह ने बिहार के सभी चालू कारखानों के शुद्ध मूल्यवर्धन में 76 प्रतिशत से भी अधिक योगदान किया।

3. सुविकसित अधिसंरचात्मक सुविधाओं के अभाव तथा पूंजी के पलायन के कारण राज्य में खाद्य एवं पेय समूह के अंतर्गत मात्र 4 इकाइयां बड़े उद्योग के क्षेत्र में हैं - बांका, बेगूसराय, पूर्व चंपारण और रोहतास जिलों में एक-एक। उनके अलावा राज्य में निजी क्षेत्र में चार अन्य इकाइयां मौजूद हैं जिनमें आइटीसी, केसीसी और गंगोत्री आयरन शामिल हैं। केंद्रीय क्षेत्र के अंतर्गत 6 बड़ी इकाइयां हैं - राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की चार इकाइयां, भारतीय तेल निगम की एक इकाई और एक आयुध कारखाना।

4. बिहार में सर्वेक्षित 71,435 उद्यमों में से 73 प्रतिशत अर्थात 52,188 इकाइयां चालू थीं। इनमें से 69 प्रतिशत इकाइयां विनिर्माण इकाइयां थीं और 31 प्रतिशत सेवा इकाइयां। प्रति इकाई रोजगार सेवा क्षेत्र के 1.92 व्यक्ति की अपेक्षा विनिर्माण क्षेत्र में अधिक था - 3.64 व्यक्ति।

5. गत दशक के दौरान अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र में इकाइयों की संख्या के मामले में वार्षिक वृद्धि दर में विविधता थी – 2001-02 में 5.27 प्रतिशत से लेकर 2009-10 में 2.88 प्रतिशत तक। हालांकि कारीगरी इकाइयों के मामले में यह 5 से 7 प्रतिशत के बीच थी जबकि 2008-09, 2009-10 और 2010-11 में (अक्तूबर तक) किसी इकाई के स्थापित होने की सूचना नहीं है। लघु उद्योग क्षेत्र का विकास अधिक धीमा था – 2006-07 में 1.42 प्रतिशत से अगले वर्ष में 2.93 प्रतिशत तक। दशक में जहां निवेश में 185 प्रतिशत वृद्धि हुई वहीं रोजगार में 38 प्रतिशत की।

6. राज्य के सभी 9 प्रमंडलों के बीच प्रटना प्रमंडल में इस क्षेत्र की इकाइयों का सर्वाधिक 22 प्रतिशत संकेद्रण दिखा, वहीं कोशी और भागलपुर प्रमंडलों में तीन-तीन प्रतिशत ही। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र के विभिन्न उप-क्षेत्रों के मामले में भी तिरहुत को छोड़कर शेष प्रमंडलों में ऐसा ही रुझान दिखा। तिरहुत में लघु इकाइयों का उच्च अनुपात (47 प्रतिशत) दर्ज किया गया। पुनः 9 में से 5 प्रमंडलों – भागलपुर, पूर्णिया, मगध, कोशी और सारण में 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) लघु उद्योग इकाइयों की स्थापना हुई ही नहीं।

7. अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र की इकाइयों में से 81 प्रतिशत सामान्य श्रेणी और 13 प्रतिशत अजा/ अजजा द्वारा शुरू की गई जबकि शेष 6 प्रतिशत अल्पसंख्यक उद्यमियों द्वारा। अजा/ अजजा और अल्पसंख्यक उद्यमियों द्वारा शुरू की गई अतिलघु इकाइयों में निवेश और रोजगार भी सामान्य उद्यमियों की अपेक्षा कम देखा गया। सभी लघु तथा मध्यम इकाइयां सामान्य श्रेणी के उद्यमियों द्वारा आरंभ किए जाने की सूचना है।

8. बिहार तेजी से खाद्य उत्पादों का बड़ा और विकासशील बाजार बनता जा रहा है। राज्य में कुल निजी उपभोग व्यय में से लगभग 65 प्रतिशत भोजन पर ही खर्च होता है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, बिहार का वर्तमान खाद्य बाजार लगभग 40,000 करोड़ रु. का है जिसमें लगभग 18,000 करोड़ रु. का प्रसंस्कृत खाद्य तथा पेय बाजार भी शामिल है। संपूर्ण भारत के खाद्य उपभोग की अनुमानित 7 प्रतिशत वृद्धि दर के आधार पर बिहार का खाद्य उपभोग बाजार 2015 तक लगभग 83,000 करोड़ रु. का हो जाएगा।

9. राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में कृषि आधारित उद्योगों को पहले से ही महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2007-08 के अनुसार, राज्य की सभी औद्योगिक इकाइयों द्वारा 1,159 करोड़ रु. के कुल मूल्यवर्धन में कृषि आधारित उद्योगों का 88 प्रतिशत हिस्सा था। अगर शेष लघु तथा अतिलघु इकाइयों को भी जोड़ लिया जाय, तो कृषि आधारित उद्योगों का हिस्सा और भी अधिक होगा हालांकि इसकी अधिकांश क्षमता का अभी उपयोग ही नहीं हो पाया है। स्पष्ट है कि राज्य सभी कृषि आधारित उद्योगों के मामले में संसाधन अथवा लागतजन्य लाभ नहीं उठा पा रहा है इसीलिए पूरे देश में बिहार का हिस्सा उससे बहुत कम है जितना आर्थिक रूप से संभव है।

10. बिहार में लगभग 2 लाख टन लीची का उत्पादन होता है जो कुल राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 75 प्रतिशत है। ताजा के साथ-साथ प्रसंस्कृत लीची के मामले में भी मुजफ्फरपुर की लीची को विशेष सम्मान हासिल है। इसी प्रकार, लगभग 31 हजार हे. जमीन पर उत्पादित तकरीबन 14 लाख टन केला ताजा तथा प्रसंस्कृत खाद्य बाजार हेतु महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराता है। प्रसंस्कृत केले का बाजार दक्षिण भारतीय बाजारों में तेजी से बढ़ रहा है और मध्य-पूर्व में नए बाजार उभर रहे हैं। विविध प्रकार के वस्त्र योग्य रेशों में केले के रेशे के लिए भी अच्छी गुंजाइश है। राज्य में रेशा निष्कर्षण एवं धागा निर्माण केंद्र की स्थापना हेतु यह अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराता है।

11. बिहार में अनाजों में 4,500 करोड़ रु. का नुकसान अनुमानित है। अधिक इकाइयों की स्थापना और विपणन चैनलों के जरिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग इस नुकसान को न्यूनतम कर सकते हैं। अधिकांश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग असंगठित क्षेत्र में हैं और उनकी सफलता के बहुत कम दृष्टांत मौजूद हैं। बहरहाल राज्य में चावल, गेहूं, मक्का और दलहन की मिलिंग तथा प्रसंस्करण की भारी संभावना है।

12. अभी मात्र 28 चीनी मिल हैं जिनमें से 18 सार्वजनिक क्षेत्र की हैं और बंद हैं। निजी क्षेत्र के 10 मिलों में से बगहा और मोतिहारी के मिल लगभग बीमार और बंद हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के 18 बंद मिलों में से 15 बिहार राज्य चीनी निगम के तहत हैं और 3 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के तहत। बहरहाल, उनको पुनर्जीवित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं।

13. मोटे अनुमान के मुताबिक बकरियों के 7-8 हजार चमड़ों और गायों की 2-3 हजार खालों से भरा तीन ट्रक कच्चा माल रोज मुजफ्फरपुर से विभिन्न स्थानों की ओर जाता है। बिहार के प्रमुख बाजारों में खालों-चमड़ों के संग्रहण के लिए तमिलनाडु की कुछ मशहूर चर्मशोधन इकाइयों के एजेंट नियुक्त हैं। स्थानीय चर्मशोधन उद्योग मुजफ्फरपुर की कुछ चालू इकाइयों तथा मोकामाघाट स्थित बाटा की चर्मशोधन इकाई तक सीमित है। फलत: अधिकांश कच्चा माल कोलकाता, कानपुर, चेन्नई और अन्य स्थानों पर चला जाता है।

14. राज्य में हथकरघा क्षेत्र में समय के साथ लगातार गिरावट देखी गई है और आज यह क्षेत्र मोटे तौर पर विपन्न बुनकरों की गाथा बनकर रह गया है। 1,090 बुनकर सहकारी समितियों के तहत मात्र 10,850 के करीब हथकरघे ही चालू हैं। हथकरघा इकाइयां राज्य के 38 में से 14 जिलों में संकेंद्रित हैं जिनमें पटना, गया, मधुबनी, सीवान, भागलपुर और नालंदा प्रमुख हैं। आइएल एंड एफएस द्वारा किया गया अध्ययन इस बात को दुहराता है कि अधिकांश बुनकर आज भी अत्यंत छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं और उनके पास व्यावसायिक लिहाज से टिकाऊ काम नहीं है। बुनकरों का संघ बनाना और उनके काम को सक्षम स्तर पर लाना जरूरी है।

15. वर्ष 2006-07 में संपन्न चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम गणना के अनुसार 21 प्रतिशत से कुछ अधिक इकाइयां बंद थीं और लगभग 6 प्रतिशत का पता नहीं चला। श्रम और कच्चे मालों

की सहज उपलब्धता के बावजूद अधिकांश इकाइयां बहुत कम मुनाफे पर चल रही थीं। इसका कारण बाजार संबंधी अवसरों की कमी या इन सामग्रियों को सही बाजार में ले जाने के लिए अधिसंरचनात्मक सहायता की अनुपस्थिति भी हो सकता है। बंद इकाइयों में से 40.6 प्रतिशत औद्योगिक इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में थीं और 59.4 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में। पटना, गया, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, बेगूसराय और जहानाबाद जिलों में बंद इकाइयों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक थी।

16. बिहार की सहयोगदाता संस्थाएं परिसंपत्ति होने के बजाय खुद ही बोझ साबित हो रही हैं। उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी बिहार राज्य वित्त निगम (बीएसएफसी) और बिहार राज्य ऋण एवं निवेश निगम (बिसिको) मुख्यत: अत्यंत कम ऋण वापसी के कारण खुद ही रुग्ण हैं और पुनर्जीवन की प्रतीक्षा में हैं।

17. अक्तूबर 2010 तक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एसआइपीबी) ने 398 प्रस्तावों का अनुमोदन किया है जिनमें प्रस्तावित निवेश 1.81 लाख करोड़ रु. है और 1.55 लाख लोगों के लिए रोजगार की संभावना है। इनमें से 180 परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण और 44 बिजली उत्पादन हेतु हैं। इन 398 प्रस्तावों में से 45 ने काम करना शुरू कर दिया है, 104 का काम उन्नत स्थिति में है और 249 क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें अब तक 1,102.5 करोड़ रु. का निवेश हो चुका है।

18. बिहार सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया है। पर्यटन विभाग में दो प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं - विकासमूलक और व्यावसायिक। व्यावसायिक गतिविधियां बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के जरिए चलाई जा रही हैं जबकि विकासमूलक गतिविधियां केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, भवन निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और संबंधित जिलाधिकारियों जैसे विभिन्न अभिकरणों के जरिए चलाई जा रही हैं।

19. पर्यटन विभाग का अनुमोदित योजना बजट 2005-06 के 7.43 करोड़ रु. से बढ़कर 2006-07 में 18.30 करोड़ तथा 2010-11 में 30.44 करोड़ रु. हो गया। योजना परिव्यय में गुणात्मक छलांग राज्य में पर्यटन के विकास हेतु राज्य सरकार की चिंता का सूचक है।

20. राज्य सरकार द्वारा बिजली और सड़क जैसे मुख्य अधिसंरचना क्षेत्रों में किए गए क्षमता विस्तार के प्रयासों के बेहतर परिणाम मिलेंगे और आशा है कि बड़ी संख्या में परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर परिस्थिति सहज हो जाएगी और लक्ष्य पूरे हो जाएंगे। अधिसंरचना में विकास एक ओर आपूर्ति पक्ष के अवरोधों को दूर करता है और दूसरी ओर अतिरिक्त घरेलू मांग को प्रेरित करता है।

**भौतिक अधिसंरचना**

1. बुनियादी अधिसंरचना के विकास की दिशा में पहला कदम गुणवत्तापूर्ण सड़कों का प्रावधान है। सड़कों का महत्व राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास और लोगों की आशाओं से प्रत्यक्षत: जुड़ा हुआ है। वर्ष

2009–10 में पथ निर्माण विभाग का योजना परिव्यय 3,046 करोड़ रु. और व्यय 3,045 करोड़ रु. था जबकि भौतिक उपलब्धि 3,474 किमी थी।

2. बिहार में सड़कों की कुल लंबाई 94,009.42 किमी है जिसका लगभग तीन-चौथाई हिस्सा (74 प्रतिशत) संपर्क पथ है जबकि राष्ट्रीय उच्चपथ और राज्य उच्चपथ लगभग पांच-पांच प्रतिशत हैं। मुख्य जिला सड़कों का हिस्सा 9.54 प्रतिशत है और ऋजु पथ (थ्रू रूट्स) का लगभग 8.45 प्रतिशत। तथापि संपर्क पथों का अच्छा-खासा हिस्सा कच्चा है जिनकी स्थिति मॉनसून के दौरान सामान्यतः दयनीय हो जाती है।

3. सुदूर क्षेत्रों में, खास कर ग्रामीण इलाकों में बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए बिहार में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना आरंभ की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आवागमन को सहज-सुचारु बनाने के लिहाज से नदियों-नालों पर तथा क्षतिग्रस्त अथवा जीर्णशीर्ण पुलों की जगह नए पुल बनाना है। इस योजना के तहत 25 लाख से कम व्यय वाली योजनाएं जिला प्रशासन द्वारा क्रियान्वित होती हैं जबकि उससे ऊपर की बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के जरिए। अभी तक कुल 1,418.57 करोड़ रु. के परिव्यय वाली 2,490 योजनाओं का चयन किया गया है।

4. वर्ष 2005–06 में कुल निबंधित वाहनों की संख्या लगभग 80 हजार ही थी जो 2009–10 में लगभग चारगुनी (3.19 लाख) हो गई है। इसमें 2006–07 में 2005–06 के मुकाबले सर्वाधिक 83 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दिखी। वाहनों की संख्या में वृद्धि सभी प्रकार के वाहनों के मामले में है। निबंधित वाहनों की संख्या बढ़ने से परिवहन विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण, जो 2001–02 में मात्र 133 करोड़ रु. था, लगभग तीनगुनी वृद्धि दर्शाते हुए 2009–10 में 373 करोड़ रु. हो गया है। लगभग शत-प्रतिशत संग्रहण 2005–06 में देखा गया था और मात्र 58 प्रतिशत के आसपास 2006–07 में।

5. बिहार राज्य जलविद्युत निगम के स्वामित्व वाले नवीकरणीय संसाधन सहित बिहार की वर्तमान स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता मात्र 584.6 मेगावाट है। जलविद्युत सहित कुल स्थापित क्षमता लगभग 600 मेगावाट है जबकि सर्वोच्च मांग 3,000 मेगावाट। वर्ष 2006–07 में कमी लगभग 17 प्रतिशत थी जो 2007–08 में बढ़कर 31 प्रतिशत हो गई और 2009–10 में 40 प्रतिशत। वर्ष 2010–11 में कमी लगभग 45 प्रतिशत अनुमानित है। बिहार की वर्तमान स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता मात्र 584.6 मेगावाट है जिसमें बिहार राज्य जलविद्युत निगम के स्वामित्व वाले नवीकरणीय संसाधन भी शामिल हैं। मीटर पठन के मुताबिक राज्य सरकार को केंद्रीय क्षेत्र से 1,746 से लेकर 1,791 मेगावाट तक बिजली मिलती है और तलचर एसटीपीएस (सुपर तापविद्युत संयंत्र) और कहलगांव एसटीपीएस-1 से 40-40 प्रतिशत हिस्सा मिलता है।

6. वर्ष 1999–2000 में कुल सृजित क्षमता 28.17 लाख हे. थी जो 2009–10 में बढ़कर 28.80 लाख हे. हो गई। वहीं, 2005–10 के दौरान पुनःस्थापित सिंचाई क्षमता लगभग 65 हजार हे. थी। खरीफ, रबी और गरमा फसलों के आधार पर कुल सिंचित क्षेत्रफल 1999–00 में 15.20 लाख हे. थी जो सृजित सिंचाई क्षमता के

लिहाज से 54 प्रतिशत उपयोग दक्षता को दर्शाती है। हालांकि 2009-10 में, जब सिंचाई क्षमता 28.80 लाख हे. थी, कुल सिंचित क्षेत्रफल 16.37 लाख हे. होने से उपयोग दक्षता लगभग 57 प्रतिशत ठहरती है।

7. दूरसंचार के क्षेत्र में बिहार में लगभग दसगुनी वृद्धि दर्ज की गई जब कनेक्शनों की संख्या 2005-06 के मात्र 42 लाख से 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) 415 लाख हो गई। कनेक्शनों की संख्या में प्रचुर वृद्धि मोबाइल कनेक्शनों में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण है जिसमें इस अवधि में 17गुनी से भी अधिक वृद्धि हुई है। लैंडलाइन कनेक्शनों में 2006-07 में 2005-06 की अपेक्षा काफी गिरावट आई थी जो उसके बाद लगभग यथावत है। डब्ल्यूएलएल कनेक्शनों में धीमी वृद्धि दर्ज की गई जो 2010-11 में 2005-06 की अपेक्षा बस दूने हो गए।

8. वर्ष 2008-09 और 2009-10 में डाकघरों की संख्या 9,056 पर स्थिर रहीं जिनमें से 8,623 गांवों में थीं और 433 शहरों में। इनमें से लगभग 88 प्रतिशत डाकघर विभागेतर थे और 12 प्रतिशत विभागीय। पुनः राज्य में मौजूद कुल 9,056 डाकघरों में से लगभग 99 प्रतिशत स्थायी थे और मात्र 1 प्रतिशत अस्थायी। पूरे राज्य में मात्र 6 रात्रिकालीन डाकघर मौजूद थे और सभी के सभी शहरी क्षेत्रों में थे। वर्ष 2009-10 में कुल मिलाकर 24,960 लेटर बॉक्स और लगभग 900 पोस्ट बॉक्स मौजूद थे।

9. विमानों की सर्वाधिक आवाजाही 2007-08 में थी (12,604) और उसके बाद 2009-10 में (10,726)। विमानों की सबसे कम आवाजाही 2004-05 में दर्ज हुई थी (3,814)। हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या सामान्यतः चलने वाले विमानों की संख्या पर निर्भर करती है। हालांकि घरेलू यात्रियों की सर्वाधिक संख्या (5.53 लाख) 2009-10 में दर्ज की गई थी और उसके बाद 2007-08 में (4.44 लाख) जब विमानों की उड़ानें अपेक्षाकृत कम थीं।

10. वर्ष 2010 में बिहार में कुल 139 शहरी निकाय थे जिनमें से 10 नगर निगम, 42 नगर परिषद और 87 नगर पंचायत थे। जलापूर्ति में सुधार के लिए पटना, फुलवारीशरीफ, खगौल और बोधगया के शहरी स्थानीय निकायों को 2009-10 में कुल 498.39 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए।

11. राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अनेक पहलकदमियां ली गई हैं जिनमें प्रारूप परियोजना प्रस्तावों का निर्माण, अपशिष्ट के संग्रहण और परिवहन हेतु संविदा, कंपोस्ट संयंत्रों और लैंडफिल स्थलों का अनुश्रवण, लैंडफिल स्थलों की पहचान आदि शामिल हैं।

12. राज्य सरकार ने जलापूर्ति योजना के तहत 26 शहरी स्थानीय निकायों में 315 करोड़ रु. के कुल व्यय का काम शुरू किया है। शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा के तहत राज्य के 21 शहरों में 833.31 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय से 15,748 मकानों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।

13. राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकार परियोजना के तहत गंगा नदी के किनारे बसे 21 शहरों में सुविधाओं में सुधार आरंभ किया गया है। शहरी विकास एवं आवास विभाग (यूडीएचडी) इसके लिए नोडल अभिकरण है। इन परियोजनाओं के साथ-साथ गंगा नदी के पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अन्य परियोजनाओं के क्रियान्वयन और अनुश्रवण के लिए एक संस्था का गठन करना प्रस्तावित है। विचारित हस्तक्षेप हैं : (1) सम्यक मलजल निकासी एवं संबंधित परियोजनाएं, (2) पटना में नदी तट विकास, (3) समेकित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं तथा मुक्तिधाम योजना।

14. कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण अधिसंरचनात्मक क्षेत्रों में वांछित स्तर तक क्षमता विकास एक प्रमुख चुनौती है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर अनेक संबंधित पहलकदमियों की जरूरत पड़ सकती है। राज्य में अधिसंरचना में कमी के आयाम को देखते हुए अधिसंरचनात्मक क्षमता और सेवाओं के विकास में बड़े पैमाने पर तेजी लाने की जरूरत है।

**सामाजिक क्षेत्र**

1. वर्ष 2001-02 में बिहार का प्रति व्यक्ति विकास व्यय राष्ट्रीय औसत के आधे से भी कम था। यह अंतराल 2002-03 और 2004-05 के बीच और अधिक बढ़ा, लेकिन 2005-06 से 2007-08 के बीच इसमें कमी आने लगी। वर्ष 2008-09 में एक बार पुनः रुझान पलट गया। वर्ष 2009-10 और 2010-11 में बिहार के प्रति व्यक्ति विकास व्यय में उभार का अनुमान किया गया है।

2. बिहार में गत दशक के पूर्वार्ध में साक्षरता दर बढ़ने के साथ लैंगिक अंतराल तेजी से बढ़कर 26.1 प्रतिशत से 33 प्रतिशत हो गया। 15 से 35 वर्ष उम्र समूह की 40 लाख महिलाएं मुख्यमंत्री अक्षर आंचल योजना के तहत आच्छादित हैं।

3. बिहार में प्रति 10 हजार आबादी पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का कुल आच्छादन 6.05 से बढ़कर 6.98 हो गया है। उच्च माध्यमिक विद्यालयों की संख्या भी बढ़ी है। 38 में से 17 जिले ऐसे हैं जिनमें प्रति 10 लाख आबादी पर लगभग 5 माध्यमिक विद्यालय हैं। वहीं, 15 जिलों में प्रति 10 लाख आबादी पर औसतन 3 संस्थान उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

4. वर्ष 2002-03 से 2008-09 के बीच उच्च प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन में उल्लेखनीय वार्षिक वृद्धि हुई है : सभी विद्यार्थी 19.63 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 23.24 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति 27.87 प्रतिशत।

5. बिहार में 2001-02 से 2008-09 के बीच प्राथमिक शिक्षा की छीजन दरों में 16.6 प्रतिशत गिरावट आई है। वर्ष 2006-07 से 2007-08 के बीच उच्च प्राथमिक विद्यार्थियों के मामले में छीजन दरों में काफी गिरावट आई थी।

6. मध्याह्न भोजन योजना के तहत आच्छादित बच्चों की कुल संख्या प्राथमिक स्तर पर 115.6 लाख है और उच्च प्राथमिक स्तर पर 369.4 लाख।

7. 2007-10 की अवधि में बिहार में सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य फोकस विद्यालय न जाने वाले बच्चों, लैंगिक और सामाजिक असमानता में कमी तथा वर्गकक्ष में संवाद में सुधार संबंधी हस्तक्षेपों पर रहा है।

8. बिहार में एक नया विश्वविद्यालय 2004 में तथा एक अन्य विश्वविद्यालय 2008 में खुला। वर्ष 2005 में तीन नए शोध संस्थान शामिल हुए और 2007 में एक। महाविद्यालयों की कुल संख्या 2004 और 2005 के बीच 743 से बढ़कर 800 हो गई। वर्ष 2007 में 15 और नए महाविद्यालय जुड़े जिससे कुल संख्या 815 हो गई। वर्ष 2008 और 2009 के बीच दो नए अभियंत्रण महाविद्यालय/ संस्थान खुले। वर्ष 2008 और 2009 के बीच 9 शिक्षण/ प्रशिक्षण केंद्र भी खोले गए।

9. उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन का बढ़ता हिस्सा सबसे अधिक शिक्षक प्रशिक्षण तथा शिक्षा में है और उसके बाद कला में।

10. वर्ष 2006-07 से 2010-11 के बीच शिक्षा हेतु योजना और गैर-योजना, दोनों के बजट में काफी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

11. बिहार का बाल लिंग अनुपात 942 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है और इसमें जिलों के बीच ज्यादा समरूपता है जो अधिकतम 967 और न्यूनतम 915 के बीच है।

12. बिहार में टीकाकरण के आच्छादन, संस्थागत प्रसव तथा बाल मृत्यु के मामले में 2002-04 और 2007-08 के बीच काफी नियमित सुधार दिखा है।

13. अक्तूबर 2010 में राज्य में 10,632 स्वास्थ्य केंद्र थे। इनमें से 494 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), 37 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 8,858 स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा 1,243 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। प्रति लाख आबादी पर 11 स्वास्थ्य केंद्र हैं।

14. स्वास्थ्य देखरेख संबंधी सरकारी सुविधाओं के लिए पहुंचने वाले रोगियों की संख्या में 2006 से होने वाली माहवार प्रगति असाधारण रही है। संस्थागत प्रसवों की संख्या भी 2006-07 से बहुत तेजी से बढ़ी है। बीसीजी, ओपीवी और डीपीटी प्रतिरक्षण का आच्छादन 2008-09 और 2009-10 के बीच काफी बढ़ा है।

15. राशि की प्राप्ति के बरअक्स उसका उपयोग 2005-06 के 31.1 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 89.8 प्रतिशत हो गया है।

16. बिहार में सभी 38 जिलों के सभी विकास प्रखंडों को आच्छादित करती 544 समेकित बाल विकास योजनाएं चल रही हैं जिनके तहत 86,237 आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) तथा 5,440 लघु आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे

हैं। समेकित बाल विकास योजना में बजट के प्रतिशत के बतौर व्यय 2008-09 के 78 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 92 प्रतिशत पहुंच गया है।

17. ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के जरिए आच्छादन 2007-08 में लक्ष्य का 25 प्रतिशत था जो 2009-10 में बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया है। पुराने चापाकलों को बदलने के मामले में 2009-10 में 60 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हो सकी।

18. वर्ष 2009-10 में स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के जरिए 1,58,061 व्यक्ति लाभान्वित हुए थे। लगभग 40 प्रतिशत लाभान्वित महिलाएं थीं जबकि 62 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के थे। 6,090 व्यक्तिगत स्वरोजगारियों को भी इस योजना के जरिए सहायता दी गई थी।

19. वर्ष 2009-10 में इंदिरा आवास योजना के तहत 69.4 प्रतिशत राशि का उपयोग करके 59 प्रतिशत भौतिक लक्ष्य हासिल हुआ था। उस वर्ष पूरा हुए कुल मकानों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का हिस्सा 51 प्रतिशत था।

20. मनरेगा के तहत 2009-10 में 124.1 लाख परिवारों को जॉब कार्ड जारी किए गए जिनमें से 41.9 प्रतिशत अनुसूचित जाति के परिवार थे। 33.3 प्रतिशत जॉब-कार्डधारी परिवारों ने 2009-10 में रोजगार की मांग की थी और 33.26 प्रतिशत जॉब-कार्डधारी परिवारों को रोजगार मिला था। रोजगार पाने वाले 6.95 प्रतिशत परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया था।

21. राज्य में जन वितरण प्रणाली के 42,207 दूकानदार हैं। वर्ष 2007-08 तक बिहार में जन वितरण प्रणाली का आबंटन केंद्र सरकार पर पूरी तरह निर्भर था। वर्ष 2008-09 से राज्य सरकार ने भी जन वितरण प्रणाली की तीनों योजनाओं के तहत आबंटन करना शुरू किया है। बीपीएल के लिए चावल और गेहूं का उठाव काफी बढ़ा है।

22. अनुसूचित जाति/ अनुसूचिज जनजाति कल्याण हेतु कुल परिव्यय 2009-10 के 311.2 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 403.36 करोड़ रु. हो गया।

23. वर्ष 2009-10 तक मुख्यमंत्री महादलित पोशाक योजना के जरिए सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे 842537 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

24. वर्ष 2009-10 और 2010-11 के बीच परिव्ययों में भारी वृद्धि के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात के बतौर जेंडर बजट में 6.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। परिव्ययों में अधिक वृद्धि मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य और पंचायती राज में हुई है।

25. वर्ष 2009-10 में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत बिहार के 27 जिलों के 176 प्रखंडों, 1,519 पंचायतों और 4,819 गांवों में 16,367 महिला स्वयं सहायता समूहों का पोषण किया जा रहा था। इस प्रयास के जरिए 15.19 करोड़ रु. की बचत की गई है। जीविका निर्माण/ खाद्य सुरक्षा/ कौशल विकास/ रोजगार सृजन के लिए 61 महिला स्वयं सहायता समूहों को 535.8 लाख रु. प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, 52,095 विकास स्वयंसेवकों को महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की रणनीति संचालित करने के लिहाज से सक्षम बनाया गया है।

26. विभिन्न योजनाओं के लिए पंचायती राज संस्थाओं का व्यय/ परिव्यय अनुपात 2009-10 में 80 और 100 प्रतिशत के बीच था। समेकित कार्य योजना के तहत जिलों को 125 करोड़ रु. वितरित किए गए हैं।

27. पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्गों के कल्याण का पैटर्न दर्शाता है कि अनुमोदित राशि के प्रतिशत के बतौर व्यय का प्रतिशत सामान्यतः काफी अधिक होता है।

28. वर्ष 2009-10 में 14 जिलों में पटना में एक बालिका छात्रावास सहित 15 छात्रावासों का निर्माण किया गया है।

29. शिक्षित बेरोजगार युवा-युवतियों को प्रशिक्षण देने के मकसद से 36 सामान्य तथा 9 महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ), 34 ट्रेड में, नियमित आधार पर प्रशिक्षण चला रहे हैं। इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2010 में कुल नामांकन बढ़कर 10,000 हो गया है।

30. वर्ष 2010-11 में राज्य का सामाजिक कल्याण परिव्यय 1,775.57 करोड़ रु. था। समाज कल्याण में सर्वाधिक 52 प्रतिशत व्यय सामाजिक सुरक्षा में था जिसके बाद बाल विकास (34.4 प्रतिशत) और महिला सशक्तीकरण (12.7 प्रतिशत) का स्थान था।

31. वर्ष 2008-09 में 203.88 एकड़ गैरमजरुआ जमीन का वितरण मुख्यतः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों के बीच किया गया था।

**बैंकिंग तथा सहवर्ती क्षेत्र**

1. मार्च 2010 के अंत तक बिहार में स्थित व्यावसायिक बैंकों की कुल 4,156 शाखाओं में से 57.7 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में, 22.45 प्रतिशत अर्धशहरी क्षेत्रों में और 19.83 प्रतिशत शहरी एवं महानगरीय क्षेत्रों में स्थित थीं। वर्ष 2010 के दौरान शाखाओं की कुल संख्या में 5 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई तथापि नई खुली 214 शाखाओं में से 44 को छोड़ शेष सभी शहरी या अर्धशहरी क्षेत्रों में खुलीं। विगत कई वर्षों से देश की कुल बैंक शाखाओं में बिहार का हिस्सा व्यवहारतः 5 प्रतिशत के आसपास स्थिर है।

2. दिसंबर 2009 में बिहार में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की 1,451 शाखाएं थीं। उनमें कुल जमा 2007 में 7,200 करोड़ रु. था जो 2009 में बढ़कर 10,400 करोड़ रु. हो गया। लेकिन उनके द्वारा दिए गए ऋणों में मात्र 1,600 करोड़ के आसपास ही वृद्धि हुई। इस प्रकार बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने जहां इन दो वर्षों में

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में 3,200 करोड़ रु. की अतिरिक्त राशि जमा की, वहीं ऋण के बतौर उसका लगभग आधा हिस्सा ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वापस पहुंचा।

3. दिसंबर 2009 में बिहार के सभी अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल ग्रामीण जमा में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कुल जमा का हिस्सा लगभग 43 प्रतिशत था। वर्ष 2009-10 में देश के अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल ग्रामीण जमा में बिहार का हिस्सा लगभग लगभग 6 प्रतिशत था।

4. मार्च 2008 में बिहार में बैंककर्मियों की कुल संख्या 28,960 थी, जिनमें से एक-तिहाई से अधिक अधिकारी संवर्ग के थे। भारत में कार्यरत अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के समस्त कर्मियों कुल संख्या का मात्र 3.45 प्रतिशत ही बिहार में है।

5. जहां बिहार में 2009-10 में कुल जमा राशि में गत वर्ष की अपेक्षा 14,800 करोड़ रु. से अधिक की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई वहीं ऋण 5,400 करोड़ रु. ही बढ़ा है। लेकिन देश के अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल जमा में बिहार के कुल जमा का हिस्सा तो 2.2 प्रतिशत था जबकि ऋण में कुल हिस्सा मात्र 0.87 प्रतिशत।

6. प्रति व्यक्ति जमा और प्रति व्यक्ति ऋण, दोनों मामलों में बिहार का स्थान देश के प्रमुख राज्यों के बीच लगभग सबसे नीचे है। देश के अंदर प्रति बैंक कार्यालय सेवित सर्वाधिक जनसंख्या भी बिहार में ही है। जहां बिहार में 2009-10 में प्रति व्यक्ति जमा 10,525 रु. था वहीं प्रति व्यक्ति ऋण 3,011 रु. ही था।

7. बिहार का ऋण-जमा अनुपात अभी 32 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 73 प्रतिशत से काफी नीचे है और तमिलनाडु (113 प्रतिशत), महाराष्ट्र (81 प्रतिशत), राजस्थान (88 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (61 प्रतिशत) या उत्तर प्रदेश (43 प्रतिशत) जैसे राज्यों से काफी कम है।

8. जून 2010 में बिहार में सभी बैंकों का कुल जमा 99,636 करोड़ रु. था जबकि ऋण 32,109 करोड़ रु.; फलतः ऋण-जमा अनुपात 32.23 प्रतिशत था। यह 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में उदारीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने के पहले बहार के ऋण-जमा अनुपात 40 प्रतिशत से काफी नीचे था।

9. मार्च 2010 में बिहार का निवेश सह ऋण-जमा अनुपात 37 प्रतिशत था। यह राष्ट्रीय औसत (80 प्रतिशत) के मुकाबले काफी कम है।

10. ऋण-जमा अनुपात के मामले में बिहार के जिलों के बीच काफी अंतर है। सीवान में यह 19 प्रतिशत है तो पड़ोसी पश्चिमी चंपारण में 45 प्रतिशत और किशनगंज में 51 प्रतिशत। राज्य के 38 में से 17 जिलों में यह 30 प्रतिशत से कम है। वहीं 9 जिलों में यह 40 प्रतिशत से अधिक है।

11. बिहार में 10 निजीं बैंकों की 69 शाखाएं हैं जिनके ऋण-जमा अनुपात 2 प्रतिशत से 56 प्रतिशत के बीच हैं। जून 2010 तक इनमें से किसी की कोई ग्रामीण शाखा नहीं थी और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी उनकी उपस्थिति बहुत सीमित थी।

12. बिहार में पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं। इनमें से प्रत्येक किसी खास क्षेत्र में सेवा प्रदान करते हैं। समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का ऋण-जमा अनुपात सर्वाधिक 53 प्रतिशत है तो बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का ऋण-जमा अनुपात न्यूनतम 36 प्रतिशत।

13. मार्च 2007 तक कुल ऋण में कृषि (24.2 प्रतिशत), उद्योग और विनिर्माण (22 प्रतिशत), व्यक्तिगत ऋण (31.8 प्रतिशत) तथा व्यापार (14.4 प्रतिशत) का संयुक्त हिस्सा 92 प्रतिशत था। शेष ऋण पेशेवर तथा अन्य सेवाओं, वित्त तथा विविध गतिविधियों के लिए दिए गए थे।

14. कुल अग्रिमों में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का 66 प्रतिशत हिस्सा था। प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के कुल अग्रिमों में कृषि का हिस्सा लगभग दो-तिहाई था जो राज्य के अंदर कुल अग्रिमों के 41 प्रतिशत से अधिक है। लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिमों का कुल वितरित ऋण में मात्र 17 प्रतिशत हिस्सा था। वार्षिक ऋण योजना के तहत समग्र उपलब्धि 83 प्रतिशत से अधिक थी और इसमें क्षेत्रों के बीच काफी भिन्नता दिखी। बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के तहत बिहार में कुल ऋण प्रवाह 29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 2008-09 के 13,548 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 17,537 करोड़ रु. हो गया है।

15. बिहार में 8,463 पैक्स हैं जिनका संपूर्ण भारत के पैक्स में लगभग 9 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन जमा और ऋणप्रदान के मामले में बिहार अन्य राज्यों से बहुत पीछे है। 31 मार्च 2009 को उन पर बकाया ऋण 432 करोड़ रु. था और कुल ऋणप्रदान 501 करोड़ रु.।

16. बिहार में राजकीय सहकारी बैंकों की ऋण वसूली का प्रतिशत 2009 में मात्र 36 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत 92 प्रतिशत था। बिहार में अनिष्पादित परिसंपत्तियों का परिमाण कुल बकाया ऋणों का 42.5 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत था। राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के मामले में बिहार में 2007-08 में वसूली का प्रतिशत मात्र 16.9 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत 49.9 प्रतिशत था।

17. बिहार में व्यावसायिक बैंकों द्वारा 1999 से 2009 के बीच जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या काफी अधिक थी। मार्च 2010 तक राज्य में समग्र उपलब्धि लक्ष्य के 89 प्रतिशत के आसपास रही है।

18. नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्तीयन में लगातार वृद्धि हो रही है और 2009-10 के अंत में इसका परिमाण 826 करोड़ रु. है। अधिकांश वित्तीय सहायता ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के जरिए दी गई है। ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के विभिन्न ट्रेंच के जरिए नाबार्ड द्वारा जून 2010 तक बिहार के लिए 3,835 करोड़ रु. की कुल स्वीकृत राशि में से 1,891 करोड़ रु. (49 प्रतिशत) का ही वितरण किया जा सका था।

19. 30 जून 2010 तक कुल 1,85,600 स्वयं सहायता समूहों का बैंक के साथ ऋण-संबंध हो चुका था और इन स्वयं सहायता समूहों तक हुआ कुल ऋण प्रवाह 1,003 करोड़ रु. था। वर्ष 2007-08 से 2009-10 के बीच बिहार में स्वयं सहायता समूहों के बैंक के साथ ऋण-संबंध की वृद्धि दर मात्र 13 प्रतिशत रही है। 31 मार्च 2010 तक देश के कुल स्वयं सहायता समूहों में बिहार का हिस्सा मात्र 1.69 प्रतिशत था। बिहार में सूक्ष्मवित्त की पैठ देश के अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। मार्च 2010 तक चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 111.82 करोड़ रु. की कुल रकम से 10,237 स्वयं सहायता समूहों का वित्तपोषण किया था जो बिहार में समूहों को कुल 1,008 करोड़ रु. की वित्तपोषित राशि का लगभग 11 प्रतिशत है।

20. बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना, 2007-12 के लिए कुल अनुमानित परियोजना व्यय 7.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर में विश्व बैंक (आइडीए) का सहयोग 6.3 करोड़ डॉलर है। इसमें बिहार सरकार 70 लाख डॉलर अंशदान कर रही है जबकि समुदाय से 30 लाख डॉलर अंशदान की अपेक्षा है। बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना का लक्ष्य 2007-12 की अवधि में बिहार के 6 जिलों के 42 प्रखंडों में 5,90,000 परिवारों को शामिल करते हुए 44,000 स्वयं सहायता समूहों का निर्माण करना है।

21. मार्च 2007 में बिहार में कुल 8,731 निबंधित लिमिटेड कंपनियां थीं (देश की कुल कंपनियों का 1.17 प्रतिशत)। इनमें से 7,552 (86.5 प्रतिशत) निजी क्षेत्र की थीं और मात्र 1,179 (13.5 प्रतिशत) सार्वजनिक क्षेत्र की। मार्च 2009 तक बिहार में कार्यरत कुल लिमिटेड कंपनियों में निजी क्षेत्र का हिस्सा 87 प्रतिशत हो गया, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की संख्या 27 घट गई।

**राजकीय वित्तव्यवस्था**

1. बिहार में राजस्व अधिशेष 2006-07 में मात्र 2,498 करोड़ रु. था जो 2010-11 में बढ़कर 6,557 करोड़ रु. हो गया है। इसी अवधि में पूंजीगत परिव्यय व्यवस्थित रूप से बढ़ते हुए 5,211 करोड़ रु. से 10,434 करोड़ रु. हो गया है।

2. इस अवधि में सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर विकास व्यय 17.2 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 35.6 हजार करोड़ रु. हो गया जबकि गैर-विकास व्यय 10.1 हजार करोड़ रु. से थोड़ा बढ़कर 18.2 हजार करोड़ रु. पहुंचा जिसमें बड़ा हिस्सा ब्याज भुगतानों और पुराने ऋणों का था।

3. वर्ष 2001-02 में राज्य सरकार पर 29.0 हजार करोड़ रु. का बकाया ऋण था जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 53 प्रतिशत के बराबर था। वर्ष 2010-11 तक बकाया ऋण और भी बढ़कर 57.7 हजार करोड़ रु. और ऋण सेवा भुगतान 7.5 हजार करोड़ रु. हो गया है, लेकिन बकाया ऋण अब सकल राज्य घरेलू उत्पाद का मात्र 29 प्रतिशत ही है।

4. प्रमुख राजकोषीय सूचक गत 5 वर्षों के दौरान राज्य सरकार की राजकोषीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार की ओर संकेत करते हैं। टिकाऊपन के पैरामीटरों में लगातार सुधार होता गया। राज्य के कर राजस्व में

उत्फुल्लता की स्थिति थी हालांकि गैर-कर राजस्वों पर राज्य की बढ़ी आय का कोई असर नहीं दिखा। काफी अच्छे ऋण प्रबंधन के कारण राज्य सरकार ने गत वर्षों के दौरान वर्धित लचीलापन दर्शाया था और वह सामाजिक तथा आर्थिक सेवाओं और भौतिक अधिसंरचना के मानकों में सुधार हेतु अपने संसाधनों को मोड़ पाने के लिहाज से काफी अच्छी स्थिति में थी। हालांकि अपनी व्यय संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए राज्य सरकार अभी भी केंद्रीय राशियों पर अत्यधिक निर्भर है। वर्ष 2010-11 (बजट अनुमान) में इसके कुल संवितरणों का 68 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय अंतरणों से वित्तपोषित हो रहा है। राज्य सरकार को होने वाले सकल अंतरणों में लगभग 64 प्रतिशत हिस्स केंद्रीय करों में इसके हिस्से का है और शेष केंद्रीय अनुदानों तथा ऋणों का।

5. बिहार का सकल राजकोषीय घाटा 2008-09 में 2,507 करोड़ रु. के आसपास था जो तेजी से बढ़कर अगले वर्ष 5,273 करोड़ रु. हो गया था। लेकिन 2010-11 के बजट अनुमान में थोड़ा घटकर यह 4,594 करोड़ रु. रह गया। सकल राज्य घरेलू उत्पद के प्रतिशत के बतौर यह 2007-08 के 1.06 प्रतिशत से बढ़कर 2008-09 में 1.73 प्रतिशत हो गया जिसके बाद अगले वर्ष तेजी से बढ़कर 3.06 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि 2010-11 के बजट अनुमान में वह पुनः गिरकर 2.28 प्रतिशत पर आ गया। 2005-06 से 2010-11 तक सकल राजकोषीय घाटे में अधिकांश योगदान पूंजीगत परिव्यय का था, खास कर बाद के वर्षों में।

6. राज्य सरकार के सकल राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण लघु बचतों, भविष्य निधि आदि की लोक लेखा प्राप्तियों के अलावा मुख्यतः आंतरिक बाजार से ऋण लेने के जरिए हुआ। वर्ष 2005-06 से सकल राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण में केंद्र सरकार के ऋणों की व्यवहारतः कोई भूमिका नहीं है।

7. वर्ष 2006-07 से 2010-11 तक राजस्व प्राप्तियों में राजस्व व्यय के मुकाबले अधिक तेज वृद्धि हुई जिस कारण इन तमाम वर्षों में राजस्व अधिशेष की स्थिति बनी रही। कर और गैर-कर, दोनों मिलाकर राज्य सरकार का अपना राजस्व 2005-06 तक इसके राजस्व व्यय का मुश्किल से चौथाई भाग ही जुटा पाता था जो अब इसके 29 प्रतिशत भाग को पूरा करता है। राज्य का कुल राजस्व 2006-2011 की अवधि में दूने से भी अधिक हो गया है - 23,083 करोड़ रु. से 47,235 करोड़ रु.। इस अवधि में राज्य का अपना राजस्व भी, जिसमें कर और गैर-कर, दोनों प्रकार के राजस्व शामिल हैं, और भी तेज दर से बढ़ा है - 4,544 करोड़ रु. से बढ़कर 11,851 करोड़ रु.।

8. राज्य सरकार के कुल कर राजस्व में इसके अपने कर राजस्व का हिस्सा 2005-06 के 23 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2010-11 में 25 प्रतिशत हो गया और इस अवधि के अधिकांश भाग में यह इसके कुल राजस्व व्यय के समान हिस्से का ही वित्तपोषण कर सका।

9. बिहार में 2005-06 तक राज्य सरकार के कुल व्यय में गैर-योजना व्यय का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था। लेकिन उसके बाद योजना व्यय का हिस्सा लगातार बढ़ता गया और अब 2010-11 में 45 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। लगभग 60 प्रतिशत गैर-योजना व्यय गैर-विकासमूलक प्रवृत्ति का है। गैर-योजना व्यय का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह बकाया ऋणों पर ब्याज भुगतान के कारण था। वर्ष 2005-06 से 2010-11 के बीच कुल योजना व्यय 19.0 हजार करोड़ रु. बढ़ा और कुल गैर-योजना व्यय 12.0 हजार करोड़ रु.।

10. राज्य सरकार द्वारा संग्रहित कर राजस्व 2005-06 के 17.3 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 के बजट अनुमान में 34.2 हजार करोड़ रु. हो गया है और इसी अवधि में गैर-कर राजस्व 511 करोड़ रु. से बढ़कर 1,207 करोड़ रु.। गैर-कर राजस्व में यह वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा दी गई ऋण राहत के कारण थी।

11. इसके प्रमुख कर स्रोत बिक्री कर, स्टांप एवं निबंधन शुल्क, राज्य उत्पाद शुल्क, माल एवं यात्री कर तथा वाहन कर का संयुक्त हिस्सा इसकी कुल कर प्राप्तियों का 98 प्रतिशत था। इनमें से अकेले बिक्री कर का हिस्सा 53 प्रतिशत था जिसके बाद माल एवं यात्री कर का स्थान है (15 प्रतिशत)।

12. राज्य सरकार के गैर-कर राजस्व में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व खानों एवं खनिजों से रॉयल्टी है। दूसरा महत्वपूर्ण स्रोत ब्याज प्राप्ति है। कुल गैर-कर प्राप्तियों में इन दोनों का संयुक्त हिस्सा मात्र 42 प्रतिशत है। ब्याज प्राप्तियों का हिस्सा 2005-11 की छः वर्षीय अवधि में 41 प्रतिशत से गिरकर 18 प्रतिशत रह गया है जबकि रॉयल्टी का हिस्सा इस अवधि में 19 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है।

13. पेंशन और वेतन व्यय मिलकर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 8 प्रतिशत और राज्य सरकार के 2010-11 के बजट अनुमान में व्यक्त राजस्व व्यय के 41 प्रतिशत के बराबर हो जाते हैं।

14. सरकार द्वारा 2009-10 में किए गए 42,794 करोड़ रु. के कुल व्यय में 50 प्रतिशत उसका उपभोग व्यय रहा है जिसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन-मजदूरी पर व्यय के साथ-साथ प्रशासन चलाने के लिए हुआ वस्तुओं एवं सेवाओं पर व्यय शामिल है। कुल व्यय के 17 प्रतिशत का उपयोग उत्पादक पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में हुआ। अनुदान, सब्सिडी, पेंशन भुगतान आदि के जरिए कुल व्यय का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को अंतरित किया गया और सिर्फ 1 प्रतिशत का अंतरण पूंजी निर्माण हेतु किया गया। मात्र 5 प्रतिशत व्यय का उपयोग वित्तीय निवेश करने तथा शेष अर्थव्यवस्था को ऋण एवं अग्रिम देने के लिए किया गया है।

15. दसवीं और ग्यारहवीं, दोनों योजनाओं के दौरान बिहार में योजना व्यय का फोकस सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर रहा है। आर्थिक सेवाओं में फोकस कृषि, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, ऊर्जा तथा परिवहन पर रहा है। ग्यारहवीं योजना में कृषि पर दसवीं योजना की अपेक्षा कम ध्यान दिया गया जबकि सामाजिक और भौतिक अधिसंरचना के विकास पर दोनों ही योजनाओं में बल दिया गया।

योजना व्यय का पैटर्न समग्रत: योजना के राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है। योजना व्यय वित्तपोषण के स्रोतों की बात करें, तो राज्य दसवीं योजना की अपेक्षा ग्यारहवीं योजना में काफी अधिक आत्मनिर्भर हो गया है जो धन की कुल जरूरतों के 75 प्रतिशत भाग का पोषण कर रहा है।

16. तेरहवें वित्त आयोग की कार्यावधि में बिहार को 14,603 करोड़ रु. के अनुदान अलावा केंद्रीय करों के हिस्से के बतौर 1,58,341 करोड़ रु. की राशि मिली है जिससे 2011-2015 की अवधि में कुल सुपुर्दगी 1,72,944 करोड़ रु. हो गई है। कुल कर सुपुर्दगी में बिहार का हिस्सा 10.9 प्रतिशत है जो बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित हिस्सा 11.03 प्रतिशत से कम है।

17. तेरहवें वित्त आयोग ने अनुशंसा की कि राष्ट्रीय लघु बचत कोष से 2006-07 तक निकालकर राज्यों को दिए गए तथा 2009-10 तक बकाया ऋणों को विहित तिथि में निर्धारित अधिक व्याज दर के बजाय नए सिरे से तय करके 9 प्रतिशत कर दिया जाय। 31 मार्च 2010 तक बिहार के पास राष्ट्रीय लघु बचत कोष का बकाया ऋण 13,269 करोड़ रु. था। तेरहवीं योजनावधि में बिहार को मिलने वाली कुल ब्याज राहत 498 करोड़ रु. होगी।

18. योजनागत योजनाओं के लिए मिले वित्त मंत्रालय से इतर के केंद्रीय ऋणों की बात करें, तो 31.03.2008 तक बिहार के पास 107 करोड़ रु. का बकाया शेष था। तेरहवें वित्त आयोग ने अनुशंसा की कि 2009-10 तक बकाया सारे ऋण माफ कर दिए जायं।

19. तेरहवें वित्त आयोग ने राज्यों के लिए कुल सहायता अनुदानों में प्रचुर वृद्धि करने के अलावा विभाज्य करों की शुद्ध प्राप्तियों को प्रति वर्ष 30.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत कर दिया है। बारहवें वित्त आयोग की तुलना में तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित उदग्र सुपुर्दगी 36 प्रतिशत अधिक है। बिहार का हिस्सा ग्यारहवें वित्त आयोग की अवधि के 14.6 प्रतिशत से घटकर बाहरवें वित्त आयोग के समय 11.0 प्रतिशत और उससे भी घटकर तेरहवें वित्त आयोग के समय 10.9 प्रतिशत रह गया है। इसका अर्थ तेरहवें आयोग की अवधि में लगभग 2,400 करोड़ रु. की हानि है। लगातार योजना अवधियों में कुल सहायता अनुदानों में बिहार का हिस्सा व्यवहारत: एक ही रहा है (बारहवें वित्त आयोग के 5.559 प्रतिशत के मुकाबले तेरहवें वित्त आयोग द्वारा 5.647 प्रतिशत।

---

# अध्याय 1

# वृहदावलोकन

बिहार की अर्थव्यवस्था सतत विकास का रुझान दर्शाती रही है। अर्थव्यवस्था में पारस्परिक संबंधों के जरिए विकास को टिकाऊ होना है क्योंकि एक क्षेत्र का विकास दूसरे क्षेत्रों के विकास को गति देता है। विकास की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा भौतिक अधिसंरचना में भारी निवेश, सामाजिक क्षेत्र, खास कर शिक्षा और स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण तथा सरकार के कामकाज में सुधार लाने के जरिए ही संभव थी। प्रशासन के फोकस में भारी बदलाव आया है। संभावना है कि बिहार अर्थव्यवस्था में उत्पन्न आवेग के जरिए ग्यारहवीं योजना (2007-12) योजना में कल्पित सारे लक्ष्य पूरे कर लेगा। हाल के वर्षों में विकास की गति ही तेज नहीं हुई है, इसकी प्रकृति भी अधिक समावेशी हुई है।

बिहार की अर्थव्यवस्था की चुनौतियों को समझने के लिए यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि 2009-10 में 9.60 करोड़ की अनुमानित आबादी वाला बिहार एक सघन जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है। चूंकि बिहार गंगा के मैदान का भाग है इसलिए राज्य की मिट्टी उपजाऊ है और जल संसाधन प्रचुर। नवंबर 2000 में विभाजन के बाद राज्य का खनिज संपदा वाला भाग नवगठित झारखंड में चला गया और बिहार के पास कृषि आधारित अर्थव्यवस्था ही बची रह गई। तथापि प्रचुर कृषि संसाधनों के आदर्श उपयोग से अर्थव्यवस्था की विकास दर बढ़ाना संभव हुआ और गत पांच वर्षों में बिहार के विकास की गति उस संभावना का जीवंत प्रमाण है।

गत दो वर्षों के दौरान वार्षिक वर्षा कम हुई और राज्य को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ा। फिर भी विकास की गति पर बहुत मामूली असर पड़ा क्योंकि राज्य सरकार ने राज्य की विकासजन्य आवश्यकताओं पर काफी ध्यान दिया। राज्य सरकार ने तेरहवें वित्त आयोग को की गई प्रस्तुति के अंग के बतौर बिहार के विकास पर दीर्घकालिक दृष्टि विषयक सम्यक दस्तावेज तैयार किया है। आशा है, केंद्र सरकार राज्य के त्वरित विकास हेतु इसकी संसाधन संबंधी जरूरतों के प्रति अधिक तर्कसंगत तथा सहानुभूतिपूर्ण दृष्टि अपनाएगी और राज्य को वांछित धन आबंटित करेगी।

वर्तमान आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य की अर्थव्यवस्था और उसके विभिन्न क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति का ब्योरा प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें राज्य सरकार द्वारा किए गए क्षेत्रवार प्रयास तथा उनमें हुई उपलब्धियां भी शामिल होंगी। साथ ही, उसमें राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास की राह में बाधक कुछ अवरोधों को भी रेखांकित

किया जाएगा। सर्वेक्षण में वृहदावलोकन के अलावा छः अन्य अध्याय भी शामिल हैं – कृषि तथा सहवर्ती क्षेत्र, उद्यम, भौतिक अधिसंरचना, सामाजिक क्षेत्र, बैंकिंग एवं सहवर्ती क्षेत्र और राजकीय वित्तव्यवस्था।

## 1.1 राज्य घरेलू उत्पाद

बिहार के राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) तथा निवल राज्य घरेलू उत्पाद (एनएसडीपी) के लिए अलग-अलग तैयार किए जाते हैं। दोनों ही अनुमान वर्तमान मूल्य पर और स्थिर (2004-05) मूल्य पर अलग-अलग तैयार किए जाते हैं। तालिका 1.1 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्तमान मूल्य पर प्रस्तुत हैं और तालिका 1.2 में स्थिर (2004-05) मूल्य पर। इसी प्रकार, तालिका 1.3 में निवल राज्य घरेलू उत्पाद के आंकड़े वर्तमान मूल्य पर प्रस्तुत हैं और तालिका 1.4 में स्थिर (2004-05) मूल्य पर। गौर करना चाहिए कि 2007-08 तक के आंकड़े अंतिम अनुमान हैं। वर्ष 2008-09 के लिए आंकड़े अनंतिम (प्रोविजनल) अनुमान से संबंधित हैं जबकि 2009-10 में त्वरित अनुमान दिए गए हैं। नीचे सकल राज्य के घरेलू उत्पादों का उपयोग करते हुए बिहार की अर्थव्यवस्था की विकास दर का स्थिर (2004-05) मूल्य पर विश्लेषण किया गया है (तालिका 1.2)[1]।

वर्ष 2009-10 में 2004-05 के मूल्य पर बिहार का कुल सकल राज्य घरेलू उत्पाद 1,35,900.23 करोड़ रु. था जिससे प्रति व्यक्ति आय 13,983 रु. थी। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 2008-09 के मुकाबले 11.70 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। वर्तमान मूल्य पर 2009-10 में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 1,72,138.46 करोड़ रु. था जिससे प्रति व्यक्ति आय 17,959 रु. थी। अगर 2000 के समय से बात की जाय, जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तो 1999-2000 के स्थिर मूल्य पर बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 1999-2000 से 2008-09 तक 7.06 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा (तालिका 1.5)।

बिहार की अर्थव्यवस्था की विकास दर गत वर्षों एक जैसी नहीं रही है। वर्ष 1999-00 से पहले पांच वर्षों के दौरान बिहार की अर्थव्यवस्था 3.50 प्रतिशत की वार्षिक दर से विकसित हुई थी। उसके बाद राज्य सरकार द्वारा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों के फलस्वरूप 2004-05 से 2010-11 तक अर्थव्यवस्था स्थिर मूल्य के लिहाज से 10.93 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी। देश के विभिन्न राज्यों के बीच यह सर्वाधिक विकास दरों में से एक है।

---

[1] इस सर्वेक्षण को अंतिम रूप देने के बाद सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार ने 11-02-2011 को बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद और निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमानों के नए सेट जारी किए हैं। ये अनुमान वर्तमान सर्वेक्षण में प्रस्तुत अनुमानों से थोड़े भिन्न हैं।

**तालिका 1.1 : उपादान मूल्य (वर्तमान मूल्य) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (2004-05 से 2010-11)**

(करोड़ रु.)

| क्षेत्र | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 (अनंतिम) | 2009-10 (त्वरित) | 2010-11 (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. कृषि/ पशुपालन | 19747.50 | 19944.91 | 26193.37 | 27261.80 | 35273.85 | 35351.04 | 35428.40 |
| 2. वानिकी/ काष्ठ उत्पादन | 2729.76 | 2797.84 | 3107.12 | 3116.46 | 3126.79 | 3139.71 | 3228.81 |
| 3. मत्स्य उद्योग | 1132.48 | 1163.99 | 1316.82 | 1441.86 | 2352.07 | 2435.71 | 2838.86 |
| 4. खनन/ प्रस्तर खनन | 42.07 | 97.16 | 81.33 | 83.32 | 83.31 | 83.34 | 95.55 |
| **उप योग (प्राथमिक)** | 23651.81 | 24003.90 | 30698.64 | 31903.44 | 40836.02 | 41009.80 | 41591.62 |
| 5. विनिर्माण | 4375.87 | 4150.83 | 4662.06 | 6208.93 | 6546.30 | 6910.54 | 7587.31 |
| 5.1 निबंधित | 1121.94 | 642.68 | 550.01 | 1385.97 | 1385.79 | 1386.26 | 1446.17 |
| 5.2 अनिबंधित | 3253.93 | 3508.15 | 4112.05 | 4822.96 | 5160.51 | 5524.28 | 6141.14 |
| 6. निर्माण | 4175.52 | 6055.60 | 8667.83 | 11599.38 | 13975.82 | 19856.79 | 27123.67 |
| 7. विद्युत/ जलापूर्ति/ गैस | 1145.63 | 1161.60 | 1136.56 | 1391.78 | 1421.60 | 1637.08 | 1758.23 |
| **उप योग (द्वितीयक)** | 9697.02 | 11368.03 | 14466.45 | 19200.09 | 21943.72 | 28404.41 | 36469.21 |
| 8. परिवहन/ भंडारण/ संचार | 4588.79 | 5050.53 | 5880.45 | 6610.41 | 7500.92 | 8370.13 | 9441.49 |
| 8.1 रेलवे | 1447.93 | 1579.56 | 1982.82 | 2303.89 | 2542.11 | 2804.96 | 3201.57 |
| 8.2 अन्य परिवहन | 1976.43 | 2164.06 | 2520.53 | 2812.53 | 3196.40 | 3464.90 | 3876.62 |
| 8.3 भंडारण | 62.36 | 65.53 | 78.43 | 91.98 | 104.63 | 119.08 | 135.53 |
| 8.4 संचार | 1102.07 | 1241.38 | 1298.67 | 1402.01 | 1657.78 | 1981.19 | 2227.77 |
| 9. व्यापार/ होटल / रेस्टोरेंट | 16273.29 | 17220.90 | 23456.25 | 30356.98 | 39436.37 | 51909.64 | 65464.00 |
| **उप योग (8 तथा 9)** | 20862.08 | 22271.43 | 29336.70 | 36967.39 | 46937.29 | 60279.77 | 74905.49 |
| 10 बैंकिंग/ बीमा | 2585.89 | 2731.18 | 3191.63 | 3525.59 | 4444.97 | 5089.60 | 5827.72 |
| 11. आरईओडीबी | 4053.34 | 4794.57 | 5788.84 | 6869.49 | 7915.59 | 9308.63 | 10992.60 |
| **उप योग (10 तथा 11)** | 6639.23 | 7525.75 | 8980.47 | 10395.08 | 12360.56 | 14398.23 | 16820.32 |
| 12. लोक प्रशासन | 5227.54 | 5538.08 | 5886.73 | 6476.95 | 7485.75 | 9745.80 | 11038.79 |
| 13. अन्य सेवाएं | 9529.88 | 10974.59 | 12131.16 | 13413.67 | 15455.56 | 18300.45 | 20851.46 |
| **उप योग (तृतीयक)** | 42258.73 | 46309.85 | 56335.06 | 67253.09 | 82239.16 | 102724.25 | 123616.06 |
| **उप-योग 'ग'** | **162** | **उप-योग 'घ'** | **44** |
| (च) आरंभ की जा रही परियोजना<br>पुलिस थाने | 20 | | |
| 30 सिपाहियों के लायक बैरक निर्माण | 2 | | |
| 10 सिपाहियों के लायक बैरक निर्माण | 1 | | |
| अंचल निरीक्षक हेतु क्वार्टर | 7 | | |
| गृहरक्षक | 6 | | |
| अन्य योजना | 10 | | |
| नक्सली क्षेत्रों में अन्य योजनाएं | 15 | | |
| **उप-योग 'च'** | **61** | | |

स्रोत : बिहार आरक्षी भवन निर्माण निगम, पटना

**1.5 आपदा प्रबंधन**

अपनी भू-आकृतिक तथा जलवायु संबंधी स्थितियों के कारण आपदाओं के मामले में राज्य लगातार असुरक्षित है, खास कर बाढ़ और सूखे के मामले में। गर्मी में लू और आंधियों तथा जाड़े में शीतलहर भी मानवों और पशुओं के रूप में प्रायः हर साल कीमत वसूलती हैं। बिहार उच्च सिस्मिक क्षेत्र में अवस्थित है जिस कारण भूकंप प्रवण है। आपदाओं की बारंबारता और गंभीरता को देखते हुए आपदा प्रबंधन का स्वतंत्र विभाग स्थापित किया गया है। विभाग का मूल उद्देश्य आपदाओं के आने के पहले तैयारी की देखरेख करना, आपदाओं के दौरान संकट प्रबंधन करना तथा आपदाओं के बाद राहत और पुनर्वास का काम देखना है।

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के दिशानिर्देशों के तहत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने आपदाओं के दौरान विभिन्न कार्रवाइयों का संचालन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनआरडीएफ) की एक बटालियन पटना जिले के बिहटा में स्थापित की है। राज्य सरकार ने इस बटालियन की स्थापना के लिए 74.47 एकड़ जमीन खरीदकर राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल को दीर्घकालिक लीज के आधार पर सौंप दिया है। राज्य सरकार ने भारतीय स्थल सेना और नौसेना के अवकाश-प्राप्त प्रशिक्षित कर्मचारियों को लेकर अपना खुद के राज्य आपदा अनुक्रिया बल (एसडीआरएफ) की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है और केंद्रीय आरक्षी बलों, राज्य पुलिस तथा गृहरक्षकों की विशेष बटालियन के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को लेकर इसका बटालियन बनाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

राज्य सरकार ने 2010-11 में सूखा प्रभावित जिलों में डीजल तथा बीज सब्सिडी के लिए अपनी संचित निधि से 605.75 करोड़ रु. का परिव्यय स्वीकृत किया है। राज्य सरकार ने राहत कार्य भी चलाए हैं। सूखे के दौरान चापाकलों की मरम्मत के लिए 53.89 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए। नए नलकूप लगाने के लिए भी 130.50 करोड़ रु. खर्च किए गए। पाइप के जरिए जलापूर्ति हेतु लगभग 231 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए।

**सूखा**

वर्ष 2009 में दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून की कम बारिश के कारण बिहार को गंभीर सूखे का सामना करना पड़ा। 6 अगस्त 2009 तक 42 प्रतिशत कम वर्षा हुई। उस वर्ष 38 में से 28 जिले सूखा प्रभावित थे जहां राहत के उपाय किए गए। राज्य लगातार दूसरे साल 2010 में भी सूखे का सामना कर रहा है। सभी 38 जिलों को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया गया है। राज्य में मॉनसून का आगमन दो सप्ताह देर से हुआ और खरीफ मौसम में बिल्कुल बुआई के मौके पर ही बारिश में 20 प्रतिशत से भी अधिक कमी आई। फलतः पूरे राज्य में फसलों का आच्छादन में 60 प्रतिशत से भी अधिक घट गया। जैसा कि तालिका 1.17(क) और 1.17(ख) में प्रस्तुत है, 2010 में सूखे की स्थिति में भारत सरकार को कुल 6,573.45 करोड़ रु. की सहायता हेतु 9 स्मारपत्र पेश किए गए।

**तालिका 1.17 ( क ) : भारत सरकार से सूखा राहत हेतु धन की मांग ( 2010 )**

| क्र. सं. | क्षेत्र | सहायता (करोड़ रु.) | अन्य सहायता |
|---|---|---|---|
| 1 | **कृषि :** डीजल सब्सिडी, बीज सब्सिडी, कृषि लागत सब्सिडी | 1733.203 | |
| 2 | **पशुपालन :** चारा तथा पशु शिविर | 203.975 | |
| 3 | **आनुग्रहिक राहत :** आहार | 1431.57 | |
| 4 | किरासन तेल | | किरासन तेल की प्रति माह 45005.1 हजार ली. अतिरिक्त आपूर्ति |
| 5 | **पूरक पोषण :** 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए | 116.34 | |
| 6 | **स्वास्थ्य** | 4.50 | |
| 7 | **रोजगार सृजन :** नरेगा में अतिरिक्त आबंटन | 2577.74 | |
| 8 | **पेयजल** | 89.88 | |
| 9 | **बिजली** | 152.49 | 330 मेगावाट अतिरिक्त बिजली |
| 10 | **लघु सिंचाई** | 261.75 | |
| 11 | **वित्त :** बैंक ऋण | | व्यावसायिक बैंकों के ऋणों का शिड्यूल पुनर्निर्धारण। निम्न ब्जाज दर पर उपभोग ऋण तथा कृषि ऋण की उपलब्धता। |
| | **योग** | 6573.45 | |

स्रोत : आपदा प्रबंधन विभाग : बिहार सरकार

सूखा के दौरान निम्न आय वर्ग के जीवन–जीविका में काफी कठिनाइयां आईं। राज्य सरकार को सूखा प्रभावित जिलों में भूख से पीड़ित बीमार लोगों की जान बचानी पड़ी। इस मकसद से उसने खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 973.63 लाख रु. और पेयजल हेतु 1,839.75 लाख रु. की राशि स्वीकृत किए। इस प्रकार सूखे से लड़ने के लिए 2010–11 के दौरान (13 जनवरी 2011 तक) 6,691.64 लाख स्वीकृत किए जा चुके थे।

**तालिका 1.17 ( ख ) : 2010–11 में ( 13 जनवरी 2011 तक ) सूखा हेतु स्वीकृत राशि**

| राहत कार्यक्रम | राशि (लाख रु.) |
|---|---|
| अनुकृपा अनुदान उपलब्ध कराना | |
| (क) नगद राशि | 439.63 |
| (ख) खाद्यान्न | 534.00 |
| पेयजल (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) | 1839.75 |
| चारा तथा परिवहन (पशुपालन) | - |
| पूरक पोषाहार (समाज कल्याण विभाग) | 3878.26 |
| योग | 6691.64 |

स्रोत : आपदा प्रबंधन विभाग : बिहार सरकार

**बाढ़, चक्रवात और आग**

राज्य के 28 जिले, जिनमें से अधिकांश उत्तर बिहार में हैं, तकरीबन हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। उन जिलों को बाढ़प्रवण घोषित किया गया है। बाढ़ के लगातार खतरे को देखते हुए इन बाढ़ प्रभावित जिलों को बचाव कार्य संबंधी आधुनिक किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राज्य के 28 अति बाढ़ प्रभावित जिलों में से प्रत्येक के लिए 10 मोटरबोटों के प्रावधान किए गए हैं। इन मोटरबोटों चलाने के लिहाज से गृहरक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल को लगाया गया है। राज्य सरकार अभी बाढ़प्रवण जिलों में 200 बाढ़ शरणस्थलियों का निर्माण करा रही है। इसके अलावा, राज्य के 10 सर्वाधिक बाढ़प्रवण जिलों में आपात प्रबंधक और सहायकों के नए पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है। राज्य के प्रत्येक जिले में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार गठित करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवीण प्रशिक्षकों की पहचान की गई है और खोज एवं बचाव कार्यों, प्राथमिक चिकित्सा, क्षमता निर्माण, तथा जागरूकता अभियान के लिहाज से उन्हें राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल प्रशिक्षित कर रहे हैं। और अंत में, आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी प्रमंडल आयुक्तों और जिलाधिकारियों को बाढ़-पश्चात कार्यों के लिए पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण विषयक दिशानिर्देश जारी किए हैं।




वर्ष 2010 में बाढ़, आंधी और आग से लड़ने के काम के लिए राज्य सरकार को गैर-योजना शीर्ष से 17,345.35 लाख रु. की राशि खर्च करनी होगी। व्यय का मद आधारित विवरण तालिका 1.18 में देखा जा सकता है।

**तालिका 1.18 : 2010 में (अक्तूबर तक) बाढ़/ चक्रवात/ अग्निकांड हेतु आबंटित राशि**

| कार्यक्रम | राशि (लाख रु.) |
|---|---|
| (क) राहत एवं बचाव उपकरण | 1.50 |
| (ख) सूखे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति | 2909.23 |
| (ग) नगद सहायता | 2083.66 |
| (घ) कपड़ों और बर्तनों का वितरण | 729.60 |
| (च) पेयजल की आपूर्ति | 64.42 |
| (छ) सड़कों एवं पुलों की मरम्मत | 49.41 |
| (ज) घर खाली कराने संबंधी कार्य | 1215.33 |
| (झ) सार्वजनिक भवनों की मरम्मत | |
| बाढ़ द्वारा प्रभावित | 20.00 |
| चक्रवात द्वारा प्रभावित | 6610.44 |
| (ट) कृषि लागत | 209.00 |
| (ठ) नावों की मरम्मत | 276.85 |
| (ड) तटबंधों तथा सिंचाई प्रणाली की मरम्मत | - |
| (ढ) मानव हेतु दवाएं | 59.25 |
| (ण) बाढ़पूर्व व्यवस्थाओं के लिए पीओएल | 33.25 |
| (त) बाढ़जनित दुर्घटनों के मामले में सहायता | 2303.95 |
| (थ) विविध | 779.46 |
| योग | 17345.35 |

स्रोत : आपदा प्रबंधन विभाग : बिहार सरकार

आपदा के खतरे से लड़ने के लिए राज्य सरकार ने राज्य से लेकर गांव स्तर तक कदम उठाए हैं। राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू किया गया है और उसके बाद आपदा प्रबंधन नीति का अनुमोदन किया गया है। पहले भी उल्लेख किया गया है कि राज्य स्तर पर एक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना की गई है। उपयुक्त संकट प्रबंधन हेतु 112 राज्यस्तरीय नोडल/ वरिष्ठ आधिकारियों का उन्मुखीकरण तथा 8 नीति-निर्माताओं का संवेदनीकरण किया गया है। इसके अलावा, नीचे के स्तरों पर प्रशिक्षण देने के लिए 142 प्रवीण प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया गया है।

अब तक जिला स्तर पर 14 आपदा प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं और उनके 1,132 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। उनमें से 188 सदस्य महिलाएं थीं। इसके अलावा, पंचायती राज संस्थाओं के 4,137 सदस्यों को भी आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया है जिनमें से 1,525 महिलाएं हैं। इसी प्रकार शिक्षकों (1,285), राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों को भी आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया है।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में नई पहलकदमियों का सारांश इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है :

(1) राज्य में राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनडीआरएफ) की तर्ज पर राज्य आपदा अनुक्रिया बल की एक बटालियन के गठन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के 1,167 पद सृजित किए जाने हैं। उनके वेतन, प्रशिक्षण, संचार तथा वाहन समेत अन्य उपकरणों पर 22.80 करोड़ रु. खर्च किया जाना प्रस्तावित है।

(2) 28 बाढ़प्रवण जिलों में 10-10 मोटरबोट की खरीद हेतु 11.60 करोड़ रु. खर्च करने का प्रस्ताव है।

(3) बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के समय संचार के वैकल्पिक स्रोत के लिहाज से राज्य के सभी 38 जिलों में जिलाधिकारियों तथा आरक्षी अधीक्षकों को एक-एक सेटेलाइट फोन सेट (डिजिटल सेटेलाइट फोन टर्मिनल) उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। इनके अलावा 9 प्रमंडलीय आयुक्तों को भी सेटेलाइट फोन का एक-एक सेट उपलब्ध कराना है। बेल्ट्रॉन, पटना के जरिए ककुल 95 सेटेलाइट टेलिफोन सेट स्थापित कराए जा रहे हैं।

(4) अचानक आने वाली आपदा के बारे में लोगों को चेतावनी देने के लिए तत्काल चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम) विकसित की जा रही है। इस मकसद से प्रतिस्पर्धी दर पर सॉफ्टवेयर कंपनियों की सेवा प्राप्ति हेतु निविदा आमंत्रित करने के लिए बेल्ट्रॉन को अधिकृत किया गया है।

(5) 678.78 करोड़ रु. वार्षिक व्यय से 10 प्रमुख बाढ़प्रवण जिलों में आपात प्रबंधकों तथा सहायकों के पद सृजित करने का भी एक प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर राज्य सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

## परिशिष्ट 1 : 1.14 (क) बिहार के कारागारों की बंदी क्षमता/ संख्या (30.06.2010)

| क्रम सं. | कारा का नाम | क्षमता | | | बंदियों की संख्या | | | अधिभोग अनुपात (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग |
| 1 | आदर्श केंद्रीय कारा, बेउर, पटना | 2260 | 100 | 2360 | 2688 | 79 | 2767 | 118.94 | 79.00 | 117.25 |
| 2 | एस.के.आर.बी. केंद्रीय कारा, मुजफ्फरपुर | 1992 | 143 | 2135 | 2266 | 98 | 2364 | 113.76 | 68.53 | 110.73 |
| 3 | केंद्रीय कारा, बक्सर | 1126 | 0 | 1126 | 1010 | 0 | 1010 | 89.70 | - | 89.70 |
| 4 | विशेष केंद्रीय कारा, भागलपुर | 3288 | 0 | 3288 | 1636 | 0 | 1636 | 49.76 | - | 49.76 |
| 5 | केंद्रीय कारा, भागलपुर | 1962 | 0 | 1962 | 1352 | 0 | 1352 | 68.91 | - | 68.91 |
| 6 | केंद्रीय कारा, गया | 1464 | 14 | 1478 | 1905 | 61 | 1966 | 130.12 | 435.71 | 133.02 |
| 7 | केंद्रीय कारा, मोतिहारी | 1391 | 32 | 1423 | 1240 | 51 | 1291 | 89.14 | 159.38 | 90.72 |
| 8 | केंद्रीय कारा, पूर्णिया | 400 | 12 | 412 | 924 | 32 | 956 | 231.00 | 266.67 | 232.04 |
| | **योग** | **13883** | **301** | **14184** | **13021** | **321** | **13342** | **93.79** | **106.64** | **94.06** |
| 1 | जिला कारा, बेतिया | 489 | 20 | 509 | 789 | 40 | 829 | 161.35 | 200.00 | 162.87 |
| 2 | जिला कारा, सीमामढ़ी | 262 | 24 | 286 | 724 | 33 | 757 | 276.34 | 137.50 | 264.69 |
| 3 | जिला कारा, हाजीपुर | 728 | 25 | 753 | 839 | 20 | 859 | 115.25 | 80.00 | 114.08 |
| 4 | जिला कारा, मधुबनी | 621 | 25 | 646 | 657 | 18 | 675 | 105.80 | 72.00 | 104.49 |
| 5 | जिला कारा, दरभंगा | 655 | 10 | 665 | 583 | 26 | 609 | 89.01 | 260.00 | 91.58 |
| 6 | जिला कारा, समस्तीपुर | 880 | 0 | 880 | 612 | 24 | 636 | 69.55 | - | 72.27 |
| 7 | जिला कारा, कटिहार | 739 | 40 | 779 | 615 | 26 | 641 | 83.22 | 65.00 | 82.28 |
| 8 | जिला कारा, नवादा | 200 | 18 | 218 | 858 | 24 | 882 | 429.00 | 133.33 | 404.59 |
| 9 | जिला कारा, आरा | 639 | 25 | 664 | 1041 | 25 | 1066 | 162.91 | 100.00 | 160.54 |
| 10 | जिला कारा, भभुआ | 83 | 2 | 85 | 396 | 8 | 404 | 477.11 | 400.00 | 475.29 |
| 11 | जिला कारा, शेखपुरा | 150 | 6 | 156 | 183 | 4 | 187 | 122.00 | 66.67 | 119.87 |
| 12 | जिला कारा, बिहारशरीफ | 410 | 25 | 435 | 799 | 26 | 825 | 194.88 | 104.00 | 189.66 |
| 13 | पश्चिमी जिला कारा, भागलपुर | 0 | 83 | 83 | 0 | 82 | 82 | - | 98.80 | 98.80 |
| 14 | शिविर जिला कारा, फुलवारीशरीफ | 700 | 0 | 700 | 537 | 0 | 537 | 76.71 | - | 76.71 |
| 15 | जिला कारा, मधेपुरा | 96 | 3 | 99 | 450 | 11 | 461 | 468.75 | 366.67 | 465.66 |
| 16 | जिला कारा, सहरसा | 547 | 10 | 557 | 501 | 9 | 510 | 91.59 | 90.00 | 91.56 |
| 17 | जिला कारा, छपरा | 662 | 12 | 674 | 811 | 28 | 839 | 122.51 | 233.33 | 124.48 |
| 18 | जिला कारा, बेगूसराय | 947 | 10 | 957 | 1353 | 26 | 1379 | 142.87 | 260.00 | 144.10 |
| 19 | जिला कारा, सासाराम | 960 | 10 | 970 | 885 | 32 | 917 | 92.19 | 320.00 | 94.54 |
| 20 | जिला कारा, किशनगंज | 211 | 0 | 211 | 281 | 18 | 299 | 133.18 | - | 141.71 |
| 21 | जिला कारा, औरंगाबाद | 286 | 23 | 309 | 463 | 19 | 482 | 161.89 | 82.61 | 155.99 |
| 22 | जिला कारा, गोपालगंज | 500 | 50 | 550 | 634 | 34 | 668 | 126.80 | 68.00 | 121.45 |
| 23 | जिला कारा, सुपौल | 126 | 12 | 138 | 504 | 14 | 518 | 400.00 | 116.67 | 375.36 |
| 24 | जिला कारा, मुंगेर | 450 | 32 | 482 | 575 | 0 | 575 | 127.78 | 0.00 | 119.29 |
| 25 | जिला कारा, लखीसराय | 564 | 7 | 571 | 408 | 11 | 419 | 72.34 | 157.14 | 73.38 |
| 26 | जिला कारा, अररिया | 160 | 2 | 162 | 535 | 9 | 544 | 334.38 | 450.00 | 335.80 |
| 27 | जिला कारा, सीवान | 664 | 20 | 684 | 577 | 28 | 605 | 86.90 | 140.00 | 88.45 |
| 28 | जिला कारा, खगड़िया | 180 | 3 | 183 | 692 | 20 | 712 | 384.44 | 666.67 | 389.07 |
| 29 | जिला कारा, जमुई | 184 | 4 | 188 | 541 | 17 | 558 | 294.02 | 425.00 | 296.81 |
| 30 | जिला कारा, बांका | 726 | 6 | 732 | 591 | 19 | 610 | 81.40 | 316.67 | 83.33 |
| 31 | जिला कारा, जहानाबाद | 134 | 6 | 140 | 712 | 21 | 733 | 531.34 | 350.00 | 523.57 |
| | **योग** | **13953** | **513** | **14466** | **19146** | **672** | **19818** | **137.22** | **130.99** | **137.00** |

परिशिष्ट 1 : 1.14 (क) बिहार के कारागारों की बंदी क्षमता/ संख्या (30.06.2010) (जारी)

| क्रम सं. | कारा का नाम | क्षमता | | | बंदियों की संख्या | | | अधिभोग अनुपात (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग |
| 1 | उप-कारा, बगहा | 456 | 25 | 481 | 329 | 13 | 342 | 72.15 | 52.00 | 71.10 |
| 2 | उप-कारा, बेनीपुर | 200 | 15 | 215 | 96 | 6 | 102 | 48.00 | 40.00 | 47.44 |
| 3 | उप-कारा, रोसड़ा | 100 | 0 | 100 | 190 | 0 | 190 | 190.00 | - | 190.00 |
| 4 | उप-कारा, झंझारपुर | 100 | 20 | 120 | 236 | 15 | 251 | 236.00 | 75.00 | 209.17 |
| 5 | उप-कारा, दससिंगसराय | 149 | 15 | 164 | 110 | 5 | 115 | 73.83 | 33.33 | 70.12 |
| 6 | उप-कारा, नौगछिया | 200 | 20 | 220 | 265 | 1 | 266 | 132.50 | 5.00 | 120.91 |
| 7 | उप-कारा, हिलसा | 200 | 10 | 210 | 446 | 21 | 467 | 223.00 | 210.00 | 222.38 |
| 8 | उप-कारा, मसौढ़ी | 180 | 13 | 193 | 165 | 3 | 168 | 91.67 | 23.08 | 87.05 |
| 9 | उप-कारा, पटना सिटी | 144 | 0 | 144 | 144 | 0 | 144 | 100.00 | - | 100.00 |
| 10 | उप-कारा, बाढ़ | 167 | 0 | 167 | 511 | 9 | 520 | 305.99 | - | 311.38 |
| 11 | उप-कारा, दानापुर | 87 | 0 | 87 | 131 | 0 | 131 | 150.57 | - | 150.57 |
| 12 | उप-कारा, बक्सर | 66 | 3 | 69 | 98 | 21 | 119 | 148.48 | 700.00 | 172.46 |
| 13 | उप-कारा, शेरघाटी | 240 | 10 | 250 | 214 | 11 | 225 | 89.17 | 110.00 | 90.00 |
| 14 | उप-कारा, बिक्रमगंज | 282 | 25 | 307 | 158 | 3 | 161 | 56.03 | 12.00 | 52.44 |
| 15 | उप-कारा, दाउदनगर | 500 | 60 | 560 | 145 | 4 | 149 | 29.00 | 6.67 | 26.61 |
| | **योग** | **3071** | **216** | **3287** | **3238** | **112** | **3350** | **105.44** | **51.85** | **101.92** |
| | **कुल योग** | **30907** | **1030** | **31937** | **35405** | **1105** | **36510** | **114.55** | **107.28** | **114.32** |

स्रोत : गृह विभाग, बिहार सरकार

# अध्याय 2

# कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्र

बिहार की अर्थव्यवस्था परंपरा से ही कृषिप्रधान है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और जबसे याद है, कृषि उनकी जीविका का मुख्य आधार रहा है। इस लिहाज से लगभग दस करोड़ की आबादी वाला बिहार ग्रामीण रहा है और निकट भविष्य में रहेगा। अतएव कृषि राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बिहार का विभाजन नवंबर 2000 में हुआ था। विभाजन के बाद खनिज-संपन्न भाग झारखंड में चला गया और राज्य में उपजाऊ जमीन तथा प्रचुर जल संसाधन बच गया। हालांकि सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का हिस्सा समय के साथ गिरता चला जा रहा है और अभी यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मात्र पांचवें हिस्से के बराबर है, लेकिन कृषि तब भी बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

बिहार को गंगा की उर्वर दोमट मिट्टी और प्रचुर जल संसाधन, खास कर भूमिगत जल संसाधन का अवदान प्राप्त है। राज्य में समृद्ध जैव-विविधता से युक्त अनेक कृषि-जलवायु क्षेत्र भी हैं। अतएव राज्य में अनाज, दलहन, तिलहन, रेशे, फल और सब्जियों जैसी अनेक प्रकार की फसलें पैदा होती हैं। हाल में बढ़ती घरेलू और बाहरी मांगें पूरी करने के लिए अनेक प्रकार के फूलों का उत्पादन करके कृषि में विविधता लाई गई है। गत पांच वर्षों के दौरान कृषिजनित अर्थव्यवस्था में भारी बदलाव दिखा है। कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने गंभीर प्रयास किए हैं। सहायता तंत्र को और भी मजबूत किया जा रहा है ताकि कृषि के विकास के जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था अधिक तेज गति से आगे बढ़ सके। कृषि को अधिक सक्षम तथा उत्पादक बनाने के लिए सिंचाई, बीज, कृषि यंत्रीकरण, ऋण प्रवाह, किसान जागरूकता कार्यक्रम, उर्वरकों की सहज तथा समय पर उपलब्धता आदि समर्थन सेवाओं को सक्रिय किया जा रहा है। कृषि की उच्च उत्पादकता के लिए उच्चस्तरीय भूमि सुधार आयोग के जरिए भूमि चकबंदी समस्या की जांच की गई है। कृषि को अधिक लाभप्रद तथा अन्य राज्यों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए भूमि प्रबंधन में सुधार लाना राज्य सरकार के लिए आवश्यक हो गया है।

बिहार का भौगोलिक क्षेत्रफल 93.6 लाख हेक्टेयर है। इसमें निम्नलिखित तीन महत्वपूर्ण कृषि जलवायु क्षेत्र हैं :

1. <u>उत्तर-पश्चिम जोन</u> : इस जोन में 13 जिले हैं - पश्चिम चंपारण, पूर्व चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और बेगूसराय। जोन में लगभग 1040 से 1450 मि.मी. वार्षिक वर्षा होती है। इसकी मिट्टी बलुई दोमट तथा दोमट है।

2. <u>उत्तर-पूर्व जोन</u> : इस जोन में आठ जिले हैं – सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया तथा खगड़िया। इस जोन में वार्षिक वर्षा 1200 मिमी से 1700 मिमी के बीच होती है। इसकी मिट्टी मुख्यत: बलुई दोमट तथा चिकनी दोमट है।

3. <u>दक्षिणी जोन</u> : यह सबसे बड़ा जोन है जिसमें 17 जिले हैं। इसे सामान्यत: दो भागों में बांटा जाता है – पूर्वी उप-जोन और पश्चिमी उप-जोन। पूर्वी उप-जोन में 6 जिले हैं – शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, मुंगेर, भागलपुर तथा बांका। शेष ग्यारह जिले – पटना, नालंदा, गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास तथा भभुआ – पश्चिमी उप-जोन में हैं। इन जोन में 990 से लेकर 1300 मिमी वार्षिक वर्षा होती है। यहां की मिट्टी अनेक प्रकार की है – यथा बलुई दोमट, चिकनी दोमट, दोमट तथा चिकनी मिट्टी।

इस अध्याय के तहत राज्य की अर्थव्यवस्था के कृषि एवं सहवर्ती प्रक्षेत्र के विवरण के प्रमुख शीर्ष हैं – वर्षापात, भूमि उपयोग, उत्पादन और उत्पादकता, सिंचाई, कृषि लागत (बीज, उर्वरक तथा प्रसार सेवाएं) और कृषि ऋण।

## 2.1 वर्षापात

बिहार में वर्षापात मुख्यत: दक्षिण-पश्चिमी मानसून के द्वारा होता है जिसका राज्य के वर्षापात में लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा है। बिहार में औसत वार्षिक वर्षापात 1091 मिमी है। शेष 15 प्रतिशत का योगदान जाड़ा, गर्मी, तथा उत्तर-पश्चिमी मॉनसून की वर्षा का होता है। यद्यपि बिहार की वार्षिक वर्षा को पर्याप्त समझा जाना चाहिए, लेकिन वर्षापात में भिन्नता के कारण राज्य में बाढ़ और सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और कृषि आय तथा सकल राज्य घरेलू उत्पाद में अंतर का कारण बनती है। यह इस कारण है कि लगभग 50 प्रतिशत कृष्य क्षेत्र अभी भी वर्षा या सिंचाई के कुछ पारंपरिक साधनों पर निर्भर हैं जो कम वर्षा के साल में असफल हो जाते हैं।

वर्ष 2000 से 2009 के बीच वार्षिक वर्षापात 2005 के 897 मिमी (औसत वार्षिक वर्षा का 82.2 प्रतिशत) से 2007 के 1506 मिमी (औसत वार्षिक वर्षा का 138 प्रतिशत) के बीच रहा है। वार्षिक भिन्नता का बड़ा कारण दक्षिणी-पश्चिमी मानसून है जो बिहार में वर्षापात का मुख्य स्रोत है। वर्ष 2005 में वर्षापात औसत वार्षिक वर्षा से 16.5 प्रतिशत कम था। इसी प्रकार, 2007 में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से वर्षापात औसत से 45.9 प्रतिशत अधिक हुआ था। वर्ष 2009 में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से वर्षापात सामान्य से कम था जिसके कारण राज्य के कुछ हिस्सों में सूखा पड़ गया। औसत वर्षापात का पैटर्न तालिका 2.1 से स्पष्ट है।

**तालिका 2.1 : विभिन्न मौसमों में वार्षिक वर्षापात ( 2001 से 2009 )**

वर्षापात (मिमी)

| वर्ष | जाड़े की बारिश | गर्मी की बारिश | दक्षिण–पश्चिम मानसून | उत्तर–पश्चिम मानसून | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000 | 0.40 | 101.70 | 994.10 | 10.00 | 1106.20 |
| 2001 | 20.90 | 86.70 | 908.20 | 192.20 | 1208.00 |
| 2002 | 48.90 | 66.80 | 896.90 | 33.20 | 1045.80 |
| 2003 | 19.20 | 93.00 | 767.60 | 128.90 | 1008.70 |
| 2004 | 23.70 | 41.40 | 906.10 | 60.10 | 1031.30 |
| 2005 | 0.10 | 89.50 | 777.60 | 30.20 | 897.40 |
| 2006 | 0.10 | 88.97 | 925.86 | 27.77 | 1042.69 |
| 2007 | 28.34 | 76.40 | 1360.85 | 40.49 | 1506.08 |
| 2008 | 30.61 | 61.78 | 1084.27 | 19.31 | 1195.97 |
| 2009 | 0.09 | 98.22 | 699.17 | 71.13 | 868.61 |
| औसत | 17.23 | 80.45 | 932.06 | 61.33 | 1091.08 |

स्रोत: सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार

बिहार के विभिन्न जिलों में वर्षापात के पैटर्न को तालिका 2.2 में देखा जा सकता है। वर्षा के परिमाण और उसमें अंतर की तुलनात्मक संकल्पना के लिए 2008 की वर्षा को (जैसा कि तालिका 2.2 में प्रस्तुत है) औसत के बतौर लिया जा सकता है क्योंकि राज्य के लिए यह वर्षा का सामान्य वर्ष था। बिहार के 38 में से 19 जिलों में वार्षिक वर्षापात औसत से अधिक था। ये जिले थे – किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, वैशाली, सारण, पूर्णिया, अरवल, सीवान, मुजफ्फरपुर, बक्सर, पूर्व चंपारण, भोजपुर, मुंगेर, पटना, गोपालगंज, जहानाबाद, लखीसराय, शिवहर और नवादा। वहीं 2008 में कम वर्षापात वाले जिले थे – सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, बांका, जमुई, कैमूर, भागलपुर और खगड़िया तथा अन्य।

**तालिका 2.2 : बिहार में विभिन्न मौसमों में जिलावार वार्षिक वर्षापात ( 2008 से 2010 )**

(वर्षापात मिमी)

| जिला | 2008 | | | | | 2009 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जाड़े की बारिश | गर्मी की बारिश | दक्षिण-पश्चिम मानसून | उत्तर-पश्चिम मानसून | योग | जाड़े की बारिश | गर्मी की बारिश | दक्षिण-पश्चिम मानसून | उत्तर-पश्चिम मानसून | योग |
| पटना | 60.80 | 47.70 | 1168.20 | 7.80 | 1284.50 | 0.00 | 61.40 | 615.60 | 56.80 | 733.80 |
| नालंदा | 60.50 | 7.80 | 1076.30 | 6.10 | 1150.70 | 0.00 | 89.90 | 445.30 | 57.70 | 592.90 |
| रोहतास | 55.90 | 47.00 | 1025.90 | 4.50 | 1133.30 | 0.00 | 28.50 | 710.80 | 71.70 | 811.00 |
| कैमूर | 11.20 | 1.20 | 890.20 | 0.00 | 902.60 | 0.00 | 1.30 | 451.10 | 38.10 | 490.50 |
| बक्सर | 27.50 | 48.90 | 1266.10 | 13.10 | 1355.60 | 0.00 | 22.90 | 508.40 | 31.40 | 562.70 |
| भोजपुर | 59.90 | 66.40 | 1190.60 | 4.60 | 1321.50 | 0.00 | 58.80 | 577.60 | 46.80 | 683.20 |
| गया | 96.90 | 27.00 | 901.90 | 0.00 | 1025.80 | 0.20 | 64.90 | 605.40 | 32.30 | 702.80 |
| औरंगाबाद | 86.30 | 56.90 | 964.80 | 0.00 | 1108.00 | 0.00 | 36.70 | 691.00 | 24.30 | 752.00 |
| जहानाबाद | 66.60 | 25.20 | 1171.20 | 0.00 | 1263.00 | 0.00 | 50.80 | 513.00 | 63.00 | 626.80 |
| अरवल | 50.00 | 61.70 | 1251.10 | 1.70 | 1364.50 | 0.00 | 122.80 | 679.00 | 26.80 | 828.60 |
| नवादा | 61.50 | 35.70 | 1104.10 | 0.00 | 1201.30 | 0.00 | 99.40 | 540.60 | 156.40 | 796.40 |
| सारण | 20.30 | 50.30 | 1375.50 | 1.90 | 1448.00 | 0.00 | 100.70 | 628.70 | 52.80 | 782.20 |
| सीवान | 0.00 | 0.00 | 1359.70 | 0.00 | 1359.70 | 0.00 | 79.00 | 343.30 | 56.30 | 478.60 |
| गोपालगंज | 0.00 | 50.40 | 1202.60 | 20.00 | 1273.00 | 0.00 | 87.60 | 711.50 | 83.50 | 882.60 |
| मुजफ्फरपुर | 13.30 | 72.90 | 1236.70 | 36.80 | 1359.70 | 0.00 | 115.80 | 645.20 | 0.00 | 761.00 |
| सीतामढ़ी | 55.40 | 9.20 | 680.50 | 13.50 | 758.60 | 0.00 | 0.00 | 908.40 | 8.40 | 916.80 |
| शिवहर | 0.00 | 113.00 | 983.60 | 127.40 | 1224.00 | 0.00 | 170.60 | 491.00 | - | 661.60 |
| पश्चिम चंपारण | 0.00 | 110.90 | 1408.20 | 15.70 | 1534.80 | 0.00 | 110.70 | 986.10 | 47.30 | 1144.10 |
| पूर्व चंपारण | 6.80 | 97.10 | 1195.30 | 30.80 | 1330.00 | 0.00 | 99.70 | 775.00 | 25.90 | 900.60 |
| वैशाली | 11.40 | 23.20 | 1417.00 | 27.70 | 1479.30 | 0.00 | 62.40 | 616.10 | 69.00 | 747.50 |
| दरभंगा | 1.30 | 44.80 | 686.10 | 27.20 | 759.40 | 0.00 | 153.00 | 841.90 | 45.10 | 1040.00 |
| समस्तीपुर | 19.90 | 15.00 | 1041.90 | 46.60 | 1123.40 | 0.00 | 137.50 | 577.50 | 83.10 | 798.10 |
| मधुबनी | 0.00 | 0.00 | 768.80 | 76.60 | 845.40 | 0.00 | 153.40 | 1049.90 | 36.00 | 1239.30 |
| सहरसा | 32.50 | 186.60 | 927.40 | 0.00 | 1146.50 | 0.00 | 70.30 | 766.60 | 59.70 | 896.60 |
| सुपौल | 18.00 | 238.80 | 734.80 | 49.30 | 1040.90 | 0.00 | 92.80 | 598.60 | 0.00 | 691.40 |
| मधेपुरा | 16.90 | 47.30 | 1030.10 | 0.00 | 1094.30 | 0.70 | 213.40 | 1054.60 | 88.00 | 1356.70 |
| पूर्णिया | 23.40 | 122.20 | 1251.50 | 16.40 | 1413.50 | 0.00 | 207.70 | 1109.70 | 178.20 | 1495.60 |
| अररिया | 6.00 | 180.60 | 1434.30 | 36.80 | 1657.70 | 0.00 | 261.80 | 957.40 | 78.00 | 1297.20 |
| किशनगंज | 26.70 | 188.40 | 1965.60 | 12.60 | 2193.30 | 0.00 | 110.10 | 1135.00 | 212.40 | 1457.50 |
| कटिहार | 19.30 | 106.40 | 995.20 | 12.90 | 1133.80 | 2.00 | 206.80 | 618.00 | 195.50 | 1022.30 |
| भागलपुर | 29.80 | 46.10 | 807.80 | 31.70 | 915.40 | 0.50 | 138.60 | 753.30 | 124.80 | 1017.20 |
| बांका | 67.00 | 36.60 | 759.20 | 33.90 | 896.70 | 0.00 | 65.00 | 632.60 | 99.00 | 796.60 |
| मुंगेर | 33.70 | 50.60 | 1194.70 | 18.20 | 1297.20 | 0.00 | 90.80 | 903.20 | 69.60 | 1063.60 |
| लखीसराय | 27.90 | 62.80 | 1163.10 | 7.50 | 1261.30 | 0.00 | 103.40 | 683.50 | 73.00 | 859.90 |
| बेगूसराय | 2.40 | 0.00 | 1115.80 | 20.20 | 1138.40 | 0.00 | 0.00 | 314.80 | 149.00 | 463.80 |
| जमुई | 0.00 | 0.00 | 663.70 | 0.00 | 663.70 | 0.00 | 0.00 | 624.20 | 61.90 | 686.10 |
| खगड़िया | 25.50 | 50.80 | 880.80 | 32.40 | 989.50 | 0.00 | 134.90 | 710.50 | 79.90 | 925.30 |
| शेखपुरा | 68.40 | 18.20 | 912.10 | 0.00 | 998.70 | 0.00 | 128.90 | 793.90 | 121.40 | 1044.20 |
| **बिहार** | 30.61 | 61.78 | 1084.27 | 19.31 | 1195.97 | 0.09 | 98.22 | 699.17 | 71.13 | 868.61 |

**तालिका 2.2 : ( जारी )**

(वर्षापात मिमी)

| जिला | 2010 (सितंबर तक) | | | | जिला | 2010 (सितंबर तक) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जाड़े की बारिश | गर्मी की बारिश | दक्षिण-पश्चिम मानसून | योग | | जाड़े की बारिश | गर्मी की बारिश | दक्षिण-पश्चिम मानसून | योग |
| पटना | 0.00 | 58.00 | 410.60 | 468.60 | दरभंगा | 0.00 | 42.10 | 558.30 | 600.40 |
| नालंदा | 0.00 | 15.60 | 537.20 | 552.80 | समस्तीपुर | 1.00 | 78.00 | 456.50 | 535.50 |
| रोहतास | 5.10 | 36.60 | 374.00 | 415.70 | मधुबनी | 0.00 | 31.40 | 534.10 | 565.50 |
| कैमूर | 6.30 | 32.80 | 518.00 | 557.10 | सहरसा | 0.00 | 53.60 | 468.60 | 522.20 |
| बक्सर | 0.00 | 7.30 | 534.50 | 541.80 | सुपौल | 0.00 | 332.20 | 182.20 | 514.40 |
| भोजपुर | 0.80 | 4.80 | 561.30 | 566.90 | मधेपुरा | 0.00 | 250.20 | 750.30 | 1000.50 |
| गया | 0.00 | 0.00 | 155.80 | 155.80 | पूर्णिया | 0.00 | 86.60 | 137.30 | 223.90 |
| औरंगाबाद | 0.00 | 4.00 | 469.30 | 473.30 | अररिया | 0.00 | 107.30 | 1096.70 | 1204.00 |
| जहानाबाद | 0.00 | 20.20 | 507.00 | 527.20 | किशनगंज | 0.00 | 156.60 | 2310.00 | 2466.60 |
| अरवल | 0.00 | 21.20 | 336.20 | 357.40 | कटिहार | 0.00 | 56.70 | 593.90 | 650.60 |
| नवादा | 0.00 | 24.80 | 509.50 | 534.30 | भागलपुर | 0.50 | 60.60 | 486.20 | 547.30 |
| सारण | 1.10 | 8.00 | 639.50 | 648.60 | बांका | 1.60 | 39.30 | 629.70 | 670.60 |
| सीवान | 0.00 | 0.00 | 189.80 | 189.80 | मुंगेर | 0.00 | 31.30 | 595.30 | 626.60 |
| गोपालगंज | 0.00 | 59.80 | 734.80 | 794.60 | लखीसराय | 0.60 | 47.30 | 687.50 | 735.40 |
| मुजफ्फरपुर | 0.00 | 53.70 | 623.30 | 677.00 | बेगूसराय | 0.00 | 96.30 | 374.20 | 470.50 |
| सीतामढ़ी | 0.00 | 14.30 | 440.50 | 454.80 | जमुई | 0.00 | 32.00 | 535.00 | 567.00 |
| शिवहर | 0.00 | 0.00 | 267.40 | 267.40 | खगड़िया | 0.00 | 0.00 | 0.00 | - |
| पश्चिम चंपारण | 0.80 | 106.00 | 1056.50 | 1163.30 | शेखपुरा | 3.90 | 85.10 | 620.80 | 709.80 |
| पूर्व चंपारण | 1.50 | 86.20 | 704.10 | 791.80 | **बिहार** | 0.61 | 56.87 | 553.13 | 627.11 |
| वैशाली | 0.00 | 21.00 | 433.20 | 454.20 | | | | | |

स्रोतः सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार

## 2.2 भूमि उपयोग पैटर्न

बिहार गंगा बेसिन क्षेत्र के नदी-निर्मित मैदान के अंतर्गत आता है। इस भू-आकृतिक प्रकृति के कारण राज्य में कृषि उपयोग हेतु प्रयुक्त भूमि अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक है। तालिका 2.3 में बिहार के भूमि उपयोग पैटर्न के 2005-06 से 2007-08 तक के आंकड़े प्रस्तुत हैं। आंकड़ों पर एक नजर डालने से पता चलता है कि कृषि हेतु प्रयुक्त क्षेत्रों को छोड़कर शेष के मामले में पैटर्न कमोबेश अपरिवर्तित रहा है।

**तालिका 2.3 : बिहार में भूमि उपयोग का पैटर्न ( 2005-06 से 2007-08 )**

(क्षेत्रफल हजार हे. में)

| भूमि उपयोग | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 9359.57 | 9359.57 | 9359.57 |
| (1) वन | 621.64 (6.6) | 621.64 (6.6) | 621.64 (6.6) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 436.13 (4.7) | 436.06 (4.7) | 432.09 (4.6) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 1646.63 (17.6) | 1646.89 (17.6) | 1652.66 (17.7) |
| भूमि क्षेत्र | 1285.65 (13.7) | 1285.98 (13.7) | 1292.11 (13.8) |
| जल क्षेत्र | 360.98 (3.9) | 360.91 (3.9) | 360.55 (3.9) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 45.71 (0.5) | 45.65 (0.5) | 45.59 (0.5) |
| (5) स्थायी चरागाह | 17.4 (0.2) | 17.33 (0.2) | 16.47 (0.2) |
| (6) बागान | 240.28 (2.6) | 240.52 (2.6) | 240.96 (2.6) |
| (7) परती भूमि (वर्तमान परती को छोड़कर) | 129.41 (1.4) | 119.97 (1.3) | 119.35 (1.3) |
| (8) वर्तमान परती | 666.18 (7.1) | 566.39 (6.1) | 568.61 (6.1) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 3803.38 (40.6) | 3694.45 (39.5) | 3697.36 (39.5) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 5556.19 (59.4) | 5665.12 (60.5) | 5662.20 (60.5) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 7396.49 (79.0) | 7718.95 (82.5) | 7764.65 (83.0) |
| फसल सघनता | 1.33 | 1.36 | 1.37 |

स्रोत: सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार

उदाहरणस्वरूप, वनों के अंतर्गत क्षेत्रफल 6.6 प्रतिशत पर स्थिर रहा है और गैर-कृषि उपयोग के अंतर्गत क्षेत्रफल 17.6 प्रतिशत पर। हालांकि निवल बुआई क्षेत्रफल के अंतर्गत क्षेत्र में थोड़ा अंतर आया है। वर्ष 2007-08 में निवल बुआई क्षेत्रफल का हिस्सा 60.5 प्रतिशत था जबकि 2005-06 में 59.4 प्रतिशत। निवल बुआई क्षेत्रफल में वृद्धि 109 हजार हेक्टेयर है। वर्ष 2006-07 के आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि फसल सघनता में भी थोड़ी वृद्धि हुई है - 2005-06 के 1.33 प्रतिशत से बढ़कर 2007-08 में 1.37 प्रतिशत। इसका अर्थ हुआ 2007-08 में 2005-06 की अपेक्षा कृष्य क्षेत्र में 368 हजार हे. की वृद्धि। परती और वर्तमान परती भूमि के अंतर्गत क्षेत्रफल में 2007-08 में गिरावट आई है। यह दर्शाती है कि आबादी में वृद्धि से भूमि पर दबाव बढ़ा है।

## तालिका 2.4 : बिहार में भूमि उपयोग का जिलावार पैटर्न ( 2007-08 )

(क्षेत्रफल हजार हे. में)

| भूमि उपयोग | पटना | नालंदा | रोहतास | कैमूर | बक्सर |
|---|---|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 317.24 | 232.73 | 390.72 | 342.45 | 167 |
| (1) वन | 0.06 (0) | 4.64 (2) | 66.72 (17.1) | 113.04 (33) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 12.43 (3.9) | 1.19 (0.5) | 16.9 (4.3) | 19.26 (5.6) | 2.21 (1.3) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 75.9 (23.9) | 40.62 (17.5) | 47.22 (12.1) | 33.65 (9.8) | 16.99 (10.2) |
| भूमि क्षेत्र | 63.05 (19.9) | 30.26 (13) | 37.95 (9.7) | 29.86 (8.7) | 12.44 (7.4) |
| जल क्षेत्र | 12.85 (4.1) | 10.36 (4.5) | 9.27 (2.4) | 3.8 (1.1) | 4.55 (2.7) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 0.76 (0.2) | 0.22 (0.1) | 1.12 (0.3) | 1.39 (0.4) | 0.67 (0.4) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.12 (0) | 0 (0) | 0.1 (0) | 0.14 (0) | 0.02 (0) |
| (6) बागान | 0.97 (0.3) | 1.24 (0.5) | 2.86 (0.7) | 0.71 (0.2) | 0.64 (0.4) |
| (7) परती भूमि | 1.57 (0.5) | 0.19 (0.1) | 0.79 (0.2) | 5.09 (1.5) | 0.61 (0.4) |
| (8) वर्तमान परती | 23.86 (7.5) | 11.38 (4.9) | 7.65 (2) | 7.55 (2.2) | 2.97 (1.8) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 115.68 (36.5) | 59.47 (25.6) | 143.36 (36.7) | 180.82 (52.8) | 24.1 (14.4) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 201.56 (63.5) | 173.26 (74.4) | 247.37 (63.3) | 161.63 (47.2) | 142.9 (85.6) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 224.65 (70.8) | 202.7 (87.1) | 316.09 (80.9) | 224.08 (65.4) | 206.29 (123.5) |
| फसल सघनता | 1.11 | 1.17 | 1.28 | 1.39 | 1.44 |
| भूमि उपयोग | भोजपुर | गया | औरंगाबाद | जहानाबाद | अरवल |
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 237.34 | 493.77 | 330.01 | 94.04 | 62.63 |
| (1) वन | 0 (0) | 77.84 (15.8) | 18.76 (5.7) | 0.64 (0.7) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 6.7 (2.8) | 27.56 (5.6) | 16.41 (5) | 3.27 (3.5) | 2.18 (3.5) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 33.47 (14.1) | 72.28 (14.6) | 54.35 (16.5) | 14.84 (15.8) | 9.88 (15.8) |
| भूमि क्षेत्र | 29.22 (12.3) | 61.66 (12.5) | 50.97 (15.4) | 12.96 (13.8) | 8.63 (13.8) |
| जल क्षेत्र | 4.25 (1.8) | 10.62 (2.2) | 3.38 (1) | 1.88 (2) | 1.25 (2) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 0.63 (0.3) | 3.29 (0.7) | 1.9 (0.6) | 0.15 (0.2) | 0.1 (0.2) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.07 (0) | 2.19 (0.4) | 0.57 (0.2) | 0.23 (0.2) | 0.15 (0.2) |
| (6) बागान | 1.96 (0.8) | 3.84 (0.8) | 0.6 (0.2) | 1.29 (1.4) | 0.88 (1.4) |
| (7) परती भूमि | 2.56 (1.1) | 11.46 (2.3) | 7.22 (2.2) | 0.98 (1) | 1.63 (2.6) |
| (8) वर्तमान परती | 3.14 (1.3) | 106.68 (21.6) | 23.01 (7) | 3.73 (4) | 5.75 (9.2) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 48.53 (20.4) | 305.14 (61.8) | 122.83 (37.2) | 25.12 (26.7) | 20.57 (32.8) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 188.81 (79.6) | 188.63 (38.2) | 207.18 (62.8) | 68.92 (73.3) | 42.06 (67.2) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 234.1 (98.6) | 231.55 (46.9) | 283.91 (86) | 97.27 (103.4) | 55.52 (88.6) |
| फसल सघनता | 1.24 | 1.23 | 1.37 | 1.41 | 1.32 |

**तालिका 2.4 : ( जारी )**

(क्षेत्रफल हजार हे. में)

| भूमि उपयोग | नवादा | सारण | सीवान | गोपालगंज | मुजफ्फरपुर |
|---|---|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 248.73 | 264.89 | 224.41 | 203.77 | 315.35 |
| (1) वन | 63.78 (25.6) | 0 (0) | 0 (0) | 0 (0) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 11.24 (4.5) | 17.96 (6.8) | 8.76 (3.9) | 5.52 (2.7) | 5.27 (1.7) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 35.17 (14.1) | 33.4 (12.6) | 31.12 (13.9) | 32.42 (15.9) | 62.21 (19.7) |
| भूमि क्षेत्र | 24.78 (10) | 26.97 (10.2) | 27.56 (12.3) | 29.91 (14.7) | 49.58 (15.7) |
| जल क्षेत्र | 10.39 (4.2) | 6.43 (2.4) | 3.55 (1.6) | 2.51 (1.2) | 12.64 (4) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 1.14 (0.5) | 0.16 (0.1) | 0.77 (0.3) | 1.42 (0.7) | 0.33 (0.1) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.91 (0.4) | 0.24 (0.1) | 0.16 (0.1) | 0.21 (0.1) | 0.03 (0) |
| (6) बागान | 0.62 (0.2) | 8.55 (3.2) | 8.52 (3.8) | 7.37 (3.6) | 17.16 (5.4) |
| (7) परती भूमि | 2.7 (1.1) | 3.8 (1.4) | 1.5 (0.7) | 2.38 (1.2) | 1.48 (0.5) |
| (8) वर्तमान परती | 29.3 (11.8) | 12.89 (4.9) | 3.3 (1.5) | 11.3 (5.5) | 14.3 (4.5) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 144.85 (58.2) | 76.99 (29.1) | 54.13 (24.1) | 60.61 (29.7) | 100.79 (32) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 103.88 (41.8) | 187.9 (70.9) | 170.29 (75.9) | 143.16 (70.3) | 214.56 (68) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 147.15 (59.2) | 228.43 (86.2) | 255.53 (113.9) | 216.29 (106.1) | 334.18 (106) |
| फसल सघनता | 1.42 | 1.22 | 1.50 | 1.51 | 1.56 |
| भूमि उपयोग | सीतामढ़ी | शिवहर | पश्चिम चंपारण | पूर्व चंपारण | वैशाली |
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 221.89 | 43.48 | 484.35 | 431.72 | 201.45 |
| (1) वन | 0 (0) | 0 (0) | 91.75 (18.9) | 0.12 (0) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 1.78 (0.8) | 0.41 (0.9) | 2.93 (0.6) | 8.1 (1.9) | 24.11 (12) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 62.28 (28.1) | 12.45 (28.6) | 93.93 (19.4) | 75.51 (17.5) | 36.47 (18.1) |
| भूमि क्षेत्र | 43.93 (19.8) | 9.28 (21.3) | 70.23 (14.5) | 49.39 (11.4) | 28.56 (14.2) |
| जल क्षेत्र | 18.35 (8.3) | 3.17 (7.3) | 23.7 (4.9) | 26.12 (6.1) | 7.91 (3.9) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 0.14 (0.1) | 0.03 (0.1) | 1.32 (0.3) | 0.29 (0.1) | 0.15 (0.1) |
| (5) स्थायी चरागाह | 1.39 (0.6) | 0 (0) | 1.16 (0.2) | 0.46 (0.1) | 0.36 (0.2) |
| (6) बागान | 13.87 (6.3) | 1.95 (4.5) | 6.41 (1.3) | 26.96 (6.2) | 9.7 (4.8) |
| (7) परती भूमि | 0.61 (0.3) | 0.21 (0.5) | 2.59 (0.5) | 2.99 (0.7) | 0.31 (0.2) |
| (8) वर्तमान परती | 34.01 (15.3) | 1.24 (2.9) | 7.27 (1.5) | 13.19 (3.1) | 5.21 (2.6) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 114.09 (51.4) | 16.28 (37.4) | 207.35 (42.8) | 127.61 (29.6) | 76.32 (37.9) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 107.8 (48.6) | 27.2 (62.6) | 277 (57.2) | 304.1 (70.4) | 125.13 (62.1) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 155.68 (70.2) | 46.75 (107.5) | 388.55 (80.2) | 383.99 (88.9) | 191.92 (95.3) |
| फसल सघनता | 1.44 | 1.72 | 1.40 | 1.26 | 1.53 |

**तालिका 2.4 : ( जारी )**

(क्षेत्रफल हजार हे. में)

| भूमि उपयोग | दरभंगा | समस्तीपुर | मधुबनी | सहरसा | सुपौल |
|---|---|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 254.08 | 262.39 | 353.5 | 164.56 | 238.6 |
| (1) वन | 0 (0) | 0 (0) | 0 (0) | 0 (0) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 1.3 (0.5) | 3.83 (1.5) | 2.24 (0.6) | 10.79 (6.6) | 20.23 (8.5) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 60.25 (23.7) | 62.37 (23.8) | 85.64 (24.2) | 28.13 (17.1) | 50.66 (21.2) |
| भूमि क्षेत्र | 43.12 (17) | 53.2 (20.3) | 69.9 (19.8) | 21.13 (12.8) | 37.99 (15.9) |
| जल क्षेत्र | 17.13 (6.7) | 9.17 (3.5) | 15.73 (4.4) | 7 (4.3) | 12.67 (5.3) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 0.15 (0.1) | 0 (0) | 0.51 (0.1) | 0.48 (0.3) | 1.55 (0.6) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.15 (0.1) | 0.07 (0) | 1.43 (0.4) | 1.16 (0.7) | 0.27 (0.1) |
| (6) बागान | 12.2 (4.8) | 8.22 (3.1) | 22.75 (6.4) | 4.3 (2.6) | 3.06 (1.3) |
| (7) परती भूमि | 2.19 (0.9) | 0.98 (0.4) | 3.01 (0.9) | 3.87 (2.4) | 1.55 (0.6) |
| (8) वर्तमान परती | 9.43 (3.7) | 5.63 (2.1) | 1.79 (0.5) | 9.9 (6) | 11.53 (4.8) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 85.66 (33.7) | 81.09 (30.9) | 117.36 (33.2) | 58.63 (35.6) | 88.85 (37.2) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 168.41 (66.3) | 181.3 (69.1) | 236.14 (66.8) | 105.93 (64.4) | 149.75 (62.8) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 215.37 (84.8) | 233.27 (88.9) | 318.64 (90.1) | 186.32 (113.2) | 245.95 (103.1) |
| फसल सघनता | 1.28 | 1.29 | 1.35 | 1.76 | 1.64 |
| भूमि उपयोग | मधेपुरा | पूर्णिया | अररिया | किशनगंज | कटिहार |
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 179.59 | 313.88 | 271.71 | 189.08 | 291.35 |
| (1) वन | 0 (0) | 0.11 (0) | 0.84 (0.3) | 0.35 (0.2) | 1.79 (0.6) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 3.92 (2.2) | 12.33 (3.9) | 5.01 (1.8) | 11.2 (5.9) | 22.11 (7.6) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 30.39 (16.9) | 44.98 (14.3) | 50.72 (18.7) | 33.85 (17.9) | 56.4 (19.4) |
| भूमि क्षेत्र | 25.47 (14.2) | 36.66 (11.7) | 39.47 (14.5) | 24.01 (12.7) | 40.2 (13.8) |
| जल क्षेत्र | 4.92 (2.7) | 8.33 (2.7) | 11.24 (4.1) | 9.84 (5.2) | 16.19 (5.6) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 0 (0) | 1.16 (0.4) | 0.56 (0.2) | 1.24 (0.7) | 0.69 (0.2) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.06 (0) | 0.06 (0) | 0.23 (0.1) | 0.44 (0.2) | 0.14 (0) |
| (6) बागान | 7.02 (3.9) | 8.77 (2.8) | 18.95 (7) | 5.01 (2.6) | 11.01 (3.8) |
| (7) परती भूमि | 1.05 (0.6) | 4.76 (1.5) | 2.96 (1.1) | 3.08 (1.6) | 6.05 (2.1) |
| (8) वर्तमान परती | 7.84 (4.4) | 41.24 (13.1) | 4.53 (1.7) | 11.88 (6.3) | 24.62 (8.5) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 50.28 (28) | 113.41 (36.1) | 83.79 (30.8) | 67.05 (35.5) | 122.81 (42.2) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 129.31 (72) | 200.47 (63.9) | 187.92 (69.2) | 122.04 (64.5) | 168.54 (57.8) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 223.31 (124.3) | 265.69 (84.6) | 290.26 (106.8) | 162.77 (86.1) | 259.13 (88.9) |
| फसल सघनता | 1.73 | 1.33 | 1.54 | 1.33 | 1.54 |

**तालिका 2.4 : ( जारी )**

(क्षेत्रफल हजार हे. में)

| भूमि उपयोग | भागलपुर | बांका | मुंगेर | लखीसराय | बेगूसराय |
|---|---|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 254.3 | 305.62 | 139.79 | 128.6 | 187.83 |
| (1) वन | 0.08 (0) | 46.31 (15.2) | 28.52 (20.4) | 13.45 (10.5) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 22.4 (8.8) | 42.96 (14.1) | 11.44 (8.2) | 7.01 (5.5) | 17.96 (9.6) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 67.82 (26.7) | 41.45 (13.6) | 31.12 (22.3) | 13.84 (10.8) | 40.92 (21.8) |
| भूमि क्षेत्र | 51.46 (20.2) | 35.42 (11.6) | 19.86 (14.2) | 7.82 (6.1) | 29.23 (15.6) |
| जल क्षेत्र | 16.36 (6.4) | 6.03 (2) | 11.26 (8.1) | 6.02 (4.7) | 11.69 (6.2) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 2.34 (0.9) | 7.95 (2.6) | 0.95 (0.7) | 0.72 (0.6) | 0.04 (0) |
| (5) स्थायी चरागाह | 0.63 (0.2) | 1.09 (0.4) | 0.21 (0.2) | 0.06 (0) | 0.02 (0) |
| (6) बागान | 6.59 (2.6) | 7.35 (2.4) | 0.54 (0.4) | 0.26 (0.2) | 3.56 (1.9) |
| (7) परती भूमि | 3.2 (1.3) | 1.19 (0.4) | 1.98 (1.4) | 6.4 (5) | 0.85 (0.5) |
| (8) वर्तमान परती | 6.2 (2.4) | 1.01 (0.3) | 13.12 (9.4) | 20.91 (16.3) | 3.79 (2) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 109.26 (43) | 149.31 (48.9) | 87.87 (62.9) | 62.64 (48.7) | 67.13 (35.7) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 145.04 (57) | 156.31 (51.1) | 51.93 (37.1) | 65.96 (51.3) | 120.7 (64.3) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 168.96 (66.4) | 177.78 (58.2) | 63.54 (45.5) | 84.66 (65.8) | 174.56 (92.9) |
| फसल सघनता | 1.16 | 1.14 | 1.22 | 1.28 | 1.45 |

| भूमि उपयोग | जमुई | खगड़िया | शेखपुरा |
|---|---|---|---|
| भौगोलिक क्षेत्रफल | 305.29 | 149.34 | 62.08 |
| (1) वन | 92.86 (30.4) | 0 (0) | 0 (0) |
| (2) बंजर एवं अकृष्य भूमि | 28.57 (9.4) | 13.59 (9.1) | 1.02 (1.6) |
| (3) गैर-कृषि उपयोग हेतु भूमि | 39.39 (12.9) | 30.72 (20.6) | 9.88 (15.9) |
| भूमि क्षेत्र | 34.34 (11.2) | 18.76 (12.6) | 6.88 (11.1) |
| जल क्षेत्र | 5.05 (1.7) | 11.96 (8) | 3 (4.8) |
| (4) कृष्य ऊसर भूमि | 10.45 (3.4) | 0.63 (0.4) | 0.24 (0.4) |
| (5) स्थायी चरागाह | 1.71 (0.6) | 0.23 (0.2) | 0 (0) |
| (6) बागान | 2.03 (0.7) | 3 (2) | 0.26 (0.4) |
| (7) परती भूमि | 16.51 (5.4) | 7.36 (4.9) | 1.69 (2.7) |
| (8) वर्तमान परती | 51.54 (16.9) | 8.86 (5.9) | 7.07 (11.4) |
| कुल अकृष्य भूमि (1 से 8) | 243.06 (79.6) | 64.4 (43.1) | 20.15 (32.5) |
| निवल बुआई क्षेत्रफल | 62.23 (20.4) | 84.94 (56.9) | 41.94 (67.6) |
| सकल बुआई क्षेत्रफल | 68.23 (22.3) | 134.91 (90.3) | 66.67 (107.4) |
| फसल सघनता | 1.10 | 1.59 | 1.59 |

स्रोत: सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार

विभिन्न जिलों में 2007-08 के दौरान भूमि उपयोग का पैटर्न तालिका 2.4 में प्रस्तुत किया गया है। तालिका पर एक नजर डालने से पता चलता है कि बिहार के विभिन्न जिलों में भूमि उपयोग के पैटर्न में भी काफी अंतर है।

ऐसा जिलों के कृषि-जलवायु संबंधी परिस्थितियों में अंतर के कारण है। निवल बुआई क्षेत्रफल के प्रतिशत पर विचार करने पर पता चलता है कि 9 जिलों में 70 प्रतिशत से भी अधिक जमीन कृषि के अंतर्गत है। ये जिले हैं - नालंदा (74.4 प्रतिशत), बक्सर (85.6 प्रतिशत), भोजपुर (79.6 प्रतिशत), जहानाबाद (73.3 प्रतिशत), सारण (70.9 प्रतिशत), गोपालगंज (70.3 प्रतिशत), सीवान (75.9 प्रतिशत), पूर्व चंपारण (70.4 प्रतिशत) तथा मधेपुरा (72 प्रतिशत)। दूसरी ओर 50 प्रतिशत से कम निवल कृषि क्षेत्र वाले जिले हैं - गया (38.2 प्रतिशत), नवादा (41.8 प्रतिशत), मुंगेर (37.1 प्रतिशत) तथा जमुई (20.4 प्रतिशत)। जिन जिलों में सिंचाई सुविधा कम है, वहां किसानों द्वारा फसल सघनता बढ़ाने के प्रयास के बावजूद यह कम है। सबसे कम फसल सघनता 1.10 जमुई में है।

## 2.3 उत्पादन और उत्पादकता

भूमि की उर्वरता और प्रचुर भूमिगत जल संसाधनों के अवदान के कारण बिहार के किसान अनेक प्रकार की फसलें उगाने में समर्थ हैं। अनाज और दलहन के अलावा बिहार में तिलहन, रेशे, फलों और सब्जियों का भी उत्पादन होता है। देर से ही सही, लेकिन बिहार के किसानों ने राज्य के अंदर-बाहर फूलों की बढ़ती मांग को देखकर फूलों की खेती भी आरंभ की है।

तालिका 2.5 में बिहार में 2000-01 से 2008-09 के बीच उपजाई जाने वाली 34 महत्वपूर्ण फसलों का वार्षिक क्षेत्रफल तथा उत्पादन प्रस्तुत किया गया है। तालिका के अंतिम दो कॉलमों में 2008-09 तक के तीन वर्षों के लिए फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन का त्रिवार्षिक औसत प्रस्तुत किया गया है। औसत की संकल्पना से इन तीन वर्षों के दौरान दिखने वाला अंतर समाप्त हो जाएगा और विभिन्न फसलों के क्षेत्रफल तथा उत्पादन के मामले में एक स्थिर तस्वीर उभरेगी। इन औसतों से यह बात सामने आती है कि बिहार में अभी चावल (50.6 लाख टन), गेहूं (45.1 लाख टन), मक्का (17.8 लाख टन), तिलहन (1.43 लाख टन) तथा ईख (47.8 लाख टन) की खेती होती है। वर्ष 2009 के भयानक सूखे के बावजूद 2009-10 में लगभग 9.60 करोड़ जनसंख्या वाले बिहार में खाद्यान्नों का कुल उत्पादन 105.00 लाख टन था। इससे राज्य में कृषि के भारी लोच का पता चलता है।

तालिका 2.6 में बिहार का फसल पैटर्न प्रस्तुत किया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि बिहार की कृषिगत अर्थव्यस्था का रुझान अभी भी काफी हद तक जीवन-निर्वाह हेतु उत्पादन की ओर ही है। वर्ष 2001-02 से 2008-09 तक की पूरी अवधि में खाद्यान्नों के अंतर्गत क्षेत्रफल 95 प्रतिशत के आसपास रहा है। खाद्यान्नों में अनाजों का प्रतिशत दलहन की कीमत पर थोड़ा बढ़ा है। तिलहन, रेशे और ईख का हिस्सा कुल फसली क्षेत्रफल का मुश्किल से 5 प्रतिशत है और कुल फसली क्षेत्रफल में उनके अलग-अलग हिस्सों में बहुत थोड़ा परिवर्तन ही हुआ है। तिलहन और रेशेदार फसलों की कीमत पर ईख के उत्पादन क्षेत्रफल में थोड़ी वृद्धि हुई है।

बिहार में विभिन्न फसलों की उत्पादकता के स्तरों की बात करें, तो उनके आंकड़े तालिका 2.7 में प्रस्तुत हैं। तीन मुख्य अनाजों के लिए औसत उत्पादकता है - चावल 1,454 किग्रा प्रति हे., गेहूं 2,126 किग्रा प्रति हे. तथा मक्का 2,746 किग्रा प्रति हे.। बिहार में खरीफ दलहनों की औसत उत्पादकता 984 किग्रा प्रति हे. और रबी दलहनों की 753 किग्रा प्रति हे. है। उत्पादकता के आंकड़े 2008-09 में समाप्त होने वाले तीन वर्षों के औसत हैं।

**तालिका 2.5 : बिहार में मुख्य फसलों का क्षेत्रफल और उत्पादकता ( 2000-01 से 2008-09 )**

(क्षेत्रफल हजार हे./ उत्पादन ह. टन में)

| वर्ष/ फसलें | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | | 2003-04 | | 2004-05 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन |
| कुल अनाज | 6400.15 | 11437.37 | 6326.26 | 11134.63 | 6346.45 | 10466.30 | 6282.71 | 10499.14 | 5838.80 | 7264.72 |
| कुल चावल | 3656.85 | 5444.37 | 3552.20 | 5202.81 | 3584.69 | 5085.57 | 3577.99 | 5447.80 | 3140.12 | 2472.16 |
| बोड़ो चावल | 591.71 | 786.86 | 593.78 | 736.27 | 583.27 | 682.93 | 553.90 | 688.19 | 534.48 | 477.33 |
| अगहनी चावल | 2939.79 | 4444.35 | 2843.56 | 4244.61 | 2881.07 | 4205.03 | 2907.20 | 4589.71 | 2489.42 | 1828.63 |
| गरमा चावल | 125.35 | 213.16 | 114.86 | 221.93 | 120.35 | 197.61 | 116.89 | 169.90 | 116.22 | 166.20 |
| गेहूं | 2067.33 | 4437.96 | 2126.33 | 4391.08 | 2130.93 | 4040.61 | 2076.84 | 3688.94 | 2027.64 | 3263.39 |
| कुल मक्का | 620.51 | 1497.29 | 594.35 | 1487.92 | 577.76 | 1292.01 | 581.15 | 1319.65 | 626.85 | 1490.38 |
| खरीफ मक्का | 272.96 | 477.14 | 244.62 | 459.87 | 256.04 | 426.69 | 259.03 | 438.01 | 270.97 | 443.82 |
| रबी मक्का | 191.50 | 559.09 | 185.84 | 593.62 | 160.86 | 432.66 | 161.06 | 440.82 | 195.11 | 592.07 |
| गरमा मक्का | 156.05 | 461.06 | 163.89 | 434.43 | 160.86 | 432.66 | 161.06 | 440.82 | 160.77 | 454.49 |
| कुल मोटे अनाज | 55.46 | 57.75 | 53.38 | 52.82 | 53.07 | 48.11 | 46.73 | 42.75 | 44.19 | 38.79 |
| जौ | 22.57 | 26.50 | 21.55 | 26.69 | 20.43 | 23.43 | 21.45 | 24.01 | 17.35 | 18.28 |
| ज्वार | 1.09 | 0.99 | 4.39 | 3.73 | 4.40 | 4.45 | 1.51 | 1.53 | 3.76 | 3.81 |
| बाजरा | 1.53 | 1.27 | 0.83 | 0.60 | 1.02 | 1.05 | 1.57 | 1.64 | 1.20 | 1.30 |
| रागी | 22.45 | 24.67 | 19.64 | 16.70 | 20.70 | 14.24 | 15.19 | 10.24 | 15.57 | 10.51 |
| कोदो-सावां | 7.82 | 4.32 | 6.97 | 5.10 | 6.52 | 4.94 | 7.01 | 5.33 | 6.31 | 4.89 |
| कुल खरीफ दलहन | 104.08 | 98.71 | 96.79 | 85.23 | 93.27 | 81.41 | 88.05 | 82.37 | 88.25 | 81.18 |
| अरहर | 43.60 | 58.86 | 41.26 | 47.65 | 37.68 | 42.97 | 38.86 | 48.10 | 35.84 | 44.22 |
| ऊड़द | 32.06 | 20.30 | 31.96 | 21.49 | 25.12 | 18.60 | 24.20 | 18.01 | 23.96 | 17.87 |
| भदई मूंग | 9.23 | 5.17 | 7.92 | 3.86 | 10.66 | 5.75 | 8.40 | 4.23 | 7.32 | 3.62 |
| कुल्थी | 17.53 | 13.45 | 14.40 | 11.52 | 13.09 | 10.42 | 15.43 | 11.40 | 15.01 | 12.13 |
| अन्य खरीफ दलहन | 1.08 | 0.57 | 0.49 | 0.27 | 5.91 | 3.27 | 0.74 | 0.40 | 5.57 | 3.07 |
| घाघरा | 0.58 | 0.36 | 0.76 | 0.44 | 0.81 | 0.40 | 0.42 | 0.23 | 0.55 | 0.27 |
| कुल रबी दलहन | 610.80 | 520.73 | 597.47 | 461.81 | 603.61 | 477.50 | 592.83 | 474.44 | 569.81 | 385.58 |
| चना | 76.16 | 78.73 | 68.16 | 65.34 | 71.36 | 72.06 | 80.32 | 78.59 | 72.11 | 60.16 |
| मसूर | 169.91 | 167.80 | 172.62 | 137.75 | 179.58 | 156.61 | 171.04 | 159.75 | 178.77 | 127.03 |
| मटर | 25.71 | 24.81 | 23.83 | 23.45 | 23.30 | 20.81 | 23.74 | 22.17 | 22.82 | 20.09 |
| खेसारी | 157.11 | 143.69 | 156.99 | 129.75 | 140.71 | 112.67 | 133.06 | 122.57 | 118.22 | 79.66 |
| गरमा मूंग | 177.77 | 103.37 | 172.74 | 103.30 | 185.14 | 112.84 | 181.37 | 88.91 | 175.40 | 96.75 |
| अन्य रबी दलहन | 4.14 | 2.33 | 3.13 | 2.22 | 3.52 | 2.51 | 3.30 | 2.45 | 2.49 | 1.89 |
| कुल तिलहन | 153.70 | 130.93 | 147.89 | 123.69 | 137.23 | 104.93 | 140.53 | 123.72 | 131.88 | 116.95 |
| अंडी | 0.27 | 0.22 | 0.63 | 0.66 | 0.32 | 0.31 | 0.16 | 0.15 | 0.15 | 0.14 |
| कुसुम | 0.27 | 0.22 | 2.63 | 2.05 | 0.16 | 0.13 | 0.20 | 0.16 | 0.21 | 0.17 |
| तिल | 3.38 | 1.77 | 3.10 | 1.99 | 3.79 | 2.73 | 3.80 | 2.84 | 3.52 | 2.72 |
| सूर्यमुखी | 10.84 | 16.71 | 10.23 | 13.92 | 13.36 | 17.39 | 17.53 | 24.16 | 16.56 | 23.43 |
| सरसों-राई | 97.01 | 84.36 | 93.12 | 78.08 | 90.07 | 62.03 | 83.67 | 68.98 | 83.11 | 66.88 |
| तीसी | 41.83 | 27.54 | 35.72 | 25.61 | 29.16 | 22.16 | 34.70 | 27.20 | 27.56 | 23.23 |
| मूंगफली | 0.10 | 0.11 | 2.46 | 1.38 | 0.37 | 0.18 | 0.47 | 0.23 | 0.77 | 0.38 |
| कुल रेशेदार फसलें | 169.66 | 1381.64 | 160.56 | 1103.74 | 172.07 | 1096.84 | 178.04 | 1288.74 | 154.39 | 1183.79 |
| जूट | 135.30 | 1133.70 | 142.63 | 996.44 | 147.80 | 973.55 | 154.59 | 1147.36 | 134.45 | 1056.21 |
| मेसता | 31.91 | 246.26 | 15.37 | 105.29 | 20.03 | 120.28 | 20.01 | 138.91 | 15.55 | 124.05 |
| सन | 2.45 | 1.68 | 2.56 | 2.01 | 4.24 | 3.01 | 3.44 | 2.47 | 4.39 | 3.53 |
| ईख | 93.53 | 3987.58 | 113.44 | 5211.11 | 107.27 | 4525.51 | 103.60 | 4285.89 | 101.24 | 4240.46 |

**तालिका 2.5 : (जारी)**

(क्षेत्रफल हजार हे./ उत्पादन ह. टन में)

| वर्ष/ फसलें | 2005-06 | | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 | | त्रिवर्षीय औसत (2006-07 से 2008-09) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन |
| कुल अनाज | 5959.71 | 8008.30 | 6237.12 | 11077.60 | 6304.68 | 11343.65 | 6333.74 | 11751.70 | 6291.85 | 11390.98 |
| कुल चावल | 3251.23 | 3709.29 | 3472.51 | 5121.19 | 3473.02 | 4472.68 | 3495.73 | 5590.35 | 3480.42 | 5061.41 |
| बोड़ो चावल | 533.23 | 503.45 | 517.98 | 530.24 | 2842.47 | 3967.66 | 2843.34 | 4684.43 | 2067.93 | 3060.77 |
| अगहनी चावल | 2604.75 | 3023.01 | 2845.09 | 4426.96 | 524.27 | 321.22 | 546.87 | 727.68 | 1305.41 | 1825.29 |
| गरमा चावल | 113.25 | 182.83 | 109.44 | 163.99 | 106.28 | 183.80 | 105.53 | 178.24 | 107.08 | 175.34 |
| गेहूं | 2001.77 | 2821.22 | 2076.73 | 4155.54 | 2131.23 | 4974.66 | 2158.33 | 4410.02 | 2122.10 | 4513.41 |
| कुल मक्का | 661.12 | 1434.41 | 641.21 | 1755.94 | 657.88 | 1857.01 | 640.46 | 1714.00 | 646.52 | 1775.65 |
| खरीफ मक्का | 276.98 | 456.11 | 259.49 | 397.59 | 263.30 | 321.41 | 244.97 | 371.82 | 255.92 | 363.61 |
| रबी मक्का | 208.92 | 551.77 | 206.08 | 744.27 | 214.52 | 858.29 | 208.51 | 752.73 | 209.70 | 785.09 |
| गरमा मक्का | 175.22 | 426.53 | 175.64 | 614.08 | 180.06 | 677.32 | 186.97 | 589.45 | 180.89 | 626.95 |
| कुल मोटे अनाज | 45.59 | 43.38 | 46.67 | 44.93 | 42.55 | 39.30 | 39.23 | 37.33 | 42.81 | 40.52 |
| जौ | 16.00 | 16.56 | 18.66 | 19.92 | 15.40 | 18.51 | 14.59 | 15.90 | 16.22 | 18.11 |
| ज्वार | 4.11 | 4.24 | 3.40 | 3.51 | 3.43 | 3.76 | 2.40 | 2.54 | 3.08 | 3.27 |
| बाजरा | 4.34 | 4.59 | 4.11 | 4.42 | 3.50 | 3.86 | 2.97 | 3.60 | 3.53 | 3.96 |
| रागी | 14.24 | 12.83 | 14.33 | 12.45 | 13.22 | 8.00 | 11.44 | 9.30 | 13.00 | 9.91 |
| कोदो-सावां | 6.90 | 5.16 | 6.17 | 4.63 | 7.00 | 5.17 | 7.83 | 5.99 | 7.00 | 5.26 |
| कुल खरीफ दलहन | 54.82 | 40.10 | 83.92 | 81.39 | 78.17 | 80.06 | 71.59 | 68.53 | 77.89 | 76.66 |
| अरहर | 8.25 | 4.90 | 35.63 | 44.28 | 30.86 | 42.67 | 28.14 | 33.12 | 31.54 | 40.02 |
| ऊड़द | 25.20 | 19.44 | 25.48 | 19.80 | 22.37 | 17.50 | 21.44 | 17.98 | 23.10 | 18.43 |
| भदई मूंग | 8.25 | 4.90 | 6.99 | 4.07 | 8.83 | 5.36 | 8.59 | 5.61 | 8.14 | 5.01 |
| कुल्थी | 11.74 | 10.10 | 14.00 | 12.08 | 13.71 | 12.74 | 11.31 | 10.40 | 13.01 | 11.74 |
| अन्य खरीफ दलहन | 0.90 | 0.52 | 0.93 | 0.54 | 1.40 | 0.92 | 2.12 | 1.41 | 1.48 | 0.96 |
| घाघरा | 0.48 | 0.24 | 0.89 | 0.62 | 0.99 | 0.89 | 0.00 | 0.00 | 0.63 | 0.50 |
| कुल रबी दलहन | 512.12 | 373.97 | 526.15 | 366.96 | 503.33 | 393.06 | 512.78 | 399.91 | 514.09 | 386.64 |
| चना | 62.69 | 58.91 | 64.28 | 54.18 | 64.11 | 63.47 | 61.21 | 56.64 | 63.20 | 58.10 |
| बेगूसराय | 0 (0) | 0 (0) | 888.28 (99.8) | 1.75 (0.2) | 890.03 (100) |
| सारण | 426.96 (30.57) | 0 (0) | 961.81 (68.87) | 7.79 (0.56) | 1396.56 (100) |
| सीवान | 722.69 (38.66) | 0 (0) | 1142.89 (61.14) | 3.7 (0.2) | 1869.28 (100) |
| गोपालगंज | 652.32 (41.33) | 0 (0) | 922.77 (58.46) | 3.34 (0.21) | 1578.43 (100) |
| मुजफ्फरपुर | 105.58 (7.58) | 0 (0) | 1285.6 (92.26) | 2.22 (0.16) | 1393.39 (100) |
| सीतामढ़ी | 0 (0) | 6.96 (0.92) | 722.08 (95.4) | 27.86 (3.68) | 756.9 (100) |
| शिवहर | 0 (0) | 0 (0) | 227.99 (94.62) | 12.97 (5.38) | 240.97 (100) |
| वैशाली | 28.42 (2.72) | 0 (0) | 1012.28 (96.75) | 5.58 (0.53) | 1046.28 (100) |
| पश्चिम चंपारण | 770.95 (45.03) | 2.09 (0.12) | 903.54 (52.77) | 35.58 (2.08) | 1712.16 (100) |
| पूर्व चंपारण | 580.68 (28.37) | 0 (0) | 1434.64 (70.08) | 31.74 (1.55) | 2047.06 (100) |
| दरभंगा | 0 (0) | 0 (0) | 551.37 (96.68) | 18.95 (3.32) | 570.33 (100) |
| मधुबनी | 112.76 (12.72) | 0 (0) | 770.01 (86.88) | 3.5 (0.39) | 886.27 (100) |
| समस्तीपुर | 0 (0) | 0 (0) | 1196.62 (98.57) | 17.42 (1.43) | 1214.03 (100) |
| पूर्णिया | 113.56 (9.81) | 0 (0) | 1041.23 (89.96) | 2.6 (0.22) | 1157.39 (100) |
| किशनगंज | 0 (0) | 1.98 (0.39) | 500.06 (99.06) | 2.74 (0.54) | 504.78 (100) |
| कटिहार | 13.88 (1.09) | 0 (0) | 1259.5 (98.69) | 2.88 (0.23) | 1276.26 (100) |
| अररिया | 102.57 (13.22) | 0 (0) | 665.61 (85.76) | 7.93 (1.02) | 776.11 (100) |
| सहरसा | 39 (7.07) | 5 (0.91) | 506.57 (91.84) | 1 (0.18) | 551.57 (100) |
| मधेपुरा | 128.86 (15.85) | 0 (0) | 684.32 (84.15) | 0 (0) | 813.18 (100) |
| सुपौल | 235.24 (28.26) | 0 (0) | 596.29 (71.63) | 0.88 (0.11) | 832.41 (100) |
| **कुल योग** | 15393.83 (35.67) | 292.09 (0.68) | 27223.95 (63.09) | 243.6 (0.56) | 43153.47 (100) |

**तालिका 2.16 : ( जारी )**

सिंचित क्षेत्रफल (सौ हे. में)

| जिला | 2009-10 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | नहर - वृहत सिंचाई | नहर - लघु सिंचाई | नलकूप (निजी तथा सरकारी) | अन्य स्रोत (उद्वह सिंचाई एवं दोन) | कुल सिंचित क्षेत्रफल |
| पटना | 111.66 (8.26) | 8.18 (0.6) | 1229.31 (90.91) | 3.04 (0.22) | 1352.19 (100) |
| नालंदा | 19.27 (1.96) | 1.45 (0.15) | 958.75 (97.76) | 1.27 (0.13) | 980.74 (100) |
| भोजपुर | 921.46 (52.94) | 1.26 (0.07) | 814.16 (46.78) | 3.58 (0.21) | 1740.46 (100) |
| बक्सर | 760.26 (56.35) | 2.12 (0.16) | 583.28 (43.23) | 3.62 (0.27) | 1349.28 (100) |
| रोहतास | 2848.03 (77.81) | 1.81 (0.05) | 809.96 (22.13) | 0.48 (0.01) | 3660.28 (100) |
| कैमूर | 763.89 (60.59) | 0.38 (0.03) | 495.59 (39.31) | 0.95 (0.07) | 1260.81 (100) |
| गया | 181.62 (14.6) | 7.09 (0.57) | 1055.02 (84.83) | 0 (0) | 1243.73 (100) |
| औरंगाबाद | 1172.72 (72.19) | 16.69 (1.03) | 435.01 (26.78) | 0 (0) | 1624.42 (100) |
| अरवल | 200.93 (42.84) | 0 (0) | 268.08 (57.16) | 0 (0) | 469.01 (100) |
| जहानाबाद | 37.04 (6.79) | 0 (0) | 508.11 (93.21) | 0 (0) | 545.15 (100) |
| नवादा | 43.73 (8.31) | 0 (0) | 482.52 (91.69) | 0 (0) | 526.25 (100) |
| भागलपुर | 62.04 (9.99) | 31.49 (5.07) | 525.4 (84.58) | 2.24 (0.36) | 621.17 (100) |
| बांका | 763.47 (72.59) | 12.32 (1.17) | 275.75 (26.22) | 0.19 (0.02) | 1051.73 (100) |
| मुंगेर | 208.67 (48.12) | 6.41 (1.48) | 218.43 (50.37) | 0.18 (0.04) | 433.69 (100) |
| जमुई | 171.46 (38.2) | 49.75 (11.08) | 225.81 (50.31) | 1.79 (0.4) | 448.81 (100) |
| शेखपुरा | 20.1 (8.17) | 0.98 (0.4) | 224.92 (91.43) | 0 (0) | 246 (100) |
| लखीसराय | 263.66 (45.25) | 10.5 (1.8) | 308.17 (52.89) | 0.29 (0.05) | 582.62 (100) |
| खगड़िया | 0 (0) | 0 (0) | 553.95 (97.32) | 15.24 (2.68) | 569.19 (100) |
| बेगूसराय | 0 (0) | 0 (0) | 890.62 (99.7) | 2.65 (0.3) | 893.27 (100) |
| सारण | 402.15 (29.3) | 0 (0) | 962.32 (70.11) | 8.04 (0.59) | 1372.51 (100) |
| सीवान | 596.39 (34.2) | 0 (0) | 1143.68 (65.58) | 3.8 (0.22) | 1743.87 (100) |
| गोपालगंज | 648.84 (41.25) | 0 (0) | 924.13 (58.75) | 0.04 (0) | 1573 (100) |
| मुजफ्फरपुर | 61.61 (4.55) | 2.95 (0.22) | 1288.03 (95.08) | 2.08 (0.15) | 1354.66 (100) |
| सीतामढ़ी | 0 (0) | 0 (0) | 722.29 (98.95) | 7.69 (1.05) | 729.99 (100) |
| शिवहर | 0 (0) | 0 (0) | 228.13 (98.4) | 3.72 (1.6) | 231.85 (100) |
| वैशाली | 4.88 (0.48) | 0 (0) | 1013.67 (98.99) | 5.5 (0.54) | 1024.05 (100) |
| पश्चिम चंपारण | 446.47 (32.33) | 0 (0) | 903.59 (65.42) | 31.11 (2.25) | 1381.17 (100) |
| पूर्व चंपारण | 321.88 (17.95) | 4.9 (0.27) | 1434.74 (80.01) | 31.62 (1.76) | 1793.13 (100) |
| दरभंगा | 4.42 (0.78) | 0 (0) | 551.86 (97.24) | 11.23 (1.98) | 567.51 (100) |
| मधुबनी | 306.36 (28.32) | 0 (0) | 771.61 (71.32) | 3.87 (0.36) | 1081.84 (100) |
| समस्तीपुर | 0 (0) | 0 (0) | 1199.01 (99.02) | 11.86 (0.98) | 1210.87 (100) |
| पूर्णिया | 0 (0) | 0 (0) | 1050.27 (99.84) | 1.72 (0.16) | 1051.98 (100) |
| किशनगंज | 0 (0) | 6.28 (1.24) | 498.44 (98.51) | 1.28 (0.25) | 506 (100) |
| कटिहार | 0 (0) | 0 (0) | 1254.92 (99.78) | 2.74 (0.22) | 1257.66 (100) |
| अररिया | 0 (0) | 0 (0) | 665.98 (99.95) | 0.32 (0.05) | 666.3 (100) |
| सहरसा | 35.29 (6.39) | 6.12 (1.11) | 507.57 (91.9) | 3.34 (0.6) | 552.32 (100) |
| मधेपुरा | 63.66 (8.5) | 0 (0) | 685.45 (91.49) | 0.1 (0.01) | 749.21 (100) |
| सुपौल | 216.4 (26.36) | 5.2 (0.63) | 597.45 (72.78) | 1.85 (0.23) | 820.9 (100) |
| **कुल योग** | 11658.36 (29.69) | 175.86 (0.45) | 27265.99 (69.44) | 167.42 (0.43) | 39267.63 (100) |

स्रोत : जल संसाधन विभाग तथा लघु सिंचाई विभाग, बिहार सरकार

वर्ष 2000-01 से 2008-09 के बीच कुल सिंचित क्षेत्रफल 44.6 लाख हे. से बढ़कर 49.2 लाख हे. हो गया है। इसका अर्थ है 8 वर्षों के दौरान 10.4 प्रतिशत वृद्धि। सिंचाई के विस्तार में एक बड़ी समस्या बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का पूरा नहीं होना है जिससे राज्य में नहरों से सिंचाई सुविधा में विस्तार बाधित हो रहा है। वर्ष 2008-09 में कुल सिंचित क्षेत्रफल के 55.3 भाग पर नलकूपों (निजी और सरकारी, दोनों) से सिंचाई होती थी। बिजली की आपूर्ति के अभाव में ये नलकूप अक्सर डीजल से चलते हैं जो काफी महंगा है। बिजली के क्षेत्र में सुधार होने से भविष्य में नलकूपों के जरिए सिंचाई में विस्तार होने की संभावना है।

सिंचाई के मुख्य 6 स्रोत हैं - बड़ी नहरें, छोटी नहरें, तालाब (आहर-पइन सहित), नलकूप, अन्य कूप तथा अन्य स्रोत (तालिका 2.15)। तालाब तथा अन्य स्रोत समय के साथ कम महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं जिस कारण कृषि कार्य हेतु सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अन्य चार स्रोत ही बच जाते हैं। वर्ष 2009-10 में कुल सिंचाई में नहरों (बड़ी और छोटी, दोनों) का हिस्सा 27.47 प्रतिशत था जबकि नलकूपों का 61.39 प्रतिशत।

जिलों के स्रोत आधारित सिंचाई के आंकड़े तालिका 2.16 में प्रस्तुत हैं। तालिका से पता चलता है कि नलकूप सिंचाई के अत्यंत महत्वपूर्ण स्रोत हैं जो 30 जिलों में 50 प्रतिशत से भी अधिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हालांकि नहरों (छोटी-बड़ी दोनों) से सिंचाई कम से कम आठ जिलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये जिले हैं - रोहतास, कैमूर, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, बांका, मुंगेर और लखीसराय। इन सभी जिलों में नहरें 50 प्रतिशत से अधिक सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं। आठो जिले बिहार के उल्लेखनीय चावल उत्पादक जिले हैं।

जल संसाधन विभाग और बिहार सरकार ने हर साल खरीफ और रबी, दोनों के लिए सिंचाई सहायता का लक्ष्य निर्धारित किया है। सभी जिलों के लिए वर्ष 2008 और 2009 के इनके लक्ष्य क्रमशः तालिका 2.17 और 2.18 में प्रस्तुत हैं। यद्यपि सिंचाई की उपलब्धता बिहार में उतनी अच्छी नहीं है, फिर भी उपलब्ध सिंचाई के उपयोग का स्तर काफी ऊंचा है। खरीफ सिंचाई की बात करें, तो 2008 में लक्ष्य अधिकांश जिलों में पूरी तरह हासिल हुआ था। कुछ जिलों में तो उपलब्धि लक्ष्य से भी अधिक थी। वर्ष 2008 में समग्र उपलब्धि 84.47 प्रतिशत थी लेकिन भोजपुर तथा वैशाली जिलों में उपलब्धि उल्लेखनीय हद तक कम थी। वर्ष 2009 में भी उपलब्धि लगभग समान ही थी - 84.54 प्रतिशत। वैशाली को छोड़कर किसी भी जिले में अधिक कमी की सूचना नहीं है। वैशाली में उपलब्धि मात्र 31.68 प्रतिशत थी।

## तालिका 2.17 : बिहार में खरीफ सिंचाई पर जिलावार प्रगति रिपोर्ट ( 2007 से 2009 )

(क्षेत्रफल सौ हे. में)

| जिला | 2007 | | | 2008 | | | 2009 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) |
| पटना | 345.00 | 359.00 | 104.10 | 545.00 | 484.00 | 88.80 | 324.20 | 320.30 | 98.80 |
| नालंदा | 176.00 | 159.00 | 90.30 | 52.00 | 52.00 | 100.00 | 436.77 | 357.39 | 81.83 |
| रोहतास | 1949.00 | 1790.00 | 91.80 | 2131.00 | 1790.00 | 84.00 | 2131.07 | 1790.27 | 84.01 |
| कैमूर | 870.00 | 848.00 | 97.50 | 975.00 | 848.00 | 87.00 | 974.85 | 847.55 | 86.94 |
| बक्सर | 771.00 | 692.00 | 89.80 | 748.00 | 924.00 | 123.50 | 747.98 | 923.81 | 123.51 |
| भोजपुर | 1057.00 | 882.00 | 83.40 | 1036.00 | 88.00 | 8.50 | 1035.72 | 881.84 | 85.14 |
| गया | 571.00 | 2243.00 | 392.80 | 281.00 | 209.00 | 74.40 | 593.58 | 469.22 | 79.05 |
| औरंगाबाद | 1436.00 | 1326.00 | 92.30 | 1446.00 | 1378.00 | 95.30 | 1446.09 | 1377.97 | 95.29 |
| जहानाबाद | 337.00 | 263.00 | 78.00 | 398.00 | 349.00 | 87.70 | 306.63 | 247.00 | 80.55 |
| अरवल | 123.00 | 113.00 | 91.90 | 123.00 | 115.00 | 93.50 | 123.35 | 115.32 | 93.49 |
| नवादा | 182.00 | 215.00 | 118.10 | 869.00 | 789.00 | 90.80 | 66.20 | 63.83 | 96.42 |
| सारण | 421.00 | 390.00 | 92.60 | 426.00 | 392.00 | 92.00 | 425.85 | 391.88 | 92.02 |
| सीवान | 801.00 | 643.00 | 80.30 | 788.00 | 650.00 | 82.50 | 788.47 | 650.08 | 82.45 |
| गोपालगंज | 664.00 | 529.00 | 79.70 | 672.00 | 554.00 | 82.40 | 672.02 | 554.42 | 82.50 |
| मुजफ्फरपुर | 123.00 | 75.00 | 61.00 | 122.00 | 89.00 | 73.00 | 122.10 | 88.82 | 72.74 |
| पश्चिम चंपारण | 807.00 | 658.00 | 81.50 | 623.00 | 508.00 | 81.50 | 623.40 | 507.88 | 81.47 |
| पूर्व चंपारण | 429.00 | 260.00 | 60.60 | 612.00 | 425.00 | 69.40 | 612.55 | 424.53 | 69.31 |
| वैशाली | 75.00 | 21.00 | 28.00 | 75.00 | 24.00 | 32.00 | 74.80 | 23.70 | 31.68 |
| मधुबनी | 397.00 | 348.00 | 87.70 | 397.00 | 348.00 | 87.70 | 415.97 | 107.85 | 25.93 |
| सहरसा | 66.00 | 56.00 | 84.80 | 66.00 | 56.00 | 84.80 | 65.60 | 56.70 | 86.43 |
| सुपौल | 411.00 | 373.00 | 90.80 | 376.00 | 655.00 | 174.20 | 431.27 | 330.51 | 76.64 |
| मधेपुरा | 211.00 | 209.00 | 99.10 | 211.00 | 209.00 | 99.10 | 213.90 | 162.68 | 76.05 |
| पूर्णिया | 213.00 | 141.00 | 66.20 | 213.00 | 141.00 | 66.20 | 212.90 | 117.68 | 55.27 |
| अररिया | 167.00 | 113.00 | 67.70 | 167.00 | 113.00 | 67.70 | 167.80 | 107.28 | 63.93 |
| कटिहार | 22.00 | 16.00 | 72.70 | 22.00 | 16.00 | 72.70 | 22.30 | 11.53 | 51.70 |
| भागलपुर | 107.00 | 89.00 | 83.20 | 104.00 | 82.00 | 78.80 | 104.05 | 81.85 | 78.66 |
| बांका | 775.00 | 740.00 | 95.50 | 780.00 | 732.00 | 93.80 | 779.91 | 732.23 | 93.89 |
| मुंगेर | 221.00 | 211.00 | 95.50 | 224.00 | 211.00 | 94.20 | 224.05 | 211.29 | 94.30 |
| लखीसराय | 308.00 | 2633.00 | 854.90 | 306.00 | 282.00 | 92.20 | 306.25 | 282.40 | 92.21 |
| जमुई | 2596.00 | 230.00 | 8.90 | 263.00 | 228.00 | 86.70 | 263.43 | 228.02 | 86.56 |
| शेखपुरा | 138.00 | 491.00 | 355.80 | 91.00 | 50.00 | 54.90 | 85.50 | 44.87 | 52.48 |
| योग | 16769.00 | 17116.00 | 102.07 | 15142.00 | 12791.00 | 84.47 | 14798.56 | 12510.70 | 84.54 |

स्रोत : जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार

## तालिका 2.18 : बिहार में रबी सिंचाई पर जिलावार प्रगति रिपोर्ट (2007 से 2009)

(क्षेत्रफल सौ हे. में)

| जिला | 2007 | | | 2008 | | | 2009 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) |
| पटना | 164.00 | 134.00 | 81.70 | 164.00 | 132.00 | 80.50 | 164.36 | 131.56 | 80.04 |
| नालंदा | 8.00 | 4.00 | 50.00 | 25.00 | 25.00 | 100.00 | 7.92 | 2.15 | 27.15 |
| रोहतास | 1059.00 | 1101.00 | 104.00 | 1163.00 | 1103.00 | 94.80 | 1162.58 | 1102.95 | 94.87 |
| कैमूर | 465.00 | 348.00 | 74.80 | 346.00 | 294.00 | 85.00 | 346.31 | 293.54 | 84.76 |
| बक्सर | 441.00 | 447.00 | 101.40 | 467.00 | 452.00 | 96.80 | 466.99 | 451.63 | 96.71 |
| भोजपुर | 404.00 | 329.00 | 81.40 | 418.00 | 347.00 | 83.00 | 418.25 | 346.81 | 82.92 |
| गया | 18.00 | 18.00 | 100.00 | 21.00 | 7.00 | 33.30 | 20.93 | 7.05 | 33.68 |
| औरंगाबाद | 297.00 | 275.00 | 92.60 | 299.00 | 283.00 | 94.60 | 298.85 | 283.16 | 94.75 |
| जहानाबाद | 109.00 | 109.00 | 100.00 | 109.00 | 106.00 | 97.20 | 109.53 | 105.85 | 96.64 |
| अरवल | 13.00 | 17.00 | 130.80 | 256.00 | 214.00 | 83.60 | 24.85 | 24.90 | 100.20 |
| नवादा | 159.00 | 147.00 | 92.50 | 159.00 | 147.00 | 92.50 | 159.42 | 146.52 | 91.91 |
| सारण | 249.00 | 230.00 | 92.40 | 249.00 | 229.00 | 92.00 | 248.94 | 228.79 | 91.91 |
| सीवान | 278.00 | 256.00 | 92.10 | 278.00 | 255.00 | 91.70 | 277.88 | 255.38 | 91.90 |
| गोपालगंज | 29.00 | 5.00 | 17.20 | 26.00 | 17.00 | 65.40 | 26.02 | 16.89 | 64.91 |
| मुजफ्फरपुर | 318.00 | 116.00 | 36.50 | 311.00 | 213.00 | 68.50 | 310.90 | 212.89 | 68.48 |
| पश्चिम चंपारण | 163.00 | 12.00 | 7.40 | 173.00 | 133.00 | 76.90 | 173.39 | 132.99 | 76.70 |
| पूर्व चंपारण | 5.00 | 2.00 | 40.00 | 4.00 | 5.00 | 125.00 | 4.01 | 4.73 | 117.96 |
| वैशाली | 5.00 | 5.00 | 100.00 | 5.00 | 5.00 | 100.00 | 5.30 | 5.40 | 101.89 |
| मधुबनी | 21.00 | 20.00 | 95.20 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| सहरसा | 168.00 | 151.00 | 89.90 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| सुपौल | 87.00 | 90.00 | 103.40 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| मधेपुरा | 109.00 | 83.00 | 76.10 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| पूर्णिया | 135.00 | 89.00 | 65.90 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| अररिया | 29.00 | 18.00 | 62.10 | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| कटिहार | 6.00 | 4.00 | 66.70 | 4.00 | 0.00 | 0.00 | 3.73 | 0.00 | 0.00 |
| भागलपुर | 133.00 | 86.00 | 64.70 | 97.00 | 28.00 | 28.90 | 96.61 | 28.46 | 29.46 |
| बांका | 73.00 | 70.00 | 95.90 | 70.00 | 30.00 | 42.90 | 69.62 | 30.05 | 43.16 |
| मुंगेर | 7.00 | 30.00 | 428.60 | 12.00 | 2.00 | 16.70 | 11.50 | 1.50 | 13.04 |
| लखीसराय | 37.00 | 32.00 | 86.50 | 19.00 | 10.00 | 52.60 | 18.60 | 9.50 | 51.08 |
| जमुई | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - | 0.00 | 0.00 | - |
| शेखपुरा | 4989.00 | 4228.00 | 84.70 | 4675.00 | 4037.00 | 86.40 | 4426.49 | 3822.70 | 86.36 |

स्रोत : जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार

टिप्पणी : शेष जिलों के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

रबी सिंचाई के मामले में समग्र उपलब्धि 2008 में लक्ष्य का 86.40 प्रतिशत और 2009 में 86.36 प्रतिशत थी। वर्ष 2008 में औसत से काफी कम उपलब्धि वाले जिले गया, भागलपुर, लखीसराय और बांका थे। वर्ष 2009 में भी परिस्थिति में बदलाव नहीं आया और काफी कम उपलब्धि हासिल करने वाले जिले उक्त चारो ही थे। नालंदा में भी 2009 में काफी कम उपलब्धि हासिल हुई।

**2.5 कृषि लागत सामग्रियां**

अधिक उत्पादकता हेतु वैज्ञानिक ढंग से कृषिकार्य के लिए सिंचाई के अलावा प्रचुर तथा गुणवत्तापूर्ण लागत सामग्रियों की आपूर्ति आवश्यक होती है, खास कर बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र और प्रसार सेवाओं की।

**बीज**

कृषि कार्य के लिए बीज एक महत्वपूर्ण जरूरत है। कृषि उत्पादकता का स्तर बढ़ाने के लिए बीज की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज और उसकी प्रतिस्थापन दर कृषि की उत्पादकता का महत्वपूर्ण निर्धारक होती है। खास कर प्रमाणित बीजों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों की अपर्याप्तता के चलते बीज प्रतिस्थापन दर (एसआरआर) को बिहार में निम्न उत्पादकता के कारण के बतौर उद्धृत किया जाता है। वर्तमान सरकार द्वारा निर्मित कृषि रोडमैप में प्रमाणित बीजों के उपयोग पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री त्वरित बीज योजना, बीज ग्राम योजना, किसानों द्वारा प्रमाणित बीजों के उपयोग पर सब्सिडी का प्रावधान, मृतप्राय पड़े बिहार राज्य बीज निगम को पुनर्जीवन, बिहार बीज प्रमाणन अभिकरण का सुदृढ़ीकरण तथा राज्य के फार्मों द्वारा बीजों के बहुगुणन से बिहार में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिली है। गत पांच वर्षों में धान, गेहूं और मक्का जैसी महत्वपूर्ण फसलों के मामले में बीज प्रतिस्थापन दरों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि बीज प्रतिस्थापन दर स्वपरागित फसलों के लिए अनुशंसित 33 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। तालिका 2.19 से पता चलता है कि 2010-11 में प्रमुख फसलों के लिए बीज प्रतिस्थापन दर लगभग 33 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गई है। पूर्ववर्णित प्रयासों के कारण खरीफ और रबी, दोनों मौसम की फसलों के लिए बीज प्रतिस्थापन दर में क्रमशः वृद्धि हुई है (देखें तालिका 2.19)।

**तालिका 2.19 : बिहार में महत्वपूर्ण फसलों के प्रमाणित बीजों का वितरण और उनकी बीज प्रतिस्थापन दरें ( 2007-08 से 2010-11 )**

(आवश्यकता और आपूर्ति क्विंटल में/ बीज प्रतिस्थापन दर प्रतिशत में)

| वर्ष/ फसल | 2007-08 | | | 2008-09 | | | 2009-10 | | | 2010-11 (अक्तूबर 10) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जरूरत | आपूर्ति | बीज प्रतिस्थापन दर | जरूरत | आपूर्ति | बीज प्रतिस्थापन दर | जरूरत | आपूर्ति | बीज प्रतिस्थापन दर | जरूरत | आपूर्ति | बीज प्रतिस्थापन दर |
| खरीफ फसल | | | | | | | | | | | | |
| धान | 222000 | 204824 | 14.0 | 282080 | 267620 | 19.0 | 355730 | 243036 | 26.4 | 426900 | 199164 | 31.0 |
| मक्का | 40000 | 42390 | 56.0 | 41580 | 42850 | 57.0 | 27900 | 28950 | 58.3 | 30225 | - | 65.0 |
| अरहर | 1280 | 410 | 4.0 | 1440 | 940 | 6.0 | 1440 | 1250 | 12.1 | 2160 | - | 15.0 |
| ऊड़द | 600 | 550 | 9.0 | 720 | 610 | 10.0 | 720 | 515 | 17.0 | 1080 | - | 15.0 |
| मूंग | 300 | 918 | 30.0 | 360 | 315 | 10.0 | 360 | 310 | 19.2 | 540 | - | 15.0 |
| रबी फसल | | | | | | | | | | | | |
| गेहूं | 34500 | 342340 | 15.0 | 470000 | 570027 | 24.0 | 600000 | 580720 | 25.3 | 701000 | 168000 | 30.0 |
| मक्का | 75000 | 74340 | 74.0 | 80000 | 78210 | 78.0 | 85846 | 87150 | 102.0 | 90000 | 60000 | 90.0 |
| चना | 8325 | 6950 | 8.0 | 9990 | 7450 | 8.0 | 7133 | 8035 | 9.8 | 10700 | 5135 | 15.0 |
| मटर | 3000 | 1520 | 5.0 | 3600 | 1640 | 6.0 | 3334 | 3570 | 14.2 | 5000 | 2080 | 15.0 |
| मसूर | 6600 | 3208 | 5.0 | 7920 | 4025 | 6.0 | 6668 | 6510 | 10.1 | 10000 | 5420 | 15.0 |
| राई/ सरसों | 2310 | 4840 | 73.0 | 2640 | 3225 | 55.0 | 7380 | 3480 | 54.7 | 8200 | 6400 | 50.0 |

स्रोत : कृषि विभाग, बिहार सरकार

देखा जा सकता है कि खरीफ फसलों में धान के लिए बीज प्रतिस्थापन दर 20007-08 के 14 प्रतिशत से बढ़कर 2010-11 में 31.0 प्रतिशत हो गई है। मक्का, अरहर और ऊड़द के मामले में भी बीज प्रतिस्थपन दर में वृद्धि देखी गई है। दुर्भाग्यवश, मूंग के लिए दर इसी अवधि में 30 प्रतिशत से काफी गिरकर 15 प्रतिशत रह गई है। रबी फसलों के तहत गेहूं के लिए बीज प्रतिस्थापन दर 2007-08 में 15 प्रतिशत थी जो 2009-10 में 25.3 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार मक्का, चना, मटर और मसूर जैसी रबी फसलों में भी थोड़ी ही सही, लेकिन बीज प्रतिस्थापन दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2010-11 हेतु रबी फसलों के लिए लक्ष्य तालिका 2.19 के अंतिम कॉलम में प्रस्तुत हैं। अगर मुख्यमंत्री त्वरित बीज योजना और बीज ग्राम कार्यक्रम में उत्पादित बीजों को भी ध्यान में रखा जाय तो बीज प्रतिस्थापन दर और भी अधिक होगी। बीज प्रतिस्थापन दरों में प्रचुर वृद्धि में फसलों की नवीनतम प्रजाति के प्रमाणित बीजों के उपयोग के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने का राज्य सरकार का अथक प्रयास प्रतिबंबित होता है। राज्य में नई तैयार प्रजातियों के जरिए स्थानीय और पुरानी प्रजातियों के प्रतिस्थापन का फसल की उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा।

## उर्वरक

कृषि कार्य में उन्नत बीजों के प्रयोग के कारण कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में उपयुक्त मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। विगत पांच वर्षों से राज्य में उर्वरकों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। हाल के वर्षों में वृद्धि दर और भी तेज हुई है (तालिका 2.20)। बिहार में उर्वरकों की कुल खपत 2006-07 में 32.25 लाख टन थी। वर्ष 2007-08 में 13.1 प्रतिशत बढ़कर यह 36.49 लाख टन हो गई। वर्ष 2008-09 में इसमें 10.9 प्रतिशत की वृद्धि और हुई, फलतः इसका स्तर 40.46 लाख टन पर पहुंच गया। हालांकि 2009-10 में उर्वरकों की खपत में थोड़ी गिरावट आई और यह 39.08 लाख टन रह गई। इसमें बढ़त का रुझान किसानों में कृषि की उत्पादकता वृद्धि हेतु उर्वरकों के अधिक उपयोग पर आधारित नई प्रौद्योगिकी अपनाने की इच्छा को दर्शाता है जबकि सिंचाई और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता में उन्हें ढेर सारे गंभीर अवरोधों का सामना करना पड़ता है। उर्वरकों की प्रति हे. खपत 2009-10 में 181.11 किग्रा हो गई है जो तीन साल पहले 141.7 किग्रा थी।

**तालिका 2.20 : बिहार में उर्वरकों की खपत ( 2006-07 से 2009-10 )**

(हजार टन)

| उर्वरक | 2006-07 | | | 2007-08 | | | 2008-09 | | | 2009-10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | खरीफ | रबी | योग | खरीफ | रबी | योग | खरीफ | रबी | योग | खरीफ | रबी | योग |
| यूरिया | 666.51 | 931.59 | 1598.10 | 783.80 | 1067.92 | 1851.72 | 834.09 | 965.55 | 1799.64 | 759.10 | 942.00 | 1701.10 |
| डाइ अमोनियम फास्फेट | 95.90 | 167.32 | 263.22 | 103.81 | 209.14 | 312.95 | 186.51 | 224.96 | 411.47 | 152.96 | 244.11 | 397.07 |
| सिंगल सुपर फास्फेट | 16.96 | 9.83 | 26.79 | 15.52 | 4.58 | 20.10 | 1.80 | 11.56 | 13.36 | 3.82 | 3.71 | 7.53 |
| म्यूरिएट ऑफ पोटाश | 26.86 | 63.52 | 90.38 | 33.19 | 71.86 | 105.06 | 106.67 | 106.15 | 212.82 | 56.74 | 169.35 | 226.09 |
| मिश्रित | 75.28 | 106.74 | 182.02 | 81.38 | 72.65 | 154.03 | 108.00 | 143.36 | 251.36 | 105.70 | 161.59 | 267.29 |
| कुल (एनपीके) | 430.21 | 634.59 | 1064.81 | 495.24 | 710.23 | 1205.48 | 624.10 | 732.79 | 1356.89 | 536.13 | 772.88 | 1309.01 |
| नाइट्रोजन | 333.59 | 475.12 | 808.71 | 391.32 | 538.16 | 929.48 | 433.90 | 504.42 | 938.32 | 391.00 | 502.53 | 893.53 |
| फासफोरस | 69.86 | 108.86 | 178.72 | 73.96 | 117.60 | 191.57 | 110.50 | 142.18 | 252.68 | 96.41 | 151.19 | 247.60 |
| पोटाश | 26.76 | 50.61 | 77.38 | 29.96 | 54.47 | 84.43 | 79.70 | 86.19 | 165.89 | 48.72 | 119.16 | 167.88 |
| योग | 1311.72 | 1913.59 | 3225.32 | 1512.94 | 2136.38 | 3649.34 | 1861.17 | 2184.37 | 4045.54 | 1614.45 | 2293.64 | 3908.09 |
| उर्वरक की खपत (किग्रा प्रति हे. में) | 113.10 | 171.00 | 141.70 | 120.10 | 195.80 | 155.60 | 159.33 | 181.87 | 170.76 | 180.85 | 181.30 | 181.11 |

स्रोत : कृषि विभाग, बिहार सरकार

तालिका 2.20 में 2007-08 से आरंभ हुए तीन वर्षों के दौरान उर्वरकों के संतुलित उपयोग की दिशा में रुझान को साफ देखा जा सकता है। गत चार वर्षों के दौरान नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का अनुपात 10:2:1 (2006-07), 11:2:1 (2007-08), 6:2:1 (2008-09) और 5:1:1 (2009-10) रहा है। इससे किसानों की ओर से उर्वरकों का उपयोग व्यवस्थित करने का प्रयास दिखता है ताकि नाइट्रोजन उर्वरकों के अधिक उपयोग के

प्रति पूर्वाग्रह घटे। इन वर्षों में फोस्फोरस और पोटाश उर्वरकों का उपयोग नाइट्रोजन उर्वरकों की तुलना में उपयोग बढ़ता दिखता है। गौर करने की बात है कि हाल में मृदा-परीक्षण सेवाओं की बढ़ी उपलब्धता की परिणति उर्वरकों के संतुलित उपयोग में हुई है। तालिका 2.20 में यह भी दिखता है कि विभिन्न प्रकार के प्रयुक्त उर्वरकों में यूरिया का सर्वोच्च स्थान है। पूरी खपत में इसका लगभग आधा हिस्सा है। यह भी उल्लेखनीय है कि खरीफ बिहार की अधिकांश महत्वपूर्ण फसलों के लिए प्रधान मौसम है, लेकिन रबी फसलों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग खरीफ फसलों की अपेक्षा अधिक होता है। वर्ष 2008-09 में किसानों ने रबी फसलों के लिए प्रति हे. 182 किग्रा उर्वरकों का उपयोग किया जबकि खरीफ फसलों के लिए प्रति हे. 159 किग्रा का ही। हालांकि 2009-10 में उर्वरकों का उपयोग खरीफ फसलों के पक्ष में झुका है जब खरीफ फसलों के लिए खपत भी रबी फसलों के समान 181 किग्रा प्रति हे. पहुंच गई। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों के तुलनात्मक हिस्से की बात करें, तो 2009-10 में कुल नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों में नाइट्रोजन उर्वरकों का हिस्सा सर्वाधिक 68 प्रतिशत था; उसका हिस्सा 2007-08 में 77 प्रतिशत और 2008-09 में 69 प्रतिशत था।

नाइट्रोजन, पोटाश और फॉस्फोरस उर्वरकों के अलावा, राज्य सरकार ने सूक्ष्मपोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा देने का सचेत प्रयास किया है जिनकी कमी अभी उत्पादकता बढ़ाने में बाधक कारक बन गई है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उपलब्ध सब्सिडी के अलावा, राज्य सरकार अपने संसाधनों से सूक्ष्मपोषक तत्वों के उपयोग पर अतिरिक्त सब्सिडी दे रही है। इस पर किसानों की ओर से सकारात्मक अनुक्रिया हुई है और फसल उत्पादन हेतु मिट्टी की उर्वराशक्ति पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा।

**प्रसार सेवाएं**

प्रखंड स्तर के नीचे विषयवस्तु विशेषज्ञ ओर पंचायत स्तर पर किसान सलाहकार की सेवा का प्रावधान किए जाने से हाल के वर्षों में प्रसार सेवाओं की पहुंच में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। इससे राज्य में गत वर्षों मरनासन्न स्थिति में पड़ी प्रसार सेवाओं में पुनर्जीवन दिखने लगा है। बीज प्रबंधन, विभिन्न फसलों के लिए रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नई फसल उत्पादन प्रणालियों की स्वीकार्यता तथा फसलों की नई-पुरानी सक्षम प्रजातियों की शुरुआत के लिहाज से ये सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कृषि को अधिक उत्पादक तथा लाभप्रद ग्रामीण पेशा बनाने के लिए राज्य सरकार ने हाल के वर्षों में पहलकदमियां ली हैं। इसने कृषि संस्थानों में मौजूद ज्ञान का भंडार उत्पादन का स्तर बढ़ाने के लिहाज से किसानों को हस्तांतरित करने के लिए काफी प्रयास किया है। किसान पाठशालाओं के जरिए किसानों के प्रशिक्षण को हाल में प्रमुखता हासिल हुई है। कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच अंत:क्रिया का कार्यक्रम कृषि विकास शिविर प्रौद्योगिकी हस्तांरण हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। शिविरों का आयोजन पूरे राज्य में पंचायत के स्तर पर किया जा रहा है। राज्य में प्रसार सेवाओं की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने हर दो पंचायत पर एक विषय के विशेषज्ञ तथा हर पंचायत के लिए एक किसान सलाहकार की सेवा को स्वीकृति प्रदान की है। ग्राम स्तर पर आयोजित किए जाने वाले किसान मेलों में गांव के पारंपरिक किसानों के सामने नई दुनिया की प्रौद्योगिकी का कृषि में उपयोग दिखाया जाता है। इस संबंध में एक

महत्वपूर्ण पहलकदमी पंचायत या गांव स्तर पर मिनीकिट वितरण की व्यवस्था है। इस मिनीकिट कार्यक्रम में अनेक खरीफ, रबी तथा गरमा फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना की प्रगति तालिका 2.21 में प्रस्तुत है।

**तालिका 2.21 : बिहार में मिनिकिट निदर्शन ( 2006-07 से 2010-11 )**

| मौसम/ फसल | निदर्शनों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10) |
| खरीफ मौसम | | | | | |
| धान (20 किग्रा) | - | 9118 | - | 2690 | 2988 |
| धान (अधिक उपजाऊ प्रभेद) (10 किग्रा) | 15040 | - | - | 503 | 519 |
| धान (5 किग्रा) | - | - | 35880 | 36554 | 25283 |
| धान (अधिक उपजाऊ प्रभेद) (6 किग्रा) | | | | | |
| धान (अधिक उपजाऊ प्रभेद) (2 किग्रा) | 2550 | - | - | 821 | 1007 |
| मक्का (2 किग्रा) | 1000 | 7000 | 10000 | | |
| अरहर (4 किग्रा) | 5000 | 2750 | 5000 | | |
| ऊड़द (4 किग्रा) | 900 | 7500 | 30000 | | 3139 |
| मूंग (4 किग्रा) | - | 5450 | 2225 | | |
| अंडी (2 किग्रा) | 800 | - | 2500 | | |
| तिल (1 किग्रा) | 2000 | 500 | 2500 | | |
| रबी फसल | | | | | |
| गेहूं (40 किग्रा) | 26513 | - | - | 5634 | 4796 |
| गेहूं (10 किग्रा) | | - | 431200 | 69689 | 17503 |
| गेहूं (5 किग्रा) | - | 151500 | - | | |
| मक्का (2 किग्रा) | 10000 | - | 260000 | | |
| चना (8 किग्रा) आइसोपॉम (दलहन) | 11200 | 81900 | 10000 | 1950 | |
| मसूर (4 किग्रा) | 2850 | 18100 | 18375 | | |
| मटर (8 किग्रा) | 3600 | 3767 | 10000 | | |
| राई/ तोरी (2 किग्रा) आइसोपॉम | 122550 | 182289 | 65000 | 1340 | 1855 |
| राजमा (8 किग्रा) | 50 | - | - | | |
| राजमा (3 किग्रा) | - | 500 | - | | |
| गरमा मौसम | | | | | |
| मक्का (2 किग्रा) आइसोपॉम | | 500 | 20000 | 2969 | 4000 |
| ऊड़द (4 किग्रा) | 1000 | 7000 | 23000 | | |
| मूंग (4 किग्रा) | - | 13275 | 37525 | | |
| तिल (1 किग्रा) | 500 | 1000 | 1500 | | |
| कुसुम (2 किग्रा) | 500 | 1000 | - | | |

स्रोत : कृषि विभाग, बिहार सरकार

खरीफ के लिए निदर्शन मुख्यतः धान, मक्का, अरहर, ऊड़द, मूंग, अंडी और तिल के लिए था। तालिका में देखा जा सकता है कि निदर्शनों की संख्या में इन वर्षों के दौरान अंतर था। तथापि, 2006-07 और 2009-10 के बीच निदर्शनों की संख्या में वृद्धि दिखी। जैसे धान के मामले में 2006-07 में 17,590 निदर्शन हुए थे जिनकी संख्या 2008-09 में 35,880 और 2009-10 में 29,797 हो गई। मक्का के मामले में भी निदर्शनों की संख्या 2006-07 के 1,000 से बढ़कर 2008-09 में 10,000 हो गई। रबी की खेती हेतु निदर्शनों में गेहूं, मक्का, चना, मसूर, मटर, राई/तोरी और राजमा फिर से शामिल थे। इन वर्षों में रबी में भी निदर्शनों की संख्या बढ़ी है। गेहूं के मामले में निदर्शनों की संख्या 2006-07 में 26,513 थी जो 2008-09 में बढ़कर 4,31,200 हो गई। गेहूं के मामले में 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) निदर्शन का आंकड़ा 22,299 था। गरमा मौसम की पांच फसलें निदर्शन में शामिल थीं - मक्का, ऊड़द, मूंग, तिल और कुसुम। इन फसलों के लिए भी निदर्शनों की संख्या समय के साथ बढ़ी है।

**कृषि यंत्रीकरण**

कृषि की उत्पादकता और उसके कारण कृषिकार्य में प्रतिफल की दर मुख्यतः खेत के काम में श्रम के उपयोग तथा पूंजी की प्रधानता से प्रभावित होती है। कृषि गतिवितियों का आदर्श यंत्रीकरण आर्थिक क्रियाओं को समय से संपन्न करने में मददगार होता है। अतएव कृषि यंत्रीकरण के जरिए इस क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि की काफी संभावना है। यंत्रीकरण के जरिए पारंपरिक कृषि के साथ जुड़ी कठिनाइयों को कम किया जा सकता है। इससे प्रति हे. लागत व्यय में कमी आती है और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। वर्तमान राज्य सरकार के कृषि रोड मैप के तहत मुख्य कार्यक्रमों में कृषि यंत्रीकरण का अनन्य स्थान है। बिहार में कृषि यंत्रीकरण प्रक्रिया के अंग के बतौर राज्य सरकार किसानों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत स्वीकार्य अधिकाधिक सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। हार्वेस्टर, थ्रसर, कीटनाशक छिड़काव यंत्र, ओसौनी की मशीनें आदि ग्रामीण क्षेत्रों में आज काफी सुलभ हैं जिनका पहले उपयोग नहीं होता था। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा अधिक सब्सिडी देकर पावरटिलर को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं क्योंकि छोटे और सीमांत किसानों के लिए ये सर्वाधिक उपयुक्त हैं। किसानों को सब्सिडी के प्रावधान के जरिए पंपसेट खरीदने में मदद देने पर भी राज्य सरकार द्वारा काफी बल दिया गया है। तालिका 2.22 में राज्य में कृषि यंत्रीकरण में हुई प्रगति की तस्वीर पेश की गई है। तालिका में उपदानित दरों पर किसानों के बीच वितरित उन्नत कृषि यंत्रों/ उपकरणों के विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। तालिका में देखा जा सकता है कि किसानों को 2006-07 में 121 पावरटिलर उपलब्ध कराए गए थे जबकि 2008-09 में यह आंकड़ा 3,028 हो गया है। यह आंकड़ा 2009-10 में और भी बढ़कर 4,041 पर पहुंच गया है। इसी प्रकार 2007-08 में सब्सिडी पर 3,586 पंपसेट वितरित किए गए थे जिनकी संख्या 2009-10 में 21,036 पहुंच गई है।

**तालिका 2.22 : सब्सिडी पर वितरित कृषि यंत्रों की संख्या**

(संख्या)

| कृषि यंत्र | 2006-7 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तूबर) |
|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक्टर | 2175 | 1908 | 3543 | 3672 | 565 |
| पंपसेट | - | 3586 | 11288 | 21036 | 1107 |
| पावरटिलर | 121 | 540 | 3028 | 4041 | 797 |
| विशेष शक्तिचालित यंत्र | 593 | 52 | 2216 | 2909 | 801 |
| शक्तिचालित थ्रसर | 815 | 2323 | 4288 | 2562 | 515 |
| हस्तचालित यंत्र/ उपकरण | - | 23135 | 34002 | 49439 | 33785 |

स्रोत : कृषि विभाग, बिहार सरकार

**प्राकृतिक खेती**

टिकाऊ कृषि व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने एक नया कार्यक्रम शुरू किया है। पांच वर्षों के लिए कल्पित पूरी परियोजना राशि 255 करोड़ रु. है। किसानों द्वारा वर्मी-कंपोस्ट उत्पादन को मांग आधारित बना दिया गया है जिसमें वर्मी-कंपोस्ट इकाई के निर्माण पर 50 प्रतिशत सब्सिडी है। 3,000 टन वार्षिक उत्पादन वाली व्यावसायिक इकाइयों को भी सब्सिडी दी जा रही है। वर्मी-कंपोस्ट की खरीद पर सब्सिडी की स्वीकृति राज्य में पहली बार दी गई है। वर्मी-कपोस्ट के अलावा राइजोबियम, एजोटोबैक्टर, फॉस्फेट घोलक बैक्टेरिया, नील हरित शैवाल और माइकोराइजा जैसे जैव उर्वरकों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। बीज उत्पादकों को उपयुक्त जैव उर्वरक के किट मुफ्त दिए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत रबी मौसम में 3 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं।

**बागवानी विकास**

बिहार देश में फलों और सब्जियों के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। राज्य सरकार ने 2010-11 में अनेक नए कदम उठाए हैं। आगामी पांच वर्षों के दौरान कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा फलों की 1 करोड़ गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्रियों का उत्पादन और वितरण किया जाएगा। संकुल आधार पर उत्पादन के लिए हर जिले के लिए एक बागानी फसल की पहचान की गई है। इससे कृषि आधारित उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। बागानी फसलों की खेती तथा पुनर्जीवन के लिए भी राज्य सरकार ने अतिरिक्त सब्सिडी को स्वीकृति दी है। टिस्सू कल्चर उत्पादित केले को बढ़ावा देना शुरू किया गया है। पपीता गांव, फूलगांव आदि की स्थापना जैसी पहलकदमी का पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जबर्दस्त प्रभाव पड़ेगा और किसानों की आय बढ़ेगी।

**ब्याज सब्सिडी**

राज्य सरकार ने फसल ऋण पर ब्याज सब्सिडी को स्वीकृति प्रदान की है। इससे किसानों को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर कर्ज लेने में मदद मिलेगी। योजना का क्रियान्वयन नाबार्ड के जरिए किया जाएगा। इस योजना से किसानों के लिए संस्थागत ऋणप्रवाह में वृद्धि होगी।

## 2.6 कृषि ऋण

प्रभावी कृषि कार्य के लिए बीज, पानी, उर्वरक और कृषि उपकरण जैसी भौतिक लागत सामग्रियों के साथ-साथ पर्याप्त ऋण सहायता की भी जरूरत होती है। ऋण सहायता की जरूरत तब और भी अधिक पड़ती है जब किसानों को बाजार से वे लागत सामग्रियां खरीदनी होती है जिनकी आपूर्ति वे खुद नहीं कर सकते। लेकिन कृषि क्षेत्र के लिए ऋण प्रवाह नितांत अपर्याप्त है जिसे इस क्षेत्र से संबंधित आंकड़ों में देखा जा सकता है।

**तालिका 2.23 क : कृषि ऋण प्रवाह ( 2004-05 से 2010-11**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11, (सितंबर 10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यावसायिक बैंक | लक्ष्य | 1386.39 | 1645.57 | 2274.36 | 3003.58 | 4355.35 | 5425.14 | 9111.14 |
| | उपलब्धि | 1325.06 | 1489.33 | 1915.93 | 2447.04 | 3942.67 | 4959.62 | 2819.20 |
| | प्रतिशत | 95.58 | 90.51 | 84.24 | 81.47 | 90.52 | 91.42 | 30.94 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | लक्ष्य | 550.86 | 644.26 | 938.67 | 1256.34 | 1821.69 | 2219.87 | 5228.25 |
| | उपलब्धि | 431.30 | 450.09 | 797.07 | 952.36 | 1438.24 | 1851.09 | 1178.52 |
| | प्रतिशत | 78.30 | 69.86 | 84.91 | 75.80 | 78.95 | 83.39 | 22.54 |
| केंद्रीय सहकारी बैंक | लक्ष्य | 402.71 | 407.65 | 509.34 | 619.75 | 898.69 | 1082.16 | 1528.72 |
| | उपलब्धि | 273.75 | 234.61 | 272.04 | 355.85 | 316.58 | 352.55 | 277.39 |
| | प्रतिशत | 67.98 | 57.55 | 53.41 | 57.42 | 35.23 | 32.58 | 18.15 |
| योग | लक्ष्य | 2339.96 | 2697.48 | 3722.37 | 4879.67 | 7075.73 | 8727.17 | 15868.11 |
| | उपलब्धि | 2030.11 | 2174.03 | 2985.04 | 3755.25 | 5697.49 | 7163.26 | 4275.11 |
| | प्रतिशत | 86.76 | 80.59 | 80.19 | 76.96 | 80.52 | 82.08 | 26.94 |

स्रोत : संस्थागत वित्त विभाग, बिहार सरकार

## तालिका 2.23 ख : बिहार में सहकारिता ऋण का वितरण

| जिला | लक्ष्य (लाख रु. में) | | | | वितरण (लाख रु. में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10) | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10) |
| पटना | 2150 | 2500 | 8724 | 6500 | 2230 | 1268 | 1186 | 832 |
| नालंदा | 1400 | 2300 | 6398 | 4500 | 1723 | 657 | 803 | 476 |
| गया/ जहानाबाद | 1100 | 1700 | 2425 | 1100 | 416 | 557 | 254 | 170 |
| नवादा | 1400 | 2400 | 3184 | 4000 | 1247 | 1184 | 875 | 528 |
| औरंगाबाद | 1900 | 2550 | 1100 | 4000 | 1131 | 2682 | 3077 | 2498 |
| भोजपुर/ बक्सर | 2150 | 3250 | 6662 | 6000 | 1382 | 638 | 915 | 607 |
| रोहतास | 1100 | 2600 | 3225 | 3500 | 935 | 352 | 873 | 405 |
| सारण | | | | | | | | |
| सीवान | 1300 | 1900 | 4308 | 3200 | 1146 | 1178 | 1233 | 470 |
| पूर्व चंपारण | 1700 | 3800 | 2856 | 5000 | 2508 | 4949 | 3290 | 2816 |
| मुजफ्फरपुर | 1100 | 3000 | 2710 | 2500 | 1320 | 468 | 393 | 368 |
| वैशाली | 1000 | 2200 | 2300 | 1000 | 411 | 217 | 247 | 302 |
| सीतामढ़ी | 1300 | 2800 | 1783 | 4000 | 1208 | 374 | 747 | 329 |
| दरभंगा | | | | | | | | |
| मधुबनी | 2000 | 2700 | 5813 | 4000 | 1954 | 1399 | 2104 | 2435 |
| समस्तीपुर | 2300 | 4000 | 3256 | 4500 | 3038 | 3274 | 4405 | 3619 |
| बेगूसराय | 3000 | 6000 | 5810 | 4400 | 3017 | 2583 | 4102 | 3595 |
| मुंगेर | 1200 | 1700 | 696 | 1000 | 1038 | 368 | 49 | 71 |
| भागलपुर/ बांका | 1750 | 3300 | 1546 | 4000 | 943 | 1109 | 574 | 433 |
| सहरसा | | | | | | | | |
| पूर्णिया | 3500 | 5500 | 2407 | 5000 | 4477 | 2134 | 1669 | 1349 |
| पश्चिम चंपारण | 1500 | 3100 | 5899 | 3500 | 1164 | 1261 | 1148 | 378 |
| गोपालगंज | 1450 | 2600 | 1386 | 5000 | 1533 | 1250 | 1174 | 1285 |
| खगड़िया | 1400 | 3000 | 3809 | 3000 | 1841 | 1943 | 2297 | 2666 |
| मधेपुरा | | | | | | | | |
| जहानाबाद | | | 55 | | | | 38 | 12 |
| किशनगंज | | | 2118 | | | | 386 | 232 |
| अररिया | | | 1388 | | | | 1287 | 908 |
| बांका | | | 1090 | | | | 190 | 216 |
| कैमूर | 1500 | | 1369 | | 921 | 218 | 511 | 235 |
| बक्सर | | | 10444 | | | | 419 | 264 |
| जमुई | | | 519 | | | | 170 | 245 |
| सुपौल | | | | | | | | |
| शिवहर | | | 233 | | | | 126 | 79 |
| लखीसराय | | | 1794 | | | | 63 | 65 |
| शेखपुरा | | | | | | | 18 | 14 |
| अरवल | | | 120 | | | | 10 | 9 |
| कटिहार | | | 3266 | | | | 375 | 506 |
| योग | 37200 | 62900 | 98693 | 79700 | 35585 | 30064 | 35008 | 28417 |

स्रोत : सहकारिता विभाग, बिहार सरकार

बिहार में कृषि क्षेत्र में विभिन्न स्रोतों से होने वाले ऋण प्रवाह के संबंध में प्रासंगिक सूचना तालिका 2.23 क में प्रस्तुत है। इसमें 2004-05 से 2010-11 तक की अवधि को शामिल किया गया है। चूंकि 2010-11 के लिए प्राप्त सूचनाएं पहले 6 महीनों के लिए ही हैं इसलिए उपलब्धि का निम्न स्तर आश्चर्य की बात नहीं है। कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह के स्रोत व्यावसायिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और केंद्रीय सहकारी बैंक हैं। देखा जा सकता है कि 2004-05 से 2009-10 तक वास्तविक ऋण प्रवाह वार्षिक लक्ष्य के 80 प्रतिशत के आसपास रहा है। वर्ष 2004-05 में उपलब्धि थोड़ी अधिक - 86.76 प्रतिशत थी। रकम के रूप में कुल ऋण प्रवाह 2004-05 से 2009-10 के बीच 273 प्रतिशत बढ़ा है। लेकिन जब हम मूल्यवृद्धि के कारक पर गौर करते हैं तो कृषि क्षेत्र हेतु ऋण की आपूर्ति नितांत अपर्याप्त लगती है। वर्ष 2009-10 में तीन प्रमुख ऋण स्रोतों का हिस्सा इस प्रकार पाया गया - व्यावसायिक बैंक 69.24 प्रतिशत, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 25.84 प्रतिशत तथा केंद्रीय सहकारी बैंक 4.92 प्रतिशत। अतएव यही दिखता है कि राज्य में कृषि ऋण के प्रमुख स्रोत व्यावसायिक बैंक ही हैं।

चूंकि व्यावसायिक बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कृषि क्षेत्र में अग्रिम देने के प्रति अनिच्छुक हैं इसलिए आदर्श स्थिति यही होगी कि सहकारी बैंक कृषि ऋण देने में प्रमुख भूमिका निभाएं। लेकन तालिका 2.23 ख से स्पष्ट है कि 2009-10 में भी बिहार के 38 में से 5 जिलों में वे अनुपस्थित हैं और तीन अन्य जिलों में उनकी उपस्थिति नाम मात्र की है। पुनः, लक्ष्य की तुलना में सहकारी बैंकों की उपलब्धि दर भी तीनों स्रोतों के बीच सबसे कम है। तालिका 2.23 ख से यह भी स्पष्ट है कि सहकारी बैंकों ने औरंगाबाद, पूर्व चंपारण, मधुबनी, समस्तीपुर, बेगूसराय और खगड़िया जैसे जिलों में कृषि ऋण उपलब्ध कराने में प्रमुख भूमिका निभाई। जिन जिलों में उनकी गतिविधि खास तौर पर कम है, वे हैं अरवल, शेखपुरा, जहानाबाद और मुंगेर।

किसान क्रेडिट कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिहाज से हाल के वर्षों में एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपकरण साबित हुआ है। इस योजना की शुरुआत 1999 में हुई थी। कृषि लागत सामग्रियों की खरीद के लिए इसके तहत अधिकतम 50,000 रु. ऋण दिया जाता है। वर्ष 2009-10 में लगभग 13.40 लाख किसान किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा से लाभान्वित हुए हैं (तालिका 2.24)। वर्ष 2008-09 तक किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में उपलब्धि का स्तर लक्ष्य के 60 प्रतिशत के आसपास रहा था। हालांकि इसमें सुधार हुआ है और 2009-10 में उपलब्धि का स्तर 89.30 प्रतिशत था। आने वाले वर्षों में किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा का विस्तार किया जाना चाहिए अन्यथा अत्यधिक ऊंची ब्याज दर वाले अनौपचारिक ऋण बाजार का प्रभुत्व किसानों, खास कर छोटे किसानों को त्रस्त करता रहेगा।

**तालिका 2.24 : किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण ( 2004-05 से 2010-11 )**

(कार्डों की संख्या)

| वर्ष | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (सितंबर 10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यावसायिक बैंक | लक्ष्य | 174850 | 143866 | 250000 | 300000 | 861429 | 861429 | 1148574 |
| | उपलब्धि | 140793 | 131618 | 203935 | 222478 | 505008 | 660997 | 381095 |
| | प्रतिशत | 80.52 | 91.49 | 81.57 | 74.16 | 58.62 | 76.73 | 33.18 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | लक्ष्य | 150500 | 129719 | 190000 | 228000 | 478571 | 478571 | 638093 |
| | उपलब्धि | 76891 | 66332 | 140071 | 168529 | 310257 | 397420 | 170420 |
| | प्रतिशत | 51.09 | 51.14 | 73.72 | 73.92 | 64.83 | 83.04 | 26.71 |
| केंद्रीय सहकारी बैंक | लक्ष्य | 470350 | 293166 | 160000 | 160000 | 160000 | 160000 | 213333 |
| | उपलब्धि | 245907 | 120653 | 55374 | 75533 | 81725 | 281122 | 164627 |
| | प्रतिशत | 52.28 | 41.16 | 34.61 | 47.21 | 51.08 | 175.70 | 77.17 |
| योग | लक्ष्य | 795700 | 566751 | 600000 | 688000 | 1500000 | 1500000 | 2000000 |
| | उपलब्धि | 463591 | 318603 | 399380 | 466540 | 896990 | 1339539 | 716142 |
| | प्रतिशत | 58.26 | 56.22 | 66.56 | 67.81 | 59.80 | 89.30 | 35.81 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

वर्ष 2001 से 2010 तक के लिए किसान क्रेडिट कार्डों की उपलब्धि तालिका 2.25 में प्रस्तुत है। देखा जा सकता है कि 2001 से 2010 तक की अवधि में उपलब्धि के स्तर में जिलों के बीच काफी भिन्नता है। वर्ष 2010 में किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्ति की संख्या के मामले में सबसे आगे तीन जिले समस्तीपुर (79,075), पूर्व चंपारण (74,330) तथा पश्चिम चंपारण (70,194) थे जबकि सबसे पीछे के तीन जिले शिवहर (6,036), शेखपुरा (6,315) और अरवल (6,691)। इसका उल्लेख भी किया जा सकता है कि 60,143 किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त किसानों वाले पटना जिले का सबके बीच पांचवां स्थान है।

**तालिका 2.25 : किसान क्रेडिट कार्ड की जिलावार उपलब्धि**

| जिला | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 9939 | 27779 | 15259 | 23113 | 20036 | 10801 | 26204 | 18048 | 26233 | 60143 | 237555 |
| नालंदा | 9023 | 18518 | 9820 | 20562 | 18229 | 13266 | 16297 | 16175 | 22281 | 34946 | 179117 |
| रोहतास | 9368 | 16368 | 11772 | 22363 | 7777 | 6674 | 15272 | 19590 | 33141 | 56523 | 198848 |
| कैमूर | 4060 | 8010 | 4314 | 5685 | 15015 | 5205 | 9624 | 12094 | 24102 | 31488 | 120397 |
| बक्सर | 2351 | 4253 | 2438 | 2862 | 4279 | 4051 | 8824 | 6775 | 10916 | 38447 | 85195 |
| भोजपुर | 7275 | 18386 | 19283 | 32437 | 21830 | 4833 | 17683 | 15918 | 27575 | 50759 | 215979 |
| गया | 3907 | 13618 | 12292 | 22998 | 18865 | 8601 | 19716 | 16371 | 52571 | 40101 | 209040 |
| औरंगाबाद | 5093 | 11189 | 7593 | 31358 | 17569 | 12707 | 9272 | 8638 | 28077 | 42494 | 173990 |
| जहानाबाद | 1595 | 3462 | 2029 | 1807 | 3818 | 2381 | 5681 | 5348 | 12261 | 16095 | 54477 |
| अरवल | | | 923 | 1275 | 2058 | 1052 | 2698 | 2932 | 4443 | 6691 | 22072 |
| नवादा | 6782 | 15756 | 13622 | 27525 | 11264 | 7668 | 11281 | 11217 | 25992 | 24837 | 155944 |
| सारण | 6276 | 9290 | 6246 | 4677 | 8845 | 9190 | 8881 | 14127 | 24233 | 32706 | 124471 |
| सीवान | 6367 | 17482 | 10134 | 18995 | 10809 | 7074 | 10551 | 14545 | 27750 | 38536 | 162243 |
| गोपालगंज | 2418 | 7285 | 7164 | 19734 | 12938 | 5413 | 11205 | 13396 | 29824 | 42890 | 152267 |
| मुजफ्फरपुर | 4723 | 6946 | 7851 | 14331 | 22390 | 7517 | 15270 | 20050 | 36197 | 61028 | 196303 |
| सीतामढ़ी | 3546 | 17901 | 15796 | 29720 | 9027 | 6814 | 10883 | 24403 | 19944 | 34675 | 172709 |
| शिवहर | 228 | 140 | 140 | 173 | 425 | 1309 | 1538 | 2617 | 6646 | 6036 | 19252 |
| पश्चिम चंपारण | 8562 | 22470 | 16341 | 26005 | 27614 | 31407 | 35212 | 32431 | 47446 | 70194 | 317682 |
| पूर्व चंपारण | 4967 | 6768 | 8077 | 19515 | 19279 | 14701 | 21053 | 26210 | 45138 | 74330 | 240030 |
| वैशाली | 3826 | 12469 | 7121 | 18707 | 15312 | 12409 | 15141 | 17144 | 30629 | 38763 | 171521 |
| दरभंगा | 2911 | 11867 | 9053 | 1459 | 6751 | 3816 | 7783 | 8011 | 20738 | 43993 | 116382 |
| समस्तीपुर | 14169 | 20043 | 16300 | 38406 | 20970 | 21759 | 14954 | 22783 | 38361 | 79075 | 286820 |
| मधुबनी | 4498 | 17535 | 11425 | 29187 | 25258 | 12656 | 9559 | 15598 | 35420 | 38578 | 199714 |
| सहरसा | 1738 | 1019 | 939 | 1118 | 2906 | 2195 | 5513 | 7250 | 13835 | 21763 | 58216 |
| सुपौल | 1957 | 1840 | 1553 | 1216 | 3424 | 2838 | 5593 | 6296 | 57130 | 22830 | 104677 |
| मधेपुरा | 6392 | 6722 | 4537 | 854 | 2844 | 2962 | 4679 | 6056 | 11620 | 12309 | 58975 |
| पूर्णिया | 26975 | 29687 | 19063 | 39782 | 25036 | 11791 | 12350 | 13477 | 27434 | 51210 | 256805 |
| अररिया | 741 | 1923 | 1511 | 1988 | 6264 | 13238 | 9170 | 8558 | 16324 | 20225 | 79942 |
| किशनगंज | 1104 | 871 | 1140 | 1287 | 4977 | 8952 | 5484 | 7393 | 13680 | 14645 | 59533 |
| कटिहार | 5611 | 8840 | 13472 | 26457 | 23531 | 12329 | 9565 | 12213 | 19833 | 29760 | 161611 |
| भागलपुर | 7468 | 42207 | 20957 | 40851 | 9366 | 4726 | 9223 | 11477 | 22734 | 44740 | 213749 |
| बांका | 441 | 1847 | 1145 | 896 | 3395 | 3138 | 4141 | 4282 | 9463 | 21232 | 49980 |
| मुंगेर | 3190 | 6575 | 7727 | 19611 | 10244 | 2869 | 3967 | 5608 | 10756 | 16559 | 87106 |
| लखीसराय | 258 | 1417 | 764 | 1225 | 2447 | 2353 | 3422 | 4587 | 10054 | 11401 | 37928 |
| बेगूसराय | 3469 | 16433 | 12431 | 24782 | 35001 | 21426 | 9352 | 14712 | 20694 | 57130 | 215430 |
| जमुई | 957 | 1381 | 1485 | 1828 | 3352 | 4113 | 3777 | 7382 | 13458 | 15779 | 53512 |
| खगड़िया | 4034 | 12421 | 9365 | 18483 | 19707 | 9028 | 5528 | 9296 | 12375 | 30313 | 130550 |
| शेखपुरा | 201 | 1197 | 649 | 880 | 1503 | 2216 | 2317 | 3532 | 7882 | 6315 | 26692 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## 2.7 पशुपालन

कृषि के अलावा पशुधन और दुग्ध उत्पादन ग्रामीण जीविका तथा रोजगार के अवसरों के लिए एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राज्य की अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि ग्रामीण आय में यह एक-तिहाई का योगदान करता है। इसके अलावा, राज्य की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां ढेर सारे लोग या तो भूमिहीन हैं या एक हे. से कम जोत वाले सीमांत किसान, लाभप्रद रोजगार देने के लिहाज से पशुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पशुपालन क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

वर्ष 2003 की पशुगणना के अनुसार राज्य में पशुधन की कुल संख्या 407.88 लाख है। इसमें से 39.8 प्रतिशत दुधारू पशु हैं जिनमें गायों की संख्या 104.7 लाख है और भैंसों की 57.66 लाख (तालिका 2.26)। राज्य में गरीबों की गाय के नाम से मशहूर बकरियों की भी अच्छी-खासी संख्या (96.06 लाख) है। राज्य में मुर्गियों-बत्तखों की भी काफी बड़ी संख्या है - 139.68 लाख। इतना बड़ा पशुधन क्षेत्र होने से इसके विकास की प्रचुर संभावना मौजूद है। अधिकांश ग्रामीण परिवारों भूमिहीन या सीमांत किसान हैं। फलतः यह जीवन-निर्वाहमूलक क्षेत्र के बतौर काम करता है। हाल के वर्षों में अर्थव्यवस्था के पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार ने अनेक पहलकदमियां ली हैं। इन पहलकदमियों में नस्ल की उन्नति, स्वास्थ्य एवं पोषण, दुधारू जानवरों के लिए बीमा योजना तथा पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादों का विपणन शामिल है। पशुधन के विकास और इस क्षेत्र में अधिक उत्पादन से ग्रामीण बिहार आर्थिक प्रगति हेतु ठोस आधार तैयार करने में बहुत मदद मिलेगी।

पशुधन के आंकड़ों से बिहार में पशुधन की कुल संख्या में विभिन्न जिलों के हिस्सों के बीच मौजूद भारी अंतर का पता चलता है। गायों-भैसों की संख्या के मामले में सर्वाधिक संख्या वाले जिले पटना, भोजपुर, गया, बांका, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, मधुबनी और पूर्णिया हैं। बकरियों और मुर्गियों-बत्तखों के मामले में प्रचुर संकेंद्रण वाले जिले पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार हैं।

## तालिका 2.26 : बिहार में जिलावार पशुधन (2003)

(आंकड़े हजार में)

| जिला | गाय | भैंस | सूअर | भेड़ | बकरी | मुर्गी–बत्तख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 315.1 (3.0) | 265.8 (4.6) | 51.0 (8.1) | 17.5 (5.0) | 196.6 (2.0) | 383.7 (2.7) |
| नालंदा | 199.5 (1.9) | 219.3 (3.8) | 23.1 (3.7) | 6.2 (1.8) | 171.1 (1.8) | 395.6 (2.8) |
| रोहतास | 254.7 (2.4) | 321.9 (5.6) | 12.5 (2.0) | 28.8 (8.3) | 195.1 (2.0) | 315.2 (2.3) |
| कैमूर | 212.8 (2.0) | 191.1 (3.3) | 4.7 (0.7) | 29.6 (8.5) | 104.5 (1.1) | 216.3 (1.5) |
| बक्सर | 138.2 (1.3) | 161.8 (2.8) | 8.5 (1.3) | 20.0 (5.8) | 70.8 (0.7) | 126.6 (0.9) |
| भोजपुर | 213.8 (2.0) | 228.6 (4.0) | 17.2 (2.8) | 43.6 (12.6) | 133.4 (1.4) | 238.3 (1.7) |
| गया | 640.2 (6.1) | 278.1 (4.8) | 119.1 (19.0) | 18.0 (5.2) | 442.6 (4.6) | 886.1 (6.3) |
| औरंगाबाद | 405.5 (3.9) | 175.2 (3.0) | 20.7 (3.3) | 47.6 (13.7) | 227.5 (2.4) | 365.0 (2.6) |
| जहानाबाद | 80.0 (0.8) | 105.7 (1.8) | 19.0 (3.0) | 4.5 (1.3) | 63.5 (0.7) | 124.1 (0.9) |
| अरवल | 52.0 (0.5) | 38.5 (0.7) | 2.5 (0.4) | 4.6 (1.3) | 39.6 (0.4) | 58.4 (0.4) |
| नवादा | 321.3 (3.1) | 121.6 (2.1) | 47.3 (7.5) | 6.0 (1.7) | 226.7 (2.4) | 315.2 (2.3) |
| सारण | 243.8 (2.3) | 154.7 (2.7) | 10.7 (1.7) | 7.9 (2.3) | 196.5 (2.0) | 237.6 (1.7) |
| सीवान | 249.9 (2.4) | 140.7 (2.4) | 12.3 (2.0) | 2.4 (0.7) | 210.7 (2.2) | 248.3 (1.8) |
| गोपालगंज | 188.6 (1.8) | 118.3 (2.1) | 7.6 (1.2) | 1.2 (0.3) | 216.3 (2.3) | 215.4 (1.5) |
| मुजफ्फरपुर | 411.4 (3.9) | 299.9 (5.2) | 12.3 (2.0) | 1.7 (0.5) | 451.0 (4.7) | 434.0 (3.1) |
| सीतामढ़ी | 216.9 (2.1) | 169.5 (2.9) | 12.6 (2.0) | 1.3 (0.4) | 307.3 (3.2) | 316.8 (2.3) |
| शिवहर | 31.3 (0.3) | 25.9 (0.4) | 1.4 (0.2) | - | 72.5 (0.8) | 75.4 (0.5) |
| पश्चिम चंपारण | 427.5 (4.1) | 222.3 (3.9) | 21.6 (3.4) | 4.5 (1.3) | 510.6 (5.3) | 762.4 (5.5) |
| पूर्व चंपारण | 294.6 (2.8) | 223.7 (3.9) | 12.8 (2.0) | 2.8 (0.8) | 529.9 (5.5) | 518.8 (3.7) |
| वैशाली | 181.1 (1.7) | 145.0 (2.5) | 2.1 (0.3) | 4.5 (1.3) | 235.9 (2.5) | 411.4 (2.9) |
| दरभंगा | 216.0 (2.1) | 170.3 (3.0) | 6.6 (1.1) | 0.7 (0.2) | 197.4 (2.1) | 417.8 (3.0) |
| समस्तीपुर | 362.0 (3.5) | 213.2 (3.7) | 2.9 (0.5) | 5.8 (1.7) | 284.2 (3.0) | 230.0 (1.6) |
| मधुबनी | 451.8 (4.3) | 255.1 (4.4) | 12.0 (1.9) | 41.6 (12.0) | 321.2 (3.3) | 322.1 (2.3) |
| सहरसा | 259.4 (2.5) | 126.5 (2.2) | 6.3 (1.0) | 0.3 (0.1) | 275.0 (2.9) | 180.5 (1.3) |
| सुपौल | 399.8 (3.8) | 149.8 (2.6) | 7.5 (1.2) | 5.5 (1.6) | 394.6 (4.1) | 275.7 (2.0) |
| मधेपुरा | 248.3 (2.4) | 122.1 (2.1) | 9.2 (1.5) | 1.2 (0.3) | 285.7 (3.0) | 143.9 (1.0) |
| पूर्णिया | 413.4 (3.9) | 192.6 (3.3) | 26.7 (4.3) | 0.2 (0.1) | 433.9 (4.5) | 895.9 (6.4) |
| अररिया | 395.6 (3.8) | 155.8 (2.7) | 13.0 (2.1) | 0.6 (0.20 | 441.1 (4.6) | 827.6 (5.9) |
| किशनगंज | 267.5 (2.6) | 45.2 (0.8) | 4.3 (0.7) | 0.2 (0.1) | 282.9 (2.9) | 1051.5 (7.5) |
| कटिहार | 401.3 (3.8) | 69.9 (1.2) | 15.3 (2.4) | 6.7 (1.9) | 445.3 (4.6) | 1360.9 (9.7) |
| भागलपुर | 345.5 (3.3) | 132.3 (2.3) | 5.0 (0.8) | 0.7 (0.2) | 349.5 (3.6) | 425.6 (3.0) |
| बांका | 472.9 (4.5) | 120.5 (2.1) | 18.6 (3.0) | 10.7 (3.1) | 368.3 (3.8) | 360.2 (2.6) |
| मुंगेर | 143.3 (1.4) | 53.7 (0.9) | 6.4 (1.0) | 0.7 (0.2) | 140.1 (1.5) | 102.8 (0.7) |
| लखीसराय | 114.5 (1.1) | 53.2 (0.9) | 7.5 (1.2) | 0.1 (0.0) | 92.9 (1.0) | 57.7 (0.4) |
| बेगूसराय | 278.9 (2.7) | 101.6 (1.8) | 3.8 (0.6) | 1.3 (0.4) | 141.4 (1.5) | 187.2 (1.3) |
| जमुई | 388.3 (3.7) | 67.2 (1.2) | 50.4 (8.0) | 16.5 (4.8) | 299.0 (3.1) | 266.4 (1.9) |
| खगड़िया | 174.5 (1.7) | 82.7 (1.4) | 4.4 (0.7) | 0.0 (0.0) | 191.9 (2.0) | 130.9 (0.9) |
| शेखपुरा | 58.8 (0.6) | 46.4 (0.8) | 8.2 (1.3) | 0.7 (0.2) | 59.3 (0.6) | 86.2 (0.6) |
| बिहार | 10470.2 (100.0) | 5765.7 (100.0) | 627.0 (100.0) | 346.3 (100.0) | 9605.7 (100.0) | 13967.8 (100.0) |

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े जिलों का हिस्सा दर्शाते हैं।

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

पशुपालन प्रक्षेत्र में उत्पादन स्तर तालिका 2.27 में प्रस्तुत है। दूध इस प्रक्षेत्र का प्रमुख उत्पाद है। दूध का उत्पादन 2001-02 में 26,318 लाख किग्रा था जो 12.92 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़कर 2009-10 में 61,240 लाख किग्रा. हो गया। इसी अवधि में अंडों के उत्पादन में 6.01 प्रतिशत वृद्धि दिखी। वर्ष 2000-01 के आरंभिक स्तर - 74.00 करोड़ से बढ़कर अंडों का उत्पादन 2009-10 में 110.13 करोड़ हो गया। सिर्फ ऊन के मामले में उत्पादन में गिरावट आई है जो 2001-02 के 4.24 लाख किग्रा से घटकर 2009-10 में 2.60 लाख किग्रा रह गया।

**तालिका 2.27 : बिहार में पशुधन उत्पादन**

| वर्ष | कुल दूध (लाख किग्रा में) | अंडे (करोड़ में) | ऊन (लाख किग्रा में) |
|---|---|---|---|
| 2001-02 | 2631790.00 | 74.00 | 4.24 |
| 2002-03 | 2869320.00 | 74.00 | 3.62 |
| 2003-04 | 3175720.00 | 78.00 | 3.94 |
| 2004-05 | 2974000.00 | 79.00 | 3.78 |
| 2005-06 | 5059529.00 | 100.00 | 2.20 |
| 2006-07 | 5449678.00 | 94.00 | 2.31 |
| 2007-08 | 5585000.00 | 105.50 | 2.42 |
| 2008-09 | 5933923.00 | 107.93 | 2.50 |
| 2009-10 | 6124018.01 | 110.13 | 2.60 |
| वार्षिक वृद्धि दर | 12.92 | 6.01 | -7.28 |

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

बिहार में पशुपालन क्षेत्र के कामकाज के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार पशुओं की चिकित्सा, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, प्रतिरक्षण और चारा बीजों का मुफ्त वितरण आदि योजनाएं चला रही है। वर्ष 2009-10 और 2010-11 (अक्तूबर तक) हेतु इन सेवाओं के विवरण तालिका 2.28 में प्रस्तुत हैं। बिहार में 2009-10 में कुल मिलाकर 23.79 लाख पशुओं की चिकित्सा और 156.00 लाख पशुओं का प्रतिरक्षण किया गया था। चारा बीज के मुफ्त वितरण के जरिए प्रदान की गई सेवा भी अच्छी-खासी थी क्योंकि 2,358 क्विंटल बीज वितरित किए गए थे। हालांकि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि ये सेवाएं सभी जिलों में समान रूप से उपलब्ध नहीं थीं।

बिहार के विभिन्न जिलों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में 2006-07 से 2010-11 तक (अक्तूबर तक) के प्रासंगिक आंकड़े तालिका 2.29 में प्रस्तुत हैं। यह सेवा 2007-08 में अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंची जब 2.51 लाख पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया गया। उसके बाद 2009-10 में इसमें गिरावट दिखी जब 2.36 लाख पशुओं का ही कृत्रिम गर्भाधान हुआ। हालांकि वर्ष 2010-11 में अभी तक लगभग 1.46 लाख पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया जा चुका है और अंतिम आंकड़े के गत वर्ष से आगे बढ़ जाने की आशा है।

### तालिका 2.28 : बिहार में पशुधन प्रजनन तथा स्वास्थ्य में उपलब्धियों का जिलावार विवरण

| जिला | 2009-10 | | | | 2010-11 (अक्तूबर 2010 तक) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | चिकित्सित पशु (लाख में) | बधियाकरण (लाख में) | प्रतिरक्षण (लाख में) | चारा बीज का मुफ्त वितरण (क्विंटल में) | चिकित्सित पशु (लाख में) | बधियाकरण (लाख में) | प्रतिरक्षण (लाख में) | चारा बीज का मुफ्त वितरण (क्विंटल में) |
| पटना | 1.36 | 0.04 | 6.36 | 213.07 | 0.76 | 0.01 | 6.26 | 42.00 |
| नालंदा | 0.84 | 0.31 | 3.69 | 181.81 | 0.50 | 0.02 | 4.97 | 65.00 |
| रोहतास | 0.93 | 0.06 | 5.90 | 134.11 | 0.62 | 0.04 | 4.95 | 60.93 |
| कैमूर | - | 0.02 | 3.44 | 108.69 | - | 0.01 | 4.10 | 3.60 |
| बक्सर | 0.22 | 0.02 | 2.64 | 81.43 | 0.11 | 0.01 | 3.45 | 12.30 |
| भोजपुर | 0.69 | 0.02 | 2.98 | 135.21 | 0.39 | 0.02 | 4.30 | 26.00 |
| गया | 0.82 | 0.22 | 8.09 | 264.52 | 0.52 | 0.03 | 9.23 | 42.43 |
| औरंगाबाद | 0.66 | 0.44 | 4.97 | 24.93 | 0.48 | 0.03 | 5.50 | - |
| जहानाबाद | 0.30 | 0.08 | 2.04 | 63.01 | 0.21 | 0.06 | 2.74 | 29.35 |
| अरवल | 0.20 | 0.01 | 1.90 | 34.21 | 0.15 | 0.01 | 2.50 | 6.27 |
| नवादा | 0.77 | 0.52 | 4.67 | 97.46 | 0.35 | 0.03 | 5.67 | 26.67 |
| सारण | 0.64 | 0.03 | 2.34 | 3.98 | 0.41 | 0.00 | 4.55 | - |
| सीवान | 0.35 | 0.14 | 5.48 | - | 0.22 | 0.01 | 3.55 | - |
| गोपालगंज | 0.39 | 0.03 | 3.47 | - | 0.19 | 0.00 | 4.15 | - |
| मुजफ्फरपुर | 1.25 | 0.08 | 6.92 | 65.75 | 0.60 | 0.00 | 5.38 | 28.12 |
| सीतामढ़ी | 0.40 | 0.08 | 3.91 | 72.91 | 0.16 | 0.00 | 4.50 | - |
| शिवहर | 0.08 | 0.00 | 1.82 | - | 0.06 | 0.00 | 1.70 | - |
| पश्चिम चंपारण | 0.49 | 0.01 | 6.35 | 11.87 | 0.28 | 0.00 | 4.86 | 31.58 |
| पूर्व चंपारण | 0.62 | 0.04 | 5.95 | 14.14 | 0.59 | 0.03 | 2.60 | 46.76 |
| वैशाली | 0.70 | 0.02 | 3.68 | 82.50 | 0.36 | 0.01 | 2.68 | 28.12 |
| दरभंगा | 0.88 | 0.03 | 3.71 | 12.00 | 0.57 | 0.03 | 4.70 | 177.30 |
| समस्तीपुर | 1.18 | 0.02 | 4.46 | 9.50 | 0.88 | 0.02 | 5.19 | 36.60 |
| मधुबनी | 1.00 | 0.04 | 6.70 | 12.01 | 0.57 | 0.03 | 5.65 | 62.70 |
| सहरसा | 0.55 | 0.05 | 2.34 | 37.50 | 0.34 | 0.00 | 4.47 | 117.50 |
| सुपौल | 1.90 | 0.04 | 4.98 | 120.00 | 0.39 | 0.01 | 6.00 | 119.30 |
| मधेपुरा | 0.68 | 0.03 | 2.39 | 160.55 | 0.44 | 0.02 | 4.40 | 96.50 |
| पूर्णिया | 0.61 | 0.04 | 5.37 | 2.50 | 0.35 | 0.00 | 6.30 | 44.53 |
| अररिया | 0.47 | 0.03 | 5.15 | - | 0.28 | 0.03 | 6.60 | 17.95 |
| किशनगंज | 0.29 | 0.02 | 3.14 | - | 0.21 | 0.00 | 5.00 | 23.00 |
| कटिहार | 0.53 | 0.04 | 4.59 | - | - | - | - | - |
| भागलपुर | 1.01 | 0.04 | 6.04 | 184.00 | 0.41 | 0.23 | 5.45 | 39.43 |
| बांका | 0.70 | 0.02 | 3.05 | 130.00 | 0.04 | 0.02 | 5.60 | - |
| मुंगेर | 0.33 | 0.02 | 2.42 | 68.82 | 0.24 | 0.12 | 4.03 | 97.50 |
| लखीसराय | 0.13 | 0.01 | 2.48 | 31.60 | 0.13 | 0.08 | 2.58 | 58.50 |
| बेगूसराय | 0.62 | 0.04 | 3.92 | - | 0.46 | 0.01 | 4.89 | 56.70 |
| जमुई | 0.33 | 0.02 | 3.80 | - | 0.18 | 0.12 | 6.00 | - |
| खगड़िया | 0.50 | 0.03 | 2.70 | - | 0.44 | 0.02 | 3.41 | 47.25 |
| शेखपुरा | 0.37 | 0.05 | 2.16 | - | 0.24 | 0.14 | 2.12 | 51.80 |
| **कुल योग** | **23.79** | **2.74** | **156.00** | **2358.08** | **13.13** | **1.20** | **170.03** | **1495.69** |

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

**तालिका 2.29 : कृत्रिम गर्भाधान की उपलब्धियों का जिलावार विवरण**

(लाख में)

| जिला | कृत्रिम गर्भाधान | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तूबर 2010) |
| पटना | 0.12 | 0.22 | 0.17 | 0.21 | 0.22 |
| नालंदा | 0.05 | 0.05 | - | 0.09 | 0.06 |
| रोहतास | 0.10 | 0.19 | 0.12 | 0.13 | 0.04 |
| कैमूर | - | - | - | - | - |
| बक्सर | - | - | - | - | - |
| भोजपुर | 0.04 | 0.13 | 0.09 | 0.15 | 0.08 |
| गया | 0.07 | 0.08 | 0.09 | 0.11 | 0.08 |
| औरंगाबाद | 0.03 | 0.04 | 0.05 | 0.08 | 0.06 |
| जहानाबाद | 0.08 | 0.07 | 0.07 | 0.03 | 0.02 |
| अरवल | - | - | - | 0.03 | 0.03 |
| नवादा | 0.05 | 0.07 | 0.08 | 0.13 | 0.09 |
| सारण | 0.09 | 0.12 | 0.00 | 0.03 | 0.04 |
| सीवान | 0.09 | 0.10 | 0.03 | 0.02 | 0.02 |
| गोपालगंज | 0.13 | 0.16 | 0.07 | 0.07 | 0.02 |
| मुजफ्फरपुर | 0.51 | 0.07 | 0.04 | 0.12 | 0.08 |
| सीतामढ़ी | - | - | - | - | 0.02 |
| शिवहर | - | - | - | - | - |
| पश्चिम चंपारण | - | - | - | 0.01 | 0.02 |
| पूर्व चंपारण | 0.02 | 0.03 | 0.01 | - | - |
| वैशाली | 0.62 | 0.35 | 0.03 | 0.11 | 0.05 |
| दरभंगा | 0.02 | 0.02 | 0.02 | 0.04 | 0.06 |
| समस्तीपुर | 0.03 | 0.06 | 0.02 | 0.09 | 0.02 |
| मधुबनी | 0.02 | 0.02 | 0.01 | 0.03 | 0.02 |
| सहरसा | 0.04 | 0.04 | - | - | - |
| सुपौल | - | - | - | - | - |
| मधेपुरा | 0.02 | 0.02 | 0.05 | 0.06 | 0.07 |
| पूर्णिया | 0.04 | 0.04 | 0.04 | 0.04 | 0.03 |
| अररिया | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.03 | 0.03 |
| किशनगंज | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.01 | 0.01 |
| कटिहार | 0.03 | 0.02 | 0.01 | 0.00 | 0.01 |
| भागलपुर | 0.05 | 0.12 | 0.03 | 0.05 | 0.10 |
| बांका | - | - | - | - | 0.03 |
| मुंगेर | 0.06 | 0.15 | 0.03 | 0.05 | 0.08 |
| लखीसराय | - | - | - | 0.01 | 0.01 |
| बेगूसराय | 0.05 | 0.09 | 0.06 | 0.07 | 0.04 |
| जमुई | - | - | - | 0.04 | 0.01 |
| खगड़िया | - | 0.23 | 0.25 | 0.48 | 0.02 |
| शेखपुरा | - | - | - | 0.04 | 0.03 |
| **कुल योग** | **2.38** | **2.51** | **1.41** | **2.36** | **1.46** |

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

**मत्स्य उत्पादन**

बिहार में जल क्षेत्र का 361 हजार हे. में विस्तार है जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 3.9 प्रतिशत है। अतएव मत्स्यपालन के जरिए ग्रामीण परिवारों को लाभप्रद रोजगार उपलब्ध कराने का प्रचुर अवसर उपलब्ध है। राज्य में मत्स्य उत्पादन में लगातार वृद्धि होती दिख रही है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में मत्स्य उत्पादन क्षेत्र का योगदान गत दस वर्षों के दौरान दूना हो गया है। बेहतर प्रबंधन तथा मत्स्यपालकों के लिए ऋण प्रवाह से यह क्षेत्र विकास के नए युग में प्रवेश करेगा और सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि में इसका योगदान बढ़ेगा। वर्ष 2004-05 में बिहार में कुल मछली उत्पादन 2.67 लाख टन था। उसके बाद से मछली उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई और इसका स्तर 2008-09 में 3.06 लाख तक पहुंच गया। वर्ष 2009-10 में उत्पादन का स्तर गिरकर 2.97 लाख टन पर आ गया। मछली उत्पादन का वर्षवार विवरण तालिका 2.30 में प्रस्तुत है। तालिका के आधार पर आकलित किया गया है कि 2004-05 से 2009-10 के बीच वार्षिक वृद्धि दर 2.58 प्रतिशत है।

**तालिका 2.30 : बिहार में मछली का वार्षिक उत्पादन**

| वर्ष | मछली का उत्पादन (लाख टन) |
|---|---|
| 2004-05 | 2.67 |
| 2005-06 | 2.79 |
| 2006-07 | 2.67 |
| 2007-08 | 2.88 |
| 2008-09 | 3.06 |
| 2009-10 | 2.97 |
| वार्षिक चक्रवृद्धि दर | 2.58 |

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

राज्य सरकार ने आम तौर पर मत्स्य उत्पादन क्षेत्र और खास तौर पर मत्स्यपालकों की बेहतरी के लिए अनेक कदम उठाए हैं। बेहतर ऋण सुविधाओं तथा मत्स्यपालकों के शिक्षण-प्रशिक्षण के रूप में प्रसार सेवाओं के प्रावधान इस क्षेत्र में विकास के महत्वपूर्ण प्रतिमान हैं। अंगुलिकाओं का वितरण, मत्स्यपालकों को प्रशिक्षण, निजी तालाबों के रखरखाव तथा जीर्णोद्धार के लिए ऋण वितरण तथा मछुआरों के लिए मुफ्त मकान जैसी राज्य सरकार की योजनाओं से मछुआरे काफी लाभान्वित हुए हैं। वर्ष 2009-10 में राज्य में रिकॉर्ड 3,307.85 लाख मत्स्यबीजों का उत्पादन और वितरण हुआ था। वर्ष 2009-10 में हुए मत्स्य तथा मत्स्यबीज उत्पादन के जिलावार आंकड़े तालिका 2.31 में प्रस्तुत हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि दरभंगा प्रमंडल के दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिले मछली के प्रमुख उत्पादक हैं। बिहार के कुल मछली उत्पादन में इन जिलों का हिस्सा इस प्रकार है - दरभंगा 16.90 हजार टन (5.68 प्रतिशत), मधुबनी 16.49 हजार टन (5.54 प्रतिशत) तथा समस्तीपुर 12.40 हजार टन (4.17 प्रतिशत)।

**तालिका 2.31 : बिहार में 2009-10 में जिलावार मछली और मत्स्यबीज उत्पादन**

| जिला | 2009-10 | |
|---|---|---|
| | मछली उत्पादन (हजार टन) | मत्स्यबीज (लाख) |
| पटना | 9.65 | 8.00 |
| नालंदा | 10.00 | 143.00 |
| रोहतास + कैमूर | 7.00 | 90.50 |
| बक्सर | 5.20 | 0.00 |
| भोजपुर | 4.30 | 2.36 |
| गया | 1.65 | 0.00 |
| औरंगाबाद | 7.60 | 175.00 |
| जहानाबाद + अरवल | 3.20 | 0.00 |
| नवादा | 8.09 | 13.00 |
| सारण | 13.90 | 100.00 |
| सीवान | 3.35 | 140.00 |
| गोपालगंज | 9.80 | 0.00 |
| मुजफ्फरपुर | 14.08 | 197.00 |
| सीतामढ़ी + शिवहर | 15.30 | 160.00 |
| पश्चिम चंपारण | 14.30 | 232.00 |
| पूर्व चंपारण | 12.65 | 161.80 |
| वैशाली | 9.40 | 0.00 |
| दरभंगा | 16.90 | 270.00 |
| समस्तीपुर | 12.40 | 0.00 |
| मधुबनी | 16.49 | 221.00 |
| सहरसा | 12.00 | 180.00 |
| सुपौल | 5.50 | 63.00 |
| मधेपुरा | 10.55 | 90.00 |
| पूर्णिया | 8.50 | 50.00 |
| अररिया | 3.92 | 41.00 |
| किशनगंज | 4.46 | 58.19 |
| कटिहार | 12.30 | 220.00 |
| भागलपुर | 7.96 | 127.00 |
| बांका | 5.00 | 45.00 |
| मुंगेर + शेखपुरा + लखीसराय | 9.30 | 90.00 |
| बेगूसराय | 9.90 | 255.00 |
| जमुई | 3.75 | 20.00 |
| खगड़िया | 9.00 | 155.00 |
| **बिहार** | **297.40** | **3307.85** |

स्रोत : पशुपालन विभाग, बिहार सरकार

# अध्याय 3

# उद्यम क्षेत्र

### 3.1 भूमिका

बिहार का उद्यम क्षेत्र देश में सबसे छोटा है और देश उद्यम क्षेत्र में इसका मात्र 1.22 प्रतिशत हिस्सा है। बिहार का औद्योगिक क्षेत्र इसके शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग 16 प्रतिशत का ही योगदान करता है जबकि राष्ट्रीय औसत 26 प्रतिशत है। विभाजन के परिणामस्वरूप शेष बिहार में औद्योगिक इकाइयों के शुद्ध मूल्यवर्धन का हिस्सा 2002-03 में मात्र 17.9 प्रतिशत ही बचा था जबकि शेष 82.1 प्रतिशत झारखंड में चला गया था। ऐसा स्पष्टतः लगभग सारा खनिज उत्पादक क्षेत्र झारखंड राज्य में चले जाने के कारण हुआ था और वर्तमान बिहार में बहुत सीमित बड़े, मंझोले और छोटे उद्यम बच गए थे।

हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र में आई मंदी से बड़े पैमाने पर उबरने की प्रक्रिया 2009-10 में ही शुरू हो गई थी लेकिन बिहार में खनन/ प्रस्तर खनन और विनिर्माण क्षेत्र के मामले में निबंधित और अनिबंधित, दोनों ही क्षेत्रों में ह्रासोन्मुख रुझान रहा था। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 5 प्रतिशत से भी कम है और निबंधित विनिर्माण क्षेत्र का तो और भी कम जिसमें इस अवधि में तेज गिरावट दर्ज की गई। खनन/ प्रस्तर खनन के हिस्से में भी 2009-10 में गिरावट दर्ज की गई। तथापि निर्माण क्षेत्र राज्य में विकास प्रक्रिया का मुख्य वाहक साबित हुआ जिसका हिस्सा 2004-05 के 5.52 प्रतिशत से 2009-10 में लगभग दूना होकर 11.18 प्रतिशत पहुंच गया।

**तालिका 3.1 : बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में खनन/ प्रस्तर खनन, विनिर्माण, निर्माण, विद्युत, जलापूर्ति और गैस इकाइयों का अनुपात**

| क्षेत्र | 2004-05 | 2007-08 | 2009-10 |
|---|---|---|---|
| 1. खनन/ प्रस्तर खनन | 0.06 | 0.06 | 0.05 |
| 2. विनिर्माण | 5.79 | 5.31 | 4.16 |
| (क) निबंधित | 1.48 | 1.17 | 0.6 |
| (ख) अनिबंधित | 4.30 | 4.14 | 3.31 |
| 3. निर्माण | 5.52 | 9.76 | 11.18 |
| 4. विद्युत/ जलापूर्ति/ गैस | 1.52 | 1.36 | 1.27 |
| 5. 2004-05 के स्थिर मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रु.) | 75608 (100.0) | 98648 (100.0) | 123489 (100.0) |

स्रोत : सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार सरकार

### 3.2 वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण के परिणाम

वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण के अनुसार 2005-06 में बिहार में मौजूद कुल कारखानों का प्रतिशत 1.19 था जो 2007-08 में थोड़ा बढ़कर 1.22 प्रतिशत हो गया। लेकिन कार्यशील पूंजी, नियोजित व्यक्तियों तथा उत्पादों के मूल्य जैसे अन्य तथ्यों के लिहाज से 2007-08 में गिरावट आई (तालिका 3.2)। हालांकि शुद्ध मूल्यवर्धन में वृद्धि दर्ज हुई (2005-06 में 0.14 प्रतिशत से 2007-08 में 0.24 प्रतिशत)।

**तालिका 3.2 : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण ( 2005-06 और 2007-08 )**

| विशेषताएं | 2005-06 | | | 2007-08 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | भारत | बिहार | | भारत | बिहार | |
| | | योग | % हिस्सा | | योग | % हिस्सा |
| कारखानों की संख्या | 140160 | 1669 | 1.19 | 146385 | 1785 | 1.22 |
| स्थिर पूंजी (लाख रु.) | 60694028 | 292352 | 0.48 | 84513209 | 301470 | 0.36 |
| कार्यशील पूंजी (लाख रु.) | 18446260 | 141541 | 0.77 | 31695306 | 163563 | 0.52 |
| कुल नियोजित व्यक्ति | 9111680 | 67447 | 0.74 | 10452535 | 73676 | 0.70 |
| उत्पादों के मूल्य (लाख रु.) | 190835548 | 1678498 | 0.88 | 277570904 | 2187362 | 0.79 |
| शुद्ध मूल्यवर्धन (लाख रु.) | 31186419 | 42223 | 0.14 | 48159268 | 115947 | 0.24 |

स्रोत : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण 2005-06 तथा 2007-08

संपूर्ण भारत के स्तर पर कारखानों की संख्या में 2005-06 और 2007-08 के बीच कृषि आधारित और गैर-कृषि आधारित, दोनों श्रेणियों में वृद्धि हुई लेकिन वृद्धि गैर-कृषि आधारित कारखानों के मामले में अधिक थी (तालिका 3.3)। हालांकि बिहार में कृषि आधारित कारखानों में 2007-08 में गिरावट दर्ज की गई और गैर-कृषि आधारित कारखानों की संख्या में वृद्धि। पुनः, बिहार में चालू कृषि आधारित कारखानों के प्रतिशत में भारी गिरावट दर्ज की गई जो 2005-06 के 93.62 प्रतिशत से 2007-08 में 86.70 प्रतिशत रह गया। इसके विपरीत, चालू गैर-कृषि आधारित कारखानों का प्रतिशत 2005-06 के 81.73 प्रतिशत से बढ़कर 2007-08 में 91.66 प्रतिशत हो गया।

**तालिका 3.3 : बिहार में चालू कारखानों की संख्या ( 2005-06 और 2007-08 )**

| उद्योग की श्रेणी | कारखानों की संख्या | | | चालू कारखाने | | | चालू कारखानों का % | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भारत | बिहार | बिहार का % हिस्सा | भारत | बिहार | बिहार का % हिस्सा | संपूर्ण भारत | बिहार |
| 2005-06 | | | | | | | | |
| कृषि आधारित | 61936 | 470 | 0.76 | 57863 | 440 | 0.76 | 93.50 | 93.62 |
| गैर-कृषि आधारित | 78224 | 1199 | 1.53 | 75028 | 978 | 1.30 | 95.79 | 81.73 |
| योग | 140160 | 1669 | 1.19 | 132891 | 1420 | 1.07 | 94.80 | 85.08 |
| 2007-08 | | | | | | | | |
| कृषि आधारित | 62189 | 466 | 0.75 | 59124 | 404 | 0.68 | 95.07 | 86.70 |
| गैर-कृषि आधारित | 84196 | 1319 | 1.57 | 81443 | 1209 | 1.48 | 96.73 | 91.66 |
| योग | 146385 | 1785 | 1.22 | 140567 | 1613 | 1.15 | 96.03 | 90.36 |

स्रोत : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण 2005-06 तथा 2007-08

तालिका 3.4 में यह भी दिखता है कि गैर-कृषि आधारित उद्योगों के उत्पादों के कुल मूल्य में राज्य का हिस्सा (0.99 प्रतिशत) कृषि आधारित उद्योगों (0.51 प्रतिशत) के मुकाबले लगभग दूना था। हालांकि कुल निवल मूल्यवर्धन में कृषि आधारित उद्योगों का हिस्सा गैर-कृषि आधारित उद्योगों के मुकाबले चारगुना अधिक था। विविध कृषि आधारित औद्योगिक समूहों के बीच खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू के मामले में राज्य का हिस्सा देश के कुल उत्पाद मूल्य में सर्वाधिक (0.81 प्रतिशत) था और निवल मूल्यवर्धन में तो और भी अधिक - 2.15 प्रतिशत। इससे राज्य में कृषि आधारित उद्योगों की भारी संभावना का पता चलता है। यह बात भी स्थापित होती है कि खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू समूह ने बिहार के सभी चालू कारखानों के शुद्ध मूल्यवर्धन में 76 प्रतिशत से भी अधिक योगदान किया (परिशिष्ट 1 और 2)।

**तालिका 3.4 : 2007-08 में चुनिंदा कृषि और गैर-कृषि आधारित उद्योगों के उत्पादन मूल्य और निवल मूल्यवर्धन (बिहार और भारत)**

(करोड़ रु.)

| एनआइसी कोड 2004 | औद्योगिक समूह | उत्पादन मूल्य | | | शुद्ध मूल्यवर्धन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संपूर्ण भारत | बिहार | बिहार का % हिस्सा | संपूर्ण भारत | बिहार | बिहार का % हिस्सा |
| | कृषि आधारित | | | | | | |
| 15+16 | खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू | 351,820.93 | 2,865.34 | 0.81 | 41101.13 | 884.19 | 2.15 |
| 17+18 | वस्त्र/ वस्त्र उत्पाद | 200,293.36 | 93.88 | 0.05 | 30395.01 | 30.26 | 0.10 |
| 19 | चमड़ा/ चर्म उत्पाद | 23,801.26 | 74.33 | 0.31 | 2814.91 | 10.94 | 0.39 |
| 20 | लकड़ी/ काष्ठ उत्पाद | 7,192.21 | 31.63 | 0.44 | 927.8 | 11.4 | 1.23 |
| 21+22 | कागज/ मुद्रण/ प्रकाशन | 58,771.38 | 231.28 | 0.39 | 12082.65 | 84.29 | 0.70 |
| | उप-योग | 641,879.14 | 3,296.46 | 0.51 | 87321.5 | 1021.1 | 1.17 |
| | गैर-कृषि आधारित | | | | | | |
| 23 | कोक/ पेट्रॉलियम/ आणविक इंधन | 436,659.53 | 16,839.22 | 3.86 | 65515.19 | -97.4 | -0.15 |
| 24 | रसायन/ रासायनिक उत्पाद | 301,217.61 | 96.64 | 0.03 | 61662.9 | 15.2 | 0.02 |
| 25 | रबर/ प्लास्टिक उत्पाद | 78,660.23 | 38.48 | 0.05 | 11623.34 | 3.02 | 0.03 |
| 26 | कांच/ अधातु | 95,416.04 | 339.60 | 0.36 | 31631.09 | 88.86 | 0.28 |
| 27+28 | खनिज उत्पाद | 513,701.08 | 949.97 | 0.18 | 105401.89 | 95.22 | 0.09 |
| 29+31 | मशीनें/ विद्युत उपकरण | 247,434.97 | 77.67 | 0.03 | 49724.56 | 11.4 | 0.02 |
| 35 | जहाजों, नावों, परिवहन उपकरणों आदि का निर्माण और मरम्मत | 55,927.62 | 10.97 | 0.02 | 10440.63 | 2.82 | 0.03 |
| 36 | फर्नीचर/ आभूषण/ खेल सामग्री/ खिलौने आदि | 61,279.38 | 5.16 | 0.01 | 6581.02 | 0.54 | 0.01 |
| | अन्य | 86,942.37 | 219.44 | 0.25 | 12406.75 | 18.75 | 0.15 |
| | उप-योग | 1,877,238.83 | 18,577.15 | 0.99 | 354987.37 | 138.41 | 0.04 |
| | कुल योग | 2,519,117.97 | 21,873.61 | 0.87 | 442308.87 | 1159.5 | 0.26 |

स्रोत : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण 2005-06 तथा 2007-08

### 3.3 बड़े उद्योग

यह तो सबको मालूम है कि 2000 में राज्य के विभाजन ने बिहार की अर्थव्यवस्था को गंभीर आघात पहुंचाया और राज्य खास तौर पर बड़े उद्योगों से रहित हो गया। लगभग सभी बड़े औद्योगिक घराने झारखंड के हिस्से में चले गए और बिहार में बहुत ही कम बड़े उद्योग बचे रह गए। मुख्यत: सुविकसित अधिसंरचात्मक सुविधाओं के अभाव तथा पूंजी के पलायन के कारण यहां बड़े उद्योग नहीं स्थापित किए जा सके। पुन:, उद्यमों की पूंजी आधारित परिभाषा में बदलाव के कारण अनेक बड़े उद्योग आज मंझोले उद्योग में गिने जा रहे हैं। फलत: राज्य में खाद्य एवं पेय समूह के अंतर्गत मात्र 4 इकाइयां बड़े उद्योग के क्षेत्र में हैं – बांका, बेगूसराय, पूर्व चंपारण और रोहतास जिलों में एक-एक। प्रवर्तकों और अवस्थिति सहित इन इकाइयों की सूची तालिका 3.5 में प्रस्तुत की गई है। उनके अलावा राज्य में निजी क्षेत्र में चार अन्य इकाइयां मौजूद हैं जिनमें आइटीसी, केसीसी और गंगोत्री आयरन शामिल हैं। केंद्रीय क्षेत्र के अंतर्गत 6 बड़ी इकाइयां हैं – राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की चार इकाइयां, भारतीय तेल निगम की एक इकाई और एक आयुध कारखाना। इन तथ्यों से पता चलता है कि राज्य में बड़ी इकाइयां बहुत सीमित संख्या में मौजूद हैं।

**तालिका 3.5 : बिहार में बड़ी इकाइयों की सूची (2010)**

| क्र.सं. | इकाई का नाम | प्रवर्तक | अवस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2.25 लाख मै. टन क्षमता की रिफाइन तेल इकाई | झुनझुनवाला वनस्पति लि., वाराणसी | डेहरी-ऑन-सोन, रोहतास |
| 2 | शीतगृह, कृषि विपणन प्रांगण तथा शुष्क भंडारगृह | मीरा कॉमट्रेड प्रा. लि., पटना | नरकटियागंज, पूर्व चंपारण |
| 3 | शीतगृह तथा फल एवं सब्जी प्रसंस्करण इकाई | सुशीला कोल्ड स्टोरेज प्रा. लि., आरा | आरा, भोजपुर |
| 4 | अति उदासीन अल्कोहल संयंत्र | एम.जे. एंड सन्स डिस्टिलरीज एंड ब्रिवरीज प्रा. लि., पटना | अमरपुर, बांका |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

राज्य में बड़े/ मंझोले उद्योग क्षेत्र और ग्राम/ लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 2008-09 में उद्योग विभाग के तहत 390 करोड़ रु. निर्धारित किए गए थे जिसे बाद में बढ़ाकर 515 करोड़ रु. कर दिया गया था। वर्ष 2009-10 के लिए 462.22 करोड़ रु. और 2010-11 के लिए 472.45 करोड़ रु. के प्रावधान किए गए हैं।

### 3.4 अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम

अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों का देश के कुल विनिर्मित उत्पादन में 45 प्रतिशत और निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। पूंजी के साथ श्रमिक का ऊंचा अनुपात, उच्च वृद्धि दर और अधिक फैलाव उन्हें समावेशी विकास हासिल करने के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण बना देता है। वर्ष 2006-07 में अतिलघु, लघु तथा मध्यम

उद्यम मंत्रालय द्वारा कराए गए चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम सर्वेक्षण में पता चला कि बिहार में सर्वेक्षित 71,435 उद्यमों में से 73 प्रतिशत अर्थात 52,188 इकाइयां चालू थीं। इनमें से 69 प्रतिशत इकाइयां विनिर्माण इकाइयां थीं और 31 प्रतिशत सेवा इकाइयां। कुल रोजगार में 81 प्रतिशत हिस्सा विनिर्माण इकाइयों का था और शेष 19 प्रतिशत सेवा क्षेत्र की इकाइयों का। इस प्रकार प्रति इकाई रोजगार सेवा क्षेत्र के 1.92 व्यक्ति की अपेक्षा विनिर्माण क्षेत्र में अधिक था – 3.64 व्यक्ति। स्थिर निवेश के कुल बाजार मूल्य में विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा 87.58 प्रतिशत था जबकि निवल उपयोग मूल्य में 83.54 प्रतिशत। विवरण तालिका 3.6 में देखा जा सकता है। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों के अंतर्गत कुल इकाइयों में से 52 प्रतिशत खाद्य, पेय, तंबाकू, अनाज मिल उत्पाद, वस्त्र, पोशाक निर्माण, जूता-चप्पल और चमड़े से संबंधित हैं।

**तालिका 3.6 : बिहार में निबंधित अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम ( 2006-07)**

| क्र.सं. | विशेषताएं | निबंधित | % हिस्सा |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यशील उद्यमों की संख्या | 52188 | 73.06 |
| | सर्वेक्षित उद्यमों की कुल संख्या | 71435 | 100 |
| 2 | कार्यशील उद्यमों की संख्या | | |
| | विनिर्माण | 36143 | 69.26 |
| | सेवा | 16045 | 30.74 |
| | योग | 52188 | 100.00 |
| 3 | रोजगार (व्यक्ति) | | |
| | विनिर्माण | 131563 | 81.03 |
| | सेवा | 30794 | 18.97 |
| | योग | 162357 | 100.00 |
| 4 | प्रति इकाई रोजगार (व्यक्ति) | | |
| | विनिर्माण | 3.64 | |
| | सेवा | 1.92 | |
| | योग | 3.11 | |
| 5 | स्थिर निवेश का बाजार मूल्य (करोड़ रु.) | | |
| | विनिर्माण | 4136.27 | 87.58 |
| | सेवा | 586.78 | 12.42 |
| | योग | 4723.05 | 100.00 |
| 6 | निवल संपत्ति का मूल्य (करोड़ रु.) | | |
| | विनिर्माण | 2904.57 | 83.54 |
| | सेवा | 572.30 | 16.46 |
| | योग | 3476.87 | 1000.00 |
| 7 | प्रति इकाई निवल संपत्ति (करोड़ रु.) | | |
| | विनिर्माण | 8.04 | |
| | सेवा | 3.57 | |
| | योग | 6.66 | |

स्रोत : त्वरित परिणाम, चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्योग सर्वेक्षण, 2006-07

अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के लागू होते ही लघु उद्योगों की, जिसे अभी अतिलघु (माइक्रो), लघु तथा मध्यम उद्यम उद्यम कहा जाता है, परिधि में काफी विस्तार हुआ है। 'लघु' इकाइयों के निर्धारण हेतु निवेश सीमा बढ़ाकर 5 करोड़ कर दी गई है और यह क्षेत्र अब अपनी निर्धारित सीमा में मंझोले उद्यमों को भी समेट रहा है। यह तो सुविदित है कि अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र अर्थव्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण अंश है। यह सकल घरेलू उत्पाद, विनिर्माण उत्पादन, रोजगार तथा निर्यात के मामले में महत्वपूर्ण योगदान करता है। यह क्षेत्र उद्यमियों की प्रतिभा के पोषण तथा जमीनी क्षेत्र से संपदा के पुनःआबंटन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संतुलित और न्यायपूर्ण विकास को बढ़ावा देने में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों ने इस क्षेत्र को प्रोत्साहित करने पर विशेश जोर दिया है।

अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुरूप अक्तूबर 2009 में विशेष नियमों के सेट अधिसूचित किए गए जिनके तहत उद्यमियों द्वारा संयंत्र और मशीनरी अथवा उपकरण में निवेश से संबंधित सूचनाएं जमा करने की जरूरत है। इस नियम में प्रावधान के अनुरूप सितंबर 2009 में सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास राष्ट्रीय परिषद द्वारा निर्धारित समग्र लक्ष्य के अनुरूप कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता दी गई है। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत 2009-10 में अभिकरणों को 3.62 लाख प्रशिक्षुओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित करना था। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों की उत्पादकता, प्रतिस्पर्धा तथा क्षमता में वृद्धि के लिए मुख्य रणनीति के बतौर प्रशिक्षण हेतु संकुल दृष्टिकोण अपनाया गया है।

बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों में अक्तूबर 2010 तक निबंधित अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों की संख्या 1.84 लाख बताई गई है। इनमें से लगभग 61 प्रतिशत अत्यंत लघु (टिनी)/ अतिलघु (माइक्रो) उद्यम थे और उनके बाद 38.15 प्रतिशत कारीगरी तथा 0.85 प्रतिशत लघु उद्योग इकाइयां। अंतिम दशक के दौरान अत्यंत लघु/ अतिलघु (4.77 प्रतिशत) की अपेक्षा शिल्प इकाइयों की वृद्धि दर अधिक (5.81 प्रतिशत) पाई गई। लघु उद्योग इकाइयों की वृद्धि दर सबसे कम (1.78 प्रतिशत) थी। एक अन्य उल्लेखनीय तथ्य यह है कि गत दशक में कुल निवेश के मामले में वृद्धि दर जहां लगभग 16 प्रतिशत थी, वहीं रोजगार के मामले में मात्र 3 प्रतिशत के आसपास। प्रति इकाई निवेश लगभग 69,447 रु. पाया गया और प्रति इकाई रोजगार 3.25 व्यक्ति।

**तालिका 3.7 : बिहार में वर्षवार स्थापित निबंधित अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्योग इकाइयां**

| वर्ष | लघु उद्योग | अति लघु/ सूक्ष्म | शिल्प आधारित | वर्ष | योग | निवेश (लाख रु.) | रोजगार (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31-03-2000 तक | | 1261 | 72767 | 44413 | 118441 | 447.01 | 433808 |
| 2000-01 | | 35 | 3249 | 2530 | 5814 | 38.05 | 14015 |
| 2001-02 | | 31 | 3206 | 3314 | 6551 | 41.92 | 15283 |
| 2002-03 | | 24 | 3290 | 2983 | 6297 | 46.38 | 13622 |
| 2003-04 | | 21 | 3462 | 2616 | 6099 | 54.30 | 14346 |
| 2004-05 | | 17 | 3335 | 2897 | 6249 | 53.72 | 13346 |
| 2005-06 | | 24 | 3584 | 3333 | 6941 | 46.97 | 15732 |
| 2006-07 | | 20 | 3472 | 3612 | 7104 | 72.80 | 16738 |
| 2007-08 | 4 | 42 | 2754 | 4402 | 7202 | 134.83 | 19963 |
| 2008-09 | 7 | 25 | 6122 | - | 6154 | 118.86 | 17474 |
| 2009-10 | 2 | 41 | 5048 | - | 5091 | 128.64 | 16011 |
| 2010-11 (अक्तूबर '10 तक) | 3 | 17 | 1766 | - | 1786 | 92.15 | 6583 |
| योग | 16 | 1558 | 112055 | 70100 | 183729 | 1275.94 | 596921 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

टिप्पणी : 2008-09 से शिल्प आधारित इकाइयों को सूक्ष्म इकाइयों में शामिल कर दिया गया है।




यह भी पता चला है कि गत दशक के दौरान अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र में इकाइयों की संख्या के मामले में वार्षिक वृद्धि दर में विविधता थी – 2001-02 में 5.27 प्रतिशत से लेकर 2009-10 में 2.88 प्रतिशत तक। हालांकि कारीगरी इकाइयों के मामले में यह 5 से 7 प्रतिशत के बीच थी जबकि 2008-09, 2009-10 और

2010-11 में (अक्तूबर तक) किसी इकाई के स्थापित होने की सूचना नहीं है। अत्यंत लघु/ अतिलघु इकाइयों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उनका परिमाण भी कारीगरी इकाइयों से कम था - 2008-09 में अधिकतम 6.18 प्रतिशत। लघु उद्योग क्षेत्र का विकास अधिक धीमा था - 2006-07 में 1.42 प्रतिशत से अगले वर्ष में 2.93 प्रतिशत तक। दशक में जहां निवेश में 185 प्रतिशत वृद्धि हुई वहीं रोजगार में 38 प्रतिशत की जिस कारण वार्षिक वृद्धि दर 3 प्रतिशत के आसपास ही थी।

**तालिका 3.8 : बिहार में वर्षवार स्थापित स्थायी निबंधित अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्योग इकाइयां**

| वर्ष | मध्यम | | लघु उद्योग | | अत्यंत लघु/ अति लघु | | शिल्प आधारित | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत परिवर्तन | संख्या (हजार) | प्रतिशत परिवर्तन | संख्या (हजार) | प्रतिशत परिवर्तन | संख्या (हजार) | प्रतिशत परिवर्तन | संख्या (हजार) | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2000 तक | | | 1.26 | | 72.77 | | 44.41 | | 118.44 | |
| 2000-01 | | | 1.30 | 2.78 | 76.02 | 4.46 | 46.94 | 5.70 | 124.26 | 4.91 |
| 2001-02 | | | 1.33 | 2.39 | 79.22 | 4.22 | 50.26 | 7.06 | 130.81 | 5.27 |
| 2002-03 | | | 1.35 | 1.81 | 82.51 | 4.15 | 53.24 | 5.94 | 137.10 | 4.81 |
| 2003-04 | | | 1.37 | 1.55 | 85.97 | 4.20 | 55.86 | 4.91 | 143.20 | 4.45 |
| 2004-05 | | | 1.39 | 1.24 | 89.31 | 3.88 | 58.75 | 5.19 | 149.45 | 4.36 |
| 2005-06 | | | 1.41 | 1.73 | 92.89 | 4.01 | 62.09 | 5.67 | 156.39 | 4.64 |
| 2006-07 | | | 1.43 | 1.42 | 96.37 | 3.74 | 65.70 | 5.82 | 163.50 | 4.54 |
| 2007-08 | 4 | | 1.48 | 2.93 | 99.12 | 2.86 | 70.10 | 6.70 | 170.70 | 4.41 |
| 2008-09 | 11 | 175 | 1.50 | 1.69 | 105.24 | 6.18 | 70.10 | 0.00 | 176.85 | 3.61 |
| 2009-10 | 13 | 18.18 | 1.54 | 2.73 | 110.29 | 4.80 | 70.10 | 0.00 | 181.94 | 2.88 |
| 2010-11 (अक्तू. '10 तक) | 16 | 23.08 | 1.56 | 1.10 | 112.06 | 1.60 | 70.10 | 0.00 | 183.73 | 0.98 |
| 2000 से % परिवर्तन | | | - | 23.55 | - | 53.99 | - | 57.84 | - | 55.13 |

| | निवेश (लाख रु.) | | रोजगार (हजार) | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | % परिवर्तन | संख्या | % परिवर्तन |
| 31-03- 2000 तक | 44,701.38 | | 434 | |
| 2000-01 | 48,506.53 | 8.51 | 448 | 3.23 |
| 2001-02 | 52,698.57 | 8.64 | 463 | 3.41 |
| 2002-03 | 57,336.64 | 8.80 | 477 | 2.94 |
| 2003-04 | 62,767.03 | 9.47 | 491 | 3.01 |
| 2004-05 | 68,138.82 | 8.56 | 504 | 2.72 |
| 2005-06 | 72,836.13 | 6.89 | 520 | 3.12 |
| 2006-07 | 80,115.92 | 9.99 | 537 | 3.22 |
| 2007-08 | 93,598.90 | 16.83 | 557 | 3.72 |
| 2008-09 | 105,484.96 | 12.70 | 574 | 3.14 |
| 2009-10 | 118,349.00 | 12.20 | 590 | 2.79 |
| 2010-11 (अक्तू. '10 तक) | 127,564.46 | 7.79 | 597 | 1.12 |
| 31-03-2000 से % परिवर्तन | - | 185.37 | - | 37.60 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार




अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास हेतु राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस मकसद से उसने इस क्षेत्र हेतु आबंटन को 2007-08 के 390.0 करोड़ रु. से बढ़ाकर 2008-09 में 515.0 करोड़ कर दिया था। पुनः, 2009-10 में इसके लिए 462.2 करोड़ रु. निर्धारित हुए थे और 2010-11 में आबंटित राशि 472.4 करोड़ रु. है।

हाल की वैश्विक आर्थिक मंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र पर भी बुरा असर डाला। इस परिप्रेक्ष्य में इस क्षेत्र के विभिन्न संघों ने अगस्त 2009 में प्रधानमंत्री से मुलाकात की और विभन्न मुद्दों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र की विस्तार से जानकारी तथा मुद्दों के निराकरण के लिए एक कार्यबल का गठन किया। कार्यबल की अनुशंसाओं से अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास को बल मिलने और बिहार के भी इससे लाभान्वित होने की आशा है।

**अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र का फैलाव**

गौर किया गया है कि बिहार में 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र की 1,786 इकाइयों ने काम आरंभ किया था। लेकिन पूरे राज्य में इनका फैलाव एक जैसा नहीं था। राज्य के सभी 9 प्रमंडलों के बीच प्रटना प्रमंडल में इस क्षेत्र की इकाइयों का सर्वाधिक 22 प्रतिशत संकेद्रण दिखा, वहीं कोशी और भागलपुर प्रमंडलों में तीन-तीन प्रतिशत ही। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र के विभिन्न उप-क्षेत्रों के मामले में भी तिरहुत को छोड़कर शेष प्रमंडलों में ऐसा ही रुझान दिखा। तिरहुत में लघु इकाइयों का उच्च अनुपात (47 प्रतिशत) दर्ज किया गया। पुनः 9 में से 5 प्रमंडलों - भागलपुर, पूर्णिया, मगध, कोशी और सारण में लघु उद्योग

इकाइयों की स्थापना हुई ही नहीं। ऐसे समय में, जब राज्य सरकार राज्य में समावेशी विकास की गाथा लिखने में व्यस्त है, वर्तमान स्थिति उत्साहवर्धक नहीं है और औद्योगिक विकास के मामले में क्षेत्रीय असमानता दूर करने के लिए आवश्यक प्रयास करने की जरूरत है।

**तालिका 3.9 : 2010-11 में (अक्तूबर तक) निबंधित अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों का प्रतिशत वितरण**

| प्रमंडल | प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मध्यम | अतिलघु | लघु | योग |
| पटना | 66.67 | 21.91 | 29.41 | 21.99 |
| मुंगेर | 0.00 | 12.29 | 11.76 | 12.28 |
| भागलपुर | 0.00 | 3.40 | 0.00 | 3.37 |
| पूर्णिया | 0.00 | 12.40 | 0.00 | 12.28 |
| मगध | 0.00 | 11.89 | 0.00 | 11.78 |
| दरभंगा | 0.00 | 11.55 | 11.76 | 11.55 |
| कोशी | 0.00 | 3.11 | 0.00 | 3.08 |
| तिरहुत | 33.33 | 16.59 | 47.06 | 16.88 |
| सारण | 0.00 | 6.85 | 0.00 | 6.79 |
| योग (सं.) | 3 | 1766 | 17 | 1786 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

यहां नए परिदृश्य में 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) नए अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम आरंभ करने के मामले में अजा/ अजजा और अल्पसंख्यकों के हिस्से का आकलन करने का भी प्रयास किया गया है। पूर्ववर्ती तालिकाओं से स्पष्ट है कि 92.15 करोड़ रु. के कुल निवेश तथा 6,583 लोगों के रोजगार की गुंजाइश के साथ 2010 में कुल 1,786 अतिलघु, 17 लघु तथा 3 मध्यम इकाइयों की स्थापना हुई। इकाइयों में से 81 प्रतिशत सामान्य श्रेणी और 13 प्रतिशत अजा/ अजजा द्वारा शुरू की गई जबकि शेष 6 प्रतिशत अल्पसंख्यक उद्यमियों द्वारा। अजा/ अजजा और अल्पसंख्यक उद्यमियों द्वारा शुरू की गई अतिलघु इकाइयों में निवेश और रोजगार भी सामान्य उद्यमियों की अपेक्षा कम देखा गया। सभी लघु तथा मध्यम इकाइयां सामान्य श्रेणी के उद्यमियों द्वारा आरंभ किए जाने की सूचना है। प्रमंडलों के बीच पटना और तिरहुत की सारी लघु तथा मध्यम इकाइयों का स्वामित्व सामान्य श्रेणी के उद्यमियों के पास था। इसी प्रकार मुंगेर और दरभंगा प्रमंडलों में सभी लघु उद्योग इकाइयां सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों के स्वामित्व वाली थीं। शेष प्रमंडलों - भागलपुर, पूर्णिया, मगध, कोशी और सारण में किसी लघु या मध्यम उद्यम के अस्तित्व की कोई सूचना नहीं है। (परिशिष्ट 4)।

### 3.5 कृषि आधारित उद्योग

विभाजन के परिणामस्वरूप वर्तमान बिहार खनिज और खनन/ प्रस्तर खनन रहित है और विनिर्माण उद्योगों की भी बहुत सीमित गुंजाइश है। बिहार में भूमि और जल संसाधन ही बचा है। कृषि मुख्य आधार होने के कारण राज्य में कृषि आधारित उद्योगों की अच्छी संभावना है और लगभग 9 करोड़ की आबादी वाला बिहार तेजी से खाद्य उत्पादों का विकासशील बाजार बनता जा रहा है। राज्य में कुल निजी उपभोग व्यय में से लगभग 65 प्रतिशत भोजन पर ही खर्च होता है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, बिहार का वर्तमान खाद्य बाजार लगभग 40,000 करोड़ रु. का है जिसमें लगभग 18,000 करोड़ रु. का प्रसंस्कृत खाद्य तथा पेय बाजार भी शामिल है। संपूर्ण भारत के खाद्य उपभोग की अनुमानित 7 प्रतिशत वृद्धि दर के आधार पर बिहार का खाद्य उपभोग बाजार 2015 तक लगभग 83,000 करोड़ रु. का हो जाएगा।

अतएव बिहार में कृषि आधारित उद्योगों की प्रचुर संभावना है। बिहार के प्रमुख कृषि उत्पाद अनाज, दलहन, तिलहन, फल, सब्जियां और नगदी फसलें हैं। महत्वपूर्ण नगदी फसलों में ईख, आलू, तंबाकू, जूट और मसाले शामिल हैं। बिहार पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के बाद सब्जियों का देश का तीसरा और फलों के मामले में छठा सर्वाधिक उत्पादक राज्य है। हालांकि राज्य में प्रति व्यक्ति वार्षिक कृषि उत्पादन देश में सबसे कम (666 रु. ) है जो मुख्यत: प्रौद्योगिकी तथा लागत सामग्री के उपयोग के निम्न स्तर के कारण है। अतएव राज्य अभी फलों, मछली, अंडों, मुर्गियों, मांस आदि का बड़ा आयातक है। बिहार के लिए यह विडंबना ही है, खास कर इस क्षेत्र में भारी संभावनाओं को देखते हुए। असली मामला सभी कृषि तथा सहवर्ती सामग्रियों की उत्पादकता बढ़ाने का है।

राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में कृषि आधारित उद्योगों को पहले से ही महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2007-08 के अनुसार, राज्य की सभी औद्योगिक इकाइयों द्वारा 1,159 करोड़ रु. के कुल मूल्यवर्धन में कृषि आधारित उद्योगों का 88 प्रतिशत हिस्सा था (तालिका 3.4)। अगर शेष लघु तथा अतिलघु इकाइयों को भी जोड़ लिया जाय, तो कृषि आधारित उद्योगों का हिस्सा और भी अधिक होगा क्योंकि इसकी अधिकांश क्षमता का अभी उपयोग ही नहीं हो पाया है। स्पष्ट है कि राज्य सभी कृषि आधारित उद्योगों के मामले में संसाधन अथवा लागत जन्य लाभ नहीं उठा पा रहा है इसीलिए पूरे देश में बिहार का हिस्सा उससे बहुत कम है जितना आर्थिक रूप से संभव है।

आइएल एंड एफएस द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर राज्य के लिए दृष्टि अभिलेख-2015 तैयार किया गया है। इसके तहत सार्वजनिक-निजी साझेदारी के आधार पर फूड पार्कों की स्थापना की जाएगी। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में 41 परियोजनाएं राज्य में 473.83 करोड़ रु. का निवेश कर रही हैं और परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में है। दो फूड पार्कों की स्थापना के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है - एक मुजफ्फरपुर-वैशाली अंचल में और दूसरा भागलपुर-कटिहार अंचल में। खाद्य पार्कों की स्थापना विशेष प्रयोजन वाहक (एसपीवी) के जरिए की जाएगी जो कंपनी के रूप में निबंधित हो तो बेहतर जिसमें न्यूनतम 51 प्रतिशत पूंजी निजी निवेशकों की

हो और शेष केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की। सहायता का परिमाण तय कर दिया गया है जो परियोजना लागत का 20 प्रतिशत या 15 करोड़ रु. में जो भी कम हो, है। पार्क द्वारा अबाध विद्युत तथा जल आपूर्ति और निस्राव शोधन संयंत्र जैसी सभी आवश्यक बुनियादी अधिसंरचनाओं का ध्यान रखा जाएगा।

राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को अक्तूबर 2010 तक खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कुल 180 प्ररियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनमें से 5 काम करने लगे हैं, 8 में काम प्रगति पर है और 56 पूरा होने के विभन्न चरणों में हैं।

**प्रसंस्करण उद्योग**

<u>फल एवं सब्जियां</u> : लगभग सारी फल तथा सब्जी प्रसंस्करण इकाइयां फलों का रस, पल्प, स्क्वैश, अचार, टमाटर सॉस/ प्यूरी/ पेस्ट, जैम/ जेली, फल आधारित पेय आदि के निर्माण में लगी हैं। संगठित क्षेत्र की इकाइयों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र की इकाइयां भी कार्यरत हैं। पूर्वशीतन, शीतन, वर्गीकरण, छंटाई, पैकिंग घर आदि प्रसंस्करण-पूर्व की सुविधाएं राज्य में वस्तुतः अनुपस्थित हैं। सारे फल एवं सब्जी उत्पादन सीधा बाजार में ले लाए जाते हैं, प्रसंस्करण इकाइयों तक बहुत कम सामग्रियां भेजी जाती हैं। प्रसंस्करण और पैदावार पश्चात प्रबंधन के जरिए फलों-सब्जियों में होने वाले 33 प्रतिशत के वर्तमान नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है और राज्य की अर्थव्यवस्था में 2,000 करोड़ रु. जोड़े जा सकते हैं।

<u>फल</u> : बिहार में अनेक प्रकार के फलों का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है। यह देश में लीची का सबसे बड़ा, अन्नानास का तीसरा बड़ा और आम का चौथा बड़ा उत्पादक राज्य है। मोटे तौर पर राज्य में कुछ खास जिले कुछ खास फलों का उत्पादन करते हैं। जैसे मुजफ्फरपुर और वैशाली लीची और केला के उत्पादन में आगे हैं जबकि दरभंगा, वैशाली, पूर्व चंपारण तथा पश्चिम चंपारण आम के उत्पादन में। इसी प्रकार रोहतास और भोजपुर अमरुद के उत्पादन में आगे हैं। अच्छी मिट्‌टी और पानी की उपलब्धता के कारण राज्य में अनेक प्रकार के फल उपजाए जाते हैं, खास कर उत्तर बिहार में।

इस बात का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, भंडारण क्षमता के अभाव में राज्य में केला के उत्पादन का लगभग 15 से 25 प्रतिशत तक भाग बर्बाद हो जाता है। पपीता के मामले में यह नुकसान 30 से 50 प्रतिशत, सब्जियों के मामले में 17 से 25 प्रतिशत तथा पत्तागोभी के मामले में 41 से 47 प्रतिशत है। फसल तुड़ाई और परिवहन की खराब विधियों के कारण भी भारी हानि होती है। राज्य के फल उत्पादकों को उनके उत्पाद की अनुपयुक्त कीमत मिलती है। आइएल एंड एफएस के सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार में फलों की कीमत तो अन्य उत्पादक राज्यों के समकक्ष ही है लेकिन मुख्य थोक मंडियों के मुकाबले कम है। पर्याप्त ध्यान देने पर राज्य में उत्पादित फल कृषि आधारित उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल बन सकते हैं। तालिका 3.10 में 2007-08 और 2008-09 के दौरान फलों के क्षेत्रफल और उत्पादन के विवरण प्रस्तुत हैं।

**तालिका 3.10 : बिहार में फलों का क्षेत्रफल और उत्पादन**

(क्षेत्रफल हजार हे./ उत्पादन हजार टन)

| फल | 2007-08 | | 2008-09 | |
|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन |
| आम | 142.21 | 870.35 | 144.07 | 1329.80 |
| अमरुद | 28.67 | 255.72 | 29.09 | 229.19 |
| लीची | 29.84 | 223.23 | 30.47 | 216.92 |
| नींबू | 17.58 | 125.84 | 17.74 | 128.09 |
| केला | 30.46 | 1329.40 | 31.27 | 1373.55 |
| अन्नानास | 4.64 | 126.77 | 4.69 | 119.48 |
| पपीता | 1.27 | 30.36 | 1.43 | 33.61 |
| आंवला | 1.31 | 12.09 | 1.38 | 12.83 |
| अन्य | 30.26 | 278.66 | 30.56 | 279.34 |
| योग | 286.24 | 3252.38 | 290.71 | 3722.82 |

स्रोत : उद्यानिकी विभाग, बिहार सरकार

बिहार में लगभग 2 लाख टन लीची का उत्पादन होता है जो कुल राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 75 प्रतिशत है। ताजा के साथ-साथ प्रसंस्कृत लीची के मामले में भी मुजफ्फरपुर की लीची को विशेष सम्मान हासिल है। इसी प्रकार, लगभग 31 हजार हे. जमीन पर उत्पादित तकरीबन 14 लाख टन केला ताजा तथा प्रसंस्कृत खाद्य बाजार हेतु महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराता है। प्रसंस्कृत केले का बाजार दक्षिण भारतीय बाजारों में तेजी से बढ़ रहा है और मध्य-पूर्व में नए बाजार उभर रहे हैं। विविध प्रकार के वस्त्र योग्य रेशों में केले के रेशे के लिए भी अच्छी गुंजाइश है। राज्य में रेशा निष्कर्षण एवं धागा निर्माण केंद्र की स्थापना हेतु यह अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराता है।

<u>सब्जियां</u> : पहले भी उल्लेख किया गया है कि बेहतर मिट्टी तथा जल संसाधनों की वजह से बिहार में अनेक प्रकार की सब्जियों का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है। राज्य भिंडी का देश में सबसे बड़ा, पत्तागोभी का दूसरा बड़ा तथा आलू, बैगन, प्याज और फूलगोभी का तीसरा बड़ा उत्पादक है। इनके अलावा अन्य प्रकार की सब्जियों का भी उत्पादन होता है। हालांकि कुल उत्पादित सब्जियों में लगभग 33 प्रतिशत बर्बादी का आकलन किया गया है। उत्पादकों को कम कीमत मिलती है जबकि थोक और खुदरा बिक्रेता अच्छी कीमत पाते हैं।

**तालिका 3.11 : सब्जियों का उत्पादन**

(क्षेत्रफल हजार हे./ उत्पादन हजार टन)

| सब्जियां | 2007-08 | | 2008-09 | |
|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्रफल | उत्पादन | क्षेत्रफल | उत्पादन |
| आलू | 315.50 | 6019.65 | 310.33 | 5033.58 |
| प्याज | 51.29 | 1019.61 | 51.61 | 946.60 |
| टमाटर | 46.32 | 921.87 | 46.39 | 1037.19 |
| गोभी | 60.66 | 1023.89 | 60.97 | 1043.84 |
| पत्तागोभी | 37.45 | 638.11 | 38.33 | 676.98 |
| बैगन | 54.55 | 1158.16 | 55.12 | 1186.12 |
| पटल | 34.34 | 467.68 | 36.07 | 497.10 |
| मिर्च | 38.96 | 439.42 | 39.42 | 450.61 |
| अन्य | 184.68 | 2379.35 | 188.63 | 2513.73 |
| योग | 823.75 | 14067.74 | 826.87 | 13385.75 |

स्रोत : उद्यानिकी विभाग, बिहार सरकार

## खाद्य प्रसंस्करण

बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि आधारित है। मुख्य फसलें अनाज, दलहन, तिलहन तथा नगद फसलें आलू, जूट, तंबाकू, ईख आदि हैं। तालिका 3.12 में 2008-09 के दौरान फसलवार क्षेत्रफल तथा उत्पादन का ब्योरा प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका 3.12 : विभिन्न फसलों का क्षेत्रफल, उत्पादन तथा उत्पादकता ( 2008-09 )**

| वर्ष/ फसलें | 2008-09 | | |
|---|---|---|---|
| | क्षेत्रफल (हजार हे.) | उत्पादन (हजार टन) | उत्पादकता (किग्रा/ हे.) |
| कुल अनाज | 6333.74 | 11751.70 | 1855 |
| चावल | 3495.73 | 5590.35 | 1599 |
| गेहूं | 2158.33 | 4410.02 | 2043 |
| मक्का | 640.46 | 1714.00 | 2676 |
| मोटे अनाज | 39.23 | 37.33 | 952 |
| कुल दलहन | 584.37 | 468.44 | 802 |
| कुल तिलहन | 138.08 | 137.88 | 999 |
| कुल रेशेदार फसलें | 150.97 | 1220.12 | 8081 |
| ईख | 111.90 | 4959.92 | 44324 |

स्रोत : कृषि विभाग, बिहार सरकार

खाद्य प्रसंस्करण किसी कृषिप्रधान अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाला मुख्य कारक होता है। हालांकि इसकी विशाल संभावना को देखते हुए बिहार में यह शैशवावस्था में है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तेज गति देने के लिए बिहार सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण नीति–2008 तैयार की है और राज्य में अलग से खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय की स्थापना की है। भारत दृष्टि अभिलेख–2015 में खाद्य प्रसंस्करण न होने के चलते लगभग 35 प्रतिशत नुकसान का अनुमान किया गया है। बिहार में तो यह और भी अधिक है। आइएल एंड एफएस की रिपोर्ट के अनुसार, अनाजों में 4,500 करोड़ रु. का नुकसान अनुमानित है। अधिक इकाइयों की स्थापना और विपणन चैनलों के जरिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग इस नुकसान को न्यूनतम कर सकते हैं। अधिकांश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग असंगठित क्षेत्र में हैं और उनकी सफलता के बहुत कम दृष्टांत मौजूद हैं। बहरहाल राज्य में चावल, गेहूं, मक्का और दलहन की मिलिंग तथा प्रसंस्करण की भारी संभावना है।

राज्य में चावल मिलों की स्थापित क्षमता मांग पूरी करने के लिहाज से अपर्याप्त है। इनके क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण की भी जरूरत है। राज्य में नए चावल मिल स्थापित करने की भारी संभावना है जिनके जरिए विविध प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकते हैं। राज्य में धान की भूसी आधारित बिजली उत्पादन के अलावा स्टार्च, ब्रान आयल आदि उप–उत्पादों का निर्माण करने के भी प्रचुर अवसर उपलब्ध हैं। मक्का की बात करें, तो रबी मक्का के मामले में बिहार की देश के बाजार में अनन्य स्थिति है। उत्तर भारत की अधिकांश मक्का प्रसंस्करण इकाइयां राज्य के मक्के पर बुरी तरह निर्भर हैं। राज्य में मक्का की उत्पादकता राष्ट्रीय उत्पादकता के स्तर से अधिक है और इसका क्षेत्रफल भी बढ़ रहा है जिससे उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। बहरहाल, राज्य में प्रसंस्करण की स्थिति नितांत महत्वहीन है। इस प्रकार मक्का प्रसंस्करण इकाइयों के लिए यहां प्रचुर अवसर उपलब्ध हैं जिनकी स्थापना स्टार्च, कॉर्न आयल, कॉर्न फ्लेक, मुर्गी आहार आदि के निर्माण हेतु की जा सकती है।

**मखाना**

फलों और सब्जियों के अलावा राज्य में मखाना उद्योग के क्षेत्र में भी कुछ सकारात्मक रुझान दिखा है। बिहार व्यावसायिक स्तर पर मखाना उत्पादन करने वाला एकमात्र राज्य है। यह बहुत पोषक होता है और जहां तक प्रोटीन का सवाल है, तो इसकी तुलना मांस–मछली के साथ की जाती है। इसमें भरपूर कार्बोहाइड्रेट भी होता है। चीन में कच्चे मखाना का चूर्ण शिशु आहार का अनिवार्य तत्व होता है। इसे मेवा से बेहतर माना गया है। देश–विदेश में इसका काफी बड़ा बाजार है। बहरहाल, प्रसंस्करण तकनीक बहुत पुरानी और श्रमसाध्य है।

**चाय**

चाय एक महत्वपूर्ण कृषि आधारित उद्योग है जिसकी जड़ें बिहार में नब्बे के दशक में जमने लगीं। किशनगंज जिले में 25 हजार एकड़ से भी अधिक जमीन पर चाय के बागान हैं। जिले में दो प्रसंस्करण इकाइयां हैं जिनमें 2,300 टन चाय का उत्पादन होता है। राज्य में चाय उत्पादन की अच्छी संभावना है।

**चीनी उद्योग**

ईख बिहार की महत्वपूर्ण फसल रही है। वर्ष 2009-10 में 2.70 लाख हे. जमीन पर इसकी फसल हुई थी। क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता के लिहाज से पूर्व और पश्चिम चंपारण जिले 2009-10 में शीर्ष पर थे (परिशिष्ट 3)। राज्य में ईख की खेती की भारी संभावना है। राज्य में चीनी और संबंधित उद्योगों में निवेश की भारी संभावना है, खास कर ईख से ईथेनॉल और बिजली के सह-उत्पादन की। अतएव राज्य सरकार ने ईख आधारित उद्योगों को राज्य में प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। चीनी उद्योग में निवेशकों को आकर्षित करने के लिहाज से राज्य सरकार ने जनवरी 2006 में एक योजना घोषित की है जिसे सितंबर 2006 में संशोधित किया गया। इसके अंतर्गत अनेक छूटों और सब्सिडी के प्रावधान किए गए हैं।

चीनी उद्योग कभी बिहार में फलता-फूलता था। बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में राज्य में 33 चीनी मिल थे। अभी मात्र 28 मिल हैं जिनमें से 18 सार्वजनिक क्षेत्र की हैं और बंद हैं। निजी क्षेत्र के 10 मिलों में से बगहा और मोतिहारी के मिल लगभग बीमार और बंद हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के 18 बंद मिलों में से 15 बिहार राज्य चीनी निगम के हैं और 3 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के। बहरहाल, उनको पुनर्जीवित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार के प्रयास से बिहार राज्य चीनी निगम की लौरिया और सुगौली इकाइयों को एचपीसीएल को हस्तांतरित किया जा रहा है और पहली बोली की प्रक्रिया पूरी हो गई है। एचपीसीएल दोनों स्थानों पर 3,500 टन की दैनिक क्षमता की चीनी इकाई के साथ-साथ 60 हजार ली. दैनिक क्षमता का आसवन संयंत्र और 20 मेगावाट की बिजली सह-उत्पादन इकाई स्थापित कर रहा है। इसमें कुल 615 करोड़ रु. का निवेश अनुमानित है। इसी प्रकार, तिरहुत इंडस्ट्रीज बिहार राज्य चीनी निगम की रैयाम और सकरी इकाइयों के हस्तांतरण हेतु बोली की प्रक्रिया में सफल रहा है। रैयाम इकाई की दीर्घावधि लीज का एक समझौता हस्ताक्षरित हुआ है और हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। तिरहुत इंडस्ट्रीज द्वारा रैयाम में बिजली सह-उत्पादन के साथ चीनी इकाई तथा सकरी में खाद्य प्रसंस्करण और अन्य उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। बिहार राज्य चीनी निगम के अन्य चीनी मिलों तथा एक आसवन संयंत्र - हथुआ (आसवन संयंत्र सहित), सीवान, न्यू सावन, समस्तीपुर, लोहट, बनमनखी, गरौल, गोरांट, मोतीपुर तथा वारिसअलीगंज - को पुनर्जीवित करने के लिए बोली आमंत्रित की गई है।

ईख उत्पादन का क्षेत्रफल लगभग 2.70 लाख हे. रहा है और उसका कुल उत्पादन 150 लाख टन। वर्ष 2006-07 में पेराई के लिए 52 लाख टन ईख उपलब्ध थी जो 2007-08 में गिरकर 36.39 लाख टन हो गई थी। मुख्यत: वर्षा की अनियमितता के कारण 2008-09 में इसमें और भी गिरावट आने की आशंका रही थी।

चीनी उत्पादन भी 2006-07 के 4.51 लाख टन से गिरकर 2007-08 में 3.90 लाख टन तथा 2008-09 में उससे भी गिरकर 2.20 लाख टन रह गया था। यह 2008-09 में राष्ट्रीय रुझान के अनुरूप ही था जिसमें भारी गिरावट आई थी। वर्ष 2009-10 में भी लगभग 60 प्रतिशत गिरावट आई थी। बहरहाल चीनी प्राप्ति की दर 9 प्रतिशत के आसपास है। विवरण तालिका 3.13 में प्रस्तुत हैं।

**तालिका 3.13 : ईख/ चीनी के क्षेत्रफल और उत्पादन से संबंधित विवरण**

| इकाई | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 (अनुमानित) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| ईख के तहत क्षेत्रफल (लाख हे.) | 2.70 | 2.52 | 3.25 | 2.75 | 3.25 | 2.65 |
| ईख का उत्पादन (लाख टन) | 143.64 | 143.64 | 191.95 | 159.50 | 191.95 | 122.22 |
| ईख की उत्पादकता (टन/ हे.) | 53.20 | 57.00 | 59.00 | 58.00 | 59.00 | 46.00 |
| पेराई हेतु ईख की उपलब्धता (लाख टन) | 49.10 | 52.04 | 63.10 | 36.39 | 63.80 | 23.7 |
| चीनी का उत्पादन (लाख टन) | 4.55 | 4.51 | 5.47 | 3.90 | 5.40 | 2.20 |
| चीनी की उपलब्धता का प्रतिशत | 9.50 | 8.67 | 9.50 | 9.32 | 9.50 | 9.30 |

स्रोत : गन्ना विभाग, बिहार सरकार

राज्य के सारे चालू चीनी मिल पुराने है। वे 1930 के दशक में स्थापित हुए हैं और अपनी क्षमता से बहुत नीचे काम कर रहे हैं जो तालिका 3.14 से स्पष्ट है।

**तालिका 3.14 : चीनी मिलों के कामकाज की स्थिति ( 2008-09 )**

(आंकड़े लाख क्विंटल में)

| चीनी मिल का नाम | स्थापना का वर्ष | दैनिक ईख पेराई क्षमता (टन) | पेरी गई ईख की मात्रा | उत्पादित चीनी | चीनी का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| बगहा | 1936 | 2500 | 13.83 | 1.29 | 9.33 |
| हरिनगर | 1938 | 10000 | 63.01 | 5.95 | 9.44 |
| नरकटियागंज | 1932 | 7500 | 45.16 | 4.28 | 9.48 |
| मझौलिया | 1933 | 4300 | 29.37 | 2.72 | 9.26 |
| सासामुआ | 1932 | 3450 | 12.06 | 1.06 | 8.79 |
| गोपालगंज | 1931 | 5000 | 20.88 | 1.85 | 8.86 |
| सिधवलिया | 1931 | 5000 | 16.34 | 1.73 | 10.59 |
| रीगा | 1933 | 4500 | 25.58 | 2.28 | 8.91 |
| हसनपुर | 1934 | 3000 | 10.78 | 0.89 | 8.26 |
| योग | | 45250 | 237.01 | 22.05 | 9.30 |

स्रोत : गन्ना विभाग, बिहार सरकार




बिहार में चीनी उद्योग को पुनर्जीवित करने की दिशा में राज्य सरकार ने निम्नलिखित पहलकदमियां ली हैं :

(i) वर्ष 2002 में बिहार राज्य चीनी निगम के परिसमापन के लिए पटना उच्च न्यायालय में पेश आवेदन को बिहार सरकार द्वारा 2007 में वापस ले लिया गया और उसके निजीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

(ii) बिहार राज्य चीनी निगम के बंद पड़े 15 चीनी मिलों और दो आसवन इकाइयों को निजी निवेशकों के निवेश से पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनकी परिसंपत्तियों के मूल्यांकन के साथ-साथ निदानमूलक अध्ययन और संभाव्यता रिपोर्ट पूरी हो गई है। बंद इकाइयों को एचपीसीएल, रिलाएंस इंडस्ट्रीज लि. और झूलन बनस्पति जैसे निजी क्षेत्र के निवेशकों के साथ लीज समझौतों के जरिए पुनर्जीवित किया जा रहा है और उनके हस्तांतरण के लिए नीलामी की दो प्रक्रियाएं पूरी हो गई हैं।

(iii) निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य में राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है और अक्तूबर 2010 तक चीनी मिल से संबंधित 37 प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है। इनमें से 27 प्रस्ताव नए चीनी मिलों के, 8 चालू मिलों के विस्तार के और 2 चालू चीनी मिलों के लिए नए ईथेनॉल संयंत्रों के हैं।

**कॉम्पफेड**

बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (कॉम्पफेड) गुजरात के आनंद की तर्ज पर दुग्ध विकास के ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम का क्रियान्वयनकारी अभिकरण है। जिला स्तर के छः दुग्ध उत्पादक सहकारी यूनियन कॉम्पफेड से जुड़े हैं जिनके कामकाज राज्य के 26 जिलों में हैं। दूध की अधिप्राप्ति के मामले में बिहार का शुमार देश 10 शीर्ष

राज्यों में होता है। सितंबर 2010 तक राज्य में 9,130 संगठित दुग्ध सहकारी समितियां थीं जिनमें से 6,451 कार्यशील थीं और 3,569 निबंधित। 4.89 लाख परिवार इन सहकारी समितियों के सदस्य हैं। दुग्ध सहकारी समितियों की वर्षवार प्रगति तालिका 3.15 क में दर्शाई गई है।

**तालिका 3.15 क : दुग्ध सहकारी समितियों की वर्षवार प्रगति**

| विवरण | 99-00 | 03-04 | 04-05 | 05-06 | 06-07 | 07-08 | 08-09 | 09-10 | 10-11* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संगठित समितियां | 3371 | 4737 | 5103 | 5243 | 5819 | 6585 | 7369 | 8561 | 9130 |
| कार्यशील समितियां | 2868 | 3950 | 4073 | 4179 | 4540 | 4735 | 4817 | 6068 | 6451 |
| निबंधित समितियां | 1605 | 1678 | 1664 | 1731 | 2051 | 2671 | 2929 | 3237 | 3569 |
| सदस्यता (हजार) | 172.94 | 241.37 | 255.71 | 267.18 | 284.42 | 323.46 | 373.71 | 463.16 | 489.60 |

* सितंबर 2010 तक

स्रोत : कॉम्पफेड, बिहार सरकार

औसत दैनिक दुग्ध अधिप्राप्ति 1999-2000 में 281.08 हजार किग्रा थी जो दूने से भी अधिक होकर 2006-07 में 608.38 हजार किग्रा हो गई। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बाढ़ के कारण 2007-08 में दैनिक अधिप्राप्ति में काफी गिरावट आई लेकिन 2009-10 में खरीद फिर से बढ़ी और 739 हजार किग्रा प्रतिदिन पहुंच गई। ब्योरा तालिका 3.15 ख में प्रस्तुत है।

**तालिका 3.15 ख : दुग्ध सहकारी समितियों द्वारा दूध की अधिप्राप्ति**

(हजार किग्रा प्रतिदिन)

| दुग्ध संघ | 99-00 | 03-04 | 05-06 | 06-07 | 07-08 | 08-09 | 09-10 | 10-11* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 82.33 | 102.66 | 147.39 | 157.33 | 127.81 | 92.13 | 151.31 | 207.48 |
| बरौनी | 71.37 | 135.00 | 162.84 | 173.69 | 136.99 | 119.91 | 222.85 | 316.45 |
| मुजफ्फरपुर | 40.46 | 52.84 | 77.77 | 87.13 | 53.66 | 45.97 | 80.71 | 109.82 |
| समस्तीपुर | 42.56 | 69.86 | 106.21 | 129.85 | 106.04 | 104.21 | 175.79 | 232.42 |
| शाहाबाद | 35.38 | 29.99 | 47.06 | 45.41 | 38.23 | 28.54 | 66.28 | 98.35 |
| गया | 0.24 | 3.55 | 5.49 | 2.42 | 2.56 | 2.21 | 4.88 | 8.63 |
| रांची | 6.99 | 6.06 | 5.52 | 4.78 | 3.64 | 2.94 | 4.61 | 4.42 |
| भागलपुर | 1.76 | 3.27 | 5.64 | 7.78 | 10.52 | 19.54 | 29.82 | 32.04 |
| कोशी | - | - | - | - | - | - | 2.52 | 4.87 |
| योग | 281.08 | 403.00 | 557.90 | 608.38 | 480.39 | 415.36 | 738.77 | 1014.47 |

* सितंबर 2010 तक

स्रोत : कॉम्पफेड, बिहार सरकार




* 2010-11 के आंकड़े सितंबर 2010 तक

दुग्ध अधिप्राप्ति वृद्धि कार्यक्रम के तहत दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले तकनीकी इनपुट में प्रजनन सुविधा, पशु स्वास्थ्य आच्छादन, खाद्य एवं चारा तथा प्रसार/ प्रशिक्षण सेवाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दुग्ध उत्पादकों को कोई भी इनपुट मुफ्त नहीं उपलब्ध होता है।

वर्ष 2006-07 में तरल दूध का औसत दैनिक विपणन 532 हजार ली. था जो 2010-11 में (सितंबर 2010 तक) बढ़कर 720 हजार ली. हो गया। दूध तथा दुग्ध उत्पादों का विपणन 6,690 बिक्री केंद्रों के जरिए बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लगभग 105 शहरों में किया जाता है। शहरों की सूची में इलाहाबाद हाल ही में जुड़ा है। दुग्धशालाएं विभिन्न प्रकार की टिकाऊ क्षमता, मूल्यवर्धित तथा ताजा उत्पादों का उत्पादन करती हैं। सभी उत्पाद 'सुधा' ब्रांड नाम से बेचे जाते हैं।

**तालिका 3.15 ग : विभिन्न दुग्ध उत्पादों का विपणन**

| दुग्ध उत्पाद | इकाई | 99-00 | 01-02 | 03-04 | 04-05 | 05-06 | 06-07 | 07-08 | 08-09 | 09-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घी | मै. टन | 642.9 | 998.0 | 991. 18 | 942.2 | 1870.3 | 1214.3 | 1025.93 | 679.92 | 981.79 |
| मक्खन | मै. टन | 82.3 | 67.3 | 44.79 | 91.9 | 106.4 | 138.59 | 61.69 | 61.67 | 74.45 |
| आइसक्रीम | मै. टन | 468.7 | 182.1 | 257.53 | 229.1 | 263.5 | 290.63 | 321.83 | 332.47 | 472.32 |
| लस्सी | मै. टन | 2223.6 | 1271.1 | 1615. 13 | 1703.0 | 2519.0 | 2287.0 | 2180.88 | 2627.04 | 3216.88 |
| मिस्टी दही | मै. टन | 401.7 | 387.2 | 538. 59 | 534.0 | 563.5 | 549.21 | 630.20 | 707.09 | 820.21 |
| पेड़ा | मै. टन | 333.7 | 350.5 | 413.12 | 536.1 | 614.2 | 736.11 | 595.33 | 568.19 | 735.73 |
| पनीर | मै. टन | 272.9 | 454.6 | 679. 79 | 796.5 | 970.3 | 1242.34 | 1114.48 | 1053.84 | 1701.48 |
| सुधा स्पेशल | मै. टन | 180.6 | 203.6 | 224.19 | 259.2 | 278.5 | 358.73 | 417.34 | 533.10 | 870.39 |
| सादा दही | मै. टन | 160.7 | 226.0 | 790.61 | 814.4 | 1285.1 | 1508.39 | 1465.92 | 1683.97 | 2723.03 |
| कलाकंद | मै. टन | 95.8 | 90.5 | 66.99 | 115.5 | 161.7 | 154.75 | 135.68 | 127.27 | 152.76 |
| रसगुल्ला | मै. टन | 44.7 | 47.8 | 95.23 | 105.6 | 186.0 | 292.62 | 388.34 | 354.28 | 497.06 |
| गुलाबजामुन | मै. टन | 45.7 | 60.4 | 98.51 | 107.7 | 164.8 | 241.06 | 319.43 | 268.34 | 335.75 |

स्रोत : कॉम्पफेड, बिहार सरकार

## 3.6 गैर-कृषि आधारित उद्योग

### चर्म एवं संबंधित उद्योग

चर्म एवं संबंधित उद्योग देश में शिल्पकारों को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराने के लिहाज से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चर्म उद्योग के विकास के मुख्य कारक कच्चे मालों (खाल-चमड़े) की उपलब्धता, सस्ता श्रम, प्रौद्योगिकी तथा सरकारी सहायता हैं। बिहार में गाय-भैंसें बड़ी संख्या में मौजूद हैं जिनका देश की कुल गाय-भैंस आबादी में 8 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा देश की बकरियों की कुल आबादी में बिहार का हिस्सा 12 प्रतिशत है। बकरियों की आबादी के मामले में बिहार का स्थान तीसरा है – पश्चिम बंगाल और राजस्थान के बाद।

**तालिका 3.16 : पशुधन**

(लाख में)

| प्रकार | बिहार | भारत | संपूर्ण भारत में बिहार का % हिस्सा |
|---|---|---|---|
| गाय | 147.4 | 1892.2 | 7.79 |
| भैंस | 40.4 | 954.8 | 4.23 |
| बकरी | 153.9 | 1270.7 | 12.11 |
| भेड़ | 9.8 | 517.3 | 1.89 |

स्रोत : अखिल भारतीय खाल एवं चर्म बाजार सर्वेक्षण, 2005 की रिपोर्ट

केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान द्वारा संपन्न हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में गाय-भैंस की 26.4 लाख खालों और 50.9 लाख चमड़ों का वार्षिक उत्पादन होता है। बिहार बकरे-बकरियों और गाय-भैंस के चमड़ों की उच्च गुणवत्ता के लिए मशहूर है। बकरियों के चमड़े छोटे तथा ग्लेज्ड किड लेदर के उत्पादन हेतु सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं जिसका अधिकांश हिस्सा निर्यात कर दिया जाता है।

**तालिका 3.17 : खालों और चमड़ों का बाजारवार ब्योरा (2003)**

(आंकड़े लाख में)

| बाजार | मवेशियों की खालें | बछड़े-बछडियों के चमड़े | भैंसों की खालें | पाड़ों-पाड़ियों के चमड़े | बकरे-बकरियों के चमड़े | भेड़ों के चमड़े |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 0.54 | 0.15 | 0.41 | 0.44 | 4.50 | 0.51 |
| आरा | 0.72 | - | 1.08 | - | 1.22 | - |
| औरंगाबाद | 0.72 | 0.02 | 0.48 | 0.02 | 1.82 | - |
| मुंगेर | 0.35 | - | 0.86 | - | 1.46 | - |
| मुजफ्फरपुर | 0.14 | 0.36 | 0.04 | 12.00 | 1.44 | 0.06 |
| पबई | 0.42 | 0.18 | 0.30 | 0.10 | 1.30 | - |
| पूर्णिया | 0.32 | 0.06 | 0.55 | 0.10 | 2.55 | - |

स्रोत : अखिल भारतीय खाल एवं चर्म बाजार सर्वेक्षण, 2005 की रिपोर्ट

आरा भैंसों की खालों का बड़ा बाजार है जबकि मुजफ्फरपुर पाड़ों-पाड़ियों के चमड़ों का। बकरियों के चमड़ों के मामले में पटना प्रमुख बाजार है। मोटे अनुमान के मुताबिक बकरियों के 7-8 हजार चमड़ों और गायों की 2-3 हजार खालों से भरा तीन ट्रक कच्चा माल रोज मुजफ्फरपुर से विभिन्न स्थानों की ओर जाता है। बिहार के प्रमुख बाजारों में खालों-चमड़ों के संग्रहण के लिए तमिलनाडु की कुछ चर्मशोधन इकाइयों के एजेंट नियुक्त हैं। स्थानीय चर्मशोधन उद्योग मुजफ्फरपुर की कुछ चालू इकाइयों तथा मोकामाघाट स्थित बाटा की चर्मशोधन इकाई तक सीमित है। फलतः अधिकांश कच्चा माल कोलकाता, कानपुर, चेन्नई और अन्य स्थानों पर चला जाता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि बिहार में अच्छी गुणवत्ता वाली गाय-भैंस की खालें तथा बकरियों के चमड़े और पर्याप्त श्रमशक्ति मौजूद है। राज्य में पर्याप्त अवसर के अभाव में कच्चा माल और श्रमशक्ति, दोनों दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। राज्य के अंदर चर्म आधारित उद्योग स्थापना की काफी गुंजाइश है। इस संबंध में दृष्टिकोण के दो घटक होने चाहिए - पहला, मुजफ्फरपुर स्थित चर्मशोधन इकाइयों का सुदृढ़ीकरण और उसके बाद स्थानीय जूता-चप्पल निर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन। साथ ही, जूता-चप्पल और चमड़े के सामानों के लिए पटना के समीप अलग औद्योगिक पार्क स्थापित करना भी संभव हो सकता है। मध्यम और बड़ी चर्मशोधन इकाइयों की स्थापना हेतु उद्यमियों को आमंत्रित करके कालक्रम में मुजफ्फरपुर को प्रमुख चर्मशोधन संकुल के बतौर भी विकसित किया जा सकता है।

**हथकरघा क्षेत्र**

राज्य में हथकरघा क्षेत्र में समय के साथ लगातार गिरावट देखी गई है और आज यह क्षेत्र मोटे तौर पर वैकल्पिक जीविका की तलाश में बड़े शहरों की ओर कूच करते विपन्न बुनकरों की गाथा बनकर रह गया है। राज्य सरकार और गैर-सरकारी अभिकरणों द्वारा अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन के बावजूद हथकरघा क्षेत्र में उत्पादन गिर ही रहा है। वर्ष 2009-10 में भी हथकरघा क्षेत्र गत वर्ष की गिरावट से नहीं उबर सका जब 3.1 प्रतिशत का नकारात्मक विकास दर्ज किया गया था। हालांकि तथ्य यह है कि 1.4 लाख से भी अधिक बुनकर और उनके परिवार के सदस्य पूरी तरह इसी पर निर्भर हैं। इन बुनकरों का बड़ा हिस्सा सहकारी समितियों से बाहर था। 1,090 बुनकर सहकारी समितियों के तहत मात्र 10,850 के करीब हथकरघे ही चालू हैं। हथकरघा इकाइयां राज्य के 38 में से 14 जिलों में संकेंद्रित हैं जिनमें पटना, गया, मधुबनी, सीवान, भागलपुर और नालंदा प्रमुख हैं।

बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आइएल एंड एफएस को बिहार के सात हथकरघा संकुलों/ जिलों - गया, पटना, दरभंगा, मधुबनी, भागलपुर, सीवान और बिहारशरीफ में निदान सर्वेक्षण हेतु अधिदेशित किया गया था। अध्ययन इस बात को दुहराता है कि अधिकांश बुनकर आज भी अत्यंत छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं और उनके पास व्यावसायिक लिहाज से टिकाऊ काम नहीं है। बुनकरों का संघ बनाना और उनके काम को सक्षम स्तर पर लाना जरूरी है। तथ्य यह है कि बुनकर सहकारी समितियां मोटे तौर पर सेवा प्रदान में असफल रहीं हैं।

अध्ययन इस तथ्य को भी सामने लाता है कि 54 प्रतिशत बुनकरों के पास ही अपने हथकरघे थे; शेष 46 प्रतिशत को व्यापारियों ने हथकरघे दे रखे थे। जिलों के बीच मधुबनी में अपने हथकरघे वाले बुनकरों का सर्वाधिक संकेंद्रण था और उसके बाद सीवान में। यह भी पता चला कि बुनाई पुरुष-प्रधान पेशा है। हालांकि परिवार की महिलाएं भी बुनाई के पहले के काम में हाथ बंटाती हैं। यह भी पाया गया कि कुल मिलाकर 62 प्रतिशत बुनकरों के लिए बुनाई आय का मुख्य साधन थी। 50 प्रतिशत से अधिक बुनकर 2,000 रु. मासिक से भी कम उपार्जन कर पाते थे क्योंकि उन्हें पूरा काम नहीं मिलता था। अधिकांश बुनकरों ने महीने में 10-12 दिन काम न मिलने की खबर दी। बरसात और बाढ़ के दौरान उनका काम 45 से 60 दिनों के लिए लगभग बंद हो जाता है। इतने कम उपार्जन के कारण बुनकर गरीबी के दुष्चक्र में फंस जाते हैं और उनके पास आधुनिक हथकरघा के सामान या बेहतर गुणवत्ता का कच्चा माल खरीदने के लिए संसाधन नहीं बचता है। यह कौशल उन्नयन और नए डिजाइन अपनाने के मामले में भी अवरोधक बनता है। इन कठिन समस्याओं के कारण नई पीढ़ी हथकरघा को कैरियर के रूप में नहीं देखती है।

हथकरघा क्षेत्र कोई पूंजीप्रधान काम नहीं है। मूल हथकरघा लगभग 5 हजार रु. में आ जाता है। डॉबी और जैकार्ड जैसे अतिरिक्त सामानों की कीमत भी 3-4 हजार रु. होती है। अधिकांश (70 प्रतिशत) बुनकर स्थायी व्यापारियों से कच्चा माल खरीदते हैं। अधिकांश मामलों में बुनकर व्यापारियों के लिए ठेके पर काम करते हैं जिसमें कच्चा माल व्यापारियों द्वारा ही उपलब्ध कराया जाता है। 80 प्रतिशत से भी अधिक बुनकरों ने कच्चे माल की गुणवत्ता को औसत से लेकर खराब तक बताया।

राज्य में हथकरघा बुनकरों के प्रशिक्षण तथा क्षमतावृद्धि के लिए राज्य सरकार के 8 संस्थान हैं : (1) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, चाकंद, गया, (2) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, अमरपुर, बांका, (3) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, ओबरा, औरंगाबाद, (4) केंद्रीय रूपांकन केंद्र, राजेंद्रनगर, पटना, (5) पॉलिएस्टर तथा रेशमी वस्त्र प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र, बरारी, भागलपुर, (6) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, काको, जहानाबाद, (7) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, पूर्णिया तथा (8) बुनकर प्रशिक्षण केंद्र, झींगानगर, नालंदा। लेकिन इनमें से अधिकांश केंद्रों के पास पर्याप्त अधिसंरचना नहीं है। उन्हें बिजली और जलापूर्ति की व्यवस्था से रहित जीर्णशीर्ण भवनों में चलाया जाता है। अधिकांश मामलों में करघे अच्छी स्थिति में नहीं होते हैं। पाठ्यक्रम कालातीत होता है और प्रशिक्षणकर्मी आधुनिक उन्मुखीकरण से रहित बुजुर्ग। प्रशिक्षण संस्थान बाजार से भी नहीं जुड़े हैं।

बिहार का हथकरघा क्षेत्र मुख्यतः इन समस्याओं का सामना कर रहा है : (1) कच्चे माल की कमी, (2) नए उत्पाद/ डिजाइन संबंधी प्रशिक्षण का अभाव, (3) गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की समय से आपूर्ति हेतु अपर्याप्त उत्पादन आधार, (4) बेमोल की प्रौद्योगिकी, (5) ऋण सुविधाओं का अभाव तथा (6) बाजार के साथ अपर्याप्त संपर्क।

भागलपुर में हथकरघा संकुल के अंतर्गत सामान्य उत्पादन सुविधा स्थापित करने के लिए 'भागलपुर हैंडलूम इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट' के द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के पास एक परियोजना पेश की गई है जिसका परिव्यय 23.93 करोड़ रु. है। भारत सरकार ने इस परियोजना के लिए मात्र 20.82 करोड़ रु. अनुमोदित किए हैं। शेष भाग राज्य सरकार द्वारा जमीन के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य सरकार ने इस परियोजना को सिद्धांततः स्वीकृति दे दी है और उसके लिए कहलगांव में जमीन निर्धारित की है। हथकरघा संकुल विकास योजना के तहत संकुल विकास कार्यक्रम हेतु परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की गई है। इस मकसद से पहले चरण में 14 हथकरघा संकुलों और 6 समूहगत दृष्टिकोण वाली परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से 152.51 लाख रु. और राज्य सरकार से 27.11 लाख रु. विमुक्त किए गए हैं। वर्ष 2008-09 और 2009-10 की मुख्य परियोजनाओं के विवरण परिशिष्ट 5 में प्रस्तुत हैं।

विद्युतचालित करघा क्षेत्र के बुनकरों के लिए भागलपुर में एक पावरलूम सेवा केंद्र मौजूद है जहां दो महीने की अवधि के छः प्रशिक्षण सत्र संचालित किए जाते हैं। प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र में 20 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाता है और हर प्रशिक्षु को 300 रु. की मासिक दर से वजीफा दिया जाता है। वर्ष 2009-10 में 120 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया था। हालांकि प्रशिक्षण पाने वाले बुनकरों के लिए कोई फॉलो अप नहीं हुआ।

**रेशम उत्पादन**

केंद्र प्रायोजित योजना के तहत पूर्णिया में मलबरी विकास परियोजना, नवादा और बांका में तसर विकास परियोजना तथा बेगूसराय में अंडी विकास परियोजना के लिए 2009-10 में केंद्रीय अंशदान के बतौर राज्य को 167.12 लाख रु. आबंटित किए गए थे। तदनुरूप राज्य के हिस्से के बतौर 58.21 लाख रु. विमुक्त किए गए हैं और 34.54 लाख रु. का अनुमोदन प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2009-10 में 151.36 एकड़ जमीन पर शहतूत (मलबरी) और 62 एकड़ जमीन पर तसर हेतु पौधे लगाए गए हैं।

रेशम उद्योग के विकास के लिए 11 मलबरी, 6 तसर और एक अंडी केंद्र के साथ-साथ राज्य में 4 आंचलिक कार्यालय मौजूद हैं। प्रत्येक मलबरी केंद्र के साथ एक पक्के घेरे वाला फार्म, कार्यालय भवन, कोयों (कॉकून) के लिए घर आदि भी जुड़े होते हैं जिनके पुनरुद्धार की जरूरत है। तसर केंद्रों के लिए भी कार्यालय भवन, कोया घर, घेराबंदी आदि की जरूरत है। चारो आंचलिक कार्यालयों में कंप्यूटर की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

कोया तथा धागा उत्पादकों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने के लिए एक पुरस्कार व्यवस्था 2004-05 से शुरू है। धागा तैयार करने वालों के लिए कोयों और धागों के विपणन हेतु 2008-09 में साइकल आपूर्ति योजना शुरू की गई थी। इसका किसानों पर अच्छा प्रभाव पड़ा है। इसके तहत 125 किसानों को 2,000 रु. की उपदानित दर पर साइकल आपूर्ति का प्रावधान है। भागलपुर में बिहार रेशम एवं वस्त्र संस्थान हेतु भवन निर्माण का भी प्रस्ताव है।

**जूट**

आइएल एंड एफएस ने एक निदान सर्वेक्षण किया है और जूट क्षेत्र के लिए अवरोधों की पहचान करके उनके लिए कार्ययोजना की अनुशंसा की है। अनुशंसित वांछित हस्तक्षेपों में शामिल हैं : जूट पार्क की स्थापना, करघों का आधुनिकीकरण, प्रसंस्करण एवं डिजाइन केंद्र की स्थापना, डिजाइन तथा उत्पाद विकास हेतु नोडल केंद्र की स्थापना, जूट के लिए कच्चा माल बैंक की स्थापना आदि। सुझाव दिया गया है कि इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन पेशेवर अभिकरणों को सौंपा जा सकता है। परियोजना की अनुमानित लागत 59.00 करोड़ रु. है जिसमें से 16.10 करोड़ रु. का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

पूर्णिया जिले के मरांगा में सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत 42.36 करोड़ रु. की लागत से एक जूट पार्क स्थापित किया जा रहा है। इस पार्क के लिए केंद्र सरकार 7.5 करोड़ रु. और राज्य सरकार 2.00 करोड़ रु. उपदान देने के लिए सहमत हो गई है। इसकी इक्विटी के बतौर राज्य सरकार 1.67 करोड़ रु. कीमत की 44.20 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगी। पार्क बुनियादी अधिसंरचना से युक्त होगा और 4,500 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष तथा 9,000 व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराएगा। यह पार्क जूट के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में भी मददगार होगा।

**खान तथा खनिज**

अविभाजित बिहार खनिजों और खनिज उत्पादों के मामले में अत्यंत समृद्ध था लेकिन विभाजित बिहार के पास केवल मिट्टी और बालू बचा है। तथापि पायराइट, चूना पत्थर और अभ्रक वर्तमान बिहार में अच्छी मात्रा में मौजूद हैं। लेकिन इनका खनन हमेशा संभव नहीं होता क्योंकि इनमें से ज्यादातर की उपस्थिति वनभूमि के अंदर है। लौह खनिज और सीलिका सैंड सीमित मात्रा में मौजूद हैं और उनकी गुणवत्ता भी निम्न है। खनिजों की जिलावार उपस्थिति परिशिष्ट 6 में दर्शाई गई है जिससे स्पष्ट है कि कुछ जिलों को छोड़कर शेष में कोई खनिज संसाधन नहीं हैं। वर्ष 2005-06 में इन खनिजों से होने वाली राजस्व प्राप्ति मात्र 97 करोड़ रु. थी जो 4 वर्ष की अवधि में दूनी से भी अधिक वृद्धि दर्शाते हुए 2009-10 में (फरवरी 2010 तक) बढ़कर 212 करोड़ रु. हो गई। यह भी गौर करने की बात है कि 2005-06 से 2009-10 तक की पूरी अवधि में राजस्व लक्ष्य से अधिक रहा। इस बात का उल्लेख भी जरूरी है कि ईंट, बालू आदि गौण खनिजों से प्राप्त होने वाला राजस्व चूना पत्थर, अभ्रक, सिलिका सैंड आदि प्रमुख खनिजों से होने वाली आय से कईगुनी अधिक है।

**तालिका 3.18 : खनन से राजस्व प्राप्ति**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | लक्ष्य | राजस्व प्राप्ति |
|---|---|---|
| 2005-06 | 89.00 | 97.01 |
| 2006-07 | 105.00 | 117.42 |
| 2007-08 | 125.00 | 146.34 |
| 2008-09 | 160.00 | 182.22 |
| 2009-10 (फरवरी 2010 तक) | 200.00 | 212.00 |

स्रोत : खान एवं खनिज विभाग, बिहार सरकार




**तालिका 3.19 : विभिन्न खनिजों से राजस्व प्राप्ति (2008-09)**

| खनिजों के प्रकार | प्राप्त रकम (लाख रु. में) |
|---|---|
| प्रमुख खनिज | |
| चूना पत्थर | 260.66 |
| अभ्रक | 1.40 |
| सिलिका सैंड | 7.50 |
| सोप स्टोन | 0.43 |
| योग | 269.99 |
| गौण खनिज | |
| ईंट | 1483.87 |
| बालू | 5687.99 |
| पत्थर | 4083.58 |
| मोरम | 75.37 |
| मिट्टी | 405.42 |
| अन्य | |
| कार्यशील विभाग | 5559.74 |
| ट्रांजिट पास/ अन्य | 240.51 |
| योग | 17536.48 |
| अतिदेय (ओवर ड्यूज) | 415.66 |
| खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व | 18222.13 |

स्रोत : खान एवं खनिज विभाग, बिहार सरकार

राज्य सरकार ने राजस्व बढ़ाने और अवैध खनन रोकने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं जो प्रभावी भी साबित हुए हैं :

- होलोग्राम युक्त परिवहन चालान की प्रणाली शुरू की गई है।
- बिहार राज्य भूवैज्ञानिक कार्यक्रम परिषद का पुनर्गठन किया गया है।
- बालू के खनन के लिए पहले के एक साल की जगह बालू घाटों की तीन वर्षों के लिए बंदोबस्ती की जा रही है।
- भारत सरकार द्वारा सरैया उरमा पहाड़ी कोयला ब्लॉक के विकास के लिए कोयाटांड़ कोयला ब्लॉक का आबंटन झारखंड विद्युत बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से गठित 'झार बिहार कोलियरी लि.' को किया गया है।
- पहाड़ियों, पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी की रक्षा के लिहाज से प्रस्तर क्षेत्र की नई बंदोबस्ती और मौजूद पट्टों का नवीकरण रोक दिया गया है।
- 19,412 वर्ग किमी जमीन पर तेल एवं प्राकृतिक गैस की खोज के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम को संभावना अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है।
- गौण खनिज मोरम की बंदोबस्ती सार्वजनिक नीलामी द्वारा करने का प्रावधान किया गया है।

### 3.7 अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र में रुग्णता

अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र में रुग्णता चिंता का विषय है। अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र की रुग्णता की परिभाषा समय के साथ बदलती रही है। इस मुद्दे पर देखरेख के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने समय-समय पर समितियों की नियुक्ति की है। अब किसी लघु उद्योग इकाई को तभी रुग्ण माना जाता है जब :

(i) संचित हानि के कारण निवल मूल्य में होने वाला क्षरण विगत लेखा वर्ष में उसके निवल मूल्य के 50 प्रतिशत तक हो, तथा

(ii) इकाई न्यूनतम दो वर्षों तक व्यावसायिक उत्पादन करती रही हो।

रुग्णता को मापने के लिए तीन मापदंडों का उपयोग होता है - (क) एक वर्ष तक ऋण अदायगी में विलंब, (ख) निवल मूल्य में 50 प्रतिशत की कमी तथा (ग) गत तीन वर्षों में उत्पादन में गिरावट। आरंभिक रुग्णता को मापने के लिए लगातार 3 वर्षों तक सकल उत्पादन में गिरावट की पहचान उपयुक्त सूचक के बतौर की गई थी। अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र की लगभग 14.47 प्रतिशत निबंधित इकाइयों की पहचान रुग्ण अथवा आरंभिक रुग्ण के बतौर की गई थी। रुग्णता और आरंभिक रुग्णता पर चतुर्थ अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र गणना के दौरान सूचना संग्रहित की गई थी। मांग की कमी, कार्यशील पूंजी की कमी और विपणन संबंधी समस्याएं अतिलघु, लघु तथा मध्यम क्षेत्र में रुग्णता/ आरंभिक रुग्णता के मुख्य कारण थे।

**तालिका 3.20 : रुग्णता/ आरंभिक रुग्णता के कारण**

| रुग्णता/ आरंभिक रुग्णता के कारण | *रुग्ण/ आरंभिक रुग्ण इकाइयों का अनुपात (%) |
|---|---|
| मांग की कमी | 71.60 |
| कार्यशील पूंजी की कमी | 48.00 |
| कच्चे माल की अनुपलब्धता | 15.10 |
| बिजली की कमी | 21.40 |
| श्रमिक समस्या | 7.40 |
| विपणन समस्या | 44.50 |
| उपकरण संबंधी समस्याएं | 10.60 |
| प्रबंधन संबंधी समस्याएं | 5.50 |

* कॉलम का योग 100 से अधिक है क्योंकि अनेक इकाइयों ने एकाधिक कारण बताए हैं।
स्रोत : चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम गणना की रिपोर्ट, 2006-07

अनेक अधिसंरचनात्मक तथा अन्य सीमाओं के कारण बिहार में बड़ी संख्या में इकाइयां रुग्ण हैं। केंद्र सरकार के एक सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार में 2006-07 में 259 बड़ी तथा मंझोली इकाइयां थीं जिनमें से 18 को बीआइएफआर ने रुग्ण घोषित किया था और 17 को बंद करने का निर्णय किया था। चतुर्थ अखिल भारतीय लघु उद्योग गणना (2001-02) के अनुसार, 72,632 निबंधित इकाइयों में से मात्र 52,107 चालू थीं और शेष 20,525 (28.3 प्रतिशत) इकाइयां बंद। वर्ष 2006-07 में संपन्न चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम गणना के अनुसार 21 प्रतिशत से कुछ अधिक इकाइयां बंद थीं और लगभग 6 प्रतिशत का पता नहीं चला। श्रम और कच्चे मालों की सहज उपलब्धता के बावजूद अधिकांश इकाइयां बहुत कम मुनाफे पर चल रही थीं। इसका कारण बाजार संबंधी अवसरों की कमी या इन सामग्रियों को सही बाजार में ले जाने के लिए अधिसंरचनात्मक सहायता की अनुपस्थिति भी हो सकता है। अनियमित बिजली आपूर्ति तथा बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अनियोजित उत्पादन शिड्यूल के कारण आने वाली अधिक लागत के कारण भी ऐसा हो सकता है।

बंद इकाइयों में से 40.6 प्रतिशत औद्योगिक इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में थीं और 59.4 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में। पटना, गया, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, बेगूसराय और जहानाबाद जिलों में बंद इकाइयों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक थी। औद्योगिक रुग्णता का ऐसा प्रभाव रहा है कि इन इकाइयों को दिए गए ऋण की अत्यंत निम्न वापसी के कारण बिहार राज्य वित्त निगम और बिहार राज्य ऋण एवं निवेश निगम खुद भी रुग्ण हो गए। इस धक्के के लिए अपर्याप्त अधिसंरचात्मक सुविधाओं को जवाबदेह पाया गया है। बड़ी संख्या में इकाइयों की रुग्णता के लिए जवाबदेह मुख्य मुद्दों की पहचान इस प्रकार की गई है : (1) कार्यशील पूंजी की कमी, (2) कच्चे मालों की अनुपलब्धता, (3) बुरी सड़कें, (4) अपर्याप्त संचार सुविधा तथा (5) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋण की स्वीकृति में विलंब। औद्योगिक रुग्णता बेरोजगारी, पूंजी ठप्प पड़ जाने, राज्य के राजस्व के नुकसान और

परिसंपत्तियों का उपयोग न होने का कारण बनती है। अतएव रुग्ण इकाइयों की रुग्णता दूर करने के लिए समुचित कदम उठाने की जरूरत है।

### 3.8 सहयोगदाता संस्थाएं

राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को बल देने के लिए राज्य सरकार ने अनेक सहयोगदाता संस्थाएं स्थापित की थीं। लेकिन कालक्रम में परिसंपत्ति होने के बजाय ये सहयोगदाता संस्थाएं खुद ही बोझ साबित हो रही हैं। उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी बिहार राज्य वित्त निगम (बीएसएफसी) और बिहार राज्य ऋण एवं निवेश निगम (बिसिको) मुख्यत: अत्यंत कम ऋण वापसी के कारण खुद ही रुग्ण हैं और पुनर्जीवन की प्रतीक्षा में हैं।

### बिहार राज्य वित्त निगम (बीएसएफसी)

अभी बिहार राज्य वित्त निगम की मुख्य गतिविधि ऋणों की वसूली है और विगत तीन वर्षों के दौरान ऋण वसूली की स्थिति तालिका 3.21 में प्रस्तुत है।

**तालिका 3.21 : बिहार राज्य वित्त निगम की ऋण वसूली की स्थिति (2008-09, 2009-10 तथा 2010-11)**

| वर्ष | ऋण वसूली (लाख रु.) |
|---|---|
| 2008-09 | 736.68 |
| 2009-10 | 1451.96 |
| 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | 4165.89 |

स्रोत : बिहार राज्य वित्त निगम, बिहार सरकार

वर्ष 2009-10 और 2010-11 (अक्तूबर 2010 तक) के दौरान बिहार राज्य वित्त निगम की निम्नलिखित गतिविधियां रही हैं :

(क) निगम ने औद्योगिक तथा अन्य इकाइयों को ऋण प्रदान करने की नीति सूत्रबद्ध की है। निगम ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत सिडबी और निगम द्वारा 90 : 10 के अनुपात में संयुक्त वित्तपोषण किया जाएगा। इस योजना के तहत एक इकाई को न्यूनतम 100 लाख रु. का ऋण दिया जा सकता है।

(ख) सिडबी द्वारा गैर-सरकारी संगठनों तथा सूक्ष्मवित्त संस्थानों को ऋण देने का प्रावधान किया गया है। सिडबी से निगम को भी ऋण देने का अनुरोध किया जा रहा है ताकि यह स्वयं सहायता समूहों के जरिए गरीब तबकों को सूक्ष्मवित्त उपलब्ध करा सके।

(ग) वर्ष 2008-09 में बिआडा ने निगम द्वारा वित्तपोषित इकाइयों के जमीन के पट्टे रद्द करना और इकाइयों को अधिगृहित करना शुरू किया जिसकी परिणति माननीय उच्च न्यायालय में अनेक मुकदमे दर्ज होने में

हुई। इसके बाद बिआडा और बिहार राज्य वित्त निगम ने एक समझौता किया जिसके तहत निगम के ऋणों का 110 प्रतिशत भुगतान करने वाली इकाइयों को ऋणमुक्त कर दिया गया। इस योजना के तहत 329 इकाइयों के ऋण माफ कर दिए गए और निगम को 24.29 करोड़ रु. प्राप्त हुए।

(घ) वर्ष 2010-11 में अन्य उद्यमियों के साथ भी ऐसा ही समझौता किया गया है। इस योजना के तहत कुल 567 आवेदन प्राप्त हुए हैं और माफ की गई राशि 40.58 करोड़ रु. होगी।

इकाइयों की स्थापना और वित्तीय सहायता पाने के बाद लघु उद्यमी उनको चलाने में कई तरह की समस्याओं का सामना करते हैं और उपयुक्त प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन के अभाव में अनेक उद्यमी अपने प्रयास में असफल हो जाते हैं। अतएव बिहार राज्य वित्त निगम चार स्थानों - गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बेगूसराय में पांच प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र आरंभ करने का प्रस्ताव कर रहा है। औद्योगिक वित्त उद्यम विकास निगम का परियोजना सेवा प्रभाग इन केंद्रों का संचालन करेगा और उद्यमियों को प्रशिक्षण तथा परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराएगा। प्रभाग ने 2008-09 और 2009-10 में 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं। राष्ट्रीय कृषि प्रसार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद ने कृषि तथा अन्य स्नातकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रभाग को अधिकृत किया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने भी प्रधानमंत्री रोजगार योजना के लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रभाग को अधिकृत किया है। एक अंतर्राष्ट्रीय परामर्शदाता (डिलाइट) को संस्था के अध्ययन तथा भावी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्माण हेतु नियुक्त किया गया है। अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और निगम उस पर विचार कर रहा है।

**बिसिको**

वर्ष 2004-05 से न तो बिसिको को कोई राशि आबंटित की गई थी न उसने किसी औद्योगिक इकाई को नियतावधि ऋण दिया था। वर्ष 2009 में 155 ऐसी अनिष्पादित परिसंपत्तियां थीं जिनमें 100 करोड़ का मूलधन फंसा था। इनमें से अधिकांश इकाइयां अक्खड़ थीं और उनसे ऋण वसूली के सारे उपाय बेकार साबित हुए थे। अतएव, अनिष्पादित परिसंपत्तियों वाली इकाइयों को अपनी गतिविधियां आरंभ करने और उन्हें वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिहाज से नियतावधि ऋण के लिए एकमुश्त निपटारा (ओटीएस-2009) योजना का आरंभ किया गया। इसके परिणामस्वरूप ऋणों की वसूली इस प्रकार थी :

**तालिका 3.22 : एकमुश्त निपटारा-2009 में ऋण वसूली**

| वर्ष | इकाइयों की सं. | वसूल रकम (लाख रु.) |
|---|---|---|
| 2009-10 | 12 | 773.00 |
| 2010-11 (अक्तू. '10 तक) | 6 | 181.02 |

स्रोत : बिसिको, बिहार सरकार

## बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम

बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम (बीएसआइडीसी) वस्तुतः निष्क्रिय है और गत 15 वर्षों से उसकी कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं चल रही है। हालांकि इसे पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## उद्योग मित्र

उद्योग मित्र उद्योगों के विकास के लिए एकल खिड़की और आंकड़ा बैंक के बतौर काम करता है। यह उद्यमियों को सलाह देकर तथा उनसे नियमित संपर्क बनाए रखकर मदद करता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के आंकड़ों के संग्रहण तथा रखरखाव में यह जिला उद्योग केंद्रों की मदद करता है। वर्ष 2004-05 से 2010-11 तक उद्योग मित्र की भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धियों के विवरण तालिका 3.23 में प्रस्तुत हैं।

**तालिका 3.23 : उद्योग मित्र की भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धियां**

| वर्ष | आबंटित रकम (लाख रु.) | खर्च की गई रकम (लाख रु.) | लाभान्वित उद्यमियों की सं. |
|---|---|---|---|
| 2004-05 | 11.00 | 11.00 | 443 |
| 2005-06 | 25.00 | 25.00 | 957 |
| 2006-07 | 50.00 | 50.00 | 717 |
| 2007-08 | 47.80 | 47.80 | 648 |
| 2008-09 | 25.00 | 25.00 | 658 |
| 2009-10 | 60.00 | 60.00 | 679 |
| 2010-11(अक्तू. '10 तक) | 66.00 | - | 307 |

स्रोत : उद्योग मित्र, बिहार सरकार



**बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बिआडा)**

राज्य में बिआडा के चार आंचलिक कार्यालय तथा 47 औद्योगिक क्षेत्र (प्रांगण) विकास केंद्र हैं। यह भूमि का अधिग्रहण करता है, उसे औद्योगिक क्षेत्र/ प्रांगण के बतौर विकसित करता है और इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों को आबंटित करता है। बिआडा ने कुल 5,059.80 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है और उन्हें आद्योगिक इकाइयों को आबंटित किया है। चार अंचलों के बीच पटना में सर्वाधिक 2,301 एक जमीन का अधिग्रहण किया गया है और दरभंगा में सबसे कम – 507 एकड़ का। अधिग्रहित भूमि, आबंटित भूमि, रिक्त भूमि और कार्यशील इकाइयों की संख्या तालिका 3.24 में प्रस्तुत है।

**तालिका 3.24 : औद्योगिक क्षेत्रों/ प्रांगणों में अधिग्रहित, आबंटित और रिक्त जमीन तथा इकाइयों के अंचलवार विवरण**

| क्षेत्रीय कार्यालय | अधिग्रहित भूमि (एकड़ में) | अधिसंरचना, प्रशसनिक खंड, सड़क आदि हेतु आरक्षित भूमि (एकड़ में) | आबंटित भूमि (एकड़ में) | कुल रिक्त भूमि (एकड़ में) | खाली भूमि का हिस्सा (%) | चालू इकाइयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 2300.78 | 211.98 | 1629.32 | 459.48 | 19.97 | 362 |
| भागलपुर | 1236.34 | 83.70 | 804.87 | 347.44 | 28.10 | 136 |
| दरभंगा | 507.27 | 106.14 | 312.23 | 88.31 | 17.41 | 242 |
| मुजफ्फरपुर | 1015.41 | 155.58 | 479.40 | 380.43 | 37.47 | 169 |
| योग | 5059.80 | 557.40 | 3225.82 | 1275.66 | 25.21 | 909 |

स्रोत : बिआडा, बिहार सरकार



यद्यपि औद्योगिक क्षेत्रों/ प्रांगणों की जमीन औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु अधिग्रहित तथा आबंटित हुई थी, लेकिन उनमें से अधिकांश या तो बंद हैं या बीमार। पटना अंचल की 6 और भागलपुर अंचल की 5 इकाइयां लगभग अकार्यशील हैं। जो इकाइयां सक्षम हैं, उन्हें पुनर्जीवित और चालू करने के संबंध में निर्णय लेने का यह उपयुक्त समय है।

## जिला उद्योग केंद्र

जिला उद्योग केंद्र स्थानीय उद्यमियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने में सहायता करते हैं। केंद्र की गतिविधियों में मुख्यतः लघु उद्योगों की स्थापना, 50 हजार रु. तक के ऋण हेतु दक्ष कारीगरों को क्रेडिट कार्ड पाने में मदद करना, और लघु उद्यमियों को क्रेडिट कार्डों के जरिए दो लाख रु. से अधिक के ऋण प्राप्त करने में मदद देना है। वर्ष 2008-09 से ये प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का भी संचालन कर रहे हैं। जिला उद्योग केंद्रों की 2006-07 से 2010-11 तक की उपलब्धियों का सारांश तालिका 3.25 में प्रस्तुत है।

**तालिका 3.25 : विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिला उद्योग केंद्रों की उपलब्धियां**

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | ऋण/ निवेश राशि (लाख रु.) | उपलब्धि लक्ष्य के प्रतिशत में |
| लघु उद्योगों की स्थापना | | | | |
| 2006-07 | 7000 | 7104 | 7279.79 | 101.48 |
| 2007-08 | 7000 | 7202 | 13482.98 | 102.90 |
| 2008-09 | 8000 | 6154 | 11886.06 | 76.93 |
| 2009-10 | 8000 | 5091 | 12864.46 | 63.64 |
| 2010-11 (सितंबर '10 तक) | 8000 | 1552 | 8381.75 | 19.40 |
| कारीगर क्रेडिट कार्ड (एसीसी) | | | | |
| 2006-07 | 6250 | 8708 | 3262.09 | 139.33 |
| 2007-08 | 23491 | 10607 | 15820.53 | 45.00 |
| 2008-09 | 25000 | 7055 | 2398.57 | 28.22 |
| 2009-10 | 25000 | 3071 | 1015.66 | 12.28 |
| 2010-11 (सितंबर '10 तक) | 25000 | 274 | 351.70 | 1.10 |
| लघु उद्यमी क्रेडिट कार्ड (एसएमई) | | | | |
| 2006-07 | 2500 | 3200 | 4334.64 | 128.00 |
| 2007-08 | 15000 | 5140 | 11487.23 | 34.00 |
| 2008-09 | 15000 | 6265 | 19422.83 | 41.77 |
| 2009-10 | 15000 | 7008 | 49716.44 | 46.72 |
| 2010-11 (सितंबर '10 तक) | 15000 | 356 | 114109.81 | 2.37 |
| ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम (आरईजीपी)/ (पीएमईजीपी) | | | | |
| 2006-07 | 638 | 1066 | 2178.27 | 167.08 |
| 2007-08 | 718 | 1184 | 3020.61 | 165.00 |
| 2008-09 | 2147 | 236 | 299.27 | 10.99 |
| 2009-10 | 2147 | 564 | 891.94 | 26.27 |
| 2010-11 (सितंबर '10 तक) | 2503 | 268 | 349.80 | 10.71 |

टिप्पणी : 2008-09 से केंद्र सरकार द्वारा आरईजीपी को नए स्वरूप में पीएमईजीपी के बतौर क्रियान्वित किया जा रहा है।

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

पहले भी उल्लेख किया गया है कि जिला उद्योग केंद्र प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयनकारी अभिकरण है। तालिका 3.26 पर एक नजर डालने से पता चलता है कि 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) 7,681 परियोजाओं की अनुशंसा की गई जबकि लक्ष्य 2,503 का था। हालांकि कुल 3,115 लाख रु. परियोजना राशि वाली 519 परियोजनाएं ही स्वीकृत हुईं और 65 परियोजनाओं को 17.55 लाख रु. की छोटी राशि ही वितरित की गई जो कुल स्वीकृत राशि की मात्र 0.56 प्रतिशत है। स्वीकृति और वितरण के बीच इतना अधिक अंतर चिंता का विषय है। जिलावार विवरण परिशिष्ट 7 में देखे जा सकते हैं।

**तालिका 3.26 : बिहार में 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति**

| मद | लक्ष्य | अनुशंसा | स्वीकृति | ऋण वितरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सं./ रकम | % |
| 1. परियोजना (संख्या) | 2503 | 7681 | 519 | 65 | 12.52 |
| 2. परियोजना राशि (लाख रु.) | | 45102.12 | 3114.51 | 17.55 | 0.56 |
| 3. रोजगार (संख्या) | | 39371 | 2609 | 25 | 0.96 |

स्रोत : उद्योग मित्र, बिहार सरकार

## 3.9 सूचना प्रौद्योगिकी

सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 लागू कर दिया गया है और अक्तूबर 2009 में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण अनुच्छेदों के नियम अधिसूचित कर दिए गए हैं। भारतीय कंप्यूटर आपात अनुक्रिया दल (सर्ट-इन) को साइबर सुरक्षा तथा आपात अनुक्रिया से संबंधित मामलों के समन्वय हेतु नोडल अभिकरण बनाया गया है जिसने साइबर आक्रमण और साइबर आतंकवाद से निपटने के लिए एक संकट प्रबंधन योजना प्रकाशित की है।

सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित सेवा के क्षेत्र में बिहार हाल के वर्षों में तेजी से आगे बढ़ा है। राज्य में ई-गवर्नेंस में मदद के लिहाज से सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक पहलकदमियां ली गई हैं। वर्ष 2012 तक बिहार को देश के पांच शीर्ष ई-शासित, सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित और सूचना प्रौद्योगिकी साक्षर राज्यों में से एक बनाने के लिए राज्य सरकार ने 2008 में अपनी सूचना प्रौद्योगिकी नीति सूत्रबद्ध की है। सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय और उद्योग हेतु बिहार को पसंदीदा स्थान बनाने के लिहाज से राज्य सरकार ने राज्य में आकर्षित करने के लिए उन्हें विशेष प्रोत्साहन पैकेज उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। एक अन्य सूचना प्रौद्योगिकी नीति का प्रारूप विचाराधीन है। सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व को इस तथ्य से भी आंका जा सकता है कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए कुल योजना परिव्यय 2009-10 में 5,952 लाख रु. था जिसे 2010-11 में तीनगुना से भी अधिक बढ़ा दिया गया है।

**तालिका 3.27 : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हेतु योजना परिव्यय (2009-10 और 2010-11)**

| 2009-10 | | 2010-11 (अक्तू. '10 तक) | |
|---|---|---|---|
| परियोजना | राशि (लाख रु.) | परियोजना | राशि (लाख रु.) |
| बीएचएसडब्ल्यूएएन | | | 10000.00 |
| बिस्वान | 186.48 | बिस्वान | 900.00 |
| सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) | 1500.00 | सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) | 3051.00 |
| राज्य आंकड़ा केंद्र (एसडीसी) | 100.00 | राज्य आंकड़ा केंद्र (एसडीसी) | 500.00 |
| सेक्लैन | 222.00 | सेक्लैन | 1000.00 |
| ई-गवर्नेंस | 2358.00 | ई-गवर्नेंस (राज्य परियोजना) | 1400.00 |
| नॉलेज सिटी | 885.00 | नॉलेज सिटी | 500.00 |
| आइटी भवन | 300.00 | आइटी भवन | 500.00 |
| क्षमता निर्माण | 100.00 | क्षमता निर्माण | 580.00 |
| राज्य पोर्टल | 200.00 | राज्य पोर्टल | 200.00 |
| ई-प्रोक्योरमेंट | 100.00 | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयारी | 479.25 |
| विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयारी | 0.32 | ई-पर्चेज | 500.00 |
| मुख्यमंत्री शिकायत कोषांग | 0.20 | ई-डिस्ट्रिक्ट | 500.00 |
| योग | 5952.00 | योग | 20110.25 |

स्रोत : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार

बिहार में अनेक ई-गवर्नेंस योजनाएं शुरू की गई हैं। वर्ष 2010-11 तक उनकी प्रगति तालिका 3.28 में प्रस्तुत है।

**तालिका 3.28 : ई-गवर्नेंस योजनाओं की प्रगति**

| परियोजना का नाम | इकाई | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| सामान्य सेवा केंद्र | 8463 (सीएससी) | 8463 | 5798 |
| स्वान | 533 (पीओपी) | 533 | 484 |
| ई-डिस्ट्रिक्ट | 65(सीएफसी) | 65 | 44 |
| सेक्लैन | 3300 (डेटा पाइंट्स) | 3300 (एलओआइ के अनुसार 2400) | 3300 |
| ई-प्रोक्योरमेंट | 2 विभागों में शुरू | 6 विभाग | 19 निविदाएं |

स्रोत : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार

## सेक्लैन

सचिवालय स्थानीय क्षेत्र योजना के तहत सभी सचिवालय कार्यालयों तथा मुख्यमंत्री आवास को फाइबर ऑप्टिक लैन (स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क) से जोड़ा गया है। इस परियोजना के लिए 2010-11 में 1,000 लाख रु. के परिव्यय की योजना बनाई गई है। योजनानुरूप सभी 3,300 डेटा पाइंट सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं।

**बिस्वान**

इस योजना के तहत राज्य में कुल 533 पीओपी 1 (उपस्थिति बिंदु 1) हैं - 37 जिला स्तरीय और 495 प्रखंड स्तरीय। इसका कुल परियोजना परिव्यय 256.24 करोड़ रु. है जिसमें बैंडवाइथ व्यय और पीओपी हेतु स्थान की तैयारी की लागत तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए राज्य का हिस्सा 97.17 करोड़ रु. है। वर्ष 2010-11 में विस्वान के लिए 900 लाख रु. परिव्यय निर्धारित किया गया है। वर्ष 2010-11 में कुल 533 पीओपी में से 484 अक्तूबर 2010 तक स्थापित किए जा चुके थे। शेष 49 भी इस वित्त वर्ष के अंदर स्थापित कर लिए जाएंगे।

**सामान्य सेवा केंद्र ( सीएससी )**

राज्य सरकार ने राज्य के सभी 8,463 पंचायतों में विविध सेवाओं के आउटलेट के बतौर 'वसुधा' के नाम से सामान्य सेवा केंद्र का नेटवर्क स्थापित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक इनमें से 5,538 वसुधा केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं।

**तालिका 3.29 : सामान्य सुविधा केंद्र परियोजना की स्थिति**

| प्रमंडल का नाम | सामान्य सुविधा केंद्र | |
|---|---|---|
| | योजना | स्थापित |
| पटना | 1347 | 777 |
| भागलपुर | 427 | 413 |
| दरभंगा | 1110 | 888 |
| कोशी | 504 | 318 |
| सारण | 857 | 521 |
| मुंगेर | 774 | 465 |
| मगध | 883 | 489 |
| तिरहुत | 1728 | 1136 |
| पूर्णिया | 833 | 531 |
| योग | 8463 | 5538 |

टिप्पणी : यह प्रगति अक्तूबर 2010 तक की है।

स्रोत : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार

**ई-डिस्ट्रिक्ट**

यह परियोजना केंद्र सरकार द्वारा पूर्णतः प्रायोजित है। ई-डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत कुल 94 सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित किए जाने हैं जिनमें से 67 की स्थापना हो चुकी है और शेष 27 की स्थापना वित्त वर्ष 2010-11 में ही कर दी जाएगी।

## ई-गवर्नेंस

वित्त वर्ष 2010-11 में ई-गवर्नेंस हेतु कुल परिव्यय 1,400 लाख रु. है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एनआइसी, बेल्ट्रॉन, आइडब्ल्यूडीएमएस, रिजनल इंस्टीट्यूट फॉर ई-लर्निंग तथा इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी फॉर डीओईएसीसी सोसाइटी के जरिए जीआइएस मानचित्रण क्रियान्वित करवा रहा है।

## ई-प्रोक्योरमेंट

राज्य सरकार ने खुली निविदा के जरिए वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली आरंभ करने का निर्णय लिया है ताकि धन का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रारंभ में ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना का आरंभ पथ निर्माण, पुल निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, भवन निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभागों तथा बेल्ट्रॉन में 25 लाख से अधिक की योजनाओं के लिए मागदर्शी आधार पर किया गया है। वित्त वर्ष 2010-11 में कुल 1,008 निविदाएं निष्पादन हेतु रखी गई हैं जबकि 636 का निष्पादन किया जा चुका है।

## राज्य आंकड़ा केंद्र

केंद्र प्रायोजित राज्य आंकड़ा केंद्र (एसडीसी) परियोजना को राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जाना है। केंद्र सरकार द्वारा इस परियोजना हेतु प्रस्ताव को निष्पादित कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2010-11 में इसके लिए निर्धारित परिव्यय 500 लाख रु. है।

## अन्य परियोजनाएं

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की नॉलेज सिटी, आइटी पार्क तथा आइटी अकादमी समेत अन्य प्रासंगिक परियोजनाओं के लिए नियोजित परिव्यय 500 लाख रु. है और आइटी भवन के लिए 500 लाख रु.। वित्त वर्ष 2010-11 में सूचना प्रौद्योगिकी मेलों एवं सम्मेलनों तथा अन्य क्षमता विकास उपायों के लिए 580 लाख रु. परिव्यय रखा गया है।

## 3.10 निवेश योग्य वातावरण

राज्य में निवेश के वातावरण में सुधार के लिए राज्य सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। इसके लिए अधिसंरचना विकास तथा राज्य के अंदर-बाहर प्रवासी भारतीयों के साथ बैठक आदि अनेक कदम उठाए गए हैं। भारतीय उद्योग महासंघ (सीआइआइ) और बिहार उद्योग संघ (बीआइए) ने भी राज्य में विकास की संभावनाओं तथा उद्योगों, खास कर अतिलघु, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र द्वारा झेली जाने वाली समस्याओं के आकलन में मदद दी है।

राज्य में निवेश के वातावरण में सुधार को देखते हुए राज्य सरकार ने राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एसआइपीबी) की स्थापना की है। इसने अक्तूबर 2010 तक 398 प्रस्तावों का अनुमोदन किया है जिनमें प्रस्तावित निवेश 1.81 लाख करोड़ रु. है और 1.55 लाख लोगों के लिए रोजगार की संभावना है। तालिका 3.30 में देखा जा सकता है

कि इनमें से 180 परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण और 44 बिजली उत्पादन हेतु हैं। इन 398 प्रस्तावों में से 45 ने काम करना शुरू कर दिया है, 104 का काम उन्नत स्थिति में है और 249 क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें अब तक 1,102.5 करोड़ रु. का निवेश हो चुका है।

**तालिका 3.30 : राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड द्वारा अक्तूबर 2010 तक अनुमोदित प्रस्ताव**

| विवरण | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तूबर 10 तक) | योग |
|---|---|---|---|---|
| अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या | 173 | 127 | 98 | 398 |
| प्रस्तावित निवेश (करोड़ रु.) | 110369 | 30577 | 40472 | 181418 |
| प्रस्तावित रोजगार | 124954 | 18776 | 10962 | 154692 |
| क्षेत्रवार | | | | |
| (i) नई चीनी मिलें | 23 | 3 | 1 | 27 |
| (ii) कार्यरत चीनी मिलों का विस्तार | 7 | 0 | 1 | 8 |
| (iii) कार्यरत चीनी मिलों के नए ईथेनॉल संयंत्र | 2 | 0 | 0 | 2 |
| (iv) ईथेनॉल सह ईक्षुरस | 5 | 0 | 0 | 5 |
| (v) विद्युत संयंत्र | 24 | 10 | 10 | 44 |
| (vi) खाद्य प्रसंस्करण | 26 | 85 | 69 | 180 |
| (vii) इस्पात प्रसंस्करण तथा सीमेंट | 16 | 9 | 7 | 32 |
| (viii) तकनीकी संस्थान | 15 | 10 | 4 | 29 |
| (ix) चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल | 19 | 0 | 0 | 19 |
| (x) अन्य | 36 | 10 | 6 | 52 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

**तालिका 3.30 क : राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों की स्थिति**

| स्थिति | 2009-10 तक | 2010-11 (अक्तूबर 2010 तक) |
|---|---|---|
| 1. निम्नलिखित की क्रियान्वयन अवस्था | | |
| (i) कार्यशील इकाइयां | 36 | 45 |
| (ii) क्रियान्वयन की उन्नत अवस्था | 94 | 104 |
| (iii) क्रियान्वयन की विभिन्न अवस्थाएं | 170 | 249 |
| 2. अब तक हुआ निवेश (करोड़ रु.) | 1033.5 | 1102.5 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

## 3.11 पर्यटन

वैश्विक आर्थिक संकट ने 2008-09 में पर्यटन के विकास पर विपरीत प्रभाव डाला। हालांकि मंदी से निपटने के लिए प्रोत्साहन के अनेक उपाय भी किए गए। चिन्हित परिपथों तथा स्थानों के लिए विश्वस्तरीय पर्यटन

अधिसंरचना के विकास हेतु केंद्र की वित्तीय सहायता से अनेक पहलकदमियां ली गईं। राज्य में पर्यटन के विकास की जबर्दस्त संभावना है और राज्य सरकार इसका अधिकतम उपयोग करने के लिए कृतसंकल्प है। बिहार की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया है। पर्यटन विभाग में दो प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं – विकासमूलक और व्यावसायिक। व्यावसायिक गतिविधियां बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के जरिए चलाई जा रही हैं जबकि विकासमूलक गतिविधियां केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, भवन निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और संबंधित जिलाधिकारियों जैसे विभिन्न अभिकरणों के जरिए चलाई जा रही हैं।

पर्यटन विभाग ने राज्य में पर्यटन के विकास हेतु अनेक योजनाएं आरंभ की हैं। विभाग का अनुमोदित योजना बजट 2005-06 के 7.43 करोड़ रु. से बढ़कर 2006-07 में 18.30 करोड़ रु. तथा 2010-11 में 30.44 करोड़ रु. हो गया। योजना परिव्यय में गुणात्मक छलांग राज्य में पर्यटन के विकास हेतु राज्य सरकार की चिंता का सूचक है। इसे तालिका 3.31 में भी देखा जा सकता है कि जहां 2000-01 में अनुमोदित बजट का मात्र 34 प्रतिशत के आसपास ही खर्च किया जा सका था, वहीं 2007-08, 2008-09 और 2009-10 में पूरी बजट राशि का उपयोग किया गया।

**तालिका 3.31 : पर्यटन विभाग के 2000-01 से 2010-11 (जनवरी 2011 तक) तक के बजट तथा व्यय का विवरण**

(लाख रु.)

| क्र.सं. | वर्ष | अनुमोदित बजट | व्यय | % हिस्सा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2000-01 | 1040.38 | 348.42 | 33.49 |
| 2 | 2001-02 | 210.00 | 48.60 | 23.14 |
| 3 | 2002-03 | 500.00 | 75.10 | 15.02 |
| 4 | 2003-04 | 350.94 | 350.64 | 99.91 |
| 5 | 2004-05 | 957.73 | 957.70 | 100.00 |
| 6 | 2005-06 | 743.00 | 737.59 | 99.27 |
| 7 | 2006-07 | 1830.00 | 1823.34 | 99.64 |
| 8 | 2007-08 | 2679.42 | 2673.54 | 99.78 |
| 9 | 2008-09 | 2513.02 | 2512.78 | 99.99 |
| 10 | 2009-10 | 2978.00 | 2978.00 | 100.00 |
| 11 | 2010-11 (जनवरी 2011 तक) | 3043.89 | 2555.43 | 83.95 |

स्रोत : पर्यटन विभाग, बिहार सरकार

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के वित्तपोषण से राज्य में पर्यटन विकास से संबंधित अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। राज्य सरकार के धन से किए गए महत्वपूर्ण कार्यों में नव नालंदा सांस्कृतिक ग्राम के निर्माण हेतु 11.94 एकड़ और वैशाली में पर्यटन के सहयोग के लिए 10.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण शामिल है। गंगा नदी में 48 सीट वाले तैरते जलपानगृह का निर्माण पूरा हो गया है और इसके लिए गांधी घाट में एक

कैफेटेरिया तैयार है। पटना सिटी में मंगल तालाब परिसर में एक स्टेडियम, मुक्ताकाश मंच, कैफे प्लाजा, पार्किंग स्थल आदि का निर्माण पूरा हो गया है। इसके अलावा, चामुंडेश्वरी मंदिर (कैमूर), जानकी स्थान, पुनौरा, आदि के जीर्णोद्धार तथा पटना में गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण सहित अनेक अन्य काम भी शुरू किए गए हैं।

इसी प्रकार केंद्रीय राशि से औरंगाबाद के देव में पर्यटन संकुल, बोधगया में ट्रफिक इंटरचेंज नोड 1 और 2, कांवरिया पर्यटकों के लिए यात्री निवास, बोधगया में सड़कों का जीर्णोद्धार, क्लोज सर्किट टीवी लगाने आदि का काम पूरा हो गया है। ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की दो छोटी योजनाएं नालंदा जिले के नेपुरा गांव में क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी प्रकार जहानाबाद के टेहटा, औरंगाबाद के ओबरा तथा भागलपुर के पुरैनी और नाथनगर को ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत चुना गया है और परियोजना प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

बिहार में पर्यटन विकास के विविध प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य पर्यटकों का पसंदीदा स्थल बन रहा है। वर्ष 2005 के बाद से देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2006 में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या क्रमशः 10,670 हजार और 94 हजार थी जो 2009 में बढ़कर क्रमशः 15,518 हजार और 423 हजार हो गई है जो कुल देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

**तालिका 3.32 : पर्यटकों का वर्षवार आगमन**

| वर्ष | घरेलू पर्यटक | विदेशी पर्यटक | योग | प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| 2000 | 5520 | 73 | 5593 | |
| 2001 | 6861 | 86 | 6947 | 24.21 |
| 2002 | 6860 | 113 | 6973 | 0.37 |
| 2003 | 6045 | 61 | 6106 | -12.43 |
| 2004 | 8097 | 38 | 8135 | 33.23 |
| 2005 | 8687 | 63 | 8750 | 7.56 |
| 2006 | 10670 | 94 | 10764 | 23.02 |
| 2007 | 10353 | 177 | 10530 | -2.17 |
| 2008 | 11890 | 346 | 12236 | 16.20 |
| 2009 | 15518 | 423 | 15941 | 30.28 |
| 2010, नवंबर तक | 13344 | 521 | 13865 | -13.02 |

स्रोत : पर्यटन विभाग, बिहार सरकार




जिलों के बीच देशी–विदेशी पर्यटकों का सर्वाधिक प्रवाह गया में दर्ज किया गया और उसके बाद पटना में। घरेलू पर्यटकों के लिए अन्य आकर्षणों में सोनपुर मेला और भागलपुर के सुल्तानगंज में श्रावणी मेला थे (परिशिष्ट 8)।

राज्य सरकार पर्यटन के विकास के प्रति बहुत उत्सुक है और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहती है। इस लिहाज से इसने निम्नलिखित कदम उठाए हैं।

(क) पर्यटन नीति का सूत्रीकरण : बिहार सरकार ने पहली बार बिहार पर्यटन नीति सूत्रबद्ध की है।

(ख) मानव संसाधन विकास : राज्य सरकार ने गाइड, पर्यटन एवं यात्रा आयोजक, मेहमाननवाजी, होटल प्रबंधन तथा आहार प्रबंधन जैसी पर्यटन संबंधी कार्यों में अल्पकालिक प्रशिक्षण देने की योजनाएं शुरू की हैं। हाजीपुर में होटल प्रबंधन संस्थान शुरू हो गया है और बोधगया में इस वर्ष शुरू होने वाला है। मुजफ्फपुर में पाक कला संस्थान के भी इसी वर्ष शुरू हो जाने की आशा है।

(ग) पर्यटन सुरक्षा बल : सुरक्षा तथा मित्रवत सेवा सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन सुरक्षा बल की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पहले चरण में सुरक्षा बलों की नियुक्ति गया, बोधगया, राजगिर, नालंदा और वैशाली जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर की जाएगी। जब तक नियमित बल का गठन नहीं हो जाता, तब तक अभी उपलब्ध पुलिस बल को चिन्हित किया जाएगा और पदस्थापना के पहले प्रशिक्षित किया जाएगा।

(घ) बिहार पर्यटन का लोगो और टैगलाइन : अभियानों के जरिए ब्रांड स्थापित करने के लिए अहमदाबाद के राष्ट्रीय डिजाइन इंस्टीट्यूट से बिहार पर्यटन का नया लोगो डिजाइन कराया गया है जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। एक नया टैगलाइन 'ब्लिसफुल बिहार' (आनंददायी बिहार) भी आरंभ किया गया है।

(च) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ समझौता : बिहार सरकार ने केसरिया, मनेरशरीफ और शेरशाह के मकबरे के विकास के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ एक समझौता-पत्र हस्ताक्षरित किया है।

(छ) वॉल्वो बसों का आरंभ : पर्यटकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए बोधगया, नालंदा, राजगिर आदि जगहों के लिए वॉल्वों बसें चलाई जा रही हैं।

(ज) पर्यटन पैकेज : विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन पैकेज आरंभ किए जाने वाले हैं। निर्णित पर्यटन पैकेजों को व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा।

(झ) मीडिया तथा विपणन : पर्यटन विभाग द्वारा 2008 में एक मीडिया एवं विपणन योजना तैयार की गई है। बिहार पर्यटन के लिए इंटरनेट के जरिए भी विपणन किया जाएगा। इसके विज्ञापनों को सभी वायु सेवाओं के स्थानों पर दिखाया जाएगा। सामाजिक जागरूकता अभियानों के जरिए हितधारियों का पर्यटन के महत्व के संबंध में संवेदनीकरण तथा विभिन्न गंतव्य-स्थलों/ पर्यटन उत्पादों आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

(ट) पर्यटन मानचित्र : पहली बार बिहार का पर्यटन मानचित्र तैयार कराया गया है। 'ए जर्नी थ्रू बिहार' नामक एक निर्देश पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है। राजगिर महोत्सव, बौद्ध महोत्सव, वैशाली महोत्सव, देव महोत्सव आदि के कैलेंडर भी तैयार कराए गए हैं।

(ठ) गंगा पर नदी यात्रा : पांडव क्रूज कंपनी के साथ सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत गंगा पर 15 दिवसीय नदी यात्रा आरंभ की गई है।

(ड) बौद्ध समागम : भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर नालंदा में एक बौद्ध समागम आयोजित किया गया है।

### 3.12 चुनौतियां और संभावनाएं

औद्योगिक क्षेत्र में 2007-08 में आरंभ हुई चक्रीय मंदी 2008-09 की वैश्विक मंदी के कारण और भी गंभीर हो गई थी। हालांकि राज्य की समग्र विकास दर नियमित तथा ऊंची थी। लेकिन तथ्य यह है कि वर्तमान बिहार खनिज अवदानों से वंचित है और अधिसंरचना को पर्याप्त स्तर तक पहुंचना अभी बाकी है। प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग देश में सबसे कम है। उद्योग हेतु आवश्यक अधिसंरचना भी नितांत अपर्याप्त है। कुल मिलाकर राज्य में विकसित बाजार अनुपलब्ध है।

वर्ष 2008-09 की आर्थिक मंदी से राज्य में ऋण और जमा, दोनों मामलों में विकास दर घटा है। इस तथ्य के बावजूद कि बिहार में बैंकिंग ढांचा की कमी है और देश की 4.75 प्रतिशत शाखाएं ही यहां मौजूद हैं, इसका बिहार में औद्योगीकरण पर भी गहरा असर पड़ा है। आज भी देश में किसी एक शाखा द्वारा सेवित औसत सर्वाधिक जनसंख्या बिहार में ही है। उद्यमियों का कष्ट और भी बढ़ाते हुए बिहार राज्य वित्त निगम और बिसिको जैसी वित्तीय सहायता संस्थाएं खुद ही रुग्ण बन गई हैं और उद्योगों को ऋण देना बंद कर चुकी हैं। राज्य में एक अन्य गंभीर चुनौती कुशल श्रम की है जिससे कौशल उन्नयन के बहुमुखी कार्यक्रमों के जरिए निपटना होगा।

वर्ष 2006-07 में संपन्न चतुर्थ अखिल भारतीय अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की लगभग 27 प्रतिशत इकाइयां बंद या गायब थीं। इसका अर्थ हुआ कि वे रुग्णता या आरंभिक रुग्णता से पीड़ित थीं। सक्षम रुग्ण इकाइयों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है लेकिन बैंकों के उदासीन रवैये के कारण इसका प्रयास नहीं किया गया है।

राज्य के औद्योगीकरण के लिए राज्य सरकार ने अनेक उपाय किए हैं। उद्योगों, खास कर अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास की रणनीतियां तैयार की जा रही हैं जिनमें विभिन्न उद्योगों को आवश्यकतानुसार जमीन उपलब्ध कराने के लिए भूमि बैंक की स्थापना शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य में नई इकाइयों की स्थापना हेतु संयंत्र और मशीनों पर पूंजीगत सब्सिडी के समावेश के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति, 2006 में संशोधन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्योगों और हथकरघा एवं हस्तशिल्प के लिए विपणन व्यवस्था तैयार की जा रही है। हस्तशिल्प, हथकरघा, खादी, रेशम तथा ग्रामोद्योग को भी विकसित किया जाना है। राज्य सरकार रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए भी कृतसंकल्प है और जिला स्तरीय अनुश्रवण प्रणाली के विकास द्वारा आरंभिक रुग्णता से बचने के लिए आवश्यक उपचारक उपाय सुझाए हैं। राज्य सरकार ने राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की है जो राज्य में निवेश के प्रस्तावों की जांच करके उन्हें अनुमोदित करता है। अक्तूबर 2010 तक 398 प्रस्ताव अनुमोदित किए गए हैं जिनमें संभावित निवेश 181.42 लाख करोड़ रु. है और 1.55 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। कुल अनुमोदित प्रस्तावों में लगभग 50 प्रतिशत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित हैं जबकि 11-11 प्रतिशत ईख आधारित इकाइयों और विद्युत संयंत्रों से।

विभाजन के बाद का बिहार पूरी तरह खनिज विहीन है। बस मिट्टी और पानी ही बचा है। कृषिप्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए जबर्दस्त गुंजाइश है। बिहार के परिप्रेक्ष्य में उद्योग-कृषि संबंध एक सुस्थापित तथ्य है। गत तीन वर्षों के दौरान कृषि के क्षेत्र में गिरावट की स्थिति रही है जिसका मुख्य कारण कम वर्षा और भारी बाढ़ रहे हैं जो कृषि आधारित उद्योगों की संभावना पर असर डालते हैं। राज्य में निवेश की उभरती संभावना तथा राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड द्वारा अनुमोदित परियोजना प्रस्तावों से आशा बंधती है कि औद्योगिक परिस्थिति में सुधार होगा और कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त मजदूर उसमें अवशोषित हो जाएंगे।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र फलों–सब्जियों की तुड़ाई–पश्चात नुकसान को न्यूनतम करके और रोजगार के अवसर बढ़ाकर किसानों की बड़े पैमाने पर मदद करेगा। एसोसिएशन फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 33 प्रतिशत बागवानी उत्पाद बर्बाद हो जाते हैं। हालांकि आम और टमाटर के मामले में राज्य के प्रमुख उत्पादक जिलों में नुकसान 39 प्रतिशत है।

राज्य सरकार द्वारा बिजली और सड़क जैसे मुख्य अधिसंरचना क्षेत्रों में किए गए क्षमता विस्तार के प्रयासों के बेहतर परिणाम मिलेंगे और आशा है कि बड़ी संख्या में परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर परिस्थिति सहज हो जाएगी और लक्ष्य पूरे हो जाएंगे। अधिसंरचना में विकास एक ओर आपूर्ति पक्ष के अवरोधों को दूर करता है और दूसरी ओर अतिरिक्त घरेलू मांग को प्रेरित करता है।

**परिशिष्ट 1 : बिहार और संपूर्ण भारत में कारखानों की संख्या**

| कारखानों की श्रेणी | कारखानों की संख्या | | | चालू कारखानों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *संपूर्ण भारत | बिहार | बिहार का हिस्सा (%) | संपूर्ण भारत | बिहार | बिहार का हिस्सा (%) |
| **कृषि आधारित** | 59201 | 466 | 0.79 | 56375 | 404 | 0.72 |
| खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू | 29,381 | 268 | 0.91 | 27,513 | 227 | 0.83 |
| वस्त्र/ वस्त्र उत्पाद | 16,513 | 20 | 0.12 | 15,941 | 15 | 0.09 |
| चमड़ा/ चर्म उत्पाद | 2,688 | 6 | 0.22 | 2,593 | 6 | 0.23 |
| लकड़ी/ काष्ठ उत्पाद | 3,197 | 123 | 3.85 | 2,991 | 109 | 3.64 |
| कागज/ मुद्रण/ प्रकाशन | 7,422 | 49 | 0.66 | 7,337 | 47 | 0.64 |
| **गैर-कृषि आधारित** | 78,396 | 1319 | 1.68 | 75,784 | 1209 | 1.60 |
| कोक/ पेट्रॉलियम/ आणविक इंधन | 1,054 | 54 | 5.12 | 1,018 | 50 | 4.91 |
| रसायन/ रासायनिक उत्पाद | 11,177 | 50 | 0.45 | 10,896 | 40 | 0.37 |
| रबर/ प्लास्टिक उत्पाद | 8,187 | 10 | 0.12 | 7,866 | 10 | 0.13 |
| कांच/ अधातु | 15,850 | 877 | 5.53 | 15,083 | 810 | 5.37 |
| धातु उत्पाद | 17,654 | 92 | 0.52 | 17,196 | 87 | 0.51 |
| मशीन/ बिजली उपकरण | 14,065 | 54 | 0.38 | 13,765 | 53 | 0.39 |
| जहाजों, नावों परिवहन उपकरणों आदि की मरम्मत | 1,862 | 3 | 0.16 | 1,681 | 3 | 0.18 |
| फर्नीचर/ आभूषण/ खेल सामग्री/ खिलौने आदि | 2,517 | 5 | 0.20 | 2,411 | 4 | 0.17 |
| **अन्य** | 6,030 | 174 | 2.89 | 5,868 | 152 | 2.59 |
| **कुल कारखाने** | 137,597 | 1,785 | 1.30 | 132,159 | 1,613 | 1.22 |

स्रोत : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण, 2007-08

* टिप्पणी : कृषि आधारित और गैर-कृषि आधारित कारखानों के आंकड़े तालिका 3 के साथ मेल नहीं खाएंगे क्योंकि एनआइसी कोड 2004; 1, 14, 30, 32, 33, 34 और 37 भारत में मौजूद हैं लेकिन बिहार में नहीं।

## परिशिष्ट 2 : बिहार में उद्योगों की संरचना

| औद्योगिक समूह | कारखानों की संख्या | चालू कारखाने | कुल उत्पादन (करोड़ रु.) | निवल मूल्यवर्धन (करोड़ रु.) | प्रतिशत हिस्सा (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | चालू कारखाने | कुल उत्पादन | निवल मूल्यवर्धन |
| **कृषि आधारित** | | | | | | | |
| खाद्य उत्पाद/ पेय/ तंबाकू | 268 | 227 | 2,865.34 | 884.19 | 14.07 | 13.10 | 76.26 |
| वस्त्र/ वस्त्र उत्पाद | 20 | 15 | 93.88 | 30.26 | 0.93 | 0.43 | 2.61 |
| चमड़ा/ चर्म उत्पाद | 6 | 6 | 74.33 | 10.94 | 0.37 | 0.34 | 0.94 |
| लकड़ी/ काष्ठ उत्पाद | 123 | 109 | 31.63 | 11.40 | 6.76 | 0.14 | 0.98 |
| कागज/ मुद्रण/ प्रकाशन | 49 | 47 | 231.28 | 84.29 | 2.91 | 1.06 | 7.27 |
| **गैर-कृषि आधारित** | | | | | | | |
| कोक/ पेट्रॉलियम/ आणविक इंधन | 54 | 50 | 16,839.22 | -97.40 | 3.10 | 76.98 | -8.40 |
| रसायन/ रासायनिक उत्पाद | 50 | 40 | 96.64 | 15.20 | 2.48 | 0.44 | 1.31 |
| रबर/ प्लास्टिक उत्पाद | 10 | 10 | 38.48 | 3.02 | 0.62 | 0.18 | 0.26 |
| कांच/ अधातु | 877 | 810 | 339.60 | 88.86 | 50.22 | 1.55 | 7.66 |
| धातु उत्पाद | 92 | 87 | 949.97 | 95.22 | 5.39 | 4.34 | 8.21 |
| मशीन/ बिजली उपकरण | 54 | 53 | 77.67 | 11.40 | 3.29 | 0.36 | 0.98 |
| जहाजों, नावों परिवहन उपकरणों आदि की मरम्मत | 3 | 3 | 10.97 | 2.82 | 0.19 | 0.05 | 0.24 |
| फर्नीचर/ आभूषण/ खेल सामग्री/ खिलौने आदि | 5 | 4 | 5.16 | 0.54 | 0.25 | 0.02 | 0.05 |
| **अन्य** | 174 | 152 | 219.44 | 18.75 | 9.42 | 1.00 | 1.62 |
| **योग** | 1,785 | 1,613 | 21,873.61 | 1,159.49 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

स्रोत : वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण, 2007-08

**परिशिष्ट 3 : 2009-10 में ईख का क्षेत्रफल, उत्पादन तथा उत्पादकता ( क्षेत्रफल हे. में/ उत्पादन टन में )**

| क्र.सं. | जिला का नाम | क्षेत्रफल (हे. में) | | | उत्पादकता (टन/ हे.) | | उत्पादन (टन) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रोपा | खूंटी | योग | रोपा | खूंटी | रोपा | खूंटी | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | प. चंपारण | 61468 | 56902 | 118370 | 60 | 50 | 3688098 | 2845095 | 6533193 |
| 2 | पू. चंपारण | 6910 | 6550 | 13460 | 60 | 50 | 414600 | 327500 | 742100 |
| 3 | गोपालगंज | 18010 | 14990 | 33000 | 50 | 45 | 900500 | 674550 | 1575050 |
| 4 | सीवान | 6668 | 4031 | 10699 | 50 | 45 | 333400 | 181395 | 514795 |
| 5 | सारण | 2262 | 815 | 3077 | 50 | 45 | 113100 | 36675 | 149775 |
| 6 | वैशाली | 1104 | 625 | 1729 | 49 | 37 | 54538 | 23125 | 77662.6 |
| 7 | मुजफ्फरपुर | 3915 | 1960 | 5875 | 49 | 39 | 193401 | 75520 | 268921 |
| 8 | शिवहर | 488 | 2460 | 2948 | 65 | 29 | 31543 | 70110 | 101653 |
| 9 | सीतामढ़ी | 4312 | 10154 | 14466 | 46 | 30 | 200489 | 306656 | 507145 |
| 10 | मधुबनी | 4380 | 1800 | 6180 | 50 | 40 | 218399 | 71640 | 290039 |
| 11 | दरभंगा | 3186 | 1200 | 4386 | 48 | 39 | 151335 | 47040 | 198375 |
| 12 | समस्तीपुर | 5450 | 1700 | 7150 | 45 | 28 | 244800 | 47600 | 292400 |
| 13 | बेगूसराय | 4900 | 1550 | 6450 | 45 | 28 | 220500 | 43400 | 263900 |
| 14 | खगड़िया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | सहरसा | 706 | 767 | 1473 | 51 | 43 | 36006 | 32981 | 68987 |
| 16 | सुपौल | 89 | 154 | 243 | 50 | 42 | 4450 | 6468 | 10918 |
| 17 | मधेपुरा | 3445 | 1825 | 5270 | 52 | 44 | 179140 | 80300 | 259440 |
| 18 | पूर्णिया | 522 | 415 | 937 | 42 | 36 | 22028 | 15065 | 37093 |
| 19 | अररिया | 255 | 175 | 430 | 57 | 36 | 14606 | 6353 | 20959 |
| 20 | कटिहार | 114 | 69 | 183 | 42 | 36 | 4810 | 2505 | 7315 |
| 21 | किशनगंज | 31 | 37 | 68 | 42 | 36 | 1308.2 | 1343 | 2651 |
| 22 | पटना | 4342 | 2345 | 6687 | 60 | 50 | 260510 | 117269 | 377779 |
| 23 | नालंदा | 734 | 565 | 1300 | 59 | 32 | 43384 | 18256 | 61640 |
| 24 | जहानाबाद | 384 | 197 | 581 | 60 | 50 | 23060 | 9853 | 32913 |
| 25 | गया | 1550 | 815 | 2365 | 60 | 50 | 93000 | 40750 | 133750 |
| 26 | नवादा | 1010 | 510 | 1520 | 60 | 50 | 60600 | 25500 | 86100 |
| 27 | औरंगाबाद | 750 | 375 | 1125 | 60 | 50 | 45000 | 18750 | 63750 |
| 28 | भोजपुर | 1012 | 770 | 1782 | 50 | 46 | 50600 | 35420 | 86020 |
| 29 | रोहतास | 806 | 305 | 1111 | 51 | 45 | 41106 | 13725 | 54831 |
| 30 | बक्सर | 998 | 625 | 1623 | 52 | 50 | 51896 | 31250 | 83146 |
| 31 | कैमूर | 504 | 160 | 664 | 48 | 46 | 24192 | 7360 | 31552 |
| 32 | जमुई | 2285 | 240 | 2525 | 50 | 50 | 114675 | 12000 | 126675 |
| 33 | मुंगेर | 640 | 75 | 715 | 55 | 50 | 35200 | 3750 | 38950 |
| 34 | लखीसराय | 50 | 0 | 50 | 55 | 0 | 2750 | 0 | 2750 |
| 35 | भागलपुर | 4799 | 1868 | 6667 | 48 | 38 | 230352 | 70984 | 301336 |
| 36 | बांका | 5691 | 2598 | 8289 | 48 | 38 | 273168 | 98724 | 371892 |
| 37 | शेखपुरा | 495 | 65 | 560 | 55 | 50 | 27225 | 3250 | 30475 |
| | **योग** | **154265** | **119693** | **273958** | **54** | **45** | **8403769** | **5402161** | **13805930** |

स्रोत : गन्ना विभाग, बिहार सरकार

**परिशिष्ट 4 : 2010-11 में (अक्तूबर '10 तक) अतिलघु, लघु तथा मध्यम उद्यमों में सामाजिक श्रेणीवार प्रतिशत हिस्सा**

| श्रेणी | प्रमंडल | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विवरण | पटना | मुंगेर | भागलपुर | पूर्णिया | मगध |
| योग (संख्या) | अतिलघु | 387 | 217 | 60 | 219 | 210 |
| | लघु | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| | मध्यम | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग (%) | 394 (22.06%) | 219 (12.26%) | 60 (3.36%) | 219 (12.26%) | 210 ( 11.76%) |
| | निवेश (लाख रु.) | 1828.5 | 743.45 | 42.83 | 544.38 | 769.03 |
| | रोजगार | 1560 | 505 | 262 | 881 | 753 |
| सामान्य (%) | अतिलघु | 84.24 | 71.43 | 88.33 | 55.71 | 82.86 |
| | लघु | 100.00 | 100.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | मध्यम | 100.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | 84.52 | 71.69 | 88.33 | 55.71 | 82.86 |
| | निवेश (लाख रु.) | 98.37 | 94.84 | 89.38 | 88.93 | 98.73 |
| | रोजगार | 90.51 | 79.60 | 82.82 | 68.44 | 89.51 |
| अजा/ अजजा (%) | अतिलघु | 9.82 | 18.89 | 5.00 | 35.62 | 8.57 |
| | लघु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | मध्यम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | 9.64 | 18.72 | 5.00 | 35.62 | 8.57 |
| | निवेश (लाख रु.) | 0.22 | 2.14 | 3.62 | 0.27 | 0.44 |
| | रोजगार | 4.62 | 11.29 | 3.44 | 15.32 | 5.71 |
| अल्पसंख्यक (%) | अतिलघु | 5.94 | 9.68 | 6.67 | 8.68 | 8.57 |
| | लघु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | मध्यम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | 5.84 | 9.59 | 6.67 | 8.68 | 8.57 |
| | निवेश (लाख रु.) | 1.41 | 3.02 | 7.00 | 10.80 | 0.83 |
| | रोजगार | 4.87 | 9.11 | 13.74 | 16.23 | 4.78 |

**परिशिष्ट 4 : ( जारी )**

| श्रेणी | विवरण | दरभंगा | कोशी | तिरहुत | सारण | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| योग (सं) | अतिलघु | 204 | 55 | 293 | 121 | 1766 |
| | लघु | 2 | 0 | 8 | 0 | 17 |
| | मध्यम | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| | योग (%) | 206 (11.53%) | 55 (3.08%) | 302 (16.91%) | 121 (6.77%) | 1786 (100%) |
| | निवेश (लाख रु.) | 345.65 | 77.87 | 4640.25 | 223.5 | 9215.46 |
| | रोजगार | 678 | 79 | 1306 | 559 | 6583 |
| सामान्य (%) | अतिलघु | 92.65 | 100.00 | 84.98 | 92.56 | 81.26 |
| | लघु | 100.00 | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| | मध्यम | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| | योग | 92.72 | 100.00 | 85.43 | 92.56 | 81.47 |
| | निवेश (लाख रु.) | 93.95 | 100.00 | 99.56 | 96.10 | 97.91 |
| | रोजगार | 95.58 | 100.00 | 93.11 | 93.92 | 87.74 |
| अजा/ अजजा (%) | अतिलघु | 5.39 | 0.00 | 11.60 | 0.00 | 12.63 |
| | लघु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | मध्यम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | 5.34 | 0.00 | 11.26 | 0.00 | 12.49 |
| | निवेश (लाख रु.) | 5.90 | 0.00 | 0.20 | 0.00 | 0.61 |
| | रोजगार | 3.83 | 0.00 | 3.68 | 0.00 | 5.92 |
| अल्पसंख्यक (%) | अतिलघु | 1.96 | 0.00 | 3.41 | 7.44 | 6.12 |
| | लघु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | मध्यम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | योग | 1.94 | 0.00 | 3.31 | 7.44 | 6.05 |
| | निवेश (लाख रु.) | 0.15 | 0.00 | 0.24 | 3.90 | 1.48 |
| | रोजगार | 0.59 | 0.00 | 3.22 | 6.08 | 6.33 |

स्रोत : उद्योग विभाग, बिहार सरकार

**परिशिष्ट 5 : हथकरघा प्रक्षेत्र की प्रमुख योजनाएं ( 2008-09 और 2009-10 में भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धियां )**

| क्रम सं. | योजना का नाम | वित्त वर्ष | वित्तीय (लाख रु.)) | | भौतिक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| 1 | हथकरघा का आधुनिकीकरण - अपने हथकरघों के आधुनिकीकरण हेतु सजावटी सामानों के लिए बुनकरों को 1,500 रु. तक ऋण देना | 2008-09 | 21.00 | 09.00 | 1400 | 600 |
| 2 | साइकल आपूर्ति योजना हेतु विपणन सहायता - 2,000 रु. की उपदानित दर पर बुनकरों को साइकल की आपूर्ति | 2008-09 | 34.40 | 11.00 | 1700 | 552 |
| 3 | कार्यशाला/ संगोष्ठी आयोजन - विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रौद्योगिकियों संबंधी जानकारी का प्रचार | 2008-09 | 14.60 | 8.00 | 13 | 08 |
| 4 | पावरलूम टैरिफ अनुदान - पावरलूम टैरिफ अनुदान (पूर्व आबंटित राशि से व्यय) | 2008-09<br>08-09<br>2009-10 | 5.00<br>-<br>- | 4.00<br>13.60<br>36.43 | -<br>-<br>- | 27<br>405<br>405 |
| 5 | 6 बुनकर प्रशिक्षण केंद्रों के लिए वजीफा की योजनाएं | 2008-09 | 5.18 | 4.22 | 144 | 128 |
| 6 | पावरलूम सेवा केंद्र, भागलपुर में वजीफा भुगतान | 2008-09<br>2009-10 | 0.72<br>0.72 | 0.59<br>0.43 | 120<br>120 | 120<br>83 |
| 7 | केंद्रीय डिजाइन सेंटर, राजेंद्रनगर, पटना | 2008-09 | 8.64 | 7.87 | 36 | 32 |
| 8 | एटी एंड डीसी, पटना का मकान भाड़ा | 2009-10 | 14.22 | 14.22 | | |
| 9 | 6 बुनकर प्रशिक्षण केंद्रों के लिए वजीफों का भुगतान | 2009-10 | 05.18 | 03.53 | 144 | 112 |
| 10 | मरांगा, पूर्णिया में जूट पार्क की स्थापना | 2009-10 | 250.18 | 250.18 | 01 | 01 |

स्रोत : हथकरघा; उद्योग विभाग, बिहार सरकार

**केंद्र प्रायोजित योजनाएं**

| योजना का नाम | केंद्र/ राज्य का हिस्सा | वित्त वर्ष | वित्तीय (लाख रु.) | | भौतिक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| समेकित हथकरघा विकास योजना | केंद्र | 2008-09 | 88.25 | 88.25 | 09 | 09 |
| | राज्य | | 14.50 | 11.77 | 09 | 09 |
| | केंद्र | 2009-10 | 51.69 | 3.20 | 04 | 04 |

स्रोत : हथकरघा; उद्योग विभाग, बिहार सरकार

## परिशिष्ट 6 : बिहार के जिलों में खनिजों की उपलब्धता

| जिला | खनिजों की उपलब्धता |
|---|---|
| भागलपुर | लाल मिट्टी, ईंट, बालू, पत्थर, अभ्रक |
| बांका | ग्रेनाइट, गैलेना, ईंट, बालू, पत्थर, अभ्रक |
| मुंगेर | क्वार्ट्जाइट, बॉक्साइट, एसबेस्टस, स्लेट, चीनी मिट्टी |
| जमुई | सोना, मैग्नेटाइट, सोपस्टोन, क्वार्ट्जाइट, ईंट, बालू, पत्थर, खनिज जल |
| रोहतास | चूनापत्थर, बलुई पत्थर, सेल, पायराइट, ईंट, पत्थर, बालू |
| कैमूर | ईंट, पत्थर, बालू |
| गया और जहानाबाद | ईंट, पत्थर, बालू, मैग्नेटाइट |
| औरंगाबाद | ईंट, पत्थर, बालू, मोरम |
| पटना | ईंट, बालू |
| भोजपुर | ईंट, बालू |
| नालंदा | क्वार्ट्जाइट, ईंट, पत्थर, बालू, |
| नवादा | अभ्रक, बेरिल, ईंट, पत्थर, बालू, |
| सीवान | ईंट |
| सारण | ईंट, बालू |
| गोपालगंज | ईंट |
| बेतिया | ईंट, पत्थर, बालू, पेट्रॉलियम |
| मोतिहारी | ईंट, सोना |
| सीवान | ईंट, बालू |
| सारण | ईंट, बालू |
| गोपालगंज | ईंट, बालू |
| बेतिया | ईंट |
| मोतिहारी | ईंट, बालू |
| सीतामढ़ी | ईंट |
| बेगूसराय | ईंट |
| खगड़िया | ईंट |
| पूर्णिया | ईंट, बालू, पेट्रॉलियम |
| कटिहार | ईंट |
| सहरसा | ईंट, बालू, पेट्रॉलियम |
| मधेपुरा | ईंट, बालू |

स्रोत : खनन एवं धातुकर्म विभाग, बिहार सरकार

**परिशिष्ट 7 : प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 2010-11 की प्रगति रिपोर्ट (अक्तूबर 2010 तक)**

| | लक्ष्य | | अनुशंसित आवेदन | | | | स्वीकृत आवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिले | परियोजना की सं. | मार्जिन मनी (लाख रु.) | सं. | परियोजना राशि (लाख रु.) | संलग्न मार्जिन मनी (लाख रु.) | रोजगार (सं.) | सं. | परियोजना राशि (लाख रु.) | संलग्न मार्जिन मनी (लाख रु.) | रोजगार (सं.) |
| अररिया | 64 | 89.72 | 137 | 518.13 | 162.00 | 782 | 3 | 9.97 | 2.99 | 17 |
| अरवल | 20 | 30.42 | 99 | 466.00 | 161.80 | 360 | 1 | 2.70 | 0.67 | 3 |
| औरंगाबाद | 58 | 80.96 | 52 | 262.32 | 82.04 | 207 | 19 | 67.20 | 20.83 | 58 |
| बांका | 48 | 67.94 | 45 | 295.42 | 90.76 | 306 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| बेगूसराय | 72 | 99.16 | 490 | 1825.25 | 575.15 | 1923 | 58 | 60.36 | 19.43 | 103 |
| भागलपुर | 72 | 102.64 | 92 | 560.91 | 154.13 | 490 | 41 | 224.78 | 64.69 | 206 |
| भोजपुर | 68 | 94.26 | 200 | 1230.98 | 308.64 | 1015 | 8 | 33.75 | 8.55 | 31 |
| बक्सर | 43 | 59.22 | 89 | 619.97 | 169.75 | 214 | 25 | 162.23 | 47.25 | 59 |
| दरभंगा | 99 | 138.76 | 465 | 2243.02 | 627.61 | 2253 | 10 | 39.95 | 10.43 | 41 |
| पूर्वी चंपारण | 117 | 166.56 | 263 | 1993.93 | 595.67 | 1995 | 16 | 100.00 | 25.45 | 100 |
| गया | 104 | 146.48 | 179 | 1265.29 | 364.99 | 866 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 |
| गोपालगंज | 64 | 90.74 | 184 | 1352.90 | 388.56 | 926 | 20 | 129.00 | 41.90 | 107 |
| जमुई | 43 | 59.22 | 40 | 240.00 | 69.56 | 299 | 3 | 13.00 | 4.00 | 17 |
| जहानाबाद | 27 | 37.92 | 51 | 258.95 | 72.44 | 201 | 2 | 9.60 | 3.00 | 2 |
| कैमूर | 39 | 54.28 | 351 | 3688.10 | 1176.45 | 1349 | 16 | 146.87 | 45.00 | 74 |
| कटिहार | 71 | 100.94 | 45 | 246.93 | 70.69 | 135 | 2 | 4.00 | 1.40 | 4 |
| खगड़िया | 39 | 53.94 | 91 | 589.90 | 196.25 | 640 | 7 | 79.37 | 24.85 | 80 |
| किशनगंज | 40 | 54.68 | 225 | 866.35 | 282.92 | 632.75 | 24 | 43.65 | 11.83 | 46 |
| लखीसराय | 24 | 34 | 21 | 143.80 | 38.75 | 110 | 2 | 15.00 | 3.25 | 13 |
| मधेपुरा | 45 | 64.48 | 207 | 570.25 | 33.49 | 1782 | 8 | 24.50 | 2.27 | 46 |
| मधुबनी | 109 | 151.58 | 1140 | 6159.02 | 287.50 | 5595 | 20 | 100.00 | 5.00 | 100 |
| मुंगेर | 34 | 48.02 | 211 | 353.73 | 85.01 | 447 | 2 | 10.00 | 2.50 | 10 |
| मुजफ्फरपुर | 113 | 158.4 | 203 | 1391.37 | 404.37 | 1404 | 3 | 17.12 | 5.94 | 22 |
| नालंदा | 71 | 100.2 | 106 | 818.32 | 239.87 | 856 | 24 | 78.92 | 19.52 | 91 |
| नवादा | 55 | 76.4 | 25 | 206.27 | 58.55 | 234 | 0 | 0.00 | 0 | 0 |
| पटना | 145 | 198.98 | 581 | 5955.08 | 1607.04 | 4897 | 71 | 666.64 | 139.47 | 570 |
| पूर्णिया | 75 | 107.6 | 603 | 777.49 | 229.32 | 1199 | 5 | 59.40 | 19.79 | 56 |
| रोहतास | 74 | 103.38 | 161 | 1781.88 | 490.33 | 942 | 36 | 405.48 | 101.11 | 262 |
| सहरसा | 46 | 63.8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 |
| समस्तीपुर | 103 | 144.36 | 480 | 3278.37 | 1097.03 | 3313 | 60 | 337.57 | 113.93 | 307 |
| सारण | 98 | 137.36 | 54 | 337.50 | 109.05 | 267 | 3 | 20.00 | 7.00 | 17 |
| शेखपुरा | 16 | 22.08 | 13 | 201.17 | 61.78 | 133 | 0 | 0.00 | 0 | 0 |
| शिवहर | 15 | 21.74 | 55 | 209.05 | 62.36 | 181 | 5 | 11.00 | 2.90 | 8 |
| सीतामढ़ी | 81 | 112.86 | 103 | 481.35 | 140.07 | 556 | 4 | 23.00 | 3.55 | 25 |
| सीवान | 82 | 114.6 | 245 | 1570.18 | 427.25 | 786 | 8 | 65.00 | 22.25 | 36 |
| सुपौल | 53 | 73.92 | 55 | 286.68 | 178.35 | 359 | 1 | 8.00 | 2.80 | 0 |
| वैशाली | 82 | 114.6 | 203 | 1339.89 | 461.76 | 1284 | 5 | 36.45 | 12.75 | 46 |
| प. चंपारण | 94 | 128.06 | 117 | 716.37 | 152.02 | 432 | 7 | 110.00 | 14.53 | 52 |
| **योग** | **2503** | **3504.26** | **7681** | **45102.12** | **11713.31** | **39370.75** | **519** | **3114.51** | **810.83** | **2609** |

**परिशिष्ट 7 : ( जारी )**

| जिले | ईडीपी प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों की सं. | सं. | राशि (लाख रु. में) | संलग्न मार्जिन मनी (लाख रु. में) | रोजगार (सं.) |
|---|---|---|---|---|---|
| अररिया | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| अरवल | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| औरंगाबाद | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| बांका | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| बेगूसराय | 1 | 1 | 3.00 | 1.05 | 3 |
| भागलपुर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| भोजपुर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| बक्सर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| दरभंगा | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| पूर्वी चंपारण | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| गया | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| गोपालगंज | 0 | 1 | 2.00 | 0.20 | 0 |
| जमुई | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| जहानाबाद | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| कैमूर | 2 | 2 | 10.00 | 3.50 | 20 |
| कटिहार | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| खगड़िया | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| किशनगंज | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| लखीसराय | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| मधेपुरा | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| मधुबनी | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| मुंगेर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| मुजफ्फरपुर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| नालंदा | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| नवादा | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| पटना | 35 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| पूर्णिया | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| रोहतास | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| सहरसा | 5 | 1 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| समस्तीपुर | 0 | 0 | 2.55 | 0.64 | 2 |
| सारण | 5 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| शेखपुरा | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| शिवहर | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| सीतामढ़ी | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| सीवान | 17 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| सुपौल | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| वैशाली | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| पश्चिम चंपारण | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| **योग** | 65 | 5 | 17.55 | 5.39 | 25 |

स्रोत : उद्योग मित्र, बिहार सरकार

## परिशिष्ट 8 : बिहार में देशी-विदेशी पर्यटकों का प्रवाह

| स्थान | पर्यटक | पर्यटकों की संख्या (हजार में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 (अक्तू.) |
| पटना | देशी | 644 | 1653 | 1488 | 2009 | 719 | 4306 | 3576 | 3473 |
| | विदेशी | 5 | 4 | 2 | 4 | 4 | 4 | 65 | 127 |
| गया | देशी | 526 | 2164 | 1126 | 1137 | 1359 | 4117 | 5018 | 4438 |
| | विदेशी | 3 | 6 | 4 | 3 | 2 | 90 | 98 | 171 |
| बोधगया | देशी | 128 | 153 | 297 | 465 | 480 | 745 | 848 | 838 |
| | विदेशी | 26 | 17 | 37 | 53 | 120 | 144 | 138 | 101 |
| राजगिर | देशी | 384 | 564 | 323 | 348 | 891 | 777 | 1065 | 1860 |
| | विदेशी | 9 | 4 | 6 | 11 | 33 | 86 | 107 | 114 |
| रक्सौल | देशी | 144 | 136 | 135 | 142 | 72 | 91 | 82 | 12 |
| | विदेशी | 3 | 3 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 3 |
| मुंगेर | देशी | 44 | 54 | 46 | 52 | 41 | 38 | 65 | 58 |
| | विदेशी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| वैशाली | देशी | 64 | 308 | 234 | 261 | 226 | 121 | 47 | 72 |
| | विदेशी | 11 | 4 | 9 | 12 | 10 | 17 | 8 | 4 |
| मुजफ्फरपुर | देशी | 72 | 290 | 68 | 66 | 241 | 295 | 217 | 270 |
| | विदेशी | 4 | 0 | 4 | 9 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| सोनपुर मेला | देशी | 1296 | 1181 | 2008 | 4001 | 4020 | 216 | 2786 | 0 |
| | विदेशी | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 50 | 0 |
| श्रावणी मेला, सुल्तानगंज, भागलपुर | देशी | 2505 | 1523 | 1156 | 2126 | 2198 | 1114 | 1510 | 1518 |
| | विदेशी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| भागलपुर | देशी | — | — | 0 | 65 | 88 | — | 545 | 517 |
| | विदेशी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | देशी | — | — | 0 | 0 | 19 | 67 | 26 | 16 |
| | विदेशी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| सभी स्थान | देशी | 5228 | 8026 | 6881 | 10670 | 10353 | 11890 | 15785 | 13072 |
| | विदेशी | 61 | 38 | 63 | 94 | 177 | 346 | 423 | 521 |
| **योग** | | 5289 | 8064 | 6944 | 10765 | 10530 | 12235 | 16208 | 13593 |

स्रोत : पर्यटन विभाग, बिहार सरकार

# अध्याय 4

# भौतिक अधिसंरचना

## 4.1 भूमिका

अधिसंरचना किसी भी अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख वाहक होती है। उद्योग या सेवा क्षेत्र जैसे अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ते क्षेत्रों के लिए मुख्य इनपुट बिजली, दूरसंचार, वायुसेवा और सड़क संपर्क हैं। आर्थिक गतिविधियों में उछाल लाने के अलावा ये सभी सामान्यत: समाज के लिए प्रासंगिक तथा अभिशासन में सहयोगी हैं। संक्षेप में, बुनियादी अधिसंरचना की अनुपस्थिति में कोई औद्योगिक विकास के बारे में सोच भी नहीं सकता है। आजकल लगभग सारे विकास प्रयासों में सार्वजनिक-निजी साझेदारी की बात की जाती है लेकिन निजी उद्यमी सामान्यत: आसान रास्ते पर चलना पसंद करते हैं। आर्थिक मंदी से लड़ने के लिए अपनाए गए प्रोत्साहन के उपायों में सार्वजनिक निवेश के जरिए अधिसंरचना विकास की योजनाएं भी शामिल थीं। शेष विश्व की तरह केंद्र सरकार के 2009-10 के बजट में विभिन्न अधिसंरचनात्मक क्षेत्रों, खास कर राष्ट्रीय उच्चपथ विकास योजना (एनएचडीपी), जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) त्वरित शक्ति विकास एवं सुधार कार्यक्रम (एपीडीआरपी) के लिए आबंटन में काफी वृद्धि की गई। बिहार सरकार ने भी सड़क निर्माण के लिए आबंटन में वृद्धि की और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अपने खुद के कार्यक्रम की शुरुआत की।

## 4.2 सड़क और पुल

बुनियादी अधिसंरचना के विकास की दिशा में पहला कदम गुणवत्तापूर्ण सड़कों का प्रावधान है। सड़कों का महत्व राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास और लोगों की आशाओं से प्रत्यक्षत: जुड़ा हुआ है। जहां तक सड़कों की बात है, तो बिहार सड़कों के विकास के मामले में सबसे पीछे है। संपूर्ण भारत के स्तर पर प्रति लाख की आबादी पर 257 कि.मी. थीं जबकि बिहार का सड़क-घनत्व मात्र 90 कि.मी. था। इसी प्रकार हर 100 वर्ग किमी क्षेत्रफल पर सड़कों की लंबाई देश के स्तर पर 75 किमी थी जबकि बिहार में मात्र 51 किमी (तालिका 4.1)।

**तालिका 4.1 : बिहार और संपूर्ण भारत में सड़कों की औसत लंबाई ( 2009-10 )**

| मद | प्रति लाख जनसंख्या पर सड़कों की औसत लंबाई (किमी) | | प्रति 100 वर्ग किमी पर सड़कों की औसत लंबाई (किमी) | |
|---|---|---|---|---|
| | बिहार | भारत | बिहार | भारत |
| कुल सड़क | 90.10 | 256.70 | 50.80 | 75.00 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार

बिहार के लगभग आधे गांव बारहमासी सड़कों से जुड़े नहीं हैं। बेहतर सड़क संपर्क के लिए भारी निवेश की जरूरत है। केंद्र सरकार राष्ट्रीय उच्चपथ विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सीमा क्षेत्र विकास

परियोजना जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सड़क क्षेत्र में निवेश कर रही है। सड़क क्षेत्र के चतुर्दिक विकास के लिए गत पांच वर्षों से राज्य सरकार ने भी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी अनेक योजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर शुरुआत की है। राज्य में सड़क निर्माण संबंधी कार्यों के तेज क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने बिहार राज्य पथ विकास निगम की स्थापना की है। फलतः अक्तूबर 2010 तक बिहार में सड़कों की कुल लंबाई 94,009.42 किमी हो गई थी। सड़कों की कुल लंबाई का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा (74 प्रतिशत) संपर्क पथ है जबकि राष्ट्रीय उच्चपथ और राज्य उच्चपथ लगभग पांच-पांच प्रतिशत हैं। कुल सड़कों में मुख्य जिला सड़कों का हिस्सा 9.54 प्रतिशत है और ऋजु पथ (थ्रू रूट्स) लगभग 8.45 प्रतिशत (तालिका 4.2)। एक अन्य अशांतिकर तथ्य यह है कि संपर्क पथों का बड़ा हिस्सा (86 प्रतिशत) कच्चा है। राष्ट्रीय उच्चपथों, राज्य उच्चपथों और मुख्य जिला सड़कों का जिलावार विवरण परिशिष्ट 1 में देखा जा सकता है। वर्ष 2009-10 के आंकड़ों के अनुसार, जहां तीन जिलों - किशनगंज, बांका और जमुई में राष्ट्रीय उच्चपथ नहीं है, वहीं खगड़िया राज्य उच्चपथ से भी अछूता है।

**तालिका 4.2 : बिहार में सड़कों की लंबाई (2010-11, अक्तूबर 2010 तक)**

| श्रेणी | सड़क की लंबाई (कि.मी.) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पक्की | कच्ची | कुल | प्रतिशत अंश |
| राष्ट्रीय उच्चपथ | 3734.38 | — | 3734.38 | 3.97 |
| राज्य उच्चपथ | 3989.00 | — | 3989.00 | 4.24 |
| प्रमुख जिला सड़कें | 8966.04 | — | 8966.04 | 9.54 |
| ऋजु पथ | 7234 | 710 | 7944 | 8.45 |
| संपर्क पथ | 9917 | 59459 | 69376 | 73.80 |
| योग | 33840.42 | 60169.00 | 94009.42 | 100.00 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार



वर्ष 2009-10 में पथ निर्माण विभाग का योजना परिव्यय 3,046 करोड़ रु. और व्यय 3,045 करोड़ रु. था जबकि 2009-10 में भौतिक उपलब्धि 3,474 किमी और 2010-11 में, अक्तूबर 2010 तक 1325 किमी थी।







*अक्तूबर 2010 तक

## राष्ट्रीय उच्चपथ

राज्य में मौजूद कुल राष्ट्रीय उच्चपथ में 799 किमी का अनुरक्षण भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ प्राधिकार करता है जिसमें से 206 किमी स्वर्ण चतुर्भुज परियोजना, 513 किमी पूर्वी-पश्चिमी कॉरीडोर और 80 किमी भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ के अंतर्गत है। हालांकि राष्ट्रीय उच्चपथ के शेष 2,935 किमी का रखरखाव राज्य सरकार का पथ निर्माण विभाग करता है। राज्य उच्चपथों और मुख्य जिला सड़कों का रखरखाव भी पथ निर्माण विभाग करता है जबकि 'ऋजु पथों' और 'संपर्क पथों' का रखरखाव ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।

भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ परियोजना के तहत 2009-10 में लगभग 3,165 किमी राष्ट्रीय उच्चपथों के विकास के लक्ष्य में से नवंबर 2009 तक 1,490 किमी (47 प्रतिशत) सड़कें ही विकसित की जा सकी थीं। वर्ष 2009-10 में भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ परियोजना के तहत 9,800 किमी की परियोजनाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य के बरअक्स नवंबर 2009 तक कुल 1,285 किमी (13 प्रतिशत) की परियोजनाएं ही उपलब्ध कराई जा सकी थीं। भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ परियोजना के कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए सड़क परिवहन एवं उच्चपथ मंत्रालय ने 2009 से 2014 की पंचवर्षीय अवधि में रोज 20 किमी अर्थात प्रति वर्ष 7,000 किमी राष्ट्रीय उच्चपथ निर्माण का लक्ष्य रखा है। भारतीय राष्ट्रीय उच्चपथ प्राधिकार ने 2009-10 और 2010-11 में हर साल 12,000 किमी सड़कों के निर्माण की योजना बनाई है। अक्तूबर 2010 तक बिहार में मौजूद 3,735 किमी राष्ट्रीय उच्चपथों की स्थिति (परिशिष्ट 2) को तालिका 4.3 में प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका - 4.3 : बिहार में राष्ट्रीय उच्चपथों की स्थिति (2010-11, अक्तूबर 2010 तक)**

| राष्ट्रीय उच्चपथों की श्रेणी | लंबाई (कि.मी.) | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|
| एक लेन (3.75 मी. चौड़ी) | 629.78 | 16.9 |
| मध्यवर्ती लेन (5.5 मी. चौड़ी) | 834.01 | 22.3 |
| दो लेन (7.0 मी. चौड़ी) | 1463.18 | 39.2 |
| 7.0 मी. से अधिक चौड़ी | 777.47 | 20.8 |
| जानकारी नहीं | 30.40 | 0.8 |
| योग | 3734.84 | 100.0 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार

जैसा कि तालिका 4.3 में दर्शाया गया है, बिहार में मौजूद लगभग 40 प्रतिशत राष्ट्रीय उच्चपथ दो लेन से कम चौड़ाई वाले हैं। हालांकि विश्व बैंक से ऋण का प्रस्ताव तथा बजट में प्रावधान करके केंद्र सरकार दिसंबर 2014 तक दो लेन से कम चौड़े सभी राष्ट्रीय उच्चपथों को दो लेन में तब्दील करने के लिए पहल कर चुकी है। विश्व

बैंक की सहायता हेतु प्रस्तावित 3,800 किमी सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने के लिहाज से परामर्शदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित भी किए गए थे। सड़क परिवहन एवं उच्चपथ मंत्रालय ने भी बजट संसाधनों से एक/ मध्यवर्ती लेन वाले शेष 2,500 किमी राष्ट्रीय उच्चपथों में सुधार के लिए कार्यवाही शुरू की है।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय उच्चपथों के उत्क्रमण के लिए अनुमोदन नहीं किया था जिस कारण 2006-07 से 2008-09 के बीच राज्य सरकार ने खुद 711.96 करोड़ रु. खर्च करके 1,545 किमी सड़कों का काम पूरा किया था। हालांकि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय उच्चपथ संगठन (एनएचओ), स्थायी पुल शुल्क कोष (पीबीएफएफ) आदि विविध परियोजनाओं के तहत 2006-07 से कुल 974 किमी राष्ट्रीय उच्चपथों को उत्क्रमित किया गया है।

वर्ष 2006-07 में राष्ट्रीय उच्चपथ संगठन द्वारा 337 किमी तथा राज्य कोष से 436 किमी सड़कों का निर्माण कराया गया था। बाद में 2007-08 और 2008-09 में राष्ट्रीय उच्चपथों के बड़े हिस्से पर राज्य कोष से काम कराया गया। हालांकि, 2009-10 में राज्य कोष से राष्ट्रीय उच्चपथ संगठन की तुलना में कम आच्छादन हुआ। पथ निर्माण विभाग द्वारा लाए गए बदलाव को नीचे प्रस्तुत विकास के त्वरित आरेख में दर्शाया गया है।




राज्य की विकासगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों को चार-लेन सड़कों में बदलने का काम शुरू किया गया है। राष्ट्रीय उच्चपथ विकास परियोजना, चरण-1 की स्वर्ण चतुर्भुज परियोजना के तहत उच्चपथ पर दुर्गावती पुल के निर्माण को छोड़कर 205 किमी सड़कों को चार-लेन बनाने का काम पूरा हो गया है। इसी प्रकार, पूर्वी-पश्चिमी कॉरीडोर के तहत 513 किमी सड़कों का निर्माण कार्य जारी है लेकिन काम की प्रगति संतोषप्रद नहीं है। राष्ट्रीय उच्चपथ विकास परियोजना के चरण-3 के तहत 1,015 किमी सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उक्त सड़कों के अलावा भी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जिन्हें राष्ट्रीय उच्चपथ विकास परियोजना के चरण-3 के तहत नहीं चुना गया है। इन सड़कों को सार्वजनिक-निजी साझेदारी के आधार पर विहित मानकों के अनुसार उत्क्रमित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए इनफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनांसियल सर्विसेज लि. (आइएल एंड एफएस) और इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनांस कंपनी लि. (आइडीएफसी) को परियोजना विकास परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत आरंभ की जाने वाली परियोजनाओं के लिए 40 प्रतिशत सक्षमता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) का प्रावधान है और इस वित्तपोषण में केंद्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों का हिस्सा होगा। वर्ष 2010-11 (अक्तूबर 2010) तक राज्य सरकार ने 3,418 किमी सड़कों के विकास और पुनःसतहीकरण का काम पूरा कर लिया है जिनका विवरण तालिका 4.4 में प्रस्तुत है।

**तालिका 4.4 : राज्य सरकार द्वारा सड़कों का विकास**

| वर्ष | सड़कों की लंबाई (किमी) |
|---|---|
| 2005-06 | 364 |
| 2006-07 | 773 |
| 2007-08 | 701 |
| 2008-09 | 580 |
| 2009-10 | 676 |
| 2010-11 (अक्तूबर 2010 तक) | 324 |
| योग | 3418 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार

**राज्य उच्चपथ**

कुल 3,989 किमी राज्य उच्चपथों के दो-लेन में विकास के लिए राज्य सरकार ने राज्य उच्चपथ विकास कार्यक्रम के तहत परियोजना आरंभ की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत राज्य उच्चपथों के उत्क्रमण का निर्णय किया और गत तीन वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम के तहत 72 प्रतिशत राज्य उच्चपथों को चौड़ा किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत 2,035 किमी सड़कों का उत्क्रमण किया गया है और 2005 में हुए त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत केंद्रीय लोक निर्माण प्रभाग (1,705 किमी) तथा इरकॉन इंटरनेशनल (330 किमी) द्वारा सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

पुनः, बिहार राज्य उच्चपथ कार्यक्रम (बीएसएचपी-1) के तहत राज्य सरकार ने कुल 1,054 किमी लंबाई वाली 11 सड़कों को राज्य उच्चपथ घोषित किया है। इनमें से 9 के उच्चपथ के बतौर विकास के लिए एशियाई विकास बैंक से 1,972 करोड़ रु. के लिए समझौता हुआ है। कार्य प्रगति पर है और फरवरी 2010 तक लगभग 25 प्रतिशत वित्तीय और 15.9 प्रतिशत भौतिक उपलब्धि दर्ज की गई है जो लक्ष्य के अनुरूप है।

बिहार राज्य उच्चपथ कार्यक्रम-3 के तहत कुल 826.92 किमी लंबी 13 अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को राज्य उच्चपथ घोषित किया गया (परिशिष्ट 3)। इनमें से 44.40 किमी लंबे डुमरांव-विक्रमगंज राज्य उच्चपथ-79 का विकास सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत करना प्रस्तावित है। शेष 12 सड़कों के दो-लेन में उत्क्रमण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो गई है। इन सड़कों के लिए वित्तीय सहायता हेतु एशियाई विकास बैंक सिद्धांत रूप में सहमत हो गया है। 2150 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय से इन योजनाओं पर इसी साल (2010-11 में) काम आरंभ होना है (परिशिष्ट 2)। इस प्रकार 2010-11 में अक्तूबर तक कुल 3,787 किमी राज्य उच्चपथों में से लगभग 50 दो या अधिक लेन वाले हो जा रहे हैं।

**तालिका 4.5 : राज्य उच्चपथों का लेन आधारित ब्योरा ( 2010-11, अक्तूबर 2010 तक )**

| लेन का प्रकार | चौड़ाई (मी) | कुल लंबाई (किमी) | कुल का % |
|---|---|---|---|
| एक लेन | 3.75 | 1598.19 | 42.20 |
| मधयवर्ती लेन | 5.50 | 295.66 | 7.81 |
| दो लेन | 7.00 | 1849.17 | 48.83 |
| चार लेन | 14.00 | 43.98 | 1.16 |
| योग | | 3787.00 | 100 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार

## मुख्य जिला सड़कें

मुख्य जिला सड़कों के अच्छे-खासे हिस्से की चौड़ाई 3.05 मी से 3.50 मी के बीच है जो राज्य में बढ़ते यातायात घनत्व के लिहाज से नितांत अपर्याप्त है। अतएव राज्य सरकार ने कुल 8,966 किमी लंबी समस्त प्रमुख जिला सड़कों को 5.50 मी की मानक चौड़ाई वाली मध्यवर्ती लेन सड़कों में उत्क्रमित करने का निर्णय किया है। जिन सड़कों को उत्क्रमित नहीं किया जा रहा है, उनका नए सिरे से सतहीकरण किया जा रहा है। इसके लिए धन राज्य योजना/ नाबार्ड (आरआइडीएफ)/ केंद्रीय सड़क कोष/ सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम/ अंतर्राष्ट्रीय सड़क संपर्क योजना/ बारहवें वित्त आयोग आदि के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। वर्ष 2006-07 से 7,466.04 किमी सड़कों के उत्क्रमण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है और फरवरी 2010 तक 4,812 किमी लंबाई में कार्य पूरा हो गया था। शेष 2,654 किमी लंबाई की सड़कों को 2010-11 में पूरा कर लेने का लक्ष्य है। पुनः, 2010-11 में राज्य में 690 किमी लंबी मुख्य जिला सड़कों के उत्क्रमण का प्रस्ताव है जिनमें से 475 किमी सड़कें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के, 100 किमी राज्य योजना के तथा 115 किमी गैर-योजना के तहत हैं। उत्क्रमण कार्य का कुल अनुमानित व्यय 580 करोड़ रु. है। 30 प्रतिशत सड़कों का कार्य 2010-11 में और शेष 70 प्रतिशत के 2011-12 में पूरा हो जाने की आशा है।

लोक निर्माण विभाग के अधीन रही चुनिंदा मुख्य जिला सड़कों का नाबार्ड से ऋण लेकर उत्क्रमण (पुल-पुलियों के साथ) कराया जा रहा है। आरआइडीएफ के दसवें और बारहवें ट्रेंच के तहत पांच जिलों (वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी) में कुल 534 लंबी 26 सड़कों के उत्क्रमण तथा 306 पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का कुल व्यय 343.23 करोड़ रु. है जिसमें नाबार्ड का हिस्सा 261.44 करोड़ रु. और राज्य का हिस्सा 81.79 करोड़ रु. है। पुनः, आरआइडीएफ-13 के तहत भोजपुर, भभुआ, रोहतास, पूर्णिया, नालंदा, मुंगेर और लखीसराय जिलों में 181.42 करोड़ रु. व्यय वाली कुल 39 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है और कार्य लगभग पूरा होने पर है।

इसके अलावा, आरआइडीएफ-14 के तहत नाबार्ड ने गोपालगंज, पश्चिम चंपारण और दरभंगा जिलों में एक-एक उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है और सारे काम प्रगति पर हैं। आरआइडीएफ-15 के तहत विभिन्न जिलों में 87 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें 531.15 करोड़ रु. व्यय से बालूघाट में कोशी नदी पर बड़े पुल का निर्माण भी शामिल है। इसके अलावा, 2010 में नाबार्ड द्वारा 180.70 करोड़ रु. के व्यय से 7 जिलों में चलने वाली 13 परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

**अन्य सड़कें**

अन्य सड़कें दो प्रकार की हैं - ऋजु पथ और संपर्क पथ। ऋजु पथ को अन्य जिला सड़कों और संपर्क पथ को ग्रामीण सड़कों के नाम से भी जाना जाता है। राज्य में राष्ट्रीय उच्चपथों, राज्य उच्चपथों और मुख्य जिला सड़कों को छोड़कर शेष का निर्माण और रखरखाव ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया जाता है। ऋजु पथों की कुल लंबाई 7,944 किमी और संपर्क पथों की 69,376 किमी है। गत चार वर्षों के अंदर 6,750 करोड़ रु. की लागत से लगभग 14,106 किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया है। तथापि संपर्क पथों का अच्छा-खासा हिस्सा कच्चा है जो मॉनसून के दौरान सामान्यतः अनुपयोगी हो जाता है। ऐसी सड़कों की स्थिति में सुधार के भी प्रयास चल रहे हैं।

**रेल उपरिपुल**

वर्ष 2005 में हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत राज्याधीन 22 सड़कों की रेल क्रॉसिंग पर रेल मंत्रालय द्वारा लागत व्यय में हिस्सेदारी के आधार पर रेल उपरिपुलों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। 497.50 करोड़ रु. व्यय से इनमें से 14 परियोजनाओं का क्रियान्वयन इनकॉन इंटरनेशनल लि. द्वारा किया जा रहा है। शेष 8 परियोजनाओं के लिए सिर्फ संपर्कपथ के निर्माण का काम बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा हाथ में लिया गया है जबकि रेल उपरिपुलों का निर्माण इरकॉन द्वारा किया जा रहा है। इन 8 परियोजनाओं का अनुमानित व्यय 241.82 करोड़ रु. है। अन्य 12 रेल उपरिपुलों की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है और इन्हें बाद में शुरू करने का लक्ष्य है। इनके विवरण परिशिष्ट 4 में दिए गए हैं।

**केंद्र प्रायोजित योजनाएं**

केंद्रीय सड़क कोष : पेट्रॉल और डीजल की होने वाली खपत पर केंद्र सरकार 1.50 रु. प्रति लीटर उप-कर लगाती है। कुल संग्रहित राशि का 50 हिस्सा प्रतिशत ग्रामीण सड़कों के लिए निर्धारित होता है और 50 प्रतिशत राज्य सड़कों के लिए। इसी कोष से राज्य का हिस्सा आबंटित किया जाता है जिसमें से 57.5 प्रतिशत राष्ट्रीय उच्चपथों, 12.5 प्रतिशत रेल उपरिपुलों तथा शेष 30 प्रतिशत राज्य की सड़कों के विकास के लिए तय रहता है। संग्रहित राशि में केंद्रीय सड़क कोष का 90 प्रतिशत और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की सड़कों का 10 प्रतिशत हिस्सा होता है।

केंद्रीय सड़क कोष परियोजना के तहत केंद्र सरकार ने कुल 64 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं जिनमें से 47 पूरी हो चुकी हैं और शेष 17 का काम प्रगति पर है। स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 8.56 करोड़ रु. सीड मनी के बतौर उपलब्ध कराए गए थे। इस संबंध में राज्य सरकार ने जितनी राशि खर्च करके उपयोग प्रमाणपत्र पेश किए थे उसे केंद्र सरकार द्वारा विमुक्त कर दिया गया है। वर्ष 2009-10 में केंद्र सरकार ने जमा किए गए उपयोग प्रमाणपत्रों के आधार पर 50.49 करोड़ रु. विमुक्त किए।

इनके अलावा, 131 करोड़ रु. व्यय से 25 अतिरिक्त सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय उच्चपथ मंत्रालय के पास पेश की गई हैं जिन पर सक्रियतापूर्वक विचार हो रहा है। इसी प्रकार, राज्य के 33 जिलों को उग्रवाद प्रभावित घोषित करके केंद्र सरकार ने इन जिलों में सड़कों के विकास के लिए प्रस्ताव मांगा था। राज्य सरकार ने पहले चरण में 614.15 करोड़ रु. के व्यय से कुल 649.05 किमी लंबी सड़कों के निर्माण की 45 परियोजनाओं के प्रस्ताव सड़क परिवहन तथा राष्ट्रीय उच्चपथ मंत्रालय को सुपुर्द किए। इस संबंध में 174.24 करोड़ रु. व्यय की कुल 173.75 किमी लंबाई वाली 15 परियोजनाओं को 2009-10 की अंतिम तिमाही में स्वीकृति प्रदान की गई है। 4.55 करोड़ रु. के लिए निविदा अनुमोदित हुई थी हालांकि काम 4.91 करोड़ रु. के व्यय से पूरा हुआ है। 12.42 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से कैमूर जिले के करकैत घाट में उच्च गुणवत्ता के पुल निर्माण का काम शुरू हो गया है।

आर्थिक महत्व की परियोजनाएं : आर्थिक महत्व की परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार 50 प्रतिशत केंद्रीय अंशदान देती है और शेष 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को वहन करना होता है। वर्ष 2009-10 में आर्थिक महत्व की परियोजनाओं के तहत केंद्रीय हिस्से के बतौर मिले 5.25 करोड़ रु. का उपयोग कर लिया गया है, हालांकि राज्य सरकार के 2 करोड़ रु. हिस्से के प्रावधान में से मात्र 0.47 करोड़ रु. का ही उपयोग किया गया है। परियोजना की प्रगति और संभावित केंद्रांश की रौशनी में राज्य सरकार के बजट में वर्ष 2010-11 के लिए राज्यांश के बतौर 5.50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है।

<u>सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम</u> : इस कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता के बतौर शत-प्रतिशत व्यय वहन करती है। वर्ष 2008-09 में 23.23 करोड़ रु. और 2009-10 में 10.90 करोड़ रु. का उपयोग किया गया है। 55.41 करोड़ रु. के अनुमोदित व्यय से कुल 78.60 किमी लंबाई की 8 परियोजनाएं चल रही हैं जिनमें से अधिकांश भारत-नेपाल सीमा पर हैं। अलग-अलग परियोजनाओं पर लगभग 59 से लेकर 67 प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना

सुदूर क्षेत्रों में, खास कर ग्रामीण इलाकों में बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए बिहार में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना आरंभ की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नदियों-नालों पर तथा सड़कों पर बने क्षतिग्रस्त अथवा जीर्णशीर्ण पुलों की जगह नए पुल बनाना है। इस योजना के तहत 25 लाख से कम व्यय वाली योजनाएं जिला प्रशासन द्वारा क्रियान्वित होती हैं जबकि उससे ऊपर की बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के जरिए। अभी तक कुल 1,418.57 करोड़ रु. के परिव्यय वाली 2,490 योजनाओं का चयन किया गया है। इनमें से 1,968 को जिला प्रशासन द्वारा हाथ में लिया गया था जिनमें से 1,123 पूरी हो चुकी हैं। इसी प्रकार, 522 परियोजनाएं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा हाथ में ली गई थीं जिनमें से 382 पूरी हो चुकी हैं। इस तरह कुल 2,490 परियोजनाओं में से 1,505 पूरी हो चुकी हैं और शेष 985 पर काम चल रहा है जिनके 2010-11 में पूरा हो जाने की आशा है। योजनाओं के विवरण तालिका 4.6 में प्रस्तुत हैं। नई योजनाएं भी चिन्हित कर ली गई हैं और आवश्यक अनुमोदन के बाद 2010-11 में उन पर काम आरंभ किया जाना है।

**तालिका 4.6 : मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना**

| अभिकरण | योजनाओं की संख्या | अनुमानित व्यय (करोड़ रु.) | पूरी हो चुकी परियोजनाएं | | | | राशि का उपयोग (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | **योग** | |
| जिला प्रशासन | 1968 | 392.55 | 128 | 421 | 574 | 1123 | 224.91 |
| बिहार राज्य पुल निर्माण निगम | 522 | 1026.018 | 60 | 157 | 165 | 382 | 751.78 |
| योग | 2490 | 1418.568 | 188 | 578 | 739 | 1505 | 976.69 |

स्रोत : पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार

## 4.3 बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि. की स्थापना राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के एक संकल्प के तहत 1974 में हुई थी। संकल्प के अनुसार, निगम को पुलों के लिए सर्वेक्षण, निर्माण और रखरखाव, जलनिकासी तथा अन्य संबंधित कार्य करने हैं। पथ कर और अन्य स्रोतों से प्राप्त रकम से, जिसमें व्यावसायिक बैंकों के ऋण भी शामिल होते हैं, निगम पुलों के लिए सर्वेक्षण तथा निर्माण का काम करता है। यह 25 लाख रु. और उससे अधिक व्यय वाले कार्य हाथ में लेता है। पहले निगम बहुत बुरी हालत में था लेकिन 2004 में पुनर्जीवित किए जाने के बाद से इसकी स्थिति पूरी तरह बदल गई है और टर्नओवर में लगातार वृद्धि का रुझान दिखता है (तालिका 4.7)।

**तालिका 4.7 : बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि. का टर्नओवर**

| वर्ष | टर्नओवर (करोड़ रु.) |
|---|---|
| 2004-05 | 42.62 |
| 2005-06 | 57.38 |
| 2006-07 | 95.88 |
| 2007-08 | 417.48 |
| 2008-09 | 768.00 |
| 2009-10 | 858.00 |

स्रोत : रिपोर्ट कार्ड, 2010, बिहार सरकार




वर्ष 2005-06 में निगम को लगभग 6 करोड़ रु. मुनाफा हुआ था जबकि 2009-10 में उसे 91.50 करोड़ रु. मुनाफे की आशा है। इसका अर्थ हुआ कि पांच वर्ष की छोटी अवधि में निगम का मुनाफा 15 गुना से भी अधिक बढ़ गया है (तालिका 4.8)।

**तालिका 4.8 : निगम की लाभ-हानि की स्थिति (लाख रु.)**

| वर्ष | परियोजनाओं पर व्यय | कुल प्राप्ति | कर्मियों पर तथा प्रशासनिक व्यय | लाभ/ हानि |
|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 5738.76 | 1312.75 | 716.24 | (+) 596.41 |
| 2006-07 | 9588.51 | 2838.38 | 1116.24 | (+) 1722.14 |
| 2007-08 | 41747.87 | 8825.74 | 1220.87 | (+) 7604.87 |
| 2008-09 | 75600.80 | 11073.37 | 2030.00 | (+) 9043.36 |
| 2009-10 | 85000.00 | 11050.00 | 1900.00 | (+) 9150.00 (अनुमानित) |

स्रोत : बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि., बिहार सरकार

वर्ष 2006-07 से 2009-10 (दिसंबर 2010) तक की अवधि में निगम ने 1,030 करोड़ रु. के समूहित व्यय से 518 पुलों का निर्माण किया है (तालिका 4.9)। बहुत कम समय में निगम का ढांचा खड़ा हो गया है और उसे पुल निर्माण के अतिरिक्त भवन, सिंचाई, सड़क आदि के निर्माण के काम भी सौंपे जाते हैं। यही नहीं, निगम से कार्यक्रम प्रबंधन आदि कार्य भी कराए जा रहे हैं। बहुत कम अवधि में निगम की सफलता की आश्चर्यजनक गाथा अन्य अभिकरणों के लिए अनुकरणीय है।

**तालिका 4.9 : 2006-07 से 2010-11 तक निर्मित पुलों की संख्या व्यय सहित**

| वर्ष | पुलों की सं. | व्यय (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| 2006-07 | 35 | 154.94 |
| 2007-08 | 60 | 45.34 |
| 2008-09 | 157 | 183.78 |
| 2009-10 | 187 | 416.16 |
| 2010-11 (दिसंबर 10 तक) | 79 | 229.72 |
| **योग** | **518** | **1029.94** |

स्रोत : बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार सरकार




### 4.4 पथ परिवहन

सड़क अधिसंरचना की पर्याप्तता और गुणवत्ता किसी भी क्षेत्र में परिवहन की उपलब्धता पर भारी प्रभाव डालती हैं। बिहार में सड़कों की लंबाई और पुलों की संख्या में पांच वर्ष की बहुत छोटी अवधि में काफी इजाफा हुआ है जिसकी परिणति निबंधित मोटरवाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि में हुई है (तालिका 4.10)। वर्ष 2005-06 में कुल निबंधित वाहनों की संख्या लगभग 80 हजार ही थी जो 2009-10 में लगभग चारगुनी (3.19 लाख) हो गई है। इसमें 2006-07 में सर्वाधिक 83 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दिखी। इस पर भी गौर किया जा सकता है कि वाहनों

की संख्या में वृद्धि सभी प्रकार के वाहनों के मामले में है। निबंधित वाहनों की जिलावार संख्या परिशिष्ट 5 में दी गई है।

**तालिका 4.10 : निबंधित वाहनों की संख्या**

| वर्ष | ट्रक | बस | कार | टैक्सी | जीप | ऑटो | दुपहिया | ट्रैक्टर | ट्रेलर | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 579 | 113 | 5062 | 427 | 2321 | 3273 | 61333 | 3509 | 2440 | 1306 | 80363 |
| 2006-07 | 1989 | 921 | 7409 | 1326 | 4430 | 5027 | 112985 | 6160 | 5281 | 1781 | 147309 |
| 2007-08 | 2409 | 1341 | 8223 | 3042 | 4229 | 6030 | 120296 | 8164 | 5358 | 2665 | 161757 |
| 2008-09 | 3598 | 1121 | 10549 | 3791 | 5748 | 8423 | 166882 | 11203 | 7510 | 1588 | 220413 |
| 2009-10 | 8474 | 1555 | 14854 | 7347 | 9862 | 12392 | 233656 | 19496 | 10529 | 969 | 319134 |
| 2010-11, सितंबर 10 तक | 3210 | 689 | 4679 | 2494 | 3981 | 6480 | 104001 | 8449 | 4905 | 678 | 139566 |

स्रोत : परिवहन विभाग, बिहार सरकार

निबंधित वाहनों की संख्या बढ़ने से परिवहन विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण भी कईगुना बढ़ा है। राजस्व संग्रहण 2001-02 में मात्र 133 करोड़ रु. था जो 2009-10 में 373 करोड़ रु. हो गया है जो इस अवधि में लगभग तीनगुनी वृद्धि दर्शाता है। तालिका 4.11 में देखा जा सकता है कि पूरी अवधि में राजस्व संग्रहण वर्ष हेतु तय लक्ष्य के 80 प्रतिशत के आसपास रहा है। लगभग शत-प्रतिशत संग्रहण 2005-06 में देखा गया था और मात्र 58 प्रतिशत के आसपास 2006-07 में।

**तालिका 4.11 : परिवहन विभाग द्वारा राजस्व संग्रह (2001-02 से 2010-11)**

(करोड़ रु. में)

| वर्ष | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2001-02 | 160 | 133.10 | 83.19 |
| 2002-03 | 205 | 177.54 | 86.60 |
| 2003-04 | 275 | 217.81 | 79.20 |
| 2004-05 | 308 | 257.21 | 83.51 |
| 2005-06 | 310 | 308.47 | 99.51 |
| 2006-07 | 350 | 202.14 | 57.75 |
| 2007-08 | 375 | 245.86 | 65.56 |
| 2008-09 | 450 | 303.58 | 67.46 |
| 2009-10 | 450 | 372.83 | 82.85 |
| 2010-11, सितंबर 10 तक | 450 | 191.63 | 42.58 |

स्रोत : परिवहन विभाग, बिहार सरकार




*** सितम्बर, 10 तक**

## परिवहन विभाग का कंप्यूटरीकरण

समेकित और प्रभावी परिवहन व्यवस्था के लिए राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने अरवल जिले के सिवा अपने सभी जिला और आंचलिक कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण कर दिया है। जिला परिवहन कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण से 'वाहन' और 'सारथी' सॉफ्टवेयर के उपयोग के जरिए अब स्मार्ट कार्ड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस तथा निबंधन प्रमाणपत्र जारी करना संभव हो गया है। स्मार्ट कार्ड निबंधन प्रमाणपत्रों से अब वाहनों के बारे में भौतिक जानकारियां प्राप्त करना ही नहीं, कर भुगतान और परमिट संबंधी सूचनाएं भी संग्रहित-संरक्षित करना आसान हो गया है। अब अवैध और जाली ड्राइविंग लाइसेंसों की पहचान करना और उसे रोकना आसान होगा। एक योजना ई-भुगतान की भी है जिससे प्रशासन परमिट शुल्कों का संग्रहण जारी किए जाने वाले स्थानों पर ही करने में समर्थ होगा। इससे राष्ट्रीय परमिट जारी करने के मामले में समानता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

## राज्य सरकार की पहलकदमियां

राज्य सरकार के परिवहन विभाग का ध्येय आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए परिवहन सुविधाओं में वृद्धि तथा नागरिकों की आशाओं की पूर्ति के लिहाज से मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना है। इसकी प्राप्ति के लिए राज्य सरकार ने बीते दिनों निम्नलिखित पहलकदमियां ली हैं :

- 18.41 करोड़ रु. के व्यय से 19 जिलों में जिला परिवहन कार्यालय सह जिला परिवहन सुविधा केंद्र के निर्माण की योजना।
- परिवहन व्यवसाय में शामिल लघु उद्यमियों की सुविधा के लिए एकमुश्त कर भुगतान की सुविधा का विस्तार व्यावसायिक ट्रैक्टर ट्रेलरों और तिपहियों के लिए भी किया गया है।

- शहरों में सार्वजनिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नए निबंधित सार्वजनिक परिवहन वाहनों को वाहन कर में 50 प्रतिशत छूट।
- वाहनों से बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 12 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों के लिए हरित कर।
- नए वाहनों के आसान निबंधन में सहयोग के लिए विक्रेता के समीप ही निबंधन। वाहनों के जरिए क्षमता से अधिक ढुलाई और ऐसे कार्यों में लगे गिरोहों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उड़नदस्तों का गठन।
- वाहन दुरुस्ती (फिटनेस) प्रमाणपत्र की सहज उपलब्धता के लिए निजी उद्यमियों द्वारा दुरुस्ती केंद्र खोलने की प्रक्रिया का सरलीकरण।
- औरंगाबाद जिले में सार्वजनिक-निजी साझेदारी में भारी व्यावसायिक वाहनों के चालकों के लिए चालन प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना हेतु जमीन चयनित।
- सार्वजनिक परिवहन की सुविधा के लिए झारखंड और छत्तीसगढ़ के साथ द्विपक्षीय परिवहन समझौता।
- नागरिकों को मुफ्त हेल्पलाइन सेवा उपलब्ध कराने की योजना।
- वाहन मालिकों द्वारा ई-भुगतान प्रणाली के जरिए वाहन करों की भुगतान सुविधा हेतु भारतीय स्टेट बैंक अधिकृत।

### 4.5 विद्युत

बिजली किसी देश या क्षेत्र के विकास के लिए प्रमुख क्षेत्र है। देश में बिजली का उत्पादन मुख्यत: जलविद्युत, तापविद्युत तथा आणविक विद्युत संयंत्रों द्वारा किया जाता है। घरेलू उत्पादन के अलावा, बिजली का भूटान से आयात भी किया जाता है। हालांकि 2009-10 में अप्रील से दिसंबर 2009 के बीच देश के विद्युत उत्पादन में 9 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया था लेकिन वास्तविक वृद्धि 6 प्रतिशत हुई। बिजली उत्पादन का स्तर अप्रील 2008 में 540 अरब किवा-आवर था जो दिसंबर 2008 में बढ़कर 572.5 अरब किवा-आवर हो गया। इस अवधि में तापविद्युत में 88 प्रतिशत वृद्धि हुई। हालांकि जलविद्युत उत्पाद में गिरावट दर्ज की गई जो मुख्यत: कम वर्षा के कारण थी। कोयला आधारित विद्युत उत्पादन का तापविद्युत उत्पादन में लगभग 80 प्रतिशत तथा कुल विद्युत उत्पादन में लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा है। आणविक विद्युत उत्पादन लगभग 14 अरब किवा-आवर है।

इस बात का उल्लेख प्रासंगिक होगा कि अनुकूल नीतिगत वातावरण में निजी भागीदारी और इंधनों में विविधता लाने के कारण देश के विद्युत क्षेत्र में भारी बदलाव आ रहा है। संचरण एवं वितरण व्यवस्था में सार्वजनिक-निजी साझेदारी, आणविक विद्युत उत्पादन परियोजनाओं में निजी सहभागिता, मांग पक्ष का प्रबंधन, वितरण व्यवस्था में कार्याधिकार (फ्रैंचाइस), नवीकरणीय ऊर्जा तथा भारतीय ऊर्जा क्षेत्र की अन्य अनेक गतिविधियों की शुरुआत विगत कुछ वर्षों के दौरान ही हुई है। विद्युत अधिनियम, 2003 बुनियादी विधान है जिसने विद्युत क्षेत्र में अधिक प्रभावी तथा त्वरित विकास की वैधानिक रूपरेखा उपलब्ध कराई है। इस अधिनियम का सरोकार मुख्यत: राज्य विद्युत परिषदों को अनेक भागों में बांटने तथा उपयुक्त नियामक हस्तक्षेप के जरिए प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के प्रयास से है। फलत: विद्युत क्षेत्र अब प्रतिस्पर्धी बन रहा है और उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिहाज से दक्षता हासिल कर रहा है।

विद्युत क्षेत्र बिहार के विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण अधिसंरचना है और उचित तथा प्रतिस्पर्धी दर पर विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति कृषि उत्पादन, ग्राम, लघु एवं अतिलघु उद्योग विकास तथा अन्य व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियों के पैटर्न में सुधार ला सकती है।

## बिहार राज्य विद्युत बोर्ड (बीएसईबी)

वर्ष 2000 में बिहार के विभाजन के कारण मुख्य विद्युतगृह झारखंड में चले गए और वर्तमान बिहार में दो पुराने विद्युतगृह ही बचे। फलतः राज्य बिजली की उपलब्धता के मामले में देश के अन्य राज्यों से काफी पीछे है और अपनी जरूरत की 90 प्रतिशत बिजली केंद्रीय स्रोतों से खरीदनी पड़ती है। वर्ष 2009 के अंत में बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के 29.6 लाख उपभोक्ता थे और कुल बिक्री 5,325 गीगावाट-आवर थी। कुल उपभोक्ता में से 33 प्रतिशत घरेलू, 27 प्रतिशत औद्योगिक और 15 प्रतिशत सिंचाई संबंधी उपभोक्ता थे। वर्ष 2006 से 2009 के बीच बिक्री में लगभग 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। बोर्ड का कामकाजी और वित्तीय प्रदर्शन तालिका 4.12 में प्रस्तुत है।

**तालिका 4.12 : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड का प्रदर्शन**

| मद | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन एवं खरीद (गीगावाट-आवर) | 6555 | 7595 | 8205 | 8246 | 8895 |
| बिक्री (गीगावाट-आवर) | 4102 | 4342 | 4542 | 4852 | 5325 |
| हानि (%) | 37.43 | 42.83 | 44.66 | 41.16 | 40.14 |
| औसत राजस्व (रु./ किवा-आवर) | 2.44 | 2.61 | 2.81 | 3.02 | 3.15 |
| बिजली की बिक्री (अरब रु.) | 10.00 | 11.32 | 12.76 | 14.64 | 16.76 |
| कुल आय (सब्सिडी सहित) (अरब रु.) | 24.35 | 26.97 | 21.12 | 23.08 | 24.85 |
| लागत वसूली (टैरिफ/ व्यय) (%) | 40 | 40 | 43 | 46 | 47 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के लेखे, 2009 के आंकड़े

तालिका से पता चलता है कि राज्य का विद्युत क्षेत्र उच्च संचरण एवं वितरण हानि तथा कम लागत वसूली से त्रस्त है। जैसा कि उल्लेख है, 2005 से नियमित हानि लगभग 40 प्रतिशत रही है और लागत वसूली 2005 के 40 प्रतिशत और 2009 के 47 प्रतिशत के बीच।

## विद्युत आपूर्ति की स्थिति

राज्य में प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग लगभग 100 इकाई है जबकि संपूर्ण भारत का औसत 717 इकाई है। राज्य में गत 25 वर्षों से कोई नई उत्पादन इकाई नहीं लगी है। राज्य में विद्युत आपूर्ति की स्थिति अत्यंत खराब है और सर्वोच्च मांग की तुलना में कमी लगातार बढ़ रही है। राज्य में जलविद्युत सहित कुल स्थापित क्षमता लगभग 600

मेगावाट है जबकि सर्वोच्च मांग 3,000 मेगावाट। वर्ष 2006-07 में कमी लगभग 17 प्रतिशत थी जो 2007-08 में बढ़कर 31 प्रतिशत हो गई और 2009-10 में 40 प्रतिशत। वर्ष 2010-11 में कमी लगभग 45 प्रतिशत अनुमानित है। विस्तृत ब्योरा तालिका 4.13 में देखा जा सकता है।

**तालिका 4.13 : विद्युत आपूर्ति की स्थिति**

| वर्ष | अधिकतम मांग (मेगावाट) | अधिकतम उपलब्धता (मेगावाट) | कमी (मेगावाट) | कमी (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 2002-03 | 1389 | 1325 | 64 | 4.6 |
| 2003-04 | 973 | 788 | 185 | 19 |
| 2004-05 | 980 | 980 | 0 | 0 |
| 2005-06 | 1314 | 1116 | 198 | 15.1 |
| 2006-07 | 1399 | 1162 | 237 | 16.9 |
| 2007-08 | 1800 | 1244 | 556 | 30.88 |
| 2008-09 | 1900 | 1348 | 552 | 29.05 |
| 2009-10 | 2500 | 1508 | 992 | 39.68 |
| 2010-11* | 3000 | 1664 | 1336 | 44.53 |

*अक्तूबर 2010 तक

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार




*अक्तूबर 2010 तक

बिहार की वर्तमान स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता मात्र 584.6 मेगावाट है जिसमें बिहार राज्य जलविद्युत निगम के स्वामित्व वाले नवीकरणीय संसाधन भी शामिल हैं। केंद्रीय बिजलीघरों से आबंटनों को मिलाकर राज्य की कुल उपलब्धता 1,836 मेगावाट है। इस कारण उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी करने के लिए काफी नियंत्रित विद्युत आपूर्ति करनी पड़ती है। हालांकि कुछ कमी का श्रेय झारखंड के विभाजन से उत्पन्न विरासत संबंधी मुद्दों को दिया जा सकता है, लेकिन उत्पादन क्षमता में कोई विस्तार नहीं हुआ है।

बोर्ड के बरौनी और मुजफ्फरपुर तापविद्युत केंद्रों का बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण हुआ है। उत्पादन क्षमता में तेजी से वृद्धि राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है जिसका आशय संयुक्त उपक्रमों की स्थापना (नबीनगर में 660 मेगावाट की 3 इकाइयां), वर्तमान संयंत्रों के क्षमता विस्तार, बांका (660 मेगावाट की 4 इकाइयां), पीरपैंती (2,000 मेगावाट) और कहलगांव (660 मेगावाट की 2 इकाइयां) में स्वतंत्र विद्युत उत्पादक परियोजनाओं को प्रेरित करने तथा केंद्रीय विद्युत संयंत्रों से इतना आबंटन सुनिश्चित कराने से है कि राज्य को 2012 में 66 प्रतिशत की सर्वोच्च कमी नहीं झेलनी पड़े जैसा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण का पूर्वानुमान है।

अपनी बिजली की जरूरतें पूरी करने के लिए राज्य को पूरी तरह केंद्रीय क्षेत्र पर निर्भर रहना पड़ता है। मीटर पठन के मुताबिक राज्य सरकार को केंद्रीय क्षेत्र से 1,746 से लेकर 1,791 मेगावाट तक बिजली मिलती है। इसे तलचर एसटीपीएस (सुपर तापविद्युत संयंत्र) और कहलगांव एसटीपीएस-1 से 40-40 प्रतिशत हिस्सा मिलता है लेकिन कहलगांव एसटीपीएस-2 से 7 प्रतिशत ही हिस्सा मिलता है। कुल मिलाकर बिहार को केंद्रीय विद्युत केंद्रों से लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा मिलता है।

**तालिका 4.14 : केंद्रीय विद्युत केंद्रों से बिजली**

| केंद्रों के नाम | क्षमता (मेगावाट) | बिहार का अंशभाग | |
|---|---|---|---|
| | | मेगावाट | प्रतिशत |
| फरक्का एसटीपीएस | 1600 | 454-475 | 28.38-29.70 |
| तलचर एसटीपीएस | 1000 | 390-403 | 39.02-40.34 |
| कहलगांव एसटीपीएस-1 | 840 | 332-342 | 39.54-40.83 |
| कहलगांव एसटीपीएस-2 | 1500 | 100 | 6.67 |
| टाला एचपीएस | 1020 | 260 | 25.50 |
| चूखा एचपीएस | 270 | 80 | 29.63 |
| रंगित एचपीएस | 60 | 21 | 35.00 |
| तिस्ता एचपीएस | 510 | 108 | 21.25 |
| **योग** | **6800** | **1746-1791** | **25.68-26.34** |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

बिहार में आपूर्ति और खपत का पैटर्न संतोषजनक नहीं है क्योंकि केंद्रीय सरकार के प्रक्षेत्र से बिजली खरीदने के बावजूद 2009-10 में बिजली की कमी 45.33 प्रतिशत थी जो 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) बढ़कर 55.40 प्रतिशत हो गई थी।

**तालिका 4.15 : ऊर्जा आपूर्ति और उपभोग का पैटर्न (मेगावाट)**

| प्राप्ति/ उपभोग | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) |
|---|---|---|---|
| केंद्रीय प्रक्षेत्र से प्राप्ति | 8133.46 | 9060.36 | 5997.12 |
| सहायक उपभोग पश्चात विद्युत बोर्ड उत्पादन | 90.21 | 226.60 | 86.69 |
| केबीयूएनएल उत्पादन विद्युत बोर्ड को | 189.72 | 397.72 | 191.25 |
| अन्य | 44.50 | 20.75 | 13.91 (सितंबर 10 तक) |
| चीनी मिल से विद्युत बोर्ड को | 10.53 | 11.13 | 00 |
| मांग की पूर्ति | 8468.42 | 9716.58 | 6293.59 |
| ऊर्जा की आवश्यकता | 12800 | 17773 | 14101 |
| ऊर्जा की कमी | 4331.58 | 8056.42 | 7807.41 |
| ऊर्जा की कमी (प्रतिशत) | 33.84 | 45.33 | 55.37 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

## संचरण व्यवस्था में सुधार

बिहार राज्य विद्युत बोर्ड ने गत तीन वर्षों के दौरान राज्य में 220 किलोवोल्ट की 1,127 किमी परिपथ लंबाई वाली 14 संचरण लाइनों तथा 132 किलोवोल्ट की 4,350 किमी परिपथ लंबाई वाली 80 संचरण लाइनों का निर्माण किया है। बिहार उप-संचरण योजना के तहत उप-संचरण का बड़े पैमाने पर सुदृढ़ीकरण आरएसवीवाइ के जरिए चल रहा है। प्रथम चरण में 18 नए ग्रिड उप-स्टेशनों और 876 किमी लंबी नई संचरण लाइनों का निर्माण पूरा किया गया है। दूसरे चरण के पहले भाग में 10 नए ग्रिड उप-स्टेशनों और 523 किमी लंबी नई संचरण लाइनों का निर्माण दिसंबर 2010 तक पूरा हो जाने की आशा है। 19 ग्रिड उप-स्टेशनों की क्षमतावृद्धि और पुराने ग्रिड उप-स्टेशनों की मरम्मत एवं रखरखाव भी पूरा होना है। इसी प्रकार, दूसरे चरण के दूसरे भाग में 17 नए ग्रिड उप-स्टेशनों का निर्माण और 1,513 किमी लंबी नई संचरण लाइनों के साथ 12 ग्रिड उप-स्टेशनों की क्षमतावृद्धि सितंबर 2011 तक पूरा हो जाने की आशा है। भारतीय पावर ग्रिड निगम इस योजना में सहयोग कर रहा है।

## संचरण एवं वितरण हानि

बिहार में वर्तमान विद्युत वितरण की पहचान लगभग 40 प्रतिशत व्यवस्थागत हानि है जो राष्ट्रीय लक्ष्य 15 प्रतिशत से काफी अधिक है। नगद वसूली पर विचार करने पर हानि और भी अधिक हो जाती है। ऐसी परिस्थिति विद्युत वितरण की वर्तमान प्रबंधन प्रणाली में बदलाव की मांग करती है। तथ्य यह है कि मापन प्रणाली की अनुपस्थिति

में बोर्ड वास्तविक संचरण एवं वितरण हानि को माप सकने में भी समर्थ नहीं है। वर्ष 2006-07 में संचरण एवं वितरण हानि 57.6 प्रतिशत अनुमानित थी।

**तालिका 4.16 : संचरण एवं वितरण हानि**

| **वर्ष** | संचरण-वितरण हानि (प्रतिशत) |
|---|---|
| 2002-03 | 39.00 |
| 2003-04 | 37.00 |
| 2004-05 | 35.90 |
| 2005-06 | 40.00 |
| 2006-07 | 42.61 |
| 2007-08 | 39.06 |
| 2008-09 | 37.98 |
| 2009-10 | 38.32 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

बोर्ड के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 51,996 हजार वर्तमान ट्रांसफर्मरों में से 16,035 वितरण ट्रांसफर्मर ही मीटरयुक्त हैं। बिहार के सभी जिलों में सूचना प्रबंधन प्रणाली (एमआइएस) लागू नहीं है। केंद्र सरकार के त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (एपीडीआरपी) के तहत शुरू हुई योजनाओं में (1) नए वितरण उप-स्टेशनों की स्थापना, (2) उपभोक्ता तथा फीडर मापन व्यवस्था की स्थापना, (3) 33 और 11 किलोवोल्ट की अति दबावग्रस्त लाइनों का उत्क्रमण, (4) वर्तमान उप-स्टेशनों और वितरण ट्रांसफर्मरों का जीर्णोद्धार तथा आधुनिकीकरण, और (5) नए वितरण ट्रांसफर्मरों की स्थापना शामिल हैं।

बिहार विद्युत नियामक प्राधिकरण की स्थापना मई 2005 में हुई थी। नियामक ने 33 निदेश जारी किए हैं जिनमें मीटर लगाने, हानि में कमी लाने तथा हानि-लघुकरण उपाय संबंधी निदेश शामिल हैं और बोर्ड इन निदेशों के अनुरूप काम कर रहा है। हानि को 3 प्रतिशत वार्षिक हानि-लघुकरण लक्ष्य के अनुरूप लाने के लिए नियामक को उपयोग के संसाधनों और प्रदर्शन के ढांचों की समीक्षा करने की जरूरत है। साथ ही, हानि की आधारसीमा तय करने तथा लक्ष्यों के अनुश्रवण के लिए स्वतंत्र अध्ययनों की भी जरूरत है।

### वित्तीय प्रदर्शन

सुधार के बावजूद बोर्ड द्वारा टैरिफ के जरिए लागत वसूली अभी भी मात्र 47 प्रतिशत है जिसमें बिजली की औसत लागत 6.55 रु. प्रति किवा-आवर है और औसत टैरिफ 3.14 रु. प्रति किवा-आवर। टैरिफ लागत में वृद्धि के अनुरूप नहीं है। मसलन मुख्यत: सेवानिवृत्ति संबंधी अधिक लाभों के कारण 2004 से 2009 के बीच कर्मचारियों पर व्यय 82 प्रतिशत बढ़ गया है। कार्यशील पूंजी और राज्य सरकार के ऋणों पर अधिक ब्याज के कारण ब्याज

और वित्तपोषण व्यय में 68 प्रतिशत वृद्धि हुई है। बोर्ड के तुलनपत्र में नकारात्मक आरक्षित निधि और अधिशेष दिखते हैं। इसके बावजूद, गत पांच वर्षों में कुछ सुधार हुआ है जबसे राज्य सरकार बिजली खरीद व्यय के भुगतान वित्तपोषण कर रही है और बोर्ड को राजस्व सब्सिडी का भुगतान कर रही है।

## ग्रामीण विद्युतीकरण

वर्ष 2005 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के क्रियान्वयन के बाद से ग्रामीण विद्युतीकरण प्राथमिकता बन गया है। कार्यक्रम का क्रियान्वयन राज्य के सभी 38 जिलों में हो रहा है। इस योजना के तहत लक्षित 29,862 गांवों में से 20,526 या तो विद्युतीकृत हुए या पहले से विद्युतीकृत होने की स्थिति में उत्क्रमण से लाभान्वित हुए। ग्रामीण क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति से जोड़ने में बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के अलावा केंद्रीय क्षेत्र के अभिकरण (भारतीय पावर ग्रिड निगम और राष्ट्रीय जलविद्युत निगम) ने मुख्य भूमिका निभाई है। बिहार में इस योजना के तहत बड़ी संख्या में लाभान्वित शामिल होने से काफी अतिरिक्त मांग बढ़ेगी क्योंकि नए गांवों और परिवारों को बिजली उपलब्ध कराई गई है।

**तालिका 4.17 : ग्रामीण विद्युतीकरण की जिलावार स्थिति**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पीजीसीआइएल ( 24 जिले )** | | | | |
| पटना | नालंदा | भोजपुर | बक्सर | रोहतास |
| कैमूर | गया | नवादा | औरंगाबाद | जहानाबाद |
| अरवल | मुंगेर | लखीसराय | जमुई | भागलपुर |
| बांका | वैशाली | मुजफ्फरपुर | सारण | सीवान |
| गोपालगंज | पूर्णिया | किशनगंज | अररिया | |
| **राष्ट्रीय जलविद्युत निगम ( 6 जिले )** | | | | |
| दरभंगा | शिवहर | पूर्व चंपारण | पश्चिम चंपारण | सीतामढ़ी |
| मधुबनी | | | | |
| **बिहार राज्य विद्युत बोर्ड ( 8 जिले )** | | | | |
| समस्तीपुर | सहरसा | सुपौल | मधेपुरा | खगड़िया |
| कटिहार | बेगूसराय | शेखपुरा | | |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत त्वरित ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रमों के लिए 10वीं और 11वीं योजना के अंतर्गत क्रियान्वयनकारी अभिकरणों – 24 जिलों के लिए भारतीय पावर ग्रिड निगम, 6 जिलों के लिए राष्ट्रीय जलविद्युत निगम और 8 जिलों के लिए बिहार राज्य विद्युत बोर्ड – के लिए कुल स्वीकृत राशि 4,187 करोड़ रु. रही है (तालिका 4.18)।

**तालिका 4.18 : त्वरित ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम (राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) के विवरण**

(करोड़ रु.)

| क्रियान्वयनकारी अभिकरण | 10वीं योजना के तहत स्वीकृत राशि | 11वीं योजना के तहत स्वीकृत राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| भारतीय पावर ग्रिड निगम (24 जिले) | 2052.63 | 441.19 | 2493.82 |
| राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (6 जिले) | 255.26 | 520.64 | 775.90 |
| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड (8 जिले) | - | 917.54 | 917.54 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

तालिका 4.18 में दी गई स्वीकृत राशि से भारतीय पावर ग्रिड निगम द्वारा 63 और राष्ट्रीय जलविद्युत निगम द्वारा 11 उप-स्टेशनों का निर्माण किया गया। इसके अलावा, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा क्रियान्वयन के तहत 45 उप-स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है (तालिका 4.19)।

**तालिका 4.19 : राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युत उप-स्टेशन निर्माण का लक्ष्य और उपलब्धि**

| क्रियान्वयनकारी अभिकरण | क्रियान्वयन अधीन परियोजना (एआरईपी) के तहत शामिल विद्युत उप-स्टेशनों की सं. (10वीं योजना) | क्रियान्वयन अधीन परियोजना (आरजीजीवीवाइ) के तहत शामिल विद्युत उप-स्टेशनों की सं. (11वीं योजना) | संचयी उपलब्धि (निर्मित विद्युत उप-स्टेशन) | चालू विद्युत उप-स्टेशनों की सं. |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय पावर ग्रिड निगम | 75 | 11 | 63 | 63 |
| राष्ट्रीय जलविद्युत निगम | 15 | 25 | 11 | 11 |
| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड | - | 45 | - | - |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत नवंबर 2010 तक कुल 11,906 गांवों का विद्युतीकरण हो चुका था और उन्हें बिजली मिलने लगी थी। इनमें से 9,613 में भारतीय पावर ग्रिड निगम द्वारा, 2,096 में राष्ट्रीय जलविद्युत निगम द्वारा और 197 में बिहार राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा कार्य संपन्न हुआ था जिनके विवरण तालिका 4. 20 में प्रस्तुत हैं।

**तालिका 4.20 : राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य और उपलब्धि**

| क्रियान्वयनकारी अभिकरण | 31.03.2010 तक विद्युतीकृत गांवों की सं. | नवंबर 2010 तक विद्युतीकृत गांवों की सं. | नवंबर 2010 तक विद्युतीकृत तथा हस्तांतरित गांवों की सं. संचयी उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| भारतीय पावर ग्रिड निगम | 7185 | 2428 | 9613 |
| राष्ट्रीय जलविद्युत निगम | 1452 | 644 | 2096 |
| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड | | 197 | 197 |
| संपूर्ण बिहार | 8637 | 3269 | 11906 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत बिहार राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा लिया गया एक और काम बीपीएल परिवारों के आवासों का विद्युतीकरण है। वर्ष 2010-11 में 15.20 लाख आवासों के विद्युतीकरण के लक्ष्य में से नवंबर 2010 तक मात्र 23.63 प्रतिशत मकानों का विद्युतीकरण हो पाया था। शेष 4 महीनों में लगभग 76 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना होगा (तालिका 4.21)।

**तालिका 4.21 : आरजीजीवीवाइ के तहत बीपीएल परिवारों के पारिवारिक विद्युतीकरण का लक्ष्य और उपलब्धि**

| क्रियान्वयनकारी अभिकरण | 31.03.2010 तक विद्युतीकृत बीपीएल परिवारों की उपलब्धि | कुल लक्ष्य (2010-11) | 2010-11 की उपलब्धि (30.11.10 तक) | संचयी उपलब्धि (30.11.10 तक) | 2010-11 के लिए प्रतिशत उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| भारतीय पावर ग्रिड निगम | 587761 | 392000 | 110987 | 698748 | 28.31 |
| राष्ट्रीय जलविद्युत निगम | 515321 | 565000 | 204029 | 719350 | 36.11 |
| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड | 0 | 563000 | 44143 | 44143 | 7.84 |
| संपूर्ण बिहार | 1103082 | 1520000 | 359159 | 1462241 | 23.63 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

## राज्य में विद्युत परिदृश्य

राज्य में विद्युत परिदृश्य भयावह है। बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के पूर्वानुमान के अनुसार 2011-12 में भी बिजली की लगभग 46 प्रतिशत कमी होगी। वर्ष 2014-15 में सर्वोच्च लोड 5,000 मेगावाट होगा और 3,328.8 करोड़ इकाई ऊर्जा की जरूरत होगी - 2010-11 की अपेक्षा लगभग दूनी।

**तालिका 4.22 : बिजली की स्थिति (2011-12)**

| अधिकतम | 2011-12 |
|---|---|
| अधिकतम मांग (मे.वा.) | 3607 |
| अधिकतम आपूर्ति (मे.वा.) | 1769 |
| अधिकतम कमी (-)/ अधिशेष (+) | -1838 |
| अधिकतम कमी/ अधिशेष (%) | -50.95 |
| **ऊर्जा** | |
| ऊर्जा आवश्यकता करोड़ इकाई) | 1990.5 |
| ऊर्जा उपलब्धता (करोड़ इकाई) | 1078.9 |
| ऊर्जा की कमी (-)/ अधिशेष (+) | -9116 |
| ऊर्जा की कमी/ अधिशेष (%) | -45.79 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

**तालिका 4.23 : ऊर्जा आवश्यकता का पूर्वानुमान**

| वर्ष | अधिकतम लोड (मेगावाट) | ऊर्जा आवश्यकता (करोड़ इकाई) |
|---|---|---|
| 2006-07 | 1500 | 912.6 |
| 2007-08 | 1800 | 1119.4 |
| 2008-09 | 1900 | 1287.4 |
| 2009-10 | 2500 | 1488.6 |
| 2010-11 | 3000 | 1721.3 |
| 2011-12 | 3607 | 1990.5 |
| 2012-13 | 4000 | 2365.2 |
| 2013-14 | 4500 | 2803.2 |
| 2014-15 | 5000 | 3328.8 |

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार




अक्तूबर 2010 तक चरण-1 और चरण-2 (भाग 1 और 2) के तहत उप-वितरण योजनाओं की वित्तीय स्थिति से पता चलता है कि चरण-1 में 70 करोड़ रु. रकम उपलब्ध थी जबकि चरण-2 में 16 करोड़ रु. की (तालिका 4.24)। विवरण परिशिष्ट 6 में भी देखे जा सकते हैं। बिहार में अनेक नई सार्वजनिक अथवा निजी साझेदारी बिजली परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं और बिहार राज्य विद्युत बोर्ड तथा राष्ट्रीय तापविद्युत निगम के साथ संयुक्त उपक्रम के जरिए भी। विवरण परिशिष्ट 7में देखे जा सकते हैं।

**तालिका 4.24 : उप संचरण योजना की वित्तीय स्थिति**

(करोड़ रु.)

| विवरण | चरण-1 | चरण-2, भाग-1 और 2 |
|---|---|---|
| कुल स्वीकृत परियोजना व्यय | 552.4 | 2246.58 |
| प्राप्त राशि | 552.4 | 1230.45 |
| एजेंसी को निर्गत भुगतान | 482.4 | 1214.32 |
| उपलब्ध कोष | 70.00* | 16.13 |

टिप्पणी : आंकड़े अक्तूबर 2010 के हैं।

* 70 करोड़ रु. की अप्रयुक्त राशि चरण-1 से चरण-2 के कार्यों के लिए स्थानांतरित कर दी गई है।

स्रोत : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार सरकार

## नवीकरणीय ऊर्जा

राज्य में ईख की खोई और अन्य जैव-अवशिष्ट (बायोमास) से 600 मेगावाट से भी अधिक विद्युत उत्पादन की संभावना मौजूद है जिसका तत्काल उपयोग किया जा सकता है। कृषि और प्रकाश के मकसद से बिजली सहित ग्रामीण विद्युतीकरण के मामले में सफलता के अनेक दृष्टांत मौजूद हैं जिन्हें दुहराने की जरूरत है। विकेंद्रित आधार पर सौर ऊर्जा के उपयोग के लिहाज से भी बिहार की अनुकूल अवस्थिति है। राज्य में मौजूद इस अपरिमित संभावना का उपयोग बिजली की जरूरतें पूरी करने में किया जा सकता है, खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में। ऐसी बिजली का उत्पादन बिना प्रतीक्षा अवधि के ही किया जा सकता है।

बिहार कम वायुप्रवाह क्षेत्र में अवस्थित है। नेपाल सीमा क्षेत्र, नदी तट के समीपवर्ती क्षेत्रों और कुछ पहाड़ियों के पास छोटे पैमाने पर पवन ऊर्जा उत्पादन की संभावना मौजूद है। सी-वेट अधौरा, लालगंज, सिमुलतला, रक्सौल, बोधगया आदि विभिन्न स्थानों पर हवा की गति माप रहा है। वास्तविक पवन संसाधनों की जानकारी इस सर्वेक्षण के समाप्त होने के बाद ही हो सकती है। लेकिन सुधरी डिजाइन के निम्न वेग पवन पंपों के लिए अच्छी संभावना मौजूद है।

राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्रय बाध्यताओं, उसके अनुपालन तथा नवीकरणीय ऊर्जा निगम द्वारा प्रस्तुत रूपरेखा के क्रियान्वयन पर कानून बनाए गए हैं। इन नवीकरणीय ऊर्जा क्रय बाध्यताओं के तहत 2010-11 में बोर्ड को उसकी पूरे ऊर्जा उपभोग (कुल ऊर्जा इनपुट में से संचरण एवं वितरण हानि घटाकर) के 1.5 प्रतिशत की खरीद करनी होगी। पुनः, विशेषित नवीकरणीय क्रय बाध्यता का 0.25 प्रतिशत भाग सौर ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन से प्राप्त करना होगा। बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (ब्राडा) को निबंधन हेतु नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की अधिस्वीकृति और अनुशंसा करने के लिए भी राज्य अभिकरण बनाया गया है।

## 4.6 सिंचाई

देश की जनसंख्या का 72 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण है जबकि बिहार की 89.6 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इतने उच्च अनुपात में मौजूद ग्रामीण आबादी मुख्यतः कृषि पर निर्भर है। पूरा राज्य आर्द्र क्षेत्र में अवस्थित है। यहां लगभग 1200 मिमी वार्षिक वर्षा होती है जो धान और मक्का जैसी खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त है। हालांकि वर्षा की प्राप्ति और वितरण अत्यंत असमान और मौसमी होने के कारण पर्याप्त सिंचाई सुविधा होना राज्य की अर्थव्यवस्था के चतुर्दिक विकास के लिए अनिवार्य हो जाता है। सुनिश्चित सिंचाई के प्रावधान से कृषिगत उत्पादन बढ़ेगा जिससे प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और राज्य का गरीबी अनुपात घटेगा। भारी महत्व और जबर्दस्त संभावना को देखते हुए सिंचाई को राज्य की विकास प्रकिया में मुख्य भूमिका प्रदान की गई है।

### वृहत तथा मध्यम सिंचाई

<u>अतिरिक्त क्षमता सृजन</u>

बड़ी तथा मंझोली सिंचाई योजनाओं के जरिए राज्य में संभावित 53.53 लाख हे. चरम सिंचाई क्षमता में से 28.80 लाख हे. सिंचाई क्षमता 15 बड़ी तथा 79 मध्यम सिंचाई योजनाओं द्वारा 31 मार्च 2010 तक हासिल कर ली गई है। शेष 24.73 लाख हे. सिंचाई क्षमता में से और 4.72 लाख हे. सिंचाई क्षमता 10 बड़ी और 2 मंझोली सिंचाई योजनाओं को पूरा करके 2015 तक हासिल कर ली जाएगी। वर्तमान वित्त वर्ष 2010-11 में अतिरिक्त 6,200 हे. सिंचाई क्षमता का सृजन प्रस्तावित है। आगामी वित्त वर्ष 2011-12 में 65,000 हे. अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने का कार्यक्रम है।

**तालिका 4.25 : वर्ष 2009-10 में सृजित अतिरिक्त सिंचाई क्षमता**

| योजना का नाम | सृजित अतिरिक्त सिंचाई क्षमता (हजार हे.) |
|---|---|
| प्रमुख सिंचाई परियोजना | |
| 1. पश्चिमी कोशी नहर | 5.00 |
| 2. उत्तर कोयल जलाशय | 2.00 |
| योग | 7.00 |

स्रोत : जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार

<u>ह्रासित सिंचाई क्षमता की पुन:स्थापना</u>

समय गुजरने के साथ राज्य की कुल सृजित सिंचाई क्षमता - 28.80 लाख हे. में से उपयोग लायक मात्र 16.66 लाख हे. सिंचाई क्षमता ही बची है। 12.14 लाख ह्रासित सिंचाई क्षमता को फिर से बहाल करने के लिए अभी 7 पुन:स्थापना योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में 93,240 हे. क्षमता की बहाली प्रस्तावित है जबकि आगामी वित्त वर्ष में 2,51,600 हे. सिंचाई क्षमता की पुन:स्थापना लक्षित है।

**तालिका 4.26 : घटी सिंचाई क्षमता की 2005-06 से 2009-10 के बीच पुन:स्थापना**

(हजार हे.)

| मद | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|
| घटी सिंचाई क्षमता की पुन:स्थापना | 15.00 | 6.00 | 13.50 | 14.70 | 15.50 (अनुमानित) |

स्रोत : जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार

<u>प्रयुक्त सिंचाई क्षमता</u>

वर्ष 1999-2000 में कुल सृजित क्षमता 28.17 लाख हे. थी जो 2009-10 में बढ़कर 28.80 लाख हे. हो गई। वहीं, 2005-10 के दौरान पुन:स्थापित सिंचाई क्षमता लगभग 65 हजार हे. थी। इस प्रकार सृजित सिंचाई क्षमता में खरीफ, रबी और गरमा फसलों के आधार पर कुल सिंचित क्षेत्रफल 1999-00 में 15.20 लाख हे. थी जो सृजित सिंचाई क्षमता के लिहाज से 54 प्रतिशत उपयोग दक्षता को दर्शाती है। हालांकि 2009-10 में, जब सिंचाई क्षमता 28.80 लाख हे. थी, कुल सिंचित क्षेत्रफल 16.37 लाख हे. होने से उपयोग दक्षता लगभग 57 प्रतिशत ठहरती है। यह दर्शाता है कि सृजित क्षमता का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जल के उपयोग की दक्षता बढ़ाई जानी चाहिए। बड़ी-मंझोली योजनाओं की उपयोग दक्षता के साथ वर्षवार सृजित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचित क्षेत्रफल का लेखाजोखा तालिका 4.27 में प्रस्तुत है।

**तालिका 4.27 : बड़ी और मंझोली योजनाओं की जल उपयोग दक्षता**

(आंकड़े हजार हे. में)

| वर्ष | सृजित सिंचाई क्षमता | खरीफ | | रबी | | गरमा | | कुल सिंचाई | दक्षता (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | सिंचाई | लक्ष्य | सिंचाई | लक्ष्य | सिंचाई | | |
| 1999-00 | 2817.73 | 1405.78 | 1208.03 | 359.30 | 279.20 | 54.06 | 33.17 | 1520.40 | 53.96 |
| 2000-01 | 2634.00 | 1393.27 | 1228.41 | 421.80 | 403.10 | 11.62 | 4.80 | 1636.31 | 62.12 |
| 2001-02 | 2482.43 | 1667.97 | 1261.60 | 556.10 | 380.80 | 13.87 | 13.81 | 1656.21 | 66.72 |
| 2002-03 | 2509.43 | 1653.00 | 1189.00 | 463.40 | 394.20 | 14.44 | 15.16 | 1598.36 | 63.69 |
| 2003-04 | 2574.00 | 1653.00 | 1250.00 | 597.60 | 459.12 | 14.28 | 12.12 | 1721.24 | 66.87 |
| 2004-05 | 2619.00 | 1654.01 | 1161.58 | 448.13 | 355.08 | 14.27 | 11.58 | 1528.23 | 58.35 |
| 2005-06 | 2637.00 | 1643.77 | 1253.46 | 512.95 | 395.82 | 12.80 | 11.63 | 1660.91 | 62.98 |
| 2006-07 | 2833.00 | 1389.00 | 1220.77 | 477.63 | 453.06 | 11.60 | 10.90 | 1684.73 | 59.47 |
| 2007-08 | 2863.00 | 1440.67 | 1246.15 | 499.11 | 422.85 | 12.27 | 10.82 | 1679.82 | 58.67 |
| 2008-09 | 2873.00 | 1479.91 | 1275.28 | 442.63 | 388.51 | 12.91 | 2.25 | 1666.04 | 57.99 |
| 2009-10 | 2880.00 | 1450.51 | 884.77 | 384.87 | 317.68 | 0.00 | 0.00 | 1202.45 | 41.75 |

स्रोत : जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार

राज्य में विभिन्न बड़ी-मंझोली सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्रोतों से धन प्राप्त किया गया। वर्ष 2009-10 में वास्तविक योजना व्यय 992.57 करोड़ रु. है : राज्य योजना - 645.22 करोड़ रु., त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम - 305.56 करोड़ रु., नाबार्ड - 67.73 करोड़ रु. और राष्ट्रीय सम विकास योजना - 47.97 करोड़ रु.। तथा बड़ी-मंझोली सिंचाई योजनाओं के जरिए राजस्व शीर्ष में हुई प्राप्ति 2008-09 में 10.08 करोड़ रु. और

2009–10 में 10.68 करोड़ रु. थी। राजस्व शीर्ष में प्राप्ति बढ़ाने के लिए विभाग ने अपने नियंत्रणाधीन जल निकायों में मत्स्यपालन शुरू करने का निर्णय किया है। विभाग बहुद्देश्यीय उपयोग और वर्धित व्यवसायीकरण पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

राज्य के अंदर नदियों को जोड़ने की योजना विभाग के जल संसाधनों के तीनों क्षेत्रों – सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण तथा जलनिकासी में सुधार को ध्यान में रखकर सूत्रबद्ध की गई थी। प्रथम चरण में 6 चिन्हित योजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं। तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत बूढ़ी गंडक–नोन–बाया–गंगा लिंक योजना के लिए 333 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत हुई है।

## लघु सिंचाई

लघु सिंचाई योजना क्षेत्र में वे सारी भूतल तथा भूजल योजनाएं शामिल हैं जिनका कमांड क्षेत्र 2,000 हे. तक है। लघु सिंचाई के महत्व को देखते हुए राज्य में एक स्वतंत्र लघु सिंचाई विभाग का गठन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य कम खर्च में सिंचाई क्षमता सृजित करना और उसका पूरा उपयोग सुनिश्चित करना है। लघु सिंचाई के तहत स्रोत मुख्यतः छोटी नहरें, तालाब, आहर और पइनें, नलकूप, अन्य सिंचाई कूप तथा उद्वह (लिफ्ट) सिंचाई हैं। हालांकि लघु सिंचाई के क्षेत्र में मुख्य भूमिका सार्वजनिक और निजी नलकूपों की है जिसका लघु सिंचाई के तहत आच्छादित क्षेत्रफल में 80 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा है। राज्य में लघु सिंचाई के जरिए कुल सिंचित क्षेत्रफल लगभग 32.50 लाख हे. है। वर्ष 2008–09, 2009–10 और 2010–11 (अक्तूबर 2010 तक) में स्रोत के आधार पर लघु सिंचाई के जरिए सिंचित क्षेत्रफल तालिका 4.28 में दर्शाया गया है।

**तालिका 4.28 : लघु सिंचाई स्रोतों से सिंचित क्षेत्रफल ( '000 हेक्टेयर में )**

| स्रोत | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) |
|---|---|---|---|
| छोटी नहरें | 29.21 (0.9) | 17.59 (0.5) | 17.67 (0.7) |
| तालाब (आहर एवं पइन सहित) | 332.56 (10.2) | 332.56 (10.3) | 332.56 (13.8) |
| नलकूप (निजी और सरकारी) | 2722.39 (83.7) | 2726.6 (84.2) | 1910.95 (79.2) |
| अन्य कुएं (सिंचाई कूप) | 145.79 (4.5) | 145.79 (4.5) | 145.79 (6.0) |
| अन्य स्रोत (उद्वह एवं दोन) | 24.36 (0.7) | 16.74 (0.5) | 7.33 (0.3) |
| योग | 3254.31 (100.0) | 3239.28 (100) | 2414.3 (100) |

स्रोत : लघु सिंचाई विभाग, बिहार सरकार

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशत हिस्से हैं।

लघु सिंचाई क्षेत्र के तहत ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2007–12) के लिए नए कार्यक्रम बनाए गए हैं। विभाग ने लघु राजकीय नलकूपों की योजनाएं तैयार की हैं जिनसे खरीफ, रबी और गरमा, तीनों के लिए लगभग 40 हे. जमीन की सिंचाई की जा सकती है। पूरी होने के बाद इन परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों के जरिए जल उपभोक्ता समितियों को सौंपा जा रहा है। नाबार्ड की ग्रामीण बुनियादी अधिसंरचना–8 के तहत 1,593 डीजल

चालित नलकूप लगाने की एक योजना 2003-04 में आरंभ की गई थी जिसे 2008-09 में पूरा होना था। तब से 1,573 ऐसे नलकूप लगाए और जल उपभोक्ता समितियों को सौंपे जा चुके हैं। नाबार्ड की एक नई योजना के तहत 2,764 विद्युतचालित नलकूप लगाने की योजना 2006-07 से क्रियान्वित की जा रही है। इसे 2009-10 में पूरा हो जाना था लेकिन 938 नलकूप ही लगाए जा सके हैं जिन्हें बिहार राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

केंद्र सरकार के जल संसाधन विभाग ने 2006-07 में राज्य के सूखाप्रवण जिलों में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत चार योजनाएं स्वीकृत की थीं जिन्हें 2009-10 तक पूरा हो जाना था। इन चारो में से तीन पूरी हो चुकी हैं और चौथी योजना का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

विभाग ने दक्षिण बिहार के 17 जिलों में 21,000 आहरों एवं पइनों के बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार तथा आधुनिकीकरण के लिए एक परियोजना प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग ने परियोजना रिपोर्ट कुछ प्रतिष्ठित फर्मों से तैयार कराने के लिए पहलकदमी ली है जिसे विश्व बैंक या कुछ अन्य बाहरी वित्तीय संस्थाओं को पेश किया जाना है। विभाग 2010-11 से एक नई योजना - मुख्यमंत्री आहर-पइन सिंचाई योजना भी आरंभ करने जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य में मौजूद सिंचाई के पुराने स्रोतों - आहरों-पइनों का जीर्णोद्धार किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) की शेष अवधि के लिए राज्य सरकार ने बिहार भूजल सिंचाई योजना नाम से एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 4.64 लाख निजी नलकूप लगाने का प्रावधान है। केंद्र सरकार के अनुमोदन से इस योजना पर काम शुरू हो गया है। ग्यारहवीं योजना का कुल परिव्यय 2,370 करोड़ रु. है और 2010-11 में विभिन्न योजनाओं के लिए कुल वार्षिक योजना परिव्यय 247 करोड़ रु.। विभिन्न योजनाओं के जरिए ग्यारहवीं योजना के अंत तक 14.12 लाख हे. सिंचाई क्षमता का सृजन अनुमानित है। वर्ष 2010-11 की वार्षिक योजना के दौरान लगभग 3.48 लाख हे. क्षमता विस्तार अनुमानित है (परिशिष्ट 8 तथा 9)।

**बिहार राज्य जलनीति**

राष्ट्रीय जलनीति 2002 की रौशनी में राज्य सरकार ने भी राज्य की जलनीति का प्रारूप तैयार किया है जिसमें राज्य की नदियों को आपस में जोड़ने के लिए की गई कार्यवाहियां तथा भूजल संबंधी प्रावधान भी शामिल हैं। नीतिगत विवरण तैयार करने के लिए सचिवों की एक समिति गठित की गई है और रिपोर्ट जल्द ही आ जाने की आशा है।

**सहभागी सिंचाई प्रबंधन**

राष्ट्रीय जलनीति 2002 के अनुरूप सहभागी सिंचाई प्रबंधन (पीआइएम) कार्यक्रम के तहत सभी नहर प्रणालियों का प्रबंधन जल उपभोक्ता संघों को सौंपा जाना है। प्रत्येक सिंचाई प्रणाली के लिए वितरणी स्तर का एक जल उपभोक्ता संघ होगा और सभी आच्छादित गांवों में एक-एक ग्रामस्तरीय समिति (वीएलसी) होगी। ग्रामस्तरीय समिति के सचिव वितरणी स्तरीय संघ के सदस्य होंगे। वितरणी स्तरीय संघ संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 के तहत निबंधित होगा और वह रखरखाव, कार्यसंचालन तथा जल कर संग्रहण हेतु जवाबदेह होगा। संघ प्रत्येक फसल

हेतु संग्रहित जल कर का 30 प्रतिशत भाग राज्य सरकार को सौंप देगा और शेष 70 प्रतिशत का उपयोग रखरखाव आदि के लिए करेगा। मार्च 2010 तक इस कार्यक्रम के तहत हुई उपलब्धियां तालिका 4.29 में प्रस्तुत हैं।

**तालिका 4.29 : जल उपभोक्ता जल उपभोक्ता संघों की वर्तमान स्थिति**

| संघों की वर्तमान स्थिति | संघों की सं. |
|---|---|
| प्रणाली का प्रबंधन सुपुर्द | 51 * |
| निबंधित समितियां/ संघ | 16 |
| निबंधन हेतु आवेदन दे चुकी समितियां/ संघ | 36 |
| वे समितियां/ संघ जहां का आवेदन अग्रसारित है | 09 |
| गठन प्रक्रियाधीन समितियां/ संघ | 510 |
| योग | 622 |

स्रोत : लघु सिंचाई विभाग, बिहार सरकार

* निबंधित तथा समझौते तक पहुंची 67 समितियों में से 51 को प्रबंधन सुपुर्द हो गया है और 16 के लिए प्रक्रिया चल रही है।

## 4.7 दूरसंचार

बिहार में व्यक्तिगत कंप्यूटर और दूरसंचार जैसी सेवा से संबंधित अधिसंरचना में तेजी से विकास हुआ है। ग्यारहवीं योजना ने समावेशी विकास के वाहक के बतौर विश्वस्तरीय दूरसंचार अधिसंरचना पर बल दिया है। शहरी और ग्रमीण भारत में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड संपर्क के लिहाज से डिजिटल अंतराल पैदा हो गया है जिससे निपटने के लिए नीति सूत्रबद्ध की जा सकती है। प्रौद्योगिकियों के अभिसरण से अब एक ही प्लेटफार्म पर और एक ही उपकरण से अनेक सेवाएं प्रदान करना संभव हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र, खास कर कृषि के क्षेत्र में ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के लिहाज से भी दूरसंचार अत्यंत क्षमतावान है। यह प्रौद्योगिकी बेहतर कृषि व्यवहार अपनाने, बाजार की परिस्थिति तथा कीमतों के बारे में अधिक जागरूकता, तथा कीट एवं मौसम संबंधी अवरोधों के प्रबंधन के बारे में अधिक जानकारी के जरिए उत्पादकता और आय में वृद्धि कर सकती है।

दूरसंचार क्षेत्र के आरंभ से ग्राहक आधार में ही विस्तार नहीं हुआ है, यह उपभोक्ताओं को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की दिशा में भी मददगार हुआ है। संपूर्ण भारत के स्तर पर टेलीफोन ग्राहकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है - 2003 के 5.5 करोड़ से 2009 में 43 करोड़। पूरी वृद्धि ताररहित कनेक्शनों में 2004 से 60 प्रतिशत की वार्षिक दर से आश्चर्यजनक वृद्धि के कारण है।

बिहार भी इस रुझान का अपवाद नहीं है। यहां 2010-11 में लगभग दसगुनी वृद्धि दर्ज की गई - 2005-06 में कनेक्शनों की संख्या मात्र 42 लाख थी जो 2010-11 में 415 लाख हो गई। कनेक्शनों की संख्या में प्रचुर वृद्धि मोबाइल कनेक्शनों में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण है जिसमें इस अवधि में 17गुनी से भी अधिक वृद्धि हुई है। लैंडलाइन कनेक्शनों में 2006-07 में 2005-06 की अपेक्षा गिरावट आई थी जो उसके बाद लगभग यथावत है। डब्ल्यूएलएल कनेक्शनों में धीमी वृद्धि दर्ज की गई और 2010-11 में 2005-06 की अपेक्षा बस दूना हो गया। इनके विवरण तालिका 4.30 में देखे जा सकते हैं।

**तालिका 4.30 : कनेक्शनों की संख्या**

| | कनेक्शनों की संख्या (लाख) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11, अक्तू. 10 तक |
| लैंड लाइन कनेक्शन | 17.38 | 9.86 | 9.73 | 9.63 | 9.61 | 9.62 |
| मोबाइल कनेक्शन | 23.55 | 46.92 | 81.94 | 151.78 | 283.41 | 402.60 |
| डब्ल्यूएलएल कनेक्शन | 1.3 | 1.53 | 1.88 | 2.38 | 2.82 | 2.81 |
| योग | 42.23 | 58.31 | 93.55 | 163.79 | 295.84 | 415.03 |
| वार्षिक वृद्धि (%) | | 38.08 | 60.44 | 75.08 | 80.62 | 40.29 |

स्रोत : बीएसएनएल एवं सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआइ)

बिहार में दूरसंचार क्षेत्र में अनेक सार्वजनिक तथा निजी सेवाप्रदाता मौजूद हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण सेवाप्रदाता वोडाफोन, भारती, आइडिया, एयरसेल, रिलायंस, टाटा आदि हैं। जून 2010 तक सबने मिलकर 4 करोड़ कनेक्शन प्रदान किए थे।

**तालिका 4.31 : बिहार में वायरलेस/ वायरलाइन ग्राहक 2010 (जून 2010 तक)**

| **वायरलेस ग्राहक आधार** | |
|---|---|
| वोडाफोन (जीएसएम) | 3791641 |
| भारती (जीएसएम) | 12001986 |
| आइडिया (जीएसएम) | 3433890 |
| एयरसेल डिशनेट (जीएसएम) | 3663155 |
| रिलायंस (जीएसएम) | 3814873 |
| रिलायंस (सीडीएमए) | 3360971 |
| टाटा (जीएसएम) | 1701763 |
| टाटा (सीडीएमए) | 2351892 |
| बीएसएनएल (जीएसएम) | 4477074 |
| बीएसएनएल (सीडीएमए) | 397740 |
| एमटीएनएल (जीएसएम) | - |
| एमटीएनएल (सीडीएमए) | - |
| सिस्टेमा (सीडीएमए) | 380093 |
| एस-टेल (जीएसएम) | 614554 |
| यूनिटेक (जीएसएम) | 800203 |
| वीडियोकॉन (जीएसएम) | - |
| एटिसालात (जीएसएम) | 1092 |
| योग | 40790927 |
| **वायरलाइन ग्राहक आधार** | |
| रिलायंस | 3354 |
| टाटा | 7398 |
| बीएसएनएल | 1363086 |
| योग | 1373838 |

स्रोत : भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई)

तालिका 4.31 में देखा जा सकता है कि जून 2010 तक वायरलेस ग्राहकों के बीच भारती (जीएसएम) के ग्राहकों की संख्या सर्वाधिक 1.20 करोड़ थी। उसके बाद रिलायंस (जीएसएम), वोडाफोन (जीएसएम) और एयरसेल (जीएसएम) का स्थान था जिनमें से प्रत्येक के 35 लाख से अधिक कनेक्शन थे। वायरलाइन ग्राहकों की बात करें, तो इस क्षेत्र में कुछ ही सेवा प्रदाता हैं और 13.63 लाख कनेक्शनों वाला बीएसएनएल उनमें प्रमुख है। टाटा के 7.4 हजार और रिलायंस के 3.4 हजार कनेक्शन थे।

इस बात का उल्लेख करना उचित होगा कि दूरसंचार क्षेत्र का आरंभ ग्राहकों की संख्या में तेज वृद्धि का ही कारण नहीं बना है, इसने उपभोक्ता के लाभों को अधिकाधिक बढ़ाने की दिशा में काफी मदद की है, खास कर कीमत की जानकारी देने तथा सार्वजनिक और निजी, दोनों प्रकार की कंपनियों द्वारा टैरिफ में कमी लाने में। देखा गया है कि जहां हाल के वर्षों में वायरलेस कनेक्शनों की संख्या में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, वहीं वायरलाइन कनेक्शनों में गिरावट आई है। हालांकि इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि मोबाइल सेवाओं और फल-फूल रहे निजी सेवाप्रदाताओं के आने से ग्रामीण टेलिफोन कनेक्शनों की संख्या काफी बढ़ी है, खास कर गत पांच वर्षों में। वर्ष 2008-09 में ग्रामीण टेलिफोन कनेक्शनों की विकास दर 60 प्रतिशत के आसपास थी जबकि शहरी टेलिफोन कनेक्शनों की लगभग 35 प्रतिशत।

तालिका 4.32 में देखा जा सकता है कि बिहार में विकास के मामले में भारती एयरटेल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके कनेक्शनों की संख्या 2006-07 में 18 लाख थी जो 2010-11 में 137 लाख पहुंच गई। उसके बाद बीएसएनएल का स्थान था जिसके कनेक्शनों में इस दौरान लगभग पांचगुना उछाल आया।

**तालिका 4.32 : मोबाइल कनेक्शनों में वृद्धि**

(लाख में)

| सेवाप्रदाता | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (नवंबर 10 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| बीएसएनएल | 11.49 | 14.15 | 22.47 | 35.42 | 51.57 |
| भारती एयरटेल | 18.30 | 36.52 | 66.57 | 100.52 | 137.11 |
| रिलायंस टेलिकॉम | 9.51 | 15.54 | 26.36 | 35.49 | अनु. |
| डिशनेट वायरलेस | | 4.98 | 12.46 | 27.70 | 41.4 |
| एबीटीएल (आइडिया) | | | 2.69 | 24.97 | 40.87 |
| वोडाफोन इस्सार | | | 1.77 | 25.98 | 44.16 |
| एस-टेल | | | | 0.57 | 10.00 |
| यूनीनॉर | | | | 1.27 | 19.57 |

स्रोत : सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया




## दूरसंचार-घनत्व

दूरसंचार-घनत्व (टेलिडेंसिटी) किसी क्षेत्र या अंचल में दूरसंचार के प्रवेश का महत्वपूर्ण सूचक होता है। इस लिहाज से देखने पर ऐसा लगता है कि लगभग 33 दूरसंचार-घनत्व वाला बिहार अभी भी अन्य राज्यों से काफी पीछे है। फिर ग्रामीण और शहरी दूरसंचार-घनत्व के मामले में अभी भी काफी अंतराल मौजूद है। शहरी बिहार का दूरसंचार-घनत्व 139 था जबकि ग्रामीण बिहार का 16 ही था। इसमें वायरलेस कनेक्शनों का स्पष्टतः प्रमुख हिस्सा था जिसका शहरी घनत्व 134 और ग्रामीण घनत्व 16 था। निस्संदेह निजी सेवाप्रदाताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों मे टेलिफोन सुविधा बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिन्होंने लगभग 80 प्रतिशत कनेक्शन प्रदान किए।

**तालिका 4.33 : 30 जून 2010 तक बिहार में दूरसंचार-घनत्व**

| श्रेणी | ग्रामीण | शहरी | योग |
|---|---|---|---|
| सेवा क्षेत्र के आधार पर | 16.16 | 139.44 | 32.94 |
| वायरलेस दूरसंचार-घनत्व | 15.71 | 134.37 | 31.86 |
| वायरलाइन दूरसंचार-घनत्व | 0.44 | 5.07 | 1.07 |

स्रोत : भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई)

टिप्पणी : दूरसंचार घनत्व का आशय प्रति 100 आबादी पर टेलिफोनों की संख्या से है।




## इंटरनेट/ ब्रॉडबैंड

यद्यपि बिहार में हाल के वर्षों में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या बढ़ी है, फिर भी इसके प्रसार में अनेक प्रौद्यगिकीय और व्यावसायिक चुनौतियां मौजूद हैं, खास कर अधिक कीमत के कारण व्यक्तिगत कंप्यूटरों की संख्या में कमी और बिजली की कमी या अनुपलब्धता की। केंद्र सरकार ने ब्रॉडबैंड वायरलेस पहुंच सेवाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं और उनकी शुरुआत से ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ने की आशा है। इस सुविधा का विस्तार ग्रामीण बिहार में करने का यही उपयुक्त समय है।

## भारत संचार निगम लिमिटेड

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सार्वजिक क्षेत्र का उपक्रम है जो दूरसंचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देखा गया है कि 2009-10 में बीएसएनएल के कनेक्शनों में गत वर्ष के मुकाबले तेज वृद्धि दर्ज की गई थी हालांकि डब्ल्यूएलएल के मामले में इस दौरान 14 प्रतिशत की ही मामूली गिरावट आई थी। लेकिन 2008-09 में मोबाइल कनेक्शनों की संख्या में 40 प्रतिशत वृद्धि हुई थी (तालिका 4.34)।

तालिका 4.34 : 2008-09 से 2010-11 (अक्तूबर 2010) तक बीएसएनएल की भौतिक उपलब्धि

(संख्या में)

| विवरण | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
|---|---|---|---|
| लैंडलाइन | -9401 | -2105 | 1164 |
| डब्ल्यूएलएल | 50239 | 43872 | -710 |
| मोबाइल | 871883 | 1202595 | 467282 |

* अक्तूबर 2010 तक

स्रोत : भारत संचार निगम लिमिटेड

बीएसएनएल की 2000–01 से लेकर अब तक की स्थिति पर नजर डालने से पता चलता है कि 2004–05 से टेलिफोन एक्सचेंज की संख्या 12 हजार के आसपास स्थिर रही है जबकि टेलिफोन कनेक्शनों की संख्या क्षमता से बहुत कम रही है जिसके बावजूद आवेदक प्रतीक्षा सूची में थे (तालिका 4.35)। इसी प्रकार ऑटो ट्रंक एक्सचेंज की क्षमता 2007–08 से 2.22 लाख पर स्थिर रही है। लेकिन इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या 2009–10 तक बढ़ती रही है। डब्ल्यूएलएल कनेक्शनों की संख्या 2004–05 से लगातार क्षमता से कम रही है। मोबाइल कनेक्शनों की संख्या में भी इन वर्षों के दौरान लगातार वृद्धि हुई है और पूरी अवधि में कनेक्शनों की संख्या क्षमता से अधिक रही है।

**तालिका 4.35 : बीएसएनएल की वृद्धि**

(लाख में)

| विवरण | 2000-01 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टेलिफोन एक्सचेंज की संख्या | 910 | 1155 | 1163 | 1202 | 1225 | 1235 | 1242 | 1218 |
| कुल क्षमता (कनेक्शनों की संख्या) | 7.71 | 16.71 | 21.73 | 13.54 | 13.37 | 13.37 | 13.38 | 13.22 |
| कुल कनेक्शन | 5.88 | 12.89 | 17.38 | 9.86 | 9.73 | 9.63 | 9.61 | 9.62 |
| प्रतीक्षा सूची | 0.65 | 0.97 | 0.74 | 0.62 | 0.47 | 0.81 | 0.02 | 0.01 |
| ऑटो ट्रंक एक्सचेंज क्षमता | 6.75 | 1.68 | 1.88 | 2.03 | 2.22 | 2.22 | 2.22 | 2.22 |
| इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या | 0.06 | 0.20 | 0.19 | 0.41 | 0.31 | 0.43 | 0.50 | 0.50 |
| मोबाइल क्षमता (संख्या) | | 0.22 | 6.98 | 7.74 | 10.83 | 16.86 | 21.16 | 21.99 |
| मोबाइल कनेक्शन (संख्या) | | 2.4 | 5.71 | 11.49 | 14.15 | 22.47 | 35.42 | 50.36 |
| डब्ल्यूएलएल क्षमता (संख्या) | | 1.44 | 1.44 | 2.15 | 2.89 | 3.14 | 3.54 | 3.66 |
| डब्ल्यूएलएल कनेक्शन (संख्या) | | 0.98 | 1.3 | 1.53 | 1.88 | 2.38 | 2.82 | 2.81 |

* आंकड़े अक्तूबर 2010 तक के हैं।

स्रोत : भारत संचार निगम लिमिटेड

दूरसंचार में अपनी भूमिका के अलावा बीएसएनएल ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार में भी अच्छा–खासा योगदान दिया है। इन पहलकदमियों से राज्य की आम जनता को लाभ हुआ है। बिहार राज्य की दूरसंचार संबंधी पहलकदमियों में बीएसएनएल का योगदान निम्नलिखित है :

- वसुधा केंद्र (सामान्य सेवा केंद्र)
- इंटरनेट ई–गवर्नेंस परियोजना के तहत
- मनरेगा परियोजना के लिए होस्टेड कॉल सेंटर
- महिला हेल्पलाइन के लिए टॉल फ्री नंबर (24 नंबर)
- अजा/ अजजा आयोग के लिए पीआरआइ/ टॉल फ्री नंबर
- स्वास्थ्य विभाग के लिए पीआरआइ/ टॉल फ्री नंबर
- बिस्वान परियोजना

- सूचना अधिकार कॉल सेंटर तथा हेल्पलाइन
- '102' कॉल सेंटर
- '1911' कॉल ए डॉक्टर सेवा
- विद्यालय संपर्क योजना
- प्रखंड सूचना केंद्र
- कॉर्पोरेट वीपीएल/ सीयूजी का प्रावधान

**4.8 डाकघर**

डाकघर विगत 150 वर्षों से राष्ट्र की सेवा में लगे हैं और सामुदायिक जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। भारतीय डाक पूरे देश में फैले 1.55 लाख डाकघरों का नेटवर्क है जिनमें से 1.39 लाख डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद हैं और दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क का निर्माण करते हैं। विभाग का लक्ष्य विभिन्न अभिकरणों के साथ उपयुक्त संपर्क विकसित करके मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करने के जरिए इस नेट का प्रभावी उपयोग करना है।

डाकघर जिस प्रकार काम करते हैं, सूचना प्रौद्योगिकी के तेज प्रसार ने उसमें बदलाव लाया है। भारतीय डाक कंप्यूटरीकरण तथा सभी विभागीय और शाखा डाकघरों का राष्ट्रीय आंकड़ा केंद्र से जुड़ा एकल समेकित नेटवर्क और मॉड्यूलर प्लेटफार्म बनाने की ग्यारहवीं योजना द्वारा अनुमोदित परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में है। इस राष्ट्रीय अधिसंरचना से भारतीय डाक मोबाइल द्वारा मुद्राप्रेषण तथा कोर बैंकिंग प्लेटफार्म पर बैंकिंग सेवा सहित अत्याधुनिक सूचना, संवाद एवं संचार (आइसीटी) सेवाएं प्रदान करने में समर्थ होगा। इससे ग्रामीण, सुदूर तथा अब तक बैंक विहीन क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग सेवा भी सुनिश्चित होगी।

डाक नेटवर्क का विस्तार (खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में) मुख्यत: विभागीय तथा विभागेतर डाकघरों के आरंभ/ क्षेत्र पुनर्निर्धारण/ क्षेत्र परिवर्तन के जरिए हुआ है। विभागेतर डाकघर प्रतिदिन अधिकतम पांच घंटे काम करते हैं। इनमें डाक सेवक काम करते हैं जिन्हें सेवा देने के लिए समय आधारित सातत्य भत्ता दिया जाता है। दूसरी ओर विभागीय डाकघर आठ घंटे तक काम करते हैं और उनमें नियमित विभागीय कर्मचारी होते हैं।

**डाक संबंधी कामकाज**

डाकघर के डाक संबंधी कामकाज में बुनियादी डाक सेवाओं के समस्त कामकाज शामिल होते हैं जिनमें शामिल हैं : (1) स्टांपों और लेखन सामग्रियों की बिक्री, (2) निर्बंधित सामग्रियों की बुकिंग, (3) बीमित सामग्रियों की बुकिंग, (4) मूल्य भुगतेय सामग्रियों की बुकिंग, (5) मुद्रादेशों तथा डाक आदेशों के जरिए मुद्राप्रेषण, (6) पार्सल की बुकिंग, तथा (7) बचत बैंक संबंधी कार्य।

पारंपरिक तौर पर ये सेवाएं लोगों द्वारा चलाए जाने वाले काउंटरों पर दी जाती थीं। उपभोक्ताओं को प्रौद्योगिकी का लाभ प्रदान करने की भारी जरूरत को देखते हुए उन्हें एक ही खिड़की से ढेर सारी तरह की सुविधाएं देने के लिए काउंटर के कामकाज को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है ताकि सेवाएं तेज और त्रुटिमुक्त हों।

### बिहार में डाकघर

वर्ष 2008-09 और 2009-10 में डाकघरों की संख्या 9,056 पर स्थिर रहीं जिनमें से 8,623 गांवों में थीं और 433 शहरों में। इनमें से लगभग 88 प्रतिशत डाकघर विभागेतर थे और 12 प्रतिशत विभागीय। पुनः राज्य में मौजूद कुल 9,056 डाकघरों में से लगभग 99 प्रतिशत स्थायी थे और मात्र 1 प्रतिशत अस्थायी। पूरे राज्य में मात्र 6 रात्रिकालीन डाकघर मौजूद थे और सभी के सभी शहरी क्षेत्रों में थे। वर्ष 2009-10 में कुल मिलाकर 24,960 लेटर बॉक्स और लगभग 900 पोस्ट बॉक्स मौजूद थे (तालिका 4.36)।

**तालिका 4.36 : बिहार में डाक सुविधाएं**

(संख्या में)

| डाक सुविधाएं | मार्च, 2009 | | | मार्च, 2010 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शहरी | ग्रामीण | कुल | शहरी | ग्रामीण | कुल |
| डाकघर | 433 | 8623 | 9056 | 433 | 8623 | 9056 |
| विभागीय डाकघर | 397 | 646 | 1043 | 398 | 645 | 1043 |
| विभागेतर डाकघर | 35 | 7979 | 8014 | 35 | 7978 | 8013 |
| स्थायी डाकघर | 411 | 8528 | 8939 | 411 | 8528 | 8939 |
| अस्थायी डाकघर | 23 | 92 | 115 | 22 | 95 | 117 |
| रात्रि डाकघर | 6 | 0 | 6 | 6 | 0 | 6 |
| लेटर बॉक्स | 2831 | 22129 | 24960 | 2831 | 22129 | 24960 |
| पोस्ट बॉक्स | 911 | 0 | 911 | 904 | 0 | 904 |

स्रोत : मुख्य महाडाकपाल, बिहार सर्किल

डाक के आकार में वृद्धि के साथ ही समय के साथ डाक के प्रोफाइल में काफी बदलाव आया है। तालिका 4.37 में देखा जा सकता है कि डाकघरों ने 2009-10 में लगभग 58 लाख अनिबंधित घरेलू पत्रों, पोस्टकार्ड, मुद्रित सामग्रियां, पैकेट आदि पहुंचाए थे। इसके अलावा, पत्र, वी.पी. पार्सल आदि सहित 6.56 लाख निबंधित घरेलू सामग्रियां भी इस वर्ष ले जाई गई थीं। यही नहीं, 82.65 हजार निबंधित-अनिबंधित पार्सल भी पहुंचाए गए थे। हालांकि अनिबंधित अंतर्राष्ट्रीय पत्रों की संख्या 2009-10 में 22 हजार के आसपास थी, लेकिन इस वर्ष दो-दो हजार अंतर्राष्ट्रीय निबंधित सामग्रियां और पार्सल भी ले जाए गए थे। यह भी देखा जा सकता है कि जहां घरेलू अनिबंधित सामग्रियों की संख्या 2009-10 में पिछले साल से थोड़ी ही बढ़ी, वहीं निबंधित सामग्रियों की संख्या में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई। बहरहाल पार्सलों की संख्या में लगभग चारगुनी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

**तालिका 4.37 : डाक आवागमन**

(संख्या में)

| डाक आवागमन | 2008-09 | | 2009-10 | |
|---|---|---|---|---|
| | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय |
| **पत्र डाक की अनिबंधित सामग्रियां** | | | | |
| लिफाफा | 4,468,045 | 4,146 | 4479606 | 4521 |
| पोस्टकार्ड | 257,774 | 3,236 | 265585 | 3529 |
| लेटर कार्ड | 275,456 | 4,132 | 284278 | 4356 |
| मुद्रित पत्र | 449,363 | 3,438 | 438752 | 3483 |
| छोटे पॉकेट | 333,430 | 6,561 | 340863 | 6440 |
| नेत्रहीनों के लिए साहित्य | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. |
| **योग** | **5,784,068** | **21,513** | **5,809,084** | **22,329** |
| **पत्र डाक की निबंधित सामग्रियां** | | | | |
| साधारण निबंधित पत्र | 534927 | 765 | 642676 | 831 |
| बीमित पत्रों की संख्या | 2,067 | | 3012 | |
| वी.पी. पत्रों की संख्या | 4,076 | | 2824 | 131 |
| साधारण निबंधित पॉकेटों की संख्या | 5,571 | 735 | 6128 | 1053 |
| वीपी पैकेटों की संख्या | 1,617 | | 1689 | 39 |
| बीमित वी.पी. पत्रों की संख्या | 98 | | 126 | |
| **योग** | **548,356** | **1,500** | **656,455** | **2,054** |
| **पार्सल** | | | | |
| अनिबंधित पार्सल | 5,399 | 351 | 4932 | 528 |
| साधारण निबंधित पार्सल | 12,652 | 978 | 74507 | 1167 |
| बीमित पार्सल | 1,074 | 105 | 129 | 32 |
| वीपी पार्सल | 1,075 | | 2384 | |
| बीमित वीपी पार्सल | 455 | | 700 | 31 |
| **योग** | **20,655** | **1,434** | **82,652** | **1,758** |

स्रोत : पटना जीपीओ

इस बात का उल्लेख आवश्यक होगा कि 2009–10 में गत वर्ष की अपेक्षा मुद्रादेशों के परिमाण में 9 प्रतिशत और मुद्रादेशों के मूल्य में 5 प्रतिशत गिरावट आई है।ऐसा व्यावसायिक बैंकों द्वारा मुद्रा अंतरण की सुविधा बढ़ाने के कारण हुआ हो सकता है।

## डाकघरों में जमा राशियां

डाक बचत बैंक देश में सबसे पुराना और सबसे बड़ा बैंकिंग संस्था है। बचत योजनाएं अनेक प्रकार की हैं जिनमें बचत खाता, राष्ट्रीय बचत योजना खाता, आवर्ती जमा, सावधिक जमा, मासिक आय योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, मनरेगा आदि शामिल हैं। इन

सबको मिलाकर 2009-10 में कुल 32 लाख खाते थे जिनमें कुल जमा राशि 11,474 करोड़ रु. थी। मनरेगा को छोड़ दें, तो डाकघरों में मौजूद सभी खातों में सर्वाधिक संख्या बचत खातों की थी और उनमें 9,677 करोड़ रु. जमा थे। दूसरी लोकप्रिय योजना मासिक आय योजना थी जिसके लगभग 2 लाख खातों में 994 करोड़ रु. जमा थे। इसी प्रकार, सावधिक जमा के 64,849 खाते थे जिनमें 241 करोड़ रु. जमा थे। विस्तृत विवरण तालिका 4.38 में देखे जा सकते हैं।

**तालिका 4.38 : डाकघरों में जमा राशि के विवरण**

| विवरण | मार्च, 2010 | |
|---|---|---|
| | खातों की संख्या | जमा राशि (करोड़ रु.) |
| बचत बैंक | 225,912 | 9676.67 |
| राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र | 33,994 | 26.23 |
| किसान विकास पत्र | 53850 | 53.16 |
| सावधिक जमा | 64,849 | 241.14 |
| आवर्ती जमा | 44,471 | 288.00 |
| मासिक आय योजना | 199,494 | 994.14 |
| राष्ट्रीय बचत योजना | 575 | 6.43 |
| मनरेगा | 2,552,931 | अनु. |
| सार्वजनिक भविष्य निधि | 6,311 | 89.44 |
| वरिष्ठ नागरिक बचत योजना | 4,376 | 98.26 |

स्रोत : पटना जीपीओ

## अन्य डाक सेवाएं

डाकघरों के नेटवर्क के जरिए भारतीय डाक वित्तीय संस्था की भी भूमिका निभा रहा है, खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में। डाकघर डाक जीवन बीमा के नाम से सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारियों को तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के नाम से ग्रामीण आबादी को बीमा सेवाएं प्रदान करते हैं।

इसी प्रकार, देश के 1,200 से भी अधिक शहरों में सेवा प्रदान करने वाले स्पीड पोस्ट जैसे प्रीमियम उत्पाद का कूरियर क्षेत्र में अच्छा बाजार है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत डाक विभाग को मनरेगा लाभार्थियों के बीच डाक बचत खातों के जरिए मजदूरी भुगतान करने की जवाबदेही सौंपी गई है। यह योजना बिहार के लगभग सभी डाकघरों में प्रभावी है। इसके अलावा डाक विभाग नाबार्ड के साथ मिलकर चिन्हित डाकघरों के जरिए स्वयं सहायता समूहों को अभिकरण आधारित सूक्ष्मऋण सुविधा प्रदान कर रहा है। वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान भी डाकघर बचत खातों के जरिए किया जा रहा है। यह सूचना अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में भी सार्वजनिक प्राधिकरणों की सहायता करता है।

## 4.9 विमान सेवा

यात्री किरायों में तेज वृद्धि के कारण नागरिक विमानन क्षेत्र में यात्रियों के आवागमन में 2008 में गिरावट के लक्षण दिखे जिसमें आर्थिक मंदी का प्रभाव भी शामिल था। हालांकि घरेलू यातायात में वृद्धि होने से 2009 के उत्तरार्ध में स्थिति से उबरने के लक्षण दिखने लगे थे। यह प्रभाव बिहार में भी दिखा। बिहार में राजधानी पटना ही एयर इंडिया, जेट एयरवेज, एयर डक्कन, किंगफिशर, गो एयर और इंडिगो जैसी कुछ विमान सेवाओं की सीमित संख्या में उड़ानों के जरिए जुड़ा है। जहां एयर इंडिया और इंडिगो की पटना के लिए रोज तीन-तीन उड़ानें हैं, वहीं एयर डक्कन और किंगफिशर की चार-चार हैं और गो एयर की मात्र दो। इस प्रकार पटना से रोज 16 घरेलू उड़ानें हैं। हालांकि ये उड़ानें नियमित नहीं हैं क्योंकि बुरे मौसम या यात्रियों की कमी के कारण कभी-कभी उड़ानें रद्द रहती हैं।

**तालिका 4.39 : विमान सेवाएं और उड़ानों की संख्या, 2010 (अक्तूबर 2010 तक)**

| विमान सेवाओं की संख्या | दैनिक उड़ानों की संख्या |
|---|---|
| इंडियन एयरलाइंस/ एयर इंडिया | 3 |
| जेट एयरवेज | 4 |
| एयर डक्कन/ किंगफिशर | 4 |
| गो एयर | 2 |
| इंडिगो | 3 |
| योग | 16 |

स्रोत : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पटना

तालिका 4.40 में देखा जा सकता है कि विमानों की सर्वाधिक आवाजाही 2007-08 में थी (12,604) और उसके बाद 2009-10 में (10,726)। विमानों की सबसे कम आवाजाही 2004-05 में दर्ज हुई थी (3,814)। हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या सामान्यतः चलने वाले विमानों की संख्या पर निर्भर करती है। हालांकि घरेलू यात्रियों की सर्वाधिक संख्या (5.53 लाख) 2009-10 में दर्ज की गई थी और उसके बाद 2007-08 में (4.44 लाख) जब विमानों की उड़ानें अपेक्षाकृत कम थीं। घरेलू उड़ानों में बहुत कम माल ढुलाई होती रही है।

**तालिका 4.40 : विमानों की उड़ानें यात्रियों संख्या और माल ढुलाई सहित**

| वर्ष | विमानों की उड़ानें (सं.) | | यात्री (सं.) | | माल (टन में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अंतर्राष्ट्रीय | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय | घरेलू |
| 2000-01 | 415 | 4163 | 9029 | 167887 | 1 | 2210 |
| 2001-02 | 141 | 4158 | 2545 | 153945 | 7 | 1840 |
| 2002-03 | 192 | 4536 | 1804 | 160996 | 20 | 1167 |
| 2003-04 | 24 | 4142 | 0 | 159683 | 0 | 1184 |
| 2004-05 | 30 | 3814 | 0 | 176234 | 0 | 1035 |
| 2005-06 | 20 | 4140 | 0 | 218824 | 0 | 1417 |
| 2006-07 | 16 | 9723 | 0 | 352434 | 0 | 1473 |
| 2007-08 | 0 | 12604 | 0 | 444458 | 0 | 1770 |
| 2008-09 | 0 | 9666 | 0 | 369408 | 0 | 1943 |
| 2009-10 | 8 | 10726 | 0 | 552542 | 0 | 2532 |
| 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | 4 | 9165 | 0 | 453276 | 0 | 2189 |

स्रोत : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पटना

यात्रियों के यातायात और राजस्व प्राप्ति के संबंध में सिर्फ एयर इंडिया के आंकड़े उपलब्ध हो सके जिसके अनुसार इसके दिल्ली-पटना मार्ग पर पटना-दिल्ली की अपेक्षा यात्रियों का अधिक आवागमन था। राजस्व के मामले में भी ऐसा ही था। हालांकि 2010-11 में (अक्तूबर 2010 तक) इसके पटना-दिल्ली और दिल्ली-पटना, दोनों मार्गों पर यात्रियों के आवागमन और राजस्व में तेज वृद्धि हुई है।

**तालिका 4.41 : एयर इंडिया - आवागमन और राजस्व**

| वर्ष | यात्रियों का आवागमन (सं.) | | राजस्व प्राप्ति (करोड़ रु.) | |
|---|---|---|---|---|
| | पटना-दिल्ली | दिल्ली-पटना | पटना-दिल्ली | दिल्ली-पटना |
| 2004-05 | 33920 | 44000 | 16.5 | 18.7 |
| 2005-06 | 36030 | 45233 | 17.7 | 19.1 |
| 2006-07 | 39761 | 54400 | 28.5 | 32.7 |
| 2007-08 | 63835 | 68303 | 26.9 | 29.2 |
| 2008-09 | 59350 | 68065 | 22.8 | 29.1 |
| 2009-10 | 46302 | 62539 | 15.37 | 17.51 |
| 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | 121165 | 167381 | 45.94 | 63.67 |

स्रोत : एयर इंडिया

## 4.10 शहरी अधिसंरचना

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार, राज्य में शहरी आबादी सिर्फ 10 प्रतिशत थी, फिर भी राज्य में शहरी क्षेत्रों का विकास बहुत अनियोजित रहा है। फलत: अधिकांश शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की कमी है। अतएव बुनियादी नागरिक सुविधाओं सहित शहरी अधिसंरचना का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए जवाबदेह नगरपालिका संस्थाएं क्षमता और संसाधनों की भारी कमी झेल रहे हैं। वर्ष 2010 में बिहार में कुल 139 शहरी निकाय थे जिनमें से 10 नगर निगम, 42 नगर परिषद और 87 नगर पंचायत थे।

**तालिका 4.42 : बिहार में शहरी स्थानीय निकाय ( 2010 )**

| शहरी स्थानीय निकाय | संख्या |
|---|---|
| 1. नगर निगम | 10 |
| 2. नगर परिषद | 42 |
| 3. नगर पंचायत | 87 |
| योग | 139 |

### जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) की शुरुआत 2005 में हुई थी। शहरी अधिसंरचना विकास हेतु राज्य सरकारों को सुधार से जुड़ी केंद्रीय सहायता प्रदान करने के लिए मिशन के तौर-तरीके वाला दृष्टिकोण (मिशन मोड अप्रोच) देश के चुनिंदा 63 शहरों में अपनाया गया था जिसमें राज्यों की राजधानियां और धार्मिक, ऐतिहासिक तथा पर्यटक स्थल शामिल थे। मिशन के दो घटक हैं - शहरी अधिसंरचना एवं अभिशासन (यूआइजी) तथा शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवाएं (बीएसयूपी)। मिशन ने शहरी क्षेत्रों में सुधार आरंभ करने में काफी प्रगति हासिल की है।

वर्ष 2009-10 तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार का कुल आबंटन 2,581 करोड़ रु. था जिसमें से 1,965.38 करोड़ रु. की परियोजनाएं स्वीकृत थीं। इस व्यय में केंद्र सरकार का हिस्सा 1,065.72 करोड़ रु. था और राज्य सरकार का 852 करोड़ रु.। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा 358.59 करोड़ रु. और राज्य सरकार द्वारा 221.91 करोड़ रु. ही विमुक्त किए गए। ब्योरा तालिका 4.43 में प्रस्तुत है।

**तालिका 4.43 : मिशन के तहत आबंटनों और स्वीकृतियों की स्थिति**

(करोड़ रु.)

| योजना | आबंटन (केंद्रीय अंशदान) | अतिरिक्त केंद्रीय अंशदान आबंटन | आबंटन (केंद्र+ राज्य) | कुल स्वीकृत परियोजनाएं | केंद्र और राज्य का कार्यार्पित हिस्सा | | भारत सरकार द्वारा विमुक्त राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | केंद्र का हिस्सा | राज्य का हिस्सा | केंद्र का हिस्सा | राज्य का हिस्सा |
| शहरी अधिसंरचना एवं अभिशासन (यूआइजी) | 592.41 | 150.00 | 1094.82 | 758.41 | 420.10 | 338.35 | 111.26 | 103.67 |
| शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा (बीएसयूपी) | 496.54 | 35.00 | 993.08 | 709.98 | 312.75 | 391.4 | 78.19 | 70.93 |
| छोटे-मंझोले शहर हेतु शहरी अधिसंरचना विकास (यूआइडीएसएसएमटी) | 254.78 | - | 318.48 | 261.13 | 208.90 | 52.22 | 107.16 | 26.90 |
| समेकित आवास एवं मलिन-बस्ती विकास कार्यक्रम (आइएचएसडीपी) | 140.06 | 28.00 | 175.08 | 235.86 | 123.97 | 70.13 | 61.98 | 20.41 |
| योग | 1483.79 | 213.00 | 2581.46 | 1965.38 | 1065.72 | 852.10 | 358.59 | 221.91 |

स्रोत : शहरी विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार

मिशन के तहत पटना, दानापुर, खगौल, फुलवारीशरीफ और बोधगया शहरों के अधिसंरचना विकास के लिए कुल 758.44 करोड़ रु. लागत वाली अनेक परियोजनाएं शुरू की गई थीं। छोटे-मंझोले शहरों के लिए शहरी अधिसंरचना विकास योजना के तहत 11 शहरों में कुल 261.13 करोड़ रु. व्यय की परियोजनाएं आरंभ की गई थीं। जलापूर्ति में सुधार के लिए पटना, फुलवारीशरीफ, खगौल और बोधगया के शहरी स्थानीय निकायों को 2009-10 में कुल 498.39 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए थे। राज्य सरकार ने जलापूर्ति योजना के तहत 26 शहरी स्थानीय निकायों में 315 करोड़ रु. के कुल व्यय का काम शुरू किया है।

**तालिका 4.44 : जलापूर्ति में सुधार हेतु योजनाओं को स्वीकृति**

| शहरी स्थानीय निकाय का नाम | परियोजना व्यय (करोड़ रु.) |
|---|---|
| पटना | 426.98 |
| फुलवारीशरीफ | 24.70 |
| खगौल | 13.15 |
| बोधगया | 33.56 |
| योग | 498.39 |

स्रोत : शहरी विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम का क्रियान्वयन सभी शहरी स्थानीय निकायों को करना है। तथापि, पटना, पटना शहरी संकुलन और आरा नगर निगम के लिए ही कुल 58.36 करोड़ रु. की योजनाएं स्वीकृत हुई हैं जिसमें से पटना के लिए 36.96 करोड़ रु., पटना संकुलन क्षेत्र के लिए 11.56 करोड़ रु. तथा आरा नगर परिषद के लिए 9. 84 करोड़ रु. निर्धारित किए गए हैं।

**तालिका 4.45 : ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वीकृत परिव्यय**

| शहर | राशि (करोड़ रु.) |
|---|---|
| पटना | 36.96 |
| पटना शहरी संकुलन | 11.56 |
| आरा नगर निगम | 9.84 |
| कुल | 58.36 |

स्रोत : शहरी विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार

राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अनेक पहलकदमियां ली गई हैं जिनमें प्रारूप परियोजना प्रस्तावों का निर्माण, अपशिष्ट के संग्रहण और परिवहन हेतु संविदा, कंपोस्ट संयंत्रों और लैंडफिल स्थलों का अनुश्रवण, लैंडफिल स्थलों की पहचान आदि शामिल हैं। ब्योरा परिशिष्ट 10 में दिया गया है।

बिहार के शहरों में बुनियादी अधिसंरचना के विकास के लिए एशियाई विकास बैंक से 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता ली जा रही है। पहले चरण में दो उप-परियोजनाएं ली जानी हैं - (1) 325 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय से भागलपुर हेतु जलापूर्ति योजना; तथा (2) 205 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय से मुजफ्फरपुर हेतु मलजल निकासी योजना। दोनों उप-परियोजनाओं के लिए प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट के प्रारूप पेश कर दिए गए हैं।

समेकित किफायती स्वच्छता (आइएलसीएस) के तहत 10 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और काम शुरू हो गया है। कुल स्वीकृत 12,131 इकाइयों में से 3,545 सूखे शौचालयों को बदलने और 8,586 नए शौचालयों के निर्माण की हैं। इनमें से 4,167 इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है, 1,297 का निर्माण प्रगति पर है और 5,464 का काम अभी शुरू ही हुआ है। अभी तक 5.30 करोड़ रु. खर्च हुए हैं।

### आइएचएसडीपी और शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा

शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा के भाग के बतौर राज्य के 21 शहरों में 833.31 करोड़ रु. के अनुमानित व्यय से 15,748 मकानों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। हर शहरी निकाय के लिए स्वीकृत मकानों की संख्या और अनुमानित व्यय का ब्योरा तालिका 4.46 में प्रस्तुत है।

**तालिका 4.46 : आइएचएसडीपी और शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा**

| | शहरी स्थानीय निकाय | आकलित खर्च (करोड़ रु. में) | स्वीकृत आवासों की संख्या |
|---|---|---|---|
| समेकित आवास एवं मलिन-बस्ती विकास कार्यक्रम (आइएचएसडीपी) | कांटी | 3.20 | 143 |
| | औरंगाबाद | 3.08 | 247 |
| | नरकटियागंज | 3.84 | 300 |
| | मोतीपुर | 5.44 | 520 |
| | रोसड़ा | 14.32 | 1562 |
| | शेखपुरा | 2.38 | 207 |
| | भागलपुर | 16.56 | 1188 |
| | किशनगंज | 12.02 | 552 |
| | बहादुरपुर | 5.00 | 294 |
| | पूर्णियां | 14.90 | 1487 |
| | बेगूसराय | 24.50 | 853 |
| | बिहारशरीफ | 24.54 | 810 |
| | आरा | 31.22 | 754 |
| | जोगबनी | 12.71 | 321 |
| | मधेपुरा | 12.43 | 319 |
| | सुपौल | 7.99 | 207 |
| शहरी गरीब हेतु बुनियादी सेवा (बीएसयूपी) | पटना | 625.95 | 19124 |
| | फुलवारीशरीफ | 11.57 | 496 |
| | खगौल | 2.28 | 96 |
| | दानापुर | 15.60 | 656 |
| | बोधगया | 54.57 | 2000 |
| | योग | 833.31 | 15748 |
इस अवधि में उच्च प्राथमिक स्तर पर सभी बालकों के नामांकन में 20.47 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है; अनुसूचित जाति के बालकों के मामले में यह वृद्धि 24.05 प्रतिशत की दर से है और अनुसूचित जनजाति के बालकों के मामले में 27.20 प्रतिशत की दर से। इस दौरान सभी बालिकाओं के मामले में उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन में वार्षिक वृद्धि दर 26.64 प्रतिशत है; वार्षिक वृद्धि दर अनुसूचित जाति की बालिकाओं के मामले में 31.73 प्रतिशत है और अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के मामले में 33.46 प्रतिशत। इस अवधि में उच्च प्राथमिक स्तर पर विकलांग विद्यार्थियों के नामांकन दर में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है (तालिका 5.3 ख)।

वर्ष 2006-07, 2007-08 और 2008-09 में जिलावार नामांकन के संबंध में विस्तृत सूचना परिशिष्ट 3 में प्रस्तुत है जबकि 2003-04 से 2008-09 तक की अवधि हेतु नामांकन की जिलावार वृद्धि दरें परिशिष्ट 4 में। इनसे और तालिका 5.3 क तथा 5.3 ख में प्रस्तुत सारांश के आंकड़ों से गत दशक में सीमांत तबकों के नामांकन में महत्वपूर्ण तथा निरंतर वृद्धि का पता चलता है।

नामांकन वृद्धि में जिला स्तर पर काफी अंतर है (तालिका 5.3 ग)। नामांकन वृद्धि में उछाल बिहार के 15 जिलों में संकेंद्रित है जबकि अन्य 16 जिले पिछड़ रहे हैं। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की त्वरित नामांकन वृद्धि प्रक्रिया के मामले में कहीं अधिक जिले पिछड़ रहे हैं।

**तालिका 5.3 ग : नामांकन में वार्षिक वृद्धि के रुझान के अनुसार जिलों का वर्गीकरण**

| | सभी | अनुसूचित जातियां * |
|---|---|---|
| **औसत से ऊपर (12 प्रतिशत से अधिक)** | अररिया, पूर्णिया, शिवहर, बेगूसराय, समस्तीपुर, कटिहार, पश्चिम चंपारण, सुपौल, सीतामढ़ी, किशनगंज | अररिया, पूर्णिया, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, भोजपुर, बक्सर, कटिहार, समस्तीपुर, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, पूर्व चंपारण, औरंगाबाद |
| **औसत (7 से 12 प्रतिशत)** | पूर्व चंपारण, जमुई, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, बांका, बक्सर, सहरसा, लखीसराय, गोपालगंज, वैशाली, नवादा, सारण, भोजपुर, कैमूर, भागलपुर, गया, मधुबनी | सुपौल, नवादा, वैशाली, दरभंगा, बांका, सारण, सहरसा, जमुई, गोपालगंज, गया, खगड़िया, |
| **औसत से नीचे (7 प्रतिशत से कम)** | दरभंगा, नालंदा, खगड़िया, शेखपुरा, मधेपुरा, पटना, जहानाबाद, सीवान, रोहतास, मुंगेर | नालंदा, कैमूर, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, किशनगंज, मधेपुरा, जहानाबाद, पटना, रोहतास, मुंगेर, सीवान, शिवहर |

* टिप्पणी : अनुसूचित जाति के नामांकन हेतु औसत वृद्धि- 8 से 12 प्रतिशत, औसत से अधिक- 12 प्रतिशत से अधिक तथा औसत से नीचे- 8 प्रतिशत से कम है।

तालिका 5.4 क में बिहार में स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर 2001-02 से 2008-09 के बीच छीजन दरें दर्शाई गई हैं। इस अवधि में बिहार में प्राथमिक शिक्षा की छीजन दरों में 16.6 प्रतिशत गिरावट आई है। गिरावट बालिकाओं के मामले में बालकों की अपेक्षा अधिक है। छीजन दरों में सर्वाधिक 6.1 प्रतिशत गिरावट 2003-04 से 2004-05 के बीच देखी गई। इसी अवधि में बालिकाओं के लिए प्राथमिक शिक्षा में 8.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वर्ष 2004-05 के बाद छीजन दरों में गिरावट की दर घटी है।

**तालिका 5.4 क : प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों पर छीजन दरें**

(प्रतिशत)

| वर्ष | प्राथमिक ( I to V) | | | उच्च प्राथमिक (I to VIII) | | | माध्यमिक (I to X) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2001-02 | 63.1 | 60.7 | 61.6 | अनु. | अनु. | 74.8 | अनु. | अनु. | 82.9 |
| 2002-03 | 62.4 | 62.1 | 58.2 | अनु. | अनु. | 74.9 | अनु. | अनु. | 82.5 |
| 2003-04 | 57.6 | 57.7 | 57.7 | अनु. | अनु. | 74.6 | अनु. | अनु. | 82.5 |
| 2004-05 | 48.6 | 53.4 | 51.6 | 73.69 | 71.3 | 72.1 | 83.9 | 79.8 | 81.3 |
| 2005-06 | 45.2 | 47.4 | 46.6 | 68.9 | 68 | 68.3 | 83.8 | 79.7 | 81.3 |
| 2006-07 | 45.7 | 46.4 | 46.1 | 60.1 | 62.8 | 61.8 | 79.2 | 75.4 | 76.8 |
| 2007-08 | 45.2 | 45.6 | 45.4 | 61.1 | 61.5 | 61.4 | 75.6 | 72.6 | 73.7 |
| 2008-09 | 44.6 | 45.1 | 45.0 | अनु. | अनु. | 60.3 | अनु. | अनु. | 72.1 |
| छीजन दरों में परिवर्तन (2001-02 से 2008-09) | -18.5 | -15.7 | -16.6 | | | -14.6 | | | -10.9 |
| वार्षिक गिरावट का रुझान | -5.56 | -5.11 | -4.89 | | | -3.66 | | | -2.07 |

स्रोत : मानव संसाधन विभाग, बिहार सरकार

प्राथमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की छीजन दरों में 2005-06 और 2006-07 के बीच तेज गिरावट आई। उच्च प्राथमिक स्तर पर मामूली गिरावट बालकों के बीच संकेंद्रित थी। हालांकि इसी अवधि में माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए छीजन दरों में गिरावट 5 प्रतिशत थी। माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए छीजन दरों में सर्वाधिक गिरावट 2004-05 और 2005-6 के बीच आई थी (तालिका 5.4 ख)।

**तालिका 5.4 ख : प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों पर अजा तथा अजजा विद्यार्थियों की छीजन दरें**

(प्रतिशत)

| **अनुसूचित जातियां** | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | प्राथमिक ( I to V) | | | उच्च प्राथमिक (I to VIII) | | | माध्यमिक (I to X) | | |
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2004-05 | 56.1 | 54.6 | 55.2 | 82.7 | 80.2 | 81.1 | 90.8 | 89.1 | 89.5 |
| 2005-06 | 59.4 | 56.2 | 57.4 | 79.9 | 78.2 | 78.8 | 92.7 | 89.1 | 90.4 |
| 2006-07 | 51.2 | 51.6 | 51.5 | 77.8 | 72.8 | 72.8 | 86.7 | 85.4 | 85.9 |
| **अनुसूचित जनजातियां** | | | | | | | | | |
| वर्ष | प्राथमिक ( I to V) | | | उच्च प्राथमिक (I to VIII) | | | माध्यमिक (I to X) | | |
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2004-05 | 30.2 | 34.8 | 33.4 | 74.2 | 77.2 | 76.2 | 86.5 | 90.6 | 89.3 |
| 2005-06 | 39.4 | 41.3 | 40.6 | 72.6 | 75.3 | 74.4 | 83.3 | 85.8 | 85 |
| 2006-07 | 32.4 | 35.7 | 34.5 | 61.6 | 79.8 | 66.9 | 81.9 | 83.8 | 83 |

स्रोत : मानव संसाधन विभाग, बिहार सरकार

**तालिका 5.4 ग : छीजन दरें - कक्षा 6 से 8, 6 से 10 तथा 1 से 12 के लिए**

(प्रतिशत)

| VI से VIII | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | सामान्य | | | अनुसूचित जातियां | | | अनुसूचित जनजातियां | | |
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2004-05 | 16.12 | 15.1 | 15.8 | 17.8 | 17.1 | 17.5 | 16.8 | 16.3 | 16.4 |
| 2005-06 | 17.2 | 20.9 | 19.6 | 17.6 | 20.6 | 19.6 | 16.8 | 15 | 16 |
| 2006-07 | 14.5 | 12.5 | 13.3 | 15.3 | 15 | 15.1 | 16.2 | 17.2 | 17 |
| 2007-08 | -3.89 | 2.9 | 0.3 | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. |
| **VI से X** | | | | | | | | | |
| वर्ष | सामान्य | | | अनुसूचित जातियां | | | अनुसूचित जनजातियां | | |
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2004-05 | 37.8 | 32.4 | 34.2 | 56.5 | 51.7 | 52.3 | 19 | 46.2 | 39.4 |
| 2005-06 | 37.9 | 33.2 | 34.8 | 62.9 | 52.7 | 56 | 30.4 | 40.6 | 38 |
| 2006-07 | 28 | 24.3 | 25.6 | 22.7 | 24.7 | 23.2 | 26.4 | 36.2 | 32.2 |
| 2007-08 | 27.1 | 23.7 | 24.9 | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. |
| **उच्च माध्यमिक ( I से XII)** | | | | | | | | | |
| वर्ष | सामान्य | | | अनुसूचित जातियां | | | अनुसूचित जनजातियां | | |
| | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग | बालिकाएं | बालक | योग |
| 2004-05 | 87.6 | 85.8 | 86.4 | 94.8 | 91.4 | 92.4 | 93.3 | 92.3 | 92.9 |
| 2005-06 | 86.3 | 84.6 | 85.2 | 93.8 | 91.6 | 92.3 | 85.5 | 87.2 | 87 |
| 2006-07 | 82.3 | 82.7 | 81.9 | 93.3 | 91.5 | 92.1 | 84.2 | 86.3 | 85.3 |
| 2007-08 | 83.7 | 82 | 82.6 | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. |

स्रोत : मानव संसाधन विभाग, बिहार सरकार

उच्च प्राथमिक विद्यार्थियों की छीजन दरों में 2006-07 से 2007-08 के बीच महत्वपूर्ण गिरावट आई। हालांकि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर सभी सामाजिक समूहों के लिए छीजन दरें समान रूप से काफी ऊंची रहीं (तालिका 5.4 ग)।

**तालिका 5.5 : शिक्षा पर व्यय**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | योजना | | | गैर-योजना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 12/13वें वित्त आयोग का लक्ष्य | व्यय | उपयोग का प्रतिशत | बजट | व्यय | उपयोग का प्रतिशत |
| 2007-08 | 4581.02 | 300.44 | 6.56 | 4581.02 | 4700 | 102.60 |
| 2008-09 | 5016.00 | 1129.99 | 22.53 | 5256.89 | 5099.45 | 97.01 |
| 2009-10 | 5492.76 | 1420.42 | 25.86 | 6600.00 | 5745.00 | 87.05 |
| 2010-11 | 5719.72 | 1091.22 | 19.08 | 5719.72 | 2139.78 | 37.41 |

स्रोत : मानव संसाधन विभाग, बिहार सरकार

तालिका 5.5 में शिक्षा पर योजना और गैर-योजना व्ययों का गत चार वर्षों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है। वर्ष 2007-08 से 2010-11 के बीच योजना और गैर-योजना, दोनों के शिक्षा बजट में बहुत महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। वित्त आयोग के लक्ष्यों की तुलना में मापने पर निम्न योजना व्यय के पैटर्न उपयोग में अवरोध की ओर इंगित करते हैं। लक्ष्यों के साथ तुलना करने पर गैर-योजना व्यय में भी लगातार गिरावट का पैटर्न दिखता है।

**प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में हस्तक्षेप**

- मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत 67,694 मध्य विद्यालयों को 5,000 रु. प्रति विद्यालय की दर से 3,381.36 लाख रु. दिए गए हैं। 2,938 माध्यमिक विद्यालयों को भी इसके आच्छादन के तहत लाया जा रहा है।
- खेल-कूद के विकास के लिए 30,042 विद्यालयों के बीच 8,653.76 लाख रु. वितरित किए गए हैं।
- बालिका पोशाक योजना के तहत अभी तक 25,781.83 लाख रु. वितरित किए गए हैं। योजना से प्रति विद्यार्थी 700 रु. की पोशाक की दर से 36,82,845 लड़कियां इस लाभान्वित हुई हैं।
- मुख्यमंत्री पोशाक योजना से 88 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। प्रति विद्यार्थी 500 रु. की दर से 44,000 लाख रु. वितरित किए गए हैं।
- हुनर योजना के तहत 9,232 अल्पसंख्यक बालिकाओं को विभिन्न पेशों में कौशल विकास के लिहाज से प्रशिक्षण दिया गया है।
- औजार योजना के तहत 7,684 लड़कियों को औजार खरीदने के लिए 2,500 रु. प्रति व्यक्ति की दर से 230.80 लाख रु. दिए गए हैं।
- मुख्यमंत्री बालिका साइकल योजना के तहत कुल 17,436.80 रु. के व्यय से 2009-10 में 8,71,840 लड़कियों को दो-दो हजार रु. दिए गए। वर्ष 2010-11 में 9,800 लाख रु. के व्यय से 4,90,000 लड़कियों को दो-दो हजार रु. दिए जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री बालक साइकल योजना के तहत 2009-10 में कुल 11,293.27 लाख रु. के व्यय से 5,64,663 लड़कों को दो-दो हजार रु. दिए गए। वर्ष 2010-11 में 12,700 लाख रु. के व्यय से 6,35,000 लड़कों को दो-दो हजार रु. दिए जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत प्रथम श्रेणी में माध्यमिक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण होने वाली प्रत्येक बालिका को 10,000 रु. की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

मध्याह्न भोजन योजना

बाल अधिकार के आधार पर पोषण वृद्धि, शैक्षिक अग्रगति, सामाजिक समानता तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिहाज से मध्याह्न भोजन योजना का सर्वव्यापीकरण बिहार में 2005 में किया गया था जिसके तहत शिक्षण केंद्र सहित सभी प्राथमिक विद्यालय आच्छादित थे। बाद के वर्षों में इसका विस्तार उच्च प्राथमिक स्तरों (कक्षा 6 से 8) तक भी कर दिया गया है।

तालिका 5.6 क में मध्याह्न भोजन योजना के तहत प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर बच्चों का कुल आच्छादन दर्शाया गया है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत प्राथमिक स्तर पर आच्छादित बच्चों की कुल संख्या 115.6 लाख है। वर्ष 2009-10 में कुल आच्छादन 2008-09 के 75.7 प्रतिशत से बढ़कर 79.9 प्रतिशत हो गया लेकिन इसमें जिलों के बीच काफी अंतर था। बहुत कम (50 प्रतिशत से कम) आच्छादन वाले जिले बांका (19.63 प्रतिशत), मधुबनी (34.30 प्रतिशत), तथा भागलपुर (46.45 प्रतिशत) हैं। सहरसा (58.03 प्रतिशत), गोपालगंज (63.32 प्रतिशत), खगड़िया (66.50 प्रतिशत), नवादा (67.52 प्रतिशत) तथा किशनगंज (68.57 प्रतिशत) कम (70 प्रतिशत से कम) आच्छादन वाले जिले हैं। उच्च आच्छादन (95 प्रतिशत से अधिक आच्छादन) वाले जिलों - मुंगेर, लखीसराय और शेखपुरा में आच्छादन में 1 प्रतिशत की गिरावट आई है। पूर्व चंपारण, पश्चिम चंपारण, नालंदा, गया, वैशाली, समस्तीपुर, अररिया, पूर्णिया और अरवल जिलों में आच्छादन 5 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ा है।

मध्याह्न भोजन योजना का विस्तार अब बिहार के सभी जिलों में उच्च प्राथमिक स्तर पर भी कर दिया गया है। इसके तहत आच्छादित विद्यार्थियों का समग्र आच्छादन 85 प्रतिशत है। 38 में से 16 जिलों में आच्छादन 90 प्रतिशत से अधिक है। अररिया, कैमूर और पश्चिम चंपारण में सर्वोच्च आच्छादन है। सबसे कम आच्छादन वाला जिला बांका (27.6 प्रतिशत) है। अरवल, मधुबनी, रोहतास और मधेपुरा में 70 प्रतिशत से कम आच्छादन है। मधुबनी, शिवहर, सीवान, जमुई, शेखपुरा, अरवल, बेगूसराय, बक्सर और अररिया में उच्च प्राथमिक स्तर पर आच्छादन में 2008-09 और 2009-10 के बीच गिरावट दिखती है (तालिका 5.6 ख)।

**तालिका 5.6 क : मध्याह्न भोजन योजना का जिलावार आच्छादन ( कक्षा 1 से 5 )**

| जिला | कुल नामांकन | लाभान्वित बच्चों की सं. | आच्छादन प्रतिशत (2009-10) | आच्छादन प्रतिशत (2008-09) | आच्छादन में प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 608093 | 448485 | 73.75 | 69.50 | 4.25 |
| नालंदा | 316253 | 304639 | 96.33 | 91.00 | 5.33 |
| रोहतास | 409201 | 296627 | 72.49 | 68.64 | 3.85 |
| कैमूर | 208161 | 180893 | 86.90 | 82.70 | 4.20 |
| बक्सर | 208869 | 196642 | 94.15 | 89.50 | 4.65 |
| भोजपुर | 400123 | 330960 | 82.71 | 78.40 | 4.31 |
| गया | 566534 | 512399 | 90.44 | 85.10 | 5.34 |
| औरंगाबाद | 467787 | 367074 | 78.47 | 74.00 | 4.47 |
| जहानाबाद | 177967 | 162671 | 91.41 | 88.00 | 3.41 |
| अरवल | 114018 | 109432 | 95.98 | 89.90 | 6.08 |
| नवादा | 269875 | 182228 | 67.52 | 64.50 | 3.02 |
| सारण | 570926 | 438342 | 76.78 | 72.20 | 4.58 |
| सीवान | 413725 | 335004 | 80.97 | 76.00 | 4.97 |
| गोपालगंज | 318111 | 201436 | 63.32 | 60.40 | 2.92 |
| मुजफ्फरपुर | 693253 | 529598 | 76.39 | 72.20 | 4.19 |
| सीतामढ़ी | 429659 | 415889 | 96.80 | 96.20 | 0.60 |
| शिवहर | 113733 | 102658 | 90.26 | 87.80 | 2.46 |
| पश्चिम चंपारण | 555227 | 492489 | 88.70 | 83.40 | 5.30 |
| पूर्व चंपारण | 762544 | 631296 | 82.79 | 77.50 | 5.29 |
| वैशाली | 560391 | 503137 | 89.78 | 84.40 | 5.38 |
| दरभंगा | 540318 | 432847 | 80.11 | 75.60 | 4.51 |
| समस्तीपुर | 534347 | 506009 | 94.70 | 89.20 | 5.50 |
| मधुबनी | 594895 | 204048 | 34.30 | 32.30 | 2.00 |
| सहरसा | 240369 | 139496 | 58.03 | 55.10 | 2.93 |
| सुपौल | 344658 | 311667 | 90.43 | 85.70 | 4.73 |
| मधेपुरा | 303911 | 274687 | 90.38 | 85.80 | 4.58 |
| पूर्णिया | 470106 | 464738 | 98.86 | 92.90 | 5.96 |
| अररिया | 390801 | 382114 | 97.78 | 92.10 | 5.68 |
| किशनगंज | 307229 | 210678 | 68.57 | 64.10 | 4.47 |
| कटिहार | 432662 | 375508 | 86.79 | 81.80 | 4.99 |
| भागलपुर | 366850 | 170413 | 46.45 | 44.50 | 1.95 |
| बांका | 295938 | 58100 | 19.63 | 18.70 | 0.93 |
| मुंगेर | 189652 | 183686 | 96.85 | 98.00 | -1.15 |
| लखीसराय | 157528 | 152308 | 96.69 | 97.80 | -1.11 |
| बेगूसराय | 477080 | 395053 | 82.81 | 78.10 | 4.71 |
| जमुई | 283597 | 267335 | 94.27 | 89.60 | 4.67 |
| खगड़िया | 263746 | 175400 | 66.50 | 62.60 | 3.90 |
| शेखपुरा | 118551 | 113873 | 96.05 | 97.00 | -0.95 |
| **योग** | **14476688** | **11559859** | **79.85** | **75.70** | **4.15** |

स्रोत : मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, बिहार सरकार

**तालिका 5.6 ख : मध्याह्न भोजन योजना का जिलावार आच्छादन (कक्षा 6 से 8)**

| जिला | कुल नामांकन | लाभान्वित बच्चों की सं. | आच्छादन प्रतिशत (2009-10) | आच्छादन प्रतिशत (2008-09) | आच्छादन में प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 162860 | 147310 | 90.45 | 86.21 | 4.25 |
| नालंदा | 121856 | 117160 | 96.15 | 92.27 | 3.87 |
| रोहतास | 132569 | 90546 | 68.30 | 64.75 | 3.56 |
| कैमूर | 111264 | 109821 | 98.70 | 97.23 | 1.48 |
| बक्सर | 90364 | 80663 | 89.26 | 89.87 | -0.60 |
| भोजपुर | 126358 | 103291 | 81.74 | 80.39 | 1.35 |
| गया | 155498 | 144610 | 93.00 | 91.06 | 1.94 |
| औरंगाबाद | 123962 | 93991 | 75.82 | 72.55 | 3.28 |
| जहानाबाद | 41932 | 34719 | 82.80 | 78.71 | 4.09 |
| अरवल | 34562 | 21259 | 61.51 | 62.56 | -1.05 |
| नवादा | 96987 | 69205 | 71.35 | 67.47 | 3.89 |
| सारण | 156761 | 153262 | 97.77 | 93.89 | 3.88 |
| सीवान | 193658 | 183818 | 94.92 | 98.59 | -3.67 |
| गोपालगंज | 142272 | 101005 | 70.99 | 67.54 | 3.45 |
| मुजफ्फरपुर | 157962 | 152745 | 96.70 | 91.62 | 5.07 |
| सीतामढ़ी | 89678 | 75026 | 83.66 | 81.48 | 2.18 |
| शिवहर | 19632 | 16994 | 86.56 | 91.71 | -5.14 |
| पश्चिम चंपारण | 86936 | 85535 | 98.39 | 94.90 | 3.48 |
| पूर्व चंपारण | 145632 | 135827 | 93.27 | 88.45 | 4.81 |
| वैशाली | 133621 | 129941 | 97.25 | 93.99 | 3.25 |
| दरभंगा | 129632 | 95657 | 73.79 | 73.51 | 0.28 |
| समस्तीपुर | 229852 | 191650 | 83.38 | 79.42 | 3.96 |
| मधुबनी | 202716 | 133609 | 65.91 | 72.82 | -6.91 |
| सहरसा | 111966 | 106063 | 94.73 | 90.79 | 3.93 |
| सुपौल | 61362 | 47287 | 77.06 | 73.70 | 3.37 |
| मधेपुरा | 99377 | 69389 | 69.82 | 66.40 | 3.43 |
| पूर्णिया | 91630 | 85913 | 93.76 | 90.23 | 3.53 |
| अररिया | 296325 | 293589 | 99.08 | 99.10 | -0.02 |
| किशनगंज | 89805 | 81283 | 90.51 | 88.04 | 2.47 |
| कटिहार | 122896 | 92076 | 74.92 | 71.69 | 3.23 |
| भागलपुर | 161527 | 129643 | 80.26 | 77.31 | 2.95 |
| बांका | 65776 | 18146 | 27.59 | 27.21 | 0.38 |
| मुंगेर | 51689 | 43436 | 84.03 | 80.70 | 3.34 |
| लखीसराय | 33994 | 32196 | 94.71 | 91.86 | 2.85 |
| बेगूसराय | 114856 | 108625 | 94.57 | 95.49 | -0.92 |
| जमुई | 65199 | 53384 | 81.88 | 84.89 | -3.01 |
| खगड़िया | 61843 | 46102 | 74.55 | 71.33 | 3.22 |
| शेखपुरा | 22508 | 19420 | 86.28 | 89.14 | -2.86 |
| **योग** | **4337317** | **3694196** | **85.17** | **83.39** | **1.78** |

स्रोत : मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, बिहार सरकार

मध्याह्न भोजन योजना के तहत तीन प्रमुख घटकों – एमआइएस समन्वयकों और आंकड़ा प्रविष्टिकर्ताओं समेत कर्मचारियों का वेतन; फर्नीचर, कंप्यूटर हार्डवेयर तथा उपयोग सामग्रियां तथा अन्य अनुषंगिक व्यय; और वाह्य अनुश्रवण तथा मूल्यांकन – के तहत स्वीकृत राशि 2008-09 के 5.39 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 11.00 करोड़ रु. हो गई। वर्ष 2008-09 और 2009-10 में मध्याह्न भोजन योजना के लिए स्वीकृत समस्त राशि का उपयोग कर लिया गया। हालांकि कर्मचारियों के क्षमता विकास हेतु समग्र आबंटन दोनों वर्षों में समान ही रहा (तालिका 5.7)। मध्याह्न भोजन योजना के तहत रसोईघरों की छावनी के निर्माण तथा उपकरणों की खरीद में 2006-07 से 2009-10 तक हुई भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की जानकारी परिशिष्ट 5 में प्रस्तुत की गई है।

**तालिका 5.7 : मध्याह्न भोजन योजना में राशि का उपयोग**

| विद्यालय स्तर पर खर्च | 2008-09 | | | 2009-10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वीकृत (लाख रु.) | उपयोग (लाख रु.) | उपयोग का प्रतिशत | स्वीकृत (लाख रु.) | उपयोग (लाख रु.) | उपयोग का प्रतिशत |
| वजन मशीन तथा ऊंचाई मापक | 357.93 | 357.93 | 100 | 596.5 | 596.5 | 100 |
| खाना पकाने के सामान, बर्तन, वजन मशीन आदि को बदलना/ मरम्मत/ रखरखाव | 0 | 0 | — | 0 | 0 | — |
| प्रबंधन पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण तथा आंतरिक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन | 2 | 2 | 100 | 3 | 3 | 100 |
| एमआइएस समन्वयकों तथा डाटा इंट्री ऑपरेटरों के वेतन सहित कर्मचारियों का कुल वेतन | 86.5 | 86.5 | 100 | 355.038 | 355.038 | 100 |
| परिवहन तथा आकस्मिक व्यय | 7 | 7 | 100 | 9 | 9 | 100 |
| अन्य आनुषंगिक व्यय (राज्य, जिला तथा प्रखंड स्तरीय एसएमसी के कार्य से संबंधित व्यय सहित) | 0 | 0 | — | 0 | 0 | — |
| फर्नीचर, कंप्यूटर हार्डवेयर तथा उपयोग सामग्रियां और अन्य आनुषंगिक व्यय | 2.25 | 2.25 | 100 | 6 | 6 | 100 |
| मध्याह्न भोजन में लगे कर्मियों का क्षमता विकास तथा प्रशिक्षण | 11.25 | 11.25 | 100 | 11.25 | 11.25 | 100 |
| प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए संबंधित मैनुअल का निर्माण | 0 | 0 | — | 0 | 0 | — |
| वाह्य अनुश्रवण एवं मूल्यांकन | 71.58 | 71.58 | 100 | 119.3 | 119.3 | 100 |
| **योग** | **538.51** | **538.51** | 100 | **1100.09** | **1100.09** | 100 |

स्रोत : मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, बिहार सरकार

इस बात को महसूस करते हुए कि मध्याह्न भोजन योजना की प्रभाविता सार्वजनिक सहभागिता और अपनत्व बोध पर निर्भर हैं, राज्य सरकार 2010 से 2015 के बीच लक्षित बच्चों के माता-पिता की सहभागिता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित रखते हुए मध्याह्न भोजन योजना में सार्वजनिक सहभागिता बढ़ाने के प्रति कृतसंकल्प है।

## सर्व शिक्षा अभियान

सर्व शिक्षा अभियान की संकल्पना सबसे पहले अक्तूबर 1998 में आयोजित राज्यों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में की गई थी। तब से आज तक यह बच्चों के लिए सबसे बड़े हस्तक्षेप के रूप में सामने आया है।

बिहार के सभी जिलों में सर्व शिक्षा अभियान 2001-02 में शुरू हुआ था। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद राज्य में सर्व शिक्षा अभियान का क्रियान्वयन अभिकरण है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों/ केंद्रशासित क्षेत्रों के बीच संशोधित वित्तपोषण पैटर्न ग्यारहवीं योजना के पहले दो वर्षों अर्थात 2007-08 और 2008-09 में 65 : 35, तीसरे वर्ष अर्थात 2009-10 में 60 : 40 और चौथे वर्ष अर्थात 2010-11 में 55 : 45 होना माना गया था।

2007-10 की अवधि में मुख्य फोकस विद्यालय वाह्य बच्चों, लैंगिक और सामाजिक असमानता में कमी तथा वर्गकक्ष में संवाद बढ़ाने संबंधी हस्तक्षेपों पर रहा है।

**स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए हस्तक्षेप**

- स्कूल न जाने वाले विभिन्न श्रेणी के बच्चों के लिए अलग-अलग हस्तक्षेप विचारित-विकसित किए गए हैं : 6 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए 'विद्यालय चलो केंद्र', 8 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए 'प्रयास केंद्र', 11 से 14 वर्ष के पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए आवासीय 'उत्प्रेरण केंद्र' तथा अनावासीय 'उत्कर्ष केंद्र', और मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों के लिए आवासीय 'उन्नयन केंद्र'।
- 'उत्थान केंद्र' सीमांत महादलित समूहों के स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए, 'मकतब/ मदरसा केंद्र' सिर्फ दीनी मकतबों में नामांकित मुसलमान बच्चों के लिए तथा 'तालीमी मरकज' 6 से 10 वर्ष की स्कूल न जाने वाली मुसलमान बच्चियों के लिए विचारित-विकसित किया गया है।
- स्कूल न जाने वाले बच्चों की जरूरतों के अनुरूप सेतु पुस्तकें तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल विचारित-विकसित किए गए हैं।
- सामुदायिक संलग्नता से चलने वाला सघन अभियान 'संकल्प' चरणों में शुरू हुआ था - पहले चरण में 7 जिलों में, दूसरे चरण में 20 जिलों में तथा तीसरे चरण में सभी जिलों में।
- विद्यालय रहित बसाहटों में 18,000 से अधिक नए प्राथमिक विद्यालय शुरू किए गए हैं।
- स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को शामिल करने तथा उनकी 80 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की विशिष्टता वाले विद्यालयों, पंचायतों, प्रखंडों और जिलों के लिए मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा पुरस्कार नाम से एक पुरस्कार शुरू किया गया है।

**तालिका 5.8 : वैकल्पिक नवाचारी केंद्रों की स्थिति**

| क्र.सं. | हस्तक्षेप | केंद्रों की सं. | आच्छादित बच्चे |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्थान केंद्र | 19442 | 515098 |
| 2 | तालीमी मरकज | 3770 | 75394 |
| 3 | उत्प्रेरण केंद्र | 1040 | 61671 |
| 4 | मकतब/ मदरसा केंद्र | 815 | 16309 |
| 5 | गैर-सरकारी संगठनों द्वारा अनावासीय पिछड़ा वर्ग नवाचारी सेतु केंद्र | 254 | 6336 |
| 6 | गैर-सरकारी संगठनों द्वारा आवासीय पिछड़ा वर्ग नवाचारी सेतु केंद्र | 118 | 7260 |
| 7 | योग | 25439 | 682068 |

स्रोत : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद

**तालिका 5.8 : वित्तीय प्रगति (सर्व शिक्षा अभियान)**

**(लाख रु.)**

| हस्तक्षेप | 2008-09 | | | 2009-10 | | | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्तमान वर्ष का वित्तीय लक्ष्य विगत शेष सहित | संचयी वित्तीय उपलब्धि | वित्तीय उपलब्धि (%) | वित्तीय लक्ष्य विगत शेष सहित | संचयी वित्तीय उपलब्धि | वित्तीय उपलब्धि (%) | वित्तीय लक्ष्य विगत शेष सहित | संचयी वित्तीय उपलब्धि | वित्तीय उपलब्धि (%) |
| नामांकित विद्यालय वाह्य बच्चे | 25201.1 | 12757.4 | 50.6 | 14299.5 | 9151.7 | 64.0 | 26008.9 | 4088.5 | 15.7 |
| उपचारी शिक्षण | 4816.6 | 4127.1 | 85.7 | 1852.7 | 1574.7 | 85.0 | 0.0 | 0.014 | |
| सिविल कार्य प्रगति पर/ पूर्ण | 156346.1 | 77000.5 | 49.3 | 187824.5 | 73320.8 | 39.0 | 214658.4 | 58180.2 | 27.1 |
| रखरखाव अनुदान (प्रा. तथा उ. प्रा. विद्यालय) | 4801.4 | 3180.2 | 66.2 | 4940.0 | 3294.7 | 66.7 | 3775.3 | 3035.3 | 80.4 |
| शिक्षक प्रशिक्षण | 8389.2 | 4346.0 | 51.8 | 8328.0 | 1664.5 | 20.0 | 6401.6 | 710.8 | 11.1 |
| शिक्षकों का वेतन | 90492.6 | 83189.3 | 91.9 | 138112.8 | 86561.1 | 62.7 | 193940.3 | 62743.2 | 32.4 |
| विद्यालय अनुदान | 5061.1 | 4499.3 | 88.9 | 5316.2 | 4840.3 | 91.0 | 5523.1 | 4528.6 | 82.0 |
| मुफ्त पाठ्यपुस्तकें | 24472.8 | 8318.3 | 34.0 | 25228.7 | 13866.9 | 55.0 | 26442.1 | 14143.8 | 53.5 |
| शिक्षक अनुदान | 1611.6 | 1457.7 | 90.4 | 1632.6 | 1544.0 | 94.6 | 1588.1 | 1241.6 | 78.2 |
| सामुदायिक गोलबंदी | 218.8 | 139.5 | 63.7 | 223.8 | 111.0 | 49.6 | 771.7 | 9.5 | 1.2 |
| शिक्षण-अधिगम सामग्री | 3888.6 | 1885.8 | 48.5 | 3279.8 | 1901.4 | 58.0 | 2393.2 | 202.4 | 8.5 |
| प्रखंड संसाधन केंद्र | 583.5 | 204.0 | 35.0 | 444.7 | 171.7 | 38.6 | 1905.6 | 303.9 | 15.9 |
| संकुल संसाधन केंद्र | 1175.5 | 372.5 | 31.7 | 924.3 | 337.3 | 36.5 | 2553.8 | 645.2 | 25.3 |
| समेकित विकलांग शिक्षा | 1881.0 | 931.4 | 49.5 | 2194.5 | 968.5 | 44.1 | 5956.5 | 1108.1 | 18.6 |
| नवाचारी गतिविधियां | 2377.0 | 1736.8 | 73.1 | 3663.9 | 1531.1 | 41.8 | 3800.0 | 318.2 | 8.4 |
| शोध एवं मूल्यांकन | 968.3 | 520.3 | 53.7 | 1248.7 | 679.7 | 54.4 | 1286.6 | 20.3 | 1.6 |
| प्रबंधन, एमआइएस तथा मीडिया | 7758.0 | 3618.4 | 46.6 | 13674.5 | 6154.8 | 45.0 | 15182.8 | 2451.9 | 16.1 |
| | **340043.3** | **208284.4** | **61.3** | **413189.3** | **207674.3** | **50.3** | **512188.0** | **153731.4** | **30.0** |

स्रोत : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद

विशेष शिक्षा प्रदान करने वाले 24,439 केंद्रों द्वारा अभी तक 6,82,068 विद्यालय-वाह्य बच्चों का आच्छादन हुआ है (तालिका 5.8)। तालिका 5.9 में सर्व शिक्षा अभियान की वित्तीय प्रगति का विहंगावलोकन प्रस्तुत किया गया है जबकि परिशिष्ट 6 में प्रारंभिक शिक्षा की भौतिक प्रगति का विस्तृत विहंगावलोकन।

**राज्य स्कूली शिक्षा दृष्टि 2010-15**

सरकार सभी विद्यालय-वाह्य बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली की मुख्य धारा में लाना सुनिश्चित करेगी।

शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात और वर्गकक्ष-विद्याथी अनुपात को शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप मानक स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास में कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार एवं क्रियान्वयन किया जाएगा।

कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूली बच्चों को पोशाकें मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी।

पूरे राज्य में माध्यमिक शिक्षा का आच्छादन सुनिश्चित करने के लिए हर 5 किमी की दूरी पर माध्यमिक विद्यालय स्थापित किए जाएंगे।

अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अति पिछड़े वर्गों में शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने और उसकी गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

इन्हें व्यवहार में लाने के लिए निम्नलिखित प्रयास किए जा रहे हैं :

1. सरकारी मानकों के अनुसार सभी बसाहटों में नए विद्यालय उपलब्ध कराना जो मापदंड को पूरे करें।
2. विद्यालय स्थापना का मापदंड पूरा नहीं करने वाली बस्तियों के बच्चों के आच्छादन के लिए परिवहन सुविधा/ भत्ता और आवासीय विद्यालयों/ छात्रावासों की योजना बनाना।
3. प्रवासी बच्चों का मानचित्रण तथा कार्यस्थल केंद्रों और मौसमी छात्रावासों के जरिए आच्छादन।
4. समुदाय की भागीदारी से सभी विद्यालय-वाह्य बच्चों को खोज निकालना।

**उच्च शिक्षा**

तालिका 5.10 में 2001 से बिहार में उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थिति दर्शाई गई है। गौर किया जा सकता है कि बिहार में एक नया विश्वविद्यालय 2004 में तथा एक अन्य विश्वविद्यालय 2008 में खुला। वर्ष 2005 में तीन नए शोध संस्थान शामिल हुए और 2007 में एक। महाविद्यालयों की कुल संख्या 2004 और 2005 के बीच 743 से बढ़कर 800 हो गई। वर्ष 2007 में 15 और नए महाविद्यालय जुड़े जिससे कुल संख्या 815 हो गई। वर्ष 2008 और 2009 के बीच दो नए अभियंत्रण महाविद्यालय/ संस्थान खुले। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास उपलब्ध कराने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप 2008 और 2009 के बीच 9 शिक्षण/ प्रशिक्षण केंद्र भी खोले गए।

**तालिका 5.10 : बिहार में उच्च शिक्षा संस्थान**

| | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विश्वविद्यालय | 11 | 11 | 11 | 12 | 12 | 12 | 12 | 13 | 13 |
| मुक्त विश्वविद्यालय | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| शोध संस्थान | 11 | 11 | 11 | 11 | 14 | 14 | 15 | 15 | 15 |
| महाविद्यालय/ संस्थान | 742 | 742 | 742 | 743 | 800 | 800 | 815 | 815 | 815 |
| सरकारी महाविद्यालय | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | 451 | 451 | 451 |
| स्थानीय निकाय महाविद्यालय | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | 97 | 97 | 97 |
| अन्य महाविद्यालय | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | 268 | 267 | 267 |
| शिक्षा/ अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 23 |
| अभियंत्रण/ तकनीकी महाविद्यालय | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | अनु. | 8 | 8 | 10 |
| अन्य | 63 | 63 | 63 | 63 | 63 | 36 | 62 | 164 | 164 |

स्रोत : मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार सरकार

परिशिष्ट 7 में बिहार में उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम आधारित नामांकन की स्थिति दर्शाई गई है। कला, विज्ञान और वाणिज्य जैसे सामान्य पाठ्यक्रमों में सभी विद्यार्थियों के बीच महिला विद्यार्थियों की संख्या ऐतिहासिक रूप से पुरुष विद्यार्थियों की अपेक्षा कम रही है। वर्ष 2008-09 में भी यह रुझान जारी रहा। कला में 2007-08 की अपेक्षा 2008-09 में महिला विद्यार्थियों के नामांकन में 25.68 प्रतिशत वृद्धि हुई। इस अवधि में विज्ञान/ कंप्यूटर विज्ञान/ अनुप्रयोग में महिला विद्यार्थियों का नामांकन 42.55 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि इसी अवधि में वाणिज्य में महिला विद्यार्थियों के नामांकन में 31.68 प्रतिशत गिरावट आई। पुरुष विद्यार्थियों का नामांकन कला में 25.87 प्रतिशत और विज्ञान में 27.99 प्रतिशत बढ़ा लेकिन वाणिज्य में 35.03 प्रतिशत गिरावट आई। अभियंत्रण में पुरुष नामांकन में 37.78 प्रतिशत वृद्धि हुई और महिला नामांकन में 20.56 प्रतिशत की। इनसे राज्य में उच्च शिक्षा में जारी लैंगिक अंतराल प्रतिबिंबित होता है।

कला में अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों का नामांकन 2008-09 में 2007-08 की अपेक्षा 16.28 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि वाणिज्य में नामांकन में 27.07 प्रतिशत की गिरावट आई और विज्ञान/ कंप्यूटर विज्ञान/ अनुप्रयोग में महिला विद्यार्थियों का नामांकन 19.64 प्रतिशत घटा। अनुसूचित जाति के पुरुष विद्यार्थियों का नामांकन कला में 18.14 प्रतिशत बढ़ा लेकिन विज्ञान में 38.84 प्रतिशत और वाणिज्य में 71.83 प्रतिशत घटा। अभियंत्रण में अनुसूचित जाति के पुरुष विद्यार्थयों के नामांकन में 2.99 प्रतिशत गिरावट आई और महिला

विद्यार्थियों के नामांकन में 29.21 प्रतिशत की। समग्रत: उच्च शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति के पुरुष विद्यार्थियों के नामांकन का रुख पलट गया है। वहीं, अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों के मामले में कला, शिक्षा और पॉलीटेकनीक संस्थाओं में नामांकन बढ़ा है।

अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के बीच कला में महिला विद्यार्थियों का नामांकन 2008-09 में 2007-08 की अपेक्षा 44.69 प्रतिशत बढ़ा; पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 86.52 प्रतिशत था। वाणिज्य में महिला अजजा नामांकन 53.57 प्रतिशत बढ़ा, वहीं पुरुष अजजा नामांकन 27.63 प्रतिशत घटा। विज्ञान में पुरुष अजजा नामांकन मात्र 11.61 प्रतिशत बढ़ा वहीं महिला अजजा नामांकन 8.4 प्रतिशत घटा। अभियंत्रण में पुरुष अजजा नामांकन में 18.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई और महिला नामांकन में 11.11 प्रतिशत की। चिकित्सा महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के नामांकन में भारी गिरावट आई - पुरुषों के लिए 20.37 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 66.67 प्रतिशत की।

कुल मिलाकर उच्च शिक्षा में महिलाओं का बढ़ता हिस्सा अध्यापक प्रशिक्षण तथा शिक्षा में सर्वाधिक है और उसके बाद कला में। इनका हिस्सा विज्ञान में काफी कम है और वाणिज्य में उससे भी कम। पेशेवर पाठ्यक्रमों में महला नामांकन चिकित्सा में अधिक है किंतु अभियंत्रण और पॉलिटेकनीक संस्थानों में बहुत ही कम। इस प्रकार उच्च शिक्षा में नामांकन पैटर्न लैंगिक पूर्वाग्रह जारी रहने का संकेत देते हैं। राज्य के समग्र सामाजिक विकास में वृद्धि के लिए इन पैटर्नों को तोड़ने की दिशा में जोर लगाना अत्यंत आवश्यक है।

**उच्च शिक्षा दृष्टि 2010-15**

बिहार सरकार हर अनुमंडल में एक स्नातक महाविद्यालय खोलने के लिए कृतसंकल्प है।

राज्य के युवकों के लिए टिकाऊ जीविका सुनिश्चित करने के लिहाज से कौशल विकास निगम की स्थापना की जाएगी।

बिहार को तकनीकी शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए नई नीति सूत्रबद्ध की जाएगी।

राज्य के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में एक लघु-आइटीआइ शुरू किया जाएगा।

प्रत्येक अनुमंडल में तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जाएगा।

प्रत्येक जिले में पॉलीटेकनीक और प्रत्येक प्रमंडल में अभियंत्रण तथा चिकित्सा महाविद्यालय होंगे।

## 5.2 जनसांख्यिकी और स्वास्थ्य

### जनसांख्यिकी

जनगणना 2001 के अनुसार बिहार में जनसंख्या का घनत्व 880 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी है और 38 में से 14 जिलों का जनसंख्या घनत्व 1,000 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. से ऊपर है। पटना सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला है जिसका जनसंख्या घनत्व 1,471 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। 38 में से 25 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं जिससे बिहार में देश के सभी बड़े राज्यों के बीच सबसे कम शहरीकरण है (तालिका 5.11 क तथा ख)।

बिहार में लिंग अनुपात 919 है। यह सर्वाधिक 1031 सीवान जिले में है जबकि 8 जिलों में 900 से कम है। पटना और मुंगेर जैसे अधिक शहरीकृत जिलों का लिंग अनुपात कम है। बिहार का बाल लिंग अनुपात 942 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है और इसमें जिलों के बीच ज्यादा समरूपता है - अधिकतम 967 तो न्यूनतम 915 (तालिका 5.11 क तथा ख)।

राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति का हिस्सा 15.7 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति का 0.9 प्रतिशत है जबकि धार्मिक अल्पसंख्यकों का 16.77 प्रतिशत। अनुसूचित जाति की जनसंख्या का सर्वाधिक हिस्सा गया जिले में है (29.6 प्रतिशत) और सबसे कम किशनगंज जिले में (6.6 प्रतिशत)। अनुसूचित जातियों में भी महादलित आबादी का बांका, गया, कैमूर, नवादा और वैशाली में 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। कुल आबादी में धार्मिक अल्पसंख्यकों का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में है और सबसे कम लखीसराय में - 4.4 प्रतिशत। कुल आबादी में अनुसूचित जनजाति आबादी का 4 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कटिहार, पूर्णिया, बांका तथा जमुई जिलों में है (तालिका 5.11 क तथा ख)।

**तालिका 5.11 क : बिहार की जनसांख्यिकी का विहंगावलोकन**

| | |
|---|---|
| घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग किमी) | 880 |
| शहरीकरण अनुपात (प्रतिशत) | 10.5 |
| लिंग अनुपात प्रति हजार | 919 |
| बाल लिंग अनुपात प्रति हजार | 942 |
| अनुसूचित जाति की आबादी का प्रतिशत | 15.7 |
| अनुसूचित जनजाति की आबादी का प्रतिशत | 0.9 |
| अल्पसंख्यक आबादी का प्रतिशत | 16.6 |

स्रोत : जनगणना 2001

## तालिका 5.11 ख : बिहार का जिलावार जनसांख्यिक विवरण

| | जनसंख्या (लाख) | घनत्व | ग्रामीण जनसंख्या (%) | लिंग अनुपात | बाल लिंग अनुपात | अजा जनसंख्या (%) | अजजा जनसंख्या (%) | अल्पसंख्यक जनसंख्या (%) | महादलित जनसंख्या (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **बिहार** | 829.99 | **880** | **89.5** | **919** | **942** | **15.7** | **0.9** | **16.6** | **15.69** |
| पटना | 47.19 | 1471 | 58.4 | 873 | 923 | 15.5 | 0.2 | 10.1 | 15.45 |
| नालंदा | 23.71 | 1006 | 85.1 | 914 | 942 | 20 | 0 | 7.5 | 19.99 |
| रोहतास | 24.51 | 636 | 86.7 | 909 | 951 | 18.1 | 1 | 10.1 | 18.07 |
| कैमूर | 12.89 | 382 | 96.8 | 902 | 940 | 22.2 | 2.8 | 9.5 | 22.14 |
| बक्सर | 14.02 | 864 | 90.8 | 899 | 925 | 14.1 | 0.6 | 6.2 | 14.04 |
| भोजपुर | 22.43 | 903 | 86.1 | 902 | 940 | 15.3 | 0.4 | 7.3 | 15.31 |
| गया | 34.73 | 699 | 86.3 | 938 | 968 | 29.6 | 0.1 | 11.6 | 29.62 |
| औरंगाबाद | 20.13 | 607 | 91.6 | 934 | 943 | 23.5 | 0.1 | 9.7 | 23.46 |
| जहानाबाद | 15.14 | 963 | 92.6 | 929 | 917 | 18.9 | 0.1 | 8.2 | 18.89 |
| नवादा | 18.10 | 726 | 92.6 | 946 | 978 | 24.1 | 0.1 | 11.3 | 24.04 |
| सारण | 32.49 | 1231 | 90.8 | 966 | 949 | 12 | 0.2 | 10.4 | 11.97 |
| सीवान | 27.14 | 1221 | 94.5 | 1031 | 934 | 11.4 | 0.5 | 18.2 | 11.3 |
| गोपालगंज | 21.53 | 1057 | 93.9 | 1001 | 964 | 12.4 | 0.3 | 17.1 | 12.37 |
| मुजफ्फरपुर | 37.47 | 1180 | 90.7 | 920 | 928 | 15.9 | 0.1 | 15.3 | 15.85 |
| सीतामढ़ी | 26.83 | 1214 | 94.3 | 892 | 924 | 11.8 | 0.1 | 21.2 | 11.75 |
| शिवहर | 5.16 | 1161 | 95.9 | 885 | 916 | 14.4 | 0 | 15.5 | 14.41 |
| पश्चिम चंपारण | 30.43 | 582 | 89.8 | 901 | 953 | 14.3 | 1.5 | 21.2 | 14.22 |
| पूर्व चंपारण | 39.40 | 991 | 93.6 | 897 | 937 | 13 | 0.1 | 19.2 | 13.03 |
| वैशाली | 27.18 | 1332 | 93.1 | 920 | 937 | 20.7 | 0.1 | 9.5 | 20.67 |
| दरभंगा | 32.96 | 1442 | 91.9 | 914 | 915 | 15.5 | 0 | 22.7 | 15.49 |
| समस्तीपुर | 33.95 | 1175 | 96.4 | 928 | 938 | 18.5 | 0.1 | 10.5 | 18.51 |
| मधुबनी | 35.75 | 1020 | 96.5 | 942 | 939 | 13.5 | 0 | 17.9 | 13.47 |
| सहरसा | 15.08 | 885 | 91.7 | 910 | 912 | 16.1 | 0.3 | 14.4 | 16.07 |
| सुपौल | 17.33 | 724 | 94.9 | 920 | 925 | 14.8 | 0.3 | 17.4 | 14.79 |
| मधेपुरा | 15.27 | 853 | 95.5 | 915 | 927 | 17.1 | 0.6 | 11.4 | 17.04 |
| पूर्णिया | 25.44 | 787 | 91.3 | 915 | 967 | 12.3 | 4.4 | 36.8 | 12.2 |
| अररिया | 21.59 | 751 | 93.9 | 913 | 963 | 13.6 | 1.4 | 41.1 | 13.59 |
| किशनगंज | 12.96 | 687 | 90 | 936 | 947 | 6.6 | 3.6 | 67.6 | 6.52 |
| कटिहार | 23.93 | 782 | 90.9 | 919 | 966 | 8.7 | 5.9 | 42.5 | 8.67 |
| भागलपुर | 24.23 | 946 | 81.3 | 876 | 966 | 10.5 | 2.3 | 17.5 | 10.42 |
| बांका | 16.09 | 533 | 96.5 | 908 | 965 | 12.4 | 4.7 | 11.8 | 12.34 |
| मुंगेर | 11.38 | 800 | 72.1 | 872 | 914 | 13.3 | 1.6 | 7.9 | 13.24 |
| लखीसराय | 8.02 | 652 | 85.3 | 921 | 951 | 15.8 | 0.7 | 4.4 | 15.74 |
| बेगूसराय | 23.49 | 1222 | 95.4 | 912 | 946 | 14.5 | 0.1 | 13.4 | 14.51 |
| जमुई | 13.99 | 451 | 92.6 | 918 | 963 | 17.4 | 4.8 | 12.2 | 17.29 |
| खगड़िया | 12.80 | 859 | 94 | 885 | 932 | 14.5 | 0 | 10.3 | 14.45 |
| शेखपुरा | 5.26 | 762 | 84.5 | 918 | 955 | 19.7 | 0 | 7.2 | 19.74 |

स्रोत : जनगणना 2001

स्वास्थ्य

**तालिका 5.12 क : चुनिंदा स्वास्थ्य विषयक सूचक**

| सूचक | डीएलएचएस III (2007-08) | | | डीएलएचएस II (2002-04) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी |
| **प्रसव-पूर्व देखरेख** | | | | | | |
| प्रसव-पूर्व जांच सुविधा प्राप्त माताएं (%) | 59.3 | 58.5 | 70.8 | 31.4 | 31.3 | 58.9 |
| पहली तिमाही में प्रसव-पूर्व जांच सुविधा-प्राप्त माताएं (%) | 24.2 | 22.9 | 40.7 | 18.5 | 16.3 | 38.4 |
| तीन या अधिक प्रसव-पूर्व जांच सुविधा प्राप्त माताएं (%) | 26.4 | 25.4 | 39.8 | 16 | 13.8 | 36.2 |
| पूर्ण प्रसव-पूर्व जांच सुविधा प्राप्त माताएं (%) | 4.6 | 4 | 11.7 | 4.3 | 3.4 | 12.4 |
| **प्रजनन स्वास्थ्य** | | | | | | |
| संस्थागत प्रसव (%) | 27.7 | 25.6 | 54.3 | 18.8 | 15.8 | 45.8 |
| घर में प्रसव (%) | 71.5 | 73.5 | 45.3 | 80.9 | 83.9 | 54 |
| सुरक्षित प्रसव (%) | 31.9 | 29.7 | 59.9 | 25.2 | 21.8 | 54.1 |
| प्रसव के दो सप्ताह के अंदर प्रसवोत्तर देखरेख प्राप्त माताएं (%) | 26.2 | 24.9 | 42.6 | अनु. | अनु. | अनु. |
| जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसव हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त माताएं (%) | 9.7 | 9.4 | 14.1 | अनु. | अनु. | अनु. |
| **बाल प्रतिरक्षण** | | | | | | |
| 12 से 23 माह के पूर्णतः प्रतिरक्षित बच्चे (%) | 41.4 | 41.4 | 41.2 | 20.7 | 19.1 | 35.4 |
| 12 से 23 माह के प्रतिरक्षण न पाने वाले बच्चे (%) | 1.6 | 1.5 | 2.7 | 51.8 | 53.5 | 36.2 |
| 12 से 23 माह के बीसीजी टीका लगवाने वाले बच्चे (%) | 81.5 | 81.6 | 80.4 | 44.6 | 42.6 | 62.2 |
| 12 से 23 माह के डीपीटी टीका लगवाने वाले बच्चे (%) | 54.4 | 54.5 | 53.8 | 31 | 29 | 49.1 |
| 12 से 23 माह के पोलियो की 3 खुराकें पाने वाले बच्चे (%) | 53.1 | 53 | 54 | 30.5 | 28.5 | 48.1 |
| 12 से 23 माह के खसरा का टीका लगवाने वाले बच्चे (%) | 54.2 | 54.1 | 55.8 | 24.4 | 22.7 | 40.1 |

स्रोत : फैक्टशीट बिहार; जिलास्तरीय परिवार एवं सुविधा सर्वेक्षण (डीएलएचएस)-3, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

बिहार में टीकाकरण के आच्छादन, संस्थागत प्रसव तथा बाल मृत्यु के मामले में 2002-04 और 2007-08 के बीच काफी नियमित सुधार दिखा है। प्रसवपूर्व देखरेख में इस अवधि में धीमा बदलाव देखा गया जबकि शहरी क्षेत्रों में अधिक अनुक्रियाशीलता देखी गई (तालिका 5.12 क)। वर्ष 2007-08 और 2008-09 के बीच बिहार में अधिकांश मातृ स्वास्थ्य संबंधी सूचकों के मामले में राष्ट्रीय पैटर्न की तुलना में गिरावट देखी गई जबकि बाल स्वास्थ्य संबंधी सूचकों में इस दौरान सुधार हुआ है (तालिका 5.12 ख)।

**तालिका 5.12 ख : मातृ तथा बाल स्वास्थ्य की स्थिति में बदलाव**

| बिहार और संपूर्ण भारत | **सूचक** | **2008-09** | **2007-08** | **प्रतिशत परिवर्तन** |
|---|---|---|---|---|
| | **मातृ स्वास्थ्य** | | | |
| बिहार | कुल निबंधित प्रसवपूर्व जांच | 1624579 | 1424898 | 7.0 |
| | कुल संस्थागत प्रसव | 1144677 | 838481 | 11.0 |
| | कुल गृहगत प्रसव | 230464 | 411441 | -44.0 |
| | कुल सूचित प्रसवों में गृहगत प्रसवों का प्रतिशत | 30.1 | | |
| संपूर्ण भारत | कुल निबंधित प्रसवपूर्व जांच | 26297659 | 22406410 | 17.4 |
| | कुल संस्थागत प्रसव | 11559374 | 15121659 | -23.6 |
| | कुल गृहगत प्रसव | 5477671 | 5424962 | 1.0 |
| | कुल सूचित प्रसवों में गृहगत प्रसवों का प्रतिशत | 32.2 | | |
| | **बाल स्वास्थ्य तथा प्रतिरक्षण** | अप्रील से मार्च तक उपलब्धि | | |
| | | 2008-09 | 2007-08 | **प्रतिशत परिवर्तन** |
| बिहार | बीसीजी का आच्छादन | 2423973 | 2254381 | 7.5 |
| | डीपीटी का आच्छादन | 1783082 | 1277302 | 39.6 |
| | खसरा | 2012853 | 1914273 | 5.1 |
| | पोलियो | 1893280 | 1144965 | 65.4 |
| संपूर्ण भारत | बीसीजी का आच्छादन | 26769655 | 26479487 | 1.1 |
| | डीपीटी का आच्छादन | 23602667 | 24154480 | -2.3 |
| | खसरा | 24363427 | 24129793 | 1.0 |
| | पोलियो | 24399768 | 23800562 | 2.5 |

स्रोत : हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआइएस) : एन एम्पावरमेंट मीडिया : प्रेलिमिनरी ऑब्जर्वेशंस एंड डेटा इस्सूज (अगस्त 2009), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; राज्य स्वास्थ्य समिति

महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकों के मामले में राज्य में विगत वर्षों क्रमिक सुधार दिखा है। एसआरएस 2011 के अनुसार, शिशु मृत्यु दर 2008 के 56 से गिरकर 2009 में 52 रह गया है। इस अवधि के लिए संपूर्ण भारत के संबंधित आंकड़े क्रमशः 53 और 50 हैं। इसी प्रकार, अशोधित जन्म दर 2008 में 28.9 थी जो 2009 में गिरकर 28.5 रह गई। संबंधित अखिल भारतीय आंकड़े क्रमशः 22.8 और 22.5 हैं। अशोधित मृत्यु दर भी 2009 में 2008 के 7.3 से गिरकर 7 रह गई जबकि संपूर्ण भारत के आंकड़े क्रमशः 7.4 और 7.3 हैं।

**आरेख 5.3 क : प्रति करोड़ आबादी पर स्वास्थ्य अधिसंरचना**




स्रोत : स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

राज्य में स्वास्थ्य अधिसंरचना की स्थिति का सारांश आरेख 5.3 क और परिशिष्ट 8 में दिया गया है। आरेख 5.3 क से स्पष्ट है कि 2001 से 2006 के बीच स्वास्थ्य अधिसंरचना में आई दीर्घकालिक गिरावट की स्थिति 2007 और 2008 में बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप पलट गई थी। लेकिन यह रुझान उसके बाद से फिर पलट गया है। स्वास्थ्य अधिसंरचना की स्थिति में सुधार को 2001 के स्तर पर पहुंचना अभी भी बाकी है। अक्तूबर 2010 में राज्य में 10,632 स्वास्थ्य केंद्र ही थे जबकि दिसंबर 2008 में 11,107 थे। इनमें से 494 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), 37 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 8,858 स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा 1,243 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। वर्ष 2009 और 2010 में प्रति लाख आबादी पर 11 स्वास्थ्य केंद्र थे जबकि 2008 में 13 थे। ऐसा गत दो वर्षों में उपकेंद्रों और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में आई कमी के कारण है। जिला स्तर पर आच्छादन में भी काफी अंतर है (परिशिष्ट 8)। तालिका 5.13 में राज्य में स्वास्थ्य अधिसंरचना में आई कमी की झलक प्रस्तुत की गई है जबकि परिशिष्ट 9 से 12 तक जिला स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्यकर्मियों की स्थिति का विहंगावलोकन प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका 5.13 : स्वास्थ्य अधिसंरचना में कमी**

| श्रेणी | वांछित | पदस्थापित | कमी |
|---|---|---|---|
| उप-केंद्र | 14959 | 8858 | 6101 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 2489 | 1774 | 715 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ रेफरल अस्पताल | 622 | 70 | 552 |
| एएनएम | 10499 | 9639 | 860 |

स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

**तालिका 5.14 : सरकारी अस्पताल पहुंचने वाले रोगियों की संख्या**

| महीना | रोगियों की संख्या प्रति सुविधा प्रतिदिन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 (अक्तूबर तक) |
| जनवरी | 39 | 2243 | 2522 | 1597 | 3526 |
| फरवरी | 653 | 2224 | 2693 | 3161 | 4288 |
| मार्च | 1018 | 2257 | 2778 | 4264 | 4841 |
| अप्रैल | 1101 | 2120 | 2825 | 3595 | 4674 |
| मई | 1306 | 2784 | 3908 | 3155 | 4957 |
| जून | 1547 | 3508 | 3900 | 3875 | 5069 |
| जुलाई | 2758 | 4093 | 4905 | 4538 | 5857 |
| अगस्त | 3063 | 3851 | 4817 | 4591 | 5874 |
| सितंबर | 2685 | 4140 | 5521 | 4280 | 4406 |
| अक्तूबर | 2454 | 4513 | 4505 | 3991 | 4768 |
| नवंबर | 2638 | 3188 | 3884 | 4819 | |
| दिसंबर | 2565 | 1998 | 4000 | 4042 | |

स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

हालांकि विद्यमान स्वास्थ्य सेवाप्रदान की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास तालिका 5.14 और आरेख 5.3 ख में साफ दिखते हैं जिसमें सरकारी स्वास्थ्य देखरेख सुविधाओं के लिए रोगियों के बढ़ी संख्या में आने का पता चलता है। स्वास्थ्य देखरेख संबंधी सरकारी सुविधाओं के लिए पहुंचने वाले रोगियों की संख्या में 2006 से होने वाली माहवार प्रगति असाधारण थी और इसमें बढ़त का रुझान अगस्त 2009 तक जारी रहा। सितंबर और अक्तूबर 2009 में विगत वर्ष की अपेक्षा गिरावट आई लेकिन अक्तूबर 2010 तक रोगियों की संख्या 2009 की तुलना में हर महीने अधिक थी (आरेख 5.3 ख)। आरेख 5.3 ग से 5.3 च तक प्रति क्लीनिक, प्रतिदिन बाहरी रोगियों के आगमन तथा बिस्तर अधिभोग दर (बेड ऑक्यूपेंसी रेट) के लिहाज से जिलों के बीच अंतर का विहंगावलोकन प्रस्तुत किया गया है।

**आरेख 5.3 ख : रोगियों की संख्या प्रति सुविधा प्रतिदिन ( 2001-02 से 2009-10 )**




स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

**आरेख 5.3 ग : सार्वजनिक अस्पतालों में प्रति क्लीनिक रोगियों का औसत आगमन ( अप्रील '10 से अक्तू. '10 तक )**




स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

**आरेख 5.3 घ : बाहरी रोगियों का औसत दैनिक आगमन (अप्रील '10 से अक्तू. '10 तक)**




स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

**आरेख 5.3 च : भर्ती रोगियों की बिस्तर अधिभोग दर (अप्रील '10 से अक्तू. '10 तक)**




*** जहानाबाद अनुपलब्ध** स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

संस्थागत प्रसवों की संख्या भी 2006-07 से बहुत तेजी से बढ़ी है (आरेख 5.4 क)। मार्च 2007 से अक्तूबर 2010 तक संस्थागत प्रसवों के जिलावार मासिक आंकड़े परिशिष्ट 13 में दिए गए हैं। आरेख 5.4 ख में जननी एवं बाल सुरक्षा योजना की जिलावार पहुंच दर्शाई गई है।

**आरेख 5.4 क : संस्थागत प्रसव – जनवरी 2006 से अक्तूबर 2010 तक**




स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

**आरेख 5.4 ख : जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के तहत जिला स्तरीय आच्छादन**




स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

**तालिका 5.15 : एंटीजेन आधारित प्रतिरक्षण आच्छादन का विहंगावलोकन**

| एंटीजेन का नाम | 2008-09 | | | 2009-10 | | | 2010-11(अक्तूबर तक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि का प्रतिशत | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि का प्रतिशत | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि का प्रतिशत |
| टीटी (पी.डब्ल्यू) | 3185540 | 2534557 | 79.56 | 3274719 | 3243807 | 99.06 | 3284787 | 2148749 | 65.42 |
| बीसीजी | 2895946 | 2219241 | 76.63 | 2977017 | 2307356 | 77.51 | 2986170 | 1148376 | 38.46 |
| ओपीवी 0 | 2895946 | 1196215 | 41.31 | 2977017 | 1449233 | 48.68 | 2986170 | 797983 | 26.72 |
| ओपीवी 1 | 2895946 | 2421993 | 83.63 | 2977017 | 2299714 | 77.25 | 2986170 | 1028036 | 34.43 |
| ओपीवी 2 | 2895946 | 2152307 | 74.32 | 2977017 | 2286821 | 76.82 | 2986170 | 1012971 | 33.92 |
| ओपीवी 3 | 2895946 | 1984844 | 68.54 | 2977017 | 2211685 | 74.29 | 2986170 | 936524 | 31.36 |
| डीपीटी 1 | 2895946 | 2257791 | 77.96 | 2977017 | 2435279 | 81.80 | 2986170 | 1028036 | 34.43 |
| डीपीटी 2 | 2895946 | 1962177 | 67.76 | 2977017 | 2413012 | 81.05 | 2986170 | 1053278 | 35.27 |
| डीपीटी 3 | 2895946 | 1822770 | 62.94 | 2977017 | 2330656 | 78.29 | 2986170 | 1052447 | 35.24 |
| खसरा | 2895946 | 2163801 | 74.72 | 2977017 | 2087531 | 70.12 | 2986170 | 1053098 | 35.27 |

स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

बीसीजी, ओपीवी और डीपीटी प्रतिरक्षण का आच्छादन 2008-09 और 2009-10 के बीच काफी बढ़ा है लेकिन इसी अवधि में ओपीवी का आच्छादन अपेक्षाकृत कम रहा है (तालिका 5.15)।

**तालिका 5.15 : स्वास्थ्य व्यय का वित्तीय विहंगावलोकन**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | अनुमोदित बजट | प्राप्त राशि | | कुल प्राप्ति | कुल व्यय | प्राप्तियों के मुकाबले उपयोग का प्रतिशत | अनुमोदित बजट के मुकाबले उपयोग का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भारत सरकार (एनआरएचएम) | बिहार सरकार | | | | |
| 2005-06 | 398.22 | 124.33 | - | 124.33 | 38.62 | 31.1 | 9.7 |
| 2006-07 | 571.42 | 328.75 | 51.84 | 380.59 | 92.14 | 24.2 | 16.1 |
| 2007-08 | 680.7 | 240.2 | 175.37 | 415.57 | 237.8 | 57.2 | 34.9 |
| 2008-09 | 766.69 | 645.1 | 0.19 | 645.29 | 339.75 | 52.6 | 44.3 |
| 2009-10 | 1040.66 | 411.28 | 215.41 | 626.69 | 562.53 | 89.8 | 54.1 |
| 2010-11 (अक्तू. '10) | 1029.15 | 271.63 | 95.72 | 367.35 | 273.83 | 74.5 | 26.6 |
| योग | 4486.84 | 2021.29 | 538.53 | 2559.82 | 1544.67 | 60.3 | 34.4 |

स्रोत : राज्य स्वास्थ्य समिति

राज्य स्वास्थ्य समिति को आबंटित कुल राशि 2005-06 के 398.22 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 1,040.66 करोड़ रु. हो गई थी जो 2010-11 में थोड़ा घटकर 1,029.15 करोड़ रु. रह गई। इसमें से वास्तविक विमुक्ति 2005-06 के 124.33 करोड़ रु. से बढ़कर 2008-08 में 645.29 करोड़ रु. और 2009-10 में 626.69 करोड़ रु. ही हुई। प्राप्तियों की तुलना में उपयोग 2005-06 में मात्र 31.1 प्रतिशत था जो 2009-10 में बढ़कर 89.6 प्रतिशत हो गया। हालांकि अनुमोदित बजट की तुलना में उपयोग निम्न है

लेकिन 2005-06 के 9.7 प्रतिशत की तुलना में यह 2009-10 में 54.1 प्रतिशत हो गया (तालिका 5.16)। राशि वितरण के जिलावार पैटर्न परिशिष्ट 14 में वर्णित हैं।

<u>समेकित बाल विकास योजना (आइसीडीएस)</u>

समेकित बाल विकास योजना छोटे बच्चों तथा संभावित एवं दूध पिलाने वाले माताओं के लिए शिशु देखरेख, प्रारंभिक उत्प्रेरण तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, जल एवं पर्यावरण स्वच्छता में दीर्घकालिक सुधार की ओर लक्षित सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुधारक हस्तक्षेप है। यह छोटे बच्चों, तथा संभावित एवं दूध पिलाने वाली माताओं के लिए लक्ष्याधारित कार्यक्रम है। बिहार में सभी 38 जिलों के सभी विकास प्रखंडों को आच्छादित करती 544 समेकित बाल विकास योजनाएं चल रही हैं जिनके तहत 86,237 आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) तथा 5,440 लघु आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे हैं (तालिका 5.17)।

**तालिका 5.17 : समेकित बाल विकास परियोजनाओं का विहंगावलोकन**

| वर्ष | परियोजनाओं की संख्या | आंगनवाड़ी तथा अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों की सं. | लघु आंगनवाड़ी केंद्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 2000-01 तक | 203 | 30093 | |
| 2001-02 | 30 | 4767 | - |
| 2002-03 | 160 | 25662 | - |
| 2003-04 | - | - | - |
| 2004-05 | - | - | - |
| 2005-06 | 139 | 19602 | - |
| 2006-07 | 5 | 113 | - |
| 2007-08 | 7 | 560 | - |
| 2008-09 | 0 | 5440 | 5440 |
| 2009-10 | 0 | 0 | 0 |
| 2010-11 (अक्तू. '10 तक) | 0 | 0 | 0 |
| योग | 544 | 86237 | 5440 |

स्रोत : समेकित बाल विकास योजना निदेशालय, बिहार सरकार

चूंकि समेकित बाल विकास योजना मुख्यत: मानव पूंजी आधारित कार्यक्रम है इसलिए कार्यक्रम की सफलता के लिए कर्मचारियों की मौजूदगी अत्यंत महत्वपूर्ण है (तालिका 5.18)। आंगनवाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की कार्यरत क्षमता 2009-10 से 2010-11 के बीच स्वीकृत पदों के 99.3 प्रतिशत से गिरकर 87.5 प्रतिशत रह गई है। इसका कारण नए पदों का सृजन है जिन्हें भरा जाना अभी शेष ही है। प्रखंड स्तर पर कार्यकारी अधिकारी - बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के मामले में कार्यरत क्षमता

स्वीकृत पदों का 93.3 प्रतिशत है। हालांकि 2008-09 में महिला पर्यवेक्षक के 3,288 स्वीकृत पदों में 7.3 प्रतिशत ही भरे थे। यह 2007-08 से स्थिति का बिगड़ना ही दर्शाते हैं जिस समय संबंधित आंकड़ा 8.3 प्रतिशत था। यह स्थिति 2010-11 में भी पूर्ववत है। महिला पर्यवेक्षकों की भारी कमी दूर की जानी चाहिए क्योंकि लक्षित महिलाओं के बीच परियोजनाओं की स्वीकार्यता के लिए ये महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

**तालिका 5.18 : समेकित बाल विकास योजना - कर्मियों की स्थिति**

| वर्ष | पद | बाल विकास परियोजना अधिकारी | महिला पर्यवेक्षक | आंगनवाड़ी सेविका | आंगनवाड़ी सहायिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 2008-09 | स्वीकृत क्षमता | 544 | 3288 | 80797 | 80797 |
| | वास्तविक क्षमता | 485 | 274 | 80211 | 80211 |
| | रिक्त | 59 | 3014 | 586 | 586 |
| | वास्तविक क्षमता का प्रतिशत | 89.15 | 8.33 | 99.27 | 99.27 |
| 2009-10 | स्वीकृत क्षमता | 544 | 3288 | 80797 | 80797 |
| | वास्तविक क्षमता | 508 | 254 | 80211 | 80211 |
| | रिक्त | 36 | 3034 | 586 | 586 |
| | वास्तविक क्षमता का प्रतिशत | 93.38 | 7.73 | 99.27 | 99.27 |
| 2010-11 (अक्तू. 10) | स्वीकृत क्षमता | 544 | 3288 | 91677 | 91677 |
| | वास्तविक क्षमता | 508 | 254 | 80211 | 80211 |
| | रिक्त | 36 | 3034 | 11466 | 11466 |
| | वास्तविक क्षमता का प्रतिशत | 93.38 | 7.73 | 87.49 | 87.49 |

स्रोत : समेकित बाल विकास योजना निदेशालय, बिहार सरकार

बिहार समेकित बाल विकास योजना के लिए संसाधनों का आबंटन और उपयोग, दोनों बढ़ा है। कुल बजट 2003-04 के 241.97 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 934.40 करोड़ रु. हो गया है (तालिका 5.19)। वास्तविक राशि विमुक्ति के कम हिस्से का पूर्ववर्ती पैटर्न तोड़ते हुए 2007-08 में 85 प्रतिशत राशि विमुक्त की गई थी जो 2008-09 में घटकर 45 प्रतिशत रह गई थी। लेकिन 2009-10 में यह पुनः बढ़कर 75 प्रतिशत पहुंच गई। बजट के प्रतिशत के बतौर व्यय 2008-09 के 78 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 92 प्रतिशत पहुंच गया है। इस प्रकार 2009-10 में 2008-09 के मुकाबले राशि के समग्र आबंटन और उपयोग, दोनों में वृद्धि हुई है। तालिका 5.20 में समेकित बाल विकास योजना संबंधी परियोजनाओं की जिला स्तर पर स्थिति दर्शाई गई है।

### तालिका 5.19 : समेकित बाल विकास योजना - संसाधन का उपयोग

| वर्ष | बिहार में समेकित बाल विकास योजना के लिए कुल बजट (लाख रु.) | बिहार हेतु भारत सरकार द्वारा विमुक्त कुल राशि (लाख रु.) | बिहार द्वारा बताया गया कुल व्यय (लाख रु.) | विमुक्त राशि बजट के प्रतिशत के बतौर | व्यय विमुक्त धन के प्रतिशत के बतौर | व्यय बजट के प्रतिशत के बतौर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2003-04 | 24197.17 | 8980.54 | 14242.24 | 37.11 | 158.59 | 58.86 |
| 2004-05 | 23874.20 | 15524.40 | 14234.40 | 65.03 | 91.69 | 59.62 |
| 2005-06 | 26290.94 | 18393.30 | 19536.65 | 69.96 | 106.22 | 74.31 |
| 2006-07 | 40270.05 | 36931.00 | 30497.14 | 91.71 | 82.58 | 75.73 |
| 2007-08 | 48358.72 | 41101.73 | 34910.82 | 84.99 | 84.94 | 72.19 |
| 2008-09 | 61621.07 | 27457.93 | 48244.68 | 44.56 | 175.70 | 78.29 |
| 2009-10 | 93440.07 | 69660.60 | 85870.65 | 74.55 | 123.27 | 91.90 |
| 2010-11 (अक्तू. 10) | 88023.51 | 42198.20 | 24148.29 | 47.94 | 57.23 | 27.43 |
| योग | 406075.73 | 260247.70 | 271684.87 | 64.09 | 104.39 | 66.90 |

स्रोत : समेकित बाल विकास योजना निदेशालय, बिहार सरकार

### तालिका 5.20 : समेकित बाल विकास योजना का जिला स्तर पर विहंगावलोकन

| जिला | आइसीडीएस परियोजनाओं की सं. | | स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की स. | जिला | आइसीडीएस परियोजनाओं की सं. | | स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की स. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वीकृत | कार्यशील | | | स्वीकृत | कार्यशील | |
| पटना | 23 | 23 | 3937 | दरभंगा | 19 | 19 | 3213 |
| नालंदा | 20 | 20 | 2319 | समस्तीपुर | 20 | 21 | 3438 |
| रोहतास | 20 | 20 | 2309 | मधुबनी | 21 | 21 | 3569 |
| कैमूर | 11 | 11 | 1286 | सहरसा | 11 | 10 | 1464 |
| बक्सर | 10 | 10 | 1403 | सुपौल | 11 | 11 | 1743 |
| भोजपुर | 15 | 15 | 2137 | मधेपुरा | 13 | 13 | 1524 |
| गया | 25 | 25 | 3334 | पूर्णिया | 15 | 15 | 2482 |
| औरंगाबाद | 11 | 11 | 2004 | अररिया | 9 | 9 | 2125 |
| जहानाबाद | 7 | 7 | 925 | किशनगंज | 7 | 7 | 1295 |
| अरवल | 5 | 5 | 587 | कटिहार | 16 | 15 | 2325 |
| नवादा | 14 | 14 | 1810 | भागलपुर | 17 | 17 | 2215 |
| सारण | 21 | 21 | 3187 | बांका | 11 | 11 | 1609 |
| सीवान | 19 | 19 | 2618 | मुंगेर | 10 | 10 | 1074 |
| गोपालगंज | 14 | 14 | 2152 | लखीसराय | 6 | 6 | 802 |
| मुजफ्फरपुर | 17 | 17 | 3701 | बेगूसराय | 18 | 18 | 2308 |
| सीमामढ़ी | 18 | 18 | 2642 | जमुई | 10 | 10 | 1397 |
| शिवहर | 5 | 5 | 513 | खगड़िया | 7 | 7 | 1276 |
| पश्चिम चंपारण | 17 | 17 | 2980 | शेखपुरा | 6 | 6 | 526 |
| पूर्व चंपारण | 28 | 29 | 3896 | **योग** | **544** | **544** | **80797** |
| वैशाली | 17 | 17 | 2672 | | | | |

स्रोत : समेकित बाल विकास योजना निदेशालय, बिहार सरकार

जलापूर्ति एवं स्वच्छता

जलापूर्ति और स्वच्छता लोक स्वास्थ्य के अभिन्न अंग हैं। राज्य और केंद्रीय योजनाओं के जरिए जलापूर्ति एवं स्वच्छता हेतु बसाहटों के आच्छादन में वर्ष 2006-07 से अक्तूबर 2010 तक की जिलावार वार्षिक प्रगति परिशिष्ट 15 में प्रस्तुत है। आरेख 5.5 में चापाकल लगाने के मामले में 2007-08 और 2008-09 में जिला स्तर पर मौजूद अंतरों को दर्शाया गया है।

**आरेख 5.5 : केंद्रीय ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम के तहत चापाकलों की स्थापना**




स्रोत : लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार

ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के जरिए आच्छादन 2007-08 में लक्ष्य का 25 प्रतिशत था जो 2009-10 में बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया है। पुराने चापाकलों को बदलने के मामले में उपलब्धि 2008-09 में लक्ष्य का 25 प्रतिशत थी जो 2009-10 में बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई। वर्ष 2009-10 में अनाच्छादित टोलों में स्वच्छता के आच्छादन विस्तार के लक्ष्य के बरअक्स उपलब्धि 2008-09 के 80 प्रतिशत से गिरकर 65 प्रतिशत रह गई। वित्तीय प्रगति में साल-दर-साल भिन्नता दिखती है; व्यय 2007-08 में परिव्यय का 92.4 प्रतिशत, 2008-09 में 32.5 प्रतिशत और 2009-10 में 71.6 प्रतिशत था (तालिका 5.21)।

तालिका 5.21 : जलापूर्ति एवं स्वच्छता हेतु राज्य योजनागत योजनाओं में वित्तीय तथा भौतिक प्रगति

| वित्तीय प्रगति | | | | (लाख रु.) |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू.10 तक) |
| परिव्यय | 16027.85 | 42527.85 | 22700.00 | 27290.74 |
| व्यय | 14812.84 | 13801.8 | 16258.51 | 8186.70 |
| व्यय का प्रतिशत | 92.42 | 32.45 | 71.62 | 30.00 |

**भौतिक प्रगति**

| योजनाएं | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि (उपलब्धि का %) | लक्ष्य | उपलब्धि (उपलब्धि का %) | लक्ष्य | उपलब्धि (उपलब्धि का %) | लक्ष्य | उपलब्धि (उपलब्धि का %) |
| ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना | 80 | 20 (25%) | 70 | 17 (24 %) | 56 | 20 (36 %) | 39 | 3 (8 %) |
| पुराने चापाकलों को बदलना | अनु. | अनु. | 27238 | 6887 (25 %) | 20351 | 12298 (60%) | 8053 | 1589 (20%) |
| अनाच्छादित टोलों का आच्छादन | 2000 | 7761 | 24579 | 19705 (80%) | 40508 | 26285 (65%) | 18749 | 4822 (26%) |

स्रोत : लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार

## 5.3 श्रम, नियोजन और गरीबी

आरेख 5.6 क



तेंदुलकर समिति की रिपोर्ट के आधार पर योजना आयोग के अनुमानों में प्रतिबिंबित होने वाली गरीबी की बिहार में राष्ट्रीय औसत की तुलना में लगातार उच्च उपस्थिति बनी हुई है। बिहार में ग्रामीण गरीबी 2004-05 में 55.7 प्रतिशत थी जबकि संपूर्ण भारत का औसत 41.8 प्रतिशत था। वहीं शहरी गरीबी 25.7 प्रतिशत राष्ट्रीय औसत की तुलना में 43.7 प्रतिशत थी। बिहार की समग्र जनसंख्या के लिए गरीबी अनुपात 54.4 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत 37.2 प्रतिशत। बिहार की संपूर्ण जनसंख्या के लिए गरीबी अनुपात 54.4 प्रतिशत था और राष्ट्रीय औसत 37.2 प्रतिशत (आरेख 5.6 क)। कुल शहरी बेरोजगारी 10 प्रतिशत थी जबकि ग्रामीण बेरोजगारी 6.8 प्रतिशत (आरेख 5.6ख)।

**आरेख 5.6 ख**




स्रोत : राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, 61वां चक्र

**आरेख 5.6 ग**




जनगणना 2001

बिहार में कार्य सहभागिता दर (डब्ल्यूपीआर) 32.9 प्रतिशत है। 14 जिलों में यह 30 प्रतिशत से अधिक है। अनुसूचित जाति आबादी में कार्य सहभागिता दर 38.2 प्रतिशत है – 17 जिलों में तो 45 प्रतिशत से भी अधिक। अनुसूचित जनजाति आबादी में कार्य सहभागिता दर और भी अधिक – 45.2 प्रतिशत है। राज्य में कार्य सहभागिता दर में लैंगिक अंतराल अधिक है – महिला कार्य सहभागिता दर 18.4 प्रतिशत है और पुरुष कार्य सहभागिता दर 46.3 प्रतिशत। लैंगिक अंतराल अनुसूचित जातियों में कम है – महिला कार्य सहभागिता दर 28.2 प्रतिशत है और पुरुष कार्य सहभागिता दर 47.5 प्रतिशत; अनुसूचित जनजातियों में यह और भी कम है – क्रमशः 36.9 प्रतिशत और 52.9 प्रतिशत (परिशिष्ट 16)। इस पर भी गौर किया जाना चाहिए कि बिहार में शहरी महिला कार्य सहभागिता दर 7.0 प्रतिशत है जबकि पूरे भारत के लिए यह आंकड़ा 9.4 प्रतिशत है। वर्ष 1991 और 2001 के बीच 38 में से 20 जिलों में ग्रामीण महिला कार्य सहभागिता दर वृद्धि 10 प्रतिशत से अधिक थी – जमुई में सर्वाधिक 20.3 प्रतिशत। आर्थिक रूप से असुरक्षित जिलों में कार्य सहभागिता दर में वृद्धि की व्याख्या का मुख्य कारक गरीबी और पुरुषों का पलायन है जहां अधिकांश महिलाएं कृषि श्रमिक हैं (आरेख 5.6 ख, ग और घ)।

**आरेख 5.6 घ : क्षेत्र के आधार पर नियोजन**




स्रोत : राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, 61वां चक्र

बिहार में जीविका देने, रोजगार के अवसर पैदा करने तथा गरीबों की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के कार्यक्रमों का विहंगावलोकन नीचे प्रस्तुत है।

<u>स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाइ)</u>

यह स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के जरिए समुदायों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की एक योजना है। इसमें व्यक्तिगत स्वरोजगार योजनाओं का भी एक घटक है जिसे चरणबद्ध ढंग से समाप्त किया जा रहा है। वर्ष 2009-10 में इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के जरिए 1,58,061 व्यक्तियों को सहायता दी गई थी। लगभग 40 प्रतिशत लाभान्वित महिलाएं थीं और 62 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के। वर्ष 2009-10 में 6,090 व्यक्तिगत स्वरोजगारियों को भी इस योजना के जरिए सहायता दी गई थी जिनमें 32 प्रतिशत लाभान्वित महिलाएं थीं और 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के थे। वर्ष 2009-10 में इस योजना के

तहत 2,38,359 स्वयं सहायता समूह सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया था। इनमें से 38 प्रतिशत महिलाएं थीं और 66 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के। वर्ष 2010 में कुल 1,349 प्रशिक्षित व्यक्तिगत स्वरोजगारियों के लिए ये आंकड़े क्रमशः 43 प्रतिशत और 24 प्रतिशत थे (परिशिष्ट 17 क)।

वर्ष 2010-11 के पहले छः महीनों में कुल मिलाकर राशि का उपयोग 52.5 प्रतिशत था जिस मामले में जिलों के बीच काफी अंतर था। लखीसराय, जहानाबाद, शेखपुरा और खगड़िया जिलों में 30 प्रतिशत से भी कम राशि का उपयोग हुआ। दूसरी ओर, बेगूसराय, बक्सर, सहरसा और पटना में 70 प्रतिशत से भी अधिक राशि का उपयोग हुआ। पटना में राशि का उपयोग सर्वाधिक 90 प्रतिशत था जबकि सबसे कम 11 प्रतिशत लखीसराय में। सर्वाधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों का निर्माण वैशाली में हुआ (3,712) और उसके बाद पटना (2,045) तथा सीवान (2,029) में। दूसरी ओर सबसे कम मात्र 37 स्वयं सहायता समूहों का निर्माण लखीसराय में हुआ।

<u>इंदिरा आवास योजना</u>

इंदिरा आवास योजना का लक्ष्य मुख्यतः अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों, मुक्त बंधुआ मजदूरों और गरीबी रेखा से नीचे स्थित गैर-अजा/ अजजा ग्रामीण परिवारों को एकमुश्त वित्तीय सहायता देकर आवासीय इकाइयों के निर्माण/ उत्क्रमण में सहयोग देना है। इस योजना के तहत न्यूनतम 60 प्रतिशत आवास अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को तथा 3 प्रतिशत विकलांगों को देना जरूरी है।

वर्ष 2009-10 में इस योजना के तहत 69.4 प्रतिशत राशि का उपयोग करके 59 प्रतिशत भौतिक लक्ष्य हासिल हुआ था। उस वर्ष पूरा हुए कुल मकानों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का हिस्सा 51 प्रतिशत था। यह 60 प्रतिशत के निर्धारित मानक से ही कम नहीं था, गत वर्ष से भी कम था। अल्पसंख्यकों का हिस्सा भी गिरकर 9.32 प्रतिशत रह गया था जो योजना के मानक से कम था (परिशिष्ट 19 क)। योजना के क्रियान्वयन में जिला स्तर पर भी अंतर दिखता है। अररिया और मधेपुरा में 30 प्रतिशत से भी कम लक्ष्य हासिल हुए जबकि राशि का उपयोग क्रमशः 51 प्रतिशत और 75.5 प्रतिशत है। 9 जिलों में भौतिक उपलब्धि 50 प्रतिशत से कम है। पांच जिलों - मधुबनी, गया, अररिया, अरवल और पूर्णिया में राशि का उपयोग 60 प्रतिशत से कम है। दूसरी छोर पर भागलपुर, बक्सर, पूर्व चंपारण और खगड़िया हैं जिनमें से प्रत्येक में 90 प्रतिशत से अभी अधिक राशि का उपयोग कर लिया गया था लेकिन भौतिक उपलब्धि 58 प्रतिशत से 91 प्रतिशत के बीच थी। रोहतास, नवादा और सुपौल में भौतिक उपलब्धियां लक्ष्य से अधिक थीं जबकि राशि का उपयोग 61 से 84 प्रतिशत के बीच था (परिशिष्ट 19 ख)।

<u>महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन गारंटी योजना (मनरेगा)</u>

मनरेगा एक मांग आधारित गारंटीशुदा रोजगार कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य सभी रोजगार चाहने वालों को ग्राम स्तर पर 100 दिन का अतिरिक्त रोजगार (विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रम में उपलब्ध संसाधनों के अतिरिक्त) उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य मृदा एवं जल संरक्षण, वृक्षारोपण, भूमि विकास संबंधी कार्य, ग्रामीण संपर्क पथ संबंधी कार्य के साथ-साथ व्यक्तिगत बीपीएल/ अजा/ अजजा लाभार्थियों से संबंधित

आवश्यकता आधारित आर्थिक, सामाजिक और सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण के जरिए खाद्य सुरक्षा भी उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत कोई भी आवेदक 100 दिनों का रोजगार पाने का हकदार है।

इस कार्यक्रम के लिए 2009-10 में 124.1 लाख परिवारों को जॉब कार्ड जारी किए गए जिनमें से 41.9 प्रतिशत अनुसूचित जाति के परिवार थे। 33.3 प्रतिशत जॉब-कार्डधारी परिवारों ने 2009-10 में रोजगार की मांग की थी और 33.26 प्रतिशत जॉब-कार्डधारी परिवारों को रोजगार मिला था। रोजगार पाने वाले 6.95 प्रतिशत परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया गया था (तालिका 5.22)।

रोजगार मांगने वाले परिवारों के अनुपात के मामले में जिला स्तर पर काफी अधिक भिन्नता है। पूर्णिया, कटिहार, गोपालगंज, सारण और सीवान में 20 प्रतिशत से भी कम जॉब-कार्डधारियों ने रोजगार की मांग की। बिहार में बड़े पैमाने पर गरीबी वाले जिले भी हैं। दूसरी ओर, सीतामढ़ी और शिवहर में 70 प्रतिशत से भी अधिक जॉब-कार्डधारियों ने रोजगार की मांग की (परिशिष्ट 18 क)।

इस कार्यक्रम के तहत 2009-10 में 41.27 लाख परिवारों के लिए 1,137.53 लाख कार्यदिवस का रोजगार सृजित हुआ है। इसमें से 30 प्रतिशत कार्यदिवस महिलाओं के लिए थे। वर्ष 2009-10 में लगभग 7 प्रतिशत परिवार इंदिरा आवास योजना अथवा भूमि सुधारों के मामले में भी लाभान्वित थे। इस कार्यक्रम में धन के उपयोग और रोजगार सृजन के मामले में जिलों के बीच काफी अधिक अंतर बना हुआ है। मुजफ्फरपुर में धन के 95 प्रतिशत उपयोग के साथ सर्वाधिक 96.2 लाख कार्यदिवस रोजगार सृजित हुआ। पटना, सीतामढ़ी और पूर्व चंपारण में 60 से 75 प्रतिशत राशि का उपयोग करके 60 लाख से अधिक कार्यदिवस का रोजगार सृजित हुआ। दूसरी ओर 12 जिलों में धन के 60 से 90 प्रतिशत उपयोग के जरिए 4.46 से 17.51 लाख कार्यदिवस का ही रोजगार सृजित हुआ। वर्ष 2009-10 में पूरे राज्य के मामले में धन का उपयोग 75.8 प्रतिशत था (परिशिष्ट 18 ख)।

**तालिका 5.22 : मनरेगा का विहंगावलोकन**

| संख्या | 2009-10 | 2010-11 (सितंबर 10 तक) |
|---|---|---|
| जॉबकार्ड-धारी परिवार | 12406518 | 4127311 |
| जॉबकार्ड-धारी अजा परिवार | 5202033 | 1137.53 |
| रोजगार मांगने वाले परिवार | 4131450 | 341.33 |
| रोजगार पाने वाले परिवार | 4127311 | 287757 |
| 100 दिन का रोजगार पाने वाले परिवार | 287019 | 239670.91 |
| कुल जॉबकार्ड-धारी परिवारों में अजा परिवार (%) | 41.93 | 181773.58 |
| जॉबकार्ड-धारी परिवारों में रोजगार मांगने वाले परिवार (%) | 33.3 | 75.84 |
| रोजगार पाने वाले परिवारों में 100 दिन रोजगार पाने वाले परिवार (%) | 6.95 | 30.01 |

स्रोत : ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

<u>खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली</u>

आवश्यक वस्तु हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) राज्य में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण उपाय रही है। लक्षित लाभार्थियों के लिए संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दूकानों के जरिए

लाइसेंसधारी दूकानदारों द्वारा चार आवश्यक वस्तुओं (गेहूं, चावल, चीनी तथा किरासन तेल) का वितरण किया जाता है।

**तालिका 5.23 : सार्वजनिक वितरण प्रणाली वितरण का विहंगावलोकन**

| पीडीएस दूकानदारों की सार्वजनिक पृष्ठभूमि | पीडीएस दूकानों की संख्या | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 8462 | 20.0 |
| अनुसूचित जनजाति | 324 | 0.8 |
| पिछड़ी जाति | 14182 | 33.6 |
| अति पिछड़ी जाति | 2967 | 7.0 |
| मुसलमान | 2576 | 6.1 |
| महिला | 2606 | 6.2 |
| महिला स्वयं सहायता समूह | -- | -- |
| हेल्पर समिति | 689 | 1.6 |
| सहकारी समिति (पूर्व सैनिक) | 3 | 0.0 |
| विकलांग | 75 | 0.2 |
| सामान्य | 10323 | 24.5 |
| अन्य | -- | -- |
| **योग** | 42207 | 100 |

स्रोत : खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार

राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कुल 42,207 दूकानदार हैं जिनकी सामाजिक पृष्ठभूमि का सारांश तालिका 5.23 में प्रस्तुत है। इसका जिलावार विवरण परिशिष्ट 20 क में प्रस्तुत है। गत वर्ष दूकानों की कुल संख्या 42,726 थी जिससे 2001 से इनमें कमी का रुझान जारी रहने का पता चलता है (परिशिष्ट 20 क)।

राज्य सरकार द्वारा 2006 में कराए गए मौलिक सर्वेक्षण में संशोधन के आधार पर उपभोक्ताओं को गरीबी रेखा के ऊपर (एपीएल) और गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल), दो श्रेणियों में बांटा गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत तीन योजनाएं चलती हैं : (1) बीपीएल – बीपीएल परिवारों को प्रति माह 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (25 कि.ग्रा. चावल और 10 कि.ग्रा. गेहूं) उपलब्ध कराने के लिए, (2) अंत्योदय – अत्यंत गरीब बीपीएल परिवारों को 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2 रु. प्रति कि.ग्रा. की दर से 21 कि.ग्रा. चावल तथा 3 रु. प्रति कि.ग्रा. की दर से 14 कि.ग्रा. गेहूं) उपलब्ध कराने के लिए, तथा (3) अन्नपूर्णा – गृहविहीन वरिष्ठ नागरिकों के लिए 6 कि.ग्रा. गेहूं और 4 कि.ग्रा. चावल मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए।

**तालिका 5.24 : सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कामकाज ( 2001-02 से 2009-10)**

(आंकड़े हजार टन में)

| योजना | | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अंत्योदय** | | | | | | | | | | |
| केंद्र सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 60 | 168 | 168 | 168 | 182.01 | 386.75 | 611.99 | 611.99 | 611.99 |
| | गेहूं | 90 | 252 | 252 | 252 | 273.01 | 275.33 | 407.99 | 408 | 408.00 |
| राज्य सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 620.69 | अनु. |
| | गेहूं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 413.79 | अनु. |
| पीडीएस दूकानदारों द्वारा उठाव | चावल | 46.52 | 98.09 | 1570.07 | 155.11 | 166.59 | 300.42 | 514.01 | 461.53 | 543.17 |
| | गेहूं | 68.8 | 152.61 | 243.01 | 237.06 | 258.39 | 238.27 | 366.58 | 322.41 | 385.41 |
| उठाव केंद्र सरकार द्वारा आबंटन के % में | चावल | 77.54 | 58.38 | 93.5 | 92.33 | 92 | 78 | 83.99 | 75.41 | 88.75 |
| | गेहूं | 76.45 | 60.56 | 96.43 | 94.07 | 95 | 87 | 89.85 | 79.02 | 94.46 |
| **बीपीएल** | | | | | | | | | | |
| केंद्र सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 887.71 | 887.71 | 887.71 | 887.71 | 1001.02 | 1313.29 | 1198.19 | 1272.06 | 1272.06 |
| | गेहूं | 1331.47 | 1331.47 | 1331.47 | 1331.47 | 1148.94 | 622.98 | 479.28 | 447.74 | 447.74 |
| राज्य सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1532.78 | अनु. |
| | गेहूं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 968.6 | अनु. |
| पीडीएस दूकानदारों द्वारा उठाव | चावल | 66.16 | 45.11 | 59.64 | 132.29 | 147.51 | 184.42 | 479.64 | 470.27 | 741.56 |
| | गेहूं | 310.56 | 401.64 | 603.46 | 672.49 | 523.98 | 227.44 | 273.79 | 289.94 | 410.31 |
| उठाव केंद्र सरकार द्वारा आबंटन के % में | चावल | 7.45 | 5.08 | 6.71 | 14.9 | 15 | 14 | 40.03 | 36.97 | 58.30 |
| | गेहूं | 23.32 | 30.16 | 45.32 | 66.67 | 46 | 37 | 57.13 | 64.76 | 91.64 |
| **अन्नपूर्णा** | | | | | | | | | | |
| केंद्र सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 7.99 | 7.53 | 7.5 | 7.68 | 8.02 | 8.00 | 8.00 | 8.00 | 7.99 |
| | गेहूं | 12 | 11.31 | 11.26 | 10.92 | 12.03 | 12.00 | 12.00 | 12.00 | 11.99 |
| राज्य सरकार द्वारा आबंटन | चावल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | अनु. |
| | गेहूं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | अनु. |
| पीडीएस दूकानदारों द्वारा उठाव | चावल | 6.88 | 5.56 | 6.72 | 6.73 | 6.94 | 6.38 | 6.32 | 6.79 | 6.10 |
| | गेहूं | 10.1 | 8.43 | 10.27 | 10.06 | 10.66 | 9.62 | 9.61 | 10.45 | 9.15 |
| उठाव केंद्र सरकार द्वारा आबंटन के % में | चावल | 86.14 | 73.83 | 89.69 | 87.69 | 86.53 | 80 | 79.05 | 84.95 | 76..35 |
| | गेहूं | 84.14 | 74.6 | 91.19 | 92.13 | 88.63 | 80 | 80.14 | 87.16 | 76.31 |

स्रोत : खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार

वर्ष 2007-08 तक बिहार में जन वितरण प्रणाली का आबंटन केंद्र सरकार पर पूरी तरह निर्भर था। वर्ष 2008-09 से राज्य सरकार ने भी जन वितरण प्रणाली की तीनों योजनाओं के तहत आबंटन करना शुरू किया

है। वर्ष 2001-02 से लेकर 10 वर्षों की अवधि में अंत्योदय में आवंटनों के प्रतिशत के बतौर उठाव 2005-06 में सर्वाधिक था जिसके बाद से 2009-10 तक चावल और गेहूं, दोनों के आबंटन में भारी गिरावट दिखी। इसके विपरीत, बीपीएल के लिए चावल और गेहूं का उठाव इस अवधि में काफी बढ़ा। अन्नपूर्णा के लिए उठाव 2001-02 से 2008-09 तक लगभग समरूप रहा लेकिन 20099-10 में उसमें तेज गिरावट दर्ज हुई (तालिका 5.24)।

वर्ष 2008-09 के लिए चावल और गेहूं के उठाव के प्रतिशत के जिलावार आंकड़े परिशिष्ट 20 ख में दर्ज हैं। जिलों के बीच और जिलों के अंदर, दोनों स्तर पर खाद्यान्नों के उठाव के मामले में तीनों योजनाओं के लिए एक ही खाद्यान्न हेतु काफी अंतर है। बीपीएल योजना के लिए बहुत कम उठाव वाले जिले मधुबनी, सारण, और भोजपुर हैं जहां चावल और गेहूं, दोनों का उठाव 20 प्रतिशत से भी कम रहा है। चावल के मामले में 20 प्रतिशत से कम उठाव मधुबनी, बांका, जमुई और दरभंगा जिलों में रहा है। अंत्योदय के लिए उठाव अधिक समरूप है। वर्ष 2009-10 में अन्नपूर्णा के लिए सीवान और मधेपुरा में उठाव हुआ ही नहीं है। नालंदा और गोपालगंज जिलों में अन्नपूर्णा के लिए चावल और गेहूं, दोनों का उठाव 2009-10 में 20 प्रतिशत से कम रहा था (परिशिष्ट 20 ख)।

## 5.4 सीमांत तबकों के लिए हस्तक्षेप

<u>अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति</u>

बिहार में 22 जातियां अनुसूचित जाति के रूप में सूचीबद्ध हैं जिनका राज्य की आबादी में 15.7 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं अनुसूचित जनजातियां बिहार की आबादी में 0.9 प्रतिशत हैं। वर्ष 2007 में राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण नामक एक अलग विभाग गठित किया है। बिहार में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु प्रमुख हस्तक्षेप निम्नलिखित हैं :

- विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां तथा वजीफे
- 18,343 स्कूली छात्राओं के लिए पोशाकें
- 10,696 अजा बच्चों के लिए 51 तथा 2,512 अजजा बच्चों के लिए 15 आवासीय विद्यालयों के प्रावधान
- छात्रावास तथा पुस्तक बैंक के प्रावधान
- परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण सुविधा
- उत्पीड़न अधिनियम के तहत आच्छादित उत्पीड़ितों के लिए कानूनी सहायता तथा मदद
- अनुसूचित जनजाति में 2003 में शामिल थारू जनजाति के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम

अजा/ अजजा कल्याण हेतु कुल परिव्यय 2009-10 के 311.2 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 403.36 करोड़ रु. हो गया (तालिका 5.25)। राज्य में 2008-09 और 2009-10 के लिए अजा/ अजजा कल्याण में प्रमुख भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का जिला स्तरीय विहंगावलोकन परिशिष्ट 21 में प्रस्तुत है।

**तालिका 5.25 : अजा एवं अजजा कल्याण हेतु आबंटन का विहंगावलोकन**

(लाख रु.)

| मद | प्रमुख शीर्ष | बजट 2009-10 | | | बजट 2010-11 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना | गैर-योजना | योग | योजना | गैर-योजना | योग |
| अजा एवं अजजा | 2225 | 21398.00 | 8154.86 | 29552.86 | 27769.15 | 9533.57 | 37302.72 |
| सचिवालय सेवाएं | 2251 | 0.00 | 182.63 | 182.63 | 0.00 | 188.70 | 188.70 |
| पूंजीगत परिव्यय | 4225 | 1285.00 | 0.00 | 1285.00 | 2745.00 | 0.00 | 2745.00 |
| सहकारी समितियों पर पूंजीगत परिव्यय | 4425 | 100.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| **योग** | | **22783.00** | **8337.49** | **31120.49** | **30614.15** | **9722.27** | **40336.42** |

स्रोत : अजा/ अजजा कल्याण विभाग, बिहार सरकार

<u>महादलित</u>

बिहार महादलित विकास मिशन ने राज्य महादलित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर अनसूचित जाति की बीस सर्वाधिक वंचित जातियों के विकास के लिए अनेक लक्ष्य आधारित योजनाएं आरंभ की हैं :

- मुख्यमंत्री महादलित पोशाक योजना के जरिए 2009-10 तक सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे 8,42,537 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंग के बतौर महादलित परिवारों को महादलित विकास मिशन के सहयोग से मुफ्त शौचालय निर्माण की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के लिए मिशन के जरिए 7 करोड़ रु. आबंटित किए गए हैं।
- पांच गैर सरकारी संगठनों के जरिए जनवरी 2010 से 13,530 शिक्षित महादलितों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।
- राज्य सरकार महादलित विकास योजना के तहत गृहनिर्माण के लिए हर भूमिहीन महादलित परिवार को 3 डि. जमीन देने की व्यवस्था कर रही है।
- महादलितों के लिए राज्य सरकार की अन्य कल्याण योजनाओं में महादलित आवास योजना, महादालित जलापूर्ति योजना, महादलित बस्ती संपर्क योजना, महादलित आंगनवाड़ी, महादलित शिशुशाला, विशेष महादलित विद्यालय या छात्रावास, मुख्यमंत्री नारी ज्योति योजना, धन्वंतरी चलंत आयुर्वेदिक चिकित्सा, चलंत सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सिर पर मैला ढोने की प्रथा का उन्मूलन, सार्वजनिक भवन सह कार्यशाला निर्माण, महादलित स्वास्थ्य कार्ड योजना तथा मुख्यमंत्री जीवन-दृष्टि योजना शामिल हैं।

<u>महिला सशक्तीकरण</u>

919 लिंग अनुपात वाले बिहार में लैंगिक अंतराल में भेदभाव, सीमांतीकरण तथा उत्पीड़न के अनेक आयाम शामिल हैं। निस्संदेह लैंगिक अंतराल लैंगिक संबंधों में ही अंतर्निर्मित है जिस पर संतुलित सामाजिक विकास के लिहाज से काबू पाया जाना चाहिए।

राज्य सरकार 2008-09 से अपना जेंडर बजट प्रकाशित करती रही है। वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिए जेंडर बजट का संक्षिप्त अवलोकन तालिका 5.26 क में प्रस्तुत है।

**तालिका 5.26 क : जेंडर बजट का सारांश**

(करोड़ रु.)

| विवरण | 2009-10 | 2010-11 |
|---|---|---|
| महिलाओं के लिए श्रेणी-1 की योजनाएं (100% लाभार्थी) | 1118.13 | 1650.46 |
| महिलाओं के लिए श्रेणी-2 की योजनाएं (30% लाभार्थी) | 2238.81 | 3008.11 |
| महिलाओं के लिए कुल परिव्यय | 3356.94 | 4658.57 |
| संबंधित विभागों के लिए परिव्यय | 20354.35 | 21652.72 |
| महिला हेतु परिव्यय संबंधित विभागों के कुल परिव्यय के % में | 16.49 | 21.51 |
| राज्य बजट का कुल आकार | 47446.34 | 53758.56 |
| राज्य बजट में परिव्ययों का हिस्सा (%) | 7.07 | 8.66 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 129433.35 | 168302.82 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद में महिला हेतु परिव्ययों का हिस्सा (%) | 2.59 | 2.76 |

स्रोत : जेंडर बजट, वित्त विभाग, बिहार सरकार

वर्ष 2009-10 और 2010-11 के बीच श्रेणी-2 की योजनाओं में परिव्ययों में भारी वृद्धि के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात के बतौर जेंडर बजट में 6.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस पर अवश्य गौर करना चाहिए कि दोनों वर्षों के लिए श्रेणी-2 (वैसे बजट परिव्यय जिनमें 30 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हों) से संबंधित पूरे आंकड़ों की गणना यह मानकर की गई है कि सारी लिंग-निरपेक्ष कल्याणकारी योजनाओं में न्यूनतम 30 प्रतिशत महिलाएं लाभान्वित होंगी। अभी श्रेणी-2 में सूचीबद्ध योजनाओं में महिलाओं के वास्तविक अनुपात के सत्यापन के लिए कोई प्रक्रिया नहीं है।

तालिका 5.26 ख दर्शाती है कि श्रेणी-2 के परिव्ययों में अधिक वृद्धि मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य और पंचायती राज में है। दूसरी ओर योजना एवं राजस्व तथा भूमिसुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों में परिव्यय कम हुआ दिखा है।

**तालिका 5.26 क : जेंडर बजट का अवलोकन**

(करोड़ रु.)

| विभाग का नाम | 2009-10 (पु.अ.) | | | 2010-11 (ब.अ.) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल बजट परिव्यय | श्रेणी-1 का परिव्यय | श्रेणी-2 का परिव्यय | कुल बजट परिव्यय | श्रेणी-1 का परिव्यय | श्रेणी-2 का परिव्यय |
| समाज कल्याण | 2167.64 | 661.78 | 182.97 | 2491.90 | 677.39 | 261.92 |
| अजा एवं अजजा कल्याण | 311.20 | 80.51 | 28.62 | 403.36 | 105.07 | 39.83 |
| लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण | 1266.95 | 67.20 | | 1129.91 | 73.06 | |
| अल्पसंख्यक कल्याण | 211.86 | 4.60 | 2.00 | 367.82 | 10.60 | 0.50 |
| मानव संसाधन विकास | 8731.19 | 969.58 | 98.38 | 9379.72 | 1425.44 | 246.40 |
| स्वास्थ्य | 1809.37 | 7.43 | 188.19 | 2099.92 | 10.52 | 263.98 |
| ग्रामीण विकास | 1400.39 | 129.00 | 601.68 | 1404.62 | 104.50 | 780.00 |
| शहरी विकास एवं आवास | 1764.44 | 218.25 | | 1790.78 | 500.92 | |
| पंचायती राज | 1192.69 | 37.64 | | 1465.69 | 40.85 | |
| श्रम संसाधन | 171.79 | 12.48 | 1.54 | 177.98 | 13.62 | 0.65 |
| योजना एवं विकास | 804.05 | 24.75 | | 406.60 | 18.00 | |
| पिछड़ा एवं अति पिछड़ी वर्ग कल्याण | 103.28 | 16.32 | 14.75 | 101.94 | 28.15 | 5.18 |
| राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 590.11 | 0.00 | 50.00 | 432.49 | 0.00 | 52.01 |
| योग | 20524.96 | 2229.54 | 1168.13 | 21652.72 | 3008.11 | 1650.46 |

स्रोत : जेंडर बजट, वित्त विभाग, बिहार सरकार

**तालिका 5.27 : लैंगिक भेदभाव से निपटने वाली प्रमुख योजनाएं**

(लाख रु.)

| योजना | 2005-06 वास्तविक | 2006-07 वास्तविक | 2007-08 वास्तविक | 2008-09 वास्तविक | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (2007) | 0.00 | 0.00 | 4879.65 | 6814.37 | 2092.00 | 6542.90 |
| नारी शक्ति योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1500.48 | 2672.00 | 2007.00 |
| मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना | 0.00 | 194.60 | 969.00 | 3482.97 | 6000.00 | 6000.00 |
| कन्या सुरक्षा योजना | 0.00 | 0.00 | 200.00 | 2600.00 | 1200.00 | 4200.00 |
| मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना | 1.81 | 0.29 | 3492.01 | 8.23 | 11452.49 | 13200.00 |
| मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना | 12.94 | 3588.92 | 25.27 | 0.00 | 0.00 | 9800.00 |

स्रोत : जेंडर बजट, वित्त विभाग, बिहार सरकार

लैंगिक भेदभाव से निपटने हेतु राज्य सरकार के हस्तक्षेपों को तीन मुख्य शीर्षों के तहत समेटा जा सकता है : शिक्षा (बालिका साइकिल तथा पोशाक योजना), बाल रक्षा (कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए कन्या सुरक्षा योजना) तथा सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा (सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, कन्या विवाह योजना तथा नारी शक्ति योजना) (तालिका 5.27)।

महिला विकास निगम राज्य में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। इसने हर जिले में कार्यक्रम प्रबंधक का पद सृजित कर रखा है। सभी जिलों में हेल्पलाइन स्थापित करने तथा अल्पावास गृह बनाने के अलावा 2009-10 में इसने 71 नए प्रखंडों में अपने कार्यक्रमों का विस्तार किया है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास भरी जिंदगी जीने के लिए महिलाओं का संवेदनीकरण और सशक्तीकरण करना तथा उन्हें सहायता देना है। कार्यक्रम में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक सशक्तीकरण की योजनाएं शामिल हैं।

<u>आर्थिक सशक्तीकरण</u>

- वर्ष 2009-10 में बिहार के 27 जिलों के 176 प्रखंडों, 1,519 पंचायतों और 4,819 गांवों में 16,367 महिला स्वयं सहायता समूहों का पोषण किया गया। इस प्रयास के जरिए 15.19 करोड़ रु. की बचत की गई है। जीविका निर्माण/ खाद्य सुरक्षा/ कौशल विकास/ रोजगार सृजन के लिए 61 महिला स्वयं सहायता समूहों को 535.8 लाख रु. प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, 52,095 विकास स्वयंसेवकों को महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की रणनीति संचालित करने के लिहाज से सक्षम बनाया गया है।
- दरभंगा, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 310 लाभार्थियों (पिछड़े समुदायों की किशोरियों और वयस्क महिलाओं) को सेवा क्षेत्र के कंप्यूटर, गृह व्यवस्था, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण और बिक्री प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया है। दूसरे चरण में 1,936 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के मकसद से सममुदाय आधारित खुदरा उद्यम शुरू किए गए हैं। अभी 534 स्वयं सहायता समूह इस प्रयास के साथ जुड़े हुए हैं।
- 750 थारू परिवारों की महिलाओं को 66 स्वयं समूहों में संगठित किया गया है।

- सूखा प्रभावित क्षेत्रों में चावल सघनीकरण सहकारी समितियों के जरिए 82,471 रु. आय होने से 2,654 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। शुद्ध आलू बीज प्रौद्योगिकी के जरिए हुई 14,729 रु. आय से 72 परिवार लाभान्वित हुए हैं।
- 15 प्रखंडों में पट्टे पर ली गई 814 बीघा जमीन पर सामूहिक खेती शुरू की गई है।

सामाजिक सशक्तीकरण

- हेल्पलाइन और अल्पावासों गृहों के अलावा, बालिका भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज, घरेलू हिंसा और जादू-टोना आदि मामलों पर जागरूकता बढ़ाने के लिहाज से 11,564 नुक्कड़ नाटकों के जरिए 33 लाख लोगों से संपर्क किया गया है।
- सामाजिक पुनर्वास कोष के लिए जिला स्तर पर 95 लाख रु. वितरित किए गए हैं।
- विभिन्न माध्यमों के जरिए जेंडर संबंधी मुद्दों पर जागरूकता वृद्धि अभियान।

सांस्कृतिक सशक्तीकरण

- 6 जिलों के 20 महिला विद्यालयों में 'सपनों को चली छूने' कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी सह जेंडर मेला आयोजित किए गए हैं।
- जेंडर आधारित पारंपरिक विधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सांस्कृतिक सर्वेक्षण की संकल्पना की जा रही है।
- बक्खो समुदाय की महिलाओं के क्षमता विकास के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- नारी शक्ति उत्सव का आयोजन।

पंचायती राज संस्थाएं

पंचायती राज में महिलाओं के 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व वाले बिहार में पंचायती राज संस्थाओं को सामाजिक विकास और परिवर्तन के मुख्य वाहक के बतौर देखा गया है। तालिका 5.28 में बिहार की पंचायती राज संस्थाओं के प्रशासनिक ढांचे का विहंगावलोकन किया गया है।

**तालिका 5.28 : पंचायती राज संस्थाओं के प्रशासनिक ढांचे का विहंगावलोकन**

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| जिला परिषद | 38 |
| पंचायत समिति | 531 |
| ग्राम पंचायत | 8463 |
| ग्राम कचहरी | 8463 |
| ग्राम पंचायत सदस्य | 115876 |
| ग्राम पंचायतों के मुखिया | 8463 |
| पंचायत समिति सदस्य | 11566 |
| जिला परिषद सदस्य | 1162 |
| ग्राम कचहरी के सदस्य | 115876 |
| ग्राम पंचायत के सरपंच | 8463 |
| ग्राम पंचायत सचिव | 8463 |
| न्याय मित्र | 8463 |
| ग्राम कचहरी के सचिव | 8463 |
| जिला पंचायती राज अधिकारी | 38 |
| पंचायत राज अधिकारी | 516 |

स्रोत : पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार

विभिन्न योजनाओं के लिए पंचायती राज संस्थाओं का व्यय/ परिव्यय अनुपात 2009-10 में 80 और 100 प्रतिशत के बीच था। अपवाद सिर्फ कार्यबल की स्थापना था जिसके लिए अनुपात 29.9 प्रतिशत पर पिछड़ रहा था। पंचायती राज संस्थाओं के भवन के तहत विभिन्न घटकों के लिए अनुपात लगभग 92 प्रतिशत था जबकि प्रशासनिक प्रयासों पर व्यय का अनुपात 85 से 92 प्रतिशत के बीच था (तालिका 5.29)।

**तालिका 5.29 : पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय प्रगति का विहंगावलोकन ( 2009-10 )**

(लाख रु.)

| योजना का नाम | परिव्यय | व्यय | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के तहत एकीकृत अनुदान | 59516.36 | 49321.00 | 82.87 |
| सीवान के लिए क्षमतावृद्धि तथा एकीकृत विकास अनुदान (राज्य निधि से) | 1600.00 | 1598.00 | 99.88 |
| पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के तहत क्षमतावृद्धि | 3598.64 | 3566.14 | 99.10 |
| पंचायती राज संस्था/ ग्राम कचहरी सदस्यों का प्रशिक्षण | 259.48 | 259.48 | 100.00 |
| जापान नीति एवं मानव संसाधन विकास | 276.91 | 276.91 | 100.00 |
| पंचायती राज संस्थाओं/ ग्राम कचहरियों के निर्वाचित सदस्यों के लिए भत्ते | 8774.74 | 8498.84 | 96.86 |
| ग्राम पंचायतों का सुदृढ़ीकरण | 423.15 | 416.38 | 98.40 |
| ग्राम कचहरियों का सुदृढ़ीकरण | 423.15 | 418.73 | 98.96 |
| पंचायतों के कार्यों और उपलब्धि के प्रति जागरूकता वृद्धि | 18.80 | 18.25 | 97.07 |
| कार्यबल की स्थापना | 24.50 | 7.34 | 29.96 |
| ग्राम कचहरी भवनों के लिए किराया | 215.27 | 180.18 | 83.70 |
| **योग** | **75131.00** | **64561.25** | **85.93** |
| **गैर-योजना** | | | |
| मुख्यालय की स्थापना | 256.51 | 237.24 | 92.49 |
| जिला पंचायत की स्थापना | 11440.64 | 10618.32 | 92.81 |
| प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना | 177.23 | 161.19 | 90.95 |
| कर्मचारियों के वेतन के लिए जिला परिषदों को अनुदान | 1100 | 936.96 | 85.18 |
| न्यायमित्रों और ग्राम कचहरी सचिवों के लिए अनुदान | 4519.44 | 4018.74 | 88.92 |
| जिला परिषद को अनुरूपयोजी (मैचिंग) अनुदान | 1073.6 | 1073.6 | 100.00 |
| ग्राम पंचायत के लिपिक सह नाजिर के लिए मानदेय | 2327.31 | - | - |
| 12वां वित्त आयोग अनुशंसित अनुदान | 32484.37 | 32484.37 | 100.00 |
| ग्रामीण सड़कों का अनुरक्षण/ निर्माण | 200 | - | - |
| **योग** | **53579.1** | **49530.42** | 92.44 |
| चुनाव मुख्यालय का स्थापना व्यय | 145.71 | 138.24 | 94.87 |
| जिला परिषद/ पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के चुनाव पर व्यय | 575.98 | 508.75 | 88.33 |
| सचिवालय आर्थिक सेवाएं | 52.62 | 44.73 | 85.01 |

स्रोत : पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार

**पंचायती राज विभाग की पहलकदमियां**

मुख्यमंत्री ग्रामोदय कार्यक्रम : बिहार ग्रामीण अनुदान निधि के तहत आच्छादित सभी ग्राम पंचायतों में गलियों के पक्कीकरण तथा नालियों और आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण हेतु तय रकम में राज्य योजना परिव्यय से समान रकम जोड़कर इस कार्यक्रम की शुरुआत 2010-11 में की गई थी। इस कार्यक्रम में सीवान के ग्राम पंचायत भी शामिल हैं जो बिहार ग्रामीण अनुदान निधि के तहत आच्छादित नही हैं।

समेकित कार्य योजना : सात जनजातीय तथा पिछड़े जिलों - अरवल, औरंगाबाद, जहानाबाद, गया, जमुई, नवादा और रोहतास में बिहार ग्रामीण अनुदान निधि के तहत अधिसंरचना निर्माण तथा सेवा प्रदान के मकसद से यह कार्यक्रम 2010-11 में शुरू किया गया था। जिलों को 125 करोड़ रु. वितरित किए गए हैं।

पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग कल्याण

बिहार में 131 पिछड़ी जातियों का आबादी में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। पिछड़ी तथा अतिपिछड़ी जातियों के लिए बिहार में विभिन्न कल्याणकारी उपाय इस प्रकार हैं :

- प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए वजीफे
- आवासीय विद्यालयों की स्थापना
- विद्यार्थियों के लिए मैट्रिक-पूर्व वजीफे
- बालिका एवं बालक छात्रावासों का निर्माण
- पिछड़ी जाति विकास निगम हेतु हिस्सा पूंजी का प्रावधान
- तकनीकी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को वजीफे
- मेरिट उन्नयन योजना

पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्गों के कल्याण का पैटर्न दर्शाता है कि अनुमोदित राशि के प्रतिशत के बतौर व्यय सामान्यत: काफी अधिक होता है (तालिका 5.30)। व्यय का विस्तृत अवलोकन परिशिष्ट 22 में प्रस्तुत है।

**तालिका 5.30 : पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग कल्याण की वित्तीय प्रगति (करोड़ रु.)**

| विवरण | 2008-09 | 2009-10 (अक्तू. 09 तक) |
|---|---|---|
| कुल परिव्यय | 6150.6 | 6742.0 |
| कुल अनुमोदित राशि | 6022.5 | 6742.0 |
| कुल व्यय | 4785.8 | 6684.0 |
| व्यय अनुमोदित राशि के प्रतिशत में | 79.5 | 99.1 |
| व्यय कुल परिव्यय के प्रतिशत में | 77.8 | 99.1 |

स्रोत : पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार

आरेख 5.7 क और ख में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग शिक्षा ऋण तथा स्वरोजगार प्रशिक्षण संबंधी विहंगावलोकन प्रस्तुत है। शिक्षा ऋण संबंधी लाभान्वितों की संख्या में 2007-08 से गिरावट आ रही है।

**आरेख 5.7 क**




**आरेख 5.7 ख**




<u>अल्पसंख्यक</u>

बिहार की आबादी में धार्मिक अल्पसंख्यकों का 16.77 प्रतिशत हिस्सा है जिसमें 16.53 प्रतिशत मुसलमान, 0. 03 प्रतिशत ईसाई तथा 0.21 प्रतिशत अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। अल्पसंख्यकों द्वारा झेली जाने वाली विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के लिहाज से राज्य सरकार ने उनकी उन्नति हेतु लक्ष्य आधारित कार्यक्रम के बतौर अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं।

- राज्य के 14 जिलों में पटना में एक बालिका छात्रावास सहित 15 छात्रावासों का निर्माण 2009-10 में पूरा हो गया है।
- राज्य की उल्लेखनीय हस्तियों की स्मृति में भवनों का निर्माण किया जा रहा है।
- राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम की हिस्सा पूंजी के लिए 200 लाख रु. का प्रावधान किया गया।
- मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना के लिए 2009-10 में 100 लाख रु. आबंटित किए गए।

- वर्ष 2009-10 में मुसलमान परित्यक्ताओं के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड के जरिए वित्तीय सहायता हेतु 200 लाख रु. आबंटित किए गए।
- वर्ष 2009-10 में वक्फ की संपत्ति के विकास के लिए राज्य वक्फ बोर्ड को परिचक्रण निधि (रिवॉल्विंग फंड) हेतु 55 लाख रु. सहायता अनुदान का प्रावधान किया गया।
- वक्फ संपत्ति के रखरखाव और सुरक्षा के लिए 5 लाख रु. का प्रावधान किया गया।
- अल्पसंख्यक समुदाय के कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मेधा सह गरीबी आधार पर छात्रवृत्ति के लिए 100 लाख रु. आबंटित किए गए और इस योजना से 2008-09 में 300 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।
- मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के जरिए 2009 में 10.45 करोड़ रु. वितरित किए गए जिससे 4,011 लड़कियों सहित 10,354 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।
- गरीब परिवारों के कॉलेज पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्रवृत्ति के बतौर 63 लाख रु. अनुमोदित किए गए।

तालिका 5.31 में 2009-10 में राज्य योजना के तहत अल्पसंख्यक कल्याण की वित्तीय प्रगति का विहंगावलोकन प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका 5.31 : अल्पसंख्यक कल्याण हेतु योजना का वित्तीय अवलोकन (2009-10)**

(लाख रु.)

| राज्य योजना | बजट की राशि | स्वीकृत राशि | व्यय | उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बालक-बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण | 900.0 | 900.0 | 900.0 | 100 |
| हज भवन आदि का निर्माण | 459.0 | 459.0 | 459.0 | 100 |
| राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम हेतु राज्य की हिस्सा पूंजी का प्रावधान | 200.0 | 200.0 | 200.0 | 100 |
| राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम हेतु हिस्सा पूंजी | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0 |
| वक्फ की संपत्तियों का कंप्यूटरीकरण तथा सर्वेक्षण | 40.0 | 40.0 | 40.0 | 100 |
| मेधा सह गरीबी आधार पर कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100 |
| मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना | 1363.8 | 1299.9 | 1299.9 | 100 |
| कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए राज्य सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी हेतु छात्रवृत्ति | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100 |
| वक्फ की संपत्तियों का रखरखाव और सुरक्षा | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0 |
| राज्य वक्फ बोर्ड को सहायता अनुदान | 55.0 | 55.0 | 55.0 | 100 |
| परित्यक्ताओं को सुन्नी वक्फ बोर्ड के जरिए वित्तीय सहायता | 200.0 | 200.0 | 200.0 | 100 |
| अल्पसंख्यक कारीगरों आदि को प्रशिक्षण | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100 |
| मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति का राज्यांश (केंद्रीय योजना) | 166.1 | 166.1 | 166.1 | 100 |
| बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का राज्यांश (केंद्र प्रायोजित योजना) | 1335.4 | 1335.4 | 1335.4 | 100 |
| योग | 5019.4 | 4955.5 | 4955.5 | 100 |

<u>श्रमिक एवं सामाजिक कल्याण</u>

*श्रमिक*

बिहार की श्रमशक्ति कृषि, असंगठित उद्यम तथा सेवा क्षेत्र में संकेंद्रित हैं। बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी बिहार के सामाजिक विकास के लिए चुनौती बने हुए हैं। राज्य में श्रम संसाधन के सुधार हेतु ली गई पहलकदमियों का विहंगावलोकन इस प्रकार है :

- शिक्षित बेरोजगार युवा-युवतियों को प्रशिक्षण देने के मकसद से 36 सामान्य तथा 9 महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) 34 पेशों (ट्रेड) में नियमित आधार पर प्रशिक्षण चला रहे हैं। वर्ष 2008 और 2009 के बीच इन संस्थानों में नामांकन 7,943 से घटकर 7,699 हो गया था किंतु 2010 में बढ़कर 10,000 हो गया है। प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए तमाम सुविधाविहीन जिलों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया है।
- 23 नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में मॉड्यूलर नियोजनीय कौशल (एमईएस) कार्यक्रम शुरू किया गया।
- 350 से भी अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को स्वीकृति प्रदान की गई है।
- घरेलू वित्तपोषण के तहत 2 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उत्क्रमण हेतु चुना गया।
- 13 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत उत्क्रमण हेतु चुना गया।
- केंद्र सरकार द्वारा विश्व बैंक की सहायता के अंतर्गत 8 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट केंद्र हेतु चुना गया।
- बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 212 व्यावसायिक अनुदेशकों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई जिनमें से 201 अनुदेशकों को विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त किया गया।
- साथ ही 290 व्यावसायिक अनुदेशकों को संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया।
- कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआइ) योजना के तहत बिहार में 19 ईएसआइ अस्पताल मौजूद हैं।
- आम आदमी बीमा योजना के तहत 2008-09 में 3.80 लाख व्यक्तियों का बीमा कराया गया। वर्ष 2009-10 में 14 लाख नए लोगों का बीमा कराया गया।
- बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत 2009-10 में 21,255 अधिष्ठानों की जांच की गई जिनमें से 2,019 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।
- बाल श्रम कार्यक्रम के तहत 1,728 सरकारी विद्यालयों और 1,456 एनसीएलपी विद्यालयों के जरिए 80,788 बाल श्रमिकों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाया गया।
- औद्योगिक श्रमिक विवाद अधिनियम (2009-10) के तहत
  क) मध्यस्थता (कंसिलिएशन) के कुल लंबित मामले : 4,551
  ख) 2009-10 में श्रम न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों में भेजे गए कुल संदर्भ : 263
  ग) 2009-10 में सुलझाए गए मामले : 456
  घ) वर्ष के अंत तक मध्यस्थता के कुल लंबित मामले : 4,358

श्रम संसाधनों पर राज्य में कुल योजना परिव्यय तथा व्यय का सारांश तालिका 5.32 क में प्रस्तुत है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना निबंधित इकाइयों के कर्मचारियों के लिए एक समेकित सामाजिक सुरक्षा प्रावधान है। योजना

के तहत लाभान्वितों की संख्या 2007-08 से 52,409 ही है जबकि चिकित्साप्राप्त बीमित व्यक्तियों की संख्या में कमी आई है (तालिका 5.32 ख)।

**तालिका 5.32 क : श्रम संसाधनों पर योजना परिव्यय तथा व्यय का अवलोकन**

(लाख रु.)

| वर्ष | परिव्यय | व्यय | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2008-09 | 3058.21 | 3017.30 | 98.66 |
| 2009-10 | 7674.60 | 6390.00 | 83.26 |
| 2010-11 (दिसंबर 10 तक) | 7900.36 | 2846.36 | 36.03 |

स्रोत : श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार

**तालिका 5.32 ख : श्रम संसाधनों पर व्यय का अवलोकन**

| वर्ष | बीमित व्यक्तियों की सं. | योजना के तहत चिकित्सित बीमित लाभार्थी | योजना के तहत चिकित्सित बीमित लाभार्थियों के परिजन |
|---|---|---|---|
| 2006-07 | 42562 | 51073 | 63074 |
| 2007-08 | 52409 | 55983 | 50743 |
| 2008-09 | 52409 | 42076 | 59762 |
| 2010-11 (दिसंबर 10 तक) | अनु. | 37078 | 58762 |

स्रोत : श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार

**समाज कल्याण**

समाज कल्याण का परिव्यय 2010-11 में 1,775.57 करोड़ रु. था। समाज कल्याण के व्यय में 52 प्रतिशत का अकेले सबसे बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा का था जिसके बाद बाल विकास (34.4 प्रतिशत) और महिला सशक्तीकरण (12.7 प्रतिशत) का हिस्सा था (तालिका 5.33)। तालिका में यह बात भी नजर आती है कि नवंबर 2010 तक परिव्यय का 86.8 प्रतिशत खर्च कर लिया गया था।

**तालिका 5.33 : समाज कल्याण में वित्तीय प्रगति का विहंगावलोकन**

(लाख रु.)

| | बजट | परिव्यय | व्यय | व्यय परिव्यय के प्रतिशत में | व्यय बजट के प्रतिशत में | कुल व्यय में प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महिला सशक्तीकरण | 21042.01 | 25599.85 | 19792.01 | 94.1 | 77.3 | 12.7 |
| बाल विकास | 73764.39 | 69206.55 | 53472.37 | 72.5 | 77.3 | 34.4 |
| किशोर न्याय | 350.00 | 350.00 | 87.11 | 24.9 | 24.9 | 0.1 |
| विकलांगता | 2005.28 | 1455.28 | 1299.28 | 64.8 | 89.3 | 0.8 |
| सामाजिक सुरक्षा | 81930.60 | 80945.32 | 80825.60 | 98.7 | 99.9 | 52.0 |
| **कुल योग** | **179092.28** | **177557.00** | **155476.37** | 86.8 | 87.6 | 100 |

स्रोत : श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार

भूमि

बिहार की अधिकांश सामाजिक समस्याएं इसके सर्वाधिक महत्वपूर्ण संसाधन – भूमि और आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय हेतु इस संसाधन के अधिकाधिक उपयोग संबंधी ऐतिहासिक अवरोधों के साथ नथी–गुथीं हैं। नीचे दिए गए आरेख 5.6 क से छ तक में प्रस्तुत आंकड़े भूमि के राजस्व, पुनर्वितरण तथा बंदोबस्ती से संबंधित मुद्दों के विविध पक्षों पर राज्य सरकार की पहलकदमियों का विहंगावलोकन प्रस्तुत किया गया है।

**आरेख 5.8 क : बासगीत जमीन**




**आरेख 5.6 ख : भूमि राजस्व संग्रहण**



**आरेख 5.8 ग : भूदान**




**आरेख 5.8 घ : सरकारी जमीन की बंदोबस्ती**



**आरेख 5.8 च : सैरातों की बंदाबस्ती**




**आरेख 5.8 छ : दाखिलखारिज**




स्रोत : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार

बिहार के सभी जिलों में गत पांच वित्त वर्षों के दौरान राजस्व के लक्ष्यों की तुलना में वास्तविक उगाही का प्रतिशत परिशिष्ट 23 में प्रस्तुत है। राजस्व की उगाही 2008-09 में 51.6 प्रतिशत थी जो 2009-10 में गिरकर 28.5 प्रतिशत हो गई है।

परिशिष्ट 24 में 2008-09 में विभिन्न वर्गों के लाभार्थियों के बीच गैरमजरुआ जमीन की बंदोबस्ती और वितरण का जिलावार ब्योरा प्रस्तुत है। वर्ष 2008-09 में कुल मिलाकर 203.88 एकड़ जमीन का वितरण किया गया। भूमि पुनर्वितरण का समुदाय/ श्रेणी-वार ब्योरा परिशिष्ट 25 में प्रस्तुत है।

## परिशिष्ट 1 : बिहार में जिलावार साक्षरता दरें ( 2001 )

| जिला | साक्षरता दर प्रतिशत में | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सभी समुदाय | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अल्पसंख्यक | | |
| | पुरुष | महिला | योग | पुरुष | महिला | योग | पुरुष | महिला | योग | पुरुष | महिला | योग |
| पटना (ग्रामीण) | 64.5 | 36.6 | 51.4 | 43.8 | 17.2 | 31.3 | 17.1 | 12.3 | 15.7 | 69.9 | 52.7 | 61.7 |
| पटना (शहरी) | 84.7 | 70.2 | 78.1 | 68.6 | 46 | 58.3 | 89.2 | 76.2 | 83.4 | 77.7 | 67.2 | 72.8 |
| नालंदा | 66.4 | 38.6 | 53.2 | 42 | 15.4 | 29.4 | 39.3 | 18.2 | 29.8 | 66.3 | 48.6 | 63.5 |
| रोहतास | 75.3 | 45.7 | 61.3 | 57 | 23.7 | 41.3 | 42.1 | 16.2 | 30 | 35.4 | 15.6 | 62.1 |
| कैमूर | 69.7 | 38.8 | 55.1 | 56.6 | 22.2 | 40.5 | 54.7 | 20.4 | 38.6 | 35.3 | 17.6 | 58.6 |
| बक्सर | 71.9 | 39.9 | 56.8 | 55.6 | 17.6 | 37.9 | 58.6 | 27.6 | 44.6 | 71.5 | 43.7 | 58.3 |
| भोजपुर | 74.3 | 41.8 | 59 | 55.3 | 20.7 | 39.1 | 63.4 | 27.2 | 46.7 | 74.1 | 50.2 | 62.6 |
| गया | 63.3 | 36.7 | 50.4 | 36.8 | 15 | 26.3 | 60.5 | 36.8 | 49.1 | 64.6 | 37.7 | 63.7 |
| औरंगाबाद | 71.1 | 41.9 | 57 | 49.9 | 20.3 | 35.7 | 61.3 | 36.2 | 49.7 | 77.3 | 59.6 | 68.5 |
| जहानाबाद | 70.1 | 39.4 | 55.3 | 46.5 | 17.4 | 32.6 | 46 | 16.6 | 32.4 | 72.1 | 43.8 | 63.3 |
| नवादा | 60.6 | 32.2 | 46.8 | 32.9 | 11.1 | 22.4 | 27.5 | 12.7 | 20.5 | 53.7 | 32.1 | 57.7 |
| सारण | 67.3 | 35.8 | 51.8 | 48.8 | 17.5 | 33.6 | 64.6 | 31.7 | 48.5 | 56.2 | 36.6 | 51 |
| सीवान | 67.3 | 36.9 | 51.6 | 51.3 | 20.3 | 35.6 | 60 | 28.7 | 44 | 41.7 | 23.4 | 55.1 |
| गोपालगंज | 63 | 32.2 | 47.5 | 46.7 | 17.3 | 32.1 | 53 | 23.8 | 37.8 | 58.2 | 31.7 | 50.8 |
| मुजफ्फरपुर | 59.1 | 35.8 | 48 | 39 | 17.9 | 28.9 | 63.7 | 36.2 | 50.4 | 69.8 | 56.8 | 47 |
| शिवहर | 45.3 | 23.9 | 35.3 | 24.4 | 8.3 | 16.9 | 60 | 16.7 | 38.8 | 71.1 | 54.5 | 31.3 |
| पश्चिम चंपारण | 51.1 | 25.2 | 38.9 | 33.1 | 10.3 | 22.3 | 35.2 | 12.1 | 24.1 | 64.3 | 43.5 | 43.4 |
| पूर्वी चंपारण | 49.3 | 24.3 | 37.5 | 30.3 | 9.7 | 20.6 | 48.9 | 18.1 | 34.3 | 72.4 | 54.7 | 38.1 |
| वैशाली | 63.2 | 36.6 | 50.5 | 40.8 | 16.8 | 29.4 | 37.4 | 21.8 | 29.9 | 44.6 | 18.9 | 54 |
| दरभंगा | 56.7 | 30.8 | 44.3 | 35.5 | 12.8 | 24.7 | 58.1 | 38.5 | 49.5 | 55.4 | 36.1 | 46 |
| सीतामढ़ी | 49.4 | 26.1 | 38.5 | 31.8 | 11.1 | 22.1 | 42.8 | 18.1 | 31.4 | 38.4 | 23.7 | 32.9 |
| मधुबनी | 56.8 | 26.2 | 42 | 33.8 | 9.7 | 22.2 | 48.1 | 22.3 | 35.8 | 66.8 | 51 | 35.1 |
| सहरसा | 51.7 | 25.3 | 39.1 | 27.4 | 8.9 | 18.5 | 34.4 | 13.9 | 24.5 | 73.2 | 49.8 | 37.3 |
| सुपौल | 52.4 | 20.8 | 37.3 | 30.8 | 7.5 | 19.6 | 41.1 | 12 | 26.9 | 67.8 | 43 | 32.2 |
| मधेपुरा | 48.8 | 22.1 | 36.1 | 25.9 | 7.7 | 17.1 | 47.5 | 19.8 | 33.6 | 46.8 | 23 | 26.8 |
| पूर्णिया | 45.6 | 23.4 | 35.1 | 26.6 | 9.7 | 18.5 | 36.3 | 11.9 | 24.5 | 48.5 | 26.8 | 25.9 |
| अररिया | 46.4 | 22.4 | 35 | 27.6 | 9.4 | 18.9 | 33.1 | 10.1 | 21.9 | 36.6 | 17.8 | 27.6 |
| किशनगंज | 42.7 | 18.6 | 31.1 | 40 | 15.5 | 28.2 | 22.6 | 7.5 | 15.3 | 54.6 | 35.8 | 27 |
| कटिहार | 45.3 | 23.8 | 35.1 | 36.5 | 15.2 | 26.3 | 35.3 | 12.5 | 24.2 | 44.8 | 27.2 | 26.8 |
| भागलपुर | 59.2 | 38.1 | 49.5 | 44.7 | 20.7 | 33.7 | 48.5 | 24.1 | 37.2 | 52.6 | 35.9 | 44.7 |
| समस्तीपुर | 57.6 | 31.7 | 45.1 | 35.7 | 13.6 | 25.1 | 17.1 | 46.1 | 22 | 47.6 | 26.3 | 46.6 |
| बांका | 55.3 | 28.7 | 42.7 | 39.7 | 14.1 | 27.6 | 33.3 | 10.5 | 22.2 | 49.2 | 24.4 | 37.4 |
| मुंगेर | 69.9 | 47.4 | 59.5 | 54.1 | 29.3 | 42.6 | 52 | 21.8 | 37.3 | 56.4 | 37.3 | 59.5 |
| लखीसराय | 60.7 | 34 | 48 | 37.8 | 14.8 | 26.8 | 20.2 | 4.9 | 12.9 | 37 | 15.8 | 45.5 |
| बेगूसराय | 59.1 | 35.6 | 48 | 42.8 | 18.8 | 31.4 | 87 | 68.9 | 78.6 | 52.4 | 33.4 | 43.3 |
| जमुई | 57.1 | 26.3 | 42.4 | 35.4 | 12.8 | 24.5 | 39.5 | 13 | 26.7 | 72.1 | 53.9 | 45.5 |
| खगड़िया | 51.8 | 29.3 | 41.3 | 33.6 | 13.6 | 24.2 | 58.2 | 31.2 | 46.7 | 37.7 | 15.7 | 36.6 |
| शेखपुरा | 61.9 | 33.9 | 48.6 | 36.3 | 12.7 | 25.2 | 59.2 | 29.8 | 45.6 | 64.9 | 37.3 | 63.1 |
| योग | **59.7** | **33.1** | **47** | **40.2** | **15.6** | **28.5** | **39.8** | **15.5** | **28.2** | **51.8** | **31.4** | **41.9** |

स्रोत : 2001 की जनगणना

**परिशिष्ट 2 क : प्रति दस हजार जनसंख्या पर प्राथमिक और मध्य विद्यालय (2009)**

| जिला | प्राथमिक विद्यालय | मध्य विद्यालय |
|---|---|---|
| पटना | 4 | 2 |
| नालंदा | 4 | 2 |
| रोहतास | 5 | 2 |
| कैमूर | 6 | 2 |
| बक्सर | 5 | 2 |
| भोजपुर | 4 | 3 |
| गया | 5 | 3 |
| औरंगाबाद | 5 | 3 |
| जहानाबाद | 5 | 3 |
| अरवल | 5 | 3 |
| नवादा | 5 | 2 |
| सारण | 4 | 2 |
| सीवान | 4 | 3 |
| गोपालगंज | 4 | 2 |
| मुजफ्फरपुर | 5 | 2 |
| सीतामढ़ी | 4 | 3 |
| शिवहर | 4 | 1 |
| पश्चिम चंपारण | 4 | 2 |
| पूर्वी चंपारण | 6 | 2 |
| वैशाली | 4 | 3 |
| दरभंगा | 4 | 1 |
| समस्तीपुर | 4 | 2 |
| मधुबनी | 5 | 2 |
| सहरसा | 5 | 2 |
| सुपौल | 6 | 2 |
| मधेपुरा | 8 | 5 |
| पूर्णिया | 4 | 2 |
| अररिया | 5 | 1 |
| किशनगंज | 6 | 3 |
| कटिहार | 5 | 1 |
| भागलपुर | 4 | 3 |
| बांका | 6 | 4 |
| मुंगेर | 4 | 3 |
| लखीसराय | 5 | 2 |
| बेगूसराय | 3 | 1 |
| जमुई | 9 | 1 |
| खगड़िया | 3 | 3 |
| शेखपुरा | 4 | 3 |

स्रोत : मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार सरकार

**परिशिष्ट 2 ख : प्रति दस लाख जनसंख्या पर माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय ( 2009 )**

| जिले | माध्यमिक विद्यालय | उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा महाविद्यालय |
|---|---|---|
| पटना | 40 | 27 |
| नालंदा | 23 | 9 |
| रोहतास | 21 | 10 |
| कैमूर | 13 | 3 |
| बक्सर | 17 | 3 |
| भोजपुर | 26 | 6 |
| गया | 10 | 26 |
| औरंगाबाद | 15 | 6 |
| जहानाबाद | 4 | 9 |
| अरवल | 3 | 8 |
| नवादा | 10 | 13 |
| सारण | 28 | 8 |
| सीवान | 14 | 9 |
| गोपालगंज | 12 | 4 |
| मुजफ्फरपुर | 23 | 9 |
| सीतामढ़ी | 6 | 14 |
| शिवहर | 3 | 1 |
| पश्चिम चंपारण | 14 | 3 |
| पूर्वी चंपारण | 23 | 8 |
| वैशाली | 4 | 20 |
| दरभंगा | 16 | 8 |
| समस्तीपुर | 6 | 23 |
| मधुबनी | 7 | 28 |
| सहरसा | 2 | 8 |
| सुपौल | 9 | 3 |
| मधेपुरा | 15 | 6 |
| पूर्णिया | 9 | 5 |
| अररिया | 14 | 2 |
| किशनगंज | 7 | 2 |
| कटिहार | 10 | 3 |
| भागलपुर | 21 | 5 |
| बांका | 13 | 1 |
| मुंगेर | 15 | 6 |
| लखीसराय | 1 | 9 |
| बेगूसराय | 16 | 6 |
| जमुई | 12 | 3 |
| खगड़िया | 9 | 2 |
| शेखपुरा | 6 | 1 |

स्रोत : मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार सरकार

## परिशिष्ट 3 : जिला स्तर पर नामांकन ( 2006-07 )

| जिला | 2006-07 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सभी | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | |
| | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | योग | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | योग | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | योग |
| पटना | 555109 | 137617 | 692726 | 115050 | 17374 | 132424 | 1209 | 309 | 1518 |
| नालंदा | 368569 | 98536 | 467105 | 78855 | 16330 | 95185 | 1612 | 436 | 2048 |
| रोहतास | 318133 | 103915 | 422048 | 70881 | 16020 | 86901 | 4162 | 707 | 4869 |
| कैमूर | 235704 | 67504 | 303208 | 53644 | 13266 | 66910 | 6635 | 806 | 7441 |
| बक्सर | 219882 | 66050 | 285932 | 41426 | 10814 | 52240 | 0 | 0 | 0 |
| भोजपुर | 462756 | 110813 | 573569 | 112967 | 23272 | 136239 | 501 | 16 | 517 |
| गया | 533684 | 100177 | 633861 | 182897 | 22362 | 205259 | 1824 | 144 | 1968 |
| औरंगाबाद | 308789 | 81808 | 390597 | 78338 | 13959 | 92297 | 2200 | 709 | 2909 |
| जहानाबाद | 215808 | 55172 | 270980 | 44024 | 7651 | 51675 | 357 | 0 | 357 |
| नवादा | 241003 | 39419 | 280422 | 60983 | 5783 | 66766 | 1041 | 133 | 1174 |
| सारण | 457116 | 115964 | 573080 | 62372 | 11949 | 74321 | 1202 | 466 | 1668 |
| सीवान | 381068 | 109171 | 490239 | 48669 | 10742 | 59411 | 348 | 192 | 540 |
| गोपालगंज | 320466 | 72303 | 392769 | 46850 | 8996 | 55846 | 772 | 827 | 1599 |
| मुजफ्फरपुर | 640827 | 130348 | 771175 | 97825 | 14962 | 112787 | 429 | 57 | 486 |
| सीतामढ़ी | 360064 | 61963 | 422027 | 48205 | 5164 | 53369 | 328 | 155 | 483 |
| शिवहर | 72744 | 10001 | 82745 | 11875 | 884 | 12759 | 293 | 3 | 296 |
| पश्चिम चंपारण | 426473 | 75961 | 502434 | 59641 | 7802 | 67443 | 26411 | 3628 | 30039 |
| पूर्वी चंपारण | 563602 | 104218 | 667820 | 73541 | 9719 | 83260 | 1198 | 135 | 1333 |
| वैशाली | 428311 | 92351 | 520662 | 94846 | 12653 | 107499 | 489 | 58 | 547 |
| दरभंगा | 424538 | 87489 | 512027 | 66113 | 8367 | 74480 | 3016 | 575 | 3591 |
| समस्तीपुर | 648690 | 115609 | 764299 | 148023 | 20512 | 168535 | 7591 | 480 | 8071 |
| मधुबनी | 554057 | 123964 | 678021 | 77555 | 10889 | 88444 | 1526 | 81 | 1607 |
| सहरसा | 220160 | 42487 | 262647 | 27130 | 3215 | 30345 | 641 | 108 | 749 |
| सुपौल | 249616 | 43982 | 293598 | 39396 | 4165 | 43561 | 1377 | 302 | 1679 |
| मधेपुरा | 253369 | 45129 | 298498 | 64771 | 8524 | 73295 | 1441 | 260 | 1701 |
| पूर्णिया | 456595 | 57038 | 513633 | 59778 | 6029 | 65807 | 31851 | 3442 | 35293 |
| अररिया | 408060 | 36586 | 444646 | 65796 | 5892 | 71688 | 59130 | 5805 | 64935 |
| किशनगंज | 157648 | 24231 | 181879 | 14172 | 1884 | 16056 | 6608 | 583 | 7191 |
| कटिहार | 352796 | 57535 | 410331 | 56297 | 9312 | 65609 | 28880 | 3464 | 32344 |
| भागलपुर | 352016 | 45115 | 397131 | 31073 | 3801 | 34874 | 9280 | 1181 | 10461 |
| बांका | 223117 | 37597 | 260714 | 21739 | 3180 | 24919 | 9155 | 874 | 10029 |
| मुंगेर | 164189 | 39723 | 203912 | 21580 | 4609 | 26189 | 3608 | 508 | 4116 |
| लखीसराय | 109686 | 27283 | 136969 | 16340 | 2452 | 18792 | 710 | 15 | 725 |
| बेगूसराय | 405328 | 65635 | 470963 | 52251 | 5703 | 57954 | 1278 | 198 | 1476 |
| जमुई | 194143 | 33773 | 227916 | 29723 | 4120 | 33843 | 8677 | 433 | 9110 |
| खगड़िया | 176828 | 33318 | 210146 | 24425 | 3075 | 27500 | 1953 | 546 | 2499 |
| शेखपुरा | 66173 | 12533 | 78706 | 13040 | 1539 | 14579 | 448 | 30 | 478 |
| योग | **12527117** | **2562318** | **15089435** | **2212091** | **336970** | **2549061** | **228181** | **27666** | **255847** |
| उत्तर प्रदेश | 264369 | 6.71 | 314778 | 6.84 | 111185 | 3.89 | 134015 | 4.01 |
| उत्तराखंड | 45162 | 1.15 | 42395 | 0.92 | 11575 | 0.41 | 14328 | 0.43 |
| गुजरात | 187906 | 4.77 | 216470 | 4.7 | 118684 | 4.15 | 141316 | 4.22 |
| महाराष्ट्र | 1004898 | 25.52 | 1224329 | 26.6 | 912368 | 31.93 | 995343 | 29.75 |
| आंध्र प्रदेश | 217453 | 5.52 | 249467 | 5.42 | 212178 | 7.43 | 262286 | 7.84 |
| कर्नाटक | 256709 | 6.52 | 291655 | 6.34 | 196719 | 6.88 | 224359 | 6.71 |
| केरल | 135173 | 3.43 | 150619 | 3.27 | 81612 | 2.86 | 95785 | 2.86 |
| तमिलनाडु | 246992 | 6.27 | 285337 | 6.2 | 268963 | 9.41 | 321418 | 9.61 |
| **संपूर्ण भारत** | **3937337** | 100 | **4601924** | 100 | **2857526** | 100 | **3345618** | 100 |

स्रोत : स्टेटिस्टिकल टेबल्स रिलेटिंग टू बैंक्स इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक



अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों में प्रमुख भारतीय राज्यों के प्रति व्यक्ति जमा और ऋण को तालिका 6.8 में दर्शाया गया है। प्रति व्यक्ति जमा और प्रति व्यक्ति ऋण, दोनों मामलों में बिहार का स्थान देश के प्रमुख राज्यों के बीच लगभग सबसे नीचे है। देश के अंदर प्रति बैंक कार्यालय सेवित सर्वाधिक जनसंख्या भी बिहार में ही है। जहां बिहार में 2009-10 में प्रति व्यक्ति जमा में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है - गत वर्ष के 1,437 रु. के मुकाबले 1,406 रु.। वहीं प्रति व्यक्ति ऋण के मामले में वृद्धि मात्र एक-चौथाई है, अर्थात 103 रु. जो गत वर्ष 63 रु. थी। किसी अर्थव्यवस्था में ऋण प्रवाह उसकी अवशोषण क्षमता पर निर्भर करता है जिसका निर्धारण भौतिक अधिसंरचना द्वारा होता है। फिर भी शाखाविहीन क्षेत्रों में अधिक शाखाएं खोलकर तथा अपने कुछ सख्त ऋण मानकों को शिथिल करके ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए बैंकों को अधिक सकारात्मक उपाय करने की जरूरत है। पहले भी गौर किया गया है कि बिहार में बैंक शाखाओं का विस्तार शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों के पक्ष में झुका है जहां बैंकिंग सुविधाओं की उपलब्धता पहले से ही अधिक है।

**तालिका 6.8 : भारत में अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का राज्यवार प्रति व्यक्ति जमा और ऋण ( 31 मार्च )**

| राज्य | प्रति शाखा जनसंख्या | | प्रति व्यक्ति जमा (रु. में) | | प्रति शाखा जमा (लाख रु. में) | | प्रति व्यक्ति ऋण (रु. में) | | प्रति शाखा ऋण (लाख रु. में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2009 | 2010 | 2009 | 2010 | 2009 | 2010 | 2009 | 2010 | 2009 | 2010 |
| हरियाणा | 11478 | 10597 | 35453 | 43796 | 4069 | 4641 | 21798 | 27605 | 2502 | 2925 |
| पंजाब | 8377 | 7910 | 44612 | 48806 | 3737 | 3860 | 29231 | 34705 | 2449 | 2745 |
| राजस्थान | 16825 | 16320 | 14001 | 16033 | 2356 | 2617 | 11223 | 14144 | 1888 | 2308 |
| **बिहार** | **24837** | **23924** | **9119** | **10525** | **2265** | **2518** | **2486** | **3011** | **617** | **720** |
| झारखंड | **17943** | **17206** | **18135** | **20885** | 3254 | 3593 | 5811 | 7194 | 1043 | 1238 |
| उड़ीसा | 14991 | 14333 | 17645 | 20661 | 2645 | 2961 | 8958 | 10983 | 1343 | 1574 |
| पश्चिम बंगाल | 17487 | 17052 | 26030 | 31206 | 4552 | 5321 | 15821 | 19138 | 2767 | 3263 |
| छत्तीसगढ़ | **19849** | **18478** | **16711** | **20234** | 3317 | 3739 | **8906** | **10673** | 1768 | 1972 |
| मध्य प्रदेश | 17918 | 17191 | 14446 | 16796 | 2588 | 2887 | 8292 | 10043 | 1486 | 1727 |
| उत्तर प्रदेश | 20194 | 19357 | 13644 | 15957 | 2755 | 3089 | 5738 | 6793 | 1159 | 1315 |
| उत्तराखंड | **8924** | **8333** | **46771** | **43260** | 4174 | 3605 | **11987** | **14620** | 1070 | 1218 |
| गुजरात | 13410 | 12737 | 32717 | 37174 | 4387 | 4735 | 20664 | 24268 | 2771 | 3091 |
| महाराष्ट्र | 14816 | 14016 | 91727 | 110183 | 13591 | 15443 | 83281 | 89575 | 12339 | 12555 |
| आंध्र प्रदेश | 12910 | 12083 | 26143 | 29711 | 3375 | 3590 | 25509 | 31238 | 3293 | 3774 |
| कर्नाटक | 10179 | | 44122 | 49598 | 4491 | 4821 | 33812 | 38154 | 3442 | 3708 |
| केरल | 8482 | 8119 | 39683 | 43890 | 3366 | 3563 | 23959 | 27912 | 2032 | 2266 |
| तमिलनाडु | 11396 | 10784 | 37105 | 42580 | 4229 | 4592 | 40405 | 47964 | 4605 | 5172 |
| **संपूर्ण भारत** | **14683** | **14009** | **33919** | **39107** | **4980** | **5479** | **24617** | **28431** | **3615** | **3983** |

स्रोत : स्टेटिस्टिकल टेबल्स रिलेटिंग टू बैंक्स इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक




## अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात

भारतीय स्टेट बैंक की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2001-02 से बिहार के ऋण-जमा अनुपात के आंकड़े तालिका 6.9 में प्रस्तुत हैं।

**तालिका 6.9 : बिहार में सभी बैंकों का ऋण-जमा अनुपात**

| वर्ष | जमा (करोड़ रु.) | ऋण (करोड़ रु.) | ऋण-जमा अनुपात |
|---|---|---|---|
| 2001-02 | 30,482 | 6,946 | 22.79 |
| 2002-03 | 33,815 | 8,089 | 23.92 |
| 2003-04 | 35,824 | 9,604 | 26.81 |
| 2004-05 | 40,295 | 12,031 | 29.86 |
| 2005-06 | 46,134 | 14,808 | 32.10 |
| 2006-07 | 56,342 | 19,048 | 33.81 |
| 2007-08 | 68,244 | 22,077 | 32.35 |
| 2008-09 | 83,048 | 24,051 | 28.96 |
| 2009-10[2] | 98,588 | 31,679 | 32.13 |
| 2010-11 (जून 2010 तक) | 99,636 | 32,109 | 32.23 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

[2] तालिका 6.7 में दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2010 तक यह मात्र 28.60 प्रतिशत है। अंतर मुख्यत: आरआइडीएफ योजना (खंड 6.7.2 में विचारित) के तहत बैंकों द्वारा ऋणप्रदान की राशि के समावेश के कारण है। साथ ही, तालिका 6.7 में आंकड़े सिर्फ बिहार में अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के हैं जबकि तालिका 6.9 में बिहार में सभी बैंकों के हैं जिनमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक भी शामिल हैं।




पहले भी उल्लेख किया गया है कि व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात मुख्य रूप से किसी राज्य की आर्थिक गतिविधि के स्तर और ऋण अवशोषण क्षमता पर निर्भर करता है और यह उसके आर्थिक विकास में बैंकों की संलिप्तता का सूचक भी है। 1990 के दशक तक बिहार में सभी बैंकों का ऋण-जमा अनुपात देश में लगभग सबसे कम था और राज्य में ऋण-जमा अनुपात में कोई वृद्धि नहीं हुई थी। हालांकि 2000-01 के बाद ऋण-जमा अनुपात में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन 2008-09 में भी देश के प्रमुख राज्यों के बीच यह सबसे कम है। इसके अलावा, 2006-07 से ऋण-जमा अनुपात में फिर से लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 2008-09 में 28.96 प्रतिशत हो गया। उसके बाद से इसमें धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और अभी लगभग 32 प्रतिशत है लेकिन 2006-07 में हासिल स्तर 34 प्रतिशत से काफी पीछे है। बिहार का ऋण-जमा अनुपात राष्ट्रीय औसत 72.7 प्रतिशत से काफी नीचे बना हुआ है और तमिलनाडु (113 प्रतिशत), महाराष्ट्र (81 प्रतिशत), राजस्थान (88 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (61 प्रतिशत) या मध्य प्रदेश (60 प्रतिशत) से काफी पीछे है। यहां तक कि उत्तर प्रदेश का 43 प्रतिशत ऋण-जमा अनुपात भी बिहार से काफी अच्छा है।




रकम के बतौर देखें तो इसका अर्थ यह हुआ कि राज्य के लगभग 32 प्रतिशत ऋण-जमा अनुपात को लगभग 73 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत तक बढ़ाने पर राज्य में 41,000 करोड़ रु. का निवेश बढ़ जाता जो राज्य के वर्तमान वार्षिक योजना परिव्यय से भी अधिक है। यह राशि राज्य की आर्थिक गतिविधियों को अतिवांछित बल प्रदान करती। यहां तक कि 50 प्रतिशत का मध्यवर्ती ऋण-जमा अनुपात होने पर भी राज्य में निवेश में 18,000 करोड़ रु. की वृद्धि होती। ऋण का कम वितरण यह भी दर्शाता है कि राज्य में ऋण संबंधी जरूरतों की पूर्ति निजी ऋणदाता अभिकरणों के उच्च ब्याज दरों वाले ऋणों के जरिए हो रही है जो राज्य के उद्यमों का मुनाफा हड़प जा रहे हैं। यह राज्य के औद्योगिक विकास के लिहाज से स्वाभाविक रूप में एक गंभीर बाधा है। इसके अलावा यह पूंजी के राज्य के बाहर पलायन को भी सूचित करता है।

बैंक समूहों और जनसंख्या समूहों के अनुसार बिहार में ऋण-जमा अनुपात को तालिका 6.10 में दर्शाया गया है। अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का राज्यवार ऋण-जमा अनुपात तालिका 6.11 में दर्शाया गया है। बिहार में सर्वाधिक ऋण-जमा अनुपात सहकारी बैंकों का है (41 प्रतिशत) जिसके बाद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का (38 प्रतिशत) और अंत में व्यावसायिक बैंकों का (28 प्रतिशत)। हालांकि अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने अपने-अपने अनुपातों में गत वर्ष की अपेक्षा मामूली सुधार किया है, लेकिन राज्य में निवेश के उत्साहवर्धक माहौल के अभाव में अनुपात में अधिक सुधार नहीं किया जा सकता है।

**तालिका 6.10 : बिहार में बैंक समूह तथा क्षेत्र आधारित ऋण-जमा अनुपात ( 31.06.2010 )**

| बैंक समूह | क्षेत्र | जमा (करोड़ रु.) | अग्रिम/ निवेश (करोड़ रु.) | ऋण-जमा अनुपात (%) |
|---|---|---|---|---|
| व्यावसायिक बैंक | ग्रामीण | 17385 | 6317[3] | 36.33 |
| | अर्धशहरी | 22858 | 6611 | 28.92 |
| | शहरी-महानगरीय | 45557 | 11898 | 26.12 |
| | **योग** | **85800** | **24826** | **28.93** |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | ग्रामीण | 8701 | 3671 | 42.19 |
| | अर्धशहरी | 2390 | 738 | 30.86 |
| | शहरी-महानगरीय | 1221 | 352 | 28.85 |
| | **योग** | **12312** | **4760** | **38.66** |
| सहकारी बैंक | ग्रामीण | अनु. | अनु. | अनु. |
| | अर्धशहरी | अनु. | अनु. | अनु. |
| | शहरी-महानगरीय | 1525 | 632 | 41.42 |
| | **योग** | **1525** | **632** | **41.42** |
| सभी बैंक | ग्रामीण | 26086 | 9987 | 38.29 |
| | अर्धशहरी | 25248 | 7348 | 29.10 |
| | शहरी-महानगरीय | 48302 | 12882 | 26.67 |
| | **योग** | **99636** | **30217** | **30.33** |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

जून 2010 में बिहार में सभी बैंकों का कुल जमा 99,636 करोड़ रु. था जबकि ऋण 32,109 करोड़ रु.; फलत: ऋण-जमा अनुपात 32.23 प्रतिशत था जो 2009-10 के 32.13 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में उदारीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने के पहले भी बिहार का ऋण-जमा अनुपात 40 प्रतिशत के आसपास हुआ करता था। देश में व्यावसायिक बैंकों के कुल जमा में बिहार का हिस्सा 2.2 प्रतिशत है और कुल ऋण में 0.87 प्रतिशत जो सभी बड़े राज्यों के बीच लगभग सबसे कम है। उत्पादक आर्थिक गतिविधियों के लिए राज्य में पर्याप्त निवेश आवश्यक है, लेकिन इस दर पर राज्य में किसी सार्थक निवेश के आने में काफी लंबा वक्त लगेगा। गत पांच वर्षों के दौरान देश के कुल जमा में बिहार का हिस्सा 2.6 प्रतिशत से घटकर 2.2 प्रतिशत रह गया है और कुल ऋण में 1.0 प्रतिशत से गिरकर 0.87 प्रतिशत। ऋण-जमा अनुपात में वृद्धि की जगह वस्तुत: गिरावट आई है जो 2006-07 में 34.38 प्रतिशत के शीर्ष पर था जैसा कि पहले भी उल्लेख किया गया है।

ऋण-जमा अनुपात की गणना पारंपरिक रूप से ऋण स्वीकृतियों के आधार पर होती है। इससे उस परिमाण का पता चलता है जिस तक बैंक किसी राज्य में एकत्र किए गए जमा को ऋण की मांग पूरी करने के लिए उपयोग में लाते हैं। हालांकि ऋण स्वीकृति पर आधारित निम्न ऋण-जमा अनुपात से किसी राज्य से दूसरे राज्य को हुआ जमा का पलायन सूचित होता है जबकि ऋण उपयोग आधारित निम्न ऋण-जमा अनुपात ऋण के पलायन को सूचित करेगा। अतएव इन दोनों प्रकार के ऋण-जमा अनुपातों की तुलना महत्वपूर्ण हो जाती है, खास कर विभिन्न

[3] इसमें 1891 करोड़ रु. की आरआइडीएफ राशियां शामिल नहीं हैं।

राज्यों के बीच ऋण-जमा अनुपातों की तुलना में। और यहां उपयोग आधारित ऋण-जमा अनुपात अधिक उपयुक्त सूचक होगा। पूरे देश के मामले में ये दोनों अनुपात स्पष्टत: एक होंगे। लेकिन कम विकसित राज्यों के मामले में उपयोग अनुपात अधिक होगा। शाखाओं में, खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी विस्तार के साथ-साथ वास्तविक उपयोग के स्थानों पर अवस्थित बैंकों से ऋण प्राप्त करने की ऋणार्थियों की मनोवृत्ति के कारण भी इन दोनों अनुपातों के बीच अंतर में हाल के वर्षों में काफी कमी आई है। तालिका 6.11 में देखा जा सकता है कि बिहार के उपयोग अनुपात में गिरावट आने लगी है जो 2006-07 में 49 प्रतिशत से 2007-08 में गिरकर यह 45 प्रतिशत हो गया और 2008-09 में तो अचानक गिरकर मात्र 26 प्रतिशत रह गया। वर्ष 2007-08 तक उच्च अनुपात राज्य उस वर्ष ऋण के कम पलायन को इंगित करता था।

**तालिका 6.11 : अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात**

| | मार्च-07 | | मार्च-08 | | मार्च-09 | | मार्च-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार |
| हरियाणा | 56.9 | 68.4 | 60.1 | 67.2 | 61.4 | 74.0 | 63.0 |
| पंजाब | 65.6 | 65.3 | 67.2 | 76.1 | 65.7 | 65.5 | 71.1 |
| राजस्थान | 82.9 | 90.9 | 82.4 | 100.0 | 80.6 | 87.5 | 88.2 |
| **बिहार** | **32.4** | **49.0** | **28.2** | **45.0** | **26.8** | **26.6** | **28.6** |
| झारखंड | 32.8 | 33.3 | 35.3 | 40.2 | 32.0 | 35.7 | 34.4 |
| उड़ीसा | 64.6 | 72.6 | 56.3 | 62.4 | 50.8 | 55.7 | 53.2 |
| पश्चिम बंगाल | 64.7 | 68.4 | 62.4 | 65.8 | 60.7 | 62.2 | 61.3 |
| छत्तीसगढ़ | 50.0 | 58.3 | 49.8 | 66.0 | 46.3 | 52.3 | 52.8 |
| मध्य प्रदेश | 61.8 | 64.6 | 60.1 | 65.9 | 57.4 | 61.9 | 59.8 |
| उत्तर प्रदेश | 45.1 | 50.4 | 43.7 | 52.6 | 42.2 | 46.5 | 42.6 |
| उत्तराखंड | 26.7 | 32.1 | 26.2 | 31.6 | 25.3 | 28.6 | 33.8 |
| गुजरात | 63.7 | 88.4 | 66.5 | 97.8 | 63.7 | 74.6 | 65.3 |
| महाराष्ट्र | 96.8 | 76.5 | 93.9 | 73.1 | 91.2 | 78.7 | 81.3 |
| आंध्र प्रदेश | 87.3 | 91.2 | 90.4 | 97.2 | 96.4 | 104.9 | 105.1 |
| कर्नाटक | 76.3 | 99.8 | 78.1 | 94.3 | 77.3 | 82.8 | 76.9 |
| केरल | 60.9 | 63.8 | 63.4 | 66.4 | 59.7 | 61.7 | 63.6 |
| तमिलनाडु | 114.5 | 118.6 | 114.7 | 117.0 | 108.1 | 115.2 | 112.6 |
| **संपूर्ण भारत** | **75.0** | **75.0** | **74.4** | **74.4** | **72.6** | **72.6** | **72.7** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग ऑफ इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

## निवेश सह ऋण-जमा अनुपात

बैंक अर्थव्यवस्था में ऋण देकर ही सहायता नहीं करते, अपनी निवेश योग्य निधियों के बड़े हिस्से का राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में और राज्य सरकार के उपक्रमों, अर्धसरकारी निकायों तथा संयुक्त पूंजी कंपनियों के शेयरों और बांडों में निवेश करके भी सहायता करते हैं। अतएव किसी राज्य की आर्थिक गतिविधियों में बैंकों की पूरी संलग्नता वास्तविक रूप में अकेले ऋण-जमा अनुपातों से नहीं, बल्कि निवेश सह ऋण-जमा अनुपात (आइसीडी रेशियो) से अभिव्यक्त होती है। तालिका 6.12 में देखा जा सकता है कि निवेश सह ऋण-जमा अनुपात पर गौर करने पर राज्यों के बीच ऋण-जमा अनुपात संबंधी असमानता में कमी दिखती है। अपेक्षाकृत कम विकसित राज्यों के मामले में निवेश सह ऋण-जमा अनुपात उनके ऋण-जमा अनुपात के मुकाबले काफी अधिक थे। वहीं

विकसित राज्यों के मामले में यह अंतर उतना अधिक नहीं था। दूसरे शब्दों में, निवेश सह ऋण-जमा अनुपात के मामले में राज्यों के बीच अंतर ऋण-जमा अनुपात के मुकाबले कम हैं। मार्च 2010 में बिहार का निवेश सह ऋण-जमा अनुपात 37 प्रतिशत था जबकि स्वीकृति के आधार पर ऋण-जमा अनुपात 32 प्रतिशत। बिहार का निवेश सह ऋण-जमा अनुपात राजस्थान (98 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (70 प्रतिशत) और उड़ीसा (64 प्रतिशत) के साथ-साथ राष्ट्रीय औसत (80 प्रतिशत) के मुकाबले काफी कम है।

**तालिका 6.12 : अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का निवेश सह ऋण-जमा अनुपात**

| | मार्च-07 | | मार्च-08 | | मार्च-09 | | मार्च-10 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार | स्वीकृति के अनुसार | उपयोग के अनुसार |
| हरियाणा | 73.2 | 61.7 | 63.6 | 70.7 | 67.3 | 80.0 | 64.7 | 71.8 |
| पंजाब | 71.5 | 71.8 | 75.4 | 84.3 | 75.0 | 74.8 | 76.6 | 85.6 |
| राजस्थान | 104.5 | 96.4 | 95.9 | 113.6 | 96.2 | 103.0 | 97.8 | 115.5 |
| **बिहार** | **57.9** | **41.3** | **36.0** | **52.8** | **35.0** | **34.8** | **37.0** | **53.8** |
| झारखंड | 37.3 | 36.8 | 38.8 | 43.6 | 37.5 | 41.2 | 40.2 | 45.0 |
| उड़ीसा | 82.4 | 74.4 | 62.4 | 68.5 | 55.3 | 60.2 | 63.8 | 69.9 |
| पश्चिम बंगाल | 76.0 | 72.3 | 71.1 | 74.5 | 71.1 | 72.6 | 71.9 | 75.3 |
| छत्तीसगढ़ | 62.6 | 54.2 | 53.1 | 69.3 | 48.9 | 54.9 | 55.0 | 71.2 |
| मध्य प्रदेश | 74.4 | 71.5 | 67.5 | 73.3 | 66.7 | 71.2 | 69.9 | 75.7 |
| उत्तर प्रदेश | 59.4 | 54.2 | 52.1 | 61.0 | 51.5 | 55.8 | 53.0 | 61.9 |
| उत्तराखंड | 39.2 | 33.8 | 33.6 | 38.9 | 32.9 | 36.3 | 35.2 | 40.6 |
| गुजरात | 94.3 | 69.6 | 74.3 | 105.6 | 73.4 | 84.3 | 76.4 | 107.7 |
| महाराष्ट्र | 78.2 | 98.5 | 95.8 | 75.0 | 94.1 | 81.6 | 95.9 | 75.2 |
| आंध्र प्रदेश | 99.3 | 95.5 | 99.0 | 105.7 | 106.2 | 114.8 | 100.8 | 107.6 |
| कर्नाटक | 103.4 | 79.9 | 81.2 | 97.3 | 82.2 | 87.7 | 81.7 | 97.9 |
| केरल | 70.7 | 67.7 | 71.4 | 74.4 | 68.8 | 70.8 | 72.1 | 75.0 |
| तमिलनाडु | 123.7 | 119.6 | 120.4 | 122.8 | 115.5 | 122.7 | 121.5 | 123.9 |
| **संपूर्ण भारत** | **79.8** | **79.8** | **79.2** | **79.2** | **78.7** | **78.7** | **80.2** | **80.2** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग ऑफ इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

## जिलों के ऋण-जमा अनुपात

तालिका 6.13 में जून 2010 तक बिहार के सभी 38 जिलों में सभी व्यावसायिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का ऋण-जमा अनुपात प्रदर्शित किया गया है। तालिका में देखा जा सकता है कि ऋण-जमा अनुपात के मामले में जिलों के बीच काफी अंतर है। सीवान में यह 19 प्रतिशत है तो पड़ोसी पश्चिमी चंपारण में 45 प्रतिशत और किशनगंज में 51 प्रतिशत। राज्य के 38 में से 17 जिलों में यह 30 प्रतिशत से कम है। ये जिले हैं औरंगाबाद, भोजपुर, जहानाबाद, नालंदा, जमुई, मधेपुरा, सुपौल, पटना, दरभंगा, लखीसराय, गोपालगंज, मधुबनी, सारण, मुंगेर, शेखपुरा, शिवहर और सीवान। वहीं 9 जिलों - अररिया, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पूर्व चंपारण और पश्चिम चंपारण में यह 40 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि कई जिलों के ऋण-जमा अनुपात पूर्ववर्ती ऋणों के संचित ब्याजों के कारण अधिक है। वे ऋण प्रवाह बढ़ाने की बैंकों की इच्छा को अनिवार्यत: व्यक्त नहीं करते। बिहार के अधिकांश जिलों (38 में से 23 जिलों) में ऋण-जमा अनुपात में 2007-08 के मुकाबले गिरावट आई है।

**तालिका 6.13 : जिलावार ऋण-जमा अनुपात**

| जिला | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11[4] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 29.00 | 29.64 | 32.18 | 27.64 | 25.11 | 24.18 | 23.70 |
| अरवल | 17.56 | 23.51 | 26.66 | 26.80 | 26.35 | 32.06 | 30.59 |
| औरंगाबाद | 25.98 | 28.31 | 26.65 | 23.76 | 23.22 | 27.95 | 28.23 |
| भोजपुर | 22.14 | 23.61 | 24.95 | 24.51 | 20.74 | 24.50 | 25.19 |
| बक्सर | 25.12 | 28.39 | 31.08 | 30.99 | 24.17 | 31.48 | 33.60 |
| गया | 23.60 | 25.89 | 28.37 | 28.46 | 28.67 | 31.45 | 32.42 |
| जहानाबाद | 21.99 | 21.71 | 23.62 | 25.28 | 23.78 | 28.84 | 29.53 |
| कैमूर | 42.83 | 44.65 | 46.06 | 43.04 | 47.13 | 48.16 | 52.01 |
| लखीसराय | 24.21 | 25.88 | 24.40 | 24.23 | 22.83 | 24.26 | 24.90 |
| नालंदा | 25.28 | 26.99 | 27.44 | 25.77 | 24.59 | 27.13 | 28.10 |
| नवादा | 24.23 | 24.38 | 27.16 | 26.06 | 22.91 | 31.66 | 33.42 |
| रोहतास | 31.58 | 35.24 | 39.79 | 40.50 | 36.24 | 36.02 | 37.15 |
| अररिया | 53.57 | 54.26 | 51.69 | 50.72 | 38.03 | 38.57 | 41.93 |
| जमुई | 25.79 | 28.63 | 29.18 | 28.30 | 25.61 | 25.85 | 26.98 |
| किशनगंज | 43.43 | 51.66 | 53.17 | 52.77 | 49.10 | 49.85 | 51.19 |
| मधेपुरा | 44.89 | 44.59 | 42.63 | 42.29 | 26.43 | 28.06 | 29.91 |
| पूर्णिया | 51.45 | 41.62 | 51.33 | 51.53 | 45.09 | 49.79 | 51.02 |
| सहरसा | 36.77 | 37.1 | 33.90 | 36.31 | 29.03 | 37.52 | 34.09 |
| सुपौल | 34.90 | 34.84 | 32.38 | 35.66 | 28.16 | 31.99 | 29.54 |
| दरभंगा | 28.50 | 28.82 | 29.31 | 26.45 | 22.99 | 26.40 | 25.82 |
| पूर्व चंपारण | 38.48 | 40.63 | 43.68 | 42.34 | 36.87 | 38.94 | 41.85 |
| गोपालगंज | 24.92 | 27.45 | 29.12 | 30.19 | 25.68 | 25.65 | 26.79 |
| मधुबनी | 34.07 | 33.25 | 32.68 | 30.32 | 25.55 | 28.32 | 26.79 |
| मुजफ्फरपुर | 31.12 | 33.84 | 36.21 | 34.29 | 43.33 | 45.34 | 47.80 |
| सारण | 21.72 | 23.73 | 26.18 | 23.12 | 23.85 | 26.25 | 23.45 |
| सीवान | 17.35 | 20.10 | 22.07 | 20.68 | 18.78 | 20.08 | 18.54 |
| वैशाली | 26.75 | 29.70 | 31.90 | 32.17 | 28.45 | 30.72 | 30.27 |
| प. चंपारण | 58.47 | 56.85 | 51.69 | 48.99 | 47.31 | 47.12 | 44.65 |
| कटिहार | 69.48 | 59.85 | 58.19 | 55.59 | 43.98 | 45.59 | 46.04 |
| शेखपुरा | 26.38 | 27.04 | 27.61 | 26.72 | 24.94 | 29.77 | 29.19 |
| बांका | 42.96 | 39.97 | 44.62 | 40.55 | 33.86 | 35.83 | 36.64 |
| बेगूसराय | 43.66 | 43.72 | 44.95 | 40.32 | 35.59 | 37.83 | 39.64 |
| भागलपुर | 32.01 | 32.98 | 37.77 | 35.79 | 30.98 | 30.09 | 31.56 |
| मुंगेर | 19.64 | 21.34 | 23.35 | 23.17 | 23.28 | 21.02 | 20.98 |
| शिवहर | 35.24 | 28.05 | 30.06 | 29.44 | 38.29 | 42.31 | 25.77 |
| सीतामढ़ी | 34.97 | 40.39 | 40.24 | 35.16 | 32.23 | 32.91 | 32.64 |
| खगड़िया | 34.88 | 38.57 | 38.34 | 32.70 | 32.37 | 36.55 | 36.48 |
| समस्तीपुर | 36.67 | 37.65 | 38.50 | 36.05 | 37.09 | 39.69 | 40.58 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

[4] 2010-11 के लिए आंकड़े जून 2010 तक के हैं।

**बिहार में व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात**

तालिका 6.14 क में बिहार में राष्ट्रीयकृत व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात दर्शाया गया है और तालिका 6.14 और ख में निजी व्यावसायिक बैंकों का। लीड (अगुआ) बैंकों के बीच सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ऋण-जमा अनुपात सर्वाधिक 36.48 प्रतिशत है जबकि गत वर्ष 36.62 प्रतिशत था। अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों में सर्वाधिक ऋण-जमा अनुपात - लगभग 41 प्रतिशत - सिंडीकेट बैंक का है जो उसके गत वर्ष के अनुपात (लगभग 45 प्रतिशत) से कम है। कुछ बैंकों के ऋण-जमा अनुपात अत्यंत कम थे, जैसे कॉर्पोरेशन बैंक का 8 प्रतिशत और ओवरसीज बैंक का 12 प्रतिशत। जहां 2009-10 के दौरान सभी जिलों में ऋण-जमा अनुपात 27 प्रतिशत के ऊपर थे, वहीं 11 राष्ट्रीकृत बैंकों के ऋण-जमा अनुपात अगले साल 27 प्रतिशत से नीचे थे।

**तालिका 6.14 क : राष्ट्रीयकृत व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात**

| बैंक | 2010-11 में शाखाओं की सं. | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11[5] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **लीड बैंक** | | | | | | | | |
| भारतीय स्टेट बैंक | 657 | 27.58 | 29.19 | 27.10 | 27.99 | 24.72 | 27.17 | 27.76 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 349 | 27.66 | 30.87 | 32.58 | 30.92 | 35.52 | 36.62 | 36.48 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 446 | 28.36 | 28.74 | 26.63 | 24.98 | 27.13 | 29.03 | 28.63 |
| कनारा बैंक | 100 | 31.21 | 32.86 | 34.88 | 33.80 | 30.80 | 32.50 | 30.49 |
| यूको बैंक | 179 | 31.37 | 40.42 | 41.21 | 41.10 | 32.52 | 23.96 | 32.04 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 98 | 21.93 | 52.94 | 52.04 | 30.91 | 31.42 | 34.78 | 33.57 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 74 | 45.39 | 47.78 | 42.17 | 35.28 | 26.93 | 27.06 | 26.82 |
| **अन्य बैंक** | | | | | | | | |
| बैंक ऑफ इंडिया | 193 | 22.27 | 30.88 | 33.19 | 33.77 | 30.38 | 35.11 | 35.08 |
| इलाहाबाद बैंक | 169 | 38.66 | 40.61 | 38.76 | 32.92 | 27.39 | 30.72 | 27.55 |
| आंध्र बैंक | 9 | 10.50 | 11.28 | 20.47 | 20.35 | 24.44 | 19.90 | 0.00 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 4 | 72.12 | 49.92 | 40.29 | 24.21 | 17.18 | 14.78 | 15.74 |
| कॉर्पोरेशन बैंक | 6 | 10.27 | 16.21 | 8.99 | अनु. | 16.49 | 8.47 | 7.54 |
| देना बैंक | 10 | 21.36 | 25.17 | 24.73 | 21.33 | 18.78 | 10.45 | 12.07 |
| इंडियन बैंक | 35 | 17.93 | 22.25 | 23.74 | 27.17 | 25.15 | 23.02 | 21.69 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 17 | 23.76 | 16.50 | 13.11 | 11.92 | 11.29 | 10.96 | 12.12 |
| ऑरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स | 15 | 55.53 | 33.20 | 50.07 | 41.47 | 37.67 | 28.38 | 33.32 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 0 | अनु. | 39.24 | 46.82 | अनु. | अनु. | 10.52 | 10.74 |
| सिंडिकेट बैंक | 27 | 39.47 | 49.06 | 57.37 | 54.23 | 45.27 | 45.46 | 40.78 |
| यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया | 80 | 26.56 | 32.97 | 32.39 | 28.27 | 24.36 | 28.74 | 28.29 |
| विजया बैंक | 8 | 19.41 | 20.89 | 23.19 | 23.43 | 21.64 | 21.20 | 19.86 |
| स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर | 6 | 30.67 | 43.09 | 52.41 | 29.22 | 25.84 | 24.91 | 23.50 |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 1 | 25.67 | 33.87 | 46.29 | 35.85 | अनु. | 76.83 | 83.39 |
| | | | | | | | | |
| राज्य का औसत | 2483 | 29.86 | 33.50 | 33.75 | 31.62 | 28.96 | 27.30 | 26.70 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

[5] 2010-11 के लिए आंकड़े जून 2010 तक के हैं।

बिहार में निजी व्यावसायिक बैंकों के लिए अलग से उल्लेख जरूरी है। बिहार में पांच निजीं बैंकों की 69 शाखाएं हैं जैसा कि तालिका 6.14 ख में दर्शाया गया है। इनके ऋण-जमा अनुपात 2 प्रतिशत से 56 प्रतिशत के बीच हैं। जून 2010 तक इनमें से किसी की कोई ग्रामीण शाखा नहीं थी और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी उनकी उपस्थिति बहुत सीमित थी।

**तालिका 6.14 ख : निजी व्यावसायिक बैंकों का ऋण-जमा अनुपात ( जून 2010 )**

| बैंक | अर्धशहरी | | | शहरी | | | योग | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखाओं की सं. | जमा (लाख रु.) | अग्रिम (लाख रु.) | शाखाओं की सं. | जमा (लाख रु.) | अग्रिम (लाख रु.) | शाखाओं की सं. | जमा (लाख रु.) | अग्रिम (लाख रु.) | ऋण-जमा अनुपात |
| आइसीआइसीआइ बैंक | 9 | 6906 | 1934 | 21 | 93097 | 1109 | 30 | 100003 | 3043 | 3.04 |
| फेडरल बैंक | 0 | 0 | 0 | 1 | 8365 | 648 | 1 | 8365 | 648 | 7.75 |
| जम्मू कश्मीर बैंक | 0 | 0 | 0 | 1 | 2799 | 990 | 1 | 2799 | 990 | 35.37 |
| साउथ इंडियन बैंक | 0 | 0 | 0 | 1 | 5549 | 1241 | 1 | 5549 | 1241 | 22.36 |
| वैश्य बैंक लि. | 1 | 574 | 0 | 1 | 5888 | 114 | 2 | 6462 | 114 | 1.76 |
| ऐक्सिस बैंक | 13 | 36242 | 2336 | 2 | 38036 | 14777 | 15 | 74278 | 17113 | 23.04 |
| एचडीएफसी बैंक | 2 | 2839 | 9 | 14 | 89025 | 17827 | 16 | 91864 | 17836 | 19.42 |
| इंडसइंड बैंक | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 |
| कर्नाटक बैंक | 0 | 0 | 0 | 1 | 406 | 229 | 1 | 406 | 229 | 56.40 |
| बैंक ऑफ राजस्थान | 0 | 0 | 0 | 1 | 1534 | 78 | 1 | 1534 | 78 | 5.08 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## 6.3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ऋण-जमा अनुपात

बिहार में पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं। इनमें से प्रत्येक किसी खास क्षेत्र में सेवा प्रदान करते हैं। ये हैं : पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रायोजित मध्य बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक तथा कोशी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, और यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक द्वारा प्रायोजित बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक। तालिका 6.15 में इन पांचों बैंकों के ऋण-जमा अनुपात दर्शाए गए हैं। समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का ऋण-जमा अनुपात 53 प्रतिशत है जो सर्वाधिक है। वहीं बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का ऋण-जमा अनुपात 36 प्रतिशत है जो सबसे कम है।

**तालिका 6.15 : क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ऋण-जमा अनुपात और निवेश सह ऋण-जमा अनुपात**

| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | ऋण-जमा अनुपात | | | | निवेश सह ऋण-जमा अनुपात | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11[6] |
| मध्य बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 40.89 | 38.71 | 39.73 | 40.2 | 65.02 | 69.96 | 39.75 | 40.23 |
| बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 37.57 | 33.89 | 35.26 | 35.63 | 42.6 | 38.32 | 35.26 | 35.63 |
| समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 49.38 | 45.52 | 50.35 | 52.69 | 49.38 | 45.52 | 50.35 | 52.69 |
| उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 38.3 | 32.02 | 36.21 | 37.56 | 38.3 | 32.02 | 36.21 | 37.56 |
| कोशी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 56.31 | - | - | - | 56.52 | - | - | - |
| योग | 41.7 | 34.66 | 37.64 | 38.66 | 49.43 | 44.28 | 37.65 | 38.67 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## 6.4 बैंक ऋण में उद्योग का हिस्सा

तालिका 6.16 में बिहार में 2002-03 से 2006-07 के बीच अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल ऋण में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिशत हिस्सा दर्शाया गया है। मार्च 2007 तक कुल ऋण में कृषि (24.2 प्रतिशत), उद्योग और विनिर्माण (22 प्रतिशत), व्यक्तिगत ऋण (31.7 प्रतिशत) तथा व्यापार (14.4 प्रतिशत) का संयुक्त हिस्सा 92 प्रतिशत था। शेष ऋण पेशेवर तथा अन्य सेवाओं, वित्त तथा विविध गतिविधियों के लिए दिए गए थे। विभिन्न क्षेत्रों के बीच ऋण के वितरण में गत वर्षों के दौरान बहुत मामूली अंतर देखा गया। राज्य के अंदर ऋण के पैटर्न में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं हुआ है। इस पर गौर किया जा सकता है कि ऋण का सबसे बड़ा हिस्सा व्यक्तिगत ऋणों के मामले में था जिसका राज्य के अंदर आर्थिक गतिविधियों के स्तर पर कोई खास प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है।

**तालिका 6.16 : अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के ऋण में उद्योग का हिस्सा[7]**

| क्षेत्र | ऋण का प्रतिशत हिस्सा | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 |
| कृषि | 20.9 | 19.9 | 23.1 | 22.7 | 24.2 |
| उद्योग एवं विनिर्माण | 14.2 | 12.8 | 16.5 | 22.2 | 22.0 |
| परिवहन संचालक | 2.4 | 1.7 | 1.5 | 1.1 | 0.93 |
| व्यक्तिगत ऋण | 27.5 | 33.0 | 33.5 | 31.8 | 31.7 |
| पेशेवर तथा अन्य सेवाएं | 2.8 | 2.7 | 2.7 | 2.9 | 3.5 |
| व्यापार | 21.4 | 18.1 | 16.6 | 14.8 | 14.4 |
| वित्त | 0.8 | 0.5 | 0.6 | 0.3 | 0.3 |
| विविध | 9.9 | 11.3 | 5.5 | 4.2 | 3.6 |
| **कुल बैंक ऋण** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

स्रोत : मनी एंड बैंकिंग, सितंबर 2008, सीएमआइई

[6] **2010-11 के लिए आंकड़े जून 2010 तक के हैं।**

[7] इस पर बाद के विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। ये आंकड़े वही हैं जो विगत आर्थिक सर्वेक्षण में थे।




## 6.5 बैंक अग्रिमों में क्षेत्रवार हिस्सा

### वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के अंतर्गत उपलब्धियां

तालिका 6.17 में 2009-10 में ऋण वितरण का क्षेत्रगत विवरण प्रस्तुत किया गया है। कुल अग्रिमों में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का 66 प्रतिशत हिस्सा था। प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के कुल अग्रिमों में कृषि का हिस्सा लगभग दो-तिहाई था जो राज्य के अंदर कुल अग्रिमों के 41 प्रतिशत से अधिक है। यह देखा जा सकता है कि लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिमों का कुल वितरित ऋण में मात्र 17 प्रतिशत हिस्सा था। इस प्रक्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए औद्योगिक परिसरों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ बिजली और सड़कमार्ग के मामले में अधिसंरचना का विकास आवश्यक होगा। वार्षिक ऋण योजना के तहत उपलब्धि विगत वर्ष के 83 प्रतिशत से अधिक थी और इसमें क्षेत्रों के बीच काफी भिन्नता दिखी।

**तालिका 6.17 : अग्रिमों का क्षेत्रवार हिस्सा (2009-10)**

| क्षेत्र | वार्षिक ऋण योजना लक्ष्य (करोड़ रु.) | उपलब्धि (करोड़ रु.) | उपलब्धि (प्रतिशत) | अग्रिमों में हिस्सा (%) |
|---|---|---|---|---|
| कुल प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रगत ऋण | 13920 | 11560 | 83 | 66 |
| कृषि | 8727 | 7163 | 82 | 41 |
| लघु उद्योग | 1322 | 1352 | 102 | 8 |
| अन्य प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रगत ऋण | 3871 | 3045 | 79 | 17 |
| गैर प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रगत ऋण | 7207 | 5977 | 83 | 34 |
| योग | 21128 | 17537 | 83 | 100 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के तहत बिहार में कुल ऋण प्रवाह 29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 2008-09 के 13,548 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 17,537 करोड़ रु. हो गया है। गत चार वर्षों के दौरान बिहार में हुए कुल ऋण प्रवाह को तालिका 6.18 और 6.19 में दर्शाया गया है। उपलब्धि में 2008-09 तक लगातार गिरावट आ रही थी लेकिन 2009-10 में स्थिति सुधरी है। देखा जा सकता है कि विभिन्न बैंक समूहों के बीच उपलब्धि दर के मामले में भारी अंतर मौजूद है जो सहकारी बैंकों के मामले में 30 प्रतिशत है, तो व्यावसायिक बैंकों के मामले में 89 प्रतिशत।

**तालिका 6.18 : वार्षिक ऋण योजनागत उपलब्धियां - सभी बैंक**

| वर्ष | लक्ष्य (करोड़ रु.) | उपलब्धि (करोड़ रु.) | उपलब्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| 2003-04 | 4842 | 4287 | 88.54 |
| 2004-05 | 6022 | 5041 | 83.71 |
| 2005-06 | 7334 | 6055 | 82.56 |
| 2006-07 | 10001 | 8738 | 87.37 |
| 2007-08 | 13100 | 10763 | 82.16 |
| 2008-09 | 17492 | 13548 | 77.45 |
| 2009-10 | 21128 | 17537 | 83.00 |
| 2010-11[8] | 37000 | 4161 | 11.25 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

**तालिका 6.19 : वार्षिक ऋण योजनागत उपलब्धियों का अभिकरण-वार विश्लेषण (2009-10)**

| अभिकरण | लक्ष्य (करोड़ रु.) | उपलब्धि (करोड़ रु.) | उपलब्धि (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| व्यावसायिक बैंक | 16374 | 14495 | 88.53 |
| सहकारी बैंक | 1182 | 353 | 29.87 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 3575 | 2689 | 75.21 |
| योग | 21131 | 17537 | 83.00 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## बकाया कृषि अग्रिम

वर्ष 2005-06 से 2009-10 के बीच पांच वर्षों के दौरान कृषिगत ऋण प्रवाह तिगुना से भी अधिक हो गया है। बिहार में बैंकों द्वारा इस संबंध में हासिल प्रगति को तालिका 6.20 और 6.21 में दर्शाया गया है। बकाया अग्रिम भी इस अवधि में दूने से अधिक हो गए हैं।

[8] जून 2010 तक।

**तालिका 6.20 : कृषिगत ऋण प्रवाह**

| वर्ष | व्यावसायिक बैंक | | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | | केंद्रीय सहकारी बैंक | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत | लक्ष्य |
| 2005-06 | 1646.00 | 1489 (91) | 644.00 | 450 (70) | 408.00 | 235 (58) | 2698.00 | 2174 (81) |
| 2006-07 | 2274.00 | 1916 (84) | 939.00 | 797 (85) | 509.00 | 272 (53) | 3722.00 | 2985 (80) |
| 2007-08 | 3004.00 | 2447 (81) | 1256.00 | 952 (76) | 620.00 | 356 (57) | 4880.00 | 3755 (77) |
| 2008-09 | 4355.00 | 3943 (91) | 1822.00 | 1438 (79) | 899.00 | 317 (35) | 7076.00 | 5697 (81) |
| 2009-10 | 5425.14 | 4959.62 (91) | 2219.87 | 1851.09(83) | 1082.16 | 352.55(33) | 8727.17 | 7163 (82) |
| 2010-11[9] | 9111.14 | 1104.42 (12) | 5228.25 | 189.9 (4) | 1528.72 | 31.7 (2) | 15868.11 | 1326 (8) |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

**तालिका 6.21 : बकाया कृषिगत अग्रिम**

| वर्ष | बकाया कृषिगत अग्रिम (करोड़ रु.) | | | | वार्षिक वृद्धि दर |
|---|---|---|---|---|---|
| | व्यावसायिक बैंक | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | सहकारी तथा भूमि विकास बैंक | योग | |
| 2005-06 | 3506.00 | 1195.00 | 379.00 | 5080.00 | 31.74 |
| 2006-07 | 4257.00 | 1694.00 | 272.00 | 6223.00 | 22.50 |
| 2007-08 | 5085.00 | 2249.00 | 384.00 | 7718.00 | 24.02 |
| 2008-09 | 6409.00 | 2206.00 | 308.00 | 8923.00 | 15.61 |
| 2009-10 | 8520.74 | 3103.60 | 291.64 | 11915.98 | 33.54 |
| 2010-11[10] | 8196.84 | 2907.86 | 310.80 | 11415.50 | - |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के चुनिंदा सूचक

तालिका 6.22 में विभिन्न राज्यों में कार्यशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कुछ चुनिंदा सूचक दर्शाए गए हैं। यद्यपि बिहार में 8,463 पैक्स हैं जिनका संपूर्ण भारत के पैक्स में लगभग 9 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन जमा और ऋणप्रदान के मामले में बिहार अन्य राज्यों से बहुत पीछे है। और यह भी कि कुल 8,463 पैक्स में से 3,962 घाटे में चल रहे हैं जिनका कुल घाटा 1 करोड़ रु. है जबकि मात्र 1,180 पैक्स ने 6 करोड़ रु. का लाभ अर्जित किया है। उनका कुल जमा महज 67 करोड़ रु. है। 31 मार्च 2009 को उन पर बकाया ऋण 432 करोड़ रु. था और कुल ऋणप्रदान 501 करोड़ रु.।

[9] 2010-11 के आंकड़े जून 2010 तक से संबंधित हैं।

[10] 2010-11 के आंकड़े जून 2010 तक से संबंधित हैं।

**तालिका 6.22 : प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के चुनिंदा सूचक (31 मार्च, 2009)**

| राज्य | पैक्स की संख्या | जमा (करोड़ रु.) | ऋणप्रदान (करोड़ रु.) | बकाया ऋण एवं अग्रिम (करोड़ रु.) | | लाभ वाले पैक्स | | घाटा वाले पैक्स | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कृषि | गैर-कृषि | संख्या | रकम (करोड़ रु.) | संख्या | रकम (करोड़ रु.) |
| हरियाणा | 620 | 311 | 4340 | 3982 | 345 | 145 | 0 | 475 | 3 |
| पंजाब | 3990 | 908 | 4020 | 128 | - | 2504 | 92 | 970 | 13 |
| राजस्थान | 5255 | 460 | 2651 | 2739 | 152 | 3596 | 44 | 1346 | 31 |
| **बिहार** | **8463** | **67** | **501** | **432** | **-** | **1180** | **6** | **3962** | **1** |
| झारखंड | 208 | 13 | 3 | 3 | 7 | 60 | 1 | - | - |
| उड़ीसा | 3564 | 2377 | 2256 | 2978 | 56 | 1223 | 11 | 2285 | 58 |
| पश्चिम बंगाल | 8028 | 1125 | 1529 | 1104 | 262 | 2437 | 23 | 4495 | 17 |
| छत्तीसगढ़ | 1213 | 218 | 418 | 397 | 56 | 745 | 17 | 468 | 25 |
| मध्य प्रदेश | 4633 | 463 | 2644 | 1811 | 155 | 1777 | 77 | 2465 | 212 |
| उत्तराखंड | 1163 | 325 | 518 | 542 | 33 | 354 | 10 | 437 | 10 |
| उत्तर प्रदेश | 8929 | 68 | 971 | 800 | - | 4536 | 18 | 1968 | 2 |
| गुजरात | 8044 | 252 | 3568 | 3579 | 141 | 4885 | 80 | 2605 | 274 |
| महाराष्ट्र | 21199 | 129 | 10851 | 6264 | 452 | 6187 | 136 | 14520 | 401 |
| आंध्र प्रदेश | 2748 | 1106 | 4900 | 3625 | 187 | 828 | 21 | 1782 | 226 |
| कर्नाटक | 4806 | 1465 | 3145 | 3141 | 639 | 2205 | 57 | 2342 | 98 |
| केरल | 1608 | 13088 | 2005 | 3581 | 8439 | 855 | 81 | 661 | 145 |
| तमिलनाडु | 4530 | 2866 | 4410 | 2424 | 2126 | 1078 | 76 | 3226 | 239 |
| **संपूर्ण भारत** | **95633** | **26245** | **48938** | **37951** | **13131** | **37291** | **843** | **45869** | **1915** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड्स एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

## राजकीय सहकारी बैंकों के कार्य परिणाम

तालिका 6.23 में देश के प्रमुख राज्यों में राजकीय सहकारी बैंकों के कार्य परिणाम दर्शाए गए हैं। बिहार में ऋण वसूली का प्रतिशत अत्यंत निम्न बना हुआ है। यह 2008 और 2009, दोनों वर्षों में मात्र 36 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत क्रमशः 85 प्रतिशत और 92 प्रतिशत था। इसके अलावा, बिहार में 2008-09 में अनिष्पादित परिसंपत्तियों का परिमाण कुल बकाया ऋणों का 42.5 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत था। अनंतिम आंकड़ों में बिहार में 2009 में 2008 से कोई अंतर नहीं दिखता है।

**तालिका 6.23 : राजकीय सहकारी बैंकों के कार्य परिणाम**

| राज्य | लाभ/ हानि (करोड़ रु.) | | कुल अनिष्पादित परिसंपत्तियां (करोड़ रु.) | | अनिष्पादित परिसंपत्तियां बकाया ऋणों के प्रतिशत में | | वसूली (प्रतिशत) अंतिम जून तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008 | 2009अ | 2008 | 2009अ | 2008 | 2009अ | 2008 | 2009अ |
| हरियाणा | 5 | 11 | 3 | 2 | 0.1 | 0.1 | 99.8 | 97.7 |
| पंजाब | 10 | 12 | 53 | 55 | 1.3 | 1.2 | 99.0 | 99.2 |
| राजस्थान | 17 | 16 | 68 | 33 | 3.0 | 1.9 | 96.1 | 96.5 |
| **बिहार** | **6** | **6** | **267** | **267** | **42.5** | **42.5** | **36.1** | **36.1** |
| झारखंड | 10 | 10 | 123 | 136 | 6.1 | 6.9 | 92.6 | 95.6 |
| उड़ीसा | 15 | 15 | 130 | 88 | 5.9 | 4.0 | 85.2 | 91.1 |
| पश्चिम बंगाल | 5 | 2 | 50 | 62 | 14.2 | 16.7 | 77.4 | 59.2 |
| छत्तीसगढ़ | 26 | 30 | 161 | 92 | 6.6 | 4.0 | 96.3 | 96.2 |
| उत्तर प्रदेश | 32 | 35 | 577 | 444 | 15.9 | 13.6 | 71.8 | 92.9 |
| उत्तराखंड | 2 | 1 | 32 | 9 | 23.5 | 6.3 | 93.7 | 93.7 |
| गुजरात | 6 | -53 | 105 | 301 | 4.8 | 16.9 | 97.9 | 86.8 |
| महाराष्ट्र | 24 | 18 | 2,187 | 1,907 | 23.4 | 21.6 | 57.2 | 82.2 |
| आंध्र प्रदेश | 6 | 61 | 931 | 949 | 15.6 | 20.2 | 72.2 | 93.3 |
| कर्नाटक | 10 | 13 | 209 | 192 | 7.4 | 5.5 | 91.1 | 96.3 |
| केरल | -18 | 20 | 480 | 338 | 22.0 | 14.0 | 89.4 | 88.8 |
| तमिलनाडु | 15 | 34 | 80 | 103 | 2.4 | 3.1 | 99.8 | 99.8 |
| **संपूर्ण भारत** | **221** | **314** | **6,191** | **5,764** | **12.4** | **12.0** | **84.6** | **91.8** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड्स एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

टिप्पणी : अ - अनंतिम परिणाम

## राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कार्य परिणाम

तालिका 6.24 में देश के प्रमुख राज्यों में राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कार्य परिणाम दर्शाए गए हैं। यहां भी बिहार में 2007-08 में वसूली का प्रतिशत अत्यंत कम, मात्र 16.9 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत 49.9 प्रतिशत था। बिहार में 2008-09 में तो वसूली का प्रतिशत गिरकर मात्र 1.9 प्रतिशत रह गया। बिहार में अनिष्पादित परिसंपत्तियों की मात्रा इन दो वर्षों में 79 करोड़ रु. से घटकर 59 करोड़ रु. रह गई जो 2009 में कुल बकाया ऋणों का लगभग 85.3 प्रतिशत थी जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 30.1 प्रतिशत था।

**तालिका 6.24 : राजकीय सहकारी बैंकों के कार्य परिणाम (अंतिम मार्च, 2008, 2009)**

(राशि करोड़ रु. में)

| राज्य | शाखाएं | लाभ/ हानि | | कुल अनिष्पादित परिसंपत्तियां | | अनिष्पादित परिसंपत्तियां बकाया ऋणों के प्रतिशत में | | वसूली (प्रतिशत) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008 | 2008 | 2009 | 2008 | 2009 | 2008 | 2009 | 2008 | 2009 |
| हरियाणा | | 28 | 13 | 162 | 232 | 9.5 | 13.3 | 74.8 | 63.1 |
| पंजाब | - | 29 | 25 | 1 | 1 | 0.04 | 0.04 | 79.8 | 80.8 |
| राजस्थान | 7 | 16 | 24 | 427 | 419 | 27.6 | 28.9 | 30.0 | 59.2 |
| **बिहार** | **131** | **-** | **-1** | **79** | **59** | **91.8** | **85.3** | **16.9** | **1.9** |
| झारखंड | 5 | -3 | -1 | 176 | 110 | 98.3 | 99.9 | 59.9 | 48.9 |
| उड़ीसा | 2 | - | 2 | 190 | 190 | 26.8 | 25.7 | 33.1 | 36.4 |
| पश्चिम बंगाल | - | -11 | - | 84 | 89 | 39.7 | 44.5 | 25.1 | 42.2 |
| छत्तीसगढ़ | 7 | - | -75 | 252 | 391 | 16.9 | 31.6 | 70.4 | 27.4 |
| उत्तर प्रदेश | 342 | -161 | 283 | 2,419 | 1,244 | 59.7 | 42.0 | 70.7 | 38.3 |
| गुजरात | 181 | 19 | 26 | 437 | 264 | 65.8 | 43.1 | 30.3 | 38.1 |
| महाराष्ट्र | - | -203 | -203 | 1,132 | 1,117 | 87.4 | 95.7 | 2.7 | 13.3 |
| कर्नाटक | 23 | -15 | -62 | 341 | 382 | 26.3 | 28.7 | 33.6 | 30.6 |
| केरल | 14 | 16 | 17 | 161 | 92 | 9.1 | 5.1 | 77.1 | 88.4 |
| तमिलनाडु | 18 | 41 | 2 | 419 | 221 | 40.9 | 41.3 | 18.9 | 4.9 |
| **संपूर्ण भारत** | **844** | **-243** | **49** | **6,435** | **4,938** | **34.8** | **30.1** | **49.9** | **40.0** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड्स एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

## किसान क्रेडिट कार्ड

वर्ष 1998-99 में आरंभ की गई किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का लक्ष्य किसानों को लचीले तथा किफायती ढंग से फसल ऋण उपलब्ध कराना है।[11] सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इस योजना का क्रियान्वयन सारे व्यावसायिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राजकीय सहकारी बैंकों, केंद्रीय सहकारी बैंकों तथा प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत शामिल प्रत्येक लाभार्थी को एक क्रेडिट कार्ड और एक पासबुक या एक क्रेडिट कार्ड सह पासबुक जारी किया जाता है जिसमें उसके नाम, पता तथा जमीन का विवरण, ऋणग्रहण सीमा, तथा वैधता अवधि का उल्लेख रहता है। उत्पादन ऋण सीमाओं का निर्धारण पूरे एक वर्ष के लिए उनकी पूरी उत्पादन ऋण आवश्यकताओं तथा फसल उत्पादन संबंधी आनुषंगिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर किया जाता है। ऋणदाता बैंकों के विवेकाधीन उप-सीमाएं भी तय की जाती हैं। फसल ऋण/ अल्पावधि ऋण चक्रानुसारी नगद ऋण (रिवॉल्विंग कैश क्रेडिट) सुविधा के रूप में होता है जिसमें कार्यकारी जोत, फसल पैटर्न तथा वित्त के परिमाण के आधार पर निर्धारित सीमा के तहत किसी भी संख्या में निकासी और भुगतान की स्वीकृति होती है। अब किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि एवं संबंधित गतिविधियों के लिए अल्पावधि ऋण के साथ-साथ फसल उत्पादन हेतु वांछित कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं को भी शामिल किया गया है।

---

[11] योजना संबंधी सूचना का स्रोत : http:/indiabudget.nic.in

तालिका 6.25 में बिहार में बैंकों द्वारा 1999 से 2009 के बीच जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या दर्शाई गई है। वर्ष 2008-09 को छोड़कर पूरी अवधि में व्यावसायिक बैंकों द्वारा उपलब्धि संबंधी आंकड़े काफी अधिक थे। वर्ष 2006-07 से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया। हालांकि ऋणमूलक सहकारी बैंक 2008-09 तक अपने लक्ष्यों से पिछड़े रहे लेकिन 2009-10 में अपने लक्ष्य का 175 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करके उनलोगों ने अपनी पिछली कमियों की अंशतः भरपाई की है। इसका उल्लेख किया जा सकता है कि सहकारी बैंकों द्वारा लक्ष्यों से कम उपलब्धि हासिल करने के कारण 2008-09 लक्ष्यों को संशोधित करके काफी बढ़ा दिया गया था। मार्च 2010 तक राज्य में समग्र उपलब्धि लक्ष्य के 89 प्रतिशत के आसपास रही है।

**तालिका 6.25 : बैंकों द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या (1999-00 से 2010-11 तक)**[12]

| वर्ष | व्यावसायिक बैंक | | | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत |
| 1999-00 | 99667 | 42756 | 42.90 | 46900 | 4591 | 9.79 |
| 2000-01 | 101501 | 65750 | 64.78 | 28617 | 13576 | 47.44 |
| 2001-02 | 110207 | 123465 | 112.03 | 52738 | 14256 | 27.03 |
| 2002-03 | 98180 | 77543 | 78.98 | 60918 | 24441 | 40.12 |
| 2003-04 | 105530 | 95587 | 90.58 | 64535 | 30864 | 47.83 |
| 2004-05 | 174850 | 140793 | 80.52 | 150500 | 76891 | 51.09 |
| 2005-06 | 143866 | 131618 | 91.49 | 129719 | 66332 | 51.14 |
| 2006-07 | 250000 | 203935 | 81.57 | 190000 | 140071 | 73.72 |
| 2007-08 | 300000 | 222478 | 74.16 | 228000 | 168529 | 73.92 |
| 2008-09 | 861429 | 505008 | 58.62 | 478571 | 310257 | 64.83 |
| **2009-10** | **861429** | **660997** | **76.73** | **478571** | **397420** | **83.04** |
| 2010-11 | 861430 | 89236 | 10.36 | 478570 | 25485 | 5.33 |
| **योग** | **3106659** | **1702243** | **54.79** | **1909069** | **871173** | **45.63** |
| | केंद्रीय सहकारी बैंक | | | योग | | |
| | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत |
| 1999-00 | अनु. | अनु. | अनु. | 146567 | 47347 | 32.30 |
| 2000-01 | 180000 | 107094 | 59.50 | 310118 | 186420 | 60.11 |
| 2001-02 | 277204 | 42086 | 15.18 | 440149 | 179807 | 40.85 |
| 2002-03 | 600000 | 112580 | 18.76 | 759098 | 214564 | 28.27 |
| 2003-04 | 425839 | 229051 | 53.79 | 595904 | 355502 | 59.66 |
| 2004-05 | 470350 | 245907 | 52.28 | 795700 | 463591 | 58.26 |
| 2005-06 | 293166 | 120653 | 41.16 | 566751 | 318603 | 56.22 |
| 2006-07 | 160000 | 55374 | 34.61 | 600000 | 399380 | 66.56 |
| 2007-08 | 160000 | 75533 | 47.21 | 688000 | 466540 | 67.81 |
| 2008-09 | 160000 | 81725 | 51.08 | 1500000 | 896990 | 59.80 |
| **2009-10** | **160000** | **281122** | **175.70** | **1500000** | **1339539** | **89.30** |
| 2010-11 | 160000 | 4601 | 2.88 | 1500000 | 119322 | 7.95 |
| **योग** | **3046559** | **1355726** | **44.50** | **9402287** | **4987605** | **53.05** |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

[12] 2010-11 के लिए आंकड़े जून 2010 तक से संबंधित हैं।

## 6.6 निवेश

तालिका 6.26 में अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों द्वारा 2008 और 2009 के 31 मार्च तक राज्य सरकार की प्रतिभूतियों और सरकार प्रायोजित कंपनियों के शेयर/ डिबेंचर/ बांड में निवेश दर्शाया गया है। देश में हुए कुल निवेश में बिहार का हिस्सा 2007-08 में 3.36 प्रतिशत था जो 2008-09 में गिरकर 3.04 प्रतिशत रह गया।

**तालिका 6.26 : अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के निवेश का राज्यवार वितरण**

| राज्य | कुल निवेश (करोड़ रु.) | | देश के कुल योग में राज्यों का % हिस्सा | |
|---|---|---|---|---|
| | 2008 | 2009 | 2008 | 2009 |
| आंध्र प्रदेश | 15239 | 21514 | 9.63 | 9.13 |
| **बिहार** | **5321** | **7169** | **3.36** | **3.04** |
| गुजरात | 11764 | 18125 | 7.44 | 7.69 |
| हरियाणा | 2648 | 5191 | 1.67 | 2.20 |
| झारखंड | 1484 | 3006 | 0.94 | 1.28 |
| कर्नाटक | 6393 | 12698 | 4.04 | 5.39 |
| केरल | 8804 | 12307 | 5.57 | 5.22 |
| मध्य प्रदेश | 6009 | 9353 | 3.80 | 3.97 |
| महाराष्ट्र | 16281 | 28400 | 10.29 | 12.05 |
| उड़ीसा | 3295 | 3151 | 2.08 | 1.34 |
| पंजाब | 8211 | 11230 | 5.19 | 4.76 |
| राजस्थान | 9885 | 14259 | 6.25 | 6.05 |
| तमिलनाडु | 11456 | 18242 | 7.24 | 7.74 |
| उत्तर प्रदेश | 18084 | 24619 | 11.43 | 10.45 |
| पश्चिम बंगाल | 16736 | 23797 | 10.58 | 10.10 |
| संपूर्ण भारत | 158188 | 235681 | 100.00 | 100.00 |

स्रोत : स्टेटिस्टिकल टेबल्स रिलेटिंग टू बैंक्स इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

## 6.7 वित्तीय संस्थाएं

### राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

नाबार्ड कृषि, कृषि आधारित उद्योग, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प तथा अन्य ग्रामीण शिल्पों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऋणदाता संस्थाओं को पुनर्वित्त उपलब्ध कराने के जरिए ऋण प्रवाह में मदद हेतु अधिदेशित है। यह प्रशिक्षण एवं शोध सुविधाएं उपलब्ध कराने के जरिए ग्रामीण ऋणदाता संस्थाओं के कामकाज का समन्वय भी करता है। साथ ही, यह ग्रामीण अधिसंरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु व्यावसायिक बैंकों द्वारा ऋणप्रदान में कमी को पूरा करने तथा राज्य सरकार को सिंचाई, मृदा संरक्षण, पनढाल (वाटरशेड) प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, शीतगृह श्रृंखला

संबंधी परियोजनाओं तथा ग्रामीण अधिसंरचना संबंधी अन्य परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिहाज से निर्मित ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष (आरआइडीएफ) का प्रबंधन भी करता है।

नाबार्ड द्वारा दिसंबर 2010 तक किए गए क्षेत्रवार पुनर्वित्तीयन के विवरण तालिका 6.27क में दर्शाए गए हैं। नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्तीयन में लगातार वृद्धि हो रही है और 2009-10 के अंत में इसका परिमाण 826 करोड़ रु. है। अधिकांश सहायता आरआइडीएफ ऋणों के जरिए उपलब्ध कराई गई है जिस पर अगले खंड में चर्चा की गई है। नाबार्ड द्वारा निवेश ऋण पुनर्वित्तीयन के विवरण तालिका 6.27ख में दर्शाए गए हैं।

**तालिका 6.27 क : नाबार्ड द्वारा क्षेत्रवार पुनर्वित्तीयन**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | फसल ऋण पुनर्वित्तीयन | निवेश ऋण पुनर्वित्तीयन | आरआइडीएफ ऋण | कुल वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 2005-06 | 73.46 | 117.21 | 120.74 | 311.41 |
| 2006-07 | 45.57 | 168.04 | 201.13 | 414.74 |
| 2007-08 | 68.18 | 184.05 | 296.96 | 549.19 |
| 2008-09 | 109.32 | 105.59 | 495.17 | 710.08 |
| 2009-10 | 226.86 | 56.79 | 541.94 | 825.59 |
| 2010-11 (दिसंबर 2010) | 179.79 | 283.84 | 225.00 | 688.63 |

स्रोत : नाबार्ड



**तालिका 6.27 ख : नाबार्ड द्वारा बिहार में क्षेत्रवार निवेश ऋण पुनर्वित्तीयन के विवरण**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (दिसंबर 10 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लघु सिंचाई | 55.55 | 11.52 | 11.23 | 0.00 | 1.08 | 39.38 |
| कृषि यंत्रीकरण | 0.06 | 40.78 | 23.99 | 26.65 | 47.41 | 81.92 |
| स्वर्ण जंयती ग्राम स्वरोजगार योजना | 51.49 | 24.62 | 33.91 | 1.55 | 0.00 | 2.45 |
| दुग्धशाला | 0.08 | 2.21 | 10.48 | 0.33 | 2.89 | 90.56 |
| अजा/ अजजा कार्ययोजना | 1.27 | 0.48 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.05 |
| स्वयं सहायता समूह | 5.90 | 8.64 | 19.86 | 19.31 | 0.00 | 40.57 |
| प्रधानमंत्री रोजगार योजना | 0.90 | 3.22 | 3.62 | 5.57 | 0.00 | 0.55 |
| ग्रामीण गैर-कृषि क्षेत्र | 1.88 | 16.50 | 10.21 | 11.68 | 0.00 | 13.29 |
| अन्य | 0.08 | 60.07 | 70.75 | 40.50 | 5.42 | 15.08 |
| **योग** | **117.21** | **168.04** | **184.05** | **105.59** | **56.80** | **283.84** |

स्रोत : नाबार्ड

वर्ष 2009-10 में नाबार्ड द्वारा ली गई पहलकदमियों में निम्नलिखित शामिल थीं :

- उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए चावल सघनीकरण प्रणाली (श्री) कार्यक्रम तथा गेहूं सघनीकरण प्रणाली को प्रोत्साहन;
- टिकाऊ कृषि व्यवहार आत्मसात करने के जरिए प्रमुख फसलों/ गतिविधियों की उत्पादकता में वृद्धि;
- प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन छत्रकरण कार्यक्रम (यूपीएनआरएम) के जरिए सामुदायिक सहभागिता द्वारा ऋण आधारित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन गतिविधियों को प्रोत्साहन;
- बिहार में कृषि हेतु जमीनी स्तर पर ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए सभी अभिकरणों को 100 प्रतिशत पुनर्वित्तीयन;
- पशुपालन के तहत छः नई केंद्र प्रायोजित योजनाओं का क्रियान्वयन;
- दुग्धशाला उद्यमिता विकास योजनाओं (डीईडीएस) जैसी दुग्ध विकास योजनाओं में जोखिम पूंजी निधि के संशोधित संस्करण का क्रियान्वयन;
- किसान क्लबों के जरिए तकनीकी हस्तांतरण, ऋण परामर्श तथा बाजार पक्षपोषण पर मार्गदर्शी परियोजना;
- संयुक्त उत्तरदायित्व समूहों को प्रोत्साहन का सघनीकरण;
- सीतामढ़ी और मधुबनी जिलों में प्रियदर्शिनी कार्यक्रम के आरंभ हेतु तैयारी; तथा
- जवाहरलाल नेहरू नेशनल सोलर मिशन के तहत सौर ऑफ-ग्रिड (फोटो-वोल्टाइक और तापीय) की स्थापना तथा विकेंद्रित उपयोगों के लिए पूंजीगत सब्सिडी सह पुनर्वित्तीयन योजना।

## ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष (आरआइडीएफ)

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष की स्थापना 1995-96 में जारी ग्रामीण अधिसंरचना परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए की गई थी। कोष का प्रबंधन नाबार्ड द्वारा किया जाता है। घरेलू व्यावसायिक

बैंक इस कोष में उस हद तक योगदान करते हैं जिस हद तक वे कृषि हेतु अनुबद्ध (स्टीपुलेटेड) प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्रगत ऋण प्रदान के मामले में पीछे रह जाते हैं। कोष का मुख्य उद्देश्य जारी ग्रामीण अधिसंरचना परियोजनाओं को पूरा करने में समर्थ होने के लिए राज्य सरकारों और राजकीय स्वामित्व वाले निगमों को ऋण उपलब्ध कराना है। वर्ष 2009–10 के अंत तक ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के 15 ट्रेंच जारी किए गए हैं जिनमें 1,03,718 करोड़ रु. की संचयी स्वीकृति शामिल रही है। इसमें से मात्र 68,440 करोड़ रु. (66 प्रतिशत) का वितरण किया गया है जिसे तालिका 6.28 में देखा जा सकता है। हालांकि मार्च 2010 तक बिहार के लिए कुल 1,815 करोड़ रु. का ही वितरण किया जा सका था जो कुल स्वीकृति 3,835 करोड़ रु. का मात्र 47 प्रतिशत है।

**तालिका 6.28 : मार्च 2010 तक ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के तहत संचयी वितरण**

(करोड़ रु.)

| | स्वीकृति | वितरण | वितरण का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **संपूर्ण भारत** | 103718 | 68440 | 66 |
| आंध्र प्रदेश | 11750 | 8090 | 69 |
| कर्नाटक | 5555 | 3491 | 63 |
| केरल | 2951 | 1911 | 65 |
| तमिलनाडु | 7194 | 5585 | 78 |
| गुजरात | 8210 | 6281 | 77 |
| महाराष्ट्र | 6634 | 4643 | 70 |
| हरियाणा | 2621 | 1816 | 69 |
| पंजाब | 3925 | 2915 | 74 |
| राजस्थान | 6332 | 4197 | 66 |
| उत्तर प्रदेश | 8747 | 6223 | 71 |
| उत्तराखंड | 1703 | 1076 | 63 |
| छत्तीसगढ़ | 1569 | 1195 | 76 |
| मध्य प्रदेश | 7532 | 4734 | 63 |
| **बिहार** | **3835** | **1815**[13] | **47** |
| झारखंड | 2480 | 1283 | 52 |
| उड़ीसा | 4871 | 2617 | 54 |
| पश्चिम बंगाल | 6260 | 3826 | 61 |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड्स एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2009–10, भारतीय रिजर्व बैंक

सिंचाई परियोजनाएं, ग्रामीण संपर्क (सड़क एवं पुल), सामाजिक क्षेत्रगत निवेश (ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल), मृदा एवं जल संरक्षण, जल छाजन आदि समेत कृषि एवं संबंधित गतिविधियों को शामिल करने के लिए ग्रामीण अधिसंरचना निवेश कोष का दायरा बढ़ाया गया है। अन्य गतिविधियों में शामिल है – ग्रामीण बाजार प्रांगण,

[13] राज्यस्तरीय बैंकर समिति के आंकड़े।

ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय, लघु जलविद्युत संयंत्र, शिशु शिक्षा केंद्र, आंगनवाड़ी, तथा ऊर्जा प्रक्षेत्र में व्यवस्था सुधार, बाढ़ संरक्षा, पनढाल विकास/ जलजमाव-ग्रस्त क्षेत्रों की जलजमाव से मुक्ति, जलनिकासी, वन विकास, बाजार प्रांगण/ गोदाम, अपनी मंडी, ग्रामीण हाट तथा अन्य विपणन अधिसंरचना, शीतगृह, बीज/ कृषि/ बागवानी फार्म, वृक्षारोपण तथा बागवानी, परीक्षण एवं प्रमाणन प्रयोगशाला जैसे श्रेणीकरण एवं प्रमाणन रचनातंत्र, संपूर्ण ग्राम के लिए सिंचाई प्रयोजन हेतु सामुदायिक सिंचाई कूप, मत्स्याखेट बंदरगाह/ जेटी, नदी मत्स्याखेट, पशुपालन तथा आधुनिक वधशाला।

नाबार्ड द्वारा ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के विभिन्न ट्रेंचों में बिहार हेतु किए गए कुल वितरण को तालिका 6.29 में दर्शाया गया है। मार्च 2009 तक कुल स्वीकृत राशि 2,899 करोड़ रु. में से मात्र 1,242 करोड़ रु. (43 प्रतिशत) का वितरण किया गया है जिसके कारण स्वीकृति और वितरण के बीच भारी अंतर है। मार्च 2010 तक वितरण में मामूली सुधार हुआ है और इसका हिस्सा 46.5 प्रतिशत पहुंचा है। ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के वितरण में स्वीकृति के मुकाबले ऐसा अंतर पहले से ही जारी मामला है और इस कोष के क्रियान्वयन में चिंता का विषय रहा है।

**तालिका 6.29 : मार्च 2010 तक ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के तहत स्वीकृति और वितरण**

(करोड़ रु.)

| आरआइडीएफ ट्रेंच | स्वीकृति | वितरण |
|---|---|---|
| आरआइडीएफ I | 22 | 13 |
| आरआइडीएफ III | 58 | 27 |
| आरआइडीएफ VII | 58 | 38 |
| आरआइडीएफ VIII | 199 | 161 |
| आरआइडीएफ IX | 97 | 62 |
| आरआइडीएफ X | 75 | 52 |
| आरआइडीएफ XI | 459 | 377 |
| आरआइडीएफ XII | 649 | 186 |
| आरआइडीएफ XIII | 589 | 418 |
| आरआइडीएफ XIV | 752 | 284 |
| आरआइडीएफ XV | 877 | 167 |
| **योग मार्च 2010 तक**[14] | **3835** | **1784** |
| **योग मार्च 2009 तक** | **2899** | **1242** |

स्रोत : रिपोर्ट ऑन ट्रेंड्स एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2009-10, भारतीय रिजर्व बैंक

[14] राज्यस्तरीय बैंकर समिति के अनुसार, यह आंकड़ा 30 जून, 2010 को 1,891 करोड़ रु. था।

## 6.8 सूक्ष्मवित्त

तीसरी दुनिया के अनेक देश उत्तरोत्तर महसूस कर रहे हैं कि पारंपरिक गरीबी उन्मूलन योजनाएं गरीबी पर गंभीर असर डाल नहीं डाल सकतीं, खास कर मजबूत ग्रामीण अधिसंरचना के अभाव से उत्पन्न गरीबी पर। बिहार के लिए यह खास तौर पर सही है जहां ये कार्यक्रम गरीबी से ग्रस्त आबादी के एक अंश को ही मदद पहुंचाते हैं। इस परिदृश्य में, सूक्ष्मवित्त (माइक्रो-फाइनांस) गरीबी उन्मूलन का एक सक्षम विकल्प है। समय पर और पर्याप्त ऋण तथा अन्य वित्तीय सेवाओं की समाज के असुरक्षित और कमजोर तबकों को किफायती खर्च पर उपलब्धता समाज के समग्र आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है।

सफल होने के लिए सूक्ष्मवित्त को ऐसे नवोन्मेषी (इन्नोवेटिव) ऋण वितरण तंत्र से युक्त होना चाहिए जो राज्य में अतिलघु उद्यमजन्य विकल्पों का वास्तविक आकलन करके जरूरतमंद लोगों के लिए सक्षम वित्तीय सेवा सुनिश्चित करे। हालांकि संभावित लाभार्थियों के बीच इसके लिए पर्याप्त जागरूकता पैदा करना ऐसे कार्यक्रमों की सफलता की पहली पूर्वशर्त है। स्वयं सहायता समूह और व्यावसायिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा सहकारी बैंकों द्वारा क्रियान्वित स्वयं सहायता समूह-बैंक संबंध कार्यक्रम देश में प्रमुख सूक्ष्मवित्त कार्यक्रम के रूप में उभरे हैं। स्वयं सहायता समूह-बैंक संबंध के मामले में बिहार क्रमशः अन्य राज्यों के समकक्ष पहुंच रहा है। 30 जून 2010 तक कुल 1,85,600 स्वयं सहायता समूहों का बैंक के साथ ऋण-संबंध हो चुका था और इन स्वयं सहायता समूहों तक हुआ कुल ऋण प्रवाह 1,003 करोड़ रु. था। स्वयं सहायता समूहों के ऋण-संबंध में हुई वर्षवार प्रगति तालिका 6.30 में दर्शाई गई है।

**तालिका 6.30 : बिहार में सूक्ष्मवित्तीयन**

| वर्ष | बैंक संबंध वाले स्वयं सहायता समूहों की सं. | ऋण राशि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| 2004 तक | 16246 | 52 |
| 2004-05 | 11769 | 37 |
| 2005-06 | 18206 | 31 |
| 2006-07 | 26417 | 83 |
| 2007-08 | 49738 | 241 |
| 2008-09 | 25696 | 211 |
| 2009-10 | 30241 | 295 |
| 2010-11[15] | 7287 | 53 |
| **योग** | **185600** | **1003** |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

तालिका 6.31 में कुछ चुनिंदा राज्यों में हुआ स्वयं सहायता समूह-बैंक संबंध दर्शाया गया है। यह देखा जा सकता है कि 2007-08 से 2009-10 के बीच बिहार में इसकी वृद्धि दर मात्र 13 प्रतिशत रही है जबकि पूरे देश के स्तर पर 66 प्रतिशत। 31 मार्च 2010 तक देश के कुल स्वयं सहायता समूहों में बिहार का हिस्सा मात्र 1.69 प्रतिशत था। बिहार में सूक्ष्मवित्त की पैठ देश के अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। इसके अनेक कारण हैं -

[15] 2010-11 के लिए आंकड़े अंतिम जून 2010 से संबंधित हैं।

जैसे जिलों के बीच स्वयं सहायता समूहों का असमान वितरण, समूहों की पहुंच और प्रभावी सहायता में बाधक कमजोर अधिसंरचना, बढ़ता व्यय और घटती कार्यक्षमता, उग्रवादी गतिविधियां, जातिगत संघर्ष, गैर-सरकारी संगठनों/ सूक्ष्मवित्त संस्थाओं में सूक्ष्मवित्तीयन हेतु अनुभव और क्षमता की कमी, अनुदान-वाहित मॉडल से राजस्व आधारित मॉडल में संक्रमण से संबंधित मुद्दे, स्वयं सहायता समूहों के प्रति बैंकों का दकियानूसी रवैया, आरंभ हेतु धन की कमी आदि।

**तालिका 6.31 : भारत के चुनिंदा राज्यों में स्वयं सहायता समूह-बैंक संपर्क की वृद्धि**[16]

| | 2007 | 2010 |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 225856 | 384765 |
| राजस्थान | 137837 | 96206 |
| उत्तर प्रदेश | 198587 | 338357 |
| पश्चिम बंगाल | 181563 | 507782 |
| उड़ीसा | 234451 | 372646 |
| मध्य प्रदेश | 70912 | 76928 |
| **बिहार** | **72638** | **82215** |
| भारत | 2924973 | 4851356 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति और नाबार्ड से संग्रहित आंकड़े

तालिका 6.32 में 31 मार्च 2010 तक स्वयं सहायता समूहों के ऊपर बैंकों का बकाया ऋण दर्शाया गया है। 31 मार्च 2010 तक बिहार के 82,215 समूहों के पास व्यावसायिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों का 557 करोड़ रु. ऋण बकाया था। वहीं 1,40 लाख स्वयं सहायता समूहों की कुल बचत मात्र 85 करोड़ रु. थी जैसा कि तालिका 6.33 में दर्शाया गया है।

**तालिका 6.32 : 31 मार्च 2010 तक स्वयं सहायता समूहों पर बैंकों का कुल बकाया ऋण**

(करोड़ रु.)

| | व्यावसायिक बैंक | | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | | सहकारी बैंक | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समूहों की सं. | बकाया ऋण | समूहों की सं. | बकाया ऋण | समूहों की सं. | बकाया ऋण | समूहों की सं. | बकाया ऋण |
| महाराष्ट्र | 272010 | 926 | 29482 | 113 | 83273 | 164 | 384765 | 1203 |
| राजस्थान | 38241 | 269 | 30539 | 101 | 27426 | 92 | 96206 | 463 |
| उत्तर प्रदेश | 223422 | 1005 | 110270 | 601 | 4665 | 30 | 338357 | 1636 |
| पश्चिम बंगाल | 250108 | 729 | 134250 | 453 | 123424 | 145 | 507782 | 1327 |
| उड़ीसा | 208898 | 1014 | 135055 | 407 | 28693 | 96 | 372646 | 1516 |
| मध्य प्रदेश | 45557 | 319 | 18102 | 77 | 13269 | 50 | 76928 | 445 |
| **बिहार** | **56630** | **376** | **25585** | **181** | **--** | **--** | **82215** | **557** |
| भारत | 3237263 | 20165 | 1103980 | 6145 | 510113 | 1729 | 4851356 | 28038 |

स्रोत : नाबार्ड

[16] ऋणसंपर्कित स्वयं सहायता समूहों की संचयी संख्या।

**तालिका 6.33 : 31 मार्च 2010 तक स्वयं सहायता समूहों का बैंकों के पास बचत जमा**

(करोड़ रु.)

| | व्यावसायिक बैंक | | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | | सहकारी बैंक | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समूहों की सं. | बचत | समूहों की सं. | बचत | समूहों की सं. | बचत | समूहों की सं. | बचत |
| महाराष्ट्र | 410864 | 294 | 91762 | 7 | 268069 | 267 | 770695 | 568 |
| राजस्थान | 96442 | 75 | 61355 | 34 | 55498 | 33 | 213295 | 143 |
| उत्तर प्रदेश | 189374 | 167 | 237942 | 96 | 2444 | 3 | 429760 | 265 |
| पश्चिम बंगाल | 304693 | 155 | 171226 | 294 | 171140 | 147 | 647059 | 595 |
| उड़ीसा | 248873 | 106 | 185309 | 189 | 68990 | 70 | 503172 | 365 |
| मध्य प्रदेश | 98015 | 57 | 60616 | 34 | 19595 | 10 | 178226 | 102 |
| **बिहार** | **92616** | **61** | **48208** | **24** | **--** | **--** | **140824** | **85** |
| भारत | 4052915 | 3674 | 1820870 | 1299 | 1079465 | 1225 | 6953250 | 6199 |

स्रोत : नाबार्ड

स्वयं सहायता समूह-बैंक संबंध कार्यक्रम के विस्तार संबंधी प्रमुख अवरोधों में प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों का अभाव और हितधारियों के बीच स्वयं सहायता समूहों के ऋण प्रदान के मामले में जागरूकता की कमी शामिल है। आशा है कि संवेदनीकरण कार्यक्रम के लिए नाबार्ड और अन्य क्रियान्वयनकारी बैंकों द्वारा ली गई पहलकदमियों की परिणति राज्य में स्वयं सहायता समूह आंदोलन की दिशा में अनुकूल वातावरण निर्माण में होगी।

तालिका 6.34 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा सूक्ष्मवित्तीयन दर्शाया गया है। मार्च 2010 तक चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 111.82 करोड़ रु. की कुल रकम से 10,237 स्वयं सहायता समूहों का वित्तपोषण किया था जो बिहार में समूहों को कुल 1,008 करोड़ रु. की वित्तपोषित राशि का लगभग 11 प्रतिशत है।

**तालिका 6.34 : क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा सूक्ष्मवित्तीयन (मार्च 2010)**

| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | बैंक संबंध वाले स्वयं सहायता समूहों की सं. | ऋण राशि (लाख रु.) |
|---|---|---|
| मध्य बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 2015 | 1398 |
| समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 452 | 202 |
| कोशी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 1134 | 886 |
| उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 6636 | 8696 |
| योग | 10237 | 11182 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## 6.9 बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना - जीविका

विश्व बैंक समर्थित बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना (बीआरएलपी), 2007-12, गरीबी न्यूनीकरण तथा अन्य समान परियोजनाओं के प्रति बिहार सरकार के प्रयासों से उभरे अनुभवों और सबकों का उपयोग कर रही है। 'जीविका' के नाम से ज्ञात इस परियोजना के उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक गोलबंदी के जरिए ग्रामीण गरीबों की जीविका में सुधार लाना और ऋण, परिसंपत्तियों तथा व्यावसायिक बैंकों सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अभिकरणों की सामाजिक सुरक्षा संजाल जैसी सेवाएं हासिल करने में उन्हें सक्षम बनाना है। इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु बिहार सरकार ने 'बिहार ग्रामीण जीविका प्रोत्साहन समिति' (बीआरएलपीएस) की स्थापना की है।

बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना के लिए कुल अनुमानित परियोजना व्यय 7.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर में विश्व बैंक (आइडीए) का सहयोग 6.3 करोड़ डॉलर है। इसमें बिहार सरकार से 70 लाख डॉलर और समुदाय से 30 लाख डॉलर अंशदान की अपेक्षा है। बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना का लक्ष्य बिहार के 6 जिलों के 42 प्रखंडों में 5,90,000 परिवारों को शामिल करते हुए 44,000 स्वयं सहायता समूहों का निर्माण करना है। इसके अलावा, कोशी पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास परियोजना के भाग के बतौर बैंक से 3 करोड़ डॉलर पाकर परियोजना अपने कार्य का विस्तार अन्य 3 जिलों के 13 प्रखंडों में भी करने जा रही है। इन बाढ़ प्रभावित जिलों में 1,60,000 परिवारों को शामिल करते हुए 15,000 स्वयं सहायता समूहों के निर्माण का लक्ष्य है।




## 6.10 चुनिंदा सरकारी योजनाओं का मूल्यांकन

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)

भारत सरकार ने पहले से चल रही दो योजनाओं – प्रधानमंत्री रोजगार योजना (पीएमआरवाइ) और ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम (आरईजीपी) को मिलाकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के नाम से एक नया ऋण-संबंधित उपदान कार्यक्रम (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी प्रोग्राम) आरंभ करने का निर्णय लिया है जो 1 अप्रैल 2008 से प्रभावी है। इसका मकसद ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जो सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रशासित तथा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन वैधानिक संस्था 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग' (केवीआइसी) द्वारा पूरी तरह क्रियान्वित है। राज्य स्तर पर इस योजना का क्रियान्वयन खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशालयों, राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्डों और जिला उद्योग केंद्रों तथा बैंकों के माध्यम से किया जाता है। इस योजना के तहत सरकारी उपदान खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा लाभार्थियों/ उद्यमियों के बैंक खाते में अंतिम वितरण के लिए चिन्हित बैंकों के माध्यम से भेजा जाएगा।

क्रियान्वयनकारी अभिकरणों अर्थात खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्डों और जिला उद्योग केंद्रों को इस योजना के क्रियान्वयन में, खास कर लाभार्थियों और क्षेत्र आधारित सक्षम परियोंजनाओं की पहचान तथा उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण देने के क्षेत्र में प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों, स्वायत्त संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआइसी), राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना के तहत सूचीबद्ध उद्यमी मित्रों (आरजीयूएमवाइ), पंचायती राज संस्थाओं तथा अन्य संबंधित निकायों को जोड़ना है। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम/ ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम निदेशालय द्वारा 2009-10 के लिए निम्नलिखित लक्ष्य आबंटित किए गए हैं।

**तालिका 6.35 : 2009-10 के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लक्ष्य**

| लक्ष्य | खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग | खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड | जिला उद्योग केंद्र | योग |
|---|---|---|---|---|
| परियोजनाओं की संख्या | 1878 | 1877 | 2,503 | 6,258 |
| मार्जिन मनी (लाख रु.) | 2628 | 2628 | 3,504 | 8,761 |
| रोजगार (संख्या) | 18,780 | 18,770 | 25,030 | 62,580 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाइ)

ग्रामीण गरीबी उन्मूलन की विभिन्न योजनाओं के बीच स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना एक महत्वपूर्ण गरीबी विरोधी कार्यक्रम है। गरीबों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी के प्रभावी उन्मूलन के लिए सरकार ने देश में जारी स्वरोजगार कार्यक्रमों को पुनर्गठित करने का निर्णय किया था। फलत: 1999 में स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के नाम से एक नए कार्यक्रम का आरंभ हुआ था। यह एक व्यापक कार्यक्रम है जिसमें स्वयं सहायता समूहों के रूप में गरीबों को स्वयं सहायता समूहों के बतौर संगठित करना, प्रशिक्षण, ऋण, प्रौद्योगिकी, अधिसंरचना और विपणन आदि स्वरोजगार के सभी पक्ष शामिल हैं। बिहार में स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना सबसे बड़ा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय में बैंक इस योजना में बड़े पैमाने पर भाग ले रहे हैं।

मापनीय एवं अनुश्रवणीय परिणामों के लिहाज से सभी प्रमुख कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एक तंत्र निर्मित किया है। स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के मामले में एक चीज मापनीय और अत्यंत महत्व की है - वह है सहायता-प्राप्त स्वरोजारियों की कुल संख्या (स्वयं सहायता समूह और व्यक्ति, दोनों)। स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय लक्ष्यों के अलावा व्यक्तियों और स्वयं सहायता समूहों, दोनों के लिए भौतिक लक्ष्य भी बैंकों को आबंटित किए जाते हैं। स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों के प्रदर्शन तालिका 6.35 और 6.36 में प्रस्तुत हैं। वर्ष 2007-08 में स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत 15,040 स्वयं सहायता समूहों और 1,88,600 व्यक्तियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसे 2009-10 में बढ़ाकर क्रमश: 22,836 और 2,28,360 कर दिया गया है। उपलब्धि के आंकड़े पहले पूरी योजना के मामले में ही अपेक्षाकृत असंतोषजनक थे। लेकिन 2009-10 में उनमें काफी सुधार हुआ है। स्वयं सहायता समूहों के लिए तीनों वर्ष के उपलब्धि के आंकड़े अच्छे रहे हैं।

**तालिका 6.36 : स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत बैंकों का प्रदर्शन**

(रकम करोड़ रु. में)

| सूचक | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| **लक्ष्य** | 1,88,000 | 470 | 1,96,260 | 491 | 2,28,360 | 571 |
| प्राप्त प्रस्ताव | 85460 | ----- | 75015 | ----- | 1,39,403 | ----- |
| स्वीकृत प्रस्ताव | 79951 | 212 | 69027 | 183 | 1,38,392 | 344 |
| **प्रस्तावों पर ऋण वितरण** | **76720** | **188** | **68156** | **170** | **1,38,017** | **334** |
| स्वीकृति/ लक्ष्य (प्रतिशत) | 43 | 45 | 35 | 37 | 61 | 60 |
| वितरण/ लक्ष्य (प्रतिशत) | 41 | 40 | 35 | 35 | 60 | 59 |
| वापस/ अस्वीकृत प्रस्ताव | 5509 | -- | 4991 | -- | 302 | |
| वितरण हेतु लंबित प्रस्ताव | 3231 | -- | 997 | -- | 709 | |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

**तालिका 6.37 : स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत बैंकों का प्रदर्शन : स्वयं सहायता समूह**

| सूचक | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|
| लक्ष्य | 15,040 | 19,626 | 22,836 |
| उपलब्धि | 18,499 | 17463 | 23548 |
| उपलब्धि/ लक्ष्य (%) | 123.00 | 88.98 | 103.12 |

स्रोत : राज्यस्तरीय बैंकर समिति

## बिहार भूजल सिंचाई योजना ( बिगविस )

योजना आयोग द्वारा मिलियन शैलो ट्यूबवेल प्रोग्राम खास कर बिहार के लिए ही अनुमोदित था। इसका लक्ष्य दसवीं योजना के अंत तक अर्थात 2001-02 से लेकर मार्च 2007 तक डीजल पंपसेट समेत 6,97,111 नलकूप स्थापित कराना था। योजना में कुल परियोजना व्यय को 50:30:20 के अनुपात में बैंक ऋण, उपदान तथा पात्र किसानों के मार्जिन अंशदान से पूरा होना था। कार्यक्रम वस्तुत: बिहार के सभी 38 जिलों में लागू हुआ। वर्ष 2006-07 के अंत तक 4,05,259 पंपसेट (लक्ष्य का 58.33 प्रतिशत) लगाने का लक्ष्य हासिल हुआ। कार्यक्रम अप्रैल 2008 से बंद हो गया।

अप्रैल 2009 से नाबार्ड के समन्वय से बिहार भूजल सिंचाई योजना (बिगविस) के नाम से एक नई योजना की संकल्पना की गई। इस योजना की महत्वपूर्ण विशेषताएं तालिका 6.38 में दर्शाई गई हैं। नई योजना में सभी प्रकार के लाभार्थियों को उनकी श्रेणी से निरपेक्ष 45 प्रतिशत की समान दर से उपदान दिया जाता है, बैंक ऋण का हिस्सा 45 प्रतिशत रहता है और शेष 10 प्रतिशत ऋणी का हिस्सा रहता है। राज्य सरकार द्वारा बैंकों तथा नाबार्ड के परामर्श से कार्यसंचालन दिशानिर्देश सूत्रबद्ध किया जा चुका है और 2009-10 से बैंकों द्वारा क्रियान्वयन के लिए योजना आरंभ कर दी गई है।

बिहार में इस योजना का क्रियान्वयन लघु जल संसाधन विभाग द्वारा नाबार्ड के साथ समन्वय से किया जाता है। अभी तक 33.43 करोड़ रु. के ऋण हेतु 6,659 आवेदनों को बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया था और इनमें से 5,276 आवेदकों को कुल 21.72 करोड़ रु. का ऋण प्रदान किया गया था। गत वर्ष राज्य में सूखे की गंभीर स्थिति को देखते हुए इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में तेजी लाने की जरूरत है। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु अलग-अलग बैंकों के लिए अलग-अलग लक्ष्य नहीं तय किए गए हैं जो बैंकों द्वारा तेजी से ऋण स्वीकृति में बाधक हो रहा है।

**तालिका 6.38 : बिहार भूजल सिंचाई योजना की महत्वपूर्ण विशेषताएं**

| योजना का नाम | बिहार भूजल सिंचाई योजना (बिगविस) |
|---|---|
| अनुमानित राशि | 2393.34 करोड़ रु. |
| परियोजनाओं की संख्या | 4,64,000 नलकूप |
| उपदान राशि | 1,055.89 करोड़ रु. (45%) |
| बैंक ऋण | 1,055.89 करोड़ रु. (45%) |
| लाभार्थी का हिस्सा | 234.64 करोड़ रु. (10%) |
| सिंचाई क्षमता का सृजन | 9.28 लाख हेक्टेयर जमीन |
| योजना का परिव्यय | नलकूप : 4'' व्यास, 70 मी. गहराई; कुआं (डगवेल) : 3 मी. व्यास, 12 मी. गहराई |
| **वित्तीय प्रबंधन** | |
| उपदान | प्रति इकाई व्यय का 45% |
| बैंक ऋण | प्रति इकाई व्यय का 45% |
| लाभार्थी की हिस्सा राशि | प्रति इकाई व्यय का 10% |
| लॉक-इन अवधि | 2 वर्ष |
| पात्रता | इस योजना में सभी प्रकार के किसान लक्षित हैं। तथापि, औसत 16 प्रतिशत लाभार्थी अजा/ अजजा श्रेणी के होने चाहिए। |
| परिसंपत्तियों की जांच | योजना के तहत ऋण से सृजित परिसंपत्तियों की जांच का जिम्मा तीसरे पक्ष को दिया गया है। |
| बीमा आच्छादन | योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध बीमा आच्छादन प्रदान किया जाना है। |
| सेवा क्षेत्र विषयक दृष्टिकोण | इस योजना के तहत ऋण प्रदान करने के लिए बैंक सेवा क्षेत्र विषयक दृष्टिकोण का पालन करेंगे। |
| आवेदन | इस योजना के तहत नाबार्ड द्वारा तैयार आवेदनपत्र योजना को लागू करने वाले सभी बैंकों में निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। |

## सिर पर मैला ढोने वालों के पुनर्वास हेतु स्वरोजगार योजना

इस योजना में चिन्हित सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को बैंक ऋणों/ उपदानों के माध्यम से वित्तीय सहयोग दिया जाना है। बिहार की राज्यस्तरीय बैंकर समिति ने सभी लीड जिला प्रबंधकों को जिलावार लक्ष्य से अवगत करा दिया है। राज्य में इस योजना के तहत 15,268 सफाइकर्मियों को सहयोग दिया जाना है। इस संबंध में अजा/ अजजा कल्याण विभाग द्वारा योजना के तहत विभिन्न बैंकों में लंबित आवेदनों की सूची तैयार की गई है। उनके त्वरित निष्पादन हेतु सूची राज्यस्तरीय बैंकर समिति द्वारा बैंकों को भी भेज दी गई है। मार्च 2010 तक इस योजना के तहत 1,851 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। समिति ने सूचना दी है कि शेष आवेदन आवेदकों द्वारा वापस ले लिए गए हैं और मार्च 2010 तक बैंकों के पास कोई आवेदन लंबित नहीं है।

## 6.11 बिहार में निगमजन्य वातावरण[17]

तालिका 6.39 में मार्च 2007 और मार्च 2009 में विभिन्न राज्यों में कार्यरत कुल कंपनियों की संख्या दर्शाई गई है। तालिका में देखा जा सकता है कि मार्च 2007 में बिहार में कुल 8,731 निबंधित लिमिटेड कंपनियां थीं (देश की कुल कंपनियों का 1.17 प्रतिशत)। इनमें से 7,552 (86.5 प्रतिशत) निजी क्षेत्र की थीं और मात्र 1,179 (13.5 प्रतिशत) सार्वजनिक क्षेत्र की। दो वर्ष की अवधि में बिहार में कंपनियों की कुल संख्या 90 इकाइयों की वृद्धि दर्ज करते हुए 8,821 हो गई (देश के योग का 1.07 प्रतिशत)। मार्च 2009 तक बिहार में कार्यरत कुल लिमिटेड कंपनियों में निजी क्षेत्र का हिस्सा 87 प्रतिशत हो गया, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की संख्या 27 घट गई थी। मार्च 2008 तक देश में 2,593 विदेशी कंपनियां कार्यरत थीं जबकि बिहार में सिर्फ एक। हालांकि बेहतर अधिसंरचना की उपलब्धता और कानून-व्यवस्था की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार के कारण बिहार में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है, लेकिन निगमजन्य वातावरण पर इसका प्रभाव महसूस होना अभी शेष है।

**तालिका 6.39 : भारत में कार्यरत लिमिटेड कंपनियों की राज्यवार संख्या**

| राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश | मार्च, 2007 | | | मार्च, 2009 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सार्वजनिक | निजी | योग | सार्वजनिक | निजी | योग |
| आंध्र प्रदेश | 6235 | 43775 | 50010 | 6789 | 54393 | 61182 |
| असम | 370 | 4995 | 5365 | 708 | 5290 | 5998 |
| **बिहार** | **1179** | **7552** | **8731** | **1151** | **7670** | **8821** |
| छत्तीसगढ़ | 278 | 1493 | 1771 | 348 | 3323 | 3671 |
| गुजरात | 6691 | 42588 | 49279 | 5874 | 41300 | 47174 |
| हरियाणा | 975 | 6292 | 7267 | 992 | 8541 | 9533 |
| हिमाचल प्रदेश | 352 | 1880 | 2232 | 329 | 2304 | 2633 |
| झारखंड | 459 | 2959 | 3418 | 348 | 3935 | 4283 |
| कर्नाटक | 2603 | 35987 | 38590 | 2960 | 38738 | 41698 |
| केरल | 2511 | 15082 | 17593 | 1522 | 16567 | 18089 |
| मध्य प्रदेश | 1632 | 9573 | 11205 | 1347 | 11260 | 12607 |
| महाराष्ट्र | 20173 | 146886 | 167059 | 15646 | 164081 | 179727 |
| उड़ीसा | 1006 | 7529 | 8535 | 840 | 7420 | 8260 |
| पंजाब | 2339 | 12644 | 14983 | 2231 | 13882 | 16113 |
| राजस्थान | 1858 | 19595 | 21453 | 1796 | 23734 | 25530 |
| तमिलनाडु | 7909 | 51644 | 59553 | 7187 | 58226 | 65413 |
| उत्तर प्रदेश | 5114 | 21296 | 26410 | 4671 | 23609 | 28280 |
| उत्तराखंड | 264 | 1503 | 1767 | 278 | 1885 | 2163 |
| पश्चिम बंगाल | 10384 | 80719 | 91103 | 10004 | 87746 | 97750 |
| दिल्ली | 15337 | 124639 | 139976 | 15802 | 148159 | 163961 |
| **भारत** | 90654 | 653024 | 743678 | 83010 | 738202 | 821212 |

स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक जैसा कि www.indiastat.com में उद्धृत है।

[17] यह खंड कंपनी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों पर आधारित है। अन्य स्रोतों से उपलब्ध आंकड़े अक्सर अविश्वसनीय और अतिरंजित होते हैं फलतः उनका उपयोग नहीं किया गया है। इस खंड को महज निवेश आकर्षित करने में राज्य की प्रगति तथा उनके अस्तित्व और राज्य के अंतर कंपनी हेतु माहॉल को इंगित करने के लिए शामिल किया गया है

## 6.12 वित्तीय समावेश

वित्तीय रोडमैप बैंकों द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से तैयार किया जाता है जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप जिलास्तरीय समन्वय समिति से समुचित रूप से अनुमोदित होता है। इसका लक्ष्य शाखाओं के ईंट-गारे के माध्यम से या वर्तमान पंचवर्षीय योजना के अंत तक अर्थात मार्च 2012 तक 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में व्यावसायिक पत्राचार सहित सूचना-सेवा और संचार (आइसीटी) आधारित किसी प्रकार के मॉडल के जरिए बैंकिंग आउटलेट उपलब्ध कराना है। इसके अनरूप, 8,947 गांवों की पहचान की गई है और बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिहाज से बैंकों के बीच उनका बंटवारा कर दिया गया है। बैंकों ने 2,132 गावों में 2010-11 में और शेष 6,514 गांवों में 2011-12 में बैंकिंग आउटलेट उपलब्ध कराने की योजना तैयार की है। सितंबर 2010 तक बैंकिंग आउटलेट खोलने के जरिए इनमें से 301 गांवों को आच्छादित किया जा चुका है (जैसा कि तालिका 6.40 में दर्शाया गया है)।

**तालिका 6.40 : वित्तीय समावेश का रोडमैप**

(2000 से अधिक आबादी वाले गोवों में बैंकिंग सेवा के प्रसार के तहत बैंकों का 30.09.2010 तक प्रदर्शन)

| क्र. सं. | बैंक | आबंटित गांवों की सं. | बैंकिंग आउटलेट खोलने से आच्छादित गांवों की सं. | 2010-11 में आच्छादित होने वाले शेष गांवों की सं. | 2011-12 में आच्छादित होने वाले शेष गांवों की सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक | 1554 | 28 | 600 | 926 |
| 2 | पंजाब नेशनल बैंक | 891 | 24 | 533 | 334 |
| 3 | कनारा बैंक | 137 | 15 | 0 | 122 |
| 4 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 869 | 45 | 429 | 395 |
| 5 | यूको बैंक | 386 | 3 | 55 | 328 |
| 6 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 215 | 5 | 100 | 110 |
| 7 | यूनियन बैंक | 171 | 0 | 90 | 81 |
| 8 | बैंक ऑफ इंडिया | 362 | 56 | 112 | 194 |
| 9 | इलाहाबाद बैंक | 298 | 0 | 50 | 248 |
| 10 | यूनाइटेड बैंक | 70 | 0 | 30 | 40 |
| 11 | देना बैंक | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 12 | इंडियन ओवरसीज बैंक | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 13 | इंडियन बैंक | 36 | 0 | 0 | 36 |
| 14 | सिंडिकेट बैंक | 33 | 0 | 0 | 33 |
| 15 | ऑरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स | 9 | 0 | 0 | 9 |
| 16 | आंध्रा बैंक | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 17 | समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 227 | 26 | 10 | 191 |
| 18 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 366 | 46 | 12 | 308 |
| 19 | उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 2389 | 4 | 111 | 2274 |
| 20 | मध्य बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 927 | 49 | 0 | 878 |
| योग | | 8947 | 301 | 2132 | 6514 |

स्रोत : संस्थागत वित्त विभाग, बिहार सारकार

## 6.12 समाहार

वर्ष 2009-10 भारत में बैंकों के लिए पर्याप्त स्थिति-स्थापन, नवोन्मेष, विकास और मूल्य निर्माण के जरिए सामान्यत: वित्तीय संकट से उबरने का वर्ष था। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का अधिक विस्तार और अधिक वित्तीय समावेश आज ऐसे कार्यभार हैं जिनका बिहार में बैंक सामना कर रहे हैं। वर्ष 2009-10 में बिहार में बैंकों की 214 नई शाखाएं खुलीं जो 2007-08 तक दिख रहे गतिरोध के बाद से स्वागत योग्य शुरुआत है। लेकिन नई खुली बैंक शाखाओं में से 44 को छोड़कर शेष शहरी या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खुलीं। अभी बिहार में लगभग 42 प्रतिशत बैंक शाखाएं शहरी या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं जो 2005-06 में 35 प्रतिशत थीं। कई वर्षों से बिहार में देश की कुल बैंक शाखाओं का 5 प्रतिशत से कम हिस्सा रहा है जबकि देश की 8 प्रतिशत से भी अधिक आबादी बिहार में रहती है। बिहार का देश की कुल शाखाओं में तो 5 प्रतिशत से थोड़ा ही कम हिस्सा है, लेकिन अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल कर्मियों में तो 3 प्रतिशत, कुल जमा में 2 प्रतिशत तथा कुल बैंक ऋणों में तो 1 प्रतिशत से भी कम हिस्सा है। बिहार बैंकिंग के मामले में अभी भी देश का एक सर्वाधिक सुविधावंचित राज्य बना हुआ है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की लगभग 1,500 शाखाएं राज्य में हर साल लगभग 1,600 करोड़ रु. एकत्र करती हैं, लेकिन इसमें से लगभग आधी रकम ही ऋण के रूप में गामीण अर्थव्यवस्था में वापस पहुंच पाती है। हाल के वर्षों में परिस्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इन बैंकों द्वारा काफी हद तक गढ़ा जा रहा है। बिहार में सभी अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल ग्रामीण जमा में लगभग 43 प्रतिशत हिस्सा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का है और देश में अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों के कुल ग्रामीण जमा में लगभग 6.0 प्रतिशत। बिहार में सभी अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का कुल ग्रामीण जमा लगभग 24,000 करोड़ रु. है जो अधिकांश अन्य राज्यों से अधिक है। लेकिन प्रति व्यक्ति जमा और ऋणों के मामले में बिहार लगभग सबसे नीचे है और प्रति बैंक कार्यालय द्वारा सेवित जनसंख्या देश में लगभग सर्वाधिक। बिहार में 2009-10 में कुल जमा में गत वर्ष के मुकाबले 14,000 करोड़ रु. से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है लेकिन गत वर्ष की अपेक्षा यह फिर भी कम है। लेकिन ऋण में इस वर्ष 5,400 करोड़ रु. का विस्तार हुआ है जो पिछले वर्ष से लगभग दूना है। यह राज्य में ऋण-जमा अनुपात में सुधार के स्वागत योग्य परिवर्तन का संकेत हो सकता है।

राज्य में अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का 32.23 प्रतिशत ऋण-जमा अनुपात देश में सबसे कम बना रहा और अर्थव्यवस्था के तेज विस्तार में यह एक प्रमुख बाधा है। यह 2006-07 में हासिल स्तर 33.81 प्रतिशत से काफी नीचे था और देश के प्रमुख राज्यों में सबसे कम था - देश के राष्ट्रीय औसत 73 प्रतिशत से तो बहुत ही कम। यहां तक कि उत्तर प्रदेश के ऋण-जमा अनुपात 43 प्रतिशत के स्तर पर भी राज्य में 11,000 करोड़ रु. का शानदार निवेश बढ़ जाता और अर्थव्यवस्था में रूपांतर की संभावना पैदा हो जाती। बिहार में सर्वाधिक 41 प्रतिशत ऋण-जमा अनुपात सहकारी बैंकों का है जिनके बाद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का 38 प्रतिशत और सबसे पीछे अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों को मात्र 28 प्रतिशत। वर्ष 2007-08 तक निम्न ऋण-जमा अनुपात पूंजी के पलायन का कारण बना था जिसका प्रमाण था उपभोग आधारित अधिक ऋण-जमा अनुपात। लेकिन यह रुझान अब रुक गया दिखता है जिसका मुख्य कारण राज्य में सुधरी कानून-व्यवस्था की स्थिति द्वारा समर्थित निवेश के वातावरण

में सुधार है। निवेश सह ऋण-जमा अनुपात राज्य में ऋण-जमा अनुपात से अधिक था लेकिन वह भी देश में सबसे कम था। बिहार के जिलों में ऋण-जमा अनुपात के मामले में काफी भिन्नता दिखी - 19 प्रतिशत से लेकर 45 प्रतिशत तक। राज्य के 38 में से 17 जिलों में यह 30 प्रतिशत से नीचे था और मात्र 9 जिलों में 40 प्रतिशत से ऊपर। अलग-अलग बैंकों में भी ऋण-जमा अनुपात के मामले में काफी अंतर दिखा लेकिन निजी व्यावसायिक बैंकों में तो अन्यंत निम्न था। लगातार निम्न ऋण-जमा अनुपात गंभीर चिंता का विषय है और इसमें यथाशीघ्र सुधार की जरूरत है। ऋण तो इसकी अवशोषण क्षमता पर निर्भर करेगा जिसका निर्धारण भौतिक अधिसंरचना द्वारा होता है, लेकिन ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए बैंकों को अपने रवैए तथा जोखिम के अनुमान में बदलाव लाने की जरूरत है। खास कर शाखाविहीन क्षेत्रों में उन्हें अधिक शाखाएं खोलनी चाहिए और अपने कुछ कठोर ऋण मानकों में ढील देनी चाहिए।

राज्य में 2009-10 के दौरान बैंकों द्वारा प्रदत्त कुल अग्रिमों में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का 66 प्रतिशत हिस्सा था जिसमें अकेले कृषि क्षेत्र का हिस्सा 41 प्रतिशत है। गत कुछ वर्षों के दौरान इस स्थिति में कोई बड़ा अंतर नहीं आया है। लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिम का कुल वितरित ऋण में मात्र 17 प्रतिशत हिस्सा था। इस क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए औद्योगिक प्रांगणों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ बिजली और सड़कमार्ग संबंधी अधिसंरचना का विकास जरूरी होगा।

बिहार में 8,463 पैक्स हैं जो देश में मौजूद कुल पैक्स के 9 प्रतिशत हैं। लेकिन जमा और ऋण-प्रदान के लिहाज से अन्य राज्यों से ये काफी पीछे हैं। लगभग आधे पैक्स घाटे में चल रहे हैं हालांकि घाटा बहुत अधिक नहीं है। राज्य की राजकीय सहकारी समितियों के मामले में ऋण वसूली का प्रतिशत मात्र 36 प्रतिशत था जो देश के राज्यों के बीच सबसे कम है; राष्ट्रीय औसत भी 90 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2008-09 में बिहार में अनिष्पादित परिसंपत्तियों का प्रतिशत देश में सर्वाधिक था। यह कुल बकाया ऋणों का 42.5 प्रतिशत था जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत है। अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों द्वारा राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश में बिहार का हिस्सा मात्र 3 प्रतिशत है जो अन्य राज्यों से बहुत कम है।

राष्ट्रीय स्तर की वित्तीय संस्थाओं में ग्रामीण अधिसंरचना विकास कोष के अंतर्गत नाबार्ड का ऋण वितरण कुल स्वीकृत राशि का आधा भी नहीं था। राज्य में सूक्ष्मवित्त के क्षेत्र में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन तब भी यह अन्य राज्यों के मुकाबले महत्वहीन बना हुआ है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जगह बनाने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिहाज से सूक्ष्मवित्त में भारी संभावनाएं मौजूद हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना जैसी गरीबी विरोधी योजनाओं में हासिल उपलब्धियां वसूली की अत्यंत निम्न दर के कारण मिट्टी में मिल गईं। वार्षिक ऋण योजना और गरीबी उन्मूलन योजनाओं के संबंध में यह सुनिश्चित करने के लिए कि कागज पर हासिल उपलब्धियां मापनीय-गणनीय परिणामों रूप में वास्तव में परिवर्तित हो जायं, एक उचित अनुश्रवण व्यवस्था को संस्थाबद्ध करना एक तात्कालिक आवश्यकता है। अभी ऐसी कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि बिहार में निवेश का वातावरण निर्मित करने के लिहाज से बैंकों के लिए अभी शुरुआत करना ही बाकी है।

मानचित्र-1

**व्यावसायिक बैंकों के कार्यालयों का राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेश-वार वितरण 2009**

**( 31 मार्च को )**




स्रोत : स्टेटिस्टिकल टेबल्स रिलेटिंग टू बैंक्स ऑफ इंडिया, 2008-09

मानचित्र-2

अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेश-वार
ऋण-जमा अनुपात 2009
(31 मार्च को)




स्रोत : स्टेटिस्टिकल टेबल्स रिलेटिंग टू बैंक्स ऑफ इंडिया, 2008-09

## परिशिष्ट-1 : 30 जून 2010 तक वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत जिलावार प्रदर्शन

### क. प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम

| जिला | कृषि | | | लघु एवं मध्यम उद्यम | | | अन्य प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र | | | योग (प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | % | लक्ष्य | उपलब्धि | % | लक्ष्य | उपलब्धि | % | लक्ष्य | उपलब्धि | % |
| पटना | 55277 | 22299 | 40.34 | 28519 | 12419 | 43.55 | 101159 | 23682 | 23.41 | 184955 | 58400 | 31.58 |
| नालंदा | 47810 | 7604 | 15.90 | 3133 | 1722 | 54.96 | 6035 | 1120 | 18.56 | 56978 | 10446 | 18.33 |
| रोहतास | 63386 | 6180 | 9.75 | 12143 | 736 | 6.06 | 13189 | 1727 | 13.09 | 88718 | 8643 | 9.74 |
| कैमूर | 46565 | 3725 | 8.00 | 8060 | 582 | 7.22 | 4400 | 772 | 17.55 | 59025 | 5079 | 8.60 |
| बक्सर | 75829 | 3941 | 5.20 | 4743 | 485 | 10.23 | 7760 | 1043 | 13.44 | 88332 | 5469 | 6.19 |
| भोजपुर | 72363 | 5456 | 7.54 | 3834 | 831 | 21.67 | 10800 | 1861 | 17.23 | 86997 | 8148 | 9.37 |
| गया | 73962 | 4200 | 5.68 | 6639 | 2171 | 32.70 | 12228 | 1984 | 16.23 | 92829 | 8355 | 9.00 |
| औरंगाबाद | 53924 | 3782 | 7.01 | 3991 | 955 | 23.93 | 7950 | 1255 | 15.79 | 65865 | 5992 | 9.10 |
| जहानाबाद | 17109 | 1164 | 6.80 | 1394 | 328 | 23.53 | 4062 | 672 | 16.54 | 22565 | 2164 | 9.59 |
| अरवल | 10900 | 946 | 8.68 | 670 | 146 | 21.79 | 1426 | 212 | 14.87 | 12996 | 1304 | 10.03 |
| नवादा | 21909 | 2540 | 11.59 | 509 | 1612 | 316.70 | 6925 | 1664 | 24.03 | 29343 | 5816 | 19.82 |
| सारण | 64339 | 2158 | 3.35 | 8650 | 961 | 11.11 | 12070 | 1136 | 9.41 | 85059 | 4255 | 5.00 |
| सीवान | 46480 | 2757 | 5.93 | 4837 | 745 | 15.40 | 12781 | 851 | 6.66 | 64098 | 4353 | 6.79 |
| गोपालगंज | 60117 | 3057 | 5.09 | 2026 | 310 | 15.30 | 9798 | 526 | 5.37 | 71941 | 3893 | 5.41 |
| मुजफ्फरपुर | 68592 | 4208 | 6.13 | 13956 | 2191 | 15.70 | 19133 | 3376 | 17.64 | 101681 | 9775 | 9.61 |
| सीतामढ़ी | 32433 | 2515 | 7.75 | 2287 | 744 | 32.53 | 4859 | 1330 | 27.37 | 39579 | 4589 | 11.59 |
| शिवहर | 4795 | 363 | 7.57 | 335 | 64 | 19.10 | 780 | 73 | 9.36 | 5910 | 500 | 8.46 |
| प. चंपारण | 59682 | 9402 | 15.75 | 18050 | 367 | 2.03 | 5184 | 758 | 14.62 | 82916 | 10527 | 12.70 |
| पू. चंपारण | 58276 | 4953 | 8.50 | 5885 | 2004 | 34.05 | 19565 | 2365 | 12.09 | 83726 | 9322 | 11.13 |
| वैशाली | 34540 | 2897 | 8.39 | 4642 | 834 | 17.97 | 9956 | 1036 | 10.41 | 49138 | 4767 | 9.70 |
| दरभंगा | 25943 | 3292 | 12.69 | 2155 | 1638 | 76.01 | 11348 | 2227 | 19.62 | 39446 | 7157 | 18.14 |
| समस्तीपुर | 64701 | 3737 | 5.78 | 9066 | 1043 | 11.50 | 11738 | 1676 | 14.28 | 85505 | 6456 | 7.55 |
| मधुबनी | 49241 | 3475 | 7.06 | 6604 | 829 | 12.55 | 9412 | 1611 | 17.12 | 65257 | 5915 | 9.06 |
| सहरसा | 25374 | 1735 | 6.84 | 1295 | 172 | 13.28 | 6407 | 800 | 12.49 | 33076 | 2707 | 8.18 |
| सुपौल | 22911 | 1169 | 5.10 | 1173 | 95 | 8.10 | 7340 | 791 | 10.78 | 31424 | 2055 | 6.54 |
| मधेपुरा | 25872 | 385 | 1.49 | 908 | 62 | 6.83 | 3423 | 361 | 10.55 | 30203 | 808 | 2.68 |
| पूर्णिया | 55364 | 2112 | 3.81 | 3921 | 561 | 14.31 | 11805 | 1575 | 13.34 | 71090 | 4248 | 5.98 |
| अररिया | 41924 | 1219 | 2.91 | 6008 | 466 | 7.76 | 4253 | 522 | 12.27 | 52185 | 2207 | 4.23 |
| किशनगंज | 41931 | 1470 | 3.51 | 4635 | 445 | 9.60 | 6555 | 539 | 8.22 | 53121 | 2454 | 4.62 |
| कटिहार | 47292 | 3163 | 6.69 | 2462 | 456 | 18.52 | 7369 | 939 | 12.74 | 57123 | 4558 | 7.98 |
| भागलपुर | 41223 | 2416 | 5.86 | 4010 | 3039 | 75.79 | 14970 | 2228 | 14.88 | 60203 | 7683 | 12.76 |
| बांका | 22662 | 1946 | 8.59 | 2066 | 1671 | 80.88 | 11495 | 778 | 6.77 | 36223 | 4395 | 12.13 |
| मुंगेर | 16530 | 1290 | 7.80 | 2639 | 1390 | 52.67 | 13850 | 1312 | 9.47 | 33019 | 3992 | 12.09 |
| लखीसराय | 14696 | 1816 | 12.36 | 2336 | 741 | 31.72 | 4996 | 1255 | 25.12 | 22028 | 3812 | 17.31 |
| बेगूसराय | 69098 | 5196 | 7.52 | 5887 | 2265 | 38.47 | 25500 | 3964 | 15.55 | 100485 | 11425 | 11.37 |
| जमुई | 13678 | 1490 | 10.89 | 1354 | 1362 | 100.59 | 7926 | 980 | 12.36 | 22958 | 3832 | 16.69 |
| खगड़िया | 30707 | 1938 | 6.31 | 3370 | 263 | 7.80 | 4500 | 779 | 17.31 | 38577 | 2980 | 7.72 |
| शेखपुरा | 9376 | 606 | 6.46 | 538 | 653 | 121.38 | 1415 | 961 | 67.92 | 11329 | 2220 | 19.60 |
| **बिहार** | 1586811 | 132602 | 8.36 | 194730 | 47358 | 24.32 | 434362 | 70741 | 16.29 | 2215903 | 250701 | 11.31 |

स्रोत : राज्यस्तीय बैंकर समिति

## ख. 30.06.10 को गैर प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम

| जिला | गैर प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | % | लक्ष्य | उपलब्धि | % |
| पटना | 368212 | 64262 | 17.45 | 553167 | 122662 | 22.17 |
| नालंदा | 33743 | 6206 | 18.39 | 90721 | 16652 | 18.36 |
| रोहतास | 33734 | 2144 | 6.36 | 122452 | 10787 | 8.81 |
| कैमूर | 17980 | 1416 | 7.88 | 77005 | 6495 | 8.43 |
| बक्सर | 24277 | 1838 | 7.57 | 112609 | 7307 | 6.49 |
| भोजपुर | 37448 | 2277 | 6.08 | 124445 | 10425 | 8.38 |
| गया | 52630 | 4837 | 9.19 | 145459 | 13192 | 9.07 |
| औरंगाबाद | 26470 | 1993 | 7.53 | 92335 | 7985 | 8.65 |
| जहानाबाद | 11707 | 433 | 3.70 | 34272 | 2597 | 7.58 |
| अरवल | 7059 | 282 | 3.99 | 20055 | 1586 | 7.91 |
| नवादा | 20224 | 2879 | 14.24 | 49567 | 8695 | 17.54 |
| सारण | 44269 | 2449 | 5.53 | 129328 | 6704 | 5.18 |
| सीवान | 42835 | 2101 | 4.90 | 106933 | 6454 | 6.04 |
| गोपालगंज | 28088 | 2685 | 9.56 | 100029 | 6578 | 6.58 |
| मुजफ्फरपुर | 71265 | 7267 | 10.20 | 172946 | 17042 | 9.85 |
| सीतामढ़ी | 33376 | 2580 | 7.73 | 72955 | 7169 | 9.83 |
| शिवहर | 6029 | 193 | 3.20 | 11939 | 693 | 5.80 |
| पश्चिमी चंपारण | 38301 | 2513 | 6.56 | 121217 | 13040 | 10.76 |
| पूर्वी चंपारण | 49462 | 3696 | 7.47 | 133188 | 13018 | 9.77 |
| वैशाली | 35866 | 2373 | 6.62 | 85004 | 7140 | 8.40 |
| दरभंगा | 48354 | 3970 | 8.21 | 87800 | 11127 | 12.67 |
| समस्तीपुर | 46644 | 3939 | 8.44 | 132149 | 10395 | 7.87 |
| मधुबनी | 42756 | 4818 | 11.27 | 108013 | 10733 | 9.94 |
| सहरसा | 20685 | 2054 | 9.93 | 53761 | 4761 | 8.86 |
| सुपौल | 22345 | 1356 | 6.07 | 53769 | 3411 | 6.34 |
| मधेपुरा | 20923 | 994 | 4.75 | 51126 | 1802 | 3.52 |
| पूर्णिया | 32594 | 3464 | 10.63 | 103684 | 7712 | 7.44 |
| अररिया | 22619 | 1613 | 7.13 | 74804 | 3820 | 5.11 |
| किशनगंज | 15993 | 1370 | 8.57 | 69114 | 3824 | 5.53 |
| कटिहार | 46870 | 3540 | 7.55 | 103993 | 8098 | 7.79 |
| भागलपुर | 41081 | 4624 | 11.26 | 101284 | 12307 | 12.15 |
| बांका | 16483 | 1626 | 9.86 | 52706 | 6021 | 11.42 |
| मुंगेर | 34553 | 2522 | 7.30 | 67572 | 6514 | 9.64 |
| लखीसराय | 12049 | 2426 | 20.13 | 34077 | 6238 | 18.31 |
| बेगूसराय | 34841 | 6654 | 19.10 | 135326 | 18079 | 13.36 |
| जमुई | 18087 | 2061 | 11.39 | 41045 | 5893 | 14.36 |
| खगड़िया | 16307 | 1718 | 10.54 | 54884 | 4698 | 8.56 |
| शेखपुरा | 7938 | 2219 | 27.95 | 19267 | 4439 | 23.04 |
| **बिहार** | 1484097 | 165392 | 11.14 | 3700000 | 416093 | 11.25 |

स्रोत : राज्यस्तीय बैंकर समिति

## परिशिष्ट-2 : जिलावार उपलब्धि - किसान क्रेडिट कार्ड (संख्या)

| जिला | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 9939 | 27779 | 15259 | 23113 | 20036 | 10801 | 26204 | 18048 | 26233 | 60143 | 237555 |
| नालंदा | 9023 | 18518 | 9820 | 20562 | 18229 | 13266 | 16297 | 16175 | 22281 | 34946 | 179117 |
| रोहतास | 9368 | 16368 | 11772 | 22363 | 7777 | 6674 | 15272 | 19590 | 33141 | 56523 | 198848 |
| कैमूर | 4060 | 8810 | 4314 | 5685 | 15015 | 5205 | 9624 | 12094 | 24102 | 31488 | 120397 |
| बक्सर | 2351 | 4253 | 2438 | 2862 | 4279 | 4051 | 8824 | 6775 | 10916 | 38447 | 85196 |
| भोजपुर | 7275 | 18386 | 19283 | 32437 | 21830 | 4833 | 17683 | 15918 | 27575 | 50759 | 215979 |
| गया | 3907 | 13618 | 12292 | 22998 | 18865 | 8601 | 19716 | 16371 | 52571 | 40101 | 209040 |
| औरंगाबाद | 5093 | 11189 | 7593 | 31358 | 17569 | 12707 | 9272 | 8638 | 28077 | 42494 | 173990 |
| जहानाबाद | 1595 | 3462 | 2029 | 1807 | 3818 | 2381 | 5681 | 5348 | 12261 | 16095 | 54477 |
| अरवल | | | 923 | 1275 | 2058 | 1052 | 2698 | 2932 | 4443 | 6691 | 22072 |
| नवादा | 6782 | 15756 | 13622 | 27525 | 11264 | 7668 | 11281 | 11217 | 25992 | 24837 | 155944 |
| सारण | 6276 | 9290 | 6246 | 4677 | 8845 | 9190 | 8881 | 14127 | 24233 | 32706 | 124471 |
| सीवान | 6367 | 17482 | 10134 | 18995 | 10809 | 7074 | 10551 | 14545 | 27750 | 38536 | 162243 |
| गोपालगंज | 2418 | 7285 | 7164 | 19734 | 12938 | 5413 | 11205 | 13396 | 29824 | 42890 | 152267 |
| मुजफ्फरपुर | 4723 | 6946 | 7851 | 14331 | 22390 | 7517 | 15170 | 20050 | 36197 | 61028 | 196203 |
| सीतामढ़ी | 3546 | 17901 | 15796 | 29720 | 9027 | 6814 | 10883 | 24403 | 19944 | 34675 | 172709 |
| शिवहर | 228 | 140 | 140 | 173 | 425 | 1309 | 1538 | 2617 | 6646 | 6036 | 19252 |
| पश्चिमी चंपारण | 8562 | 22470 | 16341 | 26005 | 27614 | 31407 | 35212 | 32431 | 47446 | 70194 | 317682 |
| पूर्वी चंपारण | 4967 | 6768 | 8077 | 19515 | 19279 | 14701 | 21053 | 26210 | 45138 | 74330 | 240038 |
| वैशाली | 3826 | 12469 | 7121 | 18707 | 15312 | 12409 | 15141 | 17144 | 30629 | 38763 | 171521 |
| दरभंगा | 2911 | 11867 | 9053 | 1459 | 6751 | 3816 | 7783 | 8011 | 20738 | 43993 | 116382 |
| समस्तीपुर | 14169 | 20043 | 16300 | 38406 | 20970 | 21759 | 14954 | 22783 | 38363 | 79075 | 286822 |
| मधुबनी | 4498 | 17535 | 11425 | 29187 | 25258 | 12656 | 9559 | 15598 | 35420 | 38578 | 199714 |
| सहरसा | 1738 | 1019 | 939 | 1118 | 2906 | 2135 | 5513 | 7250 | 13835 | 21763 | 58216 |
| सुपौल | 1957 | 1840 | 1553 | 1216 | 3424 | 2838 | 5593 | 6296 | 57130 | 22830 | 104677 |
| मधेपुरा | 6392 | 6722 | 4537 | 854 | 2844 | 2962 | 4679 | 6056 | 11620 | 12307 | 58973 |
| पूर्णिया | 26975 | 29687 | 19063 | 39782 | 25036 | 11791 | 12350 | 13477 | 27434 | 51210 | 256805 |
| अररिया | 741 | 1923 | 1511 | 1988 | 6264 | 13238 | 9170 | 8558 | 16384 | 20225 | 80002 |
| किशनगंज | 1104 | 871 | 1140 | 1287 | 4977 | 8952 | 5484 | 7393 | 13680 | 14645 | 59533 |
| कटिहार | 5611 | 8840 | 13472 | 26457 | 23531 | 12329 | 9565 | 12213 | 19833 | 29760 | 161611 |
| भागलपुर | 7468 | 42207 | 20957 | 40851 | 9366 | 4726 | 9223 | 11477 | 22734 | 44740 | 213749 |
| बांका | 441 | 1847 | 1145 | 896 | 3395 | 3138 | 4141 | 4282 | 9463 | 21232 | 49980 |
| मुंगेर | 3190 | 6575 | 7727 | 19611 | 10244 | 2869 | 3967 | 5608 | 10756 | 16559 | 87106 |
| लखीसराय | 258 | 1417 | 764 | 1225 | 2447 | 2353 | 3422 | 4587 | 10054 | 11401 | 37928 |
| बेगूसराय | 3469 | 16433 | 12431 | 24782 | 35001 | 21426 | 9352 | 14712 | 20694 | 57130 | 215430 |
| जमुई | 957 | 1381 | 1485 | 1828 | 3352 | 4113 | 3777 | 7382 | 13458 | 15779 | 53512 |
| खगड़िया | 4034 | 12421 | 9365 | 18483 | 19707 | 9028 | 5528 | 9296 | 12375 | 30313 | 130550 |
| शेखपुरा | 201 | 1197 | 649 | 880 | 1503 | 2216 | 2317 | 3532 | 7882 | 6315 | 26692 |
| **बिहार** | **186420** | **422715** | **311731** | **594152** | **474355** | **315418** | **398563** | **466540** | **897252** | **1339537** | **5406683** |

स्रोत : राज्यस्तीय बैंकर समिति

टिप्पणी : 2010-11 के लिए आंकड़े अंतिम जून, 2010 से संबंधित हैं।

# अध्याय 7

# राजकीय वित्तव्यवस्था

## 7.1 भूमिका

वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान बिहार में हुए शांतिपूर्ण चुनाव ने पुनरुत्थान के मार्ग पर अग्रसर राज्य के लिए आवश्यक कारकों पर बल दिया - आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं, सामाजिक क्षेत्र में भी। शिक्षा और स्वास्थ्य की न्यूनतम सुविधाओं, गांवों को शहरों से जोड़ने वाले बेहतर सड़कों-पुलों तथा कानून-व्यवस्था के लिहाज से एक सुचारु ढंग से कार्यरत राज्य की आधारभूत नींव स्थापित हो गई है। अनेक रिक्त पदों को भरने के लिए शिक्षकों, चिकित्सकों तथा पुलिसकर्मियों की नियुक्ति कर दी गई है। ये छोटी-मोटी उपलब्धियां नहीं हैं। इन्होंने राज्य सरकार के प्रदर्शन के संबंध में उच्च अपेक्षाओं को जन्म दिया है। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के अलावा, राज्य का कार्यभार अब वैसी स्थितियां पैदा करना है जिसमें आम आदमी की जीवनदशा में सुधार ही नहीं हो, उसका रूपांतर भी हो। रूपांतर की इस प्रक्रिया में निजी निवेश और निजी सहभागिता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना सार्वजनिक निवेश। साथ ही, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्षम अधिसंरचना - अबाध विद्युत आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण सड़कें, सामान्य अधिसंरचना तथा स्वच्छता सुविधाएं, और जनता के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखरेख तथा शिक्षा प्रदान - निर्मित करने की चुनौती पूरी करना भी आवश्यक है जो निजी क्षेत्र का निवेश भी आकर्षित कर सकता है और तेज आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है।

किसी सरकार का, खास कर बिहार जैसे आर्थिक रूप से पिछड़े हुए राज्य के विकास का प्रयास मुख्यत: उसके लोक वित्त पर निर्भर करता है। लोक वित्त का संबंध कुछ पैरामीटर को केंद्र में रखकर चातुर्यपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन से होता है जो राजकीय वित्तव्यवस्था की समुचित जांच, विश्लेषण, निदान तथा उससे संबंधित नीतिगत हस्तक्षेप के लिए अनिवार्य होता है। ऐसे पैमाने प्रभावी सेवा प्रदान सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही, पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिहाज से प्रशासन में सुधार लाने के जरिए सरकार की क्षमता का सुदृढ़ीकरण करके भविष्य के प्रति आशा पैदा करते हैं। आर्थिक एवं सामाजिक प्राथमिकताओं के बिल्कुल अनुरूप विभिन्न गतिविधियों के लिए संसाधनों का आबंटन और पूरे सार्वजनिक व्यय के परिणाम का अनुश्रवण किसी भी सरकार के अनिवार्य कार्य हैं और इन सबके लिए संबंधित पैरामीटरों को सावधानीपूर्वक मापने की जरूरत होती है।

जबसे राज्य सरकार द्वारा एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन) अधिनियम लागू किया गया है, इसके लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिहाज से राजकोषीय समंजन तथा राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की प्राप्ति के लिए इसके अंतर्गत अनेक व्यवहारिक कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा 2007-08 तक अधिनियम में सूचित सारे राजकोषीय लक्ष्य हासिल भी कर लिए गए हैं। खास तौर पर इसमें ऋण समस्या को प्रबंधनीय सीमा के अंदर लाना शामिल है जिसके एक समय नियंत्रण के बाहर हो जाने का खतरा दिख रहा था। परंतु उसी समय

वैश्विक आर्थिक मंदी का झटका लगा जिसने पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम ही सही, लेकिन भारत को भी प्रभावित किया। उसके दुष्परिणामों से बिहार भी खुद को पूरी तरह बचा नहीं पाया। वर्ष 2009-10 में अधिकांश समय उसका दंश झेलना पड़ा। राज्य सरकार के राजस्व अधिशेष में कमी आई और राजकोषीय घाटा एफआरबीएम अधिनियम द्वारा बढ़ाई गई 4 प्रतिशत की सीमा के बिल्कुल अंदर रहा। लेकिन 2009-10 को अगर हम विवेच्य वर्ष के रूप में लें, तो 2010-11 स्थिति में सुधार का वर्ष रहा है और अर्थव्यवस्था फिर से उछाल भरने लगी है। राज्य सरकार गत पांच वर्षों से जिन नीतियों का पालन कर रही है और जिस प्रकार की व्यवस्था के निर्माण का प्रयास वह कर रही थी, उसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं जो राज्य सरकार के लिए व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु और भी पहलकदमियां लेने के लिहाज से उत्साहवर्धक हैं।

वर्तमान वित्तवर्ष में राज्य सरकार द्वारा ली गई महत्वपूर्ण पहलकदमियां निम्नलिखित थीं :

- पिछड़ी जाति के लिए 12 आवासीय बालिका विद्यालयों का निर्माण,
- प्राथमिक शिक्षा से संबंधित परियोजनाओं का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन,
- विभिन्न मुख्यमंत्री पोशाक योजनाओं के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पोशाक उपलब्ध कराना,
- मुख्यमंत्री साइकिल योजनाओं के अंतर्गत लड़कियों को साइकल उपलब्ध कराना,
- पूर्वी क्षेत्र विज्ञान शिविरों का आयोजन,
- डुमरांव में पशु चिकित्सा सहायक प्रशिक्षण विद्यालय,
- पूर्णिया में कृषि महाविद्यालय,
- राष्ट्रीय अशक्त पेंशन योजना का आरंभ,
- राज्य आपदा अनुक्रिया बल का गठन,
- कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण,
- राज्य आंकड़ा केंद्र के लिए सुविधाओं का उन्नयन,
- भंडारगृहों तथा भंडारों का विकास,
- ग्रामोद्योगों एवं लघु उद्योगों को सहायता,
- बिहार वाणिज्य विकास कोष के तहत व्यापार, वाणिज्य तथा उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए बुनियादी अधिसंरचना का विकास एवं रखरखाव तथा बाजारों एवं आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए सड़कों-पुलों का निर्माण, तथा
- वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत पुलिस अकादमी तथा प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, महादलितों के प्रशिक्षण हेतु आंगनवाड़ी केंद्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पंचायती राज संस्थाओं के लिए भवन निर्माण, नई बाढ़ नियंत्रण योजनाओं का आरंभ आदि।

व्यय और सामाजिक प्रतिफलों के बीच कमजोर कड़ी ने बिहार में सेवा की गुणवत्ता को ऐतिहासिक रूप से क्षति पहुंचाई है। अतएव राज्य सरकार जिस सर्वप्रमुख चुनौती का सामना कर रही है, वह है सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और लोगों के लिए सेवा प्रदान में आमूल सुधार लाना। ऐसा करने के लिए कम संसाधनों का प्रभावी उपयोग और अधिक दक्षतापूर्वक संग्रह करना है तथा राज्य में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन देना है। विकास आबंटित धन के समुचित क्रियान्वयन तथा प्रभावी उपयोग के जरिए ही सुनिश्चित किया जा सकता है जिसका अंतिम प्रतिफल यह होगा कि आर्थिक विकास मानवोचित बेहतरी में रूपांतरित हो। इस बाबत सबसे बड़ी बाधा राज्य सरकार के अपर्याप्त संसाधनों को खाली करने वाला मरनासन्न सार्वजनिक क्षेत्र है। तेरहवें वित्त आयोग ने भी अनुशंसा की है कि राज्य सरकारों को मार्च 2011 तक सार्वजनिक क्षेत्र की अकार्यशील इकाइयों की बंदी के लिए विशेष रोडमैप तैयार करने की जरूरत है और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के विनिवेश तथा निजीकरण पर सक्रियतापूर्वक विचार और उसका अनुपालन किया जाना चाहिए। दूसरा अवरोध सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के पास बकाया सरकारी प्रतिभूतियों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों की बढ़ती पेंशन देनदारियों के रूप में है। यह समय संभवत: पेंशन योजनाओं के प्रबंधन हेतु वैकल्पिक मॉडलों पर विचार करने का भी है। इसके अलावा, जिलों के बीच विकास के मामले में भारी असमानता राज्य सरकार के लिए बहुत ही चिंताजनक बात है और उतना ही चिंता की बात है योजनागत योजनाओं का समुचित अनुश्रवण – चाहे वे योजनाएं राज्य योजना की हों या केंद्रीय योजना की अथवा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की। इसके अलावा, कुछ प्रक्रियागत कठिनाइयां ऐसी हैं कि उनके कारण विकास योजनाओं के संबंध में निर्णय प्रक्रिया और क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब होता है।

गत पांच वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने अपने लोक वित्त का बहुत अच्छी तरह प्रबंधन किया है। इसने व्यय में महत्वपूर्ण राजकोषीय अनुशासन लागू किया है, कम तरजीह वाले व्यय में कमी लाई है और बढ़े पूंजीगत परिव्यय और सामाजिक क्षेत्र के व्यय संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए अपना राजस्व बढ़ाया है। राजकोषीय उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध होने तथा पूंजीगत परिव्ययों में प्रचुर वृद्धि करने के कारण राज्य सरकार आगे बढ़ने और बिहार को देश के सर्वाधिक तेज विकास वाले राज्यों में एक में बदल डालने के कगार पर है।

तेरहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट ने आम तौर पर देश के तमाम राज्यों को प्रभावित करने वाले उदग्र और क्षैतिज असंतुलनों को प्रकाश में लाया है, पिछड़ापन के ऐतिहासिक कारकों के कारण बिहार जिसका खास तौर पर शिकार है। राज्य सरकार के करों में कम उत्फुल्लता के कारण अंतरणों का राज्यों के बीच मौजूद असंतुलनों के साथ जोड़ना अपरिहार्य बन जाता है। हालांकि आयोग की रिपोर्ट में इस मुद्दे को प्रभावीशाली ढंग से नहीं उठाया गया है और अनुशंसाएं भी अनेक मामलों में बिहार के लिए खास तौर पर अनुकूल नहीं हैं। खास कर बिहार अब गैर–योजना राजस्व घाटा हेतु अनुदानों का पात्र नहीं रहा क्योंकि केंद्रीय करों की सुपुर्दगी के बाद तेरहवें वित्त आयोग द्वारा शामिल वर्षों में बिहार के राजस्व लेखे में कोई घाटा नहीं रहेगा। इसके अलावा, इसकी अनुशंसाएं राज्यों के बीच आर्थिक अवसरों की समानता के कार्यभार को अनदेखा करती दिखती हैं।

राज्य सरकार को उपलब्ध संसाधनों में कर और गैर–कर राजस्व, पूंजीगत प्राप्तियां, केंद्रीय करों में राज्य सरकार के लिए तय हिस्सा, केंद्र सरकार से मिलने वाले ऋण और अनुदान, खुले बाजार से ऋणग्रहण, तथा राज्य सरकार के लेखे में रखी जाने वाली भविष्य निधि के संग्रहण तथा अन्य जमा राशियां शामिल होती हैं। इन संसाधनों का उपयोग या तो विकास के मकसद से योजना व्यय हेतु होता है या गैर–योजना हेतु प्रशासन, ब्याज भुगतान, और बकाया ऋणों के भुगतान तथा स्थानीय निकायों, सरकारी कंपनियों और निगमों को अनुदान और ऋण देने तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों को विभिन्न प्रयोजनों के लिए अग्रिम देने के लिए।

संविधान के अनुच्छेद 266 के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्राप्त समस्त राजस्व, कोषागार विपत्रों को जारी करने से प्राप्त सारे ऋण, ऋण तथा अर्थोपाय अग्रिम, और ऋण अदायगी के रूप में प्राप्त सारी रकम को राज्य सरकार की संचित निधि में रखा जाता है। विधानमंडल के अनुमोदन के बगैर इस निधि से कोई राशि खर्च नहीं की जा सकती है। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा प्रबंधित दो अन्य कोष भी होते हैं। एक तो आकस्मिक निधि होती है और नियत कॉर्पस वाली और अर्थदाय की प्रकृति की होती है। विधानमंडल द्वारा उसका निर्माण संविधान के अनुच्छेद 267 के तहत असंभावित खर्चों को पूरा करने के लिए किया जाता है। विधानमंडल द्वारा उसका बाद में प्रमाणीकरण किया जाता है तथा संचित निधि से उसे पूरा किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा या उसके निमित्त प्राप्त अन्य सारी राशियों को राज्य सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 266(2) के तहत निर्मित लोकलेखा में रखा जाता है। लोकलेखा से निकासी के लिए न तो विधानमंडल की स्वीकृति आवश्यक होती है न उसका शेष अलग रखा जाता है; इसकी बजाय उसे राज्य सरकार के नगद शेष के साथ मिला दिया जाता है। संचित निधि से उधार लेने के बाद राज्य सरकार का सकल राजकोषीय घाटा लोकलेखा के शेष से पूरा किया जाता है।

यहां पर राज्य सरकार के वित्तीय और राजकोषीय प्रदर्शन[1] का विश्लेषण किया गया है – सबसे पहले तो राज्य सरकार की प्राप्ति तथा व्यय का सार–संक्षेप प्रस्तुत करके (तालिका 7.1) और उसके बाद बिहार तथा 14 अन्य प्रमुख राज्यों से संबंधित दस प्रमुख प्रदर्शन सूचकों[2] की तुलना करके (तालिका 7.2)। उसके बाद राज्य सरकार की वित्तव्यवस्था का विश्लेषण इनके संबंध में किया गया है : (1) राजकीय वित्तव्यवस्था की सुस्थिरता, लचीलापन सुभेद्यता; (2) घाटा प्रबंधन; (3) राजस्व प्राप्तियां तथा व्यय; (4) संसाधन एकत्रीकरण; (5) व्यय प्रबंधन; (6) वेतन तथा पेंशन व्यय; (7) व्यय की गुणवत्ता; (8) क्षेत्रगत व्यय; (9) सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं पर प्रति

[1] वर्ष 2005–06 से 2008–09 तक के आंकड़े वास्तविक लेखों के आंकड़े हैं जिन्हें भारत के नियंत्रक एवं लेखापरीक्षक द्वारा संबंधित वर्षों के लिए तैयार राज्य सरकार के आंकड़ों से लिया गया है। वर्ष 2009–10 के आंकड़े महालेखाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। वर्ष 2010–11 के आंकड़े राज्य सरकार के बजट अनुमान के हैं। लेखों के आंकड़े वित्तीय लेखे के हैं, किसी अन्य स्रोत के नहीं। वास्तविक आंकड़े संबंधित राज्यों के महालेखाकारों द्वारा तैयार उनके वित्तीय लेखों से लिए गए हैं।

[2] अन्य राज्यों के मामले में इस सर्वेक्षण में प्रयुक्त सारे पैरामीटर से संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं थे जिस कारण इन्हें शामिल नहीं किया गया है।

व्यक्ति[3] व्यय तथा (10) ऋण प्रबंधन। बाद में कुछ क्षेत्रों से संबंधित व्यय का भी सूक्ष्मस्तरीय विश्लेषण किया गया है।

### 7.2 वित्तीय स्थिति का विहंगावलोकन

विगत पांच वर्ष बिहार के इतिहास में कई लिहाज से अप्रत्याशित रहे हैं। खास कर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुष्प्रभावित करने वाली मंदी के बीच राज्य में पुनरुत्थान की आशा जगाते हुए इसने असाधारण आर्थिक विकास के असंदिग्ध संकेत दिए। तालिका 7.1 बिहार की सतत आर्थिक बेहतरी की कहानी कहती है। बिहार में राजस्व अधिशेष 2006-07 में मात्र 2,498 करोड़ रु. था जो 2010-11 में बढ़कर 6,557 करोड़ रु. हो गया है। यह अधिशेष 2006-07 से लगातार बढ़ा है जिसमें अपवादस्वरूप 2009-10 में अस्थायी गिरावट आई जब पूरा देश ही नहीं, पूरी दुनिया भयंकर आर्थिक गिरावट से पीड़ित थी। यह वित्तीय बेहतरी राजकीय वित्तव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं से निपटने के लिए सावधानीपूर्वक योजना निर्माण के जरिए क्रमश: हासिल की गई है। पूर्ववर्ती आर्थिक सर्वेक्षणों में भी इंगित किया गया है कि ये बुनियादी समस्याएं विकास को गति देने वाली आर्थिक अधिसंचना के निर्माण हेतु पर्याप्त निवेश की कमी, राजस्व व्यय (विशेषत: प्रशासनिक सेवाओं पर भारी अनुत्पादक गैर-योजना गैर-विकास व्यय) में वृद्धि और राज्य सरकार की ऋण संबंधी असुविधाजनक स्थिति थीं। जैसे ही इन समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटा गया, विकास उसकी अनिवार्य परिणति हुई जैसा कि तालिका 7.1 में दर्शाया गया है।

वर्ष 2001-02 में में पूंजीगत परिव्यय महज 742 करोड़ रु. था और राजस्व लेख में 1,320 करोड़ रु. का घाटा था। वर्ष 2006-07 और 2010-11 के बीच पूंजीगत परिव्यय व्यवस्थित रूप से बढ़ते हुए 5,211 करोड़ रु. से 10,434 करोड़ रु. हो गया। पहले भी कहा गया है कि इसी अवधि में राजस्व लेखे में अधिशेष 2,498 करोड़ रु. से बढ़कर 6,557 करोड़ रु. हो गया। इसी अवधि में सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर विकास व्यय 17.2 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 35.6 हजार करोड़ रु. हो गया जबकि गैर-विकास व्यय 10.1 हजार करोड़ रु. से मामूली बढ़कर 18.2 करोड़ रु. पहुंचा जिसमें बड़ा हिस्सा ब्याज भुगतानों और पुराने ऋणों का था।

वर्ष 2001-02 में राज्य सरकार पर 29.0 हजार करोड़ रु. का बकाया ऋण था जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 53 प्रतिशत के बराबर था। इस कारण अप्रतिवर्ती ऋण फांस में फंसने का खतरा पैदा हो गया था जिसमें लिए गए तमाम नए ऋणों का उपयोग पुराने ऋण भार के भुगतान में करना होता है। वर्ष 2001-02 में ब्याज सहित ऋण सेवा भुगतान 9.7 हजार करोड़ रु. था। वर्ष 2006-07 तक बकाया ऋण बढ़कर 44.2 हजार करोड़ रु. हो गया था लेकिन ऋण सेवा भुगतान घटकर 4.8 करोड़ रु. रह गया था और बकाया ऋण सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 44 प्रतिशत ही रह गया था। यह स्पष्ट संकेत था कि ऋण समस्या अप्रबंधनीय नहीं थी। वर्ष 2010-11 तक बकाया ऋण और भी बढ़कर 57.7 हजार करोड़ रु. और ऋण सेवा भुगतान 7.5 हजार करोड़ रु. हो गया है, लेकिन फिर भी यह 2001-02 के स्तर से कम ही है। बकाया ऋण अब सकल राज्य घरेलू उत्पाद का मात्र 29 प्रतिशत है

---

[3] जहां भी जनसंख्या संबंधी आंकड़ों का उपयोग हुआ है, वे वर्ष के मध्य के हैं जिन्हें 2001 की जनगणना के आंकड़ों तथा उस पर आधारित अनुमानों के आधार पर निकाला गया है।

और ऋण फांस में फंसने का स्पष्ट रूप से अब कोई खतरा नहीं है। मूलधन की अदायगी 2001-02 के 7,100 करोड़ रु. से घटकर 2010-11 में 3,010 करोड़ रु. रह गई है, वहीं इस अवधि में ब्याज भुगतान 2.6 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 4.3 हजार करोड़ रु. हो गया है।

राजस्व लेखे में हुए अधिशेष ने बिहार की विकास गाथा में प्रमुख भूमिका निभाई है। राजस्व अधिशेष हासिल करने में राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि और राजस्व व्यय बढ़ने पर रोक, दोनों की भूमिका है। वर्ष 2006-07 से 2010-11 के बीच कुल राजस्व प्राप्ति 23.1 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 47.2 करोड़ रु. हो गई, वहीं इस अवधि में राजस्व व्यय 20.6 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 40.7 हजार करोड़ रु. ही पहुंचा जिस कारण 2010-11 में राजस्व अधिशेष 6.6 हजार करोड़ रु. हो गया। इसके विपरीत, कुल राजस्व प्राप्ति 2001-02 में 9.8 हजार करोड़ रु. थी और राजस्व व्यय 11.2 हजार करोड़ रु. जिस कारण राजस्व लेखे में भारी घाटा दिखता था। राजस्व अधिशेष में सतत वृद्धि के कारण ही राज्य सरकार अपना पूंजीगत परिव्यय 2006-07 के 5.2 हजार करोड़ रु. बढ़ाकर 2010-11 में 10.4 हजार करोड़ रु. तक पहुंचाने में सक्षम हो सकी जो विकास की गति त्वरित करने के लिए अनिवार्य था।

वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में राज्य सरकार का सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर कुल विकासमूलक राजस्व व्यय 2006-07 के 11.9 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 25.2 हजार करोड़ रु. हो गया है। अकेले इसी वित्त वर्ष में इसमें 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है जबकि गत वित्त वर्ष में यह वृद्धि 14 प्रतिशत ही थी। इसी प्रकार वर्तमान वित्त वर्ष में पूंजीगत परिव्यय 42 प्रतिशत बढ़ा है जबकि गत वर्ष यह वृद्धि मात्र 14 प्रतिशत थी। राज्य सरकार पूंजीगत परिव्यय और विकासमूलक राजस्व व्यय की उच्च वृद्धि दर बनाए रखना चाहती है।

राज्य सरकार द्वारा संग्रहित कर राजस्व भी काफी बढ़ा है जो 2006-07 के 17.3 हजार करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 के बजट अनुमान में 34.2 हजार करोड़ रु. हो गया है। वहीं, इस अवधि में इसका गैर-कर राजस्व 511 करोड़ रु. से बढ़कर 1,207 करोड़ रु. हो गया है। गैर-कर राजस्व में वृद्धि मुख्यतः बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर केंद्र सरकार द्वारा दी गई ऋण राहत के कारण है - 2009-10 में यह रकम लगभग 770 करोड़ रु. थी और वर्तमान वित्त वर्ष में यह 385 करोड़ रु. से भी अधिक है। यह देखते हुए कि बिहार में कर : सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य राज्यों के मुकाबले काफी कम है, यहां राज्य की अपनी राजस्व प्राप्ति बढ़ाने की काफी संभावना मौजूद है।

पहले भी कहा गया है कि दक्ष ऋण प्रबंधन और ब्याज भुगतान को 4.5 हजार करोड़ के आसपास रोक रखना गत 5 वर्षों में राजस्व अधिशेष कायम करने में काफी मददगार रहा है। वस्तुतः 2009-10 में ब्याज भुगतान में थोड़ी गिरावट ही आई थी जो 2010-11 में फिर से बढ़ गया क्योंकि राज्य सरकार बाजार से भारी मात्रा में उधार लेने के लिए बाध्य थी। विगत चार वर्षों में ऋण में वृद्धि - 2007-08 में 44.5 हजार करोड़ रु. से 2010-11 में 57. 7 हजार करोड़ रु. - मुख्यतः इसी कारण है। लेकिन राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि के कारण कुल

ऋण भार तथा सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में ब्याज भुगतान में काफी गिरावट ही आई है। अभी ऋण : सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुपात 28.59 प्रतिशत है जो वित्त आयोग द्वारा तय 30 प्रतिशत सीमा के नीचे है।

विगत 5 वर्षों में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद पूरे देश के सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में अधिक तेज गति से बढ़ा है। वर्तमान मूल्य पर बिहार की वार्षिक वृद्धि दर 19.8 प्रतिशत के मुकाबले देश का सकल घरेलू उत्पाद 14.6 प्रतिशत की दर से ही बढ़ा है। गत पांच वर्षों के दौरान बिहार की अर्थव्यवस्था की विकास दर उससे पिछले पांच वर्षों के मुकाबले भी काफी अधिक रही है – उस समय विकास दर महज 12.8 प्रतिशत थी। यह देखते हुए कि बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में अकेले राज्य सरकार के व्यय का ही एक–चौथाई से अधिक हिस्सा है, यह लगभग निश्चित है कि लोक वित्त के दक्ष प्रबंधन ने राज्य की अर्थव्यवस्था के तेज विकास में प्रत्यक्ष योगदान किया है।

वर्ष 2006–07 बिहार के लोक वित्त में सुधार प्रक्रिया के आरंभ का साक्षी बना। उसी साल से राज्य सरकार ने पूंजीगत परिव्यय बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर बढ़–चढ़कर खर्च करना शुरू किया था। सामान्य सेवाओं पर मामूली वृद्धि मुख्यत: जिला प्रशासन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण के साथ-साथ पेंशन और ब्याज भुगतान के कारण थी। भारित व्यय होने के कारण पेंशन और ब्याज भुगतान बजटीय नियंत्रण से बाहर होते हैं। योजना और गैर–योजना व्ययों के बीच अंतराल भी 2005–06 से कम होने लगा। उस साल गैर–योजना व्यय योजना व्यय का 3.6 गुना था जो 2006–07 में 1.9 गुना ही रह गया। वर्ष 2010–11 के बजट अनुमान में गैर–योजना व्यय योजना व्यय का मात्र 1.2 गुना है। वर्ष 2006–07 बिहार में राजकोषीय अनुशासन के आरंभ का भी साक्षी बना जो राज्य सरकार के सकल राजकोषीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत की एफआरबीएम अधिनियम द्वारा नियत सीमा के भीतर रोक रखने में दिखा। वर्ष 2005–06 में बिहार का सकल राजकोषीय घाटा : सकल राज्य घरेलू उत्पाद 4.53 प्रतिशत था जो 2009–10 को छोड़ शेष वर्षों में 3 प्रतिशत की सीमा के काफी नीचे रहा। वर्ष 2009–10 में भी यह उससे थोड़ा ही अधिक – 3.06 प्रतिशत था लेकिन एफआरबीएम अधिनियम की वर्धित सीमा 4 प्रतिशत से काफी नीचे था। रकम के रूप में देखें, तो सकल राजकोषीय घाटा 2006–07 में 3.0 हजार करोड़ रु. था जो 2007–08 में घटकर 1.7 हजार करोड़ रु. रह गया था। लेकिन सर्वव्यापी वित्तीय संकट के कारण 2010–11 के बजट अनुमान में काफी बढ़कर यह 4.6 हजार करोड़ रु. हो गया है।

सारत: यह कहा जा सकता है कि राज्य सरकार का लोक वित्त अब अधिक स्वस्थ और मजबूत है। राज्य सरकार अभी भी सुधार के एजेंडा पर आगे बढ़ रही है इसलिए वह आश्वस्त है कि आने वाले वर्षों में वह पूंजीगत परियोजनाओं में अपने व्यय का स्तर कायम रखने में ही नहीं, उसे बढ़ाने में भी सक्षम होगी। अभी उसकी प्राथमिकता पर्याप्त भौतिक एवं सामाजिक अधिसंरचना निर्मित करनी है ताकि राज्य विकास की गति बढ़ा सके, गरीबी में कमी ला सके।

## तालिका 7.1 : बिहार सरकार की प्राप्ति तथा व्यय

(करोड़ रु.)

| क्रम सं. | मद | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **कुल प्राप्ति - राजस्व लेखा** | **17838** | **23083** | **28210** | **32981** | **35527** | **47235** |
| क | कर राजस्व | 13983 | 17325 | 21852 | 23865 | 26292 | 34244 |
| ख | गैर-कर राजस्व | 522 | 511 | 526 | 1153 | 1670 | 1207 |
| ग | सहायता अनुदान एवं अंशदान | 3333 | 5247 | 5832 | 7962 | 7564 | 11784 |
| **2** | **कुल व्यय - राजस्व लेखा** | **17756** | **20585** | **23563** | **28512** | **32584** | **40678** |
| क | सामान्य सेवाएं, जिसमें | 8523 | 8643 | 9252 | 10530 | 12202 | 15448 |
| | ब्याज भुगतान | 3649 | 3416 | 3707 | 3753 | 3685 | 4513 |
| ख | सामाजिक सेवाएं | 6862 | 7917 | 9868 | 12252 | 13186 | 17816 |
| ग | आर्थिक सेवाएं | 2367 | 4021 | 4438 | 5726 | 7088 | 7410 |
| **3** | **राजस्व घाटा** | **-82** | **-2498** | **-4647** | **-4469** | **-2943** | **-6557** |
| **4** | **पूंजीगत प्राप्तियां** | **3821** | **2365** | **1638** | **5939** | **6148** | **6515** |
| क | लोक ऋण आदि | 3770 | 2358 | 1612 | 5928 | 6134 | 6501 |
| ख | ऋण एवं अग्रिम वसूली | 51 | 7 | 26 | 11 | 13 | 14 |
| **5** | **पूंजीगत व्यय, जिसमें** | **4812** | **6551** | **8008** | **8670** | **10211** | **13080** |
| | पूंजीगत परिव्यय | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| **6** | **कुल व्यय** | **22568** | **27136** | **31571** | **37181** | **42795** | **53759** |
| क | योजना व्यय | 4899 | 9397 | 10946 | 13815 | 16194 | 24076 |
| ख | गैर-योजना व्यय | 17670 | 17740 | 20625 | 23367 | 26601 | 29682 |
| **7** | **सकल राजकोषीय घाटा** | **3700** | **3021** | **1703** | **2507** | **5273** | **4593** |
| **8** | **प्राथमिक घाटा** | **51** | **-395** | **-2004** | **-1246** | **1587** | **80** |
| 9 | **कुल उधार** | **3770** | **2358** | **1612** | **5928** | **6134** | **6501** |
| क | आंतरिक ऋणग्रहण | 3769 | 2355 | 1144 | 5778 | 5370 | 5096 |
| ख | केंद्र सरकार से ऋण | 2 | 3 | 468 | 150 | 764 | 1405 |
| **10** | **लोक ऋण अदायगी*** | **1703** | **1642** | **2447** | **2691** | **2953** | **3010** |
| **11** | **बकाया ऋण** | **42498** | **44226** | **44475** | **48865** | **52753** | **57664** |
| **12** | **सकल राज्य घरेलू उत्पाद** | **81682** | **101500** | **118357** | **145019** | **172138** | **201677** |
| **सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के बतौर** | | | | | | | |
| **1** | **कुल प्राप्ति - राजस्व लेखा** | **21.84** | **22.74** | **23.83** | **22.74** | **20.64** | **23.42** |
| क | कर राजस्व | 17.12 | 17.07 | 18.46 | 16.46 | 15.27 | 16.98 |
| ख | गैर-कर राजस्व | 0.64 | 0.50 | 0.44 | 0.80 | 0.97 | 0.60 |
| ग | सहायता अनुदान एवं अंशदान | 4.08 | 5.17 | 4.93 | 5.49 | 4.39 | 5.84 |
| **2** | **कुल व्यय - राजस्व लेखा** | **21.74** | **20.28** | **19.91** | **19.66** | **18.93** | **20.17** |
| क | सामान्य सेवाएं, जिसमें | 10.43 | 8.52 | 7.82 | 7.26 | 7.09 | 7.66 |
| | ब्याज भुगतान | 4.47 | 3.37 | 3.13 | 2.62 | 2.14 | 2.24 |
| ख | सामाजिक सेवाएं | 8.40 | 7.80 | 8.34 | 8.45 | 7.66 | 8.83 |
| ग | आर्थिक सेवाएं | 2.90 | 3.96 | 3.75 | 3.95 | 4.12 | 3.67 |
| **3** | **राजस्व घाटा** | **-0.10** | **-2.46** | **-3.93** | **-3.08** | **-1.71** | **-3.25** |
| **4** | **पूंजीगत प्राप्तियां** | **4.68** | **2.33** | **1.38** | **4.10** | **3.57** | **3.23** |
| क | लोक ऋण आदि | 4.62 | 2.32 | 1.36 | 4.09 | 3.56 | 3.22 |
| ख | ऋण एवं अग्रिम वसूली | 0.06 | 0.01 | 0.02 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |
| **5** | **पूंजीगत व्यय, जिसमें** | **5.89** | **6.45** | **6.77** | **5.98** | **5.93** | **6.49** |
| | पूंजीगत परिव्यय | 2.55 | 5.13 | 5.16 | 4.44 | 4.26 | 5.17 |
| **6** | **कुल व्यय** | **27.63** | **26.73** | **26.67** | **25.64** | **24.86** | **26.66** |
| क | योजना व्यय | 6.00 | 9.26 | 9.22 | 9.53 | 9.41 | 11.94 |
| ख | गैर-योजना व्यय | 21.63 | 17.48 | 17.46 | 16.11 | 15.45 | 14.72 |
| **7** | **सकल राजकोषीय घाटा** | **4.53** | **2.98** | **1.44** | **1.73** | **3.06** | **2.28** |
| **8** | **प्राथमिक घाटा** | **0.06** | **-0.39** | **-1.69** | **-0.94** | **0.92** | **0.04** |
| 9 | **कुल उधार** | **4.62** | **2.32** | **1.36** | **4.09** | **3.56** | **3.22** |
| क | आंतरिक ऋणग्रहण | 4.61 | 2.32 | 0.97 | 3.98 | 3.12 | 2.53 |
| ख | केंद्र सरकार से ऋण | 0.00 | 0.00 | 0.40 | 0.10 | 0.44 | 0.70 |
| **10** | **लोक ऋण अदायगी** | **2.08** | **1.62** | **2.07** | **1.86** | **1.72** | **1.49** |
| **11** | **बकाया ऋण** | **52.03** | **43.57** | **37.58** | **33.70** | **30.65** | **28.59** |

टिप्पणी : * इसमें बिहार के लोक लेखा के तहत लघु बचत और भविष्य निधि की प्राप्ति तथा भुगतान शामिल हैं।
ब. अ. - बजट अनुमान







## 7.3 राजकोषीय प्रदर्शन

राजस्व घाटा राजस्व लेखे में और पूंजीगत घाटा पूंजी लेखे में प्राप्तियों के मुकाबले व्यय की अधिकता को अभिव्यक्त करता है। पारंपरिक बजट घाटा राजस्व घाटा और पूंजीगत घाटा का बीजगणितीय जोड़ होता है। लेकिन

यह वस्तुतः अर्थव्यवस्था में कुल संसाधन अंतराल को नहीं दर्शाता है क्योंकि इसमें पूंजीगत प्राप्तियों के अंतर्गत उधार की रकम भी शामिल होती है। समग्र संसाधन अंतराल सकल राजकोषीय घाटे से अभिव्यक्त होता है जिसे उधार लेकर या किसी अन्य साधन से पाटना होता है। राज्य सरकार के राजकोषीय प्रदर्शन के विश्लेषण के लिए वर्तमान विश्लेषण में निम्नलिखित 10 सूचकों का उपयोग किया गया है :

(1) सकल राजकोषीय घाटा के साथ राजस्व घाटा का अनुपात

(2) सकल राजकोषीय घाटा के साथ पूंजीगत परिव्यय का अनुपात

(3) सकल राजकोषीय घाटा के साथ निवल ऋण-प्रदान का अनुपात

(4) समूहित (एॅग्रीगेट) व्यय के साथ गैर-विकास व्यय का अनुपात

(5) राजस्व प्राप्ति के साथ गैर-विकास व्यय का अनुपात

(6) राजस्व व्यय के साथ ब्याज भुगतान का अनुपात

(7) राजस्व व्यय के साथ राज्य के कर राजस्व का अनुपात

(8) राजस्व व्यय के साथ राज्य के गैर-कर राजस्व का अनुपात

(9) समूहित व्यय के साथ केंद्र सरकार से सकल अंतरण का अनुपात

(10) केंद्र सरकार से सकल अंतरण के साथ ऋण सेवा व्यय का अनुपात

(1) <u>सकल राजकोषीय घाटा के साथ राजस्व घाटा का अनुपात</u> : इस अनुपात से पता चलता है कि सकल राजकोषीय घाटा में राजस्व घाटे का किस हद तक योगदान है। आदर्श स्थिति में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु राजस्व लेखे में अधिशेष होना चाहिए। पहले भी गौर किया गया है कि बिहार के राजस्व लेखे में 2004-05 से 2010-11 के बीच प्रचुर अधिशेष थे जिससे राज्य सरकार पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ाने सक्षम हुआ। इन वर्षों के दौरान बहुत कम राज्य ही लगातार प्रचुर अधिशेष कायम रख पाए हैं। देश के बड़े राज्यों में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में गत तीन वर्षों के दौरान लगातार प्रचुर राजस्व अधिशेष था। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ अन्य राज्यों का राजस्व अधिशेष बहुत मामूली था। वहीं, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात और पंजाब के राजस्व लेखों में गत तीन वर्षों के दौरान घाटे की स्थिति थी। उड़ीसा और तमिलनाडु इस अवधि में राजस्व अधिशेष वाले राज्य से राजस्व घाटा वाले राज्य में बदल गए हैं।

(2) <u>सकल राजकोषीय घाटा के साथ पूंजीगत परिव्यय का अनुपात</u> : अपने राजस्व लेखे में सुधार के स्वाभाविक परिणामस्वरूप बिहार में पूंजीगत परिव्यय का परिमाण गत तीन वर्षों में काफी अधिक है। वर्ष 2009-10 में पूंजीगत परिव्यय सकल राजकोषीय घाटे का 1.4 गुना था जो अगले वर्ष उसका 2.27 गुना हो गया। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात जैसे कुछ बड़े राज्य ही इस

उपलब्धि को दुहरा सके। इन सभी राज्यों के पास प्रचुर राजस्व अधिशेष थे जिससे वे पूंजीगत परियोजनाओं में निवेश कर पाने में सक्षम हुए। उड़ीसा ने 2008-09 में उल्लेखनीय प्रगति की थी लेकिन बाद के वर्षों में वह यह स्थिति कायम नहीं रख सका। पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब और कुछ अन्य इस लिहाज से पिछड़े ही रहे।

(3) सकल राजकोषीय घाटा के साथ निवल ऋण-प्रदान का अनुपात : सकल राजकोषीय घाटे का एक अंश राज्य सरकार द्वारा निवल ऋण-प्रदान के कारण होता है, जो मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और अन्य निकायों तथा प्राधिकारों को दिया जाता है। गत तीन वर्षों के दौरान राज्य के लिए यह अनुपात लगातार घटता गया है और 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार अभी यह 16 प्रतिशत है। उड़ीसा, गुजरात, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए यह अनुपात गत तीन वर्षों के दौरान निम्न तथा ऋणात्मक रहा है जो इंगित करता है कि इन राज्यों द्वारा लिए गए नए ऋणों की तुलना में पुराने ऋणों की अधिक अदायगी की गई है। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु के लिए इस संबंध में स्थिति कमोबेश संतोषजनक है क्योंकि निवल ऋण प्रदान का उनके सकल राजकोषीय घाटे में अधिक हिस्सा नहीं है। अधिकांश अन्य राज्यों का पैटर्न इस अनुपात के संबंध में एक जैसा नहीं है।

(4) समूहित संवितरण के साथ गैर-विकास व्यय का अनुपात : मुख्यतः प्रशासनिक सेवाओं के कारण होने वाले गैर-विकास व्यय कुल संवितरणों का छोटा हिस्सा ही हों तो बेहतर है। बिहार में 2010-11 के बजट अनुमान में मुख्यतः गैर-योजना व्यय के स्वरूप वाला गैर-विकास व्यय कुल व्यय का 29 प्रतिशत था जो लगभग पिछले वर्ष के स्तर पर ही था। छत्तीसगढ़ को छोड़कर, जिसने इस लिहाज से बेहतर प्रदर्शन किया, अधिकांश अन्य राज्यों के आंकड़े भी लगभग वैसे ही रहे हैं। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के आंकड़े उच्च स्तर पर हैं जो विकासमूलक व्यय के निम्न हिस्से को दर्शाते हैं।

(5) राजस्व प्राप्ति के साथ गैर-विकास व्यय का अनुपात : यह अनुपात बताता है कि राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों का उपयोग किस हद तक विकास प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सका। इस अनुपात का नीचे ही रहना बेहतर है। बिहार में 2010-11 के बजट अनुमान में गैर-योजना व्यय के स्वरूप वाले गैर-विकास व्यय का कुल राजस्व प्राप्ति का 33 प्रतिशत हिस्सा चला गया जो एक वर्ष पूर्व 35 प्रतिशत था। अधिकांश राज्यों की स्थिति इस मामले में प्रतिकूल है लेकिन झारखंड और छत्तीसगढ़ का अनुपात अन्य राज्यों से बेहतर है। केरल और पश्चिम बंगाल के लिए यह अनुपात काफी ऊंचा, 60 प्रतिशत के आसपास था जिस कारण विकासगत प्रयोजनों के लिए उनके राजस्व में बहुत कम राशि बची।

(6) राजस्व व्यय के साथ ब्याज भुगतान का अनुपात : अधिक ऋणग्रस्ता के कारण अधिकांश राज्यों के लिए ब्याज भुगतान स्थायी बोझ बने हुए हैं। हालांकि बिहार में 2004-05 से राजस्व व्यय में ब्याज भुगतान का हिस्सा लगातार गिरता गया है। राज्य के 2010-11 के बजट अनुमान में यह कुल राजस्व व्यय के मात्र 11 प्रतिशत के आसपास दिखता है जो गत वर्ष जितना ही है। इन अनुपात में दृष्टिगम्य गिरावट 2005-06 के बाद से आई है।

अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अनुपात दिखते हैं। हां, पश्चिम बंगाल के लिए यह अनुपात काफी ऊंचा, लगभग 24 प्रतिशत है जिसके बाद 18 प्रतिशत अनुपात हिमाचल प्रदेश और गुजरात का है। छत्तीसगढ़ ने इस संबंध में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका अनुपात मात्र 7 प्रतिशत है।

(7-8) राजस्व व्यय के साथ राज्य के अपने कर और गैर-कर राजस्व का अनुपात : ये दोनों अनुपात स्वाभाविक रूप से राज्य सरकार की राजस्व व्यय संबंधी जरूरतों की तुलना में उसकी आत्मनिर्भरता को दर्शाते हैं। वर्ष 2006-07 से लेकर 2008-09 तक की अवधि में राज्य सरकार की अपनी कर और गैर-कर राजस्व प्राप्तियां मिलकर उसके कुल राजस्व व्यय संबंधी जरूरतों का मुश्किल से एक-चौथाई हिस्सा ही पूरा कर पाती थीं। इस अनुपात में बाद के वर्षों में सुधार हुआ है लेकिन अभी भी यह 30 प्रतिशत से कम है। यह बताता है कि अपने संसाधनों के बूते अपनी वित्तीय आत्मनिर्भरता हासिल कर पाना राज्य के लिए अभी दूर की बात है। अन्य प्रमुख राज्यों की स्थिति इस मामले में काफी अच्छी है। पश्चिम बंगाल (36 प्रतिशत) और उड़ीसा (40 प्रतिशत) को छोड़ दें, तो अधिकांश राज्य अपने कुल राजस्व व्यय का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपने गैर एवं गैर-कर प्राप्तियों से पूरा करते हैं। अनेक राज्य जिनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र उल्लेखनीय हैं, अपनी राजस्व व्यय संबंधी जरूरतों का लगभग 70 प्रतिशत से अधिक भाग अपने संसाधनों से पूरा करते हैं।

(9) समूहित व्यय के साथ केंद्र सरकार से सकल अंतरण का अनुपात : यह अनुपात बाहरी संसाधनों पर राज्य सरकार की निर्भरता को सामने लाता है। अपनी व्यय संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए केंद्र सरकार पर बिहार की काफी अधिक निर्भरता है। वर्ष 2003-04 में यह अनुपात लगभग 40 प्रतिशत था जो लगातार बढ़ते हुए 2007-08 में 72 प्रतिशत हो गया था। उसके बाद से इसमें गिरावट आनी शुरू हुई और 2010-11 में यह 68 प्रतिशत है। कोई भी अन्य प्रमुख राज्य केंद्र सरकार पर इतना अधिक निर्भर नहीं है।

(10) केंद्र सरकार से सकल अंतरण के साथ ऋण सेवा व्यय का अनुपात : वर्ष 2003-04 तक केंद्र सरकार से बिहार को होने वाले सकल अंतरणों का काफी बड़ा हिस्सा ऋण सेवा में चला जाता था। हालांकि बेहतर ऋण प्रबंधन के कारण इस अनुपात को काफी नीचे ले लाया गया - 2003-04 के 100 प्रतिशत से भी अधिक से घटाकर 2006-07 में 33 प्रतिशत तक। उसके बाद इसमें और भी कमी आई और 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार में यह मात्र 18 प्रतिशत है। इस मामले में बिहार का प्रदर्शन अन्य बड़े राज्यों की तुलना में काफी अच्छा है। पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल और गुजरात के मामले में स्थिति चिंताजनक है क्योंकि यह अनुपात 100 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है जो ऋण सेवा के प्रयोजन में नई उधारियों का ही नहीं, केंद्र सरकार से प्राप्त संसाधनों का भी प्रयोग होना इंगित करता है। इससे अपनी विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु अतिवांछित धन के मामले में राज्य सरकारें स्वभावत: वंचित हो जाती हैं। इस महत्वपूर्ण राजकोषीय सूचक के मामले में महाराष्ट्र का अनुपात भी 100 प्रतिशत के आसपास है।

### तालिका 7.2 : प्रमुख राजकोषीय सूचक[4]

| राज्य | क. राजस्व घाटा : सकल राजकोषीय घाटा (%) | | | ख. पूंजीगत परिव्यय : सकल राजकोषीय घाटा (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **-178** | **-56** | **-143** | **257** | **139** | **227** |
| झारखंड | -11 | -147 | -527 | 103 | 210 | 568 |
| पश्चिम बंगाल | 108 | 84 | 74 | 17 | 14 | 24 |
| उड़ीसा | -1024 | 28 | 23 | 1131 | 77 | 79 |
| उत्तर प्रदेश | -9 | -8 | -2 | 109 | 106 | 101 |
| मध्य प्रदेश | -91 | -80 | -20 | 151 | 123 | 100 |
| राजस्थान | 12 | 40 | 13 | 85 | 56 | 88 |
| महाराष्ट्र | -40 | 41 | 32 | 135 | 55 | 67 |
| गुजरात | 1 | 27 | 24 | 100 | 74 | 77 |
| पंजाब | 58 | 63 | 62 | 43 | 55 | 40 |
| कर्नाटक | -14 | -5 | -5 | 103 | 97 | 92 |
| आंध्र प्रदेश | -26 | -81 | -58 | 128 | 185 | 161 |
| केरल | 58 | 61 | 42 | 27 | 29 | 48 |
| तमिलनाडु | -17 | 39 | 21 | 107 | 67 | 76 |
| हिमाचल प्रदेश | 6 | -43 | -141 | 91 | 130 | 219 |
| छत्तीसगढ़ | -182 | -6 | -1 | 286 | 108 | 102 |

| राज्य | ग. निवल ऋण-प्रदान : सकल राजकोषीय घाटा (%) | | | घ. गैर-विकास व्यय : समूहित संवितरण (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **22** | **17** | **16** | **28** | **29** | **29** |
| झारखंड | 9 | 36 | 59 | 29 | 29 | 26 |
| पश्चिम बंगाल | -36 | 2 | 2 | 30 | 36 | 32 |
| उड़ीसा | -8 | -5 | -1 | 27 | 32 | 34 |
| उत्तर प्रदेश | 0 | 3 | 2 | 21 | 26 | 26 |
| मध्य प्रदेश | 41 | 58 | 19 | 30 | 28 | 30 |
| राजस्थान | 4 | 4 | -1 | 30 | 32 | 31 |
| महाराष्ट्र | 5 | 3 | 1 | 28 | 28 | 30 |
| गुजरात | -1 | -1 | -1 | 24 | 26 | 26 |
| पंजाब | 0 | -18 | -2 | 32 | 28 | 29 |
| कर्नाटक | 11 | 8 | 13 | 30 | 27 | 29 |
| आंध्र प्रदेश | -1 | -4 | -3 | 26 | 25 | 28 |
| केरल | 15 | 10 | 9 | 41 | 42 | 34 |
| तमिलनाडु | 10 | -6 | 3 | 33 | 34 | 35 |
| हिमाचल प्रदेश | 3 | 14 | 22 | 31 | 31 | 34 |
| छत्तीसगढ़ | -4 | -1 | -1 | 23 | 20 | 22 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

[4] बिहार के लिए 2008-09 और 2009-10 के सारे आंकड़े संबंधित वर्षों में अभिव्यक्त राजस्व लेखों के वास्तविक प्राप्ति एवं व्यय संबंधी आंकड़ों पर आधारित हैं। वर्ष 2010-11 के लिए बजट अनुमान (ब.अ.) के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। अन्य सभी राज्यों के लिए 2008-09 के लिए वित्तीय लेखों के वास्तविक आंकड़ों का, 2009-10 के लिए पुनरीक्षित अनुमान (पु.अ.) का और 2010-11 के लिए बजट अनुमान का उपयोग किया गया है।

| राज्य | च. गैर-विकास व्यय : राजस्व प्राप्तियां (%) | | | छ. ब्याज भुगतान : राजस्व व्यय (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **32** | **35** | **33** | **14** | **11** | **11** |
| झारखंड | 38 | 33 | 29 | 15 | 13 | 13 |
| पश्चिम बंगाल | 57 | 74 | 58 | 23 | 22 | 24 |
| उड़ीसा | 30 | 41 | 42 | 14 | 14 | 13 |
| उत्तर प्रदेश | 28 | 34 | 35 | 15 | 13 | 12 |
| मध्य प्रदेश | 36 | 34 | 40 | 14 | 13 | 12 |
| राजस्थान | 39 | 43 | 39 | 18 | 17 | 17 |
| महाराष्ट्र | 34 | 39 | 40 | 16 | 14 | 15 |
| गुजरात | 34 | 37 | 38 | 20 | 18 | 18 |
| पंजाब | 46 | 43 | 44 | 20 | 18 | 17 |
| कर्नाटक | 36 | 34 | 35 | 10 | 11 | 12 |
| आंध्र प्रदेश | 30 | 29 | 32 | 13 | 12 | 12 |
| केरल | 61 | 60 | 57 | 17 | 18 | 17 |
| तमिलनाडु | 41 | 45 | 46 | 12 | 12 | 12 |
| हिमाचल प्रदेश | 42 | 38 | 39 | 20 | 19 | 18 |
| छत्तीसगढ़ | 26 | 25 | 28 | 9 | 6 | 7 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

| राज्य | ज. राज्य का कर राजस्व : राजस्व व्यय (%) | | | झ. राज्य का गैर-कर राजस्व : राजस्व व्यय (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **22** | **25** | **26** | **4** | **5** | **3** |
| झारखंड | 29 | 32 | 36 | 15 | 18 | 19 |
| पश्चिम बंगाल | 38 | 32 | 36 | 5 | 5 | 5 |
| उड़ीसा | 38 | 31 | 32 | 15 | 10 | 8 |
| उत्तर प्रदेश | 38 | 37 | 38 | 9 | 16 | 13 |
| मध्य प्रदेश | 46 | 46 | 45 | 11 | 16 | 10 |
| राजस्थान | 44 | 40 | 44 | 11 | 12 | 11 |
| महाराष्ट्र | 69 | 55 | 61 | 13 | 7 | 10 |
| गुजरात | 61 | 55 | 56 | 13 | 11 | 11 |
| पंजाब | 45 | 47 | 49 | 24 | 21 | 20 |
| कर्नाटक | 69 | 64 | 68 | 5 | 5 | 5 |
| आंध्र प्रदेश | 54 | 54 | 54 | 16 | 19 | 18 |
| केरल | 57 | 57 | 60 | 6 | 6 | 7 |
| तमिलनाडु | 63 | 60 | 62 | 11 | 7 | 6 |
| हिमाचल प्रदेश | 24 | 32 | 38 | 19 | 17 | 15 |
| छत्तीसगढ़ | 48 | 38 | 34 | 16 | 18 | 22 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

| राज्य | ट. सकल अंतरण : समूहित संवितरण (%) | | | ठ. ऋण सेवा : सकल अंतरण (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **69** | **62** | **68** | **22** | **21** | **18** |
| झारखंड | 44 | 50 | 49 | 37 | 29 | 33 |
| पश्चिम बंगाल | 26 | 24 | 29 | 146 | 145 | 122 |
| उड़ीसा | 52 | 48 | 49 | 31 | 33 | 31 |
| उत्तर प्रदेश | 40 | 37 | 36 | 42 | 43 | 57 |
| मध्य प्रदेश | 44 | 40 | 38 | 35 | 38 | 50 |
| राजस्थान | 35 | 31 | 35 | 58 | 62 | 57 |
| महाराष्ट्र | 20 | 22 | 19 | 83 | 70 | 99 |
| गुजरात | 19 | 19 | 18 | 102 | 97 | 104 |
| पंजाब | 14 | 15 | 14 | 177 | 198 | 219 |
| कर्नाटक | 25 | 26 | 24 | 39 | 43 | 50 |
| आंध्र प्रदेश | 28 | 27 | 30 | 65 | 75 | 48 |
| केरल | 21 | 22 | 18 | 132 | 117 | 194 |
| तमिलनाडु | 25 | 22 | 23 | 52 | 61 | 59 |
| हिमाचल प्रदेश | 43 | 44 | 46 | 52 | 47 | 47 |
| छत्तीसगढ़ | 40 | 37 | 35 | 24 | 23 | 25 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

**बिहार के राजकोषीय पैरामीटरों के लिए चार्ट (इन चार्टों में सभी अनुपातों को प्रतिशत में दर्शाया गया है)**







राज्य का कर राजस्वः राजस्व व्यय ( % )
30
25
20
15
10
5
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.


राज्य का गैर-कर राजस्वः राजस्व व्यय ( % )
6
5
4
3
2
1
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.


निवल ऋण प्रदानः सकल राज्य घरेलू उत्पाद ( % )
50
45
40
35
30
25
20
15
10
5
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.


गैर-विकास व्ययः समूहित संवितरण ( % )
40
35
30
25
20
15
10
5
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.


ब्याज भुगतानः राजस्व प्रप्ति ( % )
60
50
40
30
20
10
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.


ब्याज भुगतानः राजस्व व्यय ( % )
25
20
15
10
5
0
2005-06
2006-07
2007-08
2008-09
2009-10
2010-11 ब.अ.







## 7.4 राजकीय वित्तव्यवस्था की सुस्थिरता, लचीलापन और सुभेद्यता

पूर्ववर्ती विश्लेषण का विस्तार उन कारकों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है जो राज्य को वित्तीय रूप से स्वस्थ बनाते हैं और उसका सतत विकास सुनिश्चित करते हैं। विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार अपनी गतिविधियों का विस्तार करे। तब यह जानना आवश्यक होगा कि उन गतिविधियों के वित्तपोषण के साधन टिकाऊ हैं या नहीं अर्थात वे ऋण भार में प्रचुर वृद्धि किए बिना राज्य सरकार की व्यय संबंधी बढ़ी जरूरतें पूरी करते हैं या नहीं। अगर सरकार अपनी गतिविधियों का स्तर बढ़ाना चाहती है, तो उसके लिए वित्तपोषण के साधनों (राजस्व बढ़ाकर या उधार लेकर) के लचीलापन की जांच करना प्रासंगिक होगा और यह भी कि गतिविधियों का बढ़ा स्तर राज्य के लिए अधिक जोखिम तो नहीं पैदा करता है और उसे वित्तपोषण के स्रोतों के समक्ष असुरक्षित तो नहीं बना देता है। राज्य सरकारें अपनी गतिविधियों का स्तर मुख्यतः पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए बढ़ाती हैं जो वार्षिक विकास योजनाओं में बदल जाती हैं और राज्यों के बजट में उनके लिए प्रावधान किए जाते हैं। इस लिहाज से मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि गैर-योजना व्यय गतिविधियों के मौजूदा स्तर के रखरखाव को अभिव्यक्त करता है जबकि योजना व्यय गतिविधियों के स्तर के विस्तार को। राज्य सरकार की वित्तव्यवस्था की सुस्थिरता, लचीलापन और सुभेद्यता को मापने के कुछ कारक तालिका 7.3 में दर्शाए गए हैं और उन पर परवर्ती अनुच्छेदों में चर्चा की गई है।

(1) <u>वर्तमान राजस्व शेष</u> (बीसीआर) : इसकी गणना राज्य की अपनी राजस्व प्राप्तियों, केंद्रीय करों में हिस्से तथा गैर-योजना अनुदानों के योगफल में से गैर-योजना राजस्व व्यय को घटाकर की जाती है। वर्तमान राजस्व शेष का सकारात्मक होना दर्शाता है कि राज्य सरकार के राजस्व में अपने योजना व्यय को पूरा करने के लिए अधिशेष राशि मौजूद है। वर्ष 2009-10 में बिहार के पास 6,368 करोड़ रु. का अच्छा-खासा वर्तमान राजस्व शेष मौजूद था जो 2010-11 में बढ़कर 10,521 करोड़ रु. हो गया है।

(2) <u>ब्याज अनुपात</u> : इसकी गणना ब्याज भुगतान और ब्याज प्राप्ति के अंतर में कुल राजस्व और ब्याज प्राप्तियों के अंतर से भाग देकर की जाती है। इसका ऊंचा अनुपात ताजा ऋण सेवा की तथा अपनी राजस्व प्राप्तियों से अपना राजस्व व्यय पूरा करने की राज्य सरकार की कमजोर क्षमता को इंगित करता है। बिहार के लिए यह अनुपात 2006-07 में 18 प्रतिशत था जो 2010-11 में काफी गिरकर लगभग 12 प्रतिशत हो गया है।

(3) <u>पूंजीगत परिव्यय/ पूंजीगत प्राप्तियां</u> : यह अनुपात बताता है कि पूंजीगत प्राप्तियों का पूंजी निर्माण में किस हद तक उपयोग किया जाता है। 100 प्रतिशत से कम अनुपात दीर्घकालिक रूप में टिकाऊ नहीं होगा क्योंकि यह बताएगा कि पूंजीगत प्राप्तियों का उपयोग राजस्व व्यय हेतु किया जा रहा है। वर्ष 2006-07 में पहली बार बिहार का अनुपात 220 प्रतिशत के स्वस्थ आंकड़े पर पहुंचा था। इस सकारात्मक रुझान को कायम रखा गया और 2007-08 में यह अनुपात बढ़कर 373 प्रतिशत हो गया जिसके बाद दो वर्षों तक इसमें गिरावट आई। सौभाग्य वश, 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार यह फिर से बढ़ा है। इसका उल्लेख भी किया जाना चाहिए कि 2005-06 के पूर्व यह 20 प्रतिशत से भी नीचे रहा करता था जिसका मुख्य कारण उच्च ऋण सेवा भुगतान होता था जो अधिकांश पूंजीगत (ऋण) प्राप्तियों को चट कर जाया करता था। वर्तमान वित्त वर्ष में बजटित ऋणग्रहण में यद्यपि लगभग 400 करोड़ रु. की वृद्धि हुई है लेकिन पूंजीगत परिव्यय में 3,000 करोड़ रु. से भी अधिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2009-10 में यह 7,332 करोड़ रु. था जो 2010-11 के बजट अनुमान में बढ़कर 10,433 करोड़ रु. हो गया है।

(4) <u>राज्य की कर प्राप्तियां/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद</u> : यह राज्य के कर प्रयासों और उसकी कर क्षमता के बीच अंतराल का एक महत्वपूर्ण सूचक है। निम्न अनुपात से निम्न कर अनुपालन का भी पता चलता है। फिर राज्य सरकार की अपनी कर प्राप्तियों के जरिए गणना करके प्राप्त अनुपात से यह भी पता चलता है कि राज्य सरकार केंद्रीय करों में अपने हिस्से पर किस हद तक निर्भर है। बिहार के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ उसकी कुल कर प्राप्तियों का अनुपात 2004-05 से 2010-11 तक की अवधि में 17 प्रतिशत के आसपास स्थिर बना हुआ है। हालांकि इसका अधिकांश भाग केंद्रीय अंतरणों से आया है इसलिए राज्य के अपने कर प्रयासों का यह सही सूचक नहीं है। सही सूचक सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ उसकी अपनी कर प्राप्तियों का अनुपात होगा जो 2006-07 के 3.97 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2010-11 में 5.28 प्रतिशत हो गया है। चूंकि यह अनुपात अभी भी कम है इसलिए कर क्षमता को बढ़ाने की काफी गुंजाइश है।

(5) <u>बकाया ऋण/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद</u> : यह अनुपात सूचित करता है कि राज्य सरकार कहीं ऋण फांस में तो नहीं जकड़ गई है जिससे अपने बूते निकल पाना उसके लिए संभव नहीं हो। उच्च अनुपात से राज्य सरकार के लिए वित्तीय फेरबदल की बहुत कम गुंजाइश बचती है और लचीलापन की कमी व्यक्त होती है। यहां गौर किया जा सकता है कि 2006-07 में कुल ऋण सकल राज्य घरेलू उत्पाद का लगभग 44 प्रतिशत था जो 2010-11 में घटकर मात्र 29 प्रतिशत रह गया है। इस ऋण भार के सुस्थिर होने के कारण बिहार इस मामले में सुरक्षित स्थिति में है।

(6) पूंजीगत अदायगी/ पूंजीगत ऋणग्रहण : यह अनुपात बताता है कि किस हद तक पूंजीगत प्राप्तियों का उपयोग परिसंपत्ति निर्माण हेतु नहीं किया जा सका। उच्च अनुपात से पता चलता है कि पूंजीगत प्राप्तियों के अधिक हिस्से का उपयोग अतिरिक्त परिसंपत्ति निर्माण की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाकर पूंजीगत अदायगी के लिए किया गया है। बिहार के लिए यह अनुपात 2006-07 में 57 प्रतिशत था 2010-11 में गिरकर 41 प्रतिशत रह गया। इससे पता चलता है कि लगभग 60 प्रतिशत पूंजीगत प्राप्तियों का उपयोग वास्तव में राज्य में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु हो रहा है। हालांकि 2007-08 में कुल पूंजीगत अदायगी कुल पूंजीगत ऋणग्रहण से अधिक थी। इस बात का उल्लेख किया जा सकता है कि राज्य अब बाहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित डीसीआरएफ योजना के तहत ऋण मुक्ति का लाभ ले सकता है। यह लाभ 384 करोड़ रु. था।

(7) प्राथमिक घाटा : इसे सकल राजकोषीय घाटे में से ब्याज भुगतानों को घटाकर प्राप्त किया जाता है। इससे अतीत की देनदारियों पर विचार किए बिना, जिसके लिए अभी ब्याज भुगतान किया जाना है, राज्य सरकार की वर्तमान नीतियों के प्रभाव की माप होती है। वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक बिहार में प्राथमिक अधिशेष था। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार बिहार का प्राथमिक घाटा 2009-10 के 1,587 करोड़ रु. से घटकर 80 करोड़ रु. रह गया है।

(8) राज्य के कर और गैर-कर राजस्वों में उत्फुल्लता : जहां सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मामले में कर प्राप्तियों की उत्फुल्लता (बायोएंसी) का सवाल है, तो राज्य सरकार ने इस मामले में एक हद तक निरंतरता दर्शाई है लेकिन गैर-कर प्राप्तियों के मामले में कोई निरंतरता नहीं है। वस्तुत: राज्य सरकार के अपने कर राजस्वों की उत्फुल्लता में 2007-08 में हुई अचानक तथा झटकेदार वृद्धि को देखते हुए ज्यादा संभावना इस बात की है कि ऐसा राज्य की आय के स्तर के कारण न होकर अतिरिक्त कर प्रयासों के कारण हुआ है। हालांकि 2008-09 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले राज्य सरकार के अपने कर राजस्वों की उत्फुल्लता में गिरावट आई लेकिन अगले दो वर्षों में इसमें वृद्धि का रुझान दिखा है। गत दो वर्षों के दौरान अपने कर राजस्वों की उत्फुल्लता में लगातार वृद्धि इस बात का सूचक है कि राज्य सरकार के अतिरिक्त संसाधन संग्रह के प्रयासों के परिणाम अंतत: मिलने लगे हैं।

सारत:, 2006-07 से राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार दिखना शुरू हो गया है जो ऊपर वर्णित पैरामीटरों से प्रतिबिंबित होता है। बाद के वर्षों में भी सुधार जारी रहा और केंद्रीय अनुदानों तथा करों के हिस्से में प्रचुर वृद्धि के साथ-साथ बेहतर संसाधन संग्रहण, व्यय प्रबंधन तथा ऋण प्रबंधन के कारण 2007-08 में राजकोषीय स्थिति पूरी तरह बदल गई। वर्ष 2007-08 के अंत में राज्य सरकार की वित्त व्यवस्था का धरातल विगत वर्षों की किसी भी अवधि की तुलना में अधिक ठोस था। सारे प्रमुख सूचक गत 5 वर्षों के दौरान राज्य सरकार की राजकोषीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार की ओर संकेत करते हैं। टिकाऊपन के पैरामीटरों में लगातार सुधार हुआ। राज्य के कर राजस्व में उत्फुल्लता की स्थिति थी हालांकि गैर-कर राजस्वों पर राज्य की बढ़ी आय का कोई असर नहीं

दिखा। काफी अच्छे ऋण प्रबंधन के कारण राज्य सरकार ने गत वर्षों के दौरान वर्धित लचीलापन दर्शाया था और वह सामाजिक तथा आर्थिक सेवाओं और भौतिक अधिसंरचना के मानकों में सुधार हेतु अपने संसाधनों को मोड़ पाने के लिहाज से काफी अच्छी स्थिति में थी। हालांकि सुभेद्यता के मामले में देखें, तो अपनी व्यय संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए राज्य सरकार अभी भी केंद्रीय राशियों पर अत्यधिक निर्भर है। बहरहाल, समग्र स्थिति अभी भी सकारात्मक है और इसे बाद में भी अच्छा रहना चाहिए क्योंकि राज्य में प्रशासनिक क्षमताओं में सुधार तथा सक्षम अधिसंरचना के निर्माण की दिशा में काफी निवेश किया गया है। आशा है कि इनके सुस्थापित होते ही आने वाले वर्षों में बिहार समृद्धि और विकास के पथ पर कदम बढ़ाने के कगार पर होगा।

**तालिका 7.3 : राजकोषीय एवं वित्तीय प्रदर्शन सूचक**

| सूचक | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|
| **क. सुस्थिरता** | | | | | |
| वर्तमान राजस्व शेष (करोड़ रु.) | 2999 | 5124 | 6337 | 6368 | 10521 |
| ब्याज अनुपात | 18.35 | 15.92 | 14.13 | 12.07 | 12.19 |
| पूंजीगत परिव्यय/ पूंजीगत प्राप्तियां | 220 | 373 | 108 | 119 | 160 |
| राज्य की अपनी कर प्राप्तियां/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 3.97 | 4.30 | 4.26 | 4.70 | 5.28 |
| राज्य की अपनी कर गैर-प्राप्तियां/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 0.50 | 0.44 | 0.80 | 0.97 | 0.60 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले राज्य की अपनी कर प्राप्तियों की उत्फुल्लता | 0.55 | 1.57 | 0.95 | 1.66 | 1.84 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले राज्य की अपनी गैर-कर प्राप्तियों की उत्फुल्लता | -0.09 | 0.17 | 5.30 | 2.40 | -1.62 |
| बकाया देनदारियों में वृद्धि | 4.07 | 0.56 | 9.87 | 7.96 | 9.31 |
| कुल राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि | 29.41 | 22.21 | 16.91 | 7.72 | 32.96 |
| **ख. लचीलापन** | | | | | |
| ब्याज अदायगी/ पूंजीगत ऋणग्रहण | 57 | 116 | 38 | 47 | 41 |
| कुल कर प्राप्तियां/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 17.07 | 18.46 | 16.46 | 15.27 | 16.98 |
| सरकारी ऋणग्रहण पर औसत ब्याज दर | 7.15 | 7.15 | अनु. | अनु. | 7.82 |
| बकाया ऋण/ सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 43.57 | 37.58 | 33.70 | 30.65 | 28.59 |
| **ग. सुभेद्यता** | | | | | |
| राजस्व घाटा (करोड़ रु.) | -2498 | -4647 | -4469 | -2943 | -6557 |
| राजकोषीय घाटा (करोड़ रु.) | 3021 | 1703 | 2507 | 5273 | 4593 |
| प्राथमिक घाटा (करोड़ रु.) | -395 | -2004 | -1246 | 1587 | 80 |
| प्राथमिक घाटा/ राजकोषीय घाटा | -13 | -118 | -51 | 30 | 2 |
| राजस्व घाटा/ राजकोषीय घाटा | -83 | -273 | -178 | -56 | -143 |
| **बकाया राजस्व ( करोड़ रु. )** | **1477** | **अनु.** | **अनु.** | **अनु.** | **अनु.** |
| **बकाया राजस्व/ कुल कर राजस्व (%)** | **32.51** | **अनु.** | **27.59** | **अनु.** | **अनु.** |

स्रोत : वित्तीय लेखे और राज्य सरकार का बजट, बिहार सरकार

## 7.5 घाटा प्रबंधन

तालिका 7.4 में 2008-09 से 2010-11 तक की अवधि के लिए कुछ प्रमुख राज्यों के राजस्व लेखों और राजस्व एवं पूंजी लेखों की संयुक्त स्थिति दर्शाई गई है। पहले भी गौर किया गया है कि बिहार के राजस्व लेखे में 2004-05 से 2008-09 तक लगातार राजस्व अधिशेष था जिसके बाद आर्थिक मंदी के कारण राजस्व लेखा घाटे

की स्थिति में आ गया। लेकिन राजस्व अधिशेष बढ़ने का रुझान वर्तमान वित्त वर्ष में फिर से कायम हो गया है और बजट अनुमान के अनुसार 2010-11 में राजस्व अधिशेष 6,557 करोड़ रु. होगा जो अब तक की अधधि में सर्वाधिक है। यह रकम सभी प्रमुख राज्यों के बीच भी सर्वाधिक है।

**तालिका 7.4 : राज्यों की घाटा/ अधिशेष की स्थिति**

(करोड़ रु.)

| राज्य | राजस्व घाटा (+)/ अधिशेष (-) | | | पारंपरिक घाटा (+)/ अधिशेष (-) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **-4469** | **-2943** | **-6557** | **-1739** | **1122** | **8** |
| झारखंड | -338 | -2614 | -3551 | 1366 | 0 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 14709 | 23054 | 16819 | 2422 | 8784 | 8857 |
| उड़ीसा | -3420 | 1564 | 1206 | 925 | 3247 | 2093 |
| उत्तर प्रदेश | -1862 | -1988 | -554 | 10529 | 8892 | 9022 |
| मध्य प्रदेश | -4063 | -5308 | -1581 | -134 | -252 | 533 |
| राजस्थान | 827 | 3993 | 1098 | 1932 | 4022 | 1542 |
| महाराष्ट्र | -5577 | 12730 | 7655 | -3471 | 10805 | 1838 |
| गुजरात | 66 | 4357 | 4502 | 5434 | 4439 | 5141 |
| पंजाब | 3856 | 4152 | 4788 | 2547 | 448 | 2306 |
| कर्नाटक | -1151 | -538 | -500 | 86 | -314 | -51 |
| आंध्र प्रदेश | -1004 | -2942 | -3548 | -8166 | -8124 | -12238 |
| केरल | 3712 | 4082 | 3630 | 1084 | 742 | 829 |
| तमिलनाडु | -1452 | 5020 | 3396 | -1078 | -72 | 6016 |
| हिमाचल प्रदेश | 129 | -704 | -1130 | 914 | 279 | -444 |
| छत्तीसगढ़ | -1869 | -179 | -46 | 1131 | 271 | 1818 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट






पहले भी देखा गया है कि किसी राज्य सरकार का सकल राजकोषीय घाटा उसके वित्तीय प्रदर्शन का एक संवेदनशील सूचक है क्योंकि यह उसके कुल संसाधन अंतराल को अभिव्यक्त करता है। तालिका 7.5 में देश के अधिकांश प्रमुख राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा प्रदर्शित है। बिहार का सकल राजकोषीय घाटा 2008-09 में 2,507 करोड़ रु. के आसपास था जो तेजी से बढ़कर अगले वर्ष 5,273 करोड़ रु. हो गया था। लेकिन 2010-11 के बजट अनुमान में थोड़ा घटकर यह 4,594 करोड़ रु. रह गया। सकल राज्य घरेलू उत्पद के प्रतिशत के बतौर यह 2007-08 के 1.06 प्रतिशत से बढ़कर 2008-09 में 1.73 प्रतिशत हो गया जिसके बाद अगले वर्ष तेजी से बढ़कर 3.06 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद वह पुनः 2.28 प्रतिशत पर आ गया। अन्य प्रमुख राज्यों की बात करें, तो महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का राजकोषीय घाटा काफी अधिक - 20,000 करोड़ रु. से भी अधिक है जिनके ठीक पीछे गुजरात और तमिलनाडु हैं। झारखंड और हिमाचल प्रदेश अपने राजकोषीय घाटों को 1,000 करोड़ रु. से भी कम भी अति निम्न सीमा तक रोक पाने में सक्षम रहे हैं।

**तालिका 7.5 : सकल राजकोषीय घाटा**

(करोड़ रु.)

| राज्य | सकल राजकोषीय घाटा | | |
|---|---|---|---|
| | 2008-09 (वास्तविक) | 2009-10 (पु.अ.) | 2010-11 (ब.अ.) |
| बिहार | **2507** | **5273** | **4594** |
| झारखंड | 2939 | 1783 | 674 |
| पश्चिम बंगाल | 13558 | 27466 | 22701 |
| उड़ीसा | 334 | 5579 | 5282 |
| उत्तर प्रदेश | 20513 | 23870 | 22742 |
| मध्य प्रदेश | 4458 | 6593 | 8003 |
| राजस्थान | 6978 | 9900 | 8461 |
| महाराष्ट्र | 14017 | 30904 | 24294 |
| गुजरात | 13135 | 15955 | 19077 |
| पंजाब | 6691 | 6554 | 7706 |
| कर्नाटक | 8493 | 11266 | 9708 |
| आंध्र प्रदेश | 3846 | 3629 | 6135 |
| केरल | 6355 | 6703 | 8553 |
| तमिलनाडु | 8548 | 12860 | 16222 |
| हिमाचल प्रदेश | 2277 | 1627 | 803 |
| छत्तीसगढ़ | 1028 | 2771 | 3993 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

तालिका 7.6 में बिहार के सकल राजकोषीय घाटे की संरचना दर्शाई गई है जिसमें दिखता है कि 2005-06 से 2010-11 तक सकल राजकोषीय घाटे में अधिकांश योगदान पूंजीगत परिव्यय का था, खास कर बाद के वर्षों में। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ सकल राजकोषीय घाटे का अनुपात 2005-06 में 4.5 प्रतिशत था जो 2010-11

में घटकर 2.28 प्रतिशत रह गया। इस परिदृश्य के लिए वैश्विक वित्तीय उथलपुथल के प्रभावों से रक्षा हेतु राज्य सरकारों द्वारा पेश वित्तीय प्रोत्साहन जवाबदेह है। बिहार में 2009–10 में बढ़ा घाटा अतिवांछित पूंजीगत निवेश और प्रशासन तंत्र की कार्य क्षमता में, खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार हेतु आवश्यक व्ययों का परिणाम था। लेकिन 2010–11 में स्थिति में काफी सुधार हुआ है, यहां तक कि 3,102 करोड़ रु. के अतिरिक्त पूंजीगत परिव्यय के बावजूद 6,557 करोड़ रु. का राजस्व अधिशेष है।

**तालिका 7.6 : बिहार में सकल राजकोषीय घाटा की संरचना**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व घाटा | -82 | -2498 | -4647 | -4469 | -2943 | -6557 |
| पूंजीगत परिव्यय | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| निवल ऋण–प्रदान | 1697 | 308 | 247 | 540 | 884 | 716 |
| सकल राजकोषीय घाटा | **3699** | **3021** | **1703** | **2507** | **5273** | **4594** |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 81682 | 101500 | 118357 | 145019 | 172138 | 201677 |
| सकल राजकोषीय घाटा : सकल राज्य घरेलू उत्पाद (%) | **4.53** | **2.98** | **1.44** | **1.73** | **3.06** | **2.28** |







तालिका 7.7 में दर्शाया गया है कि इन सभी वर्षों के दौरान सकल राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण किस तरह किया गया था। निवल उधारियों में मुख्यत: राज्य सरकार द्वारा लिए गए आंतरिक बाजार के ऋण और केंद्रीय ऋण शामिल थे। राज्य सरकार के सकल राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण लघु बचतों, भविष्य निधि आदि की लोक लेखा प्राप्तियों के अलावा मुख्यत: आंतरिक बाजार से ऋण लेने के जरिए हुआ। वर्ष 2005–06 से सकल राजकोषीय

घाटे के वित्तपोषण में केंद्र सरकार के ऋणों की व्यवहारतः कोई भूमिका नहीं है। राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त ऋणों तथा अग्रिमों की वसूली हमेशा नगण्य रही है। वर्ष 2007-08 और 2009-10 में वित्तपोषण कोषागार विपत्रों के विरुद्ध ऋणग्रहण के जरिए तथा भारतीय रिजर्व बैंक के पास राज्य के नगद शेष से आहरण करके करना पड़ा।

**तालिका 7.7 : बिहार के सकल राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निवल लोक लेखा | 1209 | 1785 | 352 | -78 | -675 | 353 |
| निवल ऋणग्रहण | 2790 | 1333 | -20 | 4246 | 4151 | 4585 |
| नगद शेष में निवल गिरावट (आरंभिक शेष - अंतिम शेष) | -299 | -97 | 1372 | -1660 | 1796 | -345 |
| सकल राजकोषीय घाटा | **3700** | **3021** | **1703** | **2507** | **5273** | **4594** |




### 7.6 राजस्व लेखा : प्राप्ति तथा व्यय

बिहार की राजस्व प्राप्तियों और राजस्व व्यय का सारांश तालिका 7.8 में दर्शाया गया है। वर्ष 2006-07 से 2010-11 तक राजस्व प्राप्तियों में राजस्व व्यय के मुकाबले अधिक तेज वृद्धि हुई जिस कारण इन तमाम वर्षों में राजस्व अधिशेष की स्थिति बनी रही। कर और गैर-कर, दोनों मिलाकर राज्य सरकार का अपना राजस्व 2005-06 तक इसके राजस्व व्यय का मुश्किल से चौथाई भाग ही जुटा पाता था जो अब इसके 29 प्रतिशत भाग को पूरा करता है। राज्य का कुल राजस्व 2006-2011 की अवधि में दूने से भी अधिक हो गया है - 23,083 करोड़ रु. से 47,235 करोड़ रु.। इस अवधि में राज्य का अपना राजस्व भी, जिसमें कर और गैर-कर, दोनों प्रकार के राजस्व शामिल हैं, और भी तेज दर से बढ़ा है - 4,544 करोड़ रु. से बढ़कर 11,851 करोड़ रु.।

तालिका 7.8 में राज्य सरकार के कुल कर एवं गैर-कर राजस्वों की इसके अपने कर एवं गैर-कर राजस्वों के साथ तुलना करते हुए राज्य की वित्तव्यवस्था के कुछ और पैरामीटरों पर विचार किया गया है। राज्य के कर राजस्व में उसका अपना कर राजस्व और केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में उसका हिस्सा शामिल होता है। राज्य सरकार के कुल कर राजस्व में इसके अपने कर राजस्व का हिस्सा 2005-06 के 23 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2010-11 में 25 प्रतिशत हो गया और पूरी विवेचित अवधि में यह इसके कुल राजस्व व्यय के समान हिस्से का ही वित्तपोषण कर सका। इस प्रकार राज्य सरकार केंद्र सरकार पर अत्यधिक निर्भर बनी हुई है और उसकी नीतियों तथा मानसिकता में परिवर्तनों के लिहाज से असुरक्षित स्थिति में है।

**तालिका 7.8 : बिहार का राजस्व लेखा**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व प्राप्तियां | 17838 | 23083 | 28210 | 32981 | 35527 | 47235 |
| राजस्व व्यय | 17756 | 20585 | 23563 | 28512 | 32584 | 40678 |
| राजस्व घाटा | -82 | -2498 | -4647 | -4469 | -2943 | -6557 |
| राज्य का अपना कर + गैर-कर राजस्व | 4083 | 4543 | 5611 | 7326 | 9760 | 11851 |
| **राज्य का अपना राजस्व कुल राजस्व के % के बतौर** | **23** | **20** | **20** | **22** | **27** | **25** |
| **राज्य का अपना राजस्व राजस्व व्यय के % के बतौर** | **23** | **22** | **24** | **26** | **30** | **29** |






तालिका 7.9 में राज्य सरकार के कुल व्यय को दर्शाया गया है जिसमें इसके विकास और गैर-विकास व्ययों के साथ-साथ योजना और गैर-योजना व्ययों को भी दर्शाया गया है। योजना व्यय अधिकांशत: विकासमूलक होता है जबकि गैर-योजना व्यय अधिकांशत: गैर-विकासमूलक। तार्किक आधार पर व्ययों के योजना और गैर-योजना व्ययों में वर्गीकरण के किसी स्पष्ट दिशानिर्देश के अभाव में दोनों में अंतर संदिग्ध बना रहता है। गैर-विकास शीर्ष के तहत सारे व्यय गैर-योजना व्यय होते हैं लेकिन गैर-योजना व्यय में विकासमूलक घटक भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि व्यय के इस विश्लेषण को शब्दों की पारंपरिक परिभाषा तक ही सीमित रखा गया है और इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि गैर-योजना व्यय हमेशा अनुत्पादक होते हैं।

तालिका 7.9 को देखने पर यह गौर किया जा सकता है कि बिहार का विकास व्यय काफी बढ़ा है और 2005-06 से 2010-11 के बीच कुल व्यय के 50 प्रतिशत से बढ़कर 66 प्रतिशत हो गया है। रकम के रूप में देखें तो विकास व्यय तीनगुना से भी अधिक बढ़ा है जो तेज वृद्धि को इंगित करता है। पहले भी गौर किया गया है कि योजना व्यय नई विकास परियोजनाएं आरंभ करने हेतु किया जाता है। बिहार में 2005-06 तक राज्य सरकार के कुल व्यय में गैर-योजना व्यय का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था। लेकिन उसके बाद योजना व्यय का हिस्सा लगातार बढ़ता गया और अब 2010-11 में 45 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। लगभग 60 प्रतिशत गैर-योजना व्यय गैर-विकासमूलक प्रवृत्ति का है। वर्ष 2005-06 में गैर-योजना व्यय का 21 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह बकाया ऋणों पर ब्याज भुगतान के लिए था जो अब मात्र 15 प्रतिशत है। वर्ष 2005-06 से 2010-11 के बीच कुल योजना व्यय 19.0 हजार करोड़ रु. बढ़ा और कुल गैर-योजना व्यय 12.0 हजार करोड़ रु.। यह भी इंगित करता है कि राज्य सरकार के व्यय में अतीत में रहने वाला असंतुलन काफी हद तक दूर कर दिया गया है।

**तालिका 7.9 : बिहार सरकार का व्यय**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विकास व्यय | 11251 | 17149 | 20410 | 24414 | 27606 | 35665 |
| गैर-विकास व्यय | 11323 | 9984 | 11157 | 12763 | 15081 | 18094 |
| कुल व्यय | 22564 | 27133 | 31566 | 37177 | 42687 | 53759 |
| विकास व्यय कुल व्यय के % के बतौर | **49** | **63** | **65** | **66** | **65** | **66** |
| योजना व्यय | 4899 | 9397 | 10946 | 13815 | 16194 | 24076 |
| गैर-योजना व्यय | 17670 | 17740 | 20625 | 23367 | 26601 | 29683 |
| ब्याज भुगतान | 3649 | 3416 | 3707 | 3753 | 3685 | 4513 |






अगर ब्याज भुगतान के महत्वपूर्ण तत्व की बात करें, तो तालिका 7.10 में देखा जा सकता है कि राज्य सरकार द्वारा अधिकांशत: घाटे में चलने वाले अपने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायत्त निकायों को दिए गए ऋणों और अग्रिमों पर ब्याज बहुत कम वसूल होने के कारण सकल और निवल ब्याज भुगतानों के बीच बहुत मामूली अंतर है। इनमें से अनेक सार्वजनिक उपक्रमों की संचित हानियां उनके इक्विटी आधार और संचित कोष (रिजर्व) से कई गुना बढ़ गई हैं। पहले भी जोर देकर कहा गया है, जिसे तालिका 7.11 में हम देख सकते हैं कि पूंजीगत परिव्यय काफी बढ़ा है। राजस्व लेखे से प्रचुर अधिशेष पाकर और विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को प्रबलित करते हुए यह 2005-06 के मामूली 9 प्रतिशत से बढ़कर 2010-11 में कुल व्यय के 19 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

**तालिका 7.10 : ब्याज भुगतान तथा प्राप्ति**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सकल ब्याज भुगतान | 3649 | 3416 | 3707 | 3753 | 3685 | 4513 |
| निवल ब्याज भुगतान | 3433 | 3240 | 3536 | 3448 | 3332 | 4297 |

**तालिका 7.11 : व्यय के अन्य पैरामीटर**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल कर राजस्व | 13983 | 17325 | 21852 | 23865 | 26292 | 34244 |
| अपना कर राजस्व | 3561 | 4033 | 5086 | 6173 | 8090 | 10644 |
| कुल गैर-कर राजस्व | 522 | 511 | 526 | 1153 | 1670 | 1207 |
| अपना कर + गैर-कर राजस्व | 4083 | 4544 | 5612 | 7326 | 9760 | 11851 |
| अपना गैर-कर राजस्व | 522 | 511 | 526 | 1153 | 1670 | 1207 |
| वास्तविक पूंजीगत परिव्यय | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| पूंजीगत परिव्यय कुल व्यय के % के बतौर | 9 | 19 | 19 | 17 | 17 | 19 |







केंद्रीय संसाधनों पर राज्य सरकार की निर्भरता को तालिका 7.12 में देखा जा सकता है जिसमें 2005-06 से 2010-11 के बीच बिहार को हुआ संसाधनों का सकल अंतरण प्रस्तुत किया गया है। संसाधनों के सकल अंतरण में केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा, केंद्र सरकार से सहायता अनुदान तथा केंद्रीय ऋण शामिल होते हैं। बिहार को संसाधनों का सकल अंतरण इस पूरी अवधि में इसके कुल व्यय के दो-तिहाई के आसपास रहा है। इस अवधि में राज्य सरकार के संवितरणों में इसके अपने संसाधनों का योगदान 18 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2010-11 में राज्य सरकार के कुल संवितरण में इसकी पूंजीगत प्राप्तियों (आंतरिक ऋण तथा ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली) का लगभग 5 प्रतिशत हिस्सा था। शेष लगभग 6 प्रतिशत हिस्सा या तो लोक लेखा से उधार लिया गया था या नगद शेष से निकाला गया था। राज्य सरकार को हुए सकल अंतरणों में लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा संबंधित वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत केंद्रीय करों में इसके हिस्से का था और शेष केंद्रीय अनुदानों तथा ऋणों का।

**तालिका 7.12 : केंद्र से बिहार को होने वाला संसाधनों का अंतरण**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समस्त संवितरण | 22568 | 27136 | 31571 | 37181 | 42796 | 53759 |
| केंद्रीय करों में हिस्सा | 10421 | 13292 | 16766 | 17693 | 18203 | 23600 |
| केंद्र से सहायता अनुदान | 3333 | 5247 | 5832 | 7962 | 7564 | 11784 |
| केंद्र से सकल ऋण | 2 | 3 | 468 | 150 | 764 | 1405 |
| संसाधनों का सकल अंतरण | 13756 | 18542 | 23066 | 25804 | 26531 | 36789 |
| केंद्र से निवल ऋण | -486 | -314 | 40 | -279 | -49 | 893 |
| संसाधनों का निवल अंतरण | 13268 | 18225 | 22638 | 25376 | 25717 | 36277 |
| अपना कर + गैर-कर राजस्व | 4083 | 4544 | 5612 | 7326 | 9760 | 11851 |

## 7.7 ऋण प्रबंधन

तालिका 7.13 में राज्य सरकार की बकाया ऋण देनदारियों को दर्शाया गया है (प्रतिभूतियों को छोड़कर)। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में बकाया ऋणों का प्रतिशत लगातार घटा है और 2005-06 के 52 प्रतिशत से घटकर 2010-11 में 29 प्रतिशत रह गया है।

**तालिका 7.13 : बकाया देनदारियां**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंतरिक ऋण | 25182 | 26829 | 26769 | 31293 | 35494 | 39187 |
| केंद्रीय ऋण | 8551 | 8237 | 8277 | 7998 | 7948 | 8841 |
| कुल लोक ऋण | 33733 | 35066 | 35046 | 39291 | 43442 | 48028 |
| लोक लेखा | 8766 | 9161 | 9429 | 9573 | 9311 | 9637 |
| योग | 42499 | 44227 | 44475 | 48864 | 52753 | 57664 |
| बकाया देनदारी सकल राज्य घरेलू उत्पाद के % के बतौर | 52 | 44 | 38 | 34 | 31 | 29 |

तालिका 7.13 में देखा जा सकता है कि 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार राज्य सरकार की कुल बकाया देनदारियां 57,664 करोड़ रु. पहुंच गई हैं। यह आंकड़ा 2005-06 से लगभग 6.2 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ते विगत ऋणग्रहण का संचित प्रभाव है। तालिका 7.13 यह भी दर्शाती है कि इस बकाया ऋण में लगभग 68 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार द्वारा बाजार से उठाए गए आंतरिक ऋणों का है और लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार से 2010-11 में मिले ऋणों का। वर्ष 2005-06 में कुल बकाया देनदारियों में केंद्र सरकार के बकाया ऋणों का हिस्सा 20 प्रतिशत था।

**तालिका 7.14 : अदायगी संबंधी देनदारियां[5]**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंतरिक ऋण की अदायगी | 493 | 708 | 1203 | 1254 | 1169 | 1403 |
| केंद्रीय ऋणों की अदायगी | 488 | 317 | 429 | 429 | 814 | 512 |
| अन्य देनदारियों की अदायगी | 723 | 617 | 817 | 1009 | 970 | 1094 |
| कुल अदायगी | 1703 | 1642 | 2449 | 2692 | 2953 | 3009 |
| कुल ब्याज भुगतान | 3649 | 3416 | 3707 | 3753 | 3685 | 4513 |
| कुल ऋण सेवा बोझ | 5352 | 5058 | 6156 | 6445 | 6639 | 7522 |

[5] इसमें बिहार सरकार के लोक लेखा के तहत लघु बचत और भविष्य निधि की प्राप्ति और भुगतान शामिल हैं।

तालिका 7.14 में राज्य सरकार की बकाया ऋण की अदायगी संबंधी दायित्व को दर्शाया गया है। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली मूलधन की कुल अदायगी 3,009 करोड़ रु. है, वहीं ब्याज भुगतान 4,513 करोड़ रु. के उच्च स्तर पर था। अतीत के भारी ऋणग्रहण के कारण विगत पांच वर्षों में ब्याज के बोझ में लभगग 900 करोड़ रु. वृद्धि हुई है। ऋण सेवा का कुल बोझ 2005-06 में 5,352 करोड़ रु. था जो 7 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ते हुए 2010-11 में 7,522 करोड़ रु. हो गया है।










अगर लोक ऋण का उपयोग उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु किया जाय, तो यह आर्थिक विकास का एक उपयोगी जरिया है। तालिका 7.15 (क) में देखा जा सकता है कि 2007-08 तक राज्य सरकार द्वारा ऋण संसाधनों का अधिक उपयोग नहीं किया जा सका जब उनका उपयोग विद्यमान ऋण दायित्वों की अदायगी के लिए किया गया था। राज्य के खजाने से इस लेखे में निवल उद्भवन (ऍक्रूअल) वस्तुत: नकारात्मक रहा था। इस

परिदृश्य में अब सुधार हो चुका है। उदाहरणस्वरूप 2010–11 में ली गई उधार की कुल 7,921 करोड़ रु. राशि में से 3,009 करोड़ रु. का उपयोग महज विद्यमान ऋण का मूलधन चुकाने के लिए और 4,513 करोड़ रु. का ब्याज भुगतान के लिए किया गया। इस प्रकार राज्य सरकार द्वारा उधार ली गई कुल राशि में से उत्पादक उपयोग हेतु एक छोटा हिस्सा ही बचा। अगर इसके द्वारा विभिन्न उपक्रमों को दिए गए ऋणों की वसूली और ब्याज प्राप्तियों की छोटी राशि को भी ध्यान में रखें, तो राज्य के खजाने में 629 करोड़ रु. आए जो राज्य के कुल ऋणग्रहण – 7,921 करोड़ रु. का लगभग 8 प्रतिशत ही है। वर्ष 2008–09 में में यह 13 प्रतिशत था। हालांकि समग्र परिस्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार से पर्याप्त मदद के बिना इस परिस्थिति में और सुधार करना बहुत कठिन होगा। अपने ऋण बोझ में कमी के लिहाज से राज्य सरकार की तेरहवें वित्त आयोग पर काफी आशा भरी नजर है। ऋण में अदला–बदली के बारहवें वित्त आयोग के सूत्र से सभी राज्य सरकारों को अपना ऋण बोझ हल्का करने में सचमुच मदद मिली। तेरहवें वित्त आयोग ने भी राज्यों सरकारों को ऋण बोझ में कमी लाने की कुछ विधियां सुझाई हैं जिन्हें काफी आशा भरी नजरों से देखा जा रहा है। इसी अध्याय में उन पर बाद में चर्चा की जाएगी।

**तालिका 7.15 (क) : प्राप्त निवल ऋण**

(करोड़ रु.)

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्त सकल केंद्रीय ऋण | 2 | 3 | 468 | 150 | 764 | 1405 |
| प्राप्त आंतरिक ऋण | 3769 | 2355 | 1144 | 5778 | 5370 | 5096 |
| भविष्य निधि की लघु बचतें | 1088 | 1012 | 1084 | 1153 | 707 | 1420 |
| **प्राप्त कुल ऋण** | **4858** | **3370** | **2696** | **7081** | **6841** | **7921** |
| ऋणों तथा अग्रिमों की वसूली | 51 | 7 | 26 | 11 | 13 | 14 |
| ब्याज भुगतान | 3649 | 3416 | 3707 | 3753 | 3685 | 4513 |
| प्राप्त ब्याज | 216 | 176 | 171 | 305 | 353 | 216 |
| चुकाया गया ऋण | 1703 | 1642 | 2449 | 2692 | 2953 | 3009 |
| **प्राप्त निवल ऋण** | **-227** | **-1505** | **-3263** | **952** | **568** | **629** |
| **प्राप्त निवल ऋण कुल ऋणग्रहण के प्रतिशत के बतौर** | **-5** | **-45** | **-121** | **13** | **8** | **8** |






तालिका 7.15 (ख) में 2009–10 के लिए विभिन्न राज्यों के कर और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपातों की तुलना दर्शाई गई है। वर्ष 2008–09 तक बिहार के अपने कर का सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ अनुपात सभी राज्यों के बीच सबसे कम था। अब बिहार का स्थान पश्चिम बंगाल ने ले लिया है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के अपने करों का सकल राज्य घरेलू उत्पादों के साथ अनुपात सर्वाधिक है – 10 प्रतिशत है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ कुल राजस्व के अनुपात के मामले में हिमाचल प्रदेश सबसे ऊपरी पायदान पर है जिसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश का स्थान है। बिहार के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ अपने राजस्व का अनुपात मात्र 5 प्रतिशत है जो इंगित करता है कि कर संग्रहण में सुधार की काफी गुंजाइश है। इससे सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ कुल राजस्व के अनुपात में भी सुधार होगा जो अभी मात्र 21 प्रतिशत है।

**तालिका 7.15 (ख) : राज्यों का सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ कर का अनुपात (2009–10)**

| राज्य | राजस्व प्राप्ति (करोड़ रु.) | राज्य का अपना कर (करोड़ रु.) | सकल राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रु.) | राज्य का अपना कर : राजस्व प्राप्ति | राज्य का अपना कर : सकल राज्य घरेलू उत्पाद | कुल राजस्व : सकल राज्य घरेलू उत्पाद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिहार | **35527** | **8090** | **172138** | **23** | **5** | **21** |
| झारखंड | 19841 | 5561 | 83798 | 28 | 7 | 24 |
| पश्चिम बंगाल | 36904 | 14419 | 352967 | 39 | 4 | 10 |
| उड़ीसा | 27678 | 8920 | 150946 | 32 | 6 | 18 |
| उत्तर प्रदेश | 98124 | 35255 | 437451 | 36 | 8 | 22 |
| मध्य प्रदेश | 43284 | 17442 | 166151 | 40 | 10 | 26 |
| राजस्थान | 37207 | 16663 | 219769 | 45 | 8 | 17 |
| महाराष्ट्र | 88498 | 55711 | 740931 | 63 | 8 | 12 |
| गुजरात | 43449 | 26353 | 403178 | 61 | 7 | 11 |
| पंजाब | 25452 | 13857 | 192364 | 54 | 7 | 13 |
| कर्नाटक | 46406 | 29339 | 304813 | 63 | 10 | 15 |
| आंध्र प्रदेश | 78406 | 40664 | 406641 | 52 | 10 | 19 |
| केरल | 26526 | 17403 | 213268 | 66 | 8 | 12 |
| तमिलनाडु | 54290 | 35396 | 378076 | 65 | 9 | 14 |
| हिमाचल प्रदेश | 11395 | 3463 | 41003 | 30 | 8 | 28 |
| छत्तीसगढ़ | 18913 | 7029 | 107848 | 37 | 7 | 18 |

स्रोत : राज्य सरकारों के बजट

## 7.8 संसाधन संग्रहण

राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व और गैर–कर राजस्व, दोनों स्रोतों का योगदान रहता है। राज्य सरकार के कर राजस्व में उसका अपना कर राजस्व तथा केंद्र सरकार के करों एवं शुल्कों के विभाज्य पूल में उसका हिस्सा शामिल रहता है। इसी प्रकार, गैर–कर राजस्व में राज्य सरकार के अपने गैर–कर राजस्व के

साथ-साथ योजना और गैर-योजना प्रयोजन के केंद्रीय अनुदान शामिल रहते हैं। राज्य सरकार के अपने कर राजस्व को निम्नलिखित में वर्गीकृत किया जाता है :

(1) आयजनित कर जिसमें कृषि आय कर और वाणिज्य कर शामिल हैं;
(2) संपत्ति तथा पूंजीगत अंतरणों पर कर जिसमें भूमि राजस्व, स्टांप एवं निबंधन शुल्क तथा शहरी अचल संपदा कर शामिल होते हैं; और
(3) वस्तु एवं सेवा कर जो निस्संदेह राज्य सरकार के अपने कर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसमें बिक्री कर या मूल्यवर्धित कर, लेनदेन कर (टर्नओवर टैक्स), राज्य उत्पाद शुल्क, वाहन कर, माल एवं यात्री कर, विद्युत शुल्क, मनोरंजन कर जैसे विविध कर शामिल होते हैं।

केंद्रीय करों में हिस्से में मुख्यत: आय कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, सेवा कर और संपत्ति कर शामिल हैं जिनका संग्रहण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है लेकिन उनकी प्राप्तियों में हर पांच साल पर गठित होने वाले वित्त आयोगों की अनुशंसाओं के तहत राज्यों को भी हिस्सा दिया जाता है।

राज्य सरकार के अपने गैर-कर राजस्व को भी विभिन्न सरकारी कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र तथा अर्ध-व्यावसायिक उपक्रमों तथा अन्य निकायों को दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों पर ब्याज प्राप्तियों, उनसे प्राप्त लाभांशों एवं मुनाफों, राज्य सरकार के नगद शेष के निवेश से अर्जित ब्याज तथा सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं के बतौर वर्गीकृत विभिन्न सेवाओं से होने वाली प्राप्तियों में वर्गीकृत किया जाता है। गैर-कर राजस्व में अन्य सेवाओं की अपेक्षा आर्थिक सेवाओं का अधिक महत्वपूर्ण योगदान होता है। हाल के वर्षों में बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के परिणामस्वरूप राज्य सरकार को मिली ऋण राहत भी गैर-कर प्राप्ति के तहत शामिल है और यह इसके गैर-कर राजस्व का बहुत महत्वपूर्ण स्रोत है।

केंद्र सरकार से योजना और गैर-योजना, दोनों प्रयोजनों के लिए अनुदान प्राप्त होता है। योजनागत अनुदानों में राज्य की अपनी योजनागत योजनाओं के लिए, केंद्रीय योजनागत योजनाओं के लिए तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए अलग-अलग अनुदान होते हैं। गैर-योजना अनुदानों में वैधानिक अनुदान के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाजन्य अनुदान और सार्वजनिक प्रयोजन के अन्य अनुदान शामिल होते हैं।

तालिका 7.16 में 2005-06 से 2010-11 तक राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों को दर्शाया गया है। इस तालिका में देखा जा सकता है कि इन वर्षों में राज्य सरकार की कुल प्राप्तियों का तकरीबन तीन-चौथाई भाग सहायता अनुदानों तथा करों के विभाज्य पूल में राज्य के हिस्से के जरिए केंद्र सरकार से आया। राज्य सरकार का अपना कर राजस्व 2005-06 के 3,561 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 10,644 करोड़ रु. हो गया है और इसी अवधि में गैर-कर राजस्व 522 करोड़ रु. से बढ़कर 1,207 करोड़ रु.। गैर-कर राजस्व 2008-09 और 2009-10 में असामान्य ढंग से बढ़ा। यह बढ़त 12वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के परिणामस्वरूप दोनों वर्षों में मिली 385

करोड़ रु. और 770 करोड़ रु. की ऋण राहत के कारण थी।[6] वर्ष 2008-09 में मिली 385 करोड़ रु. की राहत वस्तुतः 2005-06 के लिए मिली थी और 2009-10 में मिली 770 करोड़ रु. की राहत संयुक्त रूप से 2006-07 तथा 2007-08 के लिए। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में 385 करोड़ रु. की इस राशि को 2008-09 के इस शीर्ष के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। केंद्र सरकार से प्राप्त अनुदानों और करों में राज्य का हिस्सा समेत राज्य सरकार का कुल राजस्व 21.5 प्रतिशत की प्रभावी विकास दर से 2005-06 के 17,838 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 47,235 करोड़ रु. हो गया। इसके मुकाबले राज्य सरकार की अपनी राजस्व प्राप्ति इस अवधि में 23. 7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। 2005-11 की अवधि में केंद्रीय करों में राज्य सरकार का हिस्सा 17.8 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ा जबकि केंद्रीय अनुदान 28.7 प्रतिशत की दर से बढ़े।

**तालिका 7.16 : राजस्व प्राप्तियां**

(करोड़ रु.)

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I. राज्य का अपना राजस्व | 4083 | 4544 | 5612 | 7326 | 9760 | 11851 |
| क) कर राजस्व | 3561 | 4033 | 5086 | 6173 | 8090 | 10644 |
| ख) गैर-कर राजस्व | 522 | 511 | 526 | 1153 | 1670 | 1207 |
| II. केंद्र से प्राप्तियां | 13754 | 18539 | 22598 | 25655 | 25767 | 35384 |
| क) विभाज्य करों का हिस्सा | 10421 | 13292 | 16766 | 17693 | 18203 | 23600 |
| ख) सहायता अनुदान | 3333 | 5247 | 5832 | 7962 | 7564 | 11784 |
| III. कुल राजस्व प्राप्तियां | 17838 | 23083 | 28210 | 32981 | 35527 | 47235 |
| कुल प्राप्तियों में राज्य के अपने राजस्व का प्रतिशत | 23 | 20 | 20 | 22 | 27 | 25 |

[6] बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत राज्यों के लिए राजस्व घाटा में कमी लाने के साथ जुड़ी ऋण माफी योजना आरंभ की गई। इस योजना के तहत 31.3.04 तक दिए गए केंद्रीय ऋणों पर 2005-06 से 2009-10 तक की जाने वाली अदायगी को माफी के योग्य समझा गया था बशर्ते कि राज्य ने एफआरबीएम अधिनियम लागू किया हो। अदायगी की माफी की मात्रा को आयोग की कार्यावधि (2005-06 से 2010-11) में हर साल राजस्व घाटा में कमी की जाने वाली राशि के साथ जोड़ दिया गया था और पूर्वशर्त यह थी कि राजस्व घाटा में की जाने वाली कमी दी जाने वाली अनुशंसित ब्याज राहत योग्य संचयी कमी से संचयी रूप से अधिक हो। साथ ही, राज्य का राजकोषीय घाटा 2004-05 के स्तर से भी कम होना चाहिए। राजस्व घाटा को वस्तुतः शून्य तक भी ले लाया जाता, तो भी इस पूरी अवधि में पूरी अदायगी माफ की जानी थी। एफआरबीएम अधिनियम लागू करने और पूरी अवधि में राजस्व अधिशेष कायम रखने के कारण बिहार केंद्रीय ऋणों पर ब्याज समेत 385 करोड़ रु. की अदायगी वाली देनदारी की पूरी राशि की माफी का पात्र था। यह माफी लेखाशीर्ष 0075-800-0001, विविध सामान्य सेवाएं - अन्य प्राप्तियां के तहत मिली।

राज्य सरकार के प्रत्यक्ष करों में स्टांप एवं निबंधन शुल्क, वाहन कर, विद्युत कर एवं शुल्क, भूमि राजस्व तथा कृषि आय कर शामिल हैं। इनमें से अंतिम अपेक्षाकृत महत्वहीन है। प्रत्यक्ष करों से काफी अधिक महत्व वाले अप्रत्यक्ष करों में बिक्री कर, व्यापार कर, राज्य उत्पाद कर, माल एवं यात्री कर तथा वस्तुओं एवं सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क शामिल हैं। वर्ष 2005-06 से 2010-11 तक इन करों से प्राप्तियों का विवरण तालिका 7.17 में दर्शाया गया है।

**तालिका 7.17 : विभिन्न शीर्षों के तहत कर राजस्व**

(करोड़ रु.)

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | 1734 | 2081 | 2535 | 3016 | 3839 | 5628 |
| माल एवं यात्री कर | 613 | 783 | 938 | 1279 | 1613 | 1624 |
| राज्य उत्पाद कर | 319 | 382 | 525 | 679 | 1082 | 1400 |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 505 | 455 | 654 | 716 | 998 | 1215 |
| वाहन कर | 302 | 181 | 273 | 298 | 345 | 550 |
| भूमि राजस्व | 55 | 75 | 82 | 102 | 124 | 112 |
| विद्युत कर एवं शुल्क | 18 | 63 | 64 | 68 | 67 | 90 |
| अन्य वस्तु एवं सेवा कर | 15 | 13 | 15 | 14 | 22 | 25 |
| कृषि आय कर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| योग | 3561 | 4033 | 5086 | 6173 | 8090 | 10644 |






राज्य सरकार की कर प्राप्तियों के विश्लेषण से पता चलता है कि इसके प्रमुख कर स्रोत बिक्री कर, स्टांप एवं निबंधन शुल्क, राज्य उत्पाद शुल्क, माल एवं यात्री कर तथा वाहन कर हैं। वर्ष 2010-11 में इन पांचों करों का संयुक्त हिस्सा इसकी कुल कर प्राप्तियों का 98 प्रतिशत था। इनमें से अकेले बिक्री कर का हिस्सा 53 प्रतिशत था जिसके बाद माल एवं यात्री कर का स्थान है (15 प्रतिशत)। ये कर ऊंची उछाल वाले हैं और सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि के साथ उनकी प्राप्ति लगातार बढ़ रही है। राज्य सरकार के कर राजस्व की संरचना तालिका 7.18 में दर्शाई गई है और उनकी वृद्धि दरें तालिका 7.19 में। बिक्री कर, व्यापार कर आदि का सर्वाधिक योगदान तो है ही, इनकी वृद्धि दरें भी काफी नियमित रही हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान इनमें 47 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है जो 2005-11 की 27 प्रतिशत वृद्धि दर से काफी अधिक है। वर्ष 2010-11 में राज्य उत्पाद शुल्क, स्टांप एवं निबंधन शुल्क तथा माल एवं यात्री कर में भी विगत वर्षों की तरह अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। इस अवधि में अन्य करों में भी अच्छी-खासी वृद्धि हुई है लेकिन उनके विकास पैटर्न में कोई निरंतरता नहीं है।

**तालिका 7.18 : कर राजस्व का प्रतिशत वितरण**

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | 49 | 52 | 50 | 49 | 47 | 53 |
| माल एवं यात्री कर | 17 | 19 | 18 | 21 | 20 | 15 |
| राज्य उत्पाद कर | 9 | 9 | 10 | 11 | 13 | 13 |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 14 | 11 | 13 | 12 | 12 | 11 |
| वाहन कर | 8 | 4 | 5 | 5 | 4 | 5 |
| भूमि राजस्व | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| विद्युत कर एवं शुल्क | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| **योग** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |






वर्ष 2009–10 और 2010–11 में माल एवं यात्री कर से हुई प्राप्तियां लगभग समान रहीं। इसमें मात्र 11 करोड़ रु. की वृद्धि हुई। इस कर में पथकर, यात्री कर और माल कर से संग्रह (जहां वे लगाए जाते हों), खपत, उपयोग या बिक्री हेतु स्थानीय क्षेत्रों में मालों के प्रवेश पर लगने वाला प्रवेश कर और अंतर्राज्य संचरण शुल्क (चुंगी) शामिल होता है। बिहार में इस कर से होने वाला पूरा संग्रहण खपत हेतु स्थानीय क्षेत्रों में आने वाले मालों के प्रवेश से होता है। इसका संग्रहण बिहार स्थानीय क्षेत्र में खपत, उपयोग अथवा बिक्री हेतु वस्तु प्रवेश कर अधिनियम, 1993 के तहत और प्रबंधन राज्य के वाणिज्य कर विभाग द्वारा होता है।

**तालिका 7.19 : कर राजस्व की वार्षिक वृद्धि दरें**

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. | औसत वृद्धि दर (2005-11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | -8 | 20 | 22 | 19 | 27 | 47 | 27 |
| माल एवं यात्री कर | 30 | 28 | 20 | 36 | 26 | 1 | 22 |
| राज्य उत्पाद कर | 17 | 20 | 38 | 29 | 59 | 29 | 34 |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 18 | -10 | 44 | 9 | 39 | 22 | 19 |
| वाहन कर | 42 | -40 | 51 | 9 | 16 | 59 | 13 |
| भूमि राजस्व | 67 | 36 | 10 | 24 | 22 | -10 | 15 |
| विद्युत कर एवं शुल्क | 80 | 249 | 2 | 6 | -1 | 35 | 38 |
| अन्य वस्तु एवं सेवा कर एवं शुल्क | -32 | -15 | 14 | -1 | 52 | 15 | 11 |
| **योग** | **7** | **13** | **26** | **21** | **31** | **32** | **24** |

तालिका 7.20 में देखा जा सकता है कि 2010–11 में राज्य सरकार के कुल अपने कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों का हिस्सा मात्र 18 प्रतिशत था और अप्रत्यक्ष करों का 82 प्रतिशत। यह वितरण गत वर्ष की तरह ही विषम रहा है। इससे यह भी पता चलता है कि राज्य सरकार की राजकोषीय सुधारों की प्रक्रिया को इसके कर ढांचे में अभिव्यक्त होना अभी भी बाकी है। निस्संदेह, 2005–06 की अपेक्षा वर्तमान कर ढांचा कहीं अधिक विषम लगता है।

**तालिका 7.20 : प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का हिस्सा**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य के अपने कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों का हिस्सा (%) | 25 | 19 | 21 | 19 | 19 | 18 |
| राज्य के अपने कर राजस्व में अप्रत्यक्ष करों का हिस्सा (%) | 75 | 81 | 79 | 81 | 81 | 82 |
| योग | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |

तालिका 7.21 में राज्य सरकार के प्रमुख गैर–कर राजस्व दर्शाए गए हैं। तालिका 7.22 में उनकी संरचना को दर्शाया गया है और तालिका 7.23 में उनकी वृद्धि दरों को। राज्य सरकार के गैर–कर राजस्व में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व खानों एवं खनिजों से रॉयल्टी है। दूसरा महत्वपूर्ण स्रोत ब्याज प्राप्तियां हैं। वर्ष 2007–08 तक राज्य के कुल गैर–कर राजस्व में इन दोनों का संयुक्त हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत था। अब कुल गैर–कर प्राप्तियों में इन दोनों का संयुक्त हिस्सा गिरकर मात्र 42 प्रतिशत रह गया है। ब्याज प्राप्तियों का हिस्सा 2005–2011 की छ:वर्षीय अवधि में 41 प्रतिशत से गिरकर 18 प्रतिशत रह गया है जबकि रॉयल्टी का हिस्सा इस अवधि में 19 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है। 12वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर केंद्र सरकार से ऋण राहत मिलने के कारण गत तीन वर्षों में विविध सामान्य सेवाओं से प्राप्तियों में नाटकीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2010–11 में अन्य प्रशासनिक सेवाओं से प्राप्तियों में भी काफी वृद्धि दर्ज हुई है। लेकिन कुल मिलाकर न तो राज्य सरकार गैर–कर राजस्व स्रोतों के ढांचे में कोई नियमितता है न इनकी वृद्धि में।

**तालिका 7.21 : बिहार के प्रमुख गैर-कर राजस्व**

(करोड़ रु.)

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलौह खनन एवं धातु उद्योग | 101 | 128 | 179 | 245 | 320 | 294 |
| ब्याज प्राप्तियां | 216 | 176 | 171 | 305 | 353 | 216 |
| विविध सामान्य सेवाएं | 12 | 21 | 3 | 385 | 770 | 385 |
| अन्य प्रशासनिक सेवाएं | 34 | 20 | 12 | 8 | 9 | 39 |
| पुलिस | 6 | 11 | 23 | 9 | 12 | 57 |
| वृहत सिंचाई | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 | 26 |
| शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति | 33 | 28 | 21 | 24 | 17 | 24 |
| सड़क और पुल | 12 | 17 | 18 | 26 | 30 | 28 |
| चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य | 15 | 18 | 21 | 17 | 14 | 18 |
| अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम | 10 | 14 | 7 | 10 | 29 | 11 |
| सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण | 15 | 19 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| अन्य | 67 | 60 | 65 | 119 | 112 | 108 |
| **योग** | **522** | **511** | **526** | **1152** | **1670** | **1207** |

**तालिका 7.22 : गैर-कर राजस्वों का प्रतिशत वितरण**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलौह खनन एवं धातु उद्योग | 19 | 25 | 34 | 21 | 19 | 24 |
| ब्याज प्राप्तियां | 41 | 34 | 32 | 26 | 21 | 18 |
| विविध सामान्य सेवाएं | 2 | 4 | 1 | 33 | 46 | 32 |
| अन्य प्रशासनिक सेवाएं | 7 | 4 | 2 | 1 | 1 | 3 |
| अन्य गैर-कर राजस्व | 31 | 33 | 31 | 18 | 13 | 23 |
| **योग** | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |

**तालिका 7.23 : गैर-कर राजस्वों की वृद्धि दरें**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलौह खनन एवं धातु उद्योग | 25 | 27 | 40 | 37 | 31 | -8 |
| ब्याज प्राप्तियां | 188 | -19 | -3 | 78 | 16 | -39 |
| विविध सामान्य सेवाएं | 30 | 77 | -86 | 12675 | 100 | -50 |
| अन्य प्रशासनिक सेवाएं | -68 | -41 | -41 | -33 | 16 | 318 |
| अन्य गैर-कर राजस्व | 9 | 5 | -3 | 30 | 4 | 25 |
| **योग** | 25 | -2 | 3 | 119 | 45 | -28 |

बजट में प्रस्तावित राजस्व अनुमान के सहीपन की ओर मुड़ने पर अलग-अलग शीर्षों के मामले में बजट अनुमानों और राजस्वों की वास्तविक वसूली के बीच कुछ अंतर देखा जा सकता है, यद्यपि कर राजस्वों से समग्र वसूली लक्ष्य से 10 प्रतिशत अधिक थी (तालिका 7.24)। अलग-अलग करों के मामले में विचलन अधिकतम 63 प्रतिशत था और न्यूनतम -4 प्रतिशत। गैर-कर प्राप्तियों के मामले में संग्रहण बजट अनुमानों की अपेक्षा 123 प्रतिशत बढ़ गया जो गत वर्ष 173 प्रतिशत था। ऐसा मुख्यतः विविध सामान्य सेवाओं से प्राप्तियों में अस्वाभाविक वृद्धि के कारण है।

**तालिका 7.24 : कर और गैर कर राजस्व की अनुमानित और वास्तविक वसूली में अंतर (2009-10) (करोड़ रु.)**

| राजस्व के स्रोत | बजट अनुमान | वास्तविक प्राप्तियां | % अंतर अधिकता (+), कमी (-) |
|---|---|---|---|
| **अपना कर राजस्व** | | | |
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | 3948 | 3839 | -3 |
| माल एवं यात्री कर | 1270 | 1613 | 27 |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 750 | 998 | 33 |
| राज्य उत्पाद कर | 850 | 1082 | 27 |
| वाहन कर | 355 | 345 | -3 |
| भूमि राजस्व | 76 | 124 | 63 |
| अन्य वस्तु एवं सेवा कर तथा शुल्क | 23 | 22 | -4 |
| विद्युत कर एवं शुल्क | 63 | 67 | 6 |
| **योग** | **7336** | **8090** | **10** |
| **अपना गैर-कर राजस्व** | | | |
| अलौह खनन एवं धातु उद्योग | 180 | 320 | 78 |
| ब्याज प्राप्तियां | 54 | 353 | 559 |
| विविध सामान्य सेवाओं से प्राप्तियां | 3 | 770 | 23971 |
| सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण | 3 | 1 | -71 |
| **योग** | **541** | **1670** | **209** |

विभिन्न करों का संग्रहण व्यय तालिका 7.25 में दर्शाया गया है। सभी प्रमुख करों के मामले में संग्रहण व्यय सभी प्रमुख राज्यों के कुल संग्रहण के मुकाबले बहुत कम था। तालिका में देखा जा सकता है कि अधिसंरचना के आधुनिकीकरण तथा प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के कारण 2010-11 में सभी प्रमुख राज्यों के संग्रहण व्यय में काफी कमी आई है। कर संग्रह तंत्र को दुरुस्त करने और कर प्रणाली तथा ढांचे का युक्तिकरण करने से संग्रहण व्यय में और भी कमी आएगी।

**तालिका 7.25 : कर संग्रहण व्यय**

| कर प्राप्तियों के शीर्ष | वर्ष | संग्रहण (करोड़ रु.) | संग्रहण व्यय (करोड़ रु.) | व्यय संग्रहण के % के बतौर |
|---|---|---|---|---|
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | 2001-02 | 1412.96 | 18.81 | 1.33 |
| | 2002-03 | 1647.61 | 21.3 | 1.29 |
| | 2003-04 | 1637.23 | 21.46 | 1.31 |
| | 2004-05 | 1890.54 | 21.46 | 1.14 |
| | 2005-06 | 1733.6 | 25.47 | 1.47 |
| | 2006-07 | 2081.49 | 27.3 | 1.31 |
| | 2007-08 | 2534.79 | 42.73 | 1.69 |
| | 2008-09 | 3016.47 | 46.65 | 1.55 |
| | 2009-10 | 3839.29 | 48.27 | 1.26 |
| | **2010-11 ब.अ.** | **5627.69** | **56.73** | **1.01** |
| राज्य उत्पाद कर | 2001-02 | 238.9 | 13.72 | 5.74 |
| | 2002-03 | 241.95 | 13.75 | 5.68 |
| | 2003-04 | 240.01 | 16.2 | 6.75 |
| | 2004-05 | 272.47 | 16.19 | 5.94 |
| | 2005-06 | 318.59 | 14.78 | 4.64 |
| | 2006-07 | 381.93 | 18.31 | 4.79 |
| | 2007-08 | 525.41 | 22.14 | 4.21 |
| | 2008-09 | 679.14 | 24.15 | 3.56 |
| | 2009-10 | 1081.68 | 44.02 | 4.07 |
| | **2010-11 ब.अ.** | **1400** | **53.163** | **3.80** |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 2001-02 | 304.44 | 18.22 | 5.98 |
| | 2002-03 | 348.2 | 17.56 | 5.04 |
| | 2003-04 | 417.56 | 22.52 | 5.39 |
| | 2004-05 | 429.14 | 22.02 | 5.13 |
| | 2005-06 | 505.29 | 22.48 | 4.45 |
| | 2006-07 | 455.02 | 36.86 | 8.10 |
| | 2007-08 | 654.14 | 34.02 | 5.20 |
| | 2008-09 | 716.19 | 37.68 | 5.26 |
| | 2009-10 | 997.9 | 45.9 | 4.60 |
| | **2010-11 ब.अ.** | **1215** | **37.86** | **3.12** |
| वाहन कर | 2001-02 | 141.53 | 4.14 | 2.93 |
| | 2002-03 | 177.98 | 4.11 | 2.31 |
| | 2003-04 | 209.5 | 3.94 | 1.88 |
| | 2004-05 | 212.78 | 3.85 | 1.81 |
| | 2005-06 | 302.44 | 5.09 | 1.68 |
| | 2006-07 | 181.38 | 6.03 | 3.32 |
| | 2007-08 | 273.2 | 5.95 | 2.18 |
| | 2008-09 | 297.74 | 6.95 | 2.33 |
| | 2009-10 | 345.13 | 10.41 | 3.02 |
| | **2010-11 ब.अ.** | **550** | **24.26** | **4.41** |

तालिका 7.26 में राज्य सरकार के अपने कर और गैर-कर राजस्वों को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के बतौर दर्शाया गया है जो अधिक संसाधन जुटाने की राज्य की क्षमता की एक माप है। बिहार के अपने कर एवं गैर-कर राजस्वों में 2006-07 से धीमी गति से किंतु निरंतर वृद्धि हो रही है। दोनों मिलकर अब भी सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 5 प्रतिशत के आसपास ही ठहरते हैं जो अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है जिसका जिक्र खंड 7.2 के तहत पहले भी किया जा चुका है। वर्ष 2010-11 में गत वर्षों की अपेक्षा थोड़ा सुधार हुआ है जब सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के बतौर राज्य के अपने राजस्व ने 5 प्रतिशत की सीमा पहली बार लांघी है। खुद सकल राज्य घरेलू उत्पाद में भी प्रभावशाली दर से वृद्धि हो रही है और उसके साथ करों में भी वृद्धि हो रही है जिसकी दर कभी-कभी तो सकल राज्य घरेलू उत्पाद से भी तेज हो जाती है जैसा कि 2010-11 में हुआ है। वर्ष 2010-11 के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय अंतरणों एवं अनुदानों सहित कुल राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 23 प्रतिशत के आसपास ठहरता है। पहले भी चिन्हित किया गया है कि बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ अपने कर का अनुपात देश में लगभग सबसे कम था जबकि केंद्रीय अनुदानों तथा अन्य अंतरणों के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ कुल राजस्व का अनुपात काफी ऊंचा।

**तालिका 7.26 : कर और गैर-कर राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत में**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना कर राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत में | 4.36 | 3.97 | 4.30 | 4.26 | 4.70 | 5.28 |
| अपना गैर-कर राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत में | 0.64 | 0.50 | 0.44 | 0.80 | 0.97 | 0.60 |
| कुल राजस्व सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत में | 21.84 | 22.74 | 23.83 | 22.74 | 20.64 | 23.42 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले कुल राजस्व की उत्फुल्लता (अनुपात) | 1.68 | 1.21 | 1.34 | 0.75 | 0.41 | 1.92 |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले राज्य के अपने करों की उत्फुल्लता (अनुपात) | 0.82 | 0.55 | 1.57 | 0.95 | 1.66 | 1.84 |

तालिका 7.27 में राज्य सरकार के प्रमुख कर और गैर-कर राजस्वों तथा राजस्व व्यय के संदर्भ में उत्फुल्लता अनुपात प्रस्तुत किया गया है। तालिका 7.27 में हम देख सकते हैं कि 2010-11 में बिक्री कर, स्टांप एवं निबंधन शुल्क, वाहन कर तथा राज्य उत्पाद कर राज्य सरकार के कुल कर राजस्व की अपेक्षा अधिक उत्फुल्ल थे। ऐसा पहले भी था। हाल के वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद की अच्छी-खासी वृद्धि दरों को देखते हुए और आने वाले वर्षों में इस रुझान के जारी रहने की आशा करते हुए इन करों में और अधिक योगदान की काफी संभावना है। गैर-कर राजस्व के प्रमुख स्रोतों ने ऐसी उत्फुल्लता नहीं दिखाई है।

**तालिका 7.27 : महत्वपूर्ण कर तथा गैर-कर राजस्व स्रोतों की उत्फुल्लता**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री कर, व्यापार कर आदि | -1.03 | 0.83 | 1.31 | 0.84 | 1.46 | 2.71 |
| स्टांप एवं निबंधन शुल्क | 2.21 | -0.41 | 2.64 | 0.42 | 2.10 | 1.27 |
| माल एवं यात्री कर | 3.68 | 1.14 | 1.19 | 1.62 | 1.39 | 0.04 |
| राज्य उत्पाद कर | 2.15 | 0.81 | 2.26 | 1.30 | 3.17 | 1.71 |
| वाहन कर | 5.20 | -1.65 | 3.05 | 0.40 | 0.85 | 3.46 |
| भूमि राजस्व | 8.30 | 1.47 | 0.60 | 1.06 | 1.17 | -0.55 |
| विद्युत कर एवं शुल्क | 9.96 | 10.27 | 0.12 | 0.25 | -0.08 | 2.04 |
| **कुल कर राजस्व** | **0.82** | **0.55** | **1.57** | **0.95** | **1.66** | **1.84** |
| अलौह धातु | 3.23 | 1.09 | 2.41 | 1.65 | 1.64 | -0.47 |
| ब्याज प्राप्तियां | 23.39 | -0.76 | -0.18 | 3.48 | 0.86 | -2.26 |
| **कुल गैर-कर राजस्व** | **3.12** | **-0.09** | **0.17** | **5.30** | **2.40** | **-1.62** |

तालिका 7.28 में केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदानों एवं अंशदानों को दर्शाया गया है। इससे पता चलता है कि वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में कुल अनुदान 11,784 करोड़ रु. है। इसमें से 50 प्रतिशत से अधिक अनुदान राज्य योजनागत योजनाओं के लिए है, जिसके बाद केंद्र प्रायोजित योजनाओं तथा गैर-योजना अनुदानों का स्थान है। वर्ष 2005-06 से 2010-11 के बीच 6 वर्षों में कुल अनुदान लगभग चारगुने बढ़े हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए अनुदान में 2010-11 में गत वर्ष की अपेक्षा 2,373 करोड़ रु. की वृद्धि हुई है, वहीं राज्य योजनागत योजनाओं के लिए अनुदान लगभग 2,184 करोड़ रु. बढ़ा है।

**तालिका 7.28 : केंद्र सरकार से अनुदान तथा अंशदान**

(करोड़ रु.)

| स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कुल अनुदान** | **3333** | **5247** | **5832** | **7962** | **7564** | **11784** |
| राज्य योजनागत योजना हेतु अनुदान | 1556 | 2445 | 2914 | 3600 | 3721 | 5905 |
| केंद्रीय योजनागत योजना हेतु अनुदान | 90 | 144 | 53 | 135 | 138 | 244 |
| केंद्र प्रायोजित योजना हेतु अनुदान | 486 | 974 | 1360 | 1677 | 1449 | 3822 |
| गैर-योजना अनुदान | 1201 | 1683 | 1505 | 2550 | 2256 | 1812 |
| वर्तमान राजस्व शेष (बीसीआर) | 686 | 3000 | 5122 | 6198 | 5933 | 9623 |

## 7.9 राजकीय कर विभागों का प्रदर्शन विश्लेषण

### 7.9.1 वाणिज्य कर विभाग

वाणिज्य कर विभाग सात अधिनियमों के तहत राजस्व संग्रह करता है :

1. बिहार मूल्यवर्धित कर (वैट) अधिनियम, 2005,
2. बिहार स्थानीय क्षेत्र उपभोग, उपयोग अथवा बिक्री जन्य प्रवेश कर अधिनियम, 1993 (ईटी),
3. केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 (सीएसटी),
4. बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 1948 (ईडी),
5. बिहार मनोरंजन कर अधिनियम, 1948 (ईएनटी),
6. होटल विलासिता अधिनियम, 1988 (एचएलटी), तथा
7. बिहार विज्ञापन कर अधिनियम, 1981 (एडीवी)।

तालिका 7.29 में 2001-02 से 2009-10 तक और 2010-11 के लिए अक्तूबर, 2010 तक संग्रहित कर दर्शाए गए हैं। वैट (जिसने बिक्री कर की जगह ले ली है) मुख्य योगदाता है और बिहार के कुल वाणिज्य कर संग्रह में इसका लगभग 69 प्रतिशत हिस्सा है। परिशिष्ट क, ख और ग में विभिन्न कर-सर्किलों के लिए इन आंकड़ों का रुझान विश्लेषण दर्शाया गया है।

**तालिका 7.29 विभिन्न अधिनियमों के तहत कर संग्रहण ( 2001-02 से 2010-11 )**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | बीएसटी/ वैट | सीएसटी | ईएनटी | ईडी | एडीवी | एचएलटी | ईटी | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2001-02 | 1361 | 53 | 15 | 14 | 0 | 1 | 159 | **1604** |
| 2002-03 | 1607 | 89 | 15 | 14 | 0 | 2 | 211 | **1938** |
| 2003-04 | 1560 | 74 | 14 | 16 | 0 | 2 | 311 | **1977** |
| 2004-05 | 1815 | 72 | 14 | 9 | 0 | 2 | 482 | **2393** |
| 2005-06 | 1650 | 84 | 11 | 18 | 0 | 2 | 625 | **2390** |
| 2006-07 | 2004 | 80 | 9 | 62 | 0 | 3 | 792 | **2950** |
| 2007-08 | 2523 | 54 | 10 | 64 | 0 | 3 | 979 | **3633** |
| 2008-09 | 3057 | 46 | 10 | 68 | 0 | 3 | 1284 | **4470** |
| 2009-10 | 3805 | 38 | 14 | 64 | 0 | 4 | 1608 | **5533** |
| 2010-11 (अक्तू. 10 तक) | 2137 | 28 | 8 | 1 | 0 | 2 | 883 | 3059 |

तालिका 7.30 में कुल राजस्व में वाणिज्यिक करों के प्रतिशत हिस्से का वर्षवार रुझान दर्शाया गया है। अनुपात 2007–08 तक 13 प्रतिशत पर स्थिर बना रहा लेकिन उसके बाद से यह बढ़ने लगा और 2009–10 में 16 प्रतिशत तक पहुंच गया। राज्य सरकार के अपने कुल करों में उनका हिस्सा 2005–10 के दौरान 70 प्रतिशत के आसपास बना रहा।

**तालिका 7.30 : कुल राजस्व में वाणिज्यिक करों का वर्षवार प्रतिशत हिस्सा**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब. अ. (अक्तू. 10 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का कुल राजस्व (करोड़ रु.) | **17838** | **23083** | **28210** | **32981** | **35527** | **47235** |
| राज्य का अपना कर राजस्व (करोड़ रु.) | 3561 | 4033 | 5086 | 6173 | 8090 | 10644 |
| वाणिज्यिक करों से राजस्व (करोड़ रु.) | 2390 | 2950 | 3633 | 4470 | 5533 | 3059 |
| कुल राजस्व में वाणिज्यिक करों का हिस्सा (%) | 13 | 13 | 13 | 14 | 16 | 6 |
| राज्य के अपने करों में वाणिज्यिक करों का हिस्सा (%) | 67 | 73 | 71 | 72 | 68 | 29 |

बिक्री करों का सामग्रीवार संग्रहण तालिका 7.31 में प्रस्तुत है जिसमें देखा जा सकता है कि अकेले पेट्रॉलियम उत्पादों का ब्रिकी कर में सर्वाधिक योगदान है – कुल संग्रहण के एक–चौथाई से अधिक। गत दो वर्षों में इसमें लगभग 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि भी दर्ज हुई है। अन्य योगदाताओं के मुकाबले इसका लगभग दसगुना योगदान है। अन्य महत्वपूर्ण योगदाता हैं : सेमेंट, कच्चा तेल, बिजली के सामान, एफएमसीजी, विदेशी शराब (भारत निर्मत), औषधियां तथा औषधि–दव्य, मोटरवाहन, टेलिफोन तथा अन्य निर्माणजन्य संविदाएं। सेमेंट, विद्युत सामग्रियों, मोटरवाहनों तथा दोपहियों एवं तिपहियों के मामले में 2009–10 में भारी वृद्धि दर्ज हुई है।

## तालिका 7.31 : बिक्री कर का तुलनात्मक सामग्रीवार संग्रहण[7]

(करोड़ रु.)

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | संग्रहण (करोड़ रु.) | | | | | | वृद्धि दर (%) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
| 1 | विज्ञापन कर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | एसबेस्टस | 4 | 6 | 7 | 13 | 14 | 8 | 42 | 19 | 93 | 8 |
| 3 | वाहनों के कलपुर्जे | 12 | 15 | 16 | 16 | 26 | 16 | 25 | 4 | 3 | 61 |
| 4 | बैटरी | 23 | 25 | 31 | 36 | 41 | 27 | 8 | 23 | 16 | 15 |
| 5 | पेय पदार्थ | 7 | 7 | 9 | 15 | 22 | 22 | 3 | 22 | 69 | 48 |
| 6 | भुजिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | साइकल | 3 | 5 | 6 | 7 | 10 | 7 | 63 | 26 | 27 | 42 |
| 8 | बिस्कुट | 24 | 37 | 46 | 57 | 69 | 42 | 55 | 24 | 25 | 19 |
| 9 | ईंट | 4 | 7 | 6 | 8 | 10 | 4 | 79 | -2 | 28 | 17 |
| 10 | सेमेंट | 120 | 173 | 208 | 255 | 420 | 233 | 44 | 20 | 23 | 64 |
| 11 | कोयला | 35 | 47 | 78 | 88 | 111 | 62 | 34 | 66 | 14 | 25 |
| 12 | कंप्यूटर | 5 | 8 | 12 | 14 | 19 | 13 | 46 | 54 | 15 | 39 |
| 13 | टिकाऊ उपभोग सामगियां | 21 | 28 | 35 | 36 | 50 | 30 | 34 | 25 | 2 | 39 |
| 14 | देशी शराब | 21 | 27 | 46 | 61 | 99 | 62 | 27 | 68 | 33 | 64 |
| 15 | क्रॉकरी, कटलरी, कांच और चीनी मिट्टी के बर्तन | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 14 | 11 | -28 | 19 |
| 16 | कच्चा तेल | 110 | 132 | 154 | 187 | 166 | 98 | 20 | 17 | 22 | -12 |
| 17 | डीजल | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | औषधियां एवं औषधि-द्रव्य | 78 | 118 | 136 | 152 | 178 | 115 | 52 | 15 | 12 | 17 |
| 19 | मेवे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | खाद्य तेल | 6 | 8 | 10 | 13 | 16 | 10 | 44 | 20 | 31 | 28 |
| 21 | बिजली के सामान | 110 | 106 | 117 | 113 | 154 | 75 | -4 | 10 | -3 | 37 |
| 22 | विद्युत शुल्क | 2 | 2 | 2 | 12 | 2 | 1 | 4 | 12 | 566 | -85 |
| 23 | इलक्ट्रॉनिक सामान | 12 | 17 | 20 | 29 | 43 | 26 | 38 | 23 | 40 | 51 |
| 24 | इंजन और मोटर | 4 | 5 | 6 | 6 | 8 | 7 | 36 | 7 | 8 | 35 |
| 25 | मनोरंजन कर | 9 | 8 | 9 | 9 | 13 | 8 | -12 | 23 | -3 | 46 |
| 26 | ईथेनॉल | | | | | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | फास्ट फूड और पका भोजन | 15 | 18 | 24 | 23 | 28 | 17 | 17 | 31 | -2 | 23 |

[7] वित्तीय लेखों में इस शीर्ष के तहत लिखित राशि 2006-07 के लिए 2,081 करोड़ रु., 2007-08 के लिए 2,535 करोड़ रु. और 2008-09 के लिए 3,016 करोड़ रु. थी। अंतरों का समाधान-संशोधन नहीं किया गया है।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | संग्रहण (करोड़ रु.) | | | | | | वृद्धि दर (%) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005 -06 | 2006 -07 | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009 -10 | 2010 -11* | 2006 -07 | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009-10 |
| 28 | उर्वरक और कीटनाशक | 60 | 63 | 73 | 81 | 82 | 41 | 5 | 16 | 10 | 1 |
| 29 | पटाखे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | एफएमसीजी | 97 | 128 | 148 | 181 | 210 | 120 | 32 | 16 | 23 | 16 |
| 31 | खाद्यान्न | 56 | 31 | 35 | 44 | 61 | 38 | -45 | 15 | 25 | 38 |
| 32 | जूता-चप्पल | 5 | 5 | 6 | 7 | 10 | 6 | -3 | 30 | 17 | 39 |
| 33 | चारपहिया वाहन तथा वाहनों की चेसिस | 57 | 110 | 141 | 158 | 248 | 105 | 95 | 27 | 12 | 57 |
| 34 | फर्नीचर | 3 | 5 | 7 | 11 | 13 | 8 | 46 | 42 | 62 | 16 |
| 35 | घी और वनस्पति घी | 6 | 9 | 16 | 27 | 31 | 21 | 50 | 72 | 70 | 18 |
| 36 | कांच | 1 | 2 | 2 | 3 | 3 | 2 | 15 | 33 | 30 | 18 |
| 37 | बंदूक-राइफल | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | हार्डवेयर | 4 | 4 | 5 | 6 | 8 | 5 | 9 | 31 | 18 | 33 |
| 39 | हवाई चप्पल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 40 | चमड़ा और खाल | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 41 | होजियरी तथा रेडीमेड वस्त्र | 9 | 11 | 15 | 19 | 27 | 16 | 33 | 29 | 32 | 42 |
| 42 | भारत निर्मित विदेशी शराब | 69 | 100 | 102 | 163 | 254 | 186 | 46 | 1 | 60 | 56 |
| 43 | लोहा-इस्पात | 33 | 47 | 59 | 70 | 93 | 58 | 39 | 28 | 19 | 32 |
| 44 | आभूषण | 1 | 1 | 2 | 3 | 3 | 2 | 46 | 27 | 40 | 33 |
| 45 | किरासन तेल | 3 | 3 | 4 | 4 | 4 | 2 | 18 | 3 | 2 | -1 |
| 46 | किराना सामान | 6 | 8 | 9 | 11 | 13 | 7 | 28 | 8 | 22 | 19 |
| 47 | एलपीजी | 8 | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 | -57 | -15 | -42 | 17 |
| 48 | स्नेहक | 11 | 15 | 18 | 22 | 32 | 17 | 35 | 20 | 27 | 42 |
| 49 | लक्जरी तथा होटल | 2 | 2 | 3 | 3 | 4 | 3 | 37 | 42 | 6 | 18 |
| 50 | संगमरमर और ग्रेनाइट | 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 3 | 21 | 38 | 46 | 37 |
| 51 | दियासलाई | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 52 | मोल्डेड लगेज | 2 | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 | 22 | 22 | -30 | 43 |
| 53 | टैगरहित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 54 | किसी सामान के टैग से रहित | 15 | 10 | 5 | 49 | 10 | 6 | -30 | -51 | 869 | -79 |
| 55 | अन्य 12.5% की दर से | 8 | 11 | 11 | 14 | 16 | 7 | 43 | -1 | 32 | 11 |
| 56 | अन्य 4% की दर से | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 | 8 | 4 | -24 | 127 |
| 57 | अन्य (कररहित) | 7 | 4 | 4 | 6 | 4 | 2 | -39 | -12 | 58 | -35 |
| 58 | पेंट | 11 | 14 | 17 | 20 | 24 | 18 | 22 | 23 | 18 | 21 |
| 59 | पान मसाला | 1 | 1 | 5 | 14 | 22 | 11 | 38 | 280 | 162 | 59 |
| 60 | कागज | 6 | 6 | 9 | 12 | 16 | 8 | 4 | 50 | 26 | 42 |

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | संग्रहण (करोड़ रु.) | | | | | | वृद्धि दर (%) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005 -06 | 2006-07 | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009 -10 | 2010 -11* | 2006 -07 | 2007 -08 | 2008 -09 | 2009 -10 |
| 61 | पेट्रॉलियम उत्पाद | 927 | 1044 | 1217 | 1452 | 1657 | 924 | 13 | 17 | 19 | 14 |
| 62 | पेट्रॉल | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 63 | प्लास्टिक के सामान | 44 | 32 | 17 | 8 | 11 | 7 | -26 | -46 | -53 | 33 |
| 64 | प्लाई बोर्ड | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 54 | 31 | -10 | 26 |
| 65 | प्लाईवुड | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 23 | 12 | 2 | 24 |
| 66 | प्रसंस्कृत सब्जियां एवं आहार | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 67 | सैनिटरी फिटिंग और टाइल | 4 | 5 | 7 | 9 | 17 | 8 | 18 | 30 | 36 | 84 |
| 68 | सिलाई मशीन | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 69 | चश्मा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 70 | खेल के सामान | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 71 | स्टेपल धागा | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 13 | -43 | 8 |
| 72 | लेखन सामग्री | 2 | 2 | 3 | 4 | 4 | 2 | 25 | 24 | 36 | 13 |
| 73 | स्टोन चिप्स और बलास्ट | 1 | 2 | 2 | 2 | 4 | 2 | 113 | -23 | 28 | 91 |
| 74 | चाय-कॉफी | 2 | 2 | 2 | 4 | 5 | 3 | -22 | 32 | 85 | 22 |
| 75 | टेलिफोन | 27 | 42 | 106 | 155 | 150 | 40 | 58 | 152 | 46 | -3 |
| 76 | इमारती लकड़ी | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | -2 | -7 | 9 | 6 |
| 77 | तंबाकू | 13 | 20 | 48 | 45 | 57 | 33 | 63 | 133 | -7 | 28 |
| 78 | टूल | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 79 | ट्रैक्टर | 8 | 17 | 20 | 31 | 53 | 28 | 127 | 12 | 56 | 71 |
| 80 | ट्रांसपोर्टर | | | | | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 81 | दोपहिया-तिपहिया | 52 | 70 | 79 | 103 | 140 | 85 | 34 | 13 | 30 | 37 |
| 82 | टायर-ट्यूब | 24 | 30 | 39 | 48 | 57 | 34 | 23 | 28 | 25 | 20 |
| 83 | अनिबंधित विक्रेता - अन्य | 87 | 152 | 218 | 192 | 175 | 56 | 75 | 44 | -12 | -9 |
| 84 | अनिबंधित विक्रेता -निर्माण संवेदक | 39 | 54 | 79 | 179 | 323 | 153 | 37 | 47 | 128 | 80 |
| 85 | बर्तन | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | -8 | 43 | 93 | 37 |
| 86 | घड़ियां | 3 | 4 | 4 | 4 | 5 | 3 | 28 | 11 | -1 | 27 |
| 87 | निर्माण संविदा तथा टीडीएस | 30 | 49 | 99 | 130 | 150 | 70 | 65 | 101 | 31 | 16 |
| **योग** | | **2383** | **2937** | **3633** | **4467** | **5534** | **3052** | **23** | **24** | **23** | **24** |

स्रोत : वाणिज्य कर विभाग, बिहार सरकार

### 7.9.2 निबंधन, उत्पाद तथा मद्यनिषेध विभाग

अप्रैल 2007 को निबंधन विभाग और उत्पाद तथा मद्यनिषेध विभाग को आपस में मिला दिया गया। राजस्व संग्रहण के मामले में वाणिज्य कर विभाग के बाद इसी का स्थान है। तालिका 7.32 में राज्य उत्पाद शुल्क से गत तीन वर्षो का संग्रह दर्शाया गया है[8]। राज्य उत्पाद शुल्क की लगभग 86 प्रतिशत राशि देशी शराब तथा भारत निर्मित विदेशी शराब से आती है।

**तालिका 7.32 : राज्य उत्पाद शुल्क का संग्रहण**

(करोड़ रु.)

| राजस्व के स्रोत | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| देशी शराब | 183 | 207 | 233 | 407 | 467 | अनु. |
| भारत निर्मित विदेशी शराब | 133 | 159 | 241 | 267 | 479 | अनु. |
| व्यावसायिक विकृत स्पिरिट | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | अनु. |
| औषध तथा सौंदर्य सामग्रियां | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | अनु. |
| छोआ | 2 | 4 | 4 | 2 | 1 | अनु. |
| आमिश्रण (कंपाउंडिंग) | 1 | 2 | 6 | 2 | 2 | अनु. |
| बिहार राज्य मद्य निगम | - | 10 | 37 | 71 | 125 | अनु. |
| अन्य | - | 1 | 11 | - | 24 | अनु. |
| **योग** | **320** | **384** | **536** | **749** | **1099** | **665** |

तालिका 7.33 में 2006-07 से 2009-10 तक और 2010-11 के लिए अक्तू. 2010 तक स्टांप तथा निबंधन शुल्क से प्राप्त राजस्व दर्शाया गया है। इन चार वर्षों के रुझान विश्लेषण से पता चलता है कि स्टांप शुल्क के संग्रहण में लगातार वृद्धि हुई है जो तीन वर्षों के दौरान लगभग दूना हो गया - 2006-07 के 411 करोड़ रु. से 2009-10 में 807 करोड़ रु.। निबंधन शुल्क से प्राप्ति भी तेजी से बढ़ी है - 2006-07 के 130 करोड़ रु. से 2009-10 में 226 करोड़ रु.। अक्तूबर 2010 तक गत वर्ष के मुकाबले इन दोनों करों का आधा से अधिक भाग संग्रहित किया जा चुका है।

[8] वर्ष 2007-08, 2008-09 और 2009-10 के लिए राज्य उत्पाद विभाग के वित्तीय लेखों और तालिका 7.33 के आंकड़ों में कुछ अंतर है जिसका समाधान-संशोधन नहीं किया गया है।

**तालिका 7.33 : स्टांप शुल्क तथा निबंधन शुल्क से प्राप्त राजस्व**[9]

(करोड़ रु.)

| राजस्व के स्रोत | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 (अक्तू. 10 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्टांप शुल्क** | | | | | |
| (i) मुद्रित नॉन-जूडिशियल स्टांपों से | 185 | 177 | 333 | 457 | 130 |
| (ii) बैंक चालान द्वारा जमा नॉन-जूडिशियल स्टांप शुल्क से | 196 | 309 | 200 | 309 | 260 |
| (iii) एँडहेसिव नॉन-जूडिशियल स्टांप | 11 | 11 | 22 | . | - |
| (iv) एँडहेसिव नॉन-जूडिशियल स्टांप - फ्रैंकिंग मशीन द्वारा | 0 | 1 | 1 | 13 | 2 |
| (v) राजस्व स्टांप | 0 | 2 | 2 | 4 | 1 |
| (vi) न्यायिक (जूडीशियल स्टांप) | 19 | 22 | 24 | 24 | 16 |
| **उप योग** | **411** | **522** | **582** | **807** | **408** |
| **निबंधन शुल्क तथा अन्य शुल्क** | | | | | |
| (i) अभिलेख निबंधन शुल्क | 112 | 150 | 170 | 195 | 145 |
| (ii) भूस्वामी निबंधन शुल्क | 10 | 13 | 12 | 15 | 9 |
| (iii) भूस्वामी प्रक्रियागत (प्रोसेसिंग) शुल्क | 5 | 7 | 3 | 13 | 2 |
| (iv) अभिलेखों तथा अभारित चीजों की खोज से प्राप्त शुल्क | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| (v) अभिप्रमाणित प्रतियों से प्राप्त शुल्क | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 |
| **उप योग** | **130** | **174** | **188** | **226** | **158** |
| **योग** | **541** | **696** | **770** | **1033** | **566** |

तालिका 7.34 में 2010-11 के लिए (अक्तूबर 2010 तक) स्टांप एवं निबंधन शुल्कों से जिलावार राजस्व संग्रहण दर्शाया गया है। देखा जा सकता है कि पटना जिला इस स्रोत में सर्वाधिक (लगभग 19 प्रतिशत) योगदान करता है - अपने तत्काल बाद वाले जिले मुजफ्फरपुर से लगभग चारगुना। वर्ष 2006 से 2010 तक के विवरण परिशिष्ट घ में दर्शाए गए हैं।

[9] वित्तीय लेखों में इस शीर्ष के तहत लिखित राशि 2006-07 के लिए 455 करोड़ रु., 2007-08 के लिए 654 करोड़ रु. तथा 2008-09 के लिए 716 करोड़ रु. थी। अभी तक अंतरों का समाधान-संशोधन नहीं किया गया है।

### तालिका 7.34 : स्टांप शुल्क तथा निबंधन शुल्क से प्राप्त जिलावार राजस्व, 2010-11 (अक्तू. 2010 तक)

(करोड़ रु.)

| जिला | अभिलेखों की सं. | निबंधन शुल्क (करोड़ रु.) | स्टांप शुल्क (करोड़ रु.) | कुल प्राप्ति (करोड़ रु.) | लक्ष्य (करोड़ रु.) | प्राप्ति लक्ष्य के % में | प्रति अभिलेख प्राप्ति (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 43133 | 23.88 | 83.43 | 107.31 | 267.50 | 40.12% | 24879 |
| नालंदा | 14181 | 3.37 | 10.25 | 13.61 | 38.30 | 35.54% | 9599 |
| रोहतास | 12942 | 3.88 | 10.68 | 14.56 | 36.20 | 40.21% | 11247 |
| कैमूर | 6773 | 1.96 | 5.52 | 7.48 | 16.70 | 44.78% | 11041 |
| बक्सर | 7497 | 2.58 | 7.27 | 9.85 | 22.40 | 43.95% | 13133 |
| भोजपुर | 13196 | 3.77 | 10.67 | 14.43 | 32.50 | 44.41% | 10938 |
| गया | 15989 | 5.16 | 15.57 | 20.73 | 63.30 | 32.75% | 12967 |
| औरंगाबाद | 11032 | 3.08 | 8.66 | 11.74 | 29.90 | 39.26% | 10640 |
| जहानाबाद | 4394 | 1.15 | 3.43 | 4.58 | 13.60 | 33.70% | 10432 |
| अरवल | 3183 | 0.72 | 1.85 | 2.58 | 5.65 | 45.59% | 8093 |
| नवादा | 8927 | 1.62 | 4.67 | 6.29 | 16.80 | 37.46% | 7049 |
| सारण | 16999 | 3.91 | 12.09 | 16.00 | 37.25 | 42.96% | 9414 |
| सीवान | 18499 | 4.83 | 13.19 | 18.02 | 44.10 | 40.87% | 9742 |
| गोपालगंज | 16074 | 4.04 | 10.73 | 14.77 | 35.60 | 41.49% | 9189 |
| मुजफ्फरपुर | 27544 | 8.09 | 20.89 | 28.98 | 68.10 | 42.55% | 10520 |
| सीतामढ़ी | 22211 | 5.14 | 12.99 | 18.13 | 38.20 | 47.46% | 8162 |
| शिवहर | 3520 | 0.70 | 1.93 | 2.63 | 6.80 | 38.62% | 7460 |
| पश्चिम चंपारण | 24387 | 4.96 | 13.89 | 18.84 | 44.50 | 42.35% | 7727 |
| पूर्वी चंपारण | 31639 | 6.99 | 19.10 | 26.09 | 63.40 | 41.15% | 8247 |
| वैशाली | 15048 | 5.10 | 15.06 | 20.16 | 48.40 | 41.65% | 13395 |
| दरभंगा | 18342 | 4.48 | 12.17 | 16.65 | 44.05 | 37.81% | 9080 |
| समस्तीपुर | 20517 | 3.89 | 10.30 | 14.18 | 45.30 | 31.31% | 6913 |
| मधुबनी | 23000 | 4.95 | 13.15 | 18.10 | 42.46 | 42.64% | 7871 |
| सहरसा | 9233 | 1.75 | 5.22 | 6.96 | 17.50 | 39.79% | 7542 |
| सुपौल | 9517 | 1.75 | 5.07 | 6.83 | 18.50 | 36.91% | 7175 |
| मधेपुरा | 9964 | 1.89 | 5.01 | 6.90 | 18.76 | 36.80% | 6929 |
| पूर्णिया | 21867 | 4.80 | 13.44 | 18.24 | 42.00 | 43.43% | 8341 |
| अररिया | 17889 | 2.73 | 7.43 | 10.16 | 21.80 | 46.59% | 5677 |
| किशनगंज | 11280 | 2.06 | 5.89 | 7.95 | 18.60 | 42.72% | 7044 |
| कटिहार | 20777 | 3.37 | 9.07 | 12.44 | 31.20 | 39.87% | 5987 |
| भागलपुर | 15779 | 5.87 | 17.12 | 22.99 | 49.70 | 46.26% | 14572 |
| बांका | 8156 | 2.09 | 5.72 | 7.81 | 17.60 | 44.36% | 9574 |
| मुंगेर | 4450 | 1.32 | 3.95 | 5.27 | 11.70 | 45.00% | 11832 |
| लखीसराय | 5105 | 1.17 | 3.34 | 4.51 | 10.60 | 42.52% | 8829 |
| बेगूसराय | 12338 | 3.86 | 10.90 | 14.76 | 43.06 | 34.27% | 11961 |
| जमुई | 7798 | 1.55 | 4.35 | 5.91 | 13.70 | 43.11% | 7575 |
| खगड़िया | 8333 | 1.90 | 5.07 | 6.97 | 16.60 | 41.98% | 8364 |
| शेखपुरा | 3701 | 0.68 | 1.97 | 2.65 | 7.70 | 34.46% | 7170 |
| **योग** | 545214 | 145.04 | 421.02 | 566.06 | 1400.03 | 40.43% | 10382 |

स्रोत : निबंधन, उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग, बिहार सरकार

## 7.10 व्यय प्रबंधन

राज्य सरकार के व्ययों को तीन मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है – सामान्य सेवाएं, सामाजिक सेवाएं तथा आर्थिक सेवाएं। इसे सरकारी व्यय का कामकाजी वर्गीकरण कहा जाता है। इनके अलावा खर्च के अन्य क्षेत्र पूंजीगत परिव्यय, पूंजी लेखे में ऋणों एवं अग्रिमों की अदायगी, तथा स्थानीय निकायों, स्वायत्त संस्थाओं और राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों को अनुदान हैं। गौर करने की बात है कि ऋणों के मूलधन की अदायगी पूंजी लेखे से होती है, वहीं ब्याज भुगतान सामान्य सेवाओं के तहत व्यय के राजस्व लेखे से होता है।

तालिका 7.35 में राज्य सरकार का विभिन्न शीर्षों के तहत होने वाला व्यय प्रस्तुत है। तालिका 7.36 में 2005–06 और वर्तमान वर्ष 2010–11 में राज्य सरकार की व्यय संरचना प्रस्तुत की गई है। पुनः, तालिका 7.37 में 2005–06 से 2010–11 तक के सभी छः वर्षों की व्यय संरचना प्रस्तुत है। तालिका 7.38 में विभिन्न व्यय मदों की वृद्धि दरें वर्णित हैं। इन चारो तालिकाओं से हमें राज्य सरकार के व्यय पैटर्न के बारे में पर्याप्त समझ हासिल हो जाती है।

**तालिका 7.35 : संचित निधि से व्यय**

(करोड़ रु.)

| व्यय शीर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य सेवाएं | 8523 | 8643 | 9252 | 10530 | 12202 | 15448 |
| सामाजिक सेवाएं | 6862 | 7917 | 9868 | 12252 | 13186 | 17816 |
| आर्थिक सेवाएं | 2367 | 4021 | 4438 | 5726 | 7088 | 7410 |
| सहायता अनुदान | 4 | 4 | 5 | 4 | 107 | 4 |
| पूंजीगत परिव्यय | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| लोक ऋणों की अदायगी | 981 | 1025 | 1632 | 1682 | 1983 | 1916 |
| राज्य द्वारा ऋण एवं अग्रिम | 1748 | 315 | 273 | 551 | 897 | 731 |
| **कुल संचित निधि** | **22568** | **27136** | **31571** | **37181** | **42796** | **53759** |

देखा जा सकता है कि 2005–06 से 2010–11 के बीच उल्लेखनीय ढांचागत परिवर्तन हुए हैं। इन वर्षों में विकासगत व्यय का हिस्सा काफी बढ़ा है जबकि सामान्य सेवाओं पर अनुत्पादक गैर–विकास व्यय में काफी कमी आई है। इसी प्रकार, पूंजीगत परिव्यय काफी बढ़ा है जिसने विकास के मामले में पिछड़े बिहार को देश के प्रमुख

राज्यों के बीच सर्वाधिक विकास दर वाले राज्यों में से एक बना दिया है। तालिका 7.36 से यह परिवर्तन साफ झलकता है। सर्वाधिक उल्लेखनीय परिवर्तन पूंजीगत व्यय में 10 प्रतिशत वृद्धि है जो रकम के रूप में पांच वर्षों में 8,350 करोड़ रु. की वृद्धि ठहरती है – 38 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर! यह भी गौर करने की बात है कि अनुत्पादक सामान्य सेवाओं की कीमत पर सामाजिक और आर्थिक, दोनों सेवाओं पर व्यय का हिस्सा बढ़ा है।

**तालिका 7.36 : सरकारी व्यय का प्रतिशत वितरण : 2005-06 और 2010-11**

| व्यय शीर्ष | 2005-06 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|
| सामान्य सेवाएं | 39 | 29 |
| सामाजिक सेवाएं | 30 | 33 |
| आर्थिक सेवाएं | 10 | 14 |
| सहायता अनुदान | 9 | 19 |
| पूंजीगत परिव्यय | 4 | 4 |
| लोक ऋणों की अदायगी | 8 | 1 |
| **योग** | **100** | **100** |

वर्ष 2005-06 से 2010-11 के बीच की अवधि में आर्थिक सेवाओं का हिस्सा 10 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत और सामाजिक सेवाओं का हिस्सा 30 से 33 प्रतिशत हो गया है जबकि प्रशासन पर गैर-विकास व्यय का हिस्सा 39 प्रतिशत से गिरकर 29 प्रतिशत रह गया है।









तालिका 7.37 से पता चलता है कि 2006-07 से आरंभ होने वाला ढांचागत परिवर्तन किस तरह हुआ। एक ओर तो राज्य के रोजमर्रे के प्रशासन से संबंधित सामान्य सेवाओं पर व्यय के हिस्से में कमी आनी शुरू हुई जो राज्य सरकार के कुल व्यय का लगभग 40 प्रतिशत हुआ करता था। दूसरी ओर, सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सामाजिक और आर्थिक सेवाओं को अधिक महत्व मिलने लगा। अब व्यय में बड़ा हिस्सा इन दोनों सेवाओं का है जो सामाजिक प्रक्षेत्रों में, खास कर शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है। आय और रोजगार वृद्धि की संभावनाओं वाले पूंजीगत परिव्यय को भी उच्च प्राथमिकता दी गई है और राज्य सरकार के कुल व्यय में इसका अभी 19 प्रतिशत हिस्सा है जो 6 वर्ष पहले मात्र 9 प्रतिशत हुआ करता था।

वित्त व्यवस्था के दक्ष प्रबंधन के कारण, खास कर गत छः वर्षों के दौरान राजस्व लेखे में लगातार प्रचुर अधिशेष कायम रख पाने के कारण राज्य सरकार अब अपनी ऋण समस्या का प्रबंधन करने में सक्षम हो गई है। इससे ऋणों के मूलधन की वापसी तथा ब्याज भुगातन के मामले में राहत मिलने लगी है। आंतरिक ऋण देनदारी की तुलना में केंद्र सरकार का ऋण अब बहुत कम है और ऋण समस्या अब उनती गंभीर नहीं है जितनी 6 वर्ष पहले थी। अब कुल व्यय में ऋण सेवा का हिस्सा 4 प्रतिशत ही है। विकास व्यय की बात करें, तो राज्य सरकार के कुल व्यय में अब इसका 47 प्रतिशत हिस्सा है जो 6 वर्ष पहले 40 प्रतिशत हुआ करता था। राज्य में आर्थिक विकास तेज करने वाले अधिसंरचना निर्माण हेतु लक्षित महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू करने के लिहाज से राज्य सरकार अब बेहतर स्थिति में है। तालिका 7.38 में यह भी दिखता है कि पूंजीगत परिव्यय की वृद्धि दर (39 प्रतिशत) सामाजिक सेवा और आर्थिक सेवा की वृद्धि दरों (क्रमशः 22 प्रतिशत और 26 प्रतिशत) की अपेक्षा काफी अधिक है। कुल मिलाकर राज्य सरकार का कुल व्यय 18 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है।

**तालिका 7.37 : कुल व्यय का प्रतिशत वितरण**

| व्यय शीर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राजस्व लेखा** | **79** | **76** | **75** | **77** | **76** | **76** |
| **गैर-विकास राजस्व व्यय** | **39** | **32** | **29** | **28** | **29** | **29** |
| **विकासमूलक राजस्व व्यय** | **40** | **44** | **45** | **48** | **48** | **47** |
| सामाजिक सेवाएं | 30 | 29 | 31 | 33 | 31 | 33 |
| आर्थिक सेवाएं | 10 | 15 | 14 | 15 | 17 | 14 |
| **पूंजी लेखा** | **21** | **24** | **25** | **23** | **24** | **24** |
| **गैर-विकास पूंजीगत व्यय** | **12** | **5** | **6** | **6** | **7** | **5** |
| लोक ऋण की अदायगी | 4 | 4 | 5 | 5 | 5 | 4 |
| राज्य द्वारा प्रदत्त ऋण एवं अग्रिम | 8 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 |
| **विकासमूलक पूंजीगत व्यय** | **9** | **19** | **19** | **17** | **17** | **19** |
| पूंजीगत परिव्यय | 9 | 19 | 19 | 17 | 17 | 19 |
| **कुल गैर-विकास व्यय** | **51** | **37** | **35** | **34** | **36** | **34** |
| **कुल विकासमूलक व्यय** | **49** | **63** | **65** | **66** | **64** | **66** |
| **कुल व्यय** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**तालिका 7.38 : व्यय की वृद्धि दरें**

| व्यय शीर्ष | वार्षिक वृद्धि दरें | | | | | | वृद्धि दर (2004-11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. | |
| सामान्य सेवाएं | 9 | 1 | 7 | 14 | 16 | 27 | 11 |
| सामाजिक सेवाएं | 43 | 15 | 25 | 24 | 8 | 35 | 22 |
| आर्थिक सेवाएं | 16 | 70 | 10 | 29 | 24 | 5 | 26 |
| सहायता अनुदान | 0 | 0 | 25 | -21 | 2614 | -96 | 27 |
| पूंजी लेखा | -11 | 36 | 22 | 8 | 18 | 28 | 17 |
| पूंजीगत परिव्यय | 73 | 150 | 17 | 5 | 14 | 42 | 39 |
| लोक ऋणों की अदायगी | -68 | 4 | 59 | 3 | 18 | -3 | 2 |
| राज्य द्वारा ऋण एवं अग्रिम | 55 | -82 | -14 | 102 | 63 | -19 | -7 |
| **कुल संचित निधि** | 13 | 20 | 16 | 18 | 15 | 26 | 18 |




सामान्य सेवाओं में भी कुछ शीर्ष ऐसे हैं जिन पर व्यय में कमी की कोई संभावना नहीं है। ये मद पेंशन, ब्याज भुगतान, न्यायिक सेवा संबंधी व्यय, कारा आदि भारित व्यय के हैं जिनमें निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार के कुल व्यय में प्रशासनिक सेवाओं का हिस्सा लगातार घट रहा है। रकम के रूप में देखें तो यह व्यय 2005-06 में 8.5 हजार करोड़ रु. था जो 13 प्रतिशत की वार्षिक दर से लगातार बढ़ते हुए 2010-11 में लगभग 15.5 हजार करोड़ रु. हो गया है। यह वृद्धि पुलिस और जिला प्रशासन, न्यायपालिका और विधानमंडल, राज्य सरकार के कर संबंधी विभागों तथा लोक निर्माण पर बढ़े व्यय के कारण हुई है। हालांकि 2010-11 में आर्थिक सेवाओं को छोड़ सभी सेवाओं तथा पूंजी लेखे पर व्यय में 25 प्रतिशत से अधिक की भारी वृद्धि हुई है। इन वृद्धियों की आवश्यकता भौतिक तथा सामाजिक अधिसंरचना के निर्माण और उन्नयन की मांग के कारण ही नहीं, विभिन्न विभागों के आधुनिकीकरण द्वारा उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने की जरूरत के कारण भी पड़ी।

सामाजिक सेवाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जलापूर्ति एवं स्वच्छता तथा सामाजिक कल्याण एवं पोषण पर व्यय गत वर्षों में लगातार बढ़ा है। पहले भी संकेत दिया गया है कि 2005-06 के पहले तक गतिरुद्ध पूंजीगत परिव्यय को अब वांछित प्राथमिकता दी गई है और यह 2005-06 के 2,084 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 10,434 करोड़ रु. हो गया है। आर्थिक सेवाओं में विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, बिजली, सड़क और पुल तथा उद्योग पर व्यय में गत वर्षों में काफी वृद्धि हुई है।

### 7.11 राजस्व व्यय

तालिका 7.39 में राज्य सरकार के राजस्व व्यय का विवरण दर्ज है। साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कुल व्यय में बड़ा हिस्सा राजस्व व्यय का है - 2010-11 में 76 प्रतिशत से भी अधिक। राजस्व व्यय गतिविधियों के

वर्तमान स्तर को कायम रखने के लिए किया जाता है जिसके चलते इससे मौजूद अधिसंरचना में नया कुछ नहीं जुड़ता है। गैर-योजना घटक कुल राजस्व व्यय का बड़ा घटक होता है। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान के अनुसार कुल व्यय में इसका हिस्सा 51 प्रतिशत है। गैर-योजना घटक का हिस्सा 2005-06 के उच्च स्तर - 67 प्रतिशत से लगातार घटता गया है। फलत: 2009-10 को छोड़कर शेष वर्षों में योजनागत राजस्व व्यय की वृद्धि दर गैर-योजना राजस्व व्यय की वृद्धि दर के मुकाबले अधिक रही है। वर्ष 2010-11 में कुल व्यय और गैर-योजना राजस्व व्यय बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद का क्रमश: 27 प्रतिशत और 14 प्रतिशत था। उत्फुल्लता अनुपातों से यह देखा जा सकता है कि 2006-07 से 2009-10 तक राजस्व व्यय सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मुकाबले धीमी गति से बढ़ता रहा है। हालांकि 2010-11 में राजस्व व्यय की वृद्धि दर ही अधिक रही है।

**तालिका 7.39 : राजस्व व्यय का विवरण**

(करोड़ रु.)

| व्यय शीर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व व्यय (आरई) | 17756 | 20585 | 23563 | 28512 | 32584 | 40678 |
| पूंजीगत व्यय (सीई) | 4812 | 6551 | 8008 | 8670 | 10212 | 13080 |
| **कुल व्यय (टीई)** | **22568** | **27136** | **31571** | **37181** | **42796** | **53759** |
| **गैर-योजना व्यय** | **17670** | **17740** | **20625** | **23367** | **26602** | **29683** |
| राजस्व लेखा (एनपीआरई) | 15020 | 16520 | 18759 | 21231 | 24145 | 27480 |
| पूंजी लेखा | 2650 | 1220 | 1867 | 2136 | 2456 | 2202 |
| **योजना व्यय** | **4899** | **9397** | **10946** | **13815** | **16194** | **24076** |
| राजस्व लेखा (पीआरई) | 2736 | 4065 | 4804 | 7280 | 8439 | 13198 |
| पूंजी लेखा | 2163 | 5332 | 6142 | 6533 | 7755 | 10878 |
| एनपीआरई की वृद्धि दर (%) | 19 | 10 | 14 | 13 | 14 | 14 |
| पीआरई की वृद्धि दर (%) | 37 | 49 | 18 | 52 | 16 | 56 |
| आरई/ टीई (%) | 79 | 76 | 75 | 77 | 76 | 76 |
| एनपीआरई/ टीई (%) | 67 | 61 | 59 | 57 | 56 | 51 |
| टीई/ जीएसडीपी (%) | 28 | 27 | 27 | 26 | 25 | 27 |
| एनपीआरई/ जीएसडीपी (%) | 18 | 16 | 16 | 15 | 14 | 14 |
| राजस्व प्राप्तियां (आरआर)/ टीई (%) | 79 | 85 | 89 | 89 | 83 | 88 |
| एनपीआरई/ आरआर (%) | 84 | 72 | 67 | 64 | 68 | 58 |
| जीएसडीपी के मुकाबले आरई की उत्फुल्लता | 2.65 | 0.66 | 0.87 | 0.93 | 0.76 | 1.45 |
| आरआर के मुकाबले आरई की उत्फुल्लता | 1.68 | 1.21 | 1.34 | 0.75 | 0.41 | 1.92 |

## 7.12 वेतन और पेंशन पर कार्यार्पित व्यय

वेतन और पेंशन सभी सरकारों के लिए व्यय के दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण मद होते हैं। योजना और गैर-योजना, दोनों शीर्षों के तहत वेतनों पर व्यय तथा पेंशन व्यय के रुझान तालिका 7.40 में प्रस्तुत हैं। गत पांच वर्षों के दौरान राज्य

सरकार के राजस्व व्यय में सरकारी कर्मचारियों के वेतन का इस अकेले ही एक-चौथाई से अधिक हिस्सा था। वर्ष 2005-06 में राजस्व व्यय में इसका हिस्सा 32 प्रतिशत था जो मुख्यत: राजस्व व्यय में काफी वृद्धि के कारण बाद में घटा है। ऐसा वेतन लेखे में किसी कमी के कारण नहीं, राजस्व व्यय में काफी वृद्धि के कारण हुआ है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के बतौर वेतन व्यय 2005-06 से 2010-11 की पूरी पांच वर्ष की अवधि के दौरान 5 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रहा है। यह भी इस कारण था कि इस अवधि में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में असाधारण वृद्धि हुई। इसी प्रकार, 2010-11 में पेंशन का राजस्व व्यय में 14 प्रतिशत हिस्सा था जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत के बराबर है। छठे वेतन आयोग की अनुशंसा पर उच्च वेतनमान लागू करने के कारण वर्ष 2009-10 और 2010-11, दोनों वर्षों में वेतन और पेंशन के संयुक्त मद में व्यय क्रमश: 3.0 हजार करोड़ रु. और 2.5 हजार करोड़ रु. बढ़ा। यह जनवरी 2007 से प्रभावी हुआ और बकाया राशि का भुगतान 2008-09, 2009-10 तथा 2010-11 में किया गया। लेकिन वेतन व्यय अभी भी बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित राजस्व व्यय के 35 प्रतिशत की मानक सीमा के अंदर हैं।

साथ ही साथ, पेंशन भुगतान भी 19 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ते हुए 2005-06 के 2,456 करोड़ रु. से 2010-11 में 5,873 करोड़ रु. हो गया जबकि वेतन व्यय 13 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा। पेंशन और वेतन व्यय मिलकर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 8 प्रतिशत और राज्य सरकार के राजस्व व्यय के 41 प्रतिशत के बराबर हो जाते हैं।

**तालिका 7.40 : वेतन और पेंशन व्यय**

(करोड़ रु.)

| शीर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **वेतन व्यय** | **5783** | **6016** | **6470** | **7546** | **9659** | **10795** |
| गैर-योजना शीर्ष | 5153 | 5539 | 5915 | 6996 | 9001 | 10092 |
| योजना शीर्ष | 631 | 478 | 555 | 549 | 657 | 704 |
| वेतन जीएसडीपी के प्रतिशत के बतौर | 7 | 6 | 5 | 5 | 6 | 5 |
| वेतन राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के बतौर | 32 | 26 | 23 | 23 | 27 | 23 |
| वेतन राजस्व व्यय के प्रतिशत के बतौर | 33 | 29 | 27 | 26 | 30 | 27 |
| **पेंशन व्यय** | **2456** | **2497** | **2789** | **3479** | **4319** | **5873** |
| वृद्धि दर | 6 | 2 | 12 | 25 | 24 | 36 |
| पेंशन जीएसडीपी के प्रतिशत के बतौर | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 3 |
| पेंशन राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के बतौर | 14 | 11 | 10 | 11 | 12 | 12 |
| पेंशन राजस्व व्यय के प्रतिशत के बतौर | 14 | 12 | 12 | 12 | 13 | 14 |
| **वेतन और पेंशन पर कुल व्यय** | **8239** | **8513** | **9258** | **11025** | **13977** | **16669** |
| कुल व्यय जीएसडीपी के प्रतिशत के बतौर | 10 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| कुल व्यय राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के बतौर | 46 | 37 | 33 | 33 | 39 | 35 |
| कुल व्यय राजस्व व्यय के प्रतिशत के बतौर | 46 | 41 | 39 | 39 | 43 | 41 |







### 7.13 व्यय की गुणवत्ता

व्यय की गुणवत्ता का निर्णय राज्य में सामाजिक और भौतिक अधिसंरचना के विकास हेतु पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए समर्पित व्यय के अनुपात, सामान्य सेवाओं के गैर-विकास व्यय की तुलना में सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर विकासगत व्यय की मात्रा, तथा गैर-योजना व्यय के मुकाबले योजना व्यय के अनुपात से किया जाता है। इस लिहाज से व्यय की गुणवत्ता के महत्वपूर्ण पैरामीटर निम्नलिखित हैं : (1) कुल व्यय के साथ पूंजीगत परिव्यय का अनुपात; (2) सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ पूंजीगत परिव्यय का अनुपात; (3) राजस्व व्यय का सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर हो रहे खर्च का अनुपात और इन सेवाओं में किए जा रहे गैर-वेतन व्यय का अनुपात; तथा (4) गैर-योजना व्यय के साथ योजना व्यय का अनुपात। कुल व्यय और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ इन घटकों के अनुपात जितने ऊंचे होंगे, व्यय की गुणवत्ता भी उतनी ही अच्छी होगी। तालिका 7. 41 में 2005-06 से 2010-11 तक के 6 वर्षों के दौरान इन अनुपातों को दर्शाया गया है।

इन सारे पैरामीटर को ध्यान से देखने पर स्पष्ट हो जाता है कि गत 6 वर्षों के दौरान बिहार में व्यय की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। पूंजीगत परिव्यय 9 प्रतिशत के मामूली स्तर से कुल व्यय के लगभग पांचवें हिस्से तक पहुंच गया है, वहीं राजस्व व्यय का हिस्सा कुल व्यय के 76 प्रतिशत के आसपास ही स्थिर रहा है; शेष हिस्सा लोक ऋण की अदायगी तथा राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों का रहा है। विकासगत व्यय का वेतन घटक इस अवधि में 37 प्रतिशत से गिरकर 29 प्रतिशत ही रह गया है। वहीं, कुल व्यय में योजना व्यय का हिस्सा भी 22 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। गैर-योजना व्यय के साथ योजना व्यय का अनुपात भी

व्यवस्थित रूप से बढ़कर महज 28 प्रतिशत से 81 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इस अवधि में पूंजीगत परिव्यय लगभग पांचगुना हो गया है; यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद के मात्र 3 प्रतिशत से बढ़कर यह 5 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। ये सारे अनुपात बताते हैं कि बिहार में लोक वित्त व्यवस्था सही दिशा में जा रही है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के उच्च विकास के रूप में इसके परिणाम भी निस्संदेह दिखने लगे हैं।

**तालिका 7.41 : व्यय के गुणवत्तामूलक पैरामीटर**

| व्यय शीर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 17756 | 20585 | 23563 | 28512 | 32584 | 40678 |
| जिसमें सामाजिक एवं आर्थिक सेवाएं, जिसका | 11241 | 11938 | 14306 | 17978 | 20274 | 25226 |
| (i) वेतन घटक (करोड़ रु.) | 4172 | 4110 | 4378 | 5194 | 6920 | 7330 |
| वेतन घटक का प्रतिशत (%) | 37 | 34 | 31 | 29 | 34 | 29 |
| (ii) गैर-वेतन घटक (करोड़ रु.) | 7069 | 7828 | 9928 | 12784 | 13354 | 17895 |
| गैर-वेतन घटक का प्रतिशत (%) | 63 | 66 | 69 | 71 | 66 | 71 |
| पूंजीगत परिव्यय/ कुल व्यय (%) | 9 | 19 | 19 | 17 | 17 | 19 |
| राजस्व व्यय/ कुल व्यय (%) | 79 | 76 | 75 | 77 | 76 | 76 |
| राजस्व व्यय/ जीएसडीपी (%) | 22 | 20 | 20 | 20 | 19 | 20 |
| पूंजीगत परिव्यय/ जीएसडीपी (%) | 3 | 5 | 5 | 4 | 4 | 5 |
| योजना व्यय/ गैर-योजना व्यय (%) | 28 | 53 | 53 | 59 | 61 | 81 |
| योजना व्यय/ कुल व्यय (%) | 22 | 35 | 35 | 37 | 38 | 45 |

## 7.14 क्षेत्रगत व्यय

### 7.14.1 सामाजिक सेवाओं पर व्यय

आय की गरीबी को उपभोग पर किए गए खर्च के जरिए मापा जाता है, लेकिन मानवीय गरीबी इससे आगे जाती है। मानवीय गरीबी में प्रति व्यक्ति आय के अलावा जीवन संभाव्यता तथा साक्षरता दर भी शामिल होती है। अतएव बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता, आवास आदि की बेहतर उपलब्धता आज आर्थिक विकास और मानव कल्याण के बीच मजबूत संपर्क स्थापित करने के लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। अतएव जीवन की गुणवत्ता में समग्र सुधार के निर्णय में सामाजिक सेवाओं पर व्यय अनिवार्य हो जाता है। तालिका 7.42 में 2005-06 से 2010-11 तक के 6 वर्षों में सामाजिक सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में राज्य सरकार द्वारा किए गए व्यय की प्रभाविता की जांच की गई है।

सामाजिक क्षेत्र के विकास की राज्य सरकार की चिंता इस क्षेत्र हेतु बढ़े आबंटन से काफी हद तक अभिव्यक्त होती है जो 2005-06 के 7,190 करोड़ रु. से बढ़कर 2010-11 में 19,342 करोड़ रु. हो गया है। लगभग 5 हजार करोड़ की सर्वाधिक महत्वपूर्ण वृद्धि 2010-11 में हुई है। वर्ष 2010-11 में सामाजिक सेवा क्षेत्र में पूंजीगत परिव्यय कुल व्यय के 5 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत हो गया है जो सभी सेवाओं पर कुल पूंजीगत परिव्यय के

15 प्रतिशत के बराबर है। राजस्व व्यय का गैर-वेतन घटक भी - अर्थात जो राशि वस्तुतः पहले से निर्मित परिसंपत्तियों के रखरखाव पर खर्च होती है - 71 प्रतिशत के उच्च स्तर पर है जो 6 वर्ष पूर्व मात्र 51 प्रतिशत था। सामाजिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय 2005-06 के मात्र 328 करोड़ रु. से लगभग पांचगुना बढ़कर 2010-11 में 1,526 करोड़ रु. हो गया है। अधिकांश वृद्धि 2010-11 में जलापूर्ति और स्वच्छता के मामले में पूंजीगत परिव्यय में लगभग 400 करोड़ रु. वृद्धि के कारण हुई है। राजस्व व्यय के मामले में भी देखें तो 2010-11 में शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति (2,000 करोड़ रु.), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (600 करोड़ रु.) तथा जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास एवं शहरी विकास (1,400 करोड़ रु.) के क्षेत्र में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। वर्ष 2010-11 में सामाजिक सेवाओं पर कुल राजस्व व्यय में 4,700 करोड़ रु. की उछाल आई है।

**तालिका 7.42 : सामाजिक सेवाओं पर व्यय**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 4423 | 5359 | 5553 | 6882 | 7750 | 9703 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 4394 | 5253 | 5496 | 6706 | 7416 | 9497 |
| (क) वेतन घटक (%) | 53 | 45 | 45 | 43 | 48 | 38 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 47 | 55 | 55 | 57 | 52 | 62 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 29 | 106 | 57 | 177 | 334 | 205 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 1 | 2 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 1015 | 1153 | 1387 | 1291 | 1508 | 2105 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 877 | 985 | 1141 | 1193 | 1388 | 1911 |
| (क) वेतन घटक (%) | 71 | 60 | 53 | 61 | 66 | 61 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 29 | 40 | 47 | 39 | 34 | 39 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 138 | 168 | 246 | 97 | 121 | 193 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 14 | 15 | 18 | 8 | 8 | 9 |
| **जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास तथा शहरी विकास** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 532 | 766 | 1053 | 1600 | 1903 | 3709 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 407 | 514 | 713 | 1413 | 1438 | 2838 |
| (क) वेतन घटक (%) | 20 | 18 | 16 | 10 | 11 | 7 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 80 | 82 | 84 | 90 | 89 | 93 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 124 | 253 | 339 | 187 | 465 | 871 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 23 | 33 | 32 | 12 | 24 | 23 |
| **योग (सामाजिक सेवाएं)** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 7190 | 8513 | 10667 | 12892 | 14309 | 19342 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 6862 | 7917 | 9868 | 12252 | 13186 | 17816 |
| (क) वेतन घटक (%) | 49 | 40 | 35 | 32 | 38 | 29 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 51 | 60 | 65 | 68 | 62 | 71 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 328 | 596 | 799 | 640 | 1123 | 1526 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 5 | 7 | 7 | 5 | 8 | 8 |

### 7.14.2 आर्थिक सेवाओं पर व्यय

तालिका 7.43 में आर्थिक सेवाओं पर व्यय का विश्लेषण दर्शाया गया है। आर्थिक सेवाओं पर व्यय अर्थव्यवस्था में उत्पादक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियां, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण,

**तालिका 7.43 : आर्थिक सेवाओं पर व्यय**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियां** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 503 | 596 | 759 | 1284 | 1505 | 1584 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 410 | 585 | 737 | 1273 | 1504 | 1580 |
| (क) वेतन घटक (%) | 31 | 39 | 31 | 21 | 26 | 27 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 69 | 61 | 69 | 80 | 74 | 73 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 93 | 11 | 22 | 11 | 1 | 4 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 18 | 2 | 3 | 1 | 0 | 0 |
| **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 1074 | 1067 | 1450 | 1845 | 2246 | 3588 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 483 | 435 | 562 | 704 | 897 | 1069 |
| (क) वेतन घटक (%) | 55 | 68 | 63 | 58 | 69 | 73 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 45 | 32 | 37 | 42 | 31 | 27 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 591 | 632 | 888 | 1141 | 1349 | 2518 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 55 | 59 | 61 | 62 | 60 | 70 |
| **विद्युत एवं ऊर्जा** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 303 | 1515 | 841 | 1123 | 1244 | 1728 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 1 | 1081 | 726 | 723 | 868 | 1100 |
| (क) वेतन घटक (%) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 302 | 434 | 115 | 400 | 376 | 628 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 100 | 29 | 14 | 36 | 30 | 36 |
| **परिवहन** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 560 | 2076 | 2707 | 2956 | 3748 | 4530 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 285 | 414 | 408 | 493 | 690 | 938 |
| (क) वेतन घटक (%) | 38 | 25 | 29 | 28 | 23 | 21 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 62 | 75 | 71 | 72 | 77 | 79 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 275 | 1662 | 2299 | 2463 | 3058 | 3592 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 49 | 80 | 85 | 83 | 82 | 79 |
| **उद्योग एवं खनिज** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 41 | 497 | 398 | 503 | 534 | 615 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 36 | 86 | 233 | 226 | 265 | 333 |
| (क) वेतन घटक (%) | 21 | 19 | 14 | 13 | 17 | 17 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 79 | 81 | 86 | 87 | 83 | 83 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 5 | 411 | 165 | 277 | 269 | 282 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 12 | 83 | 41 | 55 | 50 | 46 |
| **योग (आर्थिक सेवाएं)** | | | | | | |
| कुल व्यय (करोड़ रु.) | 4051 | 8481 | 9520 | 11316 | 13023 | 15934 |
| राजस्व व्यय (करोड़ रु.) | 2367 | 4021 | 4438 | 5726 | 7088 | 7410 |
| (क) वेतन घटक (%) | 34 | 23 | 22 | 22 | 25 | 28 |
| (ख) गैर-वेतन घटक (%) | 66 | 77 | 78 | 79 | 75 | 72 |
| पूंजीगत परिव्यय (करोड़ रु.) | 1684 | 4460 | 5082 | 5590 | 5935 | 8525 |
| पूंजीगत परिव्यय (%) | 42 | 53 | 53 | 49 | 46 | 53 |

ऊर्जा एवं विद्युत, उद्योग एवं खनिज तथा परिवहन का आर्थिक सेवाओं पर होने वाले राजस्व और पूंजीगत, दोनों के संयुक्त व्यय में 82 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा है (2010-11)। आर्थिक सेवाओं का आधा से अधिक व्यय पूंजी लेखे में किया गया। आर्थिक सेवाओं पर कुल पूंजीगत परिव्यय में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण तथा परिवहन का हिस्सा 70 प्रतिशत से भी अधिक था। विगत 6 वर्षों की पूरी अवधि में आर्थिक सेवाओं में राजस्व व्यय का गैर-वेतन घटक सामाजिक सेवाओं की तरह ही ऊंचा बना रहा। यह 2008-09 में सर्वाधिक 78 प्रतिशत था जिसके बाद उसमें गिरावट आई और वर्तमान वित्त वर्ष में यह 72 प्रतिशत है। वेतन घटक सिर्फ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के मामले में ऊंचा था जिसमें कुल व्यय का 73 प्रतिशत हिस्सा इसी मद में था।

आर्थिक सेवाओं से संबंधित पूंजीगत परिव्यय में भी काफी वृद्धि हुई है और यह 2005-06 के 1,684 करोड़ रु. से 2010-11 में 8,525 करोड़ रु. पहुंच गया है। यह पूंजीगत परिव्यय हमेशा ही राज्य के कुल पूंजीगत परिव्यय का 80 प्रतिशत से भी अधिक भाग रहा है। वर्ष 2010-11 में यह 10,434 करोड़ रु. के कुल पूंजीगत परिव्यय का 82 प्रतिशत था; सामाजिक सेवाओं का हिस्सा इसका 15 प्रतिशत था। राज्य के कुल पूंजीगत परिव्यय में सामान्य सेवाओं का हिस्सा मात्र 3 प्रतिशत है; गत 6 वर्षों में ऐसी ही स्थिति बनी रही।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए बारहवें वित्त आयोग ने अनुशंसा की थी कि शिक्षा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के तहत गैर-योजना वेतन घटक हर वर्ष मात्र 5-6 प्रतिशत बढ़ना चाहिए और गैर-योजना शीर्षों के तहत गैर-वेतन घटक न्यूनतम 30 प्रतिशत। बारहवें वित्त आयोग के लक्ष्यों के बरअक्स उपलब्धियों को तालिका 7.44 में दर्शाया गया है जिसमें यह दिखता है कि राज्य सरकार द्वारा सड़क और पुल के मामले में सभी वर्षों को तथा शिक्षा के मामले में 2007-08 को छोड़कर 2008-09 तक सारे लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं। लेकिन पूरी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली आर्थिक मंदी के कारण 2009-10 में सभी क्षेत्रों के मामले में थोड़ी कमी रह गई है।

**तालिका 7.44 : गैर-योजना राजस्व व्यय के मामले में 12वें वित्त आयोग के अनुमानों के बरअक्स उपलब्धियां**

(करोड़ रु.)

| | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शिक्षा | 12वां वित्त आयोग | 3821 | 4184 | 4581 | 5016 | 5493 |
| | वास्तविक | 3777 | 4189 | **4742** | 5099 | **6592** |
| स्वास्थ्य | 12वां वित्त आयोग | 790 | 881 | 982 | 1095 | 1221 |
| | वास्तविक | 758 | 850 | 1012 | 1039 | **1431** |
| भवन | 12वां वित्त आयोग | 121 | 217 | 223 | 185 | 237 |
| | वास्तविक | 111 | 180 | 203 | 194 | **274** |
| सड़क एवं पुल | 12वां वित्त आयोग | 259 | 349 | 363 | 377 | 392 |
| | वास्तविक | **282** | **411** | **403** | **491** | **1006** |

### 7.15 सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर प्रति व्यक्ति व्यय

तालिका 7.45 में सामाजिक तथा आर्थिक सेवाओं पर प्रति व्यक्ति व्यय दर्शाया गया है जिसकी गणना 2005-06 से 2010-11 तक बिहार की आकलित जनसंख्या के आधार पर की गई है। प्रति व्यक्ति पूंजीगत परिव्यय में इन तमाम वर्षों के दौरान लगातार वृद्धि होती रही है जो 2005-06 में मात्र 231 रु. था जबकि अभी यह 1,073 रु. है, हालांकि अभी भी यह राष्ट्रीय औसत से कम है। पहले भी कहा गया है कि इस वर्ष इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। शिक्षा तथा जलापूर्ति एवं स्वच्छता के मामले में प्रति व्यक्ति व्यय भी इस वर्ष काफी बढ़ा है। विभिन्न क्षेत्रों का प्रति व्यक्ति व्यय सामान्यत: काफी बढ़ा है, खास कर 2010-11 में। हालांकि इनमें से प्रत्येक क्षेत्र के प्रति व्यक्ति व्यय से विभिन्न सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर सरकारी व्यय में जिलों के बीच मौजूद भारी असमानता ढंक जाती है जिस पर बाद में चर्चा की जाएगी।

**तालिका 7.45 : सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर प्रति व्यक्ति व्यय**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुमानित जनसंख्या (करोड़) | 9.02 | 9.16 | 9.31 | 9.45 | 9.58 | 9.72 |
| **कुल व्यय ( करोड़ रु. )** | | | | | | |
| शिक्षा, खेल आदि | 4394 | 5253 | 5496 | 6706 | 7416 | 9497 |
| चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य | 877 | 985 | 1141 | 1193 | 1388 | 1911 |
| जलापूर्ति एवं स्वच्छता | 407 | 514 | 713 | 1413 | 1438 | 2838 |
| सामाजिक सेवाएं | 6862 | 7917 | 9868 | 12252 | 13186 | 17816 |
| आर्थिक सेवाएं | 2367 | 4021 | 4438 | 5726 | 7088 | 7410 |
| पूंजीगत परिव्यय | 2084 | 5211 | 6104 | 6436 | 7332 | 10434 |
| सामान्य सेवाएं | 8523 | 8643 | 9252 | 10530 | 12202 | 15448 |
| **प्रति व्यक्ति व्यय ( रु. )** | | | | | | |
| शिक्षा, खेल आदि | 487 | 573 | 590 | 710 | 774 | 977 |
| चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य | 97 | 108 | 123 | 126 | 145 | 197 |
| जलापूर्ति एवं स्वच्छता | 45 | 56 | 77 | 150 | 150 | 292 |
| सामाजिक सेवाएं | 761 | 864 | 1060 | 1297 | 1376 | 1833 |
| आर्थिक सेवाएं | 262 | 439 | 477 | 606 | 740 | 762 |
| पूंजीगत परिव्यय | 231 | 569 | 656 | 681 | 765 | 1073 |
| सामान्य सेवाएं | 945 | 944 | 994 | 1114 | 1274 | 1589 |







### 7.16 राज्य का बजट और 2009-10 के लिए पुनरीक्षित अनुमान

वर्ष 2010-11 का बजट महत्वाकांक्षी बजट था क्योंकि इसमें राज्य की अर्थव्यवस्था को और अधिक आवेग प्रदान करने तथा त्वरित विकास को मदद देने का प्रयास किया गया था। इस खंड में 2010-11 के बजट का विश्लेषण किया गया है और 2009-10 की वास्तवित प्राप्ति एवं व्यय के साथ इसकी तुलना की गई है। यह संतुलित बजट भी था।

वर्ष 2010-11 के लिए तालिका 7.46 में प्रस्तुत बजट सारांश में देखा जा सकता है कि गत वर्ष की अपेक्षा राजस्व प्राप्ति में 11,700 करोड़ रु. और राजस्व लेखे में व्यय में 8,000 करोड़ रु. वृद्धि का अनुमान किया गया था। इस कारण 2010-11 में राजस्व लेखे में 6,557 करोड़ रु. का अधिशेष अनुमानित था जबकि 2008-09 में वास्तविक राजस्व अधिशेष 2,943 करोड़ रु. था।

वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में पूंजीगत परिव्यय में 2009-10 की अपेक्षा 3,100 करोड़ रु. वृद्धि का अनुमान किया गया था जबकि ऋणग्रहण से पूंजीगत प्राप्तियों में मात्र 367 करोड़ रु. की वृद्धि अनुमानित थी। वर्ष 2010-11 में ऋण अदायगी में गत वर्ष की अपेक्षा 200 करोड़ की कमी अनुमानित है। फलतः पूंजीगत व्यय में 2009-10 की तुलना में शुद्ध वृद्धि 2,800 करोड़ रु. की ही होगी। इस प्रकार पूंजी लेखे में 6,565 करोड़ रु. का घाटा होगा जिसको बजट संतुलित रखते हुए राजस्व लेखा में मौजूद अधिशेष से पूरा किया जा सकेगा। लोक लेखा में 353 करोड़ रु. का शुद्ध अधिशेष मौजूद है और सभी लेखों का शुद्ध परिणाम 345 करोड़ रु. का अधिशेष है।

**तालिका 7.46 : बजट 2009-10 का सारांश, [ अधिशेष ( - ), घाटा ( + ) ]**

(करोड़ रु.)

| | 2009-10 (वास्तविक) | 2010-11 ब.अ. | | 2009-10 (वास्तविक) | 2010-11 ब.अ. |
|---|---|---|---|---|---|
| **राजस्व लेखा** | | | **पूंजी लेखा** | | |
| **प्राप्तियां** | | | **प्राप्तियां** | | |
| कर राजस्व | 26292 | 34244 | लोक ऋण | 6134 | 6501 |
| गैर-कर राजस्व | 1670 | 1207 | ऋणों तथा अग्रिमों की वसूली | 13 | 14 |
| अनुदान और अंशदान | 7564 | 11784 | | | |
| **कुल राजस्व प्राप्तियां** | **35527** | **47235** | **कुल पूंजीगत प्राप्तियां** | **6148** | **6515** |
| **व्यय** | | | **व्यय** | | |
| सामान्य सेवाएं | 12202 | 15448 | पूंजीगत परिव्यय | 7332 | 10434 |
| सामाजिक सेवाएं | 13186 | 17816 | लोक ऋण | 1983 | 1916 |
| आर्थिक सेवाएं | 7088 | 7410 | ऋण तथा अग्रिम | 897 | 731 |
| अनुदान एवं अंशदान | 107 | 4 | | | |
| **कुल राजस्व व्यय** | **32584** | **40678** | **कुल पूंजीगत व्यय** | **10212** | **13080** |
| **घाटा - राजस्व लेखा** | **-2943** | **-6557** | **घाटा - पूंजी लेखा** | **4064** | **6565** |
| **संचित निधि की प्राप्तियां** | **41674** | **53750** | **संचित निधि से व्यय** | **42796** | **53759** |
| **निवल संचित निधि ( प्राप्ति - व्यय )** | **-1122** | **-8** | | | |
| आकस्मिक निधि | | | | | |
| आय | | | व्यय | | |
| **आकस्मिक निधि का योग** | | | **आकस्मिक निधि का योग** | | |
| **लोक लेखा** | | | **लोक लेखा** | | |
| **प्राप्तियां** | | | **संवितरण** | | |
| लघु बचत, भविष्य निधि आदि | 707 | 1420 | लघु बचत, भविष्य निधि आदि | 970 | 1094 |
| संरक्षित कोष | 566 | 327 | संरक्षित कोष | 607 | 327 |
| जमा और अग्रिम | 6311 | 3674 | जमा और अग्रिम | 6445 | 3647 |
| सस्पेंस तथा विविध | 175193 | 0 | सस्पेंस तथा विविध | 175484 | 0 |
| प्रेषण | 7423 | 0 | प्रेषण | 7368 | 0 |
| **कुल प्राप्तियां - लोक लेखा** | **190200** | **5421** | **कुल संवितरण - लोक लेखा** | **190874** | **5068** |
| **शुद्ध परिणाम - लोक लेखा ( प्राप्ति - व्यय )** | **-675** | **353** | | | |
| **शुद्ध परिणाम - सभी लेखे ( प्राप्ति - व्यय )** | **-1796** | **345** | | | |

राज्य सरकार की प्राप्तियों तथा उससे व्यय का ढांचा तालिका 7.47 में प्रस्तुत है। इस तालिका में देखा जा सकता है कि कुछ छोटे-मोटे अंतरों को छोड़कर प्राप्ति या व्यय संरचना में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं हुआ है। संचित निधि में प्राप्तियों के प्रतिशत के बतौर कर राजस्व संचित निधि की कुल प्राप्ति का 64 प्रतिशत था जो गत वर्ष के लगभग बराबर ही है। गैर-कर राजस्व और लोक ऋण के हिस्से में लगभग दो-दो प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि केंद्रीय अनुदान का हिस्सा लगभग 4 प्रतिशत बढ़ा है।

संचित निधि से व्यय भी दोनों वर्षों में लगभग एक जैसा ही रहा। सामान्य सेवाओं पर व्यय का हिस्सा गत वर्ष की ही तरह लगभग 29 प्रतिशत बना रहा जबकि कुल व्यय में सामाजिक सेवाओं पर व्यय का हिस्सा 2 प्रतिशत बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में आर्थिक सेवाओं का हिस्सा गत वर्ष से लगभग 3 प्रतिशत घट गया जबकि पूंजीगत परिव्यय के हिस्से में 2 प्रतिशत वृद्धि हुई और संचित निधि से होने वाले कुल व्यय में इसका हिस्सा 19 प्रतिशत हो गया।

**तालिका 7.47 : संचित निधि के अंतर्गत प्राप्तियों तथा व्यय का प्रतिशत वितरण**

| प्राप्ति | 2009-10 | 2010-11 (ब.अ.) | व्यय | 2009-10 | 2010-11 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|---|
| **राजस्व लेखा** | | | **राजस्व लेखा** | | |
| **कर राजस्व** | 63.09 | 63.71 | सामान्य सेवाएं | 28.51 | 28.74 |
| **गैर-कर राजस्व** | 4.01 | 2.25 | सामाजिक सेवाएं | 30.81 | 33.14 |
| **सहायता अनुदान और अंशदान** | 18.15 | 21.92 | आर्थिक सेवाएं | 16.56 | 13.78 |
| **पूंजी लेखा** | | | **पूंजी लेखा** | | |
| लोक ऋण | 14.72 | 12.09 | लोक ऋण की अदायगी | 4.63 | 3.56 |
| ऋणों और अग्रिमों की वसूली | 0.03 | 0.03 | ऋण एवं अग्रिम | 2.10 | 1.36 |
| | | | **पूंजीगत परिव्यय** | 17.13 | 19.41 |
| **योग** | **100** | **100** | **योग** | **100** | **100** |












### 7.17 राज्य बजट को दरकिनार करती केंद्रीय राशि

हाल के वर्षों में सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या काफी बढ़ी है। इन कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने वाली स्वायत्त राज्य समितियों तथा जिला ग्रामीण विकास प्राधिकारों (डीआरडीए) को केंद्र सरकार से बढ़े परिमाण में राशि सीधे हस्तांतरित हो रही है। तालिका 7.48 में 2007-08, 2008-09, 2009-10 और 2010-11 (अक्तूबर 2010 तक) में स्वायत्त निकायों को केंद्र सरकार से अंतरित धन के आंकड़े प्रस्तुत हैं। संबंधित आंकड़े तीन प्रमुख समितियों से प्राप्त किए गए हैं जिन्हें केंद्र सरकार सीधे धन अंतरित करती है। ये हैं -

(क) बिहार शिक्षा परियोजना (बीईपी) - सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय बालिका प्रारंभिक स्तरीय शिक्षा कार्यक्रम (एनपीईजीईएल) तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) के लिए;

(ख) राज्य स्वास्थ्य समिति - राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के सभी घटकों के लिए;

(ग) जिला ग्रामीण विकास प्राधिकार (डीआरडीए) - राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (नरेगा), स्वर्णजयंती ग्रामीण रोजगार योजना, (एसजीएसवाइ), संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एसजीआरवाइ), इंदिरा आवास योजना (आइएवाइ), सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम (डीपीएपी), सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स), नगरवत ग्रामीण क्षेत्र सुविधा प्रावधान (पीयूआरए), समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना (आइडब्ल्यूडीपी) तथा प्राधिकार के अपने प्रशासन के लिए।

**तालिका 7.48 : राज्य बजट को दरकिनार करते केंद्रीय धन का विवरण - 2007-08 से 2010-11**

(करोड़ रु.)

| मद | राज्य बजट को दरकिनार करता भारत सरकार का हिस्सा | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 |
| सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) | 1326 | 1659 | 1217 | 1144 |
| एनपीईजीईएल | 0 | 106 | 0 | 10 |
| कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) | 51 | 166 | 0 | 44 |
| **योग ( एसएसए+ एनपीईजीईएल+केजीबीवी )** | 1377 | **1931** | **1217** | **1198** |
| **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** | **253** | **645** | **411** | 218 |
| नरेगा | 545 | 1369 | 1033 | 1416 |
| एसजीएसवाइ | 105 | 241 | 132 | 81 |
| इंदिरा आवास योजना (नया+ उत्क्रमण) | 1054 | 2178 | 1881 | 1123 |
| इंदिरा आवास योजना (ऋण सह सब्सिडी) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (5%) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (2004 बाढ़ प्रभावित) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (कोशी बाढ़ 2008 प्रभावित) | - | 54 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (कालाजार 2006 प्रभावित) | 2 | 2 | 3 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (कालाजार 2008 प्रभावित) | - | 54 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (आपकी सरकार आपके द्वार) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इंदिरा आवास योजना (नक्सल 2008) | | 138 | 112 | 26 |
| हरियाली (डीपीएपी + आइडब्ल्यूएपी) | 1 | 7 | 6 | 0 |
| डीआरडीए (प्रशासन) | 10 | 14 | 21 | 14 |
| **योग ( डीआरडीए )** | **1717** | **4057** | **3189** | **2660** |
| **राज्य बजट को दरकिनार करता भारत सरकार का कुल धन** | **3347** | **6633** | **4818** | **4075** |
| राजस्व प्राप्ति के प्रतिशत के बतौर | 12 | 20 | 14 | 9 |
| कुल व्यय के प्रतिशत के बतौर | 11 | 18 | 11 | 8 |

स्रोत : बिहार शिक्षा परियोजना; राज्य स्वास्थ्य समिति; ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

तालिका 7.48 में गौर करने की बात है कि 2007-08 में स्वायत्त समितियों को 3,347 करोड़ रु. सीधे भेज दिए गए। यह राज्य सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति का 12 प्रतिशत और इसके व्यय का 11 प्रतिशत है। इसके अलावा, 2007-08 में राज्य योजनागत योजनाओं, केंद्रीय योजनाओं तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए राज्य सरकार का कुल अनुदान 4,327 करोड़ रु. था। इस प्रकार राज्य बजट के जरिए नहीं आने वाली राशि केंद्र सरकार के कुल अनुदान 5,832 करोड़ रु. का 74 प्रतिशत है। इस तरह केंद्र सरकार से राज्य सरकार के बजट को दरकिनार करके अंतरित होने वाला धन किसी भी तरह कोई छोटी राशि नहीं है। वर्ष 2008-09 में 6,633 करोड़ रु. बढ़कर यह राशि लगभग दूनी हो गई है जो राज्य सरकार की प्राप्तियों के 20 प्रतिशत और व्यय के 18 प्रतिशत के बराबर है। 7962 करोड़ रु. की यह राशि वस्तुतः केंद्र सरकार से उस वर्ष राज्य सरकार को प्राप्त होने वाले कुल योजना तथा

गैर योजना अनुदान का 83 प्रतिशत थी। उसके बाद से यह राशि घटी है और 2009-10 में 4,818 करोड़ रु. तथा इस वर्ष में अक्तूबर तक 4,075 करोड़ रु. रह गई। वर्ष 2009-10 में ऐसे अंतरण की राशि राज्य सरकार की कुल प्राप्ति का 14 प्रतिशत और इसके व्यय का 11 प्रतिशत थी। स्वाभाविक रूप से ऐसे अंतरणों का केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर खास तौर से तथा राजकोषीय उत्तरदायित्व पर आम तौर से बुरा प्रभाव पड़ता है, जिसके निम्नलिखित कारण हैं :

(1) राज्य सरकार का धन के उपयोग की प्रक्रिया पर कोई सीधा नियंत्रण नहीं होता है क्योंकि इनमें से अधिकांश धन राज्य के लेखों से होकर नहीं गुजरता है। इस प्रकार अनुश्रवण प्राधिकार के बतौर इसकी हैसियत समाप्त हो जाती है।

(2) इस तथ्य के अलावा कि धन को बजट के बाहर अंतरित किया जा रहा है, योजनाओं की प्रकृति धन का विशेष घटकों के साथ जुड़ना निर्धारित करती है। यह केंद्रीकृत ढांचा राज्य केंद्रित लक्ष्यों के अनुरूप व्यय को अनुकूलित करने की संभावना सीमित कर देता है। इसके अलावा, यह राज्य योजना के घटकों और केंद्र सरकार द्वारा तय लक्ष्यों के बीच सहक्रिया निर्मित करने में असफल रहता है।

विकेंद्रीकरण के समग्र ढांचे में राजकोषीय सुपुर्दगी (डिवोल्यूशन) केंद्र सरकार से राज्य सरकार को, और राज्य सरकार से जिला तथा पंचायतों के स्तर तक होनी चाहिए। राज्य सरकार को दरकिनार करना सुपुर्दगी की मूल भावना के खिलाफ जाता है और वस्तुतः वित्तीय प्रबंधन के संपूर्ण भारत के स्तर पर केंद्रीकरण तथा जिला स्तर पर संसाधनों के अकुशल उपयोग का कारण बनता है। निस्संदेह, केंद्र प्रायोजित योजनाओं में धन का कम उपयोग बिहार के लिए एक बड़ा मुद्दा रहा है। यह तर्क दिया जाने लगा था कि स्वायत्त समितियों को अंतरित धन इसके अधिक मात्रा में और अधिक कुशल उपयोग का कारण बनेगा, लेकिन ऐसा दावा ठोस साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। ऐसे धनों समुचित उपयोग से संबंधित आंकड़े बहुत कम उपलब्ध हैं; और अनुश्रवण तथा नियंत्रण के मकसद से व्यवस्थित आंकड़ा आधार दुरुस्त भी नहीं रखा गया है। ऐसे धन के उपयोग से संबंधित किसी प्रामाणिक आंकड़ा आधार की अनुपस्थिति में ऐसे व्यय के परिणाम के वस्तुगत मूल्यांकन तक पहुंचना मुश्किल है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह राज्य सरकार से परामर्श करके ऐसे धन के अनुश्रवण, नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण की समुचित व्यवस्था विकसित करे और इस व्यवस्था में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका हो।

### 7.18 केंद्र प्रायोजित योजनाएं

#### 7.18.1 सर्व शिक्षा अभियान

तालिका 7.49 में 2001-02 से 2010-11 तक बिहार में सर्व शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत वित्तीय प्रदर्शन दर्शाया गया है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत बिहार में विमुक्त धन का हमेश उच्च स्तर पर उपयोग होता रहा है जबकि अनुमोदिन धन को विमुक्त करने में ही कुछ विलंब होता रहा है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत धन के उपयोग के ऊंचे स्तर का एक कारण तो यह है कि क्रियान्वयन अभिकरण (बिहार शिक्षा परियोजना) का कामकाजी संस्था के रूप में अनेक वर्षों से अस्तिव रहा है जिसने कार्यक्रम के लिए तैयारशुदा संस्थागत ढांचा उपलब्ध करा दिया।

घटकवार विवरण से पता चलता है कि सर्व शिक्षा अभियान के सामान्य घटक के लिए 2009-10 में विमुक्त धन के 98 प्रतिशत का उपयोग हुआ था हालांकि विमुक्त धन अनुमोदित धन का मात्र 50 प्रतिशत ही था। हालांकि

एनपीईजीईएल के जेंडर विशेषिक घटक के लिए उपयोग अपेक्षाकृत कम – 56 प्रतिशत था। तथापि, पिछले वर्ष के मुकाबले उपयोग का स्तर काफी सुधरा था जिसमें उपयोग 14 प्रतिशत ही था। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के मामले में गत वर्ष के आंकड़े उपलब्ध नहीं थे। सिर्फ कुल व्यय के आंकड़े उपलब्ध थे जो अनुमोदित बजट का 50 प्रतिशत था। बहरहाल, जेंडर विशेषिक घटक का कुल व्यय नियोजित आबंटन का छोटा हिस्सा ही है।

**तालिका 7.49 : सर्व शिक्षा अभियान का वित्तीय प्रदर्शन[10] (करोड़ रु.)**

| वर्ष | अनुमोदित वार्षिक कार्ययोजना तथा बजट | धन विमुक्ति | | | कुल व्यय | प्रतिशत उपयोग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भारत सरकार | बिहार सरकार | योग | | विमुक्त धन के संबंध में | अनुमोदित धन के संबंध में |
| सर्व शिक्षा अभियान | | | | | | | |
| 2001-02 | 67 | 29 | 5 | 34 | 9 | 27 | 13 |
| 2002-03 | 351 | 79 | 29 | 108 | 13 | 12 | 4 |
| 2003-04 | 765 | 194 | 65 | 259 | 247 | 95 | 32 |
| 2004-05 | 836 | 302 | 80 | 382 | 377 | 99 | 45 |
| 2005-06 | 843 | 302 | 121 | 423 | 444 | 105 | 53 |
| 2006-07 | 2340 | 1026 | 539 | 1565 | 1550 | 99 | 66 |
| 2007-08 | 3161 | 1326 | 816 | 2142 | 1886 | 88 | 60 |
| 2008-09 | 3400 | 1659 | 855 | 2514 | 2083 | 83 | 61 |
| 2009-10 | 4132 | 1217 | 903 | 2121 | 2077 | 98 | 50 |
| 2010-11[11] | 5122 | 1144 | 830 | 1974 | 1537 | 78 | 30 |
| एनपीईजीईएल | | | | | | | |
| 2004-05 | 49 | 18 | 0 | 18 | 13 | 69 | 26 |
| 2005-06 | 57 | 18 | 12 | 30 | 26 | 87 | 45 |
| 2006-07 | 74 | 55 | 9 | 65 | 34 | 52 | 46 |
| 2007-08 | 48 | 0 | 9 | 9 | 24 | 265 | 51 |
| 2008-09 | 39 | 106 | 30 | 136 | 19 | 14 | 48 |
| 2009-10 | 31 | - | 27 | 27 | 15 | 56 | 48 |
| 2010-11 | 29 | 10 | 0 | 10 | 2 | 16 | 5 |
| कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय | | | | | | | |
| 2005-06 | 18 | 11 | 4 | 16 | 2 | 14 | 12 |
| 2006-07 | 138 | 40 | 6 | 46 | 15 | 69 | 11 |
| 2007-08 | 130 | 51 | 7 | 58 | 41 | 71 | 32 |
| 2008-09 | 225 | 166 | 53 | 219 | 75 | 34 | 33 |
| 2009-10 | 156 | - | - | - | 78 | - | 50 |
| 2010-11 | 133 | 44 | - | 44 | 37 | 84 | 28 |

स्रोत : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद

[10] व्यय के आंकड़े अनंतिम और लेखापरीक्षा के अधीन हैं।

[11] सभी योजनाओं के लिए 2010-11 के आंकड़े 31 अक्तूबर, 2010 तक के ही हैं।

### 7.18.2 जिला ग्रामीण विकास प्राधिकार

जिला ग्रामीण विकास प्राधिकार नरेगा, स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना और इंदिरा आवास योजना जैसे गरीबी उन्मूलन के अधिकांश प्रमुख कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जवाबदेह हैं। तालिका 7.50 में दिखता है कि 2010-11 में प्राधिकारों द्वारा नरेगा हेतु विमुक्त धन के 58 प्रतिशत भाग का उपयोग किया गया था जबकि उससे पिछले वर्ष यह आंकड़ा 76 प्रतिशत था, हालांकि यह उस वर्ष के वित्तीय लक्ष्य का मात्र 29 प्रतिशत है। स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के लिए 52 प्रतिशत विमुक्त राशि खर्च की गई जो वित्तीय लक्ष्य का 89 प्रतिशत है। इंदिरा आवास योजना के मामले में विभिन्न योजनाओं के तहत धन का उपयोग और लक्ष्य की प्राप्ति एक जैसी नहीं है लेकिन राशि के उपयोग के मामले में कुछ सुधार की जरूरत है। कुल मिलाकर मात्र 68 प्रतिशत विमुक्त तथा उपलब्ध राशि खर्च की गई। इस प्रकार सारे कार्यक्रमों का प्रबंधन एक ही प्राधिकार कर रहा था, इसके बावजूद कार्यक्रमों के योजना निर्माण और क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न कारण वश धन के उपयोग की क्षमता में कार्यक्रम के हिसाब से अंतर था। इसके अलावा, इनमें से अधिकांश योजनाएं लाभार्थियों की लक्षित पहचान पर आधारित हैं जो बोझिल तथा विवादप्रवण साबित हुआ है। इससे कार्यक्रमों की प्रभाविता और भी धीमी हुई है।

**तालिका 7.50 : जिला ग्रामीण विकास प्राधिकार के तहत योजनाओं का वित्तीय प्रदर्शन**

(करोड़ रु.)

| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11[12] | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नरेगा | | | स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 2412 | 3259 | 4417 | 337 | 345 | 398 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 638 | 1033 | 665 | 210 | 354 | 335 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 1369 | 1033 | 1416 | 241 | 132 | 81 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 144 | 262 | 79 | 35 | 94 | 30 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 1513 | 1295 | 1495 | 276 | 226 | 111 |
| अन्य निधियां | 26 | 70 | 22 | 4 | 9 | 1 |
| कुल उपलब्ध धन | 2178 | 2397 | 2182 | 490 | 589 | 447 |
| कुल व्यय | 1306 | 1818 | 1262 | 200 | 309 | 97 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | 60 | 76 | 58 | 41 | 52 | 22 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | 54 | 56 | 29 | 59 | 89 | 24 |
| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 |
| | इंदिरा आवास योजना (केंद्र तथा राज्य) | | | इंदिरा आवास योजना (5%) | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 5 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| अन्य निधियां | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल उपलब्ध धन | 5 | 4 | 2 | 1 | 1 | 0 |
| कुल व्यय | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | 34 | 6 | 1 | 42 | 2 | 51 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | - | - | - | - | - | - |

[12] सभी योजनाओं के लिए 2010-11 के आंकड़े अक्तूबर, 2010 तक के ही हैं।

| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इंदिरा आवास योजना (नई) | | | इंदिरा आवास योजना (बाढ़ प्रभावित) | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 1985 | 3843 | 3415 | 0 | 0 | 0 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 777 | 1732 | 1552 | 63 | 16 | 5 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 2178 | 1881 | 1123 | 0 | 0 | 0 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 526 | 632 | 573 | 0 | 0 | 0 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 2704 | 2513 | 1696 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य निधियां | 30 | 30 | 8 | 0 | 0 | 0 |
| कुल उपलब्ध धन | 3511 | 4275 | 3255 | 63 | 16 | 5 |
| कुल व्यय | 2131 | 2969 | 1289 | 21 | 4 | 0 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | 61 | 69 | 40 | 33 | 24 | 8 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | 107 | 77 | 38 | - | - | - |
| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
| | इंदिरा आवास योजना (कोशी बाढ़ 2008 प्रभावित) | | | इंदिरा आवास योजना (नक्सल) | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 144 | 0 | 0 | 369 | 0 | 0 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 0 | 72 | 54 | 0 | 138 | 158 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 54 | 0 | 0 | 138 | 112 | 26 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 18 | 0 | 0 | 0 | 82 | 9 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 72 | 0 | 0 | 138 | 194 | 34 |
| अन्य निधियां | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल उपलब्ध धन | 72 | 72 | 54 | 138 | 332 | 192 |
| कुल व्यय | 0 | 27 | 8 | 0 | 173 | 89 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | - | 38 | 14 | 0 | 52 | 46 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | - | - | - | - | - | - |
| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
| | इंदिरा आवास योजना (कालाजार प्रभावित-2006) | | | हरियाली (डीपीएपी और आइडब्ल्यूडीपी) | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 0 | 0 | 0 | - | - | - |
| गत वर्ष की शेष राशि | 5 | 3 | 4 | 24 | 24 | 24 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 2 | 3 | 0 | 7 | 6 | 0 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 2 | 3 | 1 | 8 | 6 | 0 |
| अन्य निधियां | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल उपलब्ध धन | 7 | 6 | 5 | 32 | 30 | 24 |
| कुल व्यय | 5 | 2 | 0 | 8 | 7 | 3 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | 65 | 40 | 3 | 26 | 23 | 14 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | - | - | - | - | - | - |

| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इंदिरा आवास योजना (कालाजार प्रभावित-2008) | | | जिला ग्रामीण विकास प्राधिकार (प्रशासन) | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 256 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 0 | 96 | 80 | 4 | 2 | 4 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 96 | 11 | 0 | 14 | 21 | 14 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 0 | 32 | 4 | 5 | 5 | 6 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 96 | 43 | 4 | 19 | 26 | 20 |
| अन्य निधियां | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 | 0 |
| कुल उपलब्ध धन | 96 | 139 | 84 | 26 | 32 | 24 |
| कुल व्यय | 0 | 68 | 29 | 22 | 24 | 14 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | - | 49 | 35 | 84 | 77 | 59 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | - | - | - | - | - | - |
| सूचक | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11* |
| | इंदिरा आवास योजना (आपकी सरकार आपके द्वार) | | | योग | | |
| वित्तीय लक्ष्य | 99 | 0 | 0 | 5601 | 7447 | 8230 |
| गत वर्ष की शेष राशि | 0 | 18 | 60 | 1727 | 3491 | 2941 |
| भारत सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 0 | 0 | 0 | 4099 | 3200 | 2660 |
| बिहार सरकार का हिस्सा (विमुक्त) | 99 | 58 | 0 | 828 | 1165 | 701 |
| कुल विमुक्त राशि (बिहार + भारत सरकार) | 99 | 58 | 0 | 4928 | 4365 | 3361 |
| अन्य निधियां | 0 | 0 | 0 | 63 | 113 | 32 |
| कुल उपलब्ध धन | 99 | 75 | 60 | 6717 | 7968 | 6333 |
| कुल व्यय | 65 | 13 | 16 | 3759 | 5416 | 2807 |
| उपलब्ध धन का % व्यय | 65 | 18 | 26 | 56 | 68 | 44 |
| वित्तीय लक्ष्य का % व्यय | 65 | - | - | 67 | 73 | 34 |

स्रोत : ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

* सभी योजनाओं के लिए 2010-11 के आंकड़े अक्तूबर, 2010 तक के ही हैं।

## 7.19 जिलों में योजना तथा गैर-योजना व्यय

तालिका 7.51 में जिलों में 2009-10[13] के दौरान गैर-योजना (एनपी), राज्य योजना (एसपी), केंद्रीय योजनागत योजनाओं (सीपीएस) और केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत किया गया व्यय दर्शाया गया है। तालिका 7.52 में विभिन्न जिलों में 2009-10 के दौरान किए गए प्रति व्यक्ति योजना और गैर-योजना व्ययों को दर्शाया गया है। देखा जा सकता है कि कुल व्यय में पटना जिले का हिस्सा लगभग 39 प्रतिशत है जो गत वर्ष के 44 प्रतिशत से कम है। वर्ष 2009-10 में औसत प्रति व्यक्ति वार्षिक व्यय उसके पिछले वर्ष के 3,821 रु. की तुलना में 4,206 रु. हो गया जबकि प्रति व्यक्ति गैर-योजना व्यय 2008-09 के 2,366 रु. के मुकाबले 2,085 रु. था। राज्य योजना तथा केंद्र योजना के लिए प्रति व्यक्ति केंद्रीय योजनागत सहायता 3939 रु. थी जबकि प्रति व्यक्ति केंद्र प्रायोजित योजना राशि 210 रु.।

तालिका 7.52 में स्पष्ट दिखता है कि 2009-10 में पटना और अन्य जिलों के बीच प्रति व्यक्ति व्यय के मामले में भारी अंतर था। जहां पटना का समग्र प्रति व्यक्ति व्यय 29,009 रु. था जो व्यवहारत: पिछले साल जैसा ही था, वहीं दूसरे जिलों में यह समस्तीपुर के 1,617 रु. से सुपौल के 5,724 रु. के बीच था। जिलों के बीच प्रति व्यक्ति व्यय में पिछले साल के मुकाबले थोड़ी कमी आई है लेकिन मौजूद अंतर अभी भी काफी अधिक है। व्यय में विषमता की समस्या पर अगले खंड में विस्तार से चर्चा की गई है।

[13] ये आंकड़े वित्तीय लेखों में दर्ज आंकड़ों से भिन्न हैं क्योंकि समाधान-संशोधन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है। वित्तीय लेखों में दर्ज विवरण के अनुसार 2009-10 में योजना व्यय 16,194 करोड़ रु. है और गैर-योजना व्यय 26,601 करोड़ रु. जिन्हें मिलाकर कुल व्यय 42,795 करोड़ रु. हो जाता है जबकि तालिका 7.51 में 39,966 करोड़ रु. ही दिखाया गया है। पहले भी इंगित किया गया है कि योजना व्यय का अच्छा-खासा हिस्सा बजट का अंग नहीं होता है, खास कर केंद्र प्रायोजित योजनाओं के मामले में, इसलिए ये प्रारंभिक कोषागार अभिलेख से वित्तीय लेखों में दर्ज नहीं हो पाते हैं जैसा कि संचित निधि से होने वाले अन्य तमाम व्ययों के साथ होता है। यही कारण है कि इनमें अंतर पैदा होता है। निर्माण/ वन के अंतर्गत दिखने वाला व्यय अधिकांशत: योजना व्यय होता है और वित्तीय लेखों में अभिव्यक्त होता है। आंकड़ों के बीच अंतर के संशोधन-समाधान की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है।

## तालिका 7.51 : जिलावार व्यय ( 2009-10 )

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | जिला | गैर-योजना | केंद्रीय योजनागत योजना | केंद्र प्रायोजित योजना | राज्य योजना | उप-योग | निर्माण/ वन | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 5612.61 | 72.81 | 375.35 | 7257.53 | 13316.23 | 2355.27 | 15671.50 |
| 2 | नालंदा | 559.96 | 0.56 | 41.44 | 222.11 | 824.07 | 120.79 | 944.86 |
| 3 | रोहतास | 540.08 | 0.60 | 35.63 | 159.95 | 736.25 | 97.59 | 833.84 |
| 4 | कैमूर | 187.51 | 0.38 | 20.67 | 87.04 | 295.60 | 54.47 | 350.07 |
| 5 | बक्सर | 334.28 | 0.47 | 33.45 | 89.11 | 457.31 | 66.99 | 524.31 |
| 6 | भोजपुर | 528.89 | 0.43 | 38.86 | 105.24 | 673.42 | 60.26 | 733.68 |
| 7 | गया | 643.37 | 0.72 | 63.48 | 215.58 | 923.14 | 118.12 | 1041.26 |
| 8 | औरंगाबाद | 359.50 | 0.45 | 34.79 | 121.17 | 515.91 | 46.64 | 562.55 |
| 9 | जहानाबाद | 251.52 | 0.76 | 15.92 | 93.68 | 361.88 | 66.48 | 428.36 |
| 10 | अरवल | 78.87 | 0.07 | 7.07 | 28.03 | 114.05 | 0.94 | 114.98 |
| 11 | नवादा | 296.74 | 0.53 | 27.58 | 87.20 | 412.05 | 36.50 | 448.55 |
| 12 | सारण | 581.37 | 0.07 | 54.54 | 146.61 | 782.59 | 84.40 | 866.99 |
| 13 | सीवान | 434.61 | 0.44 | 44.05 | 130.64 | 609.74 | 59.73 | 669.47 |
| 14 | गोपालगंज | 360.71 | 0.38 | 35.07 | 130.46 | 526.62 | 67.90 | 594.52 |
| 15 | मुजफ्फरपुर | 853.23 | 0.54 | 78.87 | 246.22 | 1178.87 | 129.36 | 1308.22 |
| 16 | सीतामढ़ी | 508.60 | 0.66 | 103.65 | 215.11 | 828.03 | 165.47 | 993.50 |
| 17 | शिवहर | 61.21 | 0.00 | 6.12 | 35.52 | 102.86 | 0.91 | 103.77 |
| 18 | पश्चिम चंपारण | 464.64 | 0.41 | 56.21 | 171.41 | 692.67 | 65.01 | 757.67 |
| 19 | पूर्वी चंपारण | 583.95 | 0.71 | 64.51 | 282.16 | 931.33 | 145.40 | 1076.73 |
| 20 | वैशाली | 467.01 | 0.25 | 106.95 | 141.43 | 715.64 | 129.90 | 845.54 |
| 21 | दरभंगा | 623.77 | 0.45 | 64.87 | 201.57 | 890.66 | 119.05 | 1009.71 |
| 22 | समस्तीपुर | 390.49 | 0.35 | 26.93 | 149.86 | 567.63 | 60.73 | 628.36 |
| 23 | मधुबनी | 545.12 | 0.96 | 69.93 | 256.29 | 872.30 | 144.48 | 1016.78 |
| 24 | सहरसा | 316.47 | 0.24 | 24.13 | 136.85 | 477.68 | 51.62 | 529.30 |
| 25 | सुपौल | 329.59 | 52.77 | 72.41 | 317.66 | 772.43 | 363.07 | 1135.50 |
| 26 | मधेपुरा | 299.50 | 0.29 | 22.47 | 131.04 | 453.29 | 77.40 | 530.69 |
| 27 | पूर्णिया | 410.44 | 0.26 | 51.45 | 150.18 | 612.33 | 68.29 | 680.63 |
| 28 | अररिया | 260.74 | 0.37 | 57.15 | 135.38 | 453.63 | 51.67 | 505.30 |
| 29 | किशनगंज | 161.26 | 0.22 | 47.64 | 84.33 | 293.45 | 17.56 | 311.01 |
| 30 | कटिहार | 392.77 | 0.62 | 49.65 | 137.10 | 580.14 | 74.34 | 654.48 |
| 31 | भागलपुर | 683.43 | 0.37 | 96.80 | 238.74 | 1019.34 | 192.65 | 1211.99 |
| 32 | बांका | 215.93 | 0.37 | 28.43 | 130.85 | 375.58 | 83.55 | 459.14 |
| 33 | मुंगेर | 433.10 | 0.19 | 23.08 | 102.69 | 559.06 | 41.87 | 600.94 |
| 34 | लखीसराय | 100.70 | 0.10 | 11.33 | 42.16 | 154.28 | 4.89 | 159.18 |
| 35 | बेगूसराय | 429.02 | 0.31 | 39.87 | 132.29 | 601.49 | 58.80 | 660.28 |
| 36 | जमुई | 195.48 | 0.16 | 26.11 | 142.30 | 364.04 | 87.14 | 451.19 |
| 37 | खगड़िया | 230.79 | 0.19 | 26.38 | 86.36 | 343.73 | 50.13 | 393.86 |
| 38 | शेखपुरा | 86.93 | 0.00 | 10.34 | 43.38 | 140.65 | 16.85 | 157.50 |
| | **योग** | **19814.18** | **139.47** | **1993.17** | **12585.24** | **34529.98** | **5436.23** | **39966.21** |

स्रोत : महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं एवं जांच), बिहार, पटना

**तालिका 7.52 : जिलावार प्रति व्यक्ति व्यय ( 2009-10 ) ( रु. )[14]**

| जिला | गैर-योजना | केंद्रीय योजनागत योजना | केंद्र प्रायोजित योजना | राज्य योजना | उप-योग | निर्माण/ वन | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 10389 | 135 | 695 | 13434 | 24649 | 4360 | 29009 |
| नालंदा | 2063 | 2 | 153 | 818 | 3036 | 445 | 3481 |
| रोहतास | 1925 | 2 | 127 | 570 | 2624 | 348 | 2972 |
| कैमूर | 1270 | 3 | 140 | 590 | 2003 | 369 | 2372 |
| बक्सर | 2082 | 3 | 208 | 555 | 2848 | 417 | 3265 |
| भोजपुर | 2059 | 2 | 151 | 410 | 2622 | 235 | 2857 |
| गया | 1618 | 2 | 160 | 542 | 2321 | 297 | 2618 |
| औरंगाबाद | 1560 | 2 | 151 | 526 | 2238 | 202 | 2441 |
| जहानाबाद | 2263 | 7 | 143 | 843 | 3256 | 598 | 3855 |
| अरवल | 1267 | 1 | 114 | 450 | 1832 | 15 | 1847 |
| नवादा | 1432 | 3 | 133 | 421 | 1989 | 176 | 2165 |
| सारण | 1563 | 0 | 147 | 394 | 2104 | 227 | 2331 |
| सीवान | 1398 | 1 | 142 | 420 | 1962 | 192 | 2154 |
| गोपालगंज | 1464 | 2 | 142 | 529 | 2137 | 275 | 2412 |
| मुजफ्फरपुर | 1989 | 1 | 184 | 574 | 2748 | 302 | 3050 |
| सीतामढ़ी | 1656 | 2 | 337 | 700 | 2696 | 539 | 3235 |
| शिवहर | 1036 | 0 | 104 | 601 | 1741 | 15 | 1757 |
| पश्चिम चंपारण | 1030 | 1 | 125 | 380 | 1536 | 144 | 1680 |
| पूर्वी चंपारण | 1676 | 2 | 185 | 810 | 2673 | 417 | 3090 |
| वैशाली | 1500 | 1 | 344 | 454 | 2299 | 417 | 2717 |
| दरभंगा | 1653 | 1 | 172 | 534 | 2360 | 315 | 2676 |
| समस्तीपुर | 1005 | 1 | 69 | 386 | 1460 | 156 | 1617 |
| मधुबनी | 1332 | 2 | 171 | 626 | 2131 | 353 | 2484 |
| सहरसा | 1833 | 1 | 140 | 793 | 2766 | 299 | 3065 |
| सुपौल | 1662 | 266 | 365 | 1601 | 3894 | 1830 | 5724 |
| मधेपुरा | 1714 | 2 | 129 | 750 | 2593 | 443 | 3036 |
| पूर्णिया | 1409 | 1 | 177 | 516 | 2102 | 234 | 2337 |
| अररिया | 1055 | 1 | 231 | 548 | 1835 | 209 | 2045 |
| किशनगंज | 1086 | 1 | 321 | 568 | 1977 | 118 | 2095 |
| कटिहार | 1434 | 2 | 181 | 500 | 2118 | 271 | 2389 |
| भागलपुर | 2463 | 1 | 349 | 861 | 3674 | 694 | 4369 |
| बांका | 1172 | 2 | 154 | 710 | 2039 | 454 | 2493 |
| मुंगेर | 3325 | 1 | 177 | 788 | 4292 | 321 | 4613 |
| लखीसराय | 1096 | 1 | 123 | 459 | 1680 | 53 | 1733 |
| बेगूसराय | 1595 | 1 | 148 | 492 | 2236 | 219 | 2455 |
| जमुई | 1221 | 1 | 163 | 889 | 2273 | 544 | 2817 |
| खगड़िया | 1574 | 1 | 180 | 589 | 2345 | 342 | 2687 |
| शेखपुरा | 1445 | 0 | 172 | 721 | 2338 | 280 | 2618 |
| **योग** | 2085 | 15 | 210 | 1324 | 3634 | 572 | 4206 |

[14] प्रति व्यक्ति व्यय की गणना के लिए 2009 की मध्यवार्षिक जनसंख्या का उपयोग किया गया है।

### 7.20 स्वास्थ्य एवं शिक्षा तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में सरकारी व्यय में जिलों में बीच विषमता

अंतिम दो आर्थिक सर्वेक्षणों में जिलों के बीच विभिन्न सूचकों के लिहाज से मौजूद स्पष्ट विषमताओं को चिन्हित किया गया था। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी निम्नलिखित क्षेत्रों का विश्लेषण किया गया है : प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के विश्लेषण के साथ शिक्षा; चिकित्सा; पेयजल आपूर्ति; मलजल निकासी तथा स्वच्छता; और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण पर कुल व्यय के संबंध में अलग से विश्लेषण किया गया है। उत्तर बिहार के अनेक जिलों में बार-बार आने वाली बाढ़ों के लिहाज से इसका काफी महत्व है। जिलों में इन क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा किए गए व्यय के संबंध में निश्चिंत हो लेने के लिए आंकड़ों का कोषागार-वार विश्लेषण किया गया है।

तालिका 7.53 में दिखता है कि 2005-06 से 2010-11 तक शिक्षा के संबंध में होने वाले व्यय का बड़ा हिस्सा प्राथमिक शिक्षा के लिए समर्पित था। प्राथमिक शिक्षा पर व्यय 2007-08 में शिक्षा पर हुए कुल व्यय का 68 प्रतिशत था जिसके बाद 16 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षा पर और 15 प्रतिशत उच्च शिक्षा पर व्यय हुआ था। उसके बाद से जोर अंशतः उच्च शिक्षा की दिशा में बढ़ा है। वर्ष 2009-10 में शिक्षा पर होने वाले कुल व्यय में प्राथमिक शिक्षा का हिस्सा कम था - 62 प्रतिशत। रकम के रूप में देखें, तो 2009-10 में प्राथमिक शिक्षा पर 4831 करोड़ रु. व्यय हुए थे जबकि 2008-09 में यह राशि 4,183 करोड़ रु. और 2007-08 में 3,696 करोड़ रु. थी। माध्यमिक शिक्षा का हिस्सा 2007-08 के 16 प्रतिशत से बढ़कर 2010-11 में 21 प्रतिशत हो गया है। निस्संदेह, 2008-09 की तुलना में देखें तो यह शिक्षा व्यय में कोई ढांचागत परिवर्तन जैसा नहीं है जैसा कि तालिका 7.53 में भी दिखता है। राज्य सरकार ने 2009-10 में सामान्य शिक्षा पर कुल 7,349 करोड़ रु. खर्च किए थे और 2010-11 के बजट अनुमान में इसे 28 प्रतिशत बढ़ाकर 9,397 करोड़ रु. करने का प्रयास किया था।

**तालिका 7.53 : शिक्षा पर सरकारी व्यय का प्रतिशत वितरण**

| | **कुल व्यय में प्रतिशत हिस्सा** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 |
| प्राथमिक | 64 | 63 | 68 | 61 | 63 | 62 |
| माध्यमिक | 16 | 20 | 16 | 21 | 20 | 21 |
| उच्च शिक्षा | 18 | 16 | 15 | 14 | 12 | 12 |
| अन्य | 2 | 1 | 1 | 4 | 4 | 4 |
| **सामान्य शिक्षा** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

स्रोत : महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं जांच), बिहार, पटना

तालिका 7.54 में बिहार के सभी जिलों में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर हुए जिलावार प्रति व्यक्ति व्यय दर्शाए गए हैं। तालिका 7.54 में आंकड़ों को अवरोही क्रम में सजाया गया है और अधिकतम तथा न्यूनतम व्ययों की प्रत्येक क्षेत्र के लिए निकाले गए औसत व्यय के साथ आसानी से तुलना की जा सकती है। पटना और शेष जिलों के बीच विषमता का परिमाण सभी क्षेत्रों में गत दो वर्षों की तरह ही बहुत अधिक पाया गया है। लेकिन प्राथमिक शिक्षा के मामले में वर्तमान वर्ष में इसमें कमी आती दिखती है। हालांकि यह स्थिति माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के मामले में नहीं है। निस्संदेह, पहले भी चिन्हित किया गया है कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत किए गए कुछ व्यय को इन आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन इस विश्लेषण हेतु विचारित किसी भी व्यय शीर्ष के मामले में उनका प्रभाव बहुत कम होगा।

**तालिका 7.54 : शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय ( 2009-10 )**

(रु.)

| जिला | प्राथमिक शिक्षा | जिला | माध्यमिक शिक्षा | जिला | उच्च शिक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 3381.07 | पटना | 542.71 | पटना | 1861.28 |
| मुंगेर | 455.78 | मुंगेर | 241.24 | मुंगेर | 9.85 |
| गोपालगंज | 428.28 | बक्सर | 197.55 | सहरसा | 7.95 |
| सीतामढ़ी | 425.90 | अरवल | 187.95 | भागलपुर | 4.53 |
| नालंदा | 419.97 | जहानाबाद | 186.23 | मुजफ्फरपुर | 3.92 |
| बेगूसराय | 415.90 | भोजपुर | 172.96 | भोजपुर | 3.14 |
| भोजपुर | 398.59 | भागलपुर | 170.00 | सारण | 3.07 |
| पू. चंपारण | 392.60 | नालंदा | 160.17 | दरभंगा | 2.86 |
| मधेपुरा | 376.14 | रोहतास | 154.33 | रोहतास | 2.19 |
| औरंगाबाद | 375.60 | शेखपुरा | 148.64 | नालंदा | 2.17 |
| वैशाली | 373.93 | सारण | 146.70 | जहानाबाद | 2.15 |
| खगड़िया | 369.01 | लखीसराय | 144.09 | गया | 1.91 |
| मुजफ्फरपुर | 367.47 | कैमूर | 143.28 | कटिहार | 1.90 |
| लखीसराय | 363.27 | गोपालगंज | 130.71 | पूर्णिया | 1.72 |
| सीवान | 359.31 | औरंगाबाद | 124.84 | मधेपुरा | 1.60 |
| सहरसा | 355.90 | गया | 121.02 | किशनगंज | 1.36 |
| भागलपुर | 355.04 | सीतामढ़ी | 120.10 | समस्तीपुर | 1.36 |
| बक्सर | 351.57 | नवादा | 119.80 | खगड़िया | 1.18 |
| शेखपुरा | 351.50 | सीवान | 118.93 | औरंगाबाद | 1.16 |
| मधुबनी | 345.67 | वैशाली | 114.20 | वैशाली | 1.16 |
| रोहतास | 345.19 | मुजफ्फरपुर | 111.43 | सुपौल | 0.96 |
| जहानाबाद | 330.83 | बेगूसराय | 108.36 | पू. चंपारण | 0.92 |
| सारण | 325.54 | खगड़िया | 101.86 | गोपालगंज | 0.90 |
| नवादा | 316.76 | बांका | 100.18 | बक्सर | 0.87 |
| कटिहार | 316.07 | मधुबनी | 99.54 | सीवान | 0.81 |
| दरभंगा | 306.11 | पू. चंपारण | 98.05 | नवादा | 0.76 |
| पूर्णिया | 304.21 | सहरसा | 96.33 | जमुई | 0.71 |
| शिवहर | 294.30 | सुपौल | 94.04 | बेगूसराय | 0.64 |
| अरवल | 288.25 | मधेपुरा | 84.94 | सीतामढ़ी | 0.62 |
| बांका | 286.55 | जमुई | 82.27 | मधुबनी | 0.61 |
| अररिया | 283.67 | दरभंगा | 80.12 | अररिया | 0.59 |
| सुपौल | 282.43 | कटिहार | 72.87 | प. चंपारण | 0.55 |
| गया | 269.82 | पूर्णिया | 70.88 | बांका | 0.50 |
| किशनगंज | 264.04 | समस्तीपुर | 70.03 | कैमूर | 0.00 |
| कैमूर | 263.21 | अररिया | 66.02 | अरवल | 0.00 |
| प. चंपारण | 251.85 | किशनगंज | 57.47 | शिवहर | 0.00 |
| जमुई | 225.98 | शिवहर | 56.06 | लखीसराय | 0.00 |
| समस्तीपुर | 201.90 | प. चंपारण | 52.99 | शेखपुरा | 0.00 |
| **राज्य** | **508.36** | **राज्य** | **137.54** | **राज्य** | **107.52** |

स्रोत : महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं जांच), बिहार, पटना


प्राथमिक शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 ( रु. )
0
500
1000
1500
2000
2500
3000
3500
4000
पटना
नालंदा
रोहतास
कैमुर
बक्सर
भोजपुर
गया
औरंगाबाद
जहानाबाद
अरवल
नवादा
सारण
सिवान
गोपालगंज
मुजफ्फरपुर
सीतामढ़ी
शिवहर
प. चंपारण
पू. चंपारण
वैशाली
दरभंगा
समस्तीपुर
मधुबनी
सहरसा
सुपौल
मधेपुरा
पूर्णिया
अररिया
किशनगंज
कटिहार
भागलपुर
बांका
मुंगेर
लखीसराय
बेगूसराय
जमुई
खगड़िया
शेखपुरा
औसत


माध्यमिक शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 ( रु. )
0
100
200
300
400
500
600
पटना
नालंदा
रोहतास
कैमुर
बक्सर
भोजपुर
गया
औरंगाबाद
जहानाबाद
अरवल
नवादा
सारण
सिवान
गोपालगंज
मुजफ्फरपुर
सीतामढ़ी
शिवहर
प. चंपारण
पू. चंपारण
वैशाली
दरभंगा
समस्तीपुर
मधुबनी
सहरसा
सुपौल
मधेपुरा
पूर्णिया
अररिया
किशनगंज
कटिहार
भागलपुर
बांका
मुंगेर
लखीसराय
बेगूसराय
जमुई
खगड़िया
शेखपुरा
औसत


उच्च शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 ( रु. )
0
500
1000
1500
2000
पटना
नालंदा
रोहतास
कैमुर
बक्सर
भोजपुर
गया
औरंगाबाद
जहानाबाद
अरवल
नवादा
सारण
सिवान
गोपालगंज
मुजफ्फरपुर
सीतामढ़ी
शिवहर
प. चंपारण
पू. चंपारण
वैशाली
दरभंगा
समस्तीपुर
मधुबनी
सहरसा
सुपौल
मधेपुरा
पूर्णिया
अररिया
किशनगंज
कटिहार
भागलपुर
बांका
मुंगेर
लखीसराय
बेगूसराय
जमुई
खगड़िया
शेखपुरा
औसत

तालिका 7.55 में चिकित्सा, पेयजल, मलजल निकासी तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण जैसे अन्य शीर्षों के संबंध में जिलावार व्यय दर्शाया गया है और 2009-10 के लिए उनकी प्रति व्यक्ति राशियों को तालिका 7.56 में 2009-10 के लिए इसकी प्रति व्यक्ति रकम दउी गई है। ये तालिकाएं यह भी दर्शाती हैं कि इन शीर्षों के मामले में विषमता का परिमाण गत वर्षों की तरह ही स्पष्ट और कष्टकर बना हुआ है। इन तमान व्यय शीर्षों के तहत संसाधनों का आबंटन पटना जिला के पक्ष में अत्यधिक झुका हुआ दिखता है।

**तालिका 7.55 : जिलावार व्यय : कुल अन्य सामाजिक क्षेत्र (2009-2010)**

(करोड़ रु.)

| जिला | चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य | पेयजल | मलजल निकासी तथा स्वच्छता | अजा एवं अजजा कल्याण |
|---|---|---|---|---|
| पटना | 388 | 204 | 565 | 187 |
| नालंदा | 25 | 9 | 12 | 9 |
| रोहतास | 21 | 11 | 8 | 9 |
| कैमूर | 9 | 2 | 4 | 9 |
| बक्सर | 10 | 3 | 5 | 5 |
| भोजपुर | 25 | 4 | 8 | 6 |
| गया | 57 | 16 | 15 | 21 |
| औरंगाबाद | 18 | 3 | 7 | 5 |
| जहानाबाद | 14 | 3 | 4 | 3 |
| अरवल | 4 | 0 | 3 | 1 |
| नवादा | 14 | 3 | 7 | 5 |
| सारण | 20 | 9 | 12 | 9 |
| सीवान | 19 | 2 | 10 | 5 |
| गोपालगंज | 16 | 2 | 9 | 5 |
| मुजफ्फरपुर | 61 | 13 | 15 | 12 |
| सीतामढ़ी | 28 | 4 | 13 | 7 |
| शिवहर | 4 | 0 | 2 | 1 |
| पश्चिम चंपारण | 26 | 3 | 9 | 11 |
| पूर्वी चंपारण | 26 | 4 | 11 | 7 |
| वैशाली | 23 | 4 | 11 | 7 |
| दरभंगा | 76 | 16 | 12 | 8 |
| समस्तीपुर | 21 | 3 | 11 | 4 |
| मधुबनी | 25 | 4 | 18 | 8 |
| सहरसा | 14 | 4 | 5 | 4 |
| सुपौल | 10 | 0 | 5 | 3 |
| मधेपुरा | 10 | 1 | 6 | 4 |
| पूर्णिया | 21 | 6 | 9 | 8 |
| अररिया | 12 | 1 | 7 | 3 |
| किशनगंज | 9 | 0 | 4 | 2 |
| कटिहार | 21 | 2 | 4 | 7 |
| भागलपुर | 48 | 34 | 7 | 9 |
| बांका | 16 | 3 | 5 | 4 |
| मुंगेर | 17 | 7 | 6 | 4 |
| लखीसराय | 8 | 1 | 3 | 2 |
| बेगूसराय | 22 | 3 | 9 | 4 |
| जमुई | 10 | 2 | 6 | 5 |
| खगड़िया | 10 | 1 | 5 | 3 |
| शेखपुरा | 7 | 2 | 3 | 1 |
| **बिहार** | **1165** | **389** | **853** | **408** |

स्रोत : महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं जांच), बिहार, पटना

**तालिका 7.56 : अन्य सामाजिक क्षेत्रों पर जिलावार प्रति व्यक्ति व्यय (2009-2010)**

(रु.)

| जिला | चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य | जिला | पेयजल | जिला | मलजल निकासी तथा स्वच्छता | जिला | अजा एवं अजजा कल्याण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 718 | पटना | 378 | पटना | 1046 | पटना | 347 |
| दरभंगा | 201 | भागलपुर | 123 | शेखपुरा | 52 | कैमूर | 60 |
| भागलपुर | 172 | मुंगेर | 55 | अरवल | 46 | गया | 54 |
| गया | 144 | दरभंगा | 42 | मधुबनी | 44 | भागलपुर | 34 |
| मुजफ्फरपुर | 143 | रोहतास | 40 | मुंगेर | 44 | बक्सर | 33 |
| जहानाबाद | 129 | गया | 40 | नालंदा | 42 | मुंगेर | 32 |
| मुंगेर | 127 | शेखपुरा | 39 | सीतामढ़ी | 42 | जमुई | 32 |
| शेखपुरा | 113 | नालंदा | 35 | जहानाबाद | 39 | नालंदा | 32 |
| भोजपुर | 96 | मुजफ्फरपुर | 29 | गया | 38 | रोहतास | 32 |
| सीतामढ़ी | 92 | जहानाबाद | 27 | गोपालगंज | 36 | पूर्णिया | 28 |
| नालंदा | 92 | सारण | 24 | जमुई | 36 | मुजफ्फरपुर | 27 |
| बांका | 87 | सहरसा | 22 | नवादा | 35 | जहानाबाद | 25 |
| सहरसा | 84 | पूर्णिया | 20 | मुजफ्फरपुर | 35 | सहरसा | 25 |
| लखीसराय | 83 | बांका | 17 | वैशाली | 34 | प. चंपारण | 25 |
| बेगूसराय | 81 | बक्सर | 16 | लखीसराय | 34 | शेखपुरा | 25 |
| औरंगाबाद | 80 | भोजपुर | 16 | बेगूसराय | 34 | कटिहार | 24 |
| कटिहार | 76 | कैमूर | 15 | सीवान | 33 | नवादा | 23 |
| पू. चंपारण | 76 | नवादा | 13 | मधेपुरा | 33 | भोजपुर | 23 |
| रोहतास | 75 | औरंगाबाद | 13 | पूर्णिया | 32 | सीतामढ़ी | 23 |
| वैशाली | 74 | जमुई | 13 | खगड़िया | 32 | सारण | 23 |
| पूर्णिया | 73 | पू. चंपारण | 12 | सारण | 32 | मधेपुरा | 22 |
| अरवल | 70 | सीतामढ़ी | 12 | औरंगाबाद | 31 | खगड़िया | 22 |
| नवादा | 70 | वैशाली | 11 | पू. चंपारण | 31 | लखीसराय | 22 |
| शिवहर | 69 | लखीसराय | 11 | दरभंगा | 31 | औरंगाबाद | 22 |
| गोपालगंज | 67 | बेगूसराय | 10 | बक्सर | 30 | वैशाली | 21 |
| खगड़िया | 66 | गोपालगंज | 9 | भोजपुर | 30 | दरभंगा | 21 |
| बक्सर | 65 | खगड़िया | 9 | कैमूर | 28 | मधुबनी | 21 |
| मधुबनी | 62 | मधुबनी | 9 | समस्तीपुर | 28 | बांका | 20 |
| कैमूर | 62 | समस्तीपुर | 8 | सहरसा | 28 | पू. चंपारण | 19 |
| सीवान | 60 | कटिहार | 8 | बांका | 28 | गोपालगंज | 18 |
| जमुई | 59 | मधेपुरा | 8 | रोहतास | 27 | सीवान | 17 |
| किशनगंज | 58 | सीवान | 7 | अररिया | 27 | अरवल | 16 |
| प. चंपारण | 58 | प. चंपारण | 6 | सुपौल | 27 | शिवहर | 16 |
| मधेपुरा | 56 | अररिया | 5 | शिवहर | 27 | बेगूसराय | 16 |
| सारण | 54 | अरवल | 0 | भागलपुर | 26 | सुपौल | 16 |
| समस्तीपुर | 53 | शिवहर | 0 | किशनगंज | 25 | किशनगंज | 15 |
| सुपौल | 51 | सुपौल | 0 | प. चंपारण | 21 | अररिया | 14 |
| अररिया | 48 | किशनगंज | 0 | कटिहार | 16 | समस्तीपुर | 10 |
| **बिहार** | **123** | **बिहार** | **41** | **बिहार** | **90** | **बिहार** | **43** |

स्रोत : महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं जांच), बिहार, पटना

## चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 (रु.)




## पेयजल आपूर्ति पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 (रु.)




मलजल निकासी तथा जलनिकासी पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 ( रु. )
1200
1000
800
600
400
200
0
पटना
शेखपुरा
अरवल
मधुबनी
मुंगेर
नालंदा
सीतामढ़ी
जहानाबाद
गया
गोपालगंज
जमुई
नवादा
मुजफ्फरपुर
वैशाली
लखीसराय
बेगूसराय
सिवान
मधेपुरा
पूर्णिया
खगड़िया
सारण
औरंगाबाद
पू. चंपारण
दरभंगा
बक्सर
भोजपुर
कैमूर
समस्तीपुर
सहरसा
बांका
दरभंगा
अररिया
सुपौल
शिवहर
भागलपुर
किशनगंज
प. चंपारण
कटिहार
औसत


अजा-अजजा कल्याण पर प्रति व्यक्ति व्यय, 2009-10 ( रु. )
400
350
300
250
200
150
100
50
0
पटना
कैमुर
गया
भागलपुर
बक्सर
मुंगेर
जमुई
नालंदा
रोहतास
पूर्णिया
मुजफ्फरपुर
जहानाबाद
सहरसा
प. चंपारण
शेखपुरा
कटिहार
नवादा
भोजपुर
सीतामढ़ी
सारण
मधेपुरा
खगड़िया
लखीसराय
औरंगाबाद
वैशाली
दरभंगा
मधुबनी
बांका
पू. चंपारण
गोपालगंज
सिवान
अरवल
शिवहर
बेगूसराय
सुपौल
किशनगंज
अररिया
समस्तीपुर
औसत

## 7.21 जिलों में प्रति व्यक्ति आय में विषमता का परिमाण

अधिकांश व्यय शीर्षों के मामले में पटना जिले का हिस्सा सर्वाधिक था और अधिकतम तथा न्यूनतम व्यय के मामले में अंतर इतना अधिक था कि यह गंभीर चिंता का विषय है। तालिका 7.57 और 7.58[15] में यह अंतर साफ दिखता है। जहां प्राथमिक शिक्षा और चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य के मामले में गत वर्ष की अपेक्षा विषमता घटी है, वहीं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के मामले में यह दो वर्षों में बढ़ी है। समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण, शेखपुरा, अररिया और किशनगंज जिले विषमता के सोपानक्रम में सबसे नीचे दिखते हैं। लेकिन विभिन्न शीर्षों के तहत सरकारी व्यय के मामले में कैमूर, अरवल और नवादा जैसे जो जिले 2008-09 में सबसे नीचे थे, वे इस वर्ष सोपानक्रम में अपेक्षाकृत ऊपर चढ़े हैं। यह स्वागत योग्य बात है कि समानीकरण तंत्र काम करने लगा है।

**तालिका 7.57 : जिलों का प्रति व्यक्ति अधिकतम और न्यूनतम व्यय ( 2008-09 और 2009-10 )**

(रुपए)

| लेखा शीर्ष | अधिकतम प्रति व्यक्ति व्यय वाला जिला (2008-09) | अधिकतम प्रति व्यक्ति व्यय वाला जिला (2009-10) | न्यूनतम प्रति व्यक्ति व्यय वाला जिला (2008-09) | न्यूनतम प्रति व्यक्ति व्यय वाला जिला (2009-10) | राज्य स्तर पर औसत व्यय (2008-09) | राज्य स्तर पर औसत व्यय (2009-10) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक शिक्षा | पटना (3867) | पटना (3381) | कैमूर (84) | समस्तीपुर (202) | 425 | 508 |
| माध्यमिक शिक्षा | पटना (485) | पटना (543) | कैमूर (37) | प. चंपारण (53) | 151 | 138 |
| उच्च शिक्षा | पटना (1723) | पटना (1861) | अरवल (0) | शेखपुरा (0) | 103 | 108 |
| चिकित्सा | पटना (753) | पटना (718) | कैमूर (24) | अररिया (48) | 107 | 123 |
| पेयजल आपूर्ति | शेखपुरा (232) | पटना (378) | नवादा (0) | किशनगंज (0) | 22 | 41 |
| अजा, अजजा, अपिव कल्याण | पटना (87) | पटना (347) | कैमूर (6) | समस्तीपुर (10) | 23 | 43 |

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जिलों के प्रति व्यक्ति व्यय को अभिव्यक्त करते हैं।

[15] इस खंड के विश्लेषण में विभिन्न जिलों में सामाजिक क्षेत्र की सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं में किए गए खर्च को शामिल नहीं किया गया है जिसके कारण प्रासंगिक शीर्षों में विषमता के स्तर में कमी का प्रभाव हो सकता है। इसके अलावा, अधिकांशतः पटना में अवस्थित विभागीय मुख्यालयों द्वारा किए गए खर्च को भी जिलों के बीच बांटा नहीं गया है। इससे भी राजधानी वाले जिले और अन्य जिलों के बीच मौजूद असमानता के स्तर में एक हद तक कमी आएगी। लेकन प्रति व्यक्ति व्यय के मामले में ऐसी कमियों के प्रभाव से बहुत फर्क नहीं पड़ेगा और विषमता कुल मिलाकर बनी रहेगी। इसके अलावा, इन कारकों के कारण इसके पैटर्न में बहुत अधिक अंतर आने वाला नहीं है।

**तालिका 7.58 : विषमता का परिमाण**

| व्यय शीर्ष | अधिकतम व्यय : औसत व्यय (2008-09) | अधिकतम व्यय : औसत व्यय (2009-10) | न्यूनतम व्यय : औसत व्यय (2008-09) | न्यूनतम व्यय : औसत व्यय (2009-10) |
|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक शिक्षा | 9.1 | 6.7 | 0.2 | 0.4 |
| माध्यमिक शिक्षा | 3.2 | 3.9 | 0.2 | 0.4 |
| उच्च शिक्षा | 16.7 | 17.2 | 0.0 | 0.0 |
| चिकित्सा | 7.0 | 5.8 | 0.2 | 0.4 |
| पेयजल आपूर्ति | 10.5 | 9.2 | 0.0 | 0.0 |
| अजा, अजजा, अपिव कल्याण | 3.8 | 8.1 | 0.3 | 0.2 |

## 7.22 सरकारी व्यय का आर्थिक प्रभाव

इस खंड में विश्लेषण सरकारी व्यय के आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन करने के प्रयास में किया गया है। इस मकसद से राज्य सरकार की प्राप्ति और व्यय को पांच विभिन्न लेखों में वर्गीकृत किया गया है जिसके बाद उन्हें लेखों के पारंपरिक कार्यशील वर्गीकरण से संबंधित किया गया है। ये पांच लेखे हैं :

1. लेखा-1 : वस्तुओं एवं सेवाओं तथा अंतरणों में ट्रांजैक्शन का चालू लेखा;
2. लेखा-2 : वस्तुओं एवं सेवाओं तथा अंतरणों में ट्रांजैक्शन का पूंजी लेखा;
3. लेखा-3 : वित्तीय परिसंपत्ति में ट्रांजैक्शन का पूंजी लेखा;
4. लेखा-4 : वित्तीय देनदारियों में ट्रांजैक्शन का पूंजी लेखा तथा
5. लेखा-5 : नगद तथा पूंजीगत समाधान (रिकंसिलिएशन) लेखा।

विश्लेषण महालेखाकार (लेखापरीक्षा एवं जांच), बिहार द्वारा तैयार वित्तीय लेखे से 2009-10 के लिए अब उपलब्ध प्राप्तियों और व्यय के वास्तविक आंकड़ों की सहायता से किया गया है। इन आंकड़ों को ट्रांजैक्शन की प्रकृति के अनुरूप उक्त पांच लेखों में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

पहला, विभिन्न क्षेत्रों में व्यय के आबंटन के कार्यशील वर्गीकरणों और विवरणों को तालिका 7.59 में प्रस्तुत किया गया है। स्पष्ट दिखता है कि योजना और गैर-योजना मिलाकर वेतन और मजदूरी पर कुल व्यय 2009-10 में 9,660 करोड़ रु. पहुंच गया। इनमें से अधिकांश व्यय राज्य सरकार के राजस्व लेखे से होता है।

**तालिका 7.59 : राज्य सरकार के व्यय का कार्यशील वर्गीकरण**

(करोड़ रु.)

| राजस्व लेखा | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल व्यय | | | वेतन तथा मजदूरी | | | अन्य व्यय | | |
| | योजना | गैर-योजना | योग | योजना | गैर-योजना | योग | योजना | गैर-योजना | योग |
| सामान्य सेवाएं | 351 | 11851 | 12202 | 41 | 2812 | 2853 | 310 | 9039 | 9350 |
| सामाजिक सेवाएं | 5140 | 8046 | 13186 | 330 | 4643 | 4972 | 4810 | 3403 | 8214 |
| आर्थिक सेवाएं | 2947 | 4141 | 7088 | 200 | 1549 | 1749 | 2747 | 2592 | 5339 |
| अनुदान एवं अंशदान | | 107 | 107 | | | | | 107 | 107 |
| **उप-योग** | **8439** | **24145** | **32584** | **571** | **9003** | **9574** | **7868** | **15142** | **23010** |
| **पूंजीगत व्यय** | | | | | | | | | |
| | कुल व्यय | | | वेतन तथा मजदूरी | | | अन्य व्यय | | |
| | योजना | गैर-योजना | योग | योजना | गैर-योजना | योग | योजना | गैर-योजना | योग |
| सामान्य सेवाएं | 217 | 58 | 274 | 0 | 0 | 0 | 217 | 58 | 274 |
| सामाजिक सेवाएं | 1116 | 7 | 1123 | 0 | 0 | 0 | 1116 | 7 | 1123 |
| आर्थिक सेवाएं | 5936 | -1 | 5935 | 86 | 0 | 86 | 5850 | -1 | 5849 |
| ऋण एवं अग्रिम | 897 | 1983 | 2880 | 0 | 0 | 0 | 897 | 1983 | 2880 |
| **उप-योग** | **8165** | **2047** | **10212** | **86** | **0** | **86** | **8079** | **2047** | **10126** |
| **योग** | **16604** | **26192** | **42796** | **657** | **9003** | **9660** | **15947** | **17188** | **33136** |

इन आंकड़ों को पुनर्वर्गीकृत करने के बाद पांच लेखों को तालिका 7.60 क से लेकर 7.60 च तक में दर्शाया गया है जो इस प्रकार है :

**तालिका 7.60 क : आर्थिक वर्गीकरण - लेखा-1 : चालू खाता**

(करोड़ रु.)

| लेखा | संवितरण | | | लेखा | प्राप्तियां | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **वस्तुओं एवं सेवाओं तथा अंतरणों में ट्रांजैक्शन : सरकार का चालू लेखा** | | | | | |
| **1** | **उपभोग व्यय** | | **21,372** | **5** | **कर प्राप्तियां** | |
| 1.1 | वेतन | | 9,659 | 5.1 | आय पर कर | 11,664 |
| 1.2 | वस्तुएं एवं सेवाएं | | 11713 | 5.2 | संपदा और पूंजीगत लेनदेन पर कर | 1,139 |
| 2 | **अंतरण भुगतान** | | **11,611** | 5.3 | वस्तुओं और सेवाओं पर कर | 13,489 |
| **2.1** | **ब्याज भुगतान** | | **3,685** | | | |
| **2.2** | **अनुदान** | | | | **योग** | **26292** |
| | i. स्थानीय निकायों को | 1,476 | | | | |
| | ii. सार्वजनिक उद्यमों को | 193 | | **6** | **गैर-कर प्राप्तियां** | **1,670** |
| | iii. स्वायत्त निकायों एवं अन्य को | 448 | **2,117** | | | |
| **3** | **अन्य चालू अंतरण** | | | | | |
| 3.1 | पेंशन | 4,318 | | | | |
| 3.2 | सब्सिडी | 944 | | | | |
| 3.3 | अन्य | 547 | **5,809** | | | |
| | **योग (1+2)** | | **32,983** | | **योग** | **27,963** |
| **7** | **चालू लेखा (लेखा-1) में निवल घाटा** | | **5,020** | | | |

### तालिका 7.60 ख : आर्थिक वर्गीकरण - लेखा-2 : पूंजी लेखा

(करोड़ रु.)

| लेखा | संवितरण | | | लेखा | | प्राप्तियां | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | वस्तुओं एवं सेवाओं तथा अंतरणों में ट्रांजैक्शन : सरकार का पूंजी लेखा | | | | | | |
| 8 | सकल स्थिर पूंजी निर्माण | | 7246 | 10 | पूंजीगत अंतरण | | 7565 |
| 8.1 | पूंजीगत अंतरण | | | | केंद्र सरकार से अनुदान | | 7565 |
| 9.1 | पूंजी निर्माण हेतु अनुदान | | | 10.1 | योजना अनुदान | | |
| | i. स्थानीय निकायों को | 495 | | | i. केंद्रीय योजनागत योजनाएं | 138 | |
| | ii. सार्वजनिक उद्यमों को | 0 | | | ii. राज्य योजनागत योजनाएं | 3721 | |
| | iii. स्वायत्त निकायों एवं अन्य को | 87 | 582 | | iii. केंद्र प्रायोजित योजनाएं | 1449 | 5308 |
| 9.2 | अन्य पूंजीगत अंतरण | 0 | 0 | 10.2 | गैर-योजना अनुदान | | 2257 |
| | योग | | 7,828 | 11 | चालू लेखे में सकल बचत | | 5020 |
| 12 | चालू और पूंजी लेखे को मिलाकर शुद्ध घाटा | | 5,283 | | | | |

### तालिका 7.60 ग : आर्थिक वर्गीकरण - लेखा-3 : वित्तीय परिसंपत्ति में परिवर्तन

(करोड़ रु.)

| लेखा | गमन ( Outgoings) | | | लेखा | आगमन ( Incomings) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | वित्तीय परिसंपत्ति में ट्रांजैक्शन : सरकार का पूंजी लेखा | | | | | | |
| 13 | वित्तीय परिसंपत्तियों में वृद्धि | | 24 | 14 | वित्तीय परिसंपत्तियों में कमी | | 13 |
| 13.1 | सार्वजनिक उद्यमों के शेयरों में निवेश | 24 | | 14.1 | विनिवेश से प्राप्ति | 0 | |
| 13.2 | शेष अर्थव्यवस्था को ऋण एवं अग्रिम | 0 | 24 | 14.2 | ऋणों की वसूली | 13 | 13 |
| 15 | वित्तीय परिसंपत्ति में शुद्ध परिव्यय | | 11 | | | | |

### तालिका 7.60 घ : आर्थिक वर्गीकरण - लेखा-4 : वित्तीय देनदारियों में परिवर्तन

(करोड़ रु.)

| लेखा | गमन ( Outgoings) | | | लेखा | आगमन ( Incomings) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IV | वित्तीय देनदारियों में परिवर्तन : सरकार का पूंजी लेखा | | | | | | |
| 16 | ऋणों की अदायगी | | | 17 | सरकार का ऋणग्रहण | | |
| | आंतरिक ऋण | 1,169 | | 17.1 | आंतरिक ऋण | 5,370 | |
| | केंद्रीय ऋण | 814 | 1,983 | 17.2 | केंद्रीय ऋण | 764 | 6,134 |
| | | | | 17.3 | ऋणों की वसूली जोड़ें | 13 | |
| | | | | 18 | सरकार द्वारा शुद्ध ऋणग्रहण | | 6147 |
| 19 | वित्तीय देनदारियों में शुद्ध वृद्धि | | 4,151 | | | | |

**तालिका 7.60 च : आर्थिक वर्गीकरण - लेखा-5 : नगद एवं पूंजीगत समाधान लेखा**

(करोड़ रु.)

| **20** | **सरकार का नगद एवं पूंजीगत समाधान लेखा** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20.1 | नगद शेष में कमी | 1,796 | | | |
| 20.2 | लोक लेखा में शुद्ध प्राप्तियां | -675 | | | |
| 20.3 | कोषागार विपत्रों की शुद्ध बिक्री | 0 | | | |
| **नगद शेष में शुद्ध कमी ( लेखा-5 )** | | | **1,121** | **चालू और पूंजी लेखे को मिलाकर शुद्ध घाटा ( लेखा - 1 और 2 )** | **5,283** |
| **जोड़ें वित्तीय देनदारियों में शुद्ध वृद्धि ( लेखा-4 )** | | | **4,151** | **घटाएं वित्तीय परिसंत्तियों का शुद्ध परिव्यय ( लेखा-3 )** | **11** |
| **सकल राजकोषीय घाटा** | | | **5,272** | **सकल राजकोषीय घाटा** | **5,272** |

तालिका 7.60 च में राज्य सरकार के सकल राजकोषीय घाटा की गणना आर्थिक वर्गीकरण के आधार पर की गई है। कार्यशील और आर्थिक वर्गीकरण, दोनों से सकल राजकोषीय घाटा का एक ही आंकड़ा आता है जो वर्तमान विश्लेषण को प्रामाणिक बनाता है। निष्कर्षत:, तालिका 7.61 में विश्लेषण के अंतिम परिणामों को दर्शाया गया है।

**तालिका 7.61 : सरकारी व्यय का आर्थिक वर्गीकरण**

| | रकम (करोड़ रु.) | योग का प्रतिशत |
|---|---|---|
| **1. अंतिम ( फाइनल ) परिव्यय** | **28,618** | **67** |
| क. सरकार का उपभोग व्यय (लेखा-1 से) | 21,372 | 50 |
| ख. सकल पूंजी निर्माण (लेखा-2 से) | 7,246 | 17 |
| **2. शेष अर्थव्यवस्था को अंतरण भुगतान** | **12,193** | **28** |
| क. चालू अंतरण (लेखा-1 से) | 11,611 | 27 |
| ख. पूंजीगत अंतरण (लेखा-2 से) | 582 | 1 |
| **3. शेष अर्थव्यवस्था में वित्तीय निवेश और उसको ऋण ( लेखा-4 से )** | **1,983** | **5** |
| **कुल व्यय (1+2+3)** | **42,794** | 100 |

तालिका 7.61 से आसानी से समझा जा सकता है कि सरकार द्वारा 2009-10 में किए गए 42,794 करोड़ रु. के कुल व्यय में 50 प्रतिशत उसका उपभोग व्यय रहा है जिसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन-मजदूरी पर व्यय के साथ-साथ प्रशासन चलाने के लिए हुआ वस्तुओं एवं सेवाओं पर व्यय शामिल है। पुन:, कुल व्यय के 17 प्रतिशत का उपयोग उत्पादक पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में हुआ। अनुदान, सब्सिडी, पेंशन भुगतान आदि के जरिए कुल व्यय का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को अंतरित किया गया और सिर्फ 1 प्रतिशत का अंतरण पूंजी निर्माण हेतु किया गया। मात्र 5 प्रतिशत व्यय का उपयोग वित्तीय निवेश करने तथा शेष अर्थव्यवस्था को ऋण एवं अग्रिम देने के लिए किया गया।

चूंकि इस विश्लेषण का प्रयास इस वर्ष पहली बार किया गया इसलिए तुलना का कोई मापदंड उपलब्ध नहीं था। लेकिन अगले वर्ष से राज्य सरकार के व्यय के संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के मूल्यांकन और तुलना का यह उपयोगी उपकरण साबित होगा।

### 7.23 राजकीय सार्वजनिक उपक्रम और निगम

### सार्वजनिक क्षेत्र में सरकारी निवेश

मार्च 2009 तक बिहार के सार्वजनिक क्षेत्र में 59 सरकारी कंपनियां और 4 वैधानिक निगम मौजूद रहे हैं। इन 59 कंपनियों में से 19 कार्यशील हैं और शेष 40 अक्रियाशील। मार्च 2009 तक सार्वजनिक क्षेत्र में कुल निवेश को तालिका 7.62 में दर्शाया गया है।

**तालिका 7.62 : सार्वजनिक क्षेत्र में राज्य सरकार का निवेश (2008-09 तक)**

| 31 मार्च को | कार्यशील सार्वजनिक इकाइयों की कुल सं. | अकार्यशील सार्वजनिक इकाइयों की कुल सं. | वैधानिक निगम | कुल सार्वजनिक कंपनियां/ निगम | कुल इक्विटी (करोड़ रु.) | कुल ऋण (करोड़ रु.) | कुल निवेश (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2009 | 19 | 40 | 4 | 63 | 526 | 8615 | 9141 |
| 2008 | 16 | 34 | 4 | 54 | 531 | 8149 | 8680 |

मार्च 2009 को कुल निवेश का 92.3 प्रतिशत हिस्सा कार्यशील सार्वजनिक इकाइयों में किया गया था और शेष 7.7 प्रतिशत अकार्यशील सार्वजनिक इकाइयों में। इक्विटी पूंजी, ऋण, अनुदान, सब्सिडी, गारंटी, ऋण माफी आदि के रूप में राज्य सरकार द्वारा निवेश तथा बजटीय सहायता में वृद्धि नीचे दिए गए चार्ट में दर्शाई गई है।



निवेश मुख्यतः विद्युत क्षेत्र पर केंद्रित रहा है और इस क्षेत्र में निवेश 2003-04 के 78.91 प्रतिशत से बढ़कर 2008-09 में 81.78 प्रतिशत हो गया है, अर्थात 1,800 करोड़ रु. से भी अधिक। जिन अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश किया गया है, वे हैं वित्त (7.2 प्रतिशत) और विनिर्माण (4.5 प्रतिशत)। वर्ष 2008-09 के अंत में शेष क्षेत्रों में निवेश कुल निवेश का 6.5 प्रतिशत भाग था।

मार्च 2009 के अंत में सार्वजनिक क्षेत्र का क्षेत्रवार विवरण तालिका 7.63 में प्रस्तुत किया गया है। अधिकांश कंपनियां उद्योग और कृषि क्षेत्रों की है।

**तालिका 7.63 : क्षेत्रवार सरकारी कंपनियां और निगम**

| क्षेत्र | वैधानिक निगमों की सं. | कार्यशील कंपनियों की सं. | अकार्यशील कंपनियों की सं. |
|---|---|---|---|
| कृषि | | 3 | 12 |
| बिजली | 1 | 1 | |
| अधिसंरचना | | 3 | 1 |
| विनिर्माण | | 4 | 12 |
| सेवा | 2 | 2 | 1 |
| वित्तपोषण | | 4 | 4 |
| अन्य | 1 | 2 | 10 |
| **योग** | **4** | **19** | **40** |

वर्ष 2005-06 से 2008-09 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के वित्तीय परिणामों के सारांश तालिका 7.64 में दर्शाए गए हैं।[16] देखा जा सकता है कि प्रतिफल की दर नगण्य है और सभी कंपनियों की संचित हानि उनके कुल इक्विटी आधार से भी कईगुना अधिक हो गई है। गत दो वर्षों के दौरान उनके संयुक्त टर्नओवर में सराहनीय वृद्धि हुई है लेकिन ऋण : टर्नओवर अनुपात अभी भी बहुत ऊंचा है जो उनके मुनाफे को हड़प जाने वाले ऊंचे ऋण भार को इंगित करता है। न तो ये राज्य सरकार को कोई लाभांश देती हैं न सरकार से कोई अनुदान या सब्सिडी पाती हैं। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ उनकी लेनदेन के अनुपात से पता चलता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक इकाइयों के योगदान का बहुत ही कम महत्व है। मार्च 2009 में इन सार्वजनिक इकाइयों में 21,250 श्रमिक नियोजित थे लेकिन उनमें से 2,635 लोग राज्य सरकार की अकार्यशील सार्वजनिक इकाइयों में पे-रॉल पर थे। अकेले चारो वैधानिक निगमों में ही 15,317 कर्मचारी कार्यरत थे।

[16] टर्नओवर के आंकड़े सिर्फ कार्यशील सार्वजनिक इकाइयों के हैं। शेष आंकड़े सभी सार्वजनिक इकाइयों के हैं। इनमें राज्य सरकार के चारो निगमों के कार्यकारी परिणाम शामिल नहीं है। उनकी चर्चा अलग से की गई है।

**तालिका 7.64 : सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय परिणामों का सारांश ( 2005-06 से 2008-09 )[17]**

| प्रदर्शन सूचक | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| सरकार द्वारा शेयर पूंजी में निवेश (करोड़ रु.) | 515 | 515 | 531 | 526 |
| सार्वजनिक इकाइयों का कुल ऋण (सरकारी ऋण) (करोड़ रु.) | 7724 | 8012 | 8153 | 8615 |
| सभी सार्वजनिक इकाइयों का टर्नओवर (करोड़ रु.) | 1202 | 1337 | 1588 | 1997 |
| लाभ (हानि) (करोड़ रु.) | ( 210) | ( 102) | (1253) | (653) |
| संचित लाभ (हानि) (करोड़ रु.) | (1585) | (1687) | (2940) | (3593) |
| निवेशित पूंजी पर प्रतिफल (%) | 16.94 | 17.68 | शून्य | 7.44 |
| वर्ष में किया गया लाभांश भुगतान | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ऋण : टर्नओवर अनुपात | 6.42 | 5.99 | 5.13 | 4.33 |
| ब्याज भुगतान (करोड़ रु.) | 302 | 613 | 924 | 919 |
| वर्ष में प्राप्त अनुदान | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| वर्ष में प्राप्त सब्सिडी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| सकल राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रु.) | 80157 | 99767 | 114722 | 131873 |
| टर्नओवर : सकल राज्य घरेलू उत्पाद (%) | 1.50 | 1.34 | 1.38 | 1.51 |

सार्वजनिक इकाइयों के कार्यकारी परिणाम नीचे के चार्ट में दर्शाए गए हैं। मात्र 8 इकाइयों ने कुल मिलाकर 41 करोड़ रु. का लाभ अर्जित किया लेकिन अभी तक किसी ने भी सरकार को कोई लाभांश भुगतान नहीं किया है।




[17] आंकड़े नवीनतम अंतिम लेखे हैं जैसा कि बिहार के प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) द्वारा तैयार लेखापरीक्षा रिपोर्ट में व्यक्त किया गया है।

### अकार्यशील कंपनियां

मार्च 2009 तक राज्य सरकार ने 40 अकार्यशील कंपनियों में कुल 700 करोड़ रु. निवेश किया था जिनमें से 15 अभी परिसमापन की प्रक्रिया में हैं। इस रकम में से 152 करोड़ रु. चुकता पूंजी है और शेष 548 करोड़ रु. बकाया ऋण। इन कंपनियों के वित्तीय सूचकों का सार्थक विश्लेषण नहीं किया जा सकता है क्योंकि ये परिसमापन के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा, इनमें से कुछ कंपनियों ने 20 वर्ष या उससे भी अधिक से कोई लेखा नहीं तैयार किया है। इनमें से पांच ने तो अपने जन्म के समय से ही कोई लेखा नहीं तैयार किया है। हालांकि इन कंपनियों ने 2008-09 में कोई व्यावसायिक काम नहीं किया, लेकिन इनमें से पांच सार्वजनिक इकाइयों ने वेतन, मजदूरी और स्थापना व्यय आदि में 2.51 करोड़ रु. खर्च किए हैं। 32 अकार्यशील इकाइयों के नवीनतम लेखों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उनकी संचित हानि 171 करोड़ रु. से भी अधिक हो गई है।

### वैधानिक निगम

राज्य सरकार के चार वैधानिक निगम बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, बिहार राज्य वित्त निगम और बिहार राज्य भंडारण निगम हैं। चारो ही निगम कार्यशील हैं। कार्यसंचालन के लिहाज से इनमें सबसे महत्वपूर्ण निगम बिहार राज्य विद्युत बोर्ड है। तालिका 7.65 में बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के 2005-06 से 2007-08 तक के तीन वर्षों के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए गए हैं।[18] देखा जा सकता है कि बोर्ड की हानि तेजी से बढ़ती रही है और 2007-08 के अंत तक 2,100 करोड़ रु. से भी हो गई है। हालांकि इसकी शुद्ध हानि में उसके पिछले वर्ष की अपेक्षा लगभग 300 करोड़ रु. की कमी आई है। राज्य सरकार ने 2005-06 से 2007-08 तक के तीन वर्षों में बोर्ड को 2,200 करोड़ रु. सब्सिडी भुगतान किया है। मार्च 2008 तक बोर्ड के पास राज्य सरकार का कुल ऋण 5,700 करोड़ रु. से भी था। बोर्ड का टर्नओवर घटता-बढ़ता रहा है क्योंकि मार्च 2008 में यह 1,588 करोड़ रु. था जबकि उसके दो वर्ष पूर्व 1,854 करोड़ रु. था।

**तालिका 7.65 : बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के वित्तीय परिणामों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|
| टर्नओवर | 1854 | 1392 | 1588 |
| हानि | 429 | 855 | 585 |
| लगी पूंजी[19] | 2226 | 3088 | 3196 |
| लगी पूंजी पर प्रतिफल | 8.86% | 0 | 7.63% |
| सरकारी ऋण | 5274 | 5578 | 5764 |
| ऋण पर ब्याज भुगतान | 637 | 822 | 849 |
| संचित हानि | 670 | 1525 | 2110 |
| लाभांश भुगतान | शून्य | शून्य | शून्य |
| प्राप्त अनुदान/ सब्सिडी | 844 | 720 | 720 |

[18] आंकड़े बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के इन वर्षों के नवीनतम अंतिम लेखों पर आधारित हैं।

[19] लगी पूंजी में शुद्ध कार्याधीन पूंजी (वर्क इन प्रोग्रेस कैपिटल) सहित अचल परिसंपत्तियां और कार्यशील पूंजी शामिल हैं।

विद्युत उत्पादन को गंभीरता से प्रभावित करने वाली निम्नलिखित समस्याएं बोर्ड को परेशान कर रही हैं :

- बार-बार काम ठप होने/ विविध उपकरणों-उपस्करों में व्यवधान आने के कारण निम्न संयंत्र उपलब्धता;
- 40 प्रतिशत से भी अधिक संचरण एवं वितरण हानि;
- कैपिटल मेंटेनेस के लिए उत्पादन इकाइयों की असाधारण बंदी;
- डिजाइन संबंधी कमी, कोयले की खराब गुणवत्ता आदि के कारण उत्पादन इकाइयों की निम्न उत्पादकता;
- उत्पादन संयंत्रों और उप-स्टेशनों/ लाइनों का लंबे समय से जीर्णोद्धार/ आधुनिकीकरण नहीं होना;
- इकाइयों का खराब रखरखाव।

दक्षता बढ़ाने के लिए एक व्यवहारिक विकल्प बोर्ड को संचरण, वितरण और उत्पादन की तीन अलग-अलग कंपनियों में व्यवस्थित करना है। राज्य सरकार बोर्ड के पुनर्गठन के सभी विकल्पों पर विचार कर रही है। अन्य वैधानिक कंपनियों के मामले में कोई भिन्न स्थिति नहीं है जिसे तालिका 7.66 से 7.68 तक देखा जा सकता है।

**तालिका 7.66 : बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के वित्तीय परिणामों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09[20] |
|---|---|---|---|
| टर्नओवर | 54 | 52 | 40 |
| हानि | 60 | 52 | 74 |
| लगी पूंजी | -712 | -764 | -822 |
| लगी पूंजी पर प्रतिफल | नकारात्मक | नकारात्मक | नकारात्मक |
| सरकारी ऋण | 101 | 101 | 101 |
| ऋण पर ब्याज भुगतान | 81 | 81 | 100 |
| संचित हानि | 19 | 19 | 19 |
| लाभांश भुगतान | 1240 | 1292 | 1366 |
| प्राप्त अनुदान/ सब्सिडी | शून्य | शून्य | शून्य |

**तालिका 7.67 : बिहार राज्य वित्त निगम के वित्तीय परिणामों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09[21] |
|---|---|---|---|
| टर्नओवर | 47 | 29 | 32 |
| हानि | 11 | 0 | -1 |
| लगी पूंजी | 381 | 439 | 391 |
| लगी पूंजी पर प्रतिफल | 19% | 11% | 5% |
| सरकारी ऋण | 78 | 78 | 78 |
| ऋण पर ब्याज भुगतान | 311 | 311 | 311 |
| संचित हानि | 47 | 20 | 19 |
| लाभांश भुगतान | 412 | 412 | 411 |
| प्राप्त अनुदान/ सब्सिडी | शून्य | शून्य | शून्य |

[20] अनंतिम आंकड़े

[21] अनंतिम आंकड़े

**तालिका 7.68 : बिहार राज्य भंडारण निगम के वित्तीय परिणामों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09[22] |
|---|---|---|---|
| टर्नओवर | 7 | 8 | 8 |
| हानि | 2 | 1 | 5 |
| लगी पूंजी | 16 | 20 | 30 |
| लगी पूंजी पर प्रतिफल | 13% | 6% | 19% |
| सरकारी ऋण | 6 | 6 | 6 |
| ऋण पर ब्याज भुगतान | 4 | 4 | 4 |
| संचित हानि | -2 | -4 | 1 |
| लाभांश भुगतान | शून्य | शून्य | शून्य |

## सार्वजनिक क्षेत्र के परिणामों का सारांश

तालिका 7.69 में सार्वजनिक निगमों और सरकारी कंपनियों के नवीनतम लेखों के अनुसार उनमें राज्य सरकार की चुकता पूंजी और निवेशों का ब्योरा दिया गया है। जिन वर्षों में इन इकाइयों ने अपना अंतिम लेखा तैयार किया है, उसका वर्ष भी तालिका में दर्शाया गया है। देखा जा सकता है कि इनमें से किसी ने भी अद्यतन लेखा नहीं तैयार किया है और उनमें से अधिकांश तो अरसे से चूक कर रहे हैं। यह उनकी जवाबदेही और समुचित प्रबंधन के अभाव का द्योतक है। चूंकि लेखे अद्यतन नहीं हैं इसलिए निवेशों पर प्रतिफल की गणना नहीं की जा सकती है। इनमें से अधिकांश कंपनियों के बोर्ड की बैठकें भी नियमित नहीं होती हैं। 63 में से मात्र 5 कंपनियों ने ही अपने ऐसे लेखे तैयार किए हैं जो पांच वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं। एक निगम (बिहार राज्य पथ परिवहन निगम) सहित 31 कंपनियों के लेखे 6 से लेकर 16 वर्ष से बकाया हैं। पांच कंपनियों ने तो अपने जन्म के समय से ही लेखा तैयार नहीं किया है। कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, सभी कंपनियों के लिए अपने लेखों को वित्त वर्ष के समापन के 6 महीनों के अंदर ही अंतिम रूप दे देना वैधानिक तौर पर वांछित है। अंकेक्षित लेखों को भी वित्त वर्ष के समापन के 9 महीनों के अंदर ही विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत करना वांछित है। समय पर लेखा को अंतिम रूप देने के मामले में इन वैधानिक प्रावधानों को पूरा करने में असफल रहने पर कंपनी अधिनियम के तहत सामान्यत: दंड के प्रावधान हैं।

खराब टर्नओवर और लगातार हानि को देखते हुए राज्य सरकार या तो इनका प्रदर्शन सुधारने या इनकी बंदी/ विनिवेश पर विचार कर सकती है। राज्य सरकार ने पहले ही 5 कार्यशील और 12 अकार्यशील कंपनियों के परिसमापन का निर्णय ले लिया है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत चीनी मिलों के पुनरुद्धार पर राज्य सरकार सक्रियापूर्वक विचार कर रही है।

---

[22] अनंतिम आंकड़े

**तालिका 7.69 : बिहार में सार्वजनिक क्षेत्र के परिणामों का उनके नवीनतम लेखों के अनुसार सारांश**

| सार्वजनिक इकाई का नाम | अंतिम लेखाकरण का वर्ष | नवीनतम लेखे के अनुसार चुकता पूंजी | जिन वर्षों के लेखे बाकी हैं, उनके ऋण, इक्विटी, अनुदान और सब्सिडी में निवेश |
|---|---|---|---|
| **क. कार्यशील कंपनियां** | | | |
| बिहार राज्य बीज निगम लि. | 1996-97 | 3.71 | 8.02 |
| बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक प्रकाशन निगम लि. | 1997-98 | 0.48 | 182.00 |
| बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम | 1997-98 | 3.62 | 7.49 |
| बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि. | 1995-96 | 2.95 | 0 |
| बिहार राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लि. | 1988-89 | 4.46 | 202.25 |
| बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि. | 1997-98 | 3.50 | 0 |
| बिहार आरक्षी भवन निर्माण निगम लि. | 1991-92 | 0.10 | 0 |
| बिहार राज्य जलविद्युत शक्ति निगम लि. | 1995-96 | 89.26 | 111.2 |
| बिहार राज्य मत्स्य विकास निगम लि. | 1992-93 | 1.75 | 5.63 |
| बिहार राज्य वन विकास निगम लि. | 2000-01 | 2.29 | 0 |
| बिहार राज्य ऋण एवं निवेश निगम लि. | 2002-03 | 1,5.00 | 57.49 |
| बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लि. | 1991-92 | 0.94 | 0.01 |
| बिहार राज्य इलक्ट्रॉनिक विकास निगम लि. | 2000-01 | 5.65 | 0 |
| बिहार राज्य खनिज विकास निगम लि. | 2000-01 | 9.97 | 0 |
| बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम लि. | 2005-06 | 4.75 | 16.93 |
| बिहार राज्य पेय निगम लि. | 2006-07 | 5.00 | 0 |
| बिहार राज्य स्वास्थ्य परियोजना विकास निगम लि. | अनु. | 0.06 | 0 |
| बिहार राज्य विद्युत बोर्ड | 2007-08 | - | |
| बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लि. | 2002-03 | 101.27 | 1147.54 |
| बिहार राज्य वित्त निगम | 2007-08 | 77.84 | 3.92 |
| बिहार राज्य भंडारण निगम | 2007-08 | 5.31 | 30 |
| **योग ( क )** | | **322.91** | **1772.48** |
| **ख. अकार्यशील कंपनियां** | | | |
| बिहार राज्य लघु उद्योग निगम लि. | 1990-91 | 7.18 | 4.12 |
| बिहार राज्य औषधि एवं रसायन विकास निगम लि. | 1985-86 | 3.62 | 6.3 |
| बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. | 1987-88 | 14.04 | 38.47 |
| बिहार राज्य चर्मोद्योग विकास निगम लि. | 1982-83 | 5.14 | 43.18 |
| बिहार राज्य वस्त्र निगम लि. | 1987-88 | 4.98 | 2.74 |
| बिहार राज्य दुग्ध विकास निगम लि. | 1994-95 | 6.72 | 0 |
| बिहार राज्य निर्माण निगम लि. | 1986-87 | 7.00 | 1.05 |
| बिहार पर्वतीय क्षेत्र उद्वह सिंचाई निगम लि. | 1982-83 | 5.60 | 18.78 |
| बिहार राज्य चीनी निगम लि. | 1984-85 | 9.97 | 365.32 |
| बिहार राज्य पंचायती राज्य वित्त निगम लि. | 1984-85 | 1.44 | 0 |
| बिहार राज्य जल विकास निगम लि. | 1978-79 | 5.00 | 154.33 |
| बिहार राज्य कृषि उद्योग विकास निगम लि. | 1989-90 | 7.57 | 24.66 |
| बिहार फल एवं सब्जी विकास निगम लि. | 1992-93 | 2.01 | 3.86 |
| बिहार राज्य निर्यात निगम लि. | 1991-92 | 2.00 | 2.28 |
| बिहार राज्य हथकरघा एवं हस्तशिल्प निगम लि. | 1983-84 | 6.28 | 0.73 |
| **योग** | | **88.55** | **665.82** |
| **कुल योग ( क+ख )** | | **411.46** | **2438.30** |

## 7.24 बिहार में योजना निर्माण

योजना निर्माण का अर्थ पांच वर्ष में योजना बना लेना भर नहीं है। इसके लिए वर्तमान योजनाओं के सतत अनुश्रवण और योजना कार्यक्रमों के पुन:समंजन की जरूरत पड़ती है। इन सबके लिए एक संस्थागत तंत्र होता है जो समान्यत: केंद्र स्तर पर योजना आयोग द्वारा और राज्यों के स्तर पर योजना विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस खंड में बिहार में योजना निर्माण की प्रक्रिया का विश्लेषण दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) और ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के संदर्भ में किया जाएगा।

दसवीं योजना 2002 से 2007 के लिए थी और योजनाकार नब्बे के दशक के शुरुआती वर्षों में आरंभ हुई सुधार प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न विकास अंतराल के प्रति काफी सचेत थे। अतएव उनलोगों ने योजना के फोकस को 'सामाजिक न्याय से युक्त समता' ठीक ही चिन्हित किया था और योजना निर्माण की प्रक्रिया को अतिरिक्त आवेग के साथ एक नई दिशा देने की कोशिश की थी। इसके द्वारा दिए गए आवेग के कारण अर्थव्यवस्था का तेज गति से विकास हुआ लेकिन असमानता और विकासगत अंतराल को रोका नहीं जा सका। वस्तुत: बीतते समय के साथ वे कहीं अधिक मजबूत होते चले गए। गरीबी का अनुमान तब भी 27 प्रतिशत के आसपास था और सुविधावंचित तबकों में गरीबी की उपस्थिति बिल्कुल समाप्त नहीं हुई थी। गरीबों की संख्या में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं हुई थी जो 1993-94 के 32.0 करोड़ से से मामूली घटकर 2004-05 में 30.2 करोड़ तक आ सकी थी। विकास का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए कहीं अधिक त्वरित विकास की जरूरत थी। अतएव 2007 से 2012 तक की अवधि के लिए बनी ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में फोकस बदलकर 'अधिक तेज और अधिक समावेशी विकास की दिशा में' ठीक ही किया गया।

कुछ आंकड़ों से यह बात साफ हो जाएगी। तालिका 7.70 क में देखा जा सकता है कि दसवीं योजना ने सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 8 प्रतिशत अनुमानित की थी। लेकिन इस अवधि में वास्तविक विकास दर 7.6 प्रतिशत थी। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं थी, लेकिन पहले ही इंगित किया गया है कि इस विकास के परिणाम नीचे की ओर, ग्रामीण क्षेत्रों की ओर या समाज के सभी तबकों तक रिसकर नहीं पहुंचे। बेरोजगारी की दर को 2002 के 9.11 प्रतिशत से घटाकर 2007 में 5.11 प्रतिशत और गरीबी अनुपात को घटाकर 19.2 प्रतिशत करने की योजना थी। हालांकि सच्चाई यह थी कि 61वें राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार 2004-05 में वास्तविक बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत थी और गरीबी अनुपात 27.5 प्रतिशत। योजना अवधि में कृषि का विकास 4 प्रतिशत की प्रभावशाली दर से होने की योजना बनाई गई थी लेकिन विकास हुआ मात्र 1.7 प्रतिशत की दर से। साक्षरता दर के 2007 में 75 प्रतिशत पहुंचने की कल्पना की गई थी लेकिन 2005-06 में पहुंची मात्र 67.6 प्रतिशत तक। सर्वव्यापी प्राथमिक शिक्षा के समीप पहुंचने के मामले में देश कहीं आसपास भी नहीं पहुंचा है। ऐसा भी नहीं है कि हम ये लक्ष्य जल्द में हासिल कर लेंगे। ग्यारहवीं योजना ने भी अनेक प्रभावशाली लक्ष्य विहित किए हैं जिन्हें बिहार हेतु लक्ष्यों के साथ तालिका 7.70 ख में दर्शाया गया है। दसवीं और ग्यारहवीं परियोजनाओं के ये लक्ष्य एक संदर्भ प्रदान करते हैं जिनके आधार पर बिहार की योजना निर्माण प्रक्रिया की प्रभाविता की जांच की जा सकती है।

बिहार की अर्थव्यवस्था अभी भी कृषि-प्रधान बनी हुई है जिसका विनिर्माण आधार बहुत छोटा है और राज्य की आय में कृषि का हिस्सा अब भी काफी अधिक है। उद्योग का हिस्सा विगत वर्षों में व्यवहारत: स्थिर बना हुआ है जबकि सेवा क्षेत्रों का हिस्सा गत दशक में क्रमश: बढ़कर 2003-04 में लगभग 50 प्रतिशत पहुंच गया। गत वर्षों

अर्थव्यवस्था में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं दिखा है। सच तो यह है कि 2000 में बिहार के विभाजन के बाद, जिसके बाद औद्योगिक और खनिज पट्‌टी झारखंड में चली गई, अर्थव्यवस्था में द्वितीयक क्षेत्र का योगदान लगभग आधा हो गया। निम्न प्रति व्यक्ति योजना व्यय, निम्न पूंजीगत परिव्यय, बाढ़-सूखा जैसी बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं, निम्न ऋण-जमा अनुपात और अतीत में पर्याप्त सामाजिक और भौतिक अधिसंरचना विकसित करने के मामले में राज्य सरकार की असफलता के कारण राज्य को पिछड़ापन तो ऐतिहासिक विरासत के तौर पर मिला है। कृषि उत्पादन की विधियां अभी भी आदिम हैं और मॉनसून पर अत्यधिक निर्भर हैं। इसकी प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे कम है - राष्ट्रीय औसत का महज एक-चौथाई। लेकिन इस चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में भी, राज्य सरकार इसके भविष्य के प्रति हाल में कुछ आशा जगाने में सफल रही है। असफल राज्य की पहले की समझ की जगह अब नवजागरण ले रही है। इसकी विकास दर बढ़ी है और अभी यह देश के तीव्रतम विकास दरों वाले राज्यों में से एक है। इस पृष्ठभूमि में यहां गत दस वर्षों के दौरान बिहार में योजना प्रक्रिया की उपलब्धियों और असफलताओं का विश्लेषण किया गया है।

**तालिका 7.70 क : दसवीं पंचवर्षीय योजना ( 2002-07 ) : लक्ष्य और उपलब्धियां**

| दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) के लक्ष्य | उपलब्धियां |
|---|---|
| **आय और गरीबी** | |
| • औसत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर : 8% | 7.6% |
| • कृषि विकास दर : 4% | 1.7% |
| • बेरोजगारी में कमी 2002 में 9.11% से 2007 में 5.11% | 2004-05 में 8.3% (61वां राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण) |
| • 2007 तक गरीबी में 5% और 2012 तक 15% कमी (क्रमशः 19.2% और 9.2%) | 2004-05 में 27.5% (61वां राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण) |
| **शिक्षा** | |
| • साक्षरता दर 2007 तक 75% | 2005-06 में 67.6% |
| • 2007 तक प्राथमिक शिक्षा की सर्वव्यापी उपलब्धता | हासिल नहीं |
| **स्वास्थ्य** | |
| • 2010-11 तक शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित प्रसव पर 45 से घटकर 28 | 2005 में 58 |
| • प्रति 1000 जीवित प्रसव पर मातृ मृत्यु दर 2007 तक घटकर 2 और 2012 तक 1 | 2005 में 4 |
| • 2001 और 2011 के बीच दशकीय वृद्धि दर घटाकर 16.2% | अनुपलब्ध |
| • 2012 तक सभी गांवों में पीने लायक पेयजल | हासिल नहीं |
| **पर्यावरण** | |
| • 2007 तक वनाच्छादन बढ़ाकर 25% और 2012 तक 33% | 19.4% |
| • 2007 तक सभी प्रमुख प्रदूषित नदियों की सफाई | हासिल नहीं |
| **आर्थिक मापदंड** | |
| • वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात (आइसीओआर) : 3.58 | 4.2 |
| • घरेलू बचत दर 2006-07 तक 26.84% से बढ़कर 29.51% | 34.4% |
| • निवेश 2006-07 तक 28.41% से बढ़कर 32.26% | 35.5% |
| • निर्यात में वार्षिक वृद्धि 12.38% | |
| • आयात में वार्षिक वृद्धि 17.13%. | |

**तालिका 7.70 ख : ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना ( 2007-12 ) : भारत और बिहार हेतु लक्ष्य**

| ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के लक्ष्य : भारत | ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य : बिहार |
|---|---|
| **आय और गरीबी** | |
| • औसत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर : 9% | • 8.5% |
| • कृषि विकास दर :4% | • 5% - 7% |
| • अतिरिक्त रोजगार सृजन : 5.8 करोड़ | • 50 लाख |
| • वास्तविक मजदूरी में वृद्धि : 20% | • 20% |
| • गरीबी में कमी (व्यक्ति) : 10% की | • 13.1% की (2004-05 में 41.5% से 2011-12 में 28.4% ) |
| **शिक्षा** | |
| • प्रारंभिक स्तर पर छीजन दर में कमी : 2003-04 के 52.2.% से 20% | • 2003-04 में 78.3% से 2011-12 में 27.85% |
| • साक्षरता दर में वृद्धि : 2001 में 64.59% से 2011-12 में 85% | • वृद्धि : 2001 में 46.96% से 2011-12 में 64.04% |
| • साक्षरता में लैंगिक अंतराल में कमी : 11.6% की (2001 में 21-6% से 2011-12 में 10%) | • 9.2% की (2001 में 26.6% से 2011-12 में 17.4%) |
| • उच्च शिक्षा में जाने वाले विद्यार्थियों में प्रतिशत वृद्धि : 10% से 15% | |
| **स्वास्थ्य** | |
| • 2012 तक प्रति 1000 जीवित प्रसव पर शिशु मृत्यु दर 58 से घटकर 28 और मातृ मृत्यु दर 3.01 घटकर 1 | • 2012 तक प्रति 1000 जीवित प्रसव पर शिशु मृत्यु दर घटकर 61 से 29 और मातृ मृत्यु दर 3.71 से 1.23 |
| • प्रजनन दर में कमी : 3.0 से 2.1 | • 4.3 से 3.0 |
| • 2009 तक सबके लिए स्वच्छ पेयजल | |
| • बच्चों के कुपोषण में 50 प्रतिशत कमी : 47% से 23.5% | • 50% कमी : 54.4% से 27.2% |
| • महिलाओं और लड़कियों की रक्ताल्पता में 50 प्रतिशत कमी : (51.8% से 25.9%) | • 50% कमी (63.4% से 31.7%) |
| **महिलाएं और बच्चे** | |
| • लैंगिक अनुपात में वृद्धि : 2010-11 तक 935 और 2016-17 तक 950 | |
| • सुनिश्चित करना की सभी सरकारी कार्यक्रमों में न्यूनतम 33 प्रतिशत लााभान्वित महिलाएं तथा बालिकाएं हों | |

| | |
|---|---|
| • काम करने की बाध्यता के बिना सभी बच्चे सुरक्षित बचपन का आनंद लें | |
| **अधिसंरचना** | |
| • 2009 तक सभी गांवों तथा बीपीएल परिवारों को बिजली कनेक्शन, 2012 तक सबके लिए विश्वसनीय आधार पर बिजली | • 2012 तक सभी गांवों तथा बीपीएल परिवारों को बिजली कनेक्शन, 2016-17 तक सबके लिए विश्वसनीय आधार पर बिजली |
| • 2009 तक सभी 1000 से अधिक आबादी वाली बसाहटों का बारहमासी सड़कों से संपर्क | 2012 तक सभी 500 से अधिक आबादी वाली बसाहटों का बारहमासी सड़कों से संपर्क |
| • 2012 तक सभी गांवों में टेलीफोन और ब्रॉडबैंड संपर्क | |
| • 2012 तक सभी के लिए बासगीत जमीन तथा 2016-17 तक सबके लिए आवास | |
| **पर्यावरण** | |
| • वनाच्छादन में 5 प्रतिशत वृद्धि | • 5% वृद्धि (2011-12 में 10% से 15%) |
| • 2012 तक सभी शहरों में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप शुद्ध हवा की गुणवत्ता हासिल करना | • 2011-12 तक |
| • 2011-12 तक नदियों के पानी की सफाई के लिए शहरों में सारे अपशिष्ट जल की सफाई | • 2011-12 तक |
| • ऊर्जा की दक्षता में 20 प्रतिशत वृद्धि | |
| **आर्थिक मापदंड** | |
| • वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात : 4.1 | आइसीओआर : 2.78 |
| • घरेलू बचत दर : 34.8% | |
| • निवेश : 36.7% | |
| • वार्षिक निर्यात वृद्धि : 12.38% | |

## योजना व्यय

तालिका 7.71 क और ख में दर्शाया गया है कि बिहार में दसवीं और ग्यारहवीं योजनाओं के दौरान योजना व्यय क्या था और उनका वित्तपोषण कैसे हुआ। तालिका 7.71 ग में दर्शाया गया है कि वित्तपोषण के पैटर्न में पहली से ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजनाओं तक केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से के लिहाज से ढांचागत परिवर्तन कैसे हुआ। तालिका 7.71 क में देखा जा सकता है कि दसवीं योजना के दौरान विभिन्न योजनागत योजनाओं के तहत वास्तविक योजना व्यय 18,792 करोड़ रु. था जो इस अवधि के लिए संशोधित परिव्यय से लगभग 12 प्रतिशत कम था। ग्यारहवीं योजना अवधि के पहले तीन वर्षों में यह 34,120 करोड़ रु. था - इस अवधि के लिए

संशोधित परिव्यय से लगभग 8 प्रतिशत कम। तालिका 7.71 ख में दिखता है कि केंद्र ने दसवीं योजना के लिए कुल योजना व्यय के 48 प्रतिशत हिस्से का वित्तपोषण किया था और राज्य सरकार ने 52 प्रतिशत। ग्यारहवीं योजना में राज्य सरकार को कुल योजना व्यय का काफी बड़ा हिस्सा – 75 प्रतिशत – वहन करना पड़ा। तालिका 7.71 ग में दिखता है कि पहली योजना से शुरु करके ग्यारहवीं योजना तक योजनाओं के वित्तपोषण का पैटर्न बदलता गया है। इसलिए कि पहली योजना में केंद्र का हिस्सा मात्र 5 प्रतिशत था जो आठवीं योजना में 61 प्रतिशत तक पहुंच गया जिसके बाद उसमें थोड़ी गिरावट आई और ग्यारहवीं योजना में यह 59 प्रतिशत है। पहले भी कहा गया है कि बिहार के लिए यह मात्र 25 प्रतिशत है।

**तालिका 7.71 क : बिहार में योजना व्यय**

(करोड़ रु.)

| वर्ष | अनुमोदित योजना | संशोधित परिव्यय | भारत सरकार को प्रतिवेदित व्यय | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| **10वीं योजना** | | | | |
| 2002-03 | 2964 | 2314 | 2207 | 2144 |
| 2003-04 | 3320 | 2642 | 2627 | 3071 |
| 2004-05 | 4000 | 3059 | 3196 | 5202 |
| 2005-06 | 5356 | 4735 | 4466 | 3476 |
| 2006-07 | 8250 | 8671 | 8457 | 4899 |
| **योग** | **23891** | **21422** | **20952** | **18792** |
| **11वीं योजना** | | | | |
| 2007-08 | 10200 | 10475 | 9700 | 9397 |
| 2008-09 | 13000 | 12000 | 12514 | 10908 |
| 2009-10 | 16000 | 14405 | 14184 | 13815 |
| **योग** | **39200** | **36880** | **36398** | **34120** |

**तालिका 7.71 ख : बिहार में दसवीं और ग्यारहवीं योजनाओं का वित्तपोषण**

| स्रोत | दसवीं योजना (वास्तविक) (करोड़ रु.) | प्रतिशत हिस्सा | ग्यारहवीं योजना (अनुमान) (करोड़ रु.) | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|---|---|
| राज्य | 12134 | 52 | 57660 | 75 |
| केंद्र | 11311 | 48 | 18822 | 25 |
| योग | 23446 | 100 | 76482 | 100 |

स्रोत : बिहार वार्षिक योजना 2008-09, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार तथा 11वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति बिहार का दृष्टिकोण : त्वरित समावेशी विकास हेतु दृष्टि, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार, तथा वित्त विभाग, बिहार सरकार।

**तालिका 7.71 ग : योजना व्यय में केंद्र और राज्यों का हिस्सा**

(करोड़ रु.)

| योजना अवधि | केंद्र | योजना का % हिस्सा | राज्य | योजना का % हिस्सा | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पहली योजना (1951-56) | 706 | 5 | 12,145 | 95 | 12,851 |
| दूसरी योजना (1956-61) | 2,534 | 55 | 2,115 | 45 | 4,649 |
| तीसरी योजना (1961-66) | 4,212 | 50 | 4,227 | 50 | 8,439 |
| वार्षिक योजना (1966-69) | 3,401 | 52 | 3,118 | 48 | 6,519 |
| चौथी योजना (1969-74) | 7,826 | 50 | 7,675 | 50 | 15,501 |
| पांचवीं योजना (1974-79) | 18,755 | 48 | 20,015 | 52 | 38,770 |
| वार्षिक योजना (1979-80) | 5,695 | 48 | 6,291 | 52 | 11,986 |
| छठी योजना (1980-85) | 57,825 | 54 | 49,458 | 46 | 1,07,283 |
| सातवीं योजना (1985-90) | 1,27,520 | 59 | 87,492 | 41 | 2,15,012 |
| आठवीं योजना (1992-97) | 2,88,930 | 61 | 1,87,938 | 39 | 4,76,868 |
| नवीं योजना (1997-2002) | 4,89,361 | 57 | 3,69,839 | 43 | 8,59,200 |
| दसवीं योजना (2002-07) | 8,93,183 | 59 | 6,32,456 | 41 | 15,25,639 |
| ग्यारहवीं योजना (2007-12) 2006-07 के मूल्य पर | 21,56,571 | 59 | 14,88,147 | 41 | 36,44,718 |

स्रोत : इंडियन प्लानिंग एक्सपेरिएंस : ए प्लानिंग प्रोफाइल, योजना आयोग, भारत सरकार

## योजनाओं का वित्तपोषण

तालिका 7.72 में दसवीं योजना अवधि तथा ग्यारहवीं योजना अवधि के पहले तीन वर्षों में बिहार की वार्षिक योजनाओं के वित्तपोषण की योजना का विवरण प्रस्तुत है। दसवीं योजना के दौरान योजना हेतु धन की जरूरत का 40 प्रतिशत हिस्सा केंद्र के योजना अनुदानों से पूरा होता था। उस 40 प्रतिशत में 29 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ राज्य योजना के लिए हुआ करता था। लगभग 20 प्रतिशत शुद्ध ऋणग्रहण से पूरा होता था। संसाधनों की कुल जरूरत का 11 प्रतिशत राज्य द्वारा राजस्व प्राप्तियों से तथा गैर-योजना व्यय संबंधी आवश्यकताएं पूरी करने के बाद गैर-योजना अनुदानों से वहन होता था। 6 प्रतिशत हिस्सा छोटी बचतों और भविष्य निधि के शुद्ध प्रोद्भवन से आता था। 15 प्रतिशत धन लोक लेखा से उधार लिया जाता था और पूरी दसवीं योजनावधि में नगद शेष निकालकर भी पूरा किया जाता था।

इसके विपरीत, ग्यारहवीं योजना के दौरान कोई देख सकता है कि केंद्रीय योजनागत अनुदानों पर निर्भरता काफी कम थी जिसका कुल व्यय में दसवीं योजना के 40 प्रतिशत की जगह मात्र 20 प्रतिशत योगदान था। मुख्य रूप से अपने राजस्व लेखे और ऋण के बेहतर प्रबंधन के कारण राज्य सरकार का अपना योगदान दूने से भी अधिक हो गया था – 11 प्रतिशत से 23 प्रतिशत। ऋणग्रहण पर निर्भरता घटाते और ऋण सेवा भुगतानों को रोक रखते हुए राजस्व लेखा में अब अधिक अधिशेष हो रहा है। अतएव राज्य सरकार के पास अब योजना व्यय के लिए

अच्छा–खासा संसाधन बच जा रहा था। दसवीं योजना के दौरान योजना हेतु धन में शुद्ध ऋणग्रहण का हिस्सा 28 प्रतिशत हुआ करता था जो अब कुल व्यय के मात्र 9 प्रतिशत का योगदान करता है। यह राज्य सरकार की बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**तालिका 7.72 : वार्षिक योजना की वित्तपोषण योजना**

(करोड़ रु.)

| | दसवीं योजना | | | | | | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | योग | |
| **वर्तमान राजस्व शेष** | **-1040** | **-638** | **924** | **686** | **2999** | **2932** | **11** |
| योजना अनुदान | **1107** | **1466** | **2148** | **2132** | **3564** | **10416** | **40** |
| राज्य योजनागत योजनाओं के लिए अनुदान | 670 | 1169 | 1643 | 1556 | 2445 | 7483 | **29** |
| केंद्रीय योजनागत योजनओं के लिए अनुदान | 437 | 46 | 10 | 90 | 144 | 728 | **3** |
| केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए अनुदान | ---- | 251 | 495 | 486 | 974 | 2206 | **8** |
| **शुद्ध पूंजीगत प्राप्तियां** | **1932** | **-292** | **3426** | **1093** | **1025** | **7184** | **28** |
| **शुद्ध लघु बचत तथा भविष्य निधि** | **195** | **118** | **404** | **365** | **395** | **1477** | **6** |
| **लोक लेखा तथा सरकार के नगद शेष से शुद्ध निकासी** | **877** | **4547** | **-3425** | **624** | **1414** | **4036** | **15** |
| **कुल योजना व्यय** | **3071** | **5202** | **3476** | **4899** | **9397** | **26045** | **100** |

**तालिका 7.72 : (जारी)**

| | ग्यारहवीं योजना | | | | | प्रतिशत हिस्सा 2007-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | योग 2007-10 | 2010-11 ब.अ. | |
| **वर्तमान राजस्व शेष** | **5124** | **6337** | **6368** | **17829** | **10521** | **23** |
| योजना अनुदान | **4327** | **5412** | **5412** | **15151** | **5412** | **20** |
| राज्य योजनागत योजनाओं के लिए अनुदान | 2914 | 3600 | 3600 | 10114 | 3600 | 13 |
| केंद्रीय योजनागत योजनओं के लिए अनुदान | 53 | 135 | 135 | 323 | 135 | 0 |
| केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए अनुदान | 1360 | 1677 | 1677 | 4714 | 1677 | 6 |
| **शुद्ध पूंजीगत प्राप्तियां** | **-267** | **3706** | **3268** | **6707** | **3869** | **9** |
| **शुद्ध लघु बचत तथा भविष्य निधि** | **268** | **144** | **-263** | **150** | **326** | **0** |
| **लोक लेखा तथा सरकार के नगद शेष से शुद्ध निकासी** | **1455** | **-1785** | **1409** | **6529** | **3948** | **9** |
| **कुल योजना व्यय** | **10908** | **13815** | **16194** | **76358** | **24076** | **100** |

## बिहार का वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात

वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात (ICOR) विकास हेतु निवेश का अनुपात है।[23] यह अनुपात जितना ऊंचा होता है, पूंजी की उत्पादकता उतनी ही कम होती है। राज्य में 1999-00 से 2003-04 तक की अवधि के पूंजी निर्माण के आंकड़ों और दो वर्ष पिछड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आंकड़ों के आधार पर प्रमुख क्षेत्रों के वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपातों की गणना की गई जिसे तालिका 7.73 क में दर्शाया गया है। तालिका 7.73 क में देखा जा सकता है कि राज्य के लिए 1999-2004 अवधि हेतु समग्र अनुपात 2.78 आता है। ग्यारहवीं योजना में इस अनुपात का 3.0 से ऊपर होना माना गया क्योंकि राज्य सड़कों, पुलों, बिजली, सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण पर अधिक पूंजीगत व्यय करता रहा है। इस अनुमानित वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात के आधार पर वैकल्पिक वृद्धि दरों के लिए ग्यारहवीं योजना हेतु प्रस्तावित परिव्ययों की गणना की गई है जिसे तालिका 7.73 ख में प्रस्तुत किया गया है। चूंकि ग्याहरवीं योजना हेतु लक्षित वृद्धि दर 8.5 प्रतिशत थी इसलिए पांच वर्षों की अवधि में आवश्यक कुल परिव्यय लगभग 1.67 लाख करोड़ रु. ठहरता है जिसमें से राज्य सरकार को लगभग 58,000 करोड़ रु. खर्च करने की जरूरत पड़ेगी।

हालांकि निजी निवेश अभी कुल निवेश का 59 प्रतिशत है, लेकिन निजी निवेश में उत्साहजनक उभार को देखते हुए ग्यारहवीं योजना के लिए 65 प्रतिशत का अपेक्षाकृत अधिक अनुपात माना गया है। स्मरण किया जा सकता है कि योजना आयोग ने देश के कुल निवेश में निजी क्षेत्र के निवेश का हिस्सा 70 प्रतिशत माना है। ग्यारहवीं योजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र हेतु 58,310 करोड़ रु. परिव्यय का अनुमान किया गया था जिससे राज्य 8.5 प्रतिशत की दर से विकास करने में सक्षम होता। इस परिव्यय में ऋण संबंधी घटक की भी गणना की गई है और उसे एफआरबीएम अधिनियम के तहत भौतिक सुधार के साथ संगतिपूर्ण बनाया गया है। योजना आयोग 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान करता है लेकिन विश्वास है कि 8.5 प्रतिशत की विकास दर संभव है।

**तालिका 7.73 क : व्यापक क्षेत्रों द्वारा वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात ( 1999-2004 )**

| | क्षेत्र | आइसीओआर |
|---|---|---|
| **1** | कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियां | 3.36 |
| **2** | उद्योग | 4.66 |
| 2.1 | खनन, विनिर्माण तथा निर्माण | 4.54 |
| 2.2 | बिजली, जलापूर्ति तथा गैस | 5.04 |
| **3** | सेवाएं | 2.18 |
| 3.1 | परिवहन एवं संचार | 5.99 |
| 3.2 | सामाजिक सेवाओं सहित अन्य | 1.02 |
| | सभी क्षेत्र | 2.78 |

स्रोत : बिहार वार्षिक योजना 2008-09, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार तथा 11वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति बिहार का दृष्टिकोण : त्वरित समावेशी विकास हेतु दृष्टि, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार।

---

23 $\text{incremental capital output ratio} = \frac{\Delta K}{\Delta Y} = \frac{\frac{\Delta K}{Y}}{\frac{\Delta Y}{Y}} = \frac{\frac{I}{Y}}{\frac{\Delta Y}{Y}}$ जहां K पूंजी का स्टॉक, Y निर्गत (सकल घरेलू उत्पाद) और I शुद्ध निवेश है। वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात की गणना (निवेशित पूंजी - गत वर्ष निवेशित पूंजी)/ (निर्गत मूल्य - गत वर्ष का निर्गत मूल्य) के बतौर की जाती है जो वृद्धि-पूंजी का वृद्धि-निर्गत के साथ अनुपात होता है। इस सूत्र के अनुसार, वृद्धि-पूंजी निर्गत अनुपात की गणना सकल घरेलू उत्पाद में निवेश के हिस्से में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से भाग देकर की जा सकती है।

**तालिका 7.73 ख : वैकल्पिक दरों पर ग्यारहवीं योजना के अनुमानित परिव्यय**

(करोड़ रु.)

| वृद्धि दर (प्रतिशत) | प्रस्तावित परिव्यय | | |
|---|---|---|---|
| | सार्वजनिक | निजी | योग |
| 7.0 | 46,600 | 86,551 | 1,33,151 |
| **8.5** | **58,310** | **1,08,283** | **1,66,593** |
| 9.0 | 62,355 | 1,15,804 | 1,78,159 |
| 10.0 | 70,680 | 1,31,257 | 2,01,937 |

स्रोत : बिहार वार्षिक योजना 2008-09, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार तथा 11वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति बिहार का दृष्टिकोण : त्वरित समावेशी विकास हेतु दृष्टि, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार।

संस्थागत तथा नीतिगत सुधारों से संबंधित हाल की पहलकमदियों ने निजी निवेश को आकर्षित करना शुरू किया है और राज्य की अर्थव्यवस्था का विकास उनके कुशल उपयोग निर्भर करेगा, खास कर कृषि क्षेत्र में। विद्युत परियोजनाओं में भी पूंजी की दक्षता बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। इसके अलावा, बिजली, सड़क और सिंचाई के क्षेत्र में सार्वजनिक कोष से सृजित बड़ी मात्रा में पूजीगत परिसंपत्तियां वर्षों से अप्रयुक्त पड़ी हैं जिसमें प्राथमिकता के आधार पर संशोधन की जरूरत है।

## ग्यारहवीं योजना हेतु क्षेत्रगत वृद्धि दरें

ग्यारहवीं योजना अवधि में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 8.5 प्रतिशत पर स्थिर वृद्धि दर के साथ कृषि के लिए 5 प्रतिशत, उद्योग के लिए 11 प्रतिशत और सेवा के लिए 10 प्रतिशत क्षेत्रगत वृद्धि दर अनुमानित है। कृषि की विकास दर 5 प्रतिशत से भी अधिक होना अनुमानित है और बिहार में निजी निवेश की नई होड़ को देखते हुए उद्योग में 11 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना बहुत कठिन नहीं है।

तालिका 7.74 में दसवीं योजनावधि में और ग्यारहवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान पूरे देश और बिहार के वास्तविक व्यय पैटर्न दर्शाए गए हैं। तालिका में दिखता है कि देश और बिहार, दोनों में ग्यारहवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान राजस्व और पूंजीगत, दोनों के कुल योजना व्यय का 89 प्रतिशत भाग (1) कृषि, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण; (2) सामाजिक सेवाओं; (3) ऊर्जा तथा (4) परिवहन पर हुआ है। लेकिन कृषि तथा सहवर्ती सेवाओं और सामाजिक सेवाओं में भी बिहार ने पूरे देश की अपेक्षा कुल योजना व्यय के अधिक बड़े हिस्से का व्यय किया था। इसने बिजली पर पूरे देश की अपेक्षा कुल व्यय का कम हिस्सा खर्च किया था। ऊर्जा पर इसके व्यय का लगभग 45 प्रतिशत भाग योजनागत प्रयोजनों के लिए था, मुख्यत: राज्य की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के लिए। ग्यारहवीं योजना के दौरान परिवहन पर कुल योजना व्यय का 18

प्रतिशत खर्च हुआ जो दसवीं योजना से 5 प्रतिशत अधिक है। वहीं सामाजिक सेवाओं पर कुल योजना व्यय का 41 प्रतिशत भाग खर्च हुआ जो दसवीं योजना से 4 प्रतिशत अधिक है। लेकिन कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियों को छोड़कर (जिसमें ग्रामीण विकास और बाढ़ नियंत्रण तथा सिंचाई शामिल है), जिसमें योजनागत धन में काफी गिरावट आई और इसका हिस्सा दसवीं योजना के 40 प्रतिशत से घटकर ग्यारहवीं योजना में 27 प्रतिशत रह गया, बिहार के लिए व्यय का ढांचा दोनों योजना अवधियों में पूरे देश की तरह लगभग समान ही रहा। बिहार में कुल योजनाधीन धन में उक्त चार क्षेत्रों का हिस्सा 92 प्रतिशत था जबकि पूरे देश के लिए यह 85 प्रतिशत था।

**तालिका 7.74 : कुल योजना परिव्यय की क्षेत्रगत संरचना : दसवीं और ग्यारहवीं योजना**

| क्षेत्र | दसवीं योजना | | ग्यारहवीं योजना | | बिहार के लिए वृद्धि/ कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| | भारत | बिहार | भारत | बिहार | |
| कृषि, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण | 20% | 40% | 19% | 27% | (-) 13% |
| सामाजिक सेवाएं | 23% | 33% | 31% | 41% | (+) 08% |
| ऊर्जा | 27% | 06% | 23% | 03% | (-) 03% |
| परिवहन | 15% | 13% | 16% | 18% | (+) 05% |
| योग | **85%** | **92%** | **89%** | **89%** | **(-) 03%** |

तालिका 7.75 क में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बिहार का वास्तविक परिव्यय और 2010-11 में प्रस्तावित परिव्यय दर्शाया गया है। इन चार वर्षों में राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में योजना व्यय के बतौर लगभग 64,000 करोड़ रु. खर्च करेगी और उससे थोड़ा अधिक गैर-योजना व्यय पर - लगभग 65,000 करोड़ रु.। तालिका में देखा जा सकता है कि सामाजिक सेवाओं पर योजना व्यय में इन वर्षों के दौरान लगातार वृद्धि हुई है और चार वर्षों में यह लगभग तिगुना हो गया है। यह शिक्षा और स्वास्थ्य पर राज्य सरकार द्वारा भारी व्यय के कारण है क्योंकि इन क्षेत्रों में सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति बहुत खराब थी। इनके बाद राज्य सरकार परिवहन पर 11,000 करोड़ रु. से भी अधिक खर्च करेगी जिसका कारण राज्य में परिवहन अधिसंरचना की काफी बुरी स्थिति है। ग्यारहवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान राज्य सरकार के योजना व्यय के उनके बाद बड़े हिस्से - लगभग 11,000 करोड़ रु. पर पर ग्रामीण विकास का दावा बना। ग्यारहवीं योजना के दौरान कुल योजना व्यय के 97 प्रतिशत हिस्से पर सामाजिक और आर्थिक सेवाओं का संयुक्त दावा बना जो अप्रत्याशित नहीं था। 2006-07 के मूल्य पर ग्यारहवीं योजना का कुल परिव्यय 1,66,593 करोड़ रु. था जिसमें से राज्य सरकार का हिस्सा 58,310 करोड़ रु. (35 प्रतिशत) था और शेष निजी क्षेत्र के लिए निर्धारित था।

**तालिका 7.75 क : ग्यारहवीं योजना के दौरान विभिन्न क्षेत्रों का योजना परिव्यय**

(करोड़ रु.)

| क्षेत्र | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 ब.अ. | योग | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **ग्यारहवीं योजना (2007-20012) (आंकड़े करोड़ रु. में)** | | | | | | |
| **कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियां** | 293 | 865 | 651 | 1020 | 2829 | 4 |
| **ग्रामीण विकास** | 2579 | 2738 | 2825 | 2791 | 10933 | 17 |
| **विशेष क्षेत्र कार्यक्रम** | 65 | 32 | 73 | 90 | 260 | 0 |
| **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण** | 413 | 705 | 1357 | 1338 | 3813 | 6 |
| **ऊर्जा** | 358 | 840 | 1007 | 894 | 1799 | 3 |
| **उद्योग एवं खनिज** | 408 | 510 | 509 | 668 | 2004 | 3 |
| **परिवहन** | 2305 | 2474 | 3265 | 3592 | 11420 | 18 |
| **आर्थिक सेवाएं** | 7086 | 8700 | 9772 | 11722 | 35618 | 56 |
| **सामाजिक सेवाएं** | 3592 | 4976 | 6256 | 11082 | 25906 | 41 |
| **सामान्य सेवाएं** | 408 | 425 | 568 | 738 | 2139 | 3 |
| **योग**[24] | **10908** | **13815** | **16194** | **24076** | **63663** | **100** |

तालिका 7.75 ख में दसवीं योजना के दौरान बिहार में विभिन्न क्षेत्रों का वास्तविक परिव्यय दर्शाया गया है। देखा जा सकता है कि दसवीं योजनावधि में भी विभिन्न क्षेत्रों के बीच योजना व्यय का वितरण बहुत अलग नहीं था। कुल योजना राशि के 90 प्रतिशत से भी अधिक हिस्से पर उक्त चारो क्षेत्रों का संयुक्त रूप से कब्जा था।

[24] योग के आंकड़ों में वित्तीय लेखा में विभिन्न योजना शीर्षों के तहत दर्ज वास्तविक व्यय के आंकड़ों से थोड़ा अंतर है लेकिन यह बहुत मायने नहीं रखता जैसा कि नीचे दिखाया गया है :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| योग | 11086 | 14101 | 16596 | 23542 | 63663 |
| वित्तीय लेखा के अनुसार वास्तविक योजना व्यय | 10908 | 13815 | 16194 | 24076 | 64993 |
| अंतर | -178 | -286 | -402 | 534 | -332 |
| अंतर का प्रतिशत | -1.63 | -2.07 | -2.48 | 2.22 | -0.51 |

ये अंतर विभिन्न सेवाओं में योजना व्यय और गैर-योजना भागों के व्यय के बीच संशोधन-समाधान न होने के कारण हैं।

**तालिका 7.75 ख : दसवीं योजना के दौरान विभिन्न क्षेत्रों का योजना परिव्यय**

(करोड़ रु.)

| क्षेत्र | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | योग | प्रतिशत हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दसवीं योजना (2002-2007) (आंकड़े करोड़ रु. में)** | | | | | | | |
| **कृषि एवं सहवर्ती गतिविधियां** | 86 | 85 | 235 | 353 | 323 | 890 | 4 |
| **ग्रामीण विकास** | 956 | 760 | 843 | 922 | 2078 | 5559 | 25 |
| **विशेष क्षेत्र कार्यक्रम** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण** | 364 | 557 | 631 | 761 | 106 | 2419 | 11 |
| **ऊर्जा** | 667 | 2794 | 1099 | 2038 | 560 | 1343 | 6 |
| **उद्योग एवं खनिज** | 27 | 20 | 26 | 102 | 544 | 580 | 3 |
| **परिवहन** | 114 | 64 | 147 | 277 | 2305 | 2882 | 13 |
| **आर्थिक सेवाएं** | 2253 | 4298 | 3027 | 4498 | 5908 | 13779 | 62 |
| **सामाजिक सेवाएं** | 709 | 795 | 1071 | 1735 | 2971 | 7247 | 33 |
| **सामान्य सेवाएं** | 33 | 25 | 213 | 470 | 519 | 1260 | 6 |
| **योग** | **2995** | **5118** | **4311** | **6703** | **9398** | **22286** | **100** |

सारतः, देखा जा सकता है कि योजना व्यय का फोकस दोनों ही योजनाओं के दौरान सामाजिक और आर्थिक सेवाओं पर रहा है। आर्थिक सेवाओं में ध्यान कृषि, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, ऊर्जा तथा परिवहन के क्षेत्र में रहा है। ग्यारहवीं योजना में कृषि पर दसवीं योजना की अपेक्षा कम जोर है। सामाजिक तथा भौतिक अधिसंरचना के विकास को दोनों ही योजनाओं में सर्वाधिक महत्व दिया गया है। योजना व्यय का समग्र पैटर्न योजनाओं के राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप ही है। योजना व्यय हेतु वित्तपोषण के स्रोत पाने की बात करें, तो राज्य ग्यारहवीं योजना में दसवीं योजना की अपेक्षा काफी अधिक आत्मनिर्भर है।

### 7.25 वर्ष 2010-11 हेतु योजना एवं विकास विभाग की योजनाएं

1. योजना व्यय का आकार : वित्तवर्ष 2010-11 के लिए राज्य का योजना परिव्यय 20,000 करोड़ रु. रहा है। इसका आकार 2009-10 के परिव्यय 14,404.65 करोड़ रु. से 38.84 प्रतिशत अधिक है।

2. क्षेत्रवार परिव्यय आबंटन : वित्तवर्ष 2010-11 के वास्तविक राज्य योजना परिव्यय 20,000 करोड़ रु. में से 35.78 प्रतिशत समाजिक सेवाओं को, 22.61 प्रतिशत परिवहन व्यवस्था को, 10.32 प्रतिशत सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण को, 4.99 प्रतिशत ग्रामीण विकास सेवाओं को, और 8.41 प्रतिशत विद्युत क्षेत्र को आबंटित करके उन्हे प्राथमिकता दी गई है।

3. विशेष घटक योजना : वर्ष 2010-11 में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति आबादी के लिए कुल 3,597. 61 करोड़ रु. निर्धारित किए गए हैं जो वर्ष हेतु कुल परिव्यय का 17.09 प्रतिशत है।

4. <u>राष्ट्रीय सम विकास योजना (जिला)</u> : राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत राज्य के 21 पिछड़े जिलों को शामिल किया गया है। ये जिले हैं – गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, पटना, नालंदा, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, शिवहर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, जमुई और लखीसराय। इसके तहत प्रत्येक जिले के लिए 45 करोड़ रु. के हिसाब से कुल 945 करोड़ रु. अनुमोदित किए गए हैं और कुल 11,104 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 945 करोड़ रु. जिलों को आबंटित कर दिए गए हैं जिसके बरअक्स उन जिलों द्वारा 10,670 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिनमें से 8,536 पूरी हो गई हैं और शेष पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं। इन योजनाओं पर वास्तविक व्यय 784.23 करोड़ रु. है।

5. <u>मुख्यमंत्री जिला विकास योजना</u> : राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत चयनित 21 जिलों के अलावा, शेष 17 जिलों में राष्ट्रीय सम विकास योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री जिला विकास योजना की शुरुआत की गई है। ये जिले हैं – अरवल, बक्सर, पूर्व चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, सारण, सीवान, गोपालगंज, सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज, भागलपुर, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, और शेखपुरा। इस योजना के तहत 30 करोड़ रु. प्रति जिला के हिसाब से 510 करोड़ रु. व्यय की 4,473 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। बहरहाल, राज्य सरकार ने जिलों को 480 करोड़ रु. ही आबंटित किए हैं। कुल 4,132 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिनमें से 2,961 पूरी हो चुकी हैं और 1,171 पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं।

6. <u>राष्ट्रीय सम विकास योजना (विशेष योजना)</u> : केंद्र सरकार की शत–प्रतिशत सहायता से 9,234.86 करोड़ रु. के व्यय से राष्ट्रीय सम विकास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत मुख्यत: मुजफ्फरपुर और बरौनी ताप विद्युत केंद्रों का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण, उप–संचरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरणत तथा 2034.04 किमी राज्य उच्चपथों का विकास एवं सुदृढ़ीकरण शामिल है।

7. <u>सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम</u> : वर्ष 1999–2000 से इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के 7 सीमावर्ती जिलों – पश्चिम चंपारण, पूर्व चंपारण, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया और किशनगंज के 31 सीमावर्ती प्रखंडों में किया जा रहा है। इस योजना के तहत 2010–11 के लिए 3,715.00 लाख रु. का परिव्यय रखा गया है जिसके बरअक्स पहली किश्त के रूप में 2,876.66 लाख रु. का आबंटन प्राप्त हो चुका है। भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर रहने वाले लोगों की जीवनशैली में सुधार के लिए अनेक अन्य योजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं।

8. <u>योजना विभाग की अनुश्रवण प्रणाली</u> : योजनाओं की प्रगति के आकलन के लिए अनुश्रवण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के अलावा प्रत्येक विभाग के लिए नोडल अधिकारी के नाम भी तय कर दिए गए हैं। योजनाओं का अनुमोदन और मासिक व्यय का आकलन नोडल अधिकारियों की मासिक बैठकों में किया जाता है। वर्तमान वित्तवर्ष में अक्तूबर 2010 तक, योजना शीर्ष के तहत कुल 8,505.19 करोड़ रु. खर्च हुए हैं।

9. <u>आपकी सरकार आपके द्वार</u> : आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य के 8 जिलों के 25 प्रखंडों और 65 पंचायतों के लिए लिया गया है जिसके लिए दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके सफल क्रियान्वयन

के लिए एक कोषांग का भी गठन किया गया है। इस कार्य का मूल्यनिरूपण मुख्य सचिव के स्तर से किया जा रहा है।

10- <u>कोशी पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण योजनाओं की वर्तमान स्थिति</u> : कोशी आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में आवासों के निर्माण हेतु एक सामान्य दिशानिर्देश तैयार किया है और उसकी प्रतियां संबंधित जिला समाहर्ताओं को भेज दी गई हैं।

(i) पहले चरण में 30 हजार आवासों के पुनर्निर्माण हेतु 2009-10 में निम्नलिखित राशि का आबंटन किया गया है।

(राशि लाख रु. में)

| जिला | आबंटित राशि |
|---|---|
| मधेपुरा | 3861.40 |
| सुपौल | 6098.70 |
| सहरसा | 1130.00 |
| योग | 11090.10 |

(ii) संबंधित जिलों में आवासों के निर्माण में ओनर ड्राइवेन रिकंस्ट्रक्शन कॉलेबरेटिव (ओआरडीसी) द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।

(iii) कुशहा तटबंध के टूटने से आई प्रयलंकारी आपदा में क्षतिग्रस्त बुनियादी अधिसंरचना के पुनर्निर्माण हेतु विश्व बैंक द्वारा 22 करोड़ अमेरिकन डॉलर ऋण देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। विश्व बैंक के प्रस्ताव के आलोक में बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी का गठन किया गया है। विश्व बैंक से प्राप्त होने वाली उक्त राशि का उपयोग बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी के माध्यम से निम्नलिखित क्षेत्र की योजनाओं में करने का प्रस्ताव है :

| क्षेत्र | राशि | |
|---|---|---|
| | करोड़ डॉलर | करोड़ रु. |
| (क) आवास निर्माण | 6 | 240 |
| (ख) सड़क एवं पुल | 7 | 280 |
| (ग) जीविका | 3 | 120 |
| (घ) बाढ़ प्रबंधन | 3 | 120 |
| (च) तकनीकी सहायता तथा परियोनजा प्रबंधन | 1 | 40 |

11. <u>यू.आइ.डी.</u>

- केंद्र सरकार द्वारा भारत के प्रत्येक  निवासी के लिए अलग पहचान संख्या निर्गत करने की योजना शुरू की गई है।
- विशेष पहचान पत्र उपलब्ध कराने से गरीबों के लिए चलाए जा रहे सरकारी कार्यक्रमों की कमियां दूर होंगी और सब्सिडी तथा अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ सही लोगों तक पहुंचेगा।
- इससे गरीबों और अलग-थलग पड़े लोगों को सशक्त बनाने तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- केंद्र सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु यूनिक आइडेंटिफिकेशन ऑथरिटी ऑफ इंडिया (यू. आइ.डी.ए.आइ.) का गठन किया गया है।
- राज्य सरकार द्वारा यू.आइ.डी. योजना के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय परामर्शी पर्षद का गठन किया गया है।
- योजना एवं विकास विभाग राज्यस्तरीय परामर्शी पर्षद का नोडल विभाग है।
- ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास को निबंधक बनाया जाना प्रस्तावित है।

11. <u>स्वैच्छिक क्षेत्र नीति - 2010</u>

(i) स्वैच्छिक क्षेत्र के प्रोत्साहन-सशक्तीकरण तथा उसे स्वतंत्र, प्राधिकृत, सृजनशील तथा प्रभावशाली बनाने के लिए योजना एवं विकास विभाग द्वारा स्वैच्छिक क्षेत्र नीति - 2010 का प्रारूप तैयार किया गया है।

(ii) स्वैच्छिक नीति का क्षेत्र :

- स्वैच्छिक संगठन जन सेवा से संबंधित संगठन हैं।
- स्वैच्छिक संगठन राजनीतिक दलों से संबंधित नहीं होते हैं।
- ये औपचारिक तथा अनौपचारिक समूहों के संगठन होते हैं।

(iii) स्वैच्छिक संस्थानों की विशेषताएं :

- स्वैच्छिक संगठन सरकार से अलग तथा निजी संगठन होते हैं।
- इनका मकसद लाभ अर्जित करना नहीं होता है।
- ये स्वशासी संगठन होते हैं हालांकि सरकार द्वारा भी इनका नियंत्रण किया जा सकता है।

<u>चुनौतियां</u>

- सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण
- सीमा क्षेत्र विकास के तहत बेसलाइन सर्वेक्षण
- विश्व बैंक की परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन
- रिक्त पदों को भरना
- जिला योजना का निर्माण
- फसल सांख्यिकी का संकलन
- जन्म-मृत्यु का निबंधन

## 7.26 तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसाएं[25]

### विभाज्य करों के केंद्रीय पुल से संसाधनों की सुपुर्दगी

तेरहवें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है जिसे केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार भी कर लिया गया है। अन्य वित्त आयोगों की तरह इसके सामने भी सबसे बड़ा कार्यभार संविधान के अनुच्छेद 280 (3)(क) के अंतर्गत केंद्र और राज्यों के बीच शुद्ध प्राप्ति का उदग्र वितरण और उन प्राप्तियों का राज्यों के बीच क्षैतिज वितरण था। इस बात का अवश्य उल्लेख किया जाना चाहिए कि केंद्रीय करों से विभाज्य पूल में होने वाली शुद्ध प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा केंद्र से राज्यों को संसाधनों की सुपुर्दगी का सबसे महत्वपूर्ण तंत्र है। बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित कुल अंतरणों में अकेले इस सुपुर्दगी का हिस्सा कुल अंतरणों के 80 प्रतिशत से अधिक था। ग्यारहवें वित्त आयोग के मामले में तो यह आंकड़ा और भी अधिक (86.5 प्रतिशत) था। कर सुपुर्दगी के मामले में तेरहवें वित्त आयोग के सामने दुहरा कार्यभार था :

(क) आय कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क तथा कुछ खास वस्तुओं पर लगने वाले अतिरिक्त कर और उत्पाद शुल्क के संग्रहण से निर्मित करों के विभाज्य पूल में केंद्र और राज्यों के हिस्से का निर्णय करना।

(ख) राज्यों के असंतुलन और बीच विषमता की समाप्ति के समग्र उद्देश्य से राज्यों द्वारा वित्तीय अनुशासन और सुधरे प्रदर्शन को बनाए रखने की जरूरत से समझौता किए बिना राज्यों के हिस्से के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच विभाजन के लिए सूत्र विहित करना।

आयोग के समक्ष मौजूद अन्य कार्यभार थे (1) वे सिद्धांत विहित करना जो संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत भारत की संचित निधि से राज्यों को संसाधनों के सहायता अनुदान को और जरूरतमंद राज्यों को सहायता अनुदान के जरिए दी जाने वाली राशि को देने प्रबंधित करे; (2) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई अनुशंसाओं के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं को संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्यों को अपनी संचित निधि में वृद्धि के लिए आवश्यक उपाय बताना। आयोग को बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर केंद्र द्वारा 2005-10 की अवधि के लिए शुरू की गई राज्यों की ऋण समेकन तथा राहत सुविधा के संचालन को ध्यान में रखकर केंद्र और राज्यों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा भी करनी थी। और अंत में, उसे न्यायपूर्ण विकास के अनुरूप स्थिर तथा टिकाऊ राजकोषीय वातावरण बनाए रखने के उपाय भी सुझाने थे।

अनुशंसाएं करने में आयोग को केंद्र सरकार के संसाधनों की मांगों पर भी विचार करना था, खास कर केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं के लिए सकल बजटीय सहायता, नागरिक प्रशासन, प्रतिरक्षा, आंतरिक एवं सीमा सुरक्षा, ऋण-सेवा तथा अन्य कार्यार्पित व्यय एवं देनदारियों पर व्यय के साथ-साथ राज्यों के संसाधनों पर भी। केंद्र के मामले में कर : सकल घरेलू उत्पाद में और राज्यों के मामले में कर : सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सुधार के लिए तेरहवें वित्त आयोग को केंद्र सरकार तथा प्रत्येक राज्य सरकार के कराधान प्रयासों तथा अतिरिक्त संसाधन जुटाने की संभावना पर भी विचार करना था। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तेरहवें वित्त आयोग को 1 अप्रील, 2010 से लागू होने वाले प्रस्तावित वस्तु एवं सेवा कर के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया था जिसमें देश के

[25] यह खंड तेरहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है। इस खंड में प्रयुक्त सारे आंकड़े और तथ्य इसी से लिए गए हैं।

विदेशी व्यापार पर उसके प्रभाव का मूल्यांकन भी शामिल था। तेरहवें वित्त आयोग को सौंपे गए अन्य मामले थे : बेहतर परिणामों और उत्पादों की प्राप्ति के लिए सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत; टिकाऊ विकास के अनुरूप पारिस्थितिकी, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रबंधन की जरूरत; पूंजीगत परिसंपत्तियों के रखरखाव और उन्नयन के गैर-वेतन घटक पर व्यय और अंत में, सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, विभागीय उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के उपभोग शुल्क लगाने और दक्षतावृद्धि के उपाय अपनाने सहित विविध उपायों के जरिए व्यावसायिक सक्षमता सुनिश्चित करने की जरूरत।

वर्तमान विश्लेषण का उद्देश्य आयोग की मुख्य्य अनुशंसाओं और बिहार के लोक वित्त पर उसके संभावित प्रभाव को रेखांकित करना है। इसमें विश्लेषण कर सुपुर्दगी, संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत सहायता अनुदान तथा राज्यों और केंद्र के ऋण प्रबंधन संबंधी अनुशंसाओं से संबंधित तीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों तक सीमित रहेगा।

राज्यों के द्वारा किए गए निवेदन पर विचार करने के बाद तेरहवां वित्त आयोग निष्कर्ष पर पहुंचा कि उदग्र सुपुर्दगी को केंद्र और राज्यों की राजस्व जुटाने की क्षमता के साथ-साथ व्यय संबंधी प्रतिबद्धताओं के कारण राज्यों के सामने उभरते दबाव द्वारा निर्देशित होना चाहिए। यह ज्ञात तथ्य है कि राज्यों के करों की तुलना में केंद्रीय करों की उत्फुल्लता हमेशा अधिक रही है। वर्ष 2000 से 2008 की अवधि में केंद्र और राज्य के करों की उत्फुल्लता के आंकड़े क्रमशः 1.49 और 1.18 थे। इसके अलावा, केंद्र को एक लाभ यह भी है कि वह राजस्व वृद्धि हेतु उप-कर (सेस) और अधिभार (सरचार्ज) लगा सकता है लेकिन राज्यों के पास यह व्यवस्था उपलब्ध नहीं होती है। केंद्र के सकल कर राजस्व में उप-कर और अधिभार का हिस्सा 2001-02 के 3.51 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 13.63 प्रतिशत हो गया था। इसका सुपुर्दगी ढांचे पर विपरीत प्रभाव पड़ा था क्योंकि उप-कर और अधिभार का राज्यों के साथ बंटवारा नहीं होता है।

दरअसल केंद्र की वित्तीय स्थिति इतनी सुदृढ़ कभी भी नहीं थी। उसका गैर-कर राजस्व बहुत महत्वपूर्ण ढंग से बढ़ा है - अकेले दूरसंचार क्षेत्र के कारण 2001 से 2008 के बीच 18,000 करोड़ रु. से भी ज्यादा। चूंकि अधिक सेवाओं को करों के दायरे में लाया जा रहा था, इसलिए इनसे होने वाली प्राप्तियों के कारण केंद्र को अपनी वित्त व्यवस्था के प्रबंधन में अप्रत्याशित ताकत मिली थी। वहीं, राज्यों की कार्यार्पित देनदारियां अतिरिक्त कराधान से उनके राजस्वों में तदनुरूप वृद्धि के बिना ही लगातार बढ़ती रही हैं। हालांकि केंद्र प्रायोजित योजनाएं मुख्यतः केंद्र द्वारा वित्तपोषित होती हैं, लेकिन उनकी बढ़ती संख्या से उनके खर्च में अंशदान करने, अधिसंरचना में सहायता के प्रावधान और अन्य कार्यार्पित देनदारियों के कारण राज्यों की व्यय प्रतिबद्धता काफी बढ़ जाती है। इसके अलावा, जैसा कि ग्यारहवें वित्त आयोग के दस्तावेज में जोर दिया गया है, राज्यों को पर्यावरण रक्षा के लिए अच्छी-खासी रकम खर्च करनी होगी। पर्यावरण अवशिष्ट केंद्रीय विषय है और उसके समुचित रखरखाव की जवाबदेही समान रूप से सभी स्तर के सरकारों की है। इससे राज्यों के पहले से ही कम संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है।

बारहवें वित्त आयोग ने राज्यों के लिए शुद्ध केंद्रीय करों में 30.5 प्रतिशत हिस्से की अनुशंसा की थी। हालांकि वस्त्र, तंबाकू और चीनी के मामले में कर लगान समझौता (टैक्स रेंटल एॅग्रीमेंट) के समापन की स्थिति में इस

हिस्से को कम होकर 29.5 प्रतिशत ही हो जाना था जबकि इन वस्तुओं को करों के विभाज्य पूल का ही हिस्सा समझा जाता था। सभी प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करते हुए, तेरहवें वित्त आयोग ने विभाज्य करों की शुद्ध प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा 30.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32.0 प्रतिशत करने की अनुशंसा की। केंद्र की सुधरी वित्तीय स्थिति को देखते हुए इससे उस पर कोई बोझ बढ़ने की आशंका नहीं है।

बारहवें वित्त आयोग द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुति के बाद से केंद्र द्वारा बिक्री कर के बदले अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने के मामले में स्थिति बदल गई है। अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विशेष महत्वपूर्ण वस्तु) अधिनियम, 1957 के तहत आने वाली सभी वस्तुओं को 1 मार्च 2006 से अधिनियम के अंतर्गत शुल्क भुगतान से मुक्त कर दिया गया है। इस छूट के बाद केंद्र ने सिगरेट, बीड़ी और चीनी की मूल उत्पाद शुल्क दरों में भी उपयुक्त समंजन किया है। कर लगान समझौता के अंतर्गत शामिल तीनों वस्तुएं - वस्त्र, तंबाकू और चीनी - केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 के तहत घोषित वस्तुओं की सूची में अभी भी शामिल हैं। अतएव राज्य अगर इन वस्तुओं पर मूल्यवर्धित कर लगाना चाहें तो उस स्थिति में इसके कारण विहित दरों पर ही कर लगाना राज्यों के लिए बाध्यकारी हो जाता है। वित्त मंत्रालय ने इंगित किया है कि शुद्ध केंद्रीय कर राजस्व में राज्यों के हिस्से की विमुक्ति बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित 30.5 प्रतिशत हिस्से के साथ संगतिपूर्ण है। तेरहवें वित्त आयोग ने विभाज्य शुद्ध केंद्रीय कर राजस्व में राज्यों के लिए अनुशंसित 32 प्रतिशत हिस्से के किसी अंश को बिक्री कर की जगह अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने योग्य निर्धारित नहीं किया है और इन वस्तुओं पर मूल्यवर्धित कर लगाने से राज्य के हिस्से में किसी कमी की अनुशंसा नहीं की है।

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार सेवा कर को करों के विभाज्य पूल का अंग माना जाना था। तेरहवें वित्त आयोग ने तर्क दिया कि संविधान के 88वें संशोधन के अनुसार सेवा कर लगाने की शक्ति केंद्र में निहित है और केंद्र तथा राज्यों के बीच उसका विभाजन संसद द्वारा तय सिंद्धांत के अनुसार होगा। लेकिन निकट भविष्य में प्रस्तावित वस्तु एवं सेवा कर लगाने के लिहाज से संसद द्वारा ऐसा कोई नियम बनाने की संभावना नहीं है। अतएव तेरहवें वित्त आयोग ने बारहवें वित्त आयोग की इस अनुशंसा को दरकिनार कर दिया कि वस्तु एवं सेवा कर के तहत किसी राज्य का राजस्व प्रोद्‌भवन उस हिस्से से कम नहीं होना चाहिए जो पूरे सेवा कर के करों के विभाज्य पूल का हिस्सा होने पर होता। हालांकि, तेरहवें वित्त आयोग ने उप-कर और अधिभार को विभाज्य पूल में शामिल करने राज्यों की मांग अस्वीकार कर दी थी। संविधान के अनुच्छेद 270 के अंतर्गत करों एवं शुल्कों पर लगे अधिभार तथा विशेष प्रयोजनों से लगाए गए उप-कर को विभाज्य पूल का हिस्सा नहीं माना गया था। हालांकि आयोग ने अनुशंसा की कि कुल कर राजस्व में हिस्से में कमी के लिहाज से केंद्र वर्तमान अधिभारों और उप-करों की समीक्षा करे और आशा की कि वस्तु एवं सेवा कर की शुरुआत से अधिकांश उप-कर और अधिभार केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर की मूल दर के अंदर समाहित हो जाएंगे।

क्षैतिज सुपुर्दगी को निर्देशित करने वाले सिद्धांतों के बारे में उसने उल्लेख किया था कि हालिया वित्त आयोगों ने राज्यों के बीच कर सुपुर्दगी की अनुशंसा करते समय समता और कार्यकुशलता का दो निर्देशक सिद्धांतों के बतौर उपयोग किया था। समता का सिद्धांत राज्यों के बीच राजस्व जुटाने की क्षमता में अंतर और मूल्यजनित अक्षमताओं

की समस्या से निपटता है, वहीं कार्यकुशलता का सिद्धांत राज्यों को अपने राजस्व आधार के दोहन और राजकोषीय क्रियाओं के किफायती प्रबंधन हेतु प्रेरित करने का प्रयास करता है। इन दोनों सिद्धांतों के संयोग को काफी स्वीकार्यता मिली है और तेरहवें वित्त आयोग ने भी राज्यों के बीच क्षैतिज हिस्सेदारी की अनुशंसा में इन सिद्धांतों का उपयोग किया है। अतएव मुद्दा यह था कि इन सिद्धांतों के प्रतिनिधित्व का उपयुक्त मापदंड कैसे चुना जाय।

बारहवें वित्त आयोग के अनुसार कर सुपुर्दगी में हर राज्य के हिस्से के लिए सूत्र तय करने में जनसंख्या को 25 प्रतिशत, प्रति व्यक्ति आय में दूरियों को 50 प्रतिशत, क्षेत्रफल को 10 प्रतिशत तथा कर प्रयास और वित्तीय अनुशासन को 7.5-7.5 प्रतिशत भार दिया गया था। दो मापदंडों के मामले में बारहवें और तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं में कोई अंतर नहीं है - जनसंख्या और क्षेत्रफल। हालांकि बारहवें वित्त आयोग द्वारा प्रयुक्त प्रति व्यक्ति आय में दूरी के मापदंड की बात करें, तो इस तथ्य को देखते हुए कि 2004 से 2007 के बीच औसत तुलनात्मक प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आधार पर देश के सर्वाधिक और न्यूनतम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों के बीच प्रति व्यक्ति आय के मामले में 10 : 1 का फासला है, तेरहवें वित्त आयोग ने महसूस किया कि छठे वित्त आयोग के समय से हर वित्त आयोग द्वारा चिन्हित सापेक्ष राजकोषीय आवश्यकताओं के निर्धारण में समता के घटक पर बल देना निहायत जरूरी है। यह था यह सुनिश्चत करना कि सभी राज्यों के पास तर्कसंगत और तुलनात्मक स्तर के करों के जरिए अपने राज्यवासियों को तुलनात्मक स्तर की सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने की राजकोषीय क्षमता हो और यह भी कि राज्यों के बीच राजकोषीय आधार पर प्रेरित प्रवास कम से कम हो। लेकिन खुद समता के इसी घटक से न तो राज्यों के बीच सार्वजनिक सेवा प्रदान में एकरूपता की गारंटी होती है, न उनके कर प्रयासों में। बारहवें वित्त आयोग द्वारा प्रयुक्त आय में अंतर का मापदंड राज्यों के बीच कर क्षमता में अंतर का परोक्षी (प्रॉक्सी) है। इससे राज्यों के बीच राजकोषीय क्षमता में दूरी को निर्धारित करने के लिए एक अकेला अनुपात - सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ कर का अनुपात निकल आता है। इसकी बजाय तेरहवें वित्त आयोग ने कर क्षमता को मापने के लिए सामान्य श्रेणी के राज्यों और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए अलग-अलग औसतों की अनुशंसा की। उसके अनुसार अकेले औसत से इन दो प्रकार के राज्य समूहों के बीच राजकोषीय अंतर वास्तव में पकड़ में नहीं आता था।

कर सुपुर्दगी हेतु मापदंड के बतौर राजकोषीय अनुशासन का उपयोग दो पूर्ववर्ती आयोगों द्वारा किया गया था और दोनों ने ही इस मापदंड को 7.5 प्रतिशत भार दिया था। बहरहाल तेरहवें वित्त आयोग ने भी इस मापदंड को जारी रखा और राजकोषीय अनुशासन सूचकांक निकालने के लिए 2005-06 से 2007-08 को संदर्भ वर्ष तथा 2001-02 और 2003-04 को आधार वर्ष के रूप में लिया। राज्य की अपनी कर प्राप्तियों में उसका अपना कर राजस्व भी शामिल होता है इसलिए राजकोषीय अनुशासन का यह मापदंड राज्यों के कर प्रयास को भी पकड़ में रखता है। अतएव तेरहवें वित्त आयोग ने अलग मापदंड के बतौर कर प्रयास के उपयोग को समाप्त कर दिया। बारहवें वित्त आयोग द्वारा राजकोषीय अनुशासन और कर प्रयास के लिए संयुक्त रूप से 15 प्रतिशत भार दिया गया। तेरहवें वित्त आयोग बेहतर राजकोषीय चातुर्य वाले राज्यों को प्रोत्साहित करना चाहता था इसलिए उसने इस मापदंड को 17.5 प्रतिशत का अपेक्षाकृत अधिक भार दिया। इसकी अनुशंसाओं को नीचे की तालिका 7.76 और 7.77 में दर्शाया गया है।

**तालिका 7.76 : कर सुपुर्दगी हेतु मापदंड और भार**

| **मापदंड** | **भार** |
|---|---|
| 1. जनसंख्या (1971) | 25.0 |
| 2. क्षेत्रफल | 10.0 |
| 3. वित्तीय क्षमता संबंधी दूरी | 47.5 |
| 4. राजकोषीय अनुशासन | 17.5 |

**तालिका 7.77 : राज्यों के बीच हिस्सा**

| राज्य | हिस्सा (%) | सेवा कर का हिस्सा (%) | औसत सुपुर्दगी सकल राज्य घरेलू उत्पाद के % में |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 6.937 | 7.047 | 0.54 |
| असम | 3.628 | 3.685 | 2.63 |
| बिहार | 10.917 | 11.089 | 5.87 |
| छत्तीसगढ़ | 2.470 | 2.509 | 0.92 |
| गुजरात | 3.041 | 3.089 | 0.04 |
| हरियाणा | 1.048 | 1.064 | 0.17 |
| हिमाचल प्रदेश | 0.781 | 0.793 | 1.74 |
| झारखंड | 2.802 | 2.846 | 0.29 |
| कर्नाटक | 4.328 | 4.397 | 0.48 |
| केरल | 2.341 | 2.378 | 0.19 |
| मध्य प्रदेश | 7.120 | 7.232 | 3.01 |
| महाराष्ट्र | 5.199 | 5.281 | 0.32 |
| मणिपुर | 0.451 | 0.458 | 5.68 |
| उड़ीसा | 4.779 | 4.855 | 1.04 |
| पंजाब | 1.389 | 1.411 | 0.70 |
| राजस्थान | 5.853 | 5.945 | 1.64 |
| तमिलनाडु | 4.969 | 5.047 | 0.51 |
| त्रिपुरा | 0.511 | 0.519 | 4.57 |
| उत्तरप्रदेश | 19.677 | 19.987 | 3.30 |
| उत्तराखंड | 1.120 | 1.138 | 1.95 |
| पश्चिम बंगाल | 7.264 | 7.379 | 0.85 |

यहां एक बात पर गौर करने की जरूरत है कि राज्यों के बीच करों के विभाज्य पूल से वितरण अलग-अलग राज्यों के संसाधनों को ध्यान में रखकर किया जाना है ताकि उनके बीच मौजूद विषमता को कम किया जा सके। भारत के 28 राज्यों में 2005-06 के मूल्य पर सबसे संपन्न राज्य गोवा की प्रति व्यक्ति आय 70,112 रु. है और सबसे गरीब राज्य बिहार की मात्र 7,875 रु.। इसी प्रकार, 2001 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 16.6 करोड़ है और सबसे कमी आबादी वाले राज्य सिक्किम की 5.4 लाख।

संविधान का अनुच्छेद 275 कम विकसित और अपने से राजस्व जुटाने की कम क्षमता वाले राज्यों को मदद करने की मंशा से विकसित है। ऐसे अंतरणों से कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों की अपनी सेवा प्रदान के स्तर में सुधार की क्षमता बढ़ती है और कितने चरणों में ऐसा किया जाना चाहिए, इनका निर्णय महज राजकोषीय स्थितियों पर विचार करने से ही नहीं हो सकता है। राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन को भी समुचित महत्व देने की जरूरत है। इसे ध्यान में रखकर तेरहवें वित्त आयोग ने विभिन्न राज्यों के लिए गैर-योजना अनुदानों के लिए अनुशंसा के कार्यभार पर विचार किया है।

**राज्यों को गैर-योजना अनुदान**

योजना आयोग और वित्त आयोग के कार्यों के बीच बंटवारा के लिहाज से देखें, तो वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित संसाधनों का अंतरण समानता के उद्देश्य को अंशत: ही पूरा कर सकता है क्योंकि योजना आयोग विकासजन्य आवश्यकताओं की देखरेख करता है और इस मकसद से योजना अनुदान देता है। अनुच्छेद 275 के अनुसार, वित्त आयोग की अधिकार सीमा में न तो योजनागत योजनाओं का राजस्व व्यय पूरा करने के लिहाज से अनुदान उपलब्ध कराना वर्जित है, न पूंजीगत प्रयोजनों के लिए अनुदान के संबध में कोई स्पष्ट रोक है। लेकिन सारे पूर्ववर्ती आयोगों ने इस बात पर टिके रहना पसंद किया है कि ऐसा करने से 'इस आयोग और योजना आयोग के बीच पूरा कार्यविभाजन ही अस्पष्ट हो जाएगा'। तेरहवां वित्त आयोग भी इस विचार से मौलिक रूप से नहीं हटा है।

वित्त आयोग अनुशंसित सभी अंतरणों में सहायता अनुदान बहुत महत्वपूर्ण घटक रहा है। बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदानों में इसका हिस्सा कुल अंतरण का 18.9 प्रतिशत था। अनुदानों से वित्त आयोगों को अनेक सूत्रों में प्रयुक्त मापदंडों से निरपेक्ष सुपुर्दगी के सूत्रों के कारण राज्यों द्वारा भुगती जा रही लागतजन्य अक्षमताओं को दूर करने में मदद मिलती है। तेरहवें वित्त आयोग ने कुल 3,18,581 करोड़ रु. के सहायता अनुदानों की कई श्रेणियों की अनुशंसा की है जो उसके द्वारा अनुशंसित कुल अंतरणों का 18.03 प्रतिशत है। आगे के अनुच्छेदों में इन अनुदानों पर एक-एक करके चर्चा की जाएगी। इन अनुदानों से संबंधित स्थिति का सारांश तालिका 7.78 में प्रस्तुत है।

**तालिका 7.78 : राज्यों के लिए अनुशंसित सहायता अनुदानों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | स्थानीय निकाय | | 87519 |
| II | आपदा राहत (क्षमता निर्माण हेतु सहित) | | 26373 |
| III | उत्तर-सुपुर्दगी गैर-योजना राजस्व घाटा | | 51800 |
| IV | प्रदर्शनजनित प्रोत्साहन | | 1500 |
| V | प्रारंभिक शिक्षा | | 24068 |
| VI | पर्यावरण | | 15000 |
| | (क) वन संरक्षण | 5000 | |
| | (ख) नवीकरणनीय ऊर्जा | 5000 | |
| | (ग) जल क्षेत्र प्रबंधन | 5000 | |
| VII | परिणामों में सुधार | | 14446 |
| | (क) शिशु मृत्यु दर में कमी | 5000 | |
| | (ख) न्याय दिलाने में सुधार | 5000 | |
| | (ग) यूआइडी जारी करने हेतु प्रोत्साहन | 2989 | |
| | (घ) जिला नवोन्मेष कोष | 616 | |
| | (च) राज्य और जिला स्तर पर सांख्यिकी प्रणाली में सुधार | 616 | |
| | (छ) कर्मचारी और पेंशन का आंकड़ा आधार | 225 | |
| VIII | सड़कों और पुलों का रखरखाव | | 19930 |
| IX | राज्य विशेषिक | | 27945 |
| X | वस्तु एवं सेवा कर मॉडल का क्रियान्वयन | | 50000 |
| | **योग** | | **318581** |

इन अनुदानों में से पहला है उत्तर-सुपुर्दगी गैर-योजना राजस्व घाटा (एनपीआरडी) अनुदान। कुल अनुदानों में इसका हिस्सा चौथे वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार अधिकतम 100 प्रतिशत और बारहवें वित्त आयोग के तहत न्यूनतम - लगभग 40 प्रतिशत थी। तेरहवें वित्त आयोग ने कुल अनुदानों में इसके 16.26 प्रतिशत हिस्से की अनुशंसा की है जो सभी आयोगों के बीच सबसे कम है। ऐसा राज्यों द्वारा लागू किए गए एफआरबीएम अधिनियमों के तहत अपनाए गए वित्तीय अनुशासन के कारण संभव हुआ है। हालांकि बिहार को इससे कोई अनुदान उपलब्ध नहीं होता था क्योंकि इसने अपने राजस्व लेखे से घाटा पूरी तरह समाप्त कर दिया था। तेरहवें वित्त आयोग ने प्रत्येक राज्य के राजस्व व्यय का मूल्यांकन करने के बाद उसके लिए सुपुर्दगी-पूर्व की स्थिति की गणना की थी और तब जाकर विभाज्य करों के केंद्रीय पूल में हर राज्य के हिस्से की अनुशंसा की थी। सुपुर्दगी-पूर्व की स्थिति, गैर-योजना राजस्व घाटा और केंद्रीय करों में हर राज्य के हिस्से के आधार पर तेरहवें वित्त आयोग ने 2010-11 से 2014-15 तक की अपनी कार्यावधि के हर वर्ष के लिए हर राज्य के सुपुर्दगी-पश्चात गैर-योजना राजस्व घाटे अथवा अधिशेष का अनुमान किया था।

जैसा कि तेरहवें वित्त आयोग ने पाया कि ''मानक आधार पर मूल्यांकित किसी राज्य का सुपुर्दगी–पश्चात गैर–योजना राजस्व घाटा उदग्र असंतुलन के अस्तित्व को दर्शाता है जिसे दुरुस्त और आवश्यकता का मूल्यांकन किया ही जाना है''। उसने यह सुनिश्चित करते हुए राजस्व व्यय का मानक आधार पर मूल्यांकन किया था कि मूल्यांकित घाटा राज्य द्वारा किए गए अपर्याप्त राजस्व प्रयास या अत्यधिक व्यय के कारण तो नहीं हुआ है। राजस्व सहायता अनुदान उन्हीं राज्यों को प्रदान किए गए हैं जिनको इस मूल्यांकित घाटा को पूरा करने के लिए सुपुर्दगी–पश्चात गैर–योजना राजस्व घाटा हुआ हो। दुर्भाग्यवश, बिहार के लिए यद्यपि हर वर्ष में सुपुर्दगी–पूर्व के चरण में तो गैर–योजना राजस्व घाटा था लेकिन इस आयोग की कार्यावधि में शामिल प्रत्येक वर्ष में गैर–योजना राजस्व लेखा में पर्याप्त अधिशेष था। तालिका 7.79 क और ख में बिहार के बरअक्स अन्य प्रमुख राज्यों की स्थिति दर्शाई गई है।

**तालिका 7.79 क : सुपुर्दगी-पूर्व गैर-योजना राजस्व घाटा/ अधिशेष ( - )**

(करोड़ रु.)

| राज्य | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | -8651 | -11839 | -6745 | -11137 | -16143 |
| असम | 7149 | 7211 | 9248 | 9298 | 9225 |
| बिहार | 14890 | 15399 | 18940 | 19659 | 20277 |
| छत्तीसगढ़ | -2129 | -2480 | -439 | -762 | -1160 |
| गुजरात | -8363 | -12149 | 12638 | -18245 | -24837 |
| हरियाणा | -13814 | -16394 | -17774 | -21235 | -25235 |
| हिमाचल प्रदेश | 3825 | 3923 | 4086 | 3912 | 3471 |
| झारखंड | 1013 | 683 | 2075 | 1615 | 1111 |
| कर्नाटक | -11099 | -14404 | -14597 | -19139 | -24652 |
| केरल | 4705 | 3967 | 4210 | 2826 | 1134 |
| मध्य प्रदेश | 2645 | 2331 | 4755 | 4353 | 3728 |
| महाराष्ट्र | -14325 | -19147 | -19617 | -26665 | -34702 |
| उड़ीसा | 4718 | 4617 | 6495 | 6364 | 6088 |
| पंजाब | 1214 | 546 | 372 | -739 | -2065 |
| राजस्थान | 3990 | 1480 | 1796 | 334 | -864 |
| तमिलनाडु | -6528 | -8452 | -7275 | -10135 | -13479 |
| उत्तरप्रदेश | 14903 | 14126 | 19758 | 18343 | 16485 |
| उत्तराखंड | 2129 | 2179 | 2940 | 2922 | 2703 |
| पश्चिम बंगाल | 14360 | 12687 | 13280 | 9908 | 5738 |
| **सकल घाटा** | **92864** | **87137** | **108771** | **101108** | **92071** |
| सकल अधिशेष | -65446 | -85630 | -79847 | -109140 | -144593 |
| **निवल घाटा** | **27417** | **1507** | **28924** | **-8032** | **-52522** |

**तालिका 7.79 ख : सुपुर्दगी-पश्चात गैर-योजना राजस्व घाटा/ अधिशेष ( - )**

(करोड़ रु.)

| राज्य | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | -22796 | -28430 | -26314 | -34221 | -43371 |
| असम | -248 | -1466 | -986 | -2774 | -5015 |
| बिहार | -7370 | -10710 | -11857 | -16668 | -22572 |
| छत्तीसगढ़ | -7166 | -8387 | -7407 | -8981 | -10855 |
| गुजरात | -14564 | -19422 | -21216 | -28364 | 36773 |
| हरियाणा | -15951 | -18900 | -20731 | -24722 | -29348 |
| हिमाचल प्रदेश | 2232 | 2055 | 1883 | 1313 | 406 |
| झारखंड | -4700 | -6015 | -5830 | -7709 | -9886 |
| कर्नाटक | -19924 | -24755 | -26806 | -33540 | -41640 |
| केरल | -69 | -1632 | -2394 | 4963 | -8055 |
| मध्य प्रदेश | -11872 | -14697 | 15330 | -19339 | -24218 |
| महाराष्ट्र | -24926 | -31581 | -34283 | -43964 | -55108 |
| उड़ीसा | -5026 | -6812 | -6986 | -9538 | -12670 |
| पंजाब | -1628 | -2776 | -3546 | -5361 | -7517 |
| राजस्थान | -7945 | -12518 | -14715 | -19142 | -23837 |
| तमिलनाडु | -16660 | -20336 | -21292 | -26669 | -32982 |
| उत्तरप्रदेश | -25219 | -32933 | -35751 | -47132 | -60747 |
| उत्तराखंड | -155 | -500 | -220 | -805 | -1693 |
| पश्चिम बंगाल | -452 | -4685 | -7212 | -14263 | -22773 |
| **सकल घाटा** | **11653** | **10808** | **11716** | **10074** | **7550** |
| सकल अधिशेष | -187814 | -248079 | -264441 | -350326 | -451942 |
| निवल घाटा | -176161 | -237271 | -252726 | -340252 | -444392 |

तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान का दूसरा भाग प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण के ध्येय की पूर्ति हेतु था जैसा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सूचित किया गया है। इस अनुदान का मकसद यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी राज्यों को इस अनुदान में हिस्सा मिले, इस क्षेत्र में वित्तपोषण हेतु राजस्व की कमी से निपटने में राज्यों की सहायता करना था।

तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदानों का तीसरा और चौथा सेट टिकाऊ विकास हेतु पारिस्थितिकी, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित अपने विचारार्थ विषय की पूर्ति से संबंधित है। अनुशंसा करने में आयोग ने कुछ अनुदानों को नवीकरणीय ऊर्जा, बेहतर जल क्षेत्र प्रबंधन, शिशु मृत्यु दर में कमी आदि विशिष्ट ध्येयों की पूर्ति के साथ जोड़ा है। पांचवां अनुदान सड़कों एवं पुलों के रखरखाव हेतु है जिसका फोकस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

है। इसके अलावा आयोग ने आपदा राहत, स्थानीय निकायों, आदर्श वस्तु एवं सेवा कर का क्रियान्वयन, नागरिकों को अनन्य पहचान संख्या (यूआइडी) जारी करने संबंधी अनुदानों के अलावा कुछ स्थान विशेषिक अनुदानों की भी अनुशंसा की है। गौर करने का महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि इनमें से अधिकांश अनुदानों के साथ कुछ शर्तें जुड़ी हुई हैं जिन्हें पूरा करना राज्यों के लिए इनकी प्राप्ति की पूर्वशर्त होगी। भारत के बरअक्स बिहार के लिए सभी अनुदानों की अनुशंसा का सारांश तालिका 7.80 में प्रस्तुत है।

**बिहार हेतु राज्य विशेषिक अनुदान**

निम्नलिखित अनुदान बिहार हेतु राज्य विशेषिक अनुदान हैं :

<u>पंचायत सरकार भवनों का निर्माण</u> : ग्राम पंचायतों को समर्थ बनाने के लिए राज्य सरकार ने विविध प्रशासनिक जरूरतें पूरी करने के मकसद से पंचायत कार्यालयों के निर्माण का प्रस्ताव किया था। इन भवनों का आपदाओं की स्थिति में अस्थायी शरणस्थली के बतौर भी उपयोग होना है। तेरहवें वित्त आयोग ने पंचायत सरकार भवनों के निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रु. के अनुदान की अनुशंसा की है।

<u>आरक्षी प्रशिक्षण अकादमी</u> : तेरहवें वित्त आयोग को दिए अपने ज्ञापन में राज्य सरकार ने उल्लेख किया था कि विभाजन के बाद राज्य में आरक्षी अकादमी नहीं है। उसने राजगिर में एक अकादमी का प्रस्ताव किया था जिसके लिए जमीन प्राप्त कर ली गई थी। राज्य सरकार ने आरक्षी उपाधीक्षक के पद तक के पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए इस अकादमी की स्थापना हेतु धन का अनुरोध किया था। आयोग ने इस मकसद से 206 करोड़ रु. के अनुदान की अनुशंसा की है।

<u>आरक्षी आवास</u> : राज्य सरकार के अनुरोध पर निम्न संवर्गीय अधीनस्थों के लिए क्वार्टर, सिपाहियों के लिए बैरकों तथा आदर्श पुलिस थानों के निर्माण हेतु 106 करोड़ रु. के अनुदान की अनुशंसा की गई है।

<u>नालंदा विरासत विकास योजना</u> : राज्य सरकार ने बौद्ध संस्थाओं को जोड़ने तथा बिहार में बौद्ध पथ पर अवस्थित प्रमुख स्थानों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए नालंदा विरासत क्षेत्र के निर्माण का प्रस्ताव किया था। नालंदा विरासत विकास योजना में पर्यटन हेतु अधिसंरचात्मक सुविधाओं का विकास भी शामिल है। आयोग ने राज्य सरकार द्वारा इस योजना के लिए मांगे गए 50 करोड़ रु. के अनुदान की अनुशंसा की है।

<u>पुरातात्विक स्थलों का विकास तथा संरक्षण</u> : आयोग ने विकास तथा संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 29 स्थलों के लिए इस प्रयोजन हेतु 50 करोड़ रु. अनुदान की अनुशंसा की है।

<u>नए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों का विकास</u> : राज्य सरकार ने युवा वर्ग में कौशल को बढ़ावा देने के लिए 105 नए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों (आइटीआइ) के निर्माण की जरूरत पर बल दिया था और 10 नए केंद्रों की स्थापना तथा तेरहवें वित्त आयोग के कार्यकाल तक उनके आवर्ती व्यय के लिए 100 करोड़ रु. के अनुदान हेतु अनुरोध किया था। आयोग ने इसकी भी अनुशंसा की है।

<u>बाढ़ से बचाव के लिए नदियों को जोड़ना</u> **:** राज्य सरकार ने बूढ़ी गंडक-नोन-बाया-गंडक लिंक हेतु धन का अनुरोध किया था। इस लिंक के जरिए बूढ़ी गंडक की बाढ़ का 300 क्यूसेक पानी (बाढ़ के पानी की आंशिक मात्रा) नोन और बाया नदियों के जरिए गंगा में प्रवाहित होना अनुमानित है। इससे बूढ़ी गंडक बेसिन के निचले क्षेत्र (समस्तीपुर, बेगूसराय और खगड़िया जिलों के पड़ने वाले) में बाढ़ से होने वाले नुकसान में काफी कमी आएगी। आयोग ने पर्यावरण संबंधी तथा अन्य अनापत्ति प्रमाण हासिल करने के बाद इस कार्य को करने के लिए 333 करोड़ रु. के अनुदान की अनुशंसा की है।

**तालिका 7.80 : भारत के बरअक्स बिहार हेतु अनुशंसित सहायता अनुदानों का सारांश**

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | निम्नलिखित हेतु सहायता अनुदान | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | योग | संपूर्ण भारत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **I** | **स्थानीय निकाय** | | | | | | **5682.10** | **87519.00** |
| **II** | **आपदा राहत** | | | | | | **1411.20** | **26373.00** |
| **III** | **सुपुर्दगी-पश्चात गैर-योजना राजस्व घाटा अनुदान** | | | | | | **0.00** | **51800.00** |
| **IV** | **तीन विशेष श्रेणी के राज्यों को विशेष प्रदर्शन प्रोत्साहन** | | | | | | **0.00** | **1500.00** |
| **V** | **प्रारंभिक शिक्षा** | 585 | 699 | 818 | 946 | 970 | **4018.00** | **24068.00** |
| **VI** | **पर्यावरण** | | | | | | | |
| a) | वनरक्षा | 4.80 | 4.80 | 9.60 | 9.60 | 9.60 | **38.40** | **5000.00** |
| b) | जल क्षेत्र प्रबंधन | 0 | 76 | 76 | 76 | 76 | **304.00** | **5000.00** |
| c) | नवीकरणीय ऊर्जा | | | | | | | **5000.00** |
| **VII** | **परिणामों में सुधार** | | | | | | | |
| a) | शिशु मृत्यु दर में कमी | | | | | | | **5000.00** |
| b) | न्याय प्रदान में सुधार | | | | | | **384.97** | **5000.00** |
| c) | यूआइडी हेतु प्रोत्साहन अनुदान | | | | | | **369.20** | **2989.10** |
| d) | जिला नवोन्मेष कोष | | | | | | **38.00** | **616.00** |
| e) | जिला तथा राज्य सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार | | | | | | **38.00** | **616.00** |
| f) | कर्मचारी तथा पेंशन आंकड़ा आधार | | | | | | **10.00** | **225.00** |
| **VIII** | सड़कों और पुलों का रखरखाव | 0 | 94 | 105 | 119 | 146 | **464.00** | **19930.00** |
| **IX** | राज्य विशेषिक | | | | | | **1845.00** | **27945.00** |
| **X** | **आदर्श वस्तु एवं सेवा कर का क्रियान्वयन** | | | | | | | **50000.00** |
| | **कुल सहायता अनुदान**[26] | | | | | | **14602.87** | **318581.10** |

[26] तीन अनुदानों, (1) वस्तु एवं सेवा कर क्षतिपूर्ति अनुदान (50,000 करोड़ रु.), (2) शिशु मृत्यु दर कमी अनुदान (5,000 करोड़ रु.) तथा (3) नवीकरणीय ऊर्जा अनुदान (5,000 करोड़ रु.) के संबंध में तेरहवें वित्त आयोग ने राज्यवार आबंटन नहीं किया है क्योंकि ये अनुदान उनके भावी प्रदर्शन पर निर्भर करेंगे।

## वित्तीय आयोग आधारित अंतरणों में बिहार का हिस्सा

पहले भी कहा गया है कि तेरहवें वित्त आयोग की कार्यावधि में बिहार को 14,602.87 करोड़ से भी अधिक रकम के अलावा केंद्रीय करों से 1,58,341.20 करोड़ रु. की राशि मिली है जिससे 2011-2015 की अवधि में कुल सुपुर्दगी 1,72,944.07 करोड़ रु. हो गई है। उसकी अनुशंसाओं के तहत कुल कर सुपुर्दगी में बिहार का हिस्सा 10.917 प्रतिशत है जो बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित हिस्सा 11.028 प्रतिशत से कम है। पहले भी चिन्हित किया गया है कि तेरहवें वित्त आयोग द्वारा स्वीकृत सूत्र समानकारी हो सकता है लेकिन यह समता लाने और राज्यों के बीच विषमता घटाने सिद्धांत के मामले में पूरा न्याय नहीं करता है क्योंकि यह गरीब राज्यों के खिलाफ जाता है। सहायता अनुदान का मापदंड भी उन राज्यों के खिलाफ जाता है जिन्होंने गत कुछ वर्षों के दौरान अपनी वित्त व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन किया है। इसके अलावा, अनुदानों को विभिन्न शर्तों के साथ जोड़कर यह स्थिति के सुधार की दिशा में बढ़ रहे बिहार जैसे गरीब राज्यों द्वारा स्वीकृत आर्थिक एजेंडा के पुनर्गठन का भी निर्देश देता है।

तालिका 7.81 में अंतिम छः वित्त आयोगों के तहत बिहार समेत बारह प्रमुख राज्यों को होने वाले कुल अंतरणों (अर्थात कर सुपुर्दगी और अनुदानों को मिलाकर) की तुलना की गई है। आसानी से देखा जा सकता है कि कुल अंतरणों में बिहार का हिस्सा ग्यारहवें वित्त आयोग के 13 प्रतिशत से भी अधिक से उत्तरोत्तर घटते हुए तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत मात्र 10.13 प्रतिशत रह गया है। यह गत 25 वर्षों के दौरान केंद्रीय संसाधनों से बिहार को दिया जाने वाला वस्तुतः सबसे कम हिस्सा है। राज्य को निश्चय ही कुछ अधिक मिलना चाहिए था।

**तालिका 7.81 : वित्त आयोगों द्वारा अनुशंसित कुल अंतरणों (कर सुपुर्दगी+अनुदान) का राज्यवार हिस्सा**

(प्रतिशत)

| राज्य | आठवां | नवां (1) | नवां (2) | दसवां | ग्यारहवां | बारहवां | तेरहवां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 7.34 | 6.60 | 6.83 | 7.98 | 7.13 | 6.66 | 6.69 |
| **बिहार** | **10.70** | **10.65** | **10.54** | **10.88** | **13.04** | **13.14** | **10.13** |
| गुजरात | 3.77 | 3.19 | 3.50 | 3.92 | 2.76 | 3.39 | 3.15 |
